सचित्र श्री छेद सूत्र

(दशा-कल्प-व्यवहार)

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

ILLUSTRATED Shri Chhed Sutra

(DASHA - KALPA - VYAVHAR)

Pravartak Shri Amar Muni

श्रुतकेवलि श्री भद्रबाहु संकलित

छेद सूत्र

दशाश्रुतस्कंध ■ बृहत्कल्प ■ व्यवहार

सचित्र हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद-विवेचन युक्त

✻ प्रधान सम्पादक ✻

उत्तर भारतीय प्रवर्तक जैनधर्म दिवाकर

श्री अमर मुनि जी महाराज

✻ सह-सम्पादक ✻

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा. द्वारा सम्प्रेरित सचित्र आगममाला का सत्रहवाँ पुष्प

■ छेद सूत्र
[दशाश्रुतस्कंध, बृहत्कल्प, व्यवहार]

■ *प्रधान सम्पादक*
उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक जैनधर्म दिवाकर
श्री अमर मुनि जी महाराज

■ *सह-सम्पादक*
श्रीचन्द सुराना 'सरस'

■ *अंग्रेजी अनुवादक*
सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन

■ *प्रथमावृत्ति*
वि स. २०६१
ईस्वी सन् २००५, मार्च

■ *चित्रांकन*
डॉ त्रिलोक शर्मा

■ *प्रकाशक एवं प्राप्ति-स्थान*
पद्म प्रकाशन
पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

■ *मुद्रक एवं वितरक*
श्री दिवाकर प्रकाशन
ए-७, अवागढ हाउस, एम जी रोड, आगरा-२८२ ००२
दूरभाष (०५६२) २८५११६५

■ *मूल्य*
छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

COMPILED BY SHRUT KEVALI SHRI BHADRABAHU

CHHED SUTRA

Dashashrut Skandh ■ Brihat Kalp ■ Vyavahar
Illustrated Hindi-English Translation and Explanation

* EDITOR-IN-CHIEF *

Uttar Bharatiya Pravartak Jain Dharma Diwakar
Shri Amar Muni ji Maharaj

* ASSOCIATE-EDITOR *

Srichand Surana 'Saras'

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE SEVENTEENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES INSPIRED BY UTTAR BHARATIYA PRAVARTAK GURUDEV BHANDARI SHRI PADMACHANDRA JI M. S.

- CHHED SUTRA

  [Dashashrut Skandh, Brihat Kalp, Vyavahar]

- *Editor in Chief*

  Uttar Bharatiya Pravartak Jain Dharma Diwakar

  Shri Amar Muni ji Maharaj

- *Associate Editor*

  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*

  Shravak Shri Rajkumar Jain

- *First Edition*

  V Samvat 2061

  A.D 2005, March

- *Illustrator*

  Dr Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*

  Padma Prakashan

  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printers & Distributor*

  Shri Diwakar Prakashan

  A-7, Awagarh House, M G Road, Agra-282 002

  Phone (0562) 2851165

- *Price*

  Six Hundred Rupees only (Rs 600/-)

राष्ट्रसन्त पूज्य गुरुदेव
उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक
भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म.
की पुण्य स्मृति में
सादर समर्पित

अमर मुनि
(उत्तर भारत प्रवर्त्तक)

परम विदुषी उप प्रवर्तिनी महासती श्री आज्ञावती जी म०

श्री बोधराज सन्तोष रानी जैन
घरोंडा मण्डी

श्री अनिल मंजू जैन
विश्वा अपार्टमेंट, दिल्ली

डॉ० नीरज मोनिका जैन
पश्चिम विहार, दिल्ली

श्री सुरेश सुनीता जैन
अग्र नगर, लुधियाना

श्री अभय कुमार जी रेणु जैन
शास्त्री नगर, दिल्ली

समाजरत्न श्री हीरा लाल जी जैन
लुधियाना

श्री श्याम लाल जी जैन
शास्त्री नगर, दिल्ली

लाला सुण्डे लाल जी जैन
पानीपत

श्री राजपाल जी जैन
सोनीपत

माता श्रीमती शकुन्तला देवी जैन
पश्चिम विहार, दिल्ली

श्री सी. पी. जैन, डॉ वीना जैन
पश्चिम विहार, दिल्ली

श्री शांति लाल जी मीना कोठारी
पश्चिम विहार, दिल्ली

श्री रमेशभाई शाह, मालती बेन शाह
गुजरात विहार, दिल्ली

श्री विजय कुमार जी आशा रानी जैन
शास्त्री नगर, लुधियाना

प्रकाशकीय

यह बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता होती है कि श्रुत-सेवा के महान् ऐतिहासिक कार्य मे हम अपनी लगभग आधी मजिल पार कर चुके हैं। अब तक १८ आगम ग्रन्थ चित्रो सहित हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रकाशित कर चुके है। इस वर्ष दो आगम ग्रन्थ श्री भगवती सूत्र भाग-१ तथा तीन छेद सूत्र का प्रकाशन हो रहा है।

श्री भगवती सूत्र जैन तत्त्वज्ञान का महासागर है। इसमें अमूल्य ज्ञान की एक से एक दीप्तिमान मणियाँ है।

दूसरे ग्रन्थ मे तीन छेद सूत्रों का प्रकाशन किया गया है। छेद सूत्र जैनश्रमणो के आचार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आगम है। जब तक इन सूत्रों का अर्थ सहित अध्ययन नहीं किया जाय, तब तक श्रमण अग्रणी या सिघाडा प्रमुख बनकर विचरण भी नही कर सकता। इसे श्रमण धर्म की आचारसंहिता या सविधान पुस्तक भी कहा जा सकता है। ये दोनो ही आगम अपने-अपने स्थान पर अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। अस्तु

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक पूज्य गुरुदेव परम श्रद्धेय भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. की हार्दिक इच्छा और प्रबल प्रेरणा से उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म ने श्रुत-सेवा का यह महान् कार्य प्रारम्भ किया और वे निरन्तर एकचित्त, एकलक्ष्य होकर इस कार्य सम्पादन मे जुटे हुए है। हमे अत्यन्त प्रसन्नता है कि पूज्य गुरुदेवो के आशीर्वाद से तथा उनके प्रति असीम भक्तिभाव से प्रेरित होकर सहयोगदाता, उदार सज्जन सहयोग का हाथ बढा रहे है और हमे उत्साहित करते है कि इस महान् ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलती रहनी चाहिए। हम सभी सहयोगी बन्धुओ के प्रति हार्दिक आभार प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष में दोनो आगम ग्रन्थ पाठकों की सेवा मे प्रस्तुत कर रहे हैं।

आगमो के बहुत ही जिम्मेदारीपूर्ण सम्पादन कार्य में पूज्य गुरुदेव के अन्तेवासी श्री वरुण मुनि जी म. बडी तल्लीनता के साथ जुटे हुए हैं। साथ ही विद्वान् सम्पादक श्रीचन्द जी सुराना 'सरस', श्री सुरेन्द्र जी बोथरा तथा जैन आगमों के गहन अभ्यासी स्वाध्यायी सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन का भी हमे पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। हम आप सबके बहुत-बहुत आभारी है।

इन आगमो के प्रकाशन का हमारा एक ही लक्ष्य है, एक ही उद्देश्य है कि जिनशासन की आधारभूत जिनवाणी का घर-घर मे प्रचार-प्रसार हो और प्रत्येक साधु-सतियाँ तथा विद्वान् आगमप्रेमी सद्‌गृहस्थ इनका अधिकाधिक लाभ उठाये और स्वाध्यायशील बने। आइए आप भी हमारे उद्देश्यो को सफल बनाने में आगम स्वाध्याय का सतसकल्प लेवे। धन्यवाद !

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

PUBLISHER'S NOTE

We are pleased to convey to our readers that we have come almost half way on the path of this historical mission of service to the scriptures. Till date we have published eighteen *Agams* with Hindi-English translations and illustrations. In the current year we are bringing out two *Agams*—*Shri Bhagavati Sutra*, Volume-1 and three *Chhed Sutras* in one volume.

Shri Bhagavati Sutra is an ocean of Jain metaphysics. It contains increasingly brilliant gems of invaluable knowledge.

The second book contains three *Chhed Sutras*, which form an important part of the *Agamic* literature on codes of ascetic praxis and conduct of Jain ascetics. A *shraman* cannot become a successful leader or head of a group of ascetics as long as he does not study the text and meaning of these *Sutras*. This group of scriptures can easily be called the book of codes or the constitution of *Shraman* religion. Both these *Agams* occupy equally high place in their respective fields.

Honouring the intense desire of and inspiration by late Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji M. this project was launched by Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji M. He continues to devote his unwavering and earnest attention to advancing and successfully concluding this mission.

Many generous and devout guru-devotees from different areas have displayed their devotion for the Guru and scriptures through their financial contributions. They encourage us and ask us to ensure that the pious flame of this mission of knowledge should continue burning We express our sincere gratitude for them all, and present these two *Agams* this year

Pujya Gurudev's able disciple Shri Varun Muni ji M shares the responsibility of editing the *Agams* with all sincerity and devotion. We are getting regular assistance of contributing scholars like Shri Srichand ji Surana 'Saras', Agra; Shri Surendra ji Bothara, Jaipur, and Shri Rajkumar ji Jain, Delhi. We are, indeed, indebted to them.

Our singular aim and purpose of publication of these *Agams* is that the Word of the Jina, the very foundation of Jain religion, may reach every single house as well as every *Sadhu* and *Sati*, and every reader with scholarly bent may take maximum advantage of this to indulge in regular studies. Come, take a resolve of regular study of *Agams* and join us in our mission Thanks !

—*Mahendra Kumar Jain*
PRESIDENT
Padma Prakashan

स्वकथ्य

वीतरागी वाणी के रूप में वर्तमान मे मान्य बत्तीस आगमो के नाम है–ग्यारह अग, बारह उपाग, चार मूल, चार छेद, एक आवश्यक सूत्र। चार छेद सूत्रो के नाम इस प्रकार है–

(१) दशा श्रुतस्कन्ध, (२) बृहत्कल्प, (३) व्यवहार, (४) निशीथ।

छेद सूत्र : विशुद्धि के शास्त्र

जिस प्रकार आचाराग, दशवैकालिक आदि आगमो में श्रमण–आचार का मुख्य विषय है, उसी प्रकार छेद सूत्रो मे श्रमण आचार की विशुद्धि के प्ररूपक नियमोपनियमो का कथन है।

निर्दोष आचार पालन पर जैनधर्म का मुख्य बल है। आचार–शुद्धि के सूक्ष्म से सूक्ष्म नियमों का वर्णन इन आचार ग्रन्थो मे उपलब्ध है। आचार पालन की तरह आचार की शुद्धि पर भी बहुत ध्यान दिया गया है। यहाँ तक कि स्वप्न में भी यदि आचार नियमो के विपरीत हो जाये तो उसका भी प्रायश्चित्त करना चाहिए। आचार मे दोष लगने के अनेक कारण हो सकते है। आगमो मे दस प्रकार की प्रतिसेवना का वर्णन है, अर्थात् दस कारणो से आचार में दोष लग सकता है। उसमे प्रमाद, कषाय, रागभाव, विस्मरण, आशंका, सभ्रम, भय तथा विशेष कठिन परिस्थिति आदि अनेक कारणो से साधु अकृत्य–अकरणीय का सेवन कर सकता है। किन्तु आलोचना, प्रतिक्रमण, प्रायश्चित्त आदि करके तुरन्त उसकी शुद्धि कर लेना चाहिए। शुद्धि के लिए जिन आगमो में विशेष रूप से विधान तथा नियमोपनियम है, उन आगमो का नाम है–छेद सूत्र।

'छेद' का अर्थ

'छेद' शब्द का सामान्य अर्थ है, काटना। जैसे शरीर के किसी अग मे सडांध पैदा हो जाये, अग विकृत या विषाक्त हो जाये तो उस अंग की शुद्धि के लिए मलहम आदि भी लगाई जाती है, अथवा आवश्यकता होने पर उस अंग को काटना या छेदना भी पड सकता है। इसी प्रकार संयम मे दोष लगने पर उसका तप रूप प्रायश्चित्त लेकर शुद्धि की जा सकती है, अथवा कभी आवश्यक होने पर चारित्र का छेदन कर (दीक्षा पर्याय काटकर) भी उसकी शुद्धि करनी पडती है। इस प्रकार जिन सूत्रो मे यह विधान है, उन सूत्रों का नाम ही 'छेद सूत्र' प्रसिद्ध हो गया।

कुछ आचार्यों का मानना है कि पाँच चारित्र मे पहला सामायिक चारित्र अल्प कालीन है, दूसरा छेदोपस्थापनीय चारित्र दीर्घकालीन चारित्र है। उसी मे दोष लगने की अधिक सभावनाएँ रहती है। अत छेदोपस्थापनीय चारित्र की विशुद्धि के प्ररूपक आगम भी 'छेद' नाम से जाने जाते है। आचार्यों ने कहा है–

जम्हा तु होति सोधी छेद सुयत्थेण खलितचरणस्स।
तम्हा छेय सुयत्थो बलवं मोत्तूण पुव्वगतं। –व्यवहारभाष्य १८२९

चारित्र मे किसी प्रकार की स्खलना होने पर, दोष लगने पर छेद सूत्रो के आधार पर उसकी शुद्धि होती है। इसलिए पूर्वगत सूत्रों को छोडकर बाकी सूत्रो मे अर्थ की दृष्टि से छेद सूत्र बलवान है, महत्त्वपूर्ण है।

निशीथभाष्य मे (५१८४) में कहा है-"छेद सूत्रो के आधार पर चारित्र की शुद्धि होती है। इसलिए ये 'छेयं' (छेक) अर्थात् उत्तम सूत्र है।"

चार छेद सूत्रो मे निशीथसूत्र सबसे गम्भीर और रहस्यमय सूत्र है। 'निशीथ' शब्द का अर्थ है-रात्रि का मध्य काल। इसका आशय है-जो सूत्र एकान्त में, या विशेष योग्य पाठक को, योग्य क्षेत्र-काल में पढाया जाता है वह निशीथ है। जबकि बाकी तीन सूत्र दशा, कल्प, व्यवहार अपने निश्चित समय पर आगम पढने की पात्रता आने पर पढाये जाते है।

व्यवहारभाष्य मे बताया है-"ये चार सूत्र प्रत्याख्यान पूर्व की तृतीय आचारवस्तु से लिए गये हैं। इनमे से दशाश्रुतस्कन्ध, कल्प सूत्र तथा व्यवहार सूत्र का निर्यूहण चौदह पूर्वधारी श्रुतकवेली भद्रबाहु स्वामी ने किया। किन्तु निशीथ के सम्बन्ध मे मतभेद है। श्रमण जीवन मे इन तीनो छेद सूत्रो के पढने को विशेष आवश्यक तथा महत्त्वपूर्ण माना गया है। इसलिए मैने इस आगम शृखला मे तीन छेदसूत्रो का सम्पादन-विवेचन किया है।

छेद सूत्रों का वर्ण्य-विषय

छेद सूत्रों की विषय-वस्तु पर विचार करने से उसे चार भागो मे बाँटा जा सकता है-(१) उत्सर्ग मार्ग, (२) अपवाद मार्ग, (३) दोष-सेवन, (४) प्रायश्चित्त विधान।

(१) जिन नियमो का पालन करना प्रत्येक साधु-साध्वी के लिए अनिवार्य है। उन नियमो का प्रामाणिकता के साथ शुद्ध पालन करना उत्सर्ग मार्ग है। निर्दोष चारित्र की पालना करने वाला श्रमण प्रशसनीय माना गया है। उत्सर्गमार्ग को सामान्य आचार विधि कह सकते है।

(२) अपवाद मार्ग का अर्थ है, विशेष विधि। यह दो प्रकार की है-(१) निर्दोष विशेष विधि, (२) सदोष-विशेष विधि।

उत्तर गुण प्रत्याख्यान में जो भी आगार रखे जाते है, वे सब निर्दोष विशेष विधि है। अर्थात् निर्दोष अपवाद है। निर्दोष अपवाद का कोई प्रायश्चित्त नही होता। कभी-कभी मन न होते हुए भी विशेष परिस्थिति में विवश होकर या परिस्थिति के साथ समझौता करने की दृष्टि से जिस दोष का सेवन किया जाता है अथवा करना पडता है वह है-सदोष विशेष विधि। उक्त सदोष अपवाद सेवन का ही प्रायश्चित्त लिया जाता है।

(३-४) दोष का अर्थ है-उत्सर्ग और अपवाद मार्ग का भग करना। और उस दोष की विशुद्धि के लिए की जाने वाली विधि या प्रक्रिया प्रायश्चित्त कहलाती है। प्रायश्चित्त के दस प्रकार है। कोई विशेष प्रबल कारण उपस्थित होने पर, अनिच्छापूर्वक, प्रमाद के कारण अथवा विस्मरण, भ्रम आदि कारणों से दोष सेवन हो जाता है या किया जाता है उसकी शुद्धि के लिए प्रायश्चित्त ग्रहण करना। तथा किस दोष-शुद्धि के लिए कौन-सा, कितना प्रायश्चित्त देना इन सब विषयो का वर्णन छेद सूत्रो मे है।

यह ध्यान रखने की बात है कि छेद प्रायश्चित्त से केवल उत्तर गुणो मे लगे दोष की शुद्धि होती है। मूल गुणो में लगे दोष के लिए तो आगे के मूलार्ह आदि तीन प्रायश्चित्त दिये जाते हैं।

तीन प्रकार के 'कल्प'

छेद सूत्रो में तीन प्रकार के कल्प बताये हैं-(१) विधि कल्प, (२) निषेध कल्प, (३) विधि-निषेध कल्प। जिन सूत्रों मे **'कप्पइ'** शब्द का प्रयोग है वे विधि कल्प के सूत्र हैं। जिन सूत्रों में **नो कप्पइ** शब्द का प्रयोग है, वे निषेध कल्प के सूत्र हैं। जिनमे कप्पइ-नो कप्पइ दोनों का प्रयोग है, वे विधि-निषेध कल्प है। कुछ सूत्र ऐसे भी हैं, जिनमें 'कप्पइ नो कप्पइ' दोनो का ही प्रयोग नहीं है, वे विधान सूत्र हैं।

कुछ विधि-निषेध, निर्ग्रन्थो के लिए है, कुछ निर्ग्रन्थियों के लिए, कुछ दोनों के लिए समान है। इस प्रकार इन तीन छेद सूत्रों मे विधि मार्ग, निषेध मार्ग अर्थात् उत्सर्ग मार्ग, अपवाद मार्ग और उनके प्रायश्चित्त का वर्णन है। एक प्रकार से इन छेद सूत्रो को श्रमण जीवन की आचार-संहिता, अथवा दण्ड संहिता भी कहा जा सकता है।

प्राचीन धर्म सम्प्रदायों के सभी परम्पराओ मे भिक्षुओं, श्रमणो व सन्यासियो के आचार विधान में दोष विशुद्धि के लिए प्रायश्चित्त आदि का वर्णन मिलता है। जैसे निर्ग्रन्थो के लिए छेदसूत्र हैं, उसी प्रकार बौद्ध भिक्षुओ के प्रायश्चित्त सम्बन्धी वर्णन विनय पिटक मे, वैदिक परम्परा के संन्यासी वर्ग के लिए श्रोत सूत्र तथा स्मृति ग्रन्थो मे इस प्रकार के वर्णन उपलब्ध है। सामान्य मानव के आचार में भूलों की सम्भावना रहती है और उसकी शुद्धि के लिए दण्ड या प्रायश्चित्त का विधान भी आवश्यक है। शासन की भाषा मे जिसे दण्ड कहा जाता है, उसे आध्यात्मिक भाषा मे प्रायश्चित्त कहा गया है। अन्तर यह है कि दण्ड तो जबर्दस्ती भी दिया जाता है, थोपा भी दिया जाता है, परन्तु प्रायश्चित्त कभी जबर्दस्ती नही होता। जब साधक की आत्मा जागती है, तब अपनी अन्त प्रेरणा से स्व-कृत पाप व दोष के प्रति ग्लानि होने पर पश्चात्ताप करता है, गुरुजनो के समक्ष उसकी शुद्धि के लिए उपस्थित होकर निवेदन करता है "भगवन् ! मैने अमुक परिस्थिति मे अमुक दोष का सेवन किया है, उसका प्रायश्चित्त देकर मेरी आत्मा को शुद्ध करने का मार्ग बताने की कृपा करे।"। दण्ड और प्रायश्चित्त में यह बहुत बडा अन्तर है। छेद सूत्रो का मुख्य विषय सयम-विशुद्धि के लिए प्रायश्चित्त का विधान करना है।

इस पुस्तक मे तीन छेद सूत्र है। जिनका सक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

(१) दशाश्रुतस्कन्ध-समवायाग तथा उत्तराध्ययन आदि सूत्रो मे कल्प तथा व्यवहार सूत्र के पूर्व आचार दशा (आयार दशा) का नाम आता है। छेद सूत्रों में यह प्रथम सूत्र है। आचारदशा नाम इसके विषय के अनुरूप ही है, क्योंकि इसके दसो अध्ययनों मे साधु के आचार का विषय ही है।

जैसे असमाधिस्थान, सबल दोष, आशातना आदि। इनमे जीवन व्यवहार की सूक्ष्म तथा छोटी-छोटी बातो पर भी ध्यान दिया गया है। व्यवहार स्वच्छ, उच्च तथा सबके अनुकूल रखना व्यवहार शुद्धि है।

इस सूत्र का आठवाँ अध्ययन 'पर्युषणा कल्प' है। इसमे पहले केवल साधु समाचारी का ही वर्णन था। तीर्थंकर चरित्र तथा स्थविरावली का विषय इसमे कब से जुडा यह निश्चित नही कहा जा सकता, किन्तु यह तीनों प्रसंग जुडने से इस पर्युषणा कल्प को 'कल्प सूत्र' के नाम से अलग कर दिया गया। जिसका पर्युषण पर्व के दिनों में वाचन करने की परम्परा चल पड़ी।

स्थानांग सूत्र मे इसके दस अध्ययनो के नाम है। दस अध्ययन होने से 'दशा' नाम प्रचलित होना सम्भव लगता है। इस कारण आचारदशा का प्रचलित नाम दशाश्रुतस्कंध अधिक प्रसिद्ध हो गया।

दशाश्रुतस्कध का पाठ सम्पादन करने व अनुवाद विवेचन लिखने मे आचार्यसम्राट् श्री आत्माराम जी म सा द्वारा सम्पादित प्रति (सह सम्पादक डॉ. सुव्रत मुनि शास्त्री) मुख्य आधारभूत रही है। किन्तु इस प्रति में प्राचीन प्रतियो के आधार पर पाठ लिया हुआ है। इसे प्राचीन प्रतियो के प्राप्त पाठ आधारों पर पुनः संशोधित कर, बीच–बीच मे छूटे हुए पाठ सयोजित कर आगम अनुयोग प्रवर्तक उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल' ने 'आचारदशा' का सुन्दर सम्पादन किया है। आचार्य श्री घासीलाल जी म. ने भी प्राचीन टीका ग्रन्थों के आधार पर 'दशाश्रुतस्कन्ध' सूत्र पर संस्कृत टीका लिखी है। मैने उक्त तीनो प्रतियो का अवलोकन कर यह सम्पादन विवेचन किया है।

दशाश्रुतस्कन्ध का नवम अध्ययन मोहनीय स्थान और दशम अध्ययन आयति स्थान तो श्रमण तथा श्रमणोपासक दोनो के लिए ही विशेष मननीय है। मोहनीय स्थान का वर्णन तो पूर्ण रूप से मनुष्य की सामाजिक व नैतिक चेतना को परिष्कृत करने वाला और आदर्श आचार सहिता का सूचक है।

(२) **बृहत्कल्प सूत्र**–इस सूत्र का प्राचीन नाम 'कप्पसुत्त है, किन्तु जब से पर्युषणा कल्प को कल्प सूत्र के रूप मे प्रसिद्धि मिली तब से उससे भिन्नता सूचित करने के लिए 'कप्पसुत्त' को बृहत्कल्प सूत्र सज्ञा दे दी गई। नन्दी सूत्र मे इसका नाम **'कप्पो'** ही है । बृहत्कल्प नाम किसी प्राचीन सूची में नही मिलता है।

'कल्प' शब्द के अनेक अर्थ होते है। मुख्य रूप मे आचार, मर्यादा, धर्म–मर्यादा तथा राजनीति की मर्यादा का सूचन 'कल्प' शब्द से होता है। बारह कल्प देवलोको मे राजनीति की मर्यादा मुख्य होने से उन्हे 'कल्पविमान' कहा जाता है।

प्रस्तुत सूत्र मे कल्प सूत्र धर्म–मर्यादा या आचार–मर्यादा का सूचक है। जिस सूत्र मे धार्मिक जीवन की आचार–मर्यादा आदि का कथन है–उसे 'कप्प सुत्त' कल्प सूत्र कहा है। इसके छह उद्देशक या अध्ययन हैं।

कप्प सुत्त मे ८० विधि निषेध कल्प है। इनमे पाँच महाव्रत तथा पाँच समितियो की शुद्धि से सम्बन्धित ८० प्रकार के विधि–निषेध का वर्णन है। सबसे अधिक एषणा समिति से सम्बन्धित विषयों का विस्तृत वर्णन मिलता है।

कल्प–अकल्प के विधि और निषेध का ज्ञान करना श्रमण जीवन का मुख्य आवश्यक विषय है। इस दृष्टि से इस सूत्र की श्रमण जीवन मे बहुत अधिक उपयोगिता है।

(३) **व्यवहार सूत्र**–यह तृतीय छेद सूत्र है। व्यवहार सूत्र की वैयाकरणीक परिभाषा है। वि + अव + हर = व्यवहार। जिससे विवादित विषयो का अवहरण अर्थात् निराकरण तथा सशयास्पद विषयो का निर्धारण होता है, उस शास्त्र का नाम है व्यवहार। जैसा कि कहा गया है–

नाना सन्देहहरणात् व्यवहार इति स्थितिः। –कात्यायन व्याकरण

व्यवहार सूत्र के भाष्यकार (पीठिका गाथा २) का कथन है-इस सूत्र मे व्यवहार, व्यवहारी तथा व्यवहर्तव्य ये तीन प्रमुख विषय हैं–

(१) व्यवहार अर्थात् साधन। जैसे पाँच प्रकार के व्यवहार।

(२) व्यवहारी–गण व गच्छ की शुद्धि करने वाले गीतार्थ आचार्यादि।

(३) व्यवहर्तव्य–व्यवहार करने योग्य, श्रमण–श्रमणियाँ।

कुल मिलाकर इसका भाव है, श्रमण–श्रमणियों के आचार आदि में आने वाले दोषो, अतिचारों आदि की शुद्धि रूप क्रिया (व्यवहार) का सम्पादन व्यवहारज्ञ (आचार्यादि) द्वारा किया जाने का शास्त्र–व्यवहार सूत्र है।

छेद सूत्रों में सार्वभौम सामाजिक नियम

छेद सूत्रों में केवल श्रमण के आचार–विचार का ही वर्णन नही है, किन्तु अनेक स्थानों पर सामान्य गृहस्थ जीवन में उपयोगी समाज व राजनीति के नियामक सार्वभौम सिद्धान्तो का भी वर्णन है। जैसे दशा श्रुतस्कध मे आशातना आदि का वर्णन। इसमे जीवन के सामान्य व्यवहार, बोल–चाल की सभ्यता तथा बडों के साथ किस प्रकार आदर पूर्वक व्यवहार करना।[1] इन सब बातों की सूचना है। मोहनीय स्थान में राष्ट्र के बड़े आधारभूत नेता व प्रतिष्ठित व्यक्ति की हत्या करना, अपने उपकारी का तिरस्कार व कृतज्ञता आदि विषय नैतिक दृष्टि में भी महत्त्वपूर्ण है।[2]

व्यवहार सूत्र मे तो अनेक ऐसे सूत्र है जो आज के परिप्रेक्ष्य मे भी मार्ग दर्शक बनते हैं। जैसे दोष–शुद्धि के लिए तप वहन करने वाला साधु गण से अलग रहता है। गच्छ के साधु उसके साथ कोई सम्बन्ध नही रखते, परन्तु यदि वह अस्वस्थ हो जाता है, उसे सेवा की जरूरत हो तो आचार्य आदि गण के साधुओं से उसकी सेवा करवाते है। उसे किसी प्रकार की असमाधि नहीं होने देते।[3] यदि किसी साधु ने दोष–सेवन कर लिया है, तथा वह किसी कारण से अस्वस्थ हो गया है, पागल हो गया है या भयभीत हो उठा है, तो उस दशा मे उसे गण से अलग नहीं करना चाहिए, अपितु संघ का कर्त्तव्य होता है कि उसकी योग्य सेवा, परिचर्या व चिकित्सा कराये। जब तक वह स्वस्थ चित्त न हो जाय, तब तक उसकी उचित व्यवस्था रखना सघ का कर्त्तव्य है। इसमे मानवीय संवेदना, वत्सलता व उदारता का परिचय मिलता है।

समाज की न्याय व्यवस्था मे आजकल एक विषय बहुत चर्चित हो रहा है, दोषी कौन ? जिसका दोष प्रमाणित न हो जाये या वह स्वय अपना दोष स्वीकार नहीं कर ले उसे दोषी मानना चाहिए या नही ! व्यवहार सूत्रकार कहते है–जब तक दोषी अपना दोष स्वीकार नही करे, अथवा पुष्ट प्रमाणो से वह दोषी सिद्ध न हो जाय तब तक उसे दोषी नही माना जा सकता। भले ही उसने दोष सेवन किया हो या नही किया हो। किन्तु बिना प्रमाण के उसे दोषी नही कहना चाहिए।[4]

पद की पात्रता के सम्बन्ध से भी इसी मापदण्ड को रखा है। जिसने जीवन मे कोई बडा दोष सेवन कर लिया हो, फिर भले ही उसने उसका प्रायश्चित्त किया हो, किन्तु कम से कम तीन वर्ष तक अथवा जीवन पर्यन्त भी सघ मे उसे कोई भी जिम्मेदार पद नही दिया जा सकता।[5]

गण मे कोई भी पद देने के लिए भी साधु की पात्रता देखना चाहिए। उसका आगम ज्ञान, आचार कुशलता आदि का विचार करके ही उसे पद दिया जा सकता है। जिसने 'आचार प्रकल्प' का अध्ययन नही किया है उसे संघ में कोई भी पद देना निषिद्ध है।[6]

---

१ तृतीय दशा,
२ नवमी दशा, गा १६, १४ आदि।
३ व्यवहार सूत्र उ २ सूत्र ५, ७, १२।
४ वही सूत्र २३।
५ वही उ. ३ सूत्र १३।
६ वही सूत्र ४–६।

इसी प्रकार आचार्य उपाध्याय को पद पर स्थापित करना तथा हटाने का अधिकार केवल आचार्य को ही है। सघ मे फूट डालने का प्रयत्न करने वाला साधु बडे प्रयाश्चित्त का पात्र होता है इत्यादि।[1]

इस प्रकार के अनेक प्रसग है–जो समाज, राजनीति व सघीय व्यवस्था के नियामक सिद्धान्त हैं, उनका प्रतिपादन इन सूत्रों में मिलता है। इस विषय पर विशेष अध्ययन की अपेक्षा है।

आधारभूत व्याख्या साहित्य

जैसा मैने पहले बताया है–ये तीनो छेद सूत्र श्रुतकेवली आचार्य भद्रबाहु द्वारा पूर्वों के आधार पर रचे गये है। ये सूत्र विषय की दृष्टि से बहुत गम्भीर है। संक्षिप्त सूत्र पाठ मे उनका पूरा अर्थ समझ पाना और उसके पूर्वापर की पृष्ठभूमि को समझना बहुत ही कठिन है। इसलिए निर्युक्तिकार आचार्य भद्रबाहु (द्वितीय भद्रबाहु) ने इन छेद सूत्रो पर निर्युक्तियाँ लिखी है। फिर इन पर चूर्णि भी लिखी गई है। तथा बृहत्कल्प तथा व्यवहार सूत्र पर भाष्य (विस्तृत प्राकृत व्याख्या) भी मिलते है। बृहत्कल्प पर लघुभाष्य प्रसिद्ध भाष्यकार श्री सघदासगणि की रचना है। व्यवहार सूत्र पर विशालकाय भाष्य तथा उस पर विस्तृत टीकाएँ भी उपलब्ध है।

इन भाष्य तथा टीका ग्रन्थों मे सूत्रकार का मूल आशय, उसकी पृष्ठभूमि सघीय परम्परा तथा उस सम्बन्ध में वर्तमान समय में प्रचलित उदाहरण दृष्टान्त आदि का सहारा लेकर बहुत ही विस्तृत दृष्टि से इनके अर्थ किये गये है। इन भाष्यो मे प्राचीन समाज, अन्य धर्म सम्प्रदाय तथा राजनीति की स्थितियों का भी ज्ञान सग्रहीत है। जो इतिहास व समाज शास्त्र के अध्ययन मे बहुत उपयोगी है।

व्यवहार तथा बृहत्कल्प सूत्र के विषयो को स्पष्ट करने वाली अनेक कथाएँ दृष्टान्त तथा उदाहरण भाष्य ग्रन्थो मे आते है, इनमे से बहुत–सी कथाएँ प्रचलित भी हैं और बहुत–सी नही भी। परन्तु स्थानाभाव के कारण यहाँ उन उदाहरणो का उपयोग नही किया है।

बृहत्कल्प तथा व्यवहार सूत्र पर आचार्य श्री घासीलाल जी म ने सस्कृत मे भाष्य रचना की है। जिसमे प्राचीन निर्युक्ति–चूर्णि एव भाष्य के आधार पर अनेक विषयो पर व्याख्या की है। इसके अतिरिक्त उपाध्याय मुनिश्री कन्हैयालाल जी म. ने भी तीनो छेद सूत्रो का उच्चस्तरीय सम्पादन किया है, जिसमें मूल पाठ का भावानुलक्षी सुन्दर अनुवाद तथा विद्वत्ता पूर्ण गम्भीर विवेचन भी है। यह सम्पादन छेद सूत्रों जैसे गहन आगमो पर योग्य अधिकारी विद्वान द्वारा प्रामाणिक विवेचन प्रस्तुत करता है। हमने अनुवाद तथा विवेचन मे इसका उपयोग किया है। मुनिश्री के गहन अध्ययन तथा चिन्तनपूर्ण विवेचन का सभी को लाभ मिलेगा।

इस प्रकार अनेक विद्वानो द्वारा सम्पादित तथा व्याख्यात विवेचन का लाभ उठाते हुए मैंने अपनी बुद्धि तथा ज्ञान लब्धि के अनुसार इन सूत्रों का अनुवाद/विवेचन प्रस्तुत किया है। इसमे पूर्ण सावधानी बरती है, कही कोई बात आगम तथा परम्परा के विरुद्ध नही जाये। यों तो छेद सूत्रो का विषय बहुत गहन है तथा इनमे वर्णित तथ्य साधु समाचारी, वर्तमान श्रमण समाचारी पर अनेक स्थानों पर

---

१ वही सूत्र १४

विचारणीय बिन्दु भी प्रस्तुत करती है। परन्तु फिर भी विवादास्पद तथा आक्षेपात्मक विषयों से बचकर मैंने तटस्थता के साथ सन्तुलित भाषा में ही विषयों का स्पष्टीकरण किया है। फिर भी कहीं किसी प्रकार की स्खलना हुई हो या परम्परा के प्रतिकूल आया हो, तो उसके लिए मिच्छामि दुक्कडं के साथ भूल सुधार की भावना व्यक्त करता हूँ।

आगम सम्पादन के जिम्मेदारी पूर्ण कार्य का निर्वहन करने मे पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. की प्रेरणा प्रोत्साहन तथा आशीर्वाद सदा मेरे साथ रहा है। यह है कि वास्तव में तो उन्हीं की कृपा से यह अत्यन्त गुरुतर कार्य भी सहज ही सम्पादित हो रहा है। गुरुजनो का आशीर्वाद पद-पद पर हमारा सम्बल व मार्गदर्शक बना हुआ है।

सदा की भाँति इन तीनो छेद सूत्रो के सम्पादन मे श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' का आत्मीय सहयोग रहा है। श्री सुराना जी ने आगम सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने का संकल्प किया है। उनकी इस पवित्र भावना का मै अनुमोदन करता हूँ।

छेद सूत्रो के अग्रेजी अनुवाद का महत्त्वपूर्ण दायित्व निभाया है आगमो के विशेष अभ्यासी, गृहस्थ जीवन मे साधु वृत्ति से जीवन यात्रा करने वाले विद्वान विचारक सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन ने। उन्होने पूर्ण मनोयोग पूर्वक एवं सेवा भावना से सम्पूर्ण कार्य किया है। ऐसे विद्वान सहयोगी के प्रति किन शब्दो मे आभार व्यक्त करूँ? साथ ही श्री सुरेन्द्र जी बोथरा ने भी अग्रेजी अनुवाद कार्य को एकबार पुनरीक्षण कर आवश्यक संशोधन आदि किये है। उन सबको हार्दिक धन्यवाद।

पूज्य गुरुदेव की कृपा से आगम सेवा करने वाले गुरुभक्तो ने इस प्रकाशन मे दिलखोलकर अपना सहयोग दिया है। उनके सहयोग के बल पर ही सस्था इतने महँगे प्रकाशन कर रही है।

इस प्रकार इस कार्य मे जिन-जिन सहृदयो का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्राप्त हुआ, मै उन सबके प्रति आभारी हूँ।

सितम्बर, २००४
जैन स्थानक, लुधियाना

—प्रवर्त्तक अमर मुनि
(उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक)

PREFACE

Thirty-two *Agams* accepted at present as the word of the omniscient are—eleven *Angas*, twelve *Upangas*, four *Mool*, four *Chhed* and one *Avashyak*. The titles of four *Chhed Sutras* are as under—

(1) *Dashashrut Skand*, (2) *Brihat Kalp*, (3) *Vyavahar*, (4) *Nisheeth*.

CHHED SUTRA—SCRIPTURES OF PURIFICATION

Just as the primary subject in *Acharanga*, *Dashavaikalik* and such like *Agams* is the conduct of a *Shraman*, similary in *Chhed Sutras* it is the narration of rules and sub-rules determining the purification of ascetic conduct.

The main emphasis in Jain Dharma is on following a faultless conduct Great attention is paid to purity of conduct as in case of the practice of ascetic conduct. Even the extremely subtle rules relating to purification of ascetic conducts are available in these *Achar Sutras*. It is so much subtle that in case any rule relating to conduct is disobeyed even in a dream state, one should undertake *prayashchit* (self-indictment) for it. There can be many causes for a digression in conduct In *Agams* ten types of causes that can make the conduct faulty (*pratisevana*) have been stated. According to it, a Jain monk can do an undesirable and unworthy act in a state of slackness, passion, attachment, forgetfulness, doubt, scepticism, fear or an exceptionally difficult state. But he should set it right immediately by self-criticism, *pratikraman*, repentance and self-imposed punishment (*prayashchit*) and the like. The *Agams* which indicate rules and sub-rules and special rules for such purification are categorised as *Chhed Sutras*

MEANING OF WORD 'CHHED'

The common meaning of the word '*Chhed*' is to cut. In case any limb of the human body becomes damaged, gives out bad smell, or becomes poisoned, an ointment is applied to it for curing it. It may also be necessary in certain circumstances to cut it or pierce it Similarly when a sin relating to ascetic discipline is committed, it can be purified by undertaking *prayashchit* in the form of ascetic austerities. In case it becomes absolutely necessary, it is also corrected by reducing the period of monkhood or by initiating in monkhood afresh So the *Sutras*, which deal with it are commonly known as *Chhed Sutras*

Some *Acharyas* are of the view that out of five types of ascetic conduct, the first one is *Samayik Charitra*—the conduct meant for a small period, while the second one—the *Chhedopasthapaniya Charitra* is the conduct to be followed for a long period. The possibility of incurring any fault is greater in case of the second type of conduct. So the *Agams* which deal with purification of sins in the practice of this *Chhedopasthapaniya Charitra* are also known as *Chhed Sutras.*

Jamha tu hoti Sodhi Chhed Suyatthen Khalitcharanan.
Tamha Chheya Suyattho balavam motoon puvvagatam.

—*Vyavahar bhashya* 1829

It means that in case any deviation occurs in ascetic discipline or any sin is committed, it can be set right on the basis of *Chhed Sutras.* So *Chhed Sutra* is more prominent and effective from the point of view of substances so far as *Sutras* other than *Purvas* are concerned

It is mentioned in *Nisheeth Bhashya* (5/84)—The conduct is purified on the basis of *Chhed Sutras.* So these are '*Chheyam*'. In other words they are excellent.

Out of the four *Chhed Sutras*, *Nisheeth Sutra* is the most profound and difficult. The word '*nisheeth*' means mid night. It means that *Sutra*, which is taught in solitude to a specially capable student at a specified place and at a specified time is *Nisheeth*. The other three Sutras namely *Dashashrut Skandh, Brihat Kalp* and *Vyavahar* are taught when a disciple becomes capable to study *Agams* but at a pre-determined time.

It is mentioned in *Vyavhar bhashya*—These four *Sutras* have been derived from the third *achar-vastu* of *Pratyakhyan Purva* Out of them, *Dashashrut Skandh, Brihat Kalp* and *Vyavahar Sutra* have been compiled by Shrut Kevali Bhadrabahu Swami who was expert in fourteen *Purvas*. But there is difference of opinion about *Nisheeth Sutra*. It is believed that it is very essential and important to study these three *Chhed Sutras* in ascetic life. So in this series of *Agams*, I have edited and commented upon these three *Chhed Sutras.*

THE SUBJECT-MATTER OF CHHED SUTRAS

After detailed study of the subject described in *Chhed Sutras,* their subject-matter can be classified in four parts—

(1) (*Utsarg marg*) Normal conduct.

(2) (*Apavad marg*) Conduct in exceptional circumstances

(3) (*Dosh-Sevan*) Committing a fault in ascetic practice.

(4) (*Prayashchit Vidhan*) Provision of repentance and self-indictment

(1) The discreet and faultless practice of all those rules, which are mandatory in ascetic discipline for every Jain monk and nun is called *Utsarg marg*. A *Shraman* who practices faultless conduct is believed to be praiseworthy. We can term *Utsarg marg* as normal practice of ascetic conduct.

(2) *Apavad marg* means special practice It is of two types—(1) Faultless special practice, (2) Faulty special practice

The exceptions that are clearly stated while undertaking the *pratyakhyan* (vow) relating to supplementary discipline are all included in faultless special practice. In other words they are faultless exceptions. There is no *prayashchit* for faultless exceptions Sometimes in a helpless condition due to special circumstances, in order to make a compromise with the situation one unwillingly commits a sin or has to commit a sin or fault in his ascetic conduct. This is called sinful or faulty special ascetic practice. The *prayashchit* is undertaken only for such faulty activity practiced as an exception

(3-4) Sin or Fault (*Dosh*) means to break the rules of common ascetic conduct or exceptional conduct. The practice for purification of sin or activity related to it is called *prayashchit. Prayashchit* is of ten types Sometimes under grave special circumstances unwillingly, due to slackness or forgetfulness about rules or in a state of doubt, a fault occurs or a sin is committed. One has to accept *prayashchit* for its purification. In *Chhed Sutras*, the type of *prayashchit* and the quantum of *prayashchit* for every type of such fault or sin, for the purpose of purification, are mentioned in detail.

It is worthy to be noted that through *prayashchit* (repentances and self-imposed austerities) only the faults in supplementary discipline can be rectified For any sin relating to basic ascetic conduct, the three types of *prayashchit* namely moolarh (reduction in period of monkhood) and the like are awarded.

THREE TYPES OF KALP

In *Chhed Sutras*, three types of *Kalp* have been described. They are—**(1) *Vidhi Kalp***—practices to be followed, **(2) *Nishedh Kalp***—practices that are to be avoided, **(3) *Vidhi-nishedh Kalp***—practices to be followed and avoided. The *Sutra* wherein the word '*Kappayi*' is used are those which

indicate practice to be followed. The *Sutras* wherein the word '*no kappayi*' has been used are those, which indicated prohibitions. The *Sutras* wherein both '*kappayi—no kappayi*' has been mentioned relate to *Vidhi-nishedh Kalp*. Some *Sutras* are such wherein neither '*kappayi*' nor '*no kappayi*' has been mentioned They are *Sutras* relating to general rules.

Some provisions regarding practice and prohibitions concern Jain monks (*nirgranths*). Some relate to Jain nuns (*nirgranthis*) and some are same for both. Thus these three *Chhed Sutras* state conduct to be practiced (*Vidhi marg*), conduct that is prohibited (*Nishedh marg*) and (*Utsarg marg*) the conduct in exceptional circumstances. The prayashchit in each case is also mentioned therein. The *Chhed Sutras* are thus in a way the code of conduct of ascetic discipline or the penal code of ascetic discipline.

We find provision of *prayashchit* and the like for purifying the sin committed in the code of conduct of all traditions in ancient religious sects so far as the *Bhikshus, Shramans* or *Sanyasis* of the respective faiths are concerned. For *Nirgranths* (Jain monks) it is in *Chhed Sutras* For Buddhist *Bhikshus* the details regarding *prayashchit* are in *Vinay Pitak* and for *Sanyasis* of Vedic faith, it is in *Smritis* and *Shrot Sutras* A common man is likely to commit fault in his conduct and it is necessary to make provision of punishment or *prayashchit* for its purification In government rules it is called *punishment* while in spiritual context it is *prayashachit* The only difference is that punishment is awarded forcibly also while *prayashchit* is never awarded forcibly. When the religious practitioner becomes self-awakened, he through self-introspection feels dejected about the sin or fault he has committed and then repents for it. He comes to his spiritual teachers for purification and requests—"Melord ! I have committed such and such sin in such and such circumstances. Please purify my soul by awarding *prayashchit* and telling me the method of purification." This is the great distinction between punishment and *prayashchit*. The primary subject of *Chhed Sutras* is to make a provision of prayashchit for purification of ascetic conduct.

This book contains three *Chhed Sutras* whose contents in brief are as under—

(1) Dashashrut Skandh—*Kalp* and *Purva achar dasha* are mentioned in *Samavayanga* and *Uttaradhyayan Sutras* and the like. In *Chhed Sutras*, it is the first *Sutra*. The term '*achar dasha*' for it is in consonance with its subject because in all the ten chapters in it ascetic conduct is the subject discussed.

For instance, states of non-equanimity, major faults in ascetic conduct, indiscipline and the like. Here even the subtle and very minor faults in daily behaviour have also been considered. To maintain unblemished, grand behaviour which is worthy of appreciation by all is the purity of conduct.

The eighth chapter of this *Sutra* is *Paryushan kalp*. Earlier only code of conduct of a Jain monk was discussed in it. It cannot be said with certainly when the subject relating to the life-sketch of *Tirthankaras* and lineages of *Sthavirs* was added to it But with the addition of these two, it was given the title *'Kalp sutra'* and separated from *Dashashrut Skandh* and therefore it became a tradition to recite it during *Paryushan* days.

In *Sthananga Sutra*, the headings of its ten chapters have been mentioned. Probably its prevalent title is *'Dasha'* as it has ten chapters So the more popular caption of *Achar-dasha* is *Dashashrut Skandh.*

In editing, translating and writing commentary on *Dashashrut* Skandh, the basis has been primarily the one edited by Acharya Samrat Shri Atmaram ji Maharaj (Asstt Editor Dr. Suvrat Muni Shastri). But in this edition the text has been compiled on the basis of ancient editions. The text has been re-written on the basis of available ancient editions, by Anuyog Pravartak Upadhyaya Shri Kanhaiyalal ji Maharaj 'Kamal' and edited as 'Achardasha' beautifully by including missing parts in the text. Acharya Shri Ghasilal ji Maharaj has written commentary in Sanskrit on *Dashshrut Skandh* on the basis of ancient texts and commentaries. I have studied and taken into account all the three in preparing this edition.

The ninth chapter—*Mohaniya Sthan* and the tenth chapter—*Ayati Sthan* of *Dashashrut Skandh* need to be studied thoroughly by both the *Shramans* (Jain monks) and *Shramanopasak* (the lay devotees). The description in *Mohaniya Sthan* is likely to bring a total reform in social and moral consciousness of human beings and is an indicator of ideal code of conduct

(2) Brihat-kalp Sutra—The ancient name of this *Sutra* is *'Kapp-Sutt.'* However, when *Paryushan Kalp* became popular as *Kalp Sutra,* it was captioned as *Brihat Kalp Sutra* in order to distinguish it from *Kalp Sutra*. In *Nandi Sutra* it is mentioned as *Kappa*. The title *Brihat Kalp* does not find mention in any ancient list.

The word *'Kalp'* has many meanings. Primarily the word *kalp* denotes conduct, limitations, religious bindings, social limitations. Since the political distinctions in status are more prominent in twelve *Kalp* heavenly abodes, they are called Kalp Viman

In the present edition, Kalp Sutra provides information about religious code or the code of conduct. A *Sutra* (text) which describes in detail the code of conduct and the like of a religious way of life is called *Kapp Sutt* or *Kalp Sutra*. The detailed description in it is primarily of matters relating to conduct of collecting alms (*Eshana Samiti*).

Kalp Sutra contains eighty facets of dos and donots. In it there is description of eighty types of precautions (dos and donots) concerning proper practice of five major vows and five *Samiti*.

In ascetic way of life, it is most essential to have knowledge about the procedure of what is acceptable, what is non-acceptable and what is prohibited. So this *Sutra* is very important and useful in practicing ascetic way of life.

(3) Vyavahar Sutra—This is the third *Chhed Sutra*. The grammatical interpretation of *Vyavahar* is *Vi + ava + har* So *Vyavahar Sutra* is that *Sutra* which settles disputed matters and clarifies the doubts. It is mentioned in *Katyayan* grammar as follows—

Nana Sandeh-harnaat-vyavahaar iti sthiti, which means that *vyavahar* removes various types of doubts

The author of *bhashya* on *Vyavahar Sutra* states that this sutra describes three main topics namely *Vyavahar, vyavahari* and *vyavahartavya*.

(1) *Vyavahar* means methods, for instance five types of conduct.

(2) *Vyavahari*—Learned *Acharya* and the like who is capable of ensuring unblemished conduct in the *gana* or *gachha* (group).

(3) *Vyavahartavya*—Jain monks and nuns who are worthy of following the code

In a nutshell it means that the scriptures dealing with the code relating to purification of faults occurring in the conduct of *Shramans* and *Shramanis*, slight deviations in practicing the vows through an *Acharya* and the like who is well educated in the code of conduct is *Vyavahar Sutra*.

GENERAL SOCIAL RULE IN CHHED SUTRAS

Chhed Sutras do not deal with ascetic conduct alone but also with useful general principles of social and administrative welfare. For

instance in *Dashashrut Skandh*, there is description of rude behaviour towards spiritual masters. The method of speech among each other or the method of dealing with elders in a respectful manner—all this information is available in this *Shastra*. From ethical point of view, the topics relating to murder of national leader or person of great influence and humility or insolence towards one who had helped in need are mentioned in *Mohaniya Sthan* and are of great significance.

In *Vyavhar Sutra* there are many *Sutras* of such a nature, which can serve as a guide even in the present set up For instance a *Sadhu* who undertakes austerities for purification of his faults, has to live separately from the *gana* (group) The other *Sadhus* of the group have no dealings with him. However, if he becomes ill and he needs care, the *Acharya* and the like can get him attended through other *Sadhus* of the *gana*. He ensures that he does not have any state of non-equanimity In case any *Sadhu* has committed a sin and due to any reason, he has become sick, mad or terrorised he should not be kept away from the group in that condition. But it is the duty of the organisation (*Sangha*) to properly serve him attend to him and ensure his proper medical treatment. It is the responsibility of the *Sangha* to make proper arrangements for him till he becomes healthy These provisions indicate human touch, love and broad mindedness

In the judicial adjudication in society, the common topic of discussion these days is that who is the sinner. Should a person be considered sinner or not whose sin has not been proved or who has not accepted his sin. The author of *Vyavhar Sutra* states that a person cannot be believed to be a sinner till he has not accepted the sin or it has not been established by fool–proof evidence that he is the sinner. It is immaterial whether he has actually committed the sin or not but without proof he should not be addressed as sinner.

The same yard stick is in respect of fitness for a particular post A person who has committed a major sin in life, cannot be assigned a post of responsibility for three years or throughout his life even if he has undergone requisites *prayashchit* for it.

It is necessary to examine the capability of a monk before assigning any post in the group to him. He can be given the post only after examining his knowledge of scriptures, his ascetic conduct and the like. It is prohibited to assign any post to a *Sadhu* who has not studied *Achar prakalp*.

Similarly only *Acharya* is competent to declare one as the *Acharya* or *Upadhyaya* or to remove him from that post The monk who is responsible for causing bickering in the religious order is liable for major *prayashchit*.

There are many instances wherein substantial principles of social, political and spiritual state of administration are involved. They are available in these *Sutras*. This subject needs special attention of research scholars

RELEVANT COMMENTATIVE LITERATURE

As I have said earlier, Shrut Kavali Acharya Bhadrabahu has complied these three *Chhed Sutras* on the basis of *Purvas* These *Sutras* are very deep so far as subject-matter is concerned. It is very difficult to understand its complete meaning and its background in the brief text So the author of *niryuktis* Acharya Bhadrabahu (the second Bhadrabahu) wrote commentaries (*niryuktis*) on *Chhed Sutra*. Later on *Churnis* were also written on these *Sutras* Moreover, *bhashyas* are also available in *Prakrit* on *Brihat kalp* and *Vyavhar Sutra*. *Laghu bhashya* on *Brihat kalp* is by the famous author Shri Sanghadas gani Voluminous *bhashya* and detailed commentaries are available on *Vyavhar Sutra*

In the *bhashyas* and treatises the authors have explained in detail the basic object of the author of the *Sutra*, the background, the organisational tradition, the prevalent illustrations and examples in the present period that have relevance thereto. In the *bhashyas*, the knowledge of the ancient social set-up, other religious organisations and the state of political set up has been detailed, which is very useful in the study of history and social science.

In the text of *bhashyas* there are many stories, illustrations and examples that clarify the topic mentioned in *Vyavhar* and *Brihat kalp Sutras*. Many of these stories are popular these days and many of them are not But due to lack of space, these examples have not been used here.

Acharya Shri Ghasilal ji Maharaj has written *bhashya* in Sanskrit on *Brihat Kalp* and *Vyavhar Sutra* Therein many topics have been explained on the basis of *niryukti, churni* and *bhashya*. Further Upadhyaya Shri Kanhaiyalal ji Maharaj has also edited the three *Chhed Sutra* in an exemplary manner. His editions contain beautiful translation depicting the basic idea and also scholarly commentary. This editing presents a reliable treatise on profound *Agams* like *Chhed Sutras* by a capable, authoritative scholar We have made use of it in

translation and explanation. Everyone shall be benefited by the deep study and exhaustive commentary of Upadhayaya ji

Thus taking benefit of detailed commentaries and editions prepared by various scholars, I have prepared this translation/explanation on these *Sutras* in accordance with my knowledge and understanding. The subject of *Chhed Sutras* is very deep and the facts described therein present many matters worth consideration relating to code of conduct of a Jain monk and *Shraman* code of conduct prevalent at present. But avoiding disputable matters, I have in an impartial manner and in balanced language tried to clarify various topics Still I seek pardon for any drawback or deviation from the tradition that might have occurred and am prepared to rectify the mistake

The inspiration, encouragement and blessing of reverend Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padmachand ji Maharaj is always with me in discharging the duty of editing the *Agams* with full responsibility. In fact, due to his blessings this extremely difficult work is being edited at ease. The blessings of my spiritual teachers serves as a support and guide to me at every step

As usual, Srichand ji Surana 'Saras' has provided worthy assistance in editing the three *Chhed Sutras* Shri Surana ji has made a resolve to devote his life for service of *Agams* I appreciate his noble resolve in this respect

The important responsibility of translating *Chhed Sutras* in English has been discharged by Sushravak Shri Rajkumar ji Jain who is devoted towards *Agams*, a scholarly thinker and leads the life in a spiritual manner He has done the entire work with complete devotion and full attention. I have no appropriate words to show my sense of gratitude towards such a scholar for his assistance. Further, Shri Surendra ji Bothra has examined the English translation and made corrections where necessary My hearty gratitude to all of them

The devotees have provided great financial assistance in this publication under the heavenly blessings from gurudev This organisation is discharging the responsibility of such costly publications only on the strength of their assistance

Thus, I am grateful to all those who have directly or indirectly assisted in this work.

September, 2004 | **—*Pravartak Amar Muni***
Jain Sthanak, Ludhiana | (Uttar Bharatiya Pravartak)

सहायक आधारभूत ग्रन्थ

१. **दशा श्रुतस्कंध : आचार्य श्री आत्माराम जी म.**
(सस्कृत छाया हिन्दी भाषा टीका)
सम्पादन : डॉ सुव्रत मुनिजी शास्त्री एम. ए. पी-एच डी
प्रकाशक : आचार्य श्री आत्माराम जैन धर्मार्थ समिति, दिल्ली
श्री पद्म प्रकाशन, नरेला मण्डी, दिल्ली-४०
द्वितीयावृत्ति : जून २००१

२. **त्रीणि छेद सूत्राणि :**
सम्पादक : अनुयोग प्रवर्तक मुनि श्री कन्हैयालाल जी म. 'कमल'
प्रकाशक : श्री आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर।
प्रथम संस्करण : जनवरी, १९९२

३. **दशा श्रुतस्कंध : आचार्य श्री घासीलाल जी म.**
(सस्कृत टीका, हिन्दी गुजराती अनुवाद सहित)
प्रकाशक : श्री जैन शास्त्रोद्धार समिति, राजकोट
द्वितीयावृत्ति : ईस्वी सन् १९६०, वि सं. २०१६

४. **श्री व्यवहार सूत्र : श्री बृहत्कल्प सूत्र : आचार्य श्री घासीलाल जी म.**
(भाष्य तथा संस्कृत टीका सहित)
प्रकाशक : श्री जैन शास्त्रोद्धार समिति, राजकोट
प्रथमावृत्ति : ईस्वी सन् १६६९

५. **व्यवहारभाष्य**
सम्पादिका : समणी कुसुम प्रज्ञा
प्रकाशक : जैन विश्व भारती सस्थान, लाडनूँ
प्रथमावृत्ति : सन् १९९६

❁

उक्त सभी विद्वानों तथा प्रकाशनसंस्थानों के प्रति हार्दिक आभार।
सम्पादन हेतु साहित्य उपलब्ध कराने में जैनाचार्य श्री देवेन्द्र मुनि शोध संस्थान उदयपुर के कार्यकर्ताओं के प्रति हार्दिक धन्यवाद।

BASIC REFRENCE WORKS

1. **Dashashrutskandh : Acharya Shri Atmaram ji M.**
   (Sanskrit transliteratıon and Hindi commentary)

   Editor : Dr Suvrat Muniji Shastri, M.A., Ph D.

   Publisher : Acharya Shri Atmaram Jain Dharmarth Samiti, Delhı.
   Shrı Padma Prakashn, Narela Mandi, Delhı-40

   Second edition : June, 2001

2. **Trini Chhed Sutrani :**

   Editor : Anuyogapravartak Muni Shrı Kanhaialal ji M. 'Kamal'

   Publisher : Shrı Agam Prakashan Samitı, Beawar

   First Edition : January 1992

3. **Dashashrutskandh : Acharya Shri Ghasilal ji M.**
   (with Sanskrit Tıka and Hındi and Gujarati translatıons)

   Publisher : Shri Jain Shastroddhar Samiti, Rajkot

   Second Edition : 1960 AD, 2016 V.

4. **Shri Vyavahar Sutra : Shri Brihatkalp Sutra Acharya Shri Ghasilal ji M.**
   (With Bhashya and Sanskrit Tika)

   Publisher : Shrı Jain Shastroddhar Samiti, Rajkot

   First Edition : 1969 AD

5. **Vyavahar Bhashya**

   Editor : Samani Kusum Prajna

   Publisher : Jain Vishva Bharati Samsthan, Ladnu

   First Edition : 1996 AD

Hearty gratitude for aforesaid scholars and publishers.
Thanks to the staff of Jainacharya Shri Devendra Muni Shodh Samsthan, Udaipur for making reference works available.

अनुक्रमणिका

दशाश्रुतस्कन्ध

बृहत्कल्प सूत्र

द्वितीय उद्देशक २३१–२५२

तृतीय उद्देशक २५३–२७२

चतुर्थ उद्देशक २७३–३१४

पाँचवाँ उद्देशक ३१५–३३५

व्यवहार सूत्र

CONTENTS

DASHASHRUT SKANDH

BRIHAT-KALP SUTRA

VYAVAHAR SUTRA

ॐ नमो समणस्स भगवओ महावीरस्स

Om Namo Samanassa Bhagavao Mahavirassa

दशाश्रुतस्कन्ध

DASHASHRUT SKANDH

प्राक्कथन

चार छेदसूत्रो मे पहला छेदसूत्र है–दशाश्रुतस्कन्ध। छेदसूत्र के दो उद्देश्य है–(१) दोषो से बचने की सूचना देना, और (२) प्रमादवश दोष लगने पर उसका प्रायश्चित्त करके आत्म-शुद्धि कर लेना।

दशाश्रुतस्कन्ध मे दस अध्ययन है। इसका मुख्य नाम तो 'आचारदशा' है, किन्तु दस अध्ययन होने से दशाश्रुतस्कन्ध नाम अधिक प्रसिद्ध हैं। इन अध्ययनो को उद्देशक भी कहा जाता है।

प्रथम उद्देशक मे बीस असमाधि स्थानो का वर्णन है। असमाधि स्थान का अर्थ है–जिस प्रकार काँटा आदि चुभने से शरीर मे पीडा व व्याकुलता उत्पन्न होती है, उसी प्रकार इन सामान्य दोषों के सेवन से सयम मे व्यवधान या व्याकुलता उत्पन्न होती है। सामान्य रूप मे असमाधि स्थान तो सैकडो हो सकते है, किन्तु यहाँ पर मुख्य रूप मे बीस स्थानो का कथन सकेत मात्र है। इनके आधार पर अन्य भी समझ लेना चाहिए।

INTRODUCTION

Chhed Sutras are four in number and the first among them is *Dashashrut Skandh* This *Chhed Sutra* has two objects namely—(i) to caution in advance about safe-guarding oneself from sins, (ii) in case any sin has been committed due to negligence, to undertake self-purification by accepting due repentance

Dashashrut Skandh contains ten chapters Its original caption is *Achar Dasha* But its more popular title is *Dashashrut Skandh* because it has ten chapters These chapters are also called *Uddeshaks*

The first *Uddeshak* describes twenty states of distraction of mind. When a thorn pricks deep in the body, it causes pain and restlessness Similarly when one commits the common faults (mentioned hereafter), it causes disturbance and restlessness in ascetic life Ordinarily states of non-equanimity (*asamadhi*) can be hundreds in number but here primary twenty states have been mentioned and in the context thereof other states of non-equanimity may be understood

प्रथम दशा : असमाधि स्थान
FIRST DASHA : STATES OF NON-EQUANIMITY

बीस असमाधि स्थान **TWENTY STATES OF NON-EQUANIMITY**

१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं—

इह खलु थेरेहिं भगवंतेहिं वीसं असमाहिट्ठाणा पण्णत्ता।

[प्र.] कयरे खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं वीसं असमाहिट्ठाणा पण्णत्ता ?

[उ.] इमे खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं वीसं असमाहिट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा—

(१) दवदवचारी यावि भवइ, (२) अप्पमज्जियचारी यावि भवइ, (३) दुप्पमज्जियचारी यावि भवइ, (४) अतिरित्त—सेज्जासणिए भवइ, (५) राइणिअ—परिभासी यावि भवइ, (६) थेरोवघाइए यावि भवइ, (७) भूओवघाइए, (८) संजलणे, (९) कोहणे यावि भवइ, (१०) पिट्ठिमंसिए, (११) अभिक्खणं—अभिक्खणं ओहारइत्ता भवइ, (१२) नवाणं अहिगरणाणं अणुप्पण्णाणं उप्पाइत्ता भवइ, (१३) पोराणाणं अहिगरणाणं खामिय अविउसवियाणं पुणो उदीरेत्ता भवइ, (१४) अकाले सज्झायकारए यावि भवइ, (१५) ससरक्खपाणिपाए यावि भवइ, (१६) सद्दकरे यावि भवइ, (१७) झंझकरे यावि भवइ, (१८) कलहकरे यावि भवइ, (१९) सूरप्पमाणभोई यावि भवइ, (२०) एसणाए असमिए यावि भवइ।

एते खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं वीसं असमाहिट्ठाणा पण्णत्ता—त्ति बेमि॥

॥ इति पढमा दसा समत्ता ॥

१. हे आयुष्मन् ! मैने सुना है -भगवान महावीर ने ऐसा कहा है—इस निर्ग्रन्थ प्रवचन मे स्थविर भगवन्तो ने बीस असमाधि स्थान कहे है।

[प्र.] स्थविर भगवन्तो ने वे कौन से बीस असमाधि स्थान कहे है ?

[उ.] स्थविर भगवन्तो ने बीस असमाधि स्थान इस प्रकार कहे है। यथा—

(१) अतिशीघ्र चलना। (२) प्रमार्जन किये बिना (अंधकार मे) चलना। (३) उपेक्षाभावपूर्वक प्रमार्जन करना। (४) अतिरिक्त शय्या—आसन रखना। (५) रत्नाधिक के सामने परिभाषण करना। (६) स्थविरो का उपघात करना। (७) पृथ्वी आदि का घात करना। (८) प्रतिक्षण क्रोध मे जलना। (९) क्रोध मे कठोर वचन बोलना। (१०) पीठ पीछे निन्दा करना। (११) बार—बार निश्चयात्मक भाषा बोलना। (१२) नवीन कलहो को उत्पन्न करना। (१३) क्षमापना द्वारा उपशान्त पुराने क्लेश को फिर से उभारना। (१४) अकाल मे स्वाध्याय करना। (१५) सचित्त मिट्टी आदि से युक्त हाथ—पाँव आदि का प्रमार्जन न करना। (१६) अनावश्यक बोलना या जोर—जोर से बोलना। (१७) सघ मे भेद उत्पन्न करने वाला वचन बोलना। (१८) कलह करना। (१९) सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक कुछ न कुछ खाते रहना। (२०) एषणा समिति मे असावधान रहना।

स्थविर भगवन्तो ने ये बीस असमाधि स्थान कहे है। ऐसा मै कहता हूँ।

1. Oh, the blessed ! I have heard that Bhagavan Mahavır has mentioned that the learned Saints (*Sthavırs*) have described twenty states of non-equanimity ın the Sacred Word

[Q.] What are the twenty states of non-equanimity (distractıon of mind) mentioned by *Sthavırs* ?

[Ans.] The twenty states of non-equanimity mentıoned by *Sthavirs* are as under—

(1) To walk very fast (2) To walk (in darkness) wıthout cleaning the ground. (3) To clean carelessly. (4) To keep extra beds. (5) To speak rudely in presence of elders (6) To cause harm to *Sthavırs*. (7) To cause harm to earth-bodıed organısm and other such specıes. (8) To burn always ın anger. (9) To utter harsh words ın anger. (10) To disgrace any one in his absence. (11) To repeatedly use definıte language (wıthout knowing reality). (12) To create new strıfe. (13) To revive a quarrel that has already been pacıfied by mutual forgiveness (14) To study scrıptures durıng the prohıbıted perıod (15) Not to clean properly hand and feet besmeared with sand or other thıngs ınfested wıth lıvıng organısm (16) To speak without any purpose or to shout loudly (17) To utter such words that can cause difference in the order (18) To quarrel (19) To keep on eating from sunrıse to sunset (20) To be careless ın observıng the code prescribed for alms seeking

These are the twenty sources of distractıon of mınd as mentıoned by *Sthavırs* So, I say.

विवेचन : सर्वप्रथम यहाँ स्थविर का अर्थ समझ लेना चाहिए। ग्यारह अग आगम सर्वज्ञ भगवान द्वारा कथित एवं गणधरो द्वारा सकलित है। अत यहाँ पर **तेण भगवया एवमक्खायं**–उन भगवान ने ऐसा कहा है यह पाठ मिलता है। किन्तु यहाँ पर **'थेरेहिं'** शब्द आया है। स्थविर का अर्थ व्यापक है। गणधर, चतुर्दश पूर्वधर या दश पूर्वधर को भी स्थविर भगवान कहा जाता है। इससे स्पष्ट होता है यह सब वर्णन श्रुतकेवली स्थविर (आचार्य भद्रबाहु) द्वारा संकलित है।

असमाधि का अर्थ है मानसिक संक्लेश। **समाधिश्चेतसः स्वास्थ्यं**–चित्त की स्वस्थता का नाम समाधि है। जिन प्रवृत्तियों से संयमी जीवन मे सक्लेश या दोष उत्पन्न होता है, वे असमाधि स्थान है। अर्थात् *श्रमण*–समाचारी के विधि–निषेधो के अनुसार संयम का आचरण न करना अथवा जिन–जिन प्रवृत्तियो से आत्म–विराधना (आत्मा का पतन) तथा सयम–विराधना व सयम दूषित होता है वे सभी प्रवृत्तियाँ असमाधि स्थान कहलाती है। इनकी शुद्धि हेतु प्रायश्चित्त का विधान निशीथसूत्र में है।

इस व्याख्या के अनुसार असमाधि स्थानो की सख्या निर्धारित करना कठिन है, फिर भी स्थविर भगवन्तो ने इस पहली दशा मे मुख्य रूप मे बीस *असमाधि स्थान* बताये हैं–

(१) **शीघ्र चलना**—उद्विग्न मन (अशान्त-चित्त) वाला भिक्षु यदि अति शीघ्र गति से गमन करता है तो उसको अनेक प्रकार की शारीरिक हानियाँ होना सम्भव है। इसके अतिरिक्त चीटी आदि अनेक प्रकार के छोटे-मोटे जीवो की हिंसा भी हो सकती है। अत अतिशीघ्र गति से बिना देखे चलना पहला असमाधि स्थान है।

(२) **अप्रमार्जन**—जहाँ अँधेरा हो तथा मार्ग मे चींटियाँ आदि छोटे-मोटे जीव अधिक संख्या मे हो, वहाँ दिन मे भी बिना प्रमार्जन किये चलने से जीवो की हिंसा (विराधना) होती है।

आवश्यक कार्यों से रात्रि मे गमनागमन करना चाहें तो बिना प्रमार्जन किये चलने से त्रस जीवो की विराधना होती है, क्योंकि अनेक जीव-जन्तु रात्रि मे चलते-फिरते रहते है और अधकार के कारण दृष्टिगोचर नही होते है। अत बिना प्रमार्जन किये नही चलना चाहिए।

(३) **दुष्प्रमार्जन करना**—जितनी भूमि का प्रमार्जन किया है, उसके अतिरिक्त बिना देखी भूमि पर बिना विवेक के इधर-उधर पैर रखने से जीवो की हिसा होना सम्भव है। अत प्रर्माजन की हुई भूमि पर ही पैर रखकर चलना चाहिए। उपेक्षा भाव से प्रमार्जन करना दुष्प्रमार्जन कहा जाता है।

ये तीनो इर्यासमिति के दोष है।

(४) **आवश्यकता से अधिक शय्या-संस्तारक रखना**—श्रमणसमाचारी मे वस्त्र-पात्र आदि उपकरण सीमित व नियत प्रमाण मे रखने का विधान है। फिर भी यदि भिक्षु आवश्यकता से अधिक शय्या-सस्तारकादि रखता है तो उनका प्रतिदिन उपयोग न करने पर और प्रतिलेखन, प्रमार्जन न करने पर उनमे जीवोत्पत्ति होने की सम्भावना रहती है। उन जीवो के सघर्षण व समर्दन से सयम की क्षति होती है। इसका सम्बन्ध आदान भाण्ड निक्षेपण समिति से है।

(५) **रत्नाधिक के सामने बोलना**—दीक्षा-पर्याय मे ज्येष्ठ भिक्षुओ को **रत्नाधिक** कहा जाता है। उनके समक्ष अविनयपूर्वक उद्दण्डता के साथ बोलने से व उपहास करने से आशातना होती है। रत्नाधिक श्रमणो की आशातना करना प्रायश्चित्त योग्य कार्य है।

(६) **स्थविरो का उपघात करना**—वृद्ध (स्थविर) या बहुश्रुत भिक्षु दीक्षा-पर्याय मे चाहे छोटे हो या बडे हो, उनकी चित्तसमाधि का पूर्ण ध्यान रखना चाहिए। उनका सम्मान करना और सेवा की समुचित व्यवस्था करना तथा उनका मन अशान्त रहे, इस प्रकार का व्यवहार न करना सभी श्रमणो का कर्त्तव्य है।

(७) **छह काय के जीवो का हनन करना**—श्रमण के लिए किसी भी त्रस-स्थावर प्राणी को त्रस्त करने की प्रवृत्ति करना सर्वथा निषिद्ध है, क्योकि वह छह काय का प्रतिपालक होता है।

(८-९) **क्रोध से जलना और कटु वचन बोलना**—किसी के प्रति क्रोध से सतत सतप्त रहना तथा कठोर वचन बोलकर क्रोध प्रकट करना, ये समाधि भग करने वाले है।

(१०) **पीठ पीछे किसी की निन्दा करना**—पर-निन्दा करना पन्द्रहवाँ पापस्थान है। किसी की अनुपस्थिति मे उसकी निन्दा करना या दोष निकालना पीठ का माँस खाने तुल्य जघन्य अपराध है। निन्दा करने वाला स्वय भी कर्मबन्ध करता है तथा दूसरो को भी असमाधि उत्पन्न करके कर्मबन्ध करने का निमित्त बनता है।

(११) **बार-बार निश्चयात्मक भाषा बोलना**—भिक्षु को जब तक किसी विषय की पूर्ण जानकारी नही हो जाये, या उस विषय मे सन्देह हो, तब तक उसके विषय मे निश्चयात्मक भाषा बोलने का निषेध है। क्योकि

निश्चयात्मक वचन बोले अनुसार काम न होने पर जिनशासन की निन्दा होती है, बोलने वाले की अपकीर्ति होती है, कई बार सघ मे विकट परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है एवं अनेक प्रकार के अनर्थ व सकट उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है।

(१२) **नया कलह उत्पन्न करना**–बिना विवेक के बोलने से कलह उत्पन्न हो जाते हैं। अत कलह उत्पन्न होने वाली भाषा का प्रयोग करना असमाधि स्थान है।

(१३) **पुराने कलह को पुन. उभारना**–बिना विवेकपूर्वक बोलने से कई बार उपशान्त हुआ कलह पुन उत्तेजित हो जाता है। स्वय की व दूसरो की शान्ति भग हो जाती है। अत उपशान्त कलह को पुन उत्तेजित करना असमाधि स्थान है।

(१४) **अकाल मे स्वाध्याय करना**–सूर्योदय और सूर्यास्त का समय तथा मध्यान्ह और मध्य रात्रि का (११ से १२ तक) एक–एक मुहूर्त्त का समय स्वाध्याय के लिए अकाल कहा गया है। कालिकसूत्रो के स्वाध्याय के लिए दूसरा और तीसरा प्रहर अस्वाध्याय काल है। इसके सिवाय तीस और भी अस्वाध्याय काल बताये है। इससे भगवदाज्ञा का उल्लघन तथा अन्य दैवी उपद्रव होने की सम्भावना रहती है। अत अकाल मे स्वाध्याय करना असमाधि स्थान है।

(१५) **सचित्त रज–युक्त हाथ–पैर आदि का प्रमार्जन न करना**–भिक्षु भिक्षा के लिए जाये या विहार करे, उस समय उसके हाथ–पैर आदि पर यदि कभी सचित्त रज–मिट्टी के कण लग जाये तो उसका प्रमार्जन किये बिना बैठना, शयन करना, आहारादि करना अयतना का कारण है। यह असमाधि का हेतु है।

(१६) **बहुभाषी होना**–बहुत ज्यादा बोलना या अनावश्यक भाषण करना कलह–उत्पत्ति का कारण हो सकता है। इससे भी समाधि व शान्ति भग हो सकती है।

(१७) **संघ मे मतभेद उत्पन्न करना**–संघ व समाज मे मतभेद उत्पन्न करने वाली दुर्नीति का प्रयोग करना असमाधि स्थान है।

(१८) **कलह करना**–असत्य भाषण से प्राय कलह उत्पन्न होता है, किन्तु सत्य, अप्रिय, कटुक, कठोर और कलहकारी भाषा के प्रयोग से भी असमाधि उत्पन्न होती है। किसी की शान्ति भग करना भी 'कलह' है।

(१९) **सूर्योदय से सूर्यास्त तक कुछ न कुछ खाते रहना**–भोजन के समय पर भोजन कर लेना चाहिए। सारा दिन कुछ न कुछ खाते रहने से शरीर तो अस्वस्थ होता ही है, साथ ही रसास्वादन की आसक्ति भी बढ जाती है। जिह्वा असयम को प्रोत्साहन मिलता है।

(२०) **अनेषणीय भक्त–पान आदि ग्रहण करना**–आहार–वस्त्रादि आवश्यक पदार्थ ग्रहण करते समय उद्गम, उत्पादना और एषणा के दोषो को टालकर गवेषणा न करने से सयम दूषित होता है। सयम मे शिथिलता आती है तथा ज्ञान–दर्शन की आराधना बाधित होती है।

अत इन २० असमाधि स्थानो का वर्जन करके भिक्षु को समाधि स्थानो का ही सेवन करना चाहिए, जिससे सयम मे समाधि–प्राप्ति हो सके।

॥ प्रथम दशा समाप्त ॥

Elaboration—First of all we should understand the real meaning of *Sthavir*. The omniscient Lord had narrated eleven *Anga Agams*

(Scriptures) and *Ganadhars* had given them the linguistic form. So, it is mentioned in the scriptures–**'Ten Bhagavaya Evamakhayam'** which means that the Lord had said that. But the word used here is **'Therehim'** *Sthavir* has many interpretations. *Ganadhars*, *Shrut Kevalis* (those who have learnt fourteen *Poorvas*) and *Dash-poorvadhars* (those who have learnt ten *Poorvas*) are also called *Sthavir Bhagavan*. It is therefore explicitly evident that this *Sutra* is a compilation by *Shrut Kevali* Sthavir Acharya Bhadrabahu.

Asamadhi means state of mental disturbance. *Samadhi* is the state of healthy *Chitta* (mind and heart). The behaviour that causes faults or disturbances in ascetic life is called source of non-equanimity (*Asamadhi Sthana*) According to 'dos' and 'do nots' mentioned in the prescribed code of conduct for Sainthood, all the stages of conduct that cause downfall of the self or that pollute the saintly life of restraint are termed as sources of non-equanimity The punishment in the form of repentance for purification of the ills caused by such behaviour is prescribed in *Nisheeth Sutra*

Keeping in view the above mentioned interpretation, it is difficult to numerate the causes of distraction of mind. Still the *Sthavirs* in the first *Dasha* have mentioned the primary *Asamadhi Sthans* as twenty in number—

(1) To walk fast—In case a monk (in disturbed state of mind) walks fast, there is a great probability that it may cause physical harm of several types Further it may result in violence to many types of small living beings such as ants So to move at fast speed without properly looking ahead is the first source of non-equanimity

(2) Apramarjan (not to clean)—In case there is darkness and many small insects such as ants in large number are on the road, the movement without proper cleaning can cause violence to the living beings even in the day.

In case one has to go for an urgent purpose in the night, it can cause violence to the mobile living beings if one moves without properly cleaning the path ahead. It is because many living beings move about at night and are not visible due to darkness So one should not move without cleaning the path ahead

(3) Dush-pramarjan (to clean carelessly)—There is possibility of violence to living beings if one moves about without proper discrimination on any land other than the land that has been cleaned. To clean improperly is called *dush-pramarjan*

All the three above-mentioned are the transgressions of *Irya Samiti* (the code of proper care in movement).

(4) To keep clothes and pots in excess of actual requirement—In the code of conduct for monks, the number of clothes and pots that a *Shraman* can keep has been prescribed. Still in case a monk (*Bhikshu*) keeps them in excess, there is a possibility of growth of *jivas* (living beings) in them if they are not used daily or one does not properly look into them and clean them where necessary The code of restraints in *monk-hood* is violated by the disturbance caused to those living beings or when they are run over This fault is in the context of *Adaan Bhand Nikshepan Samiti*. (carefully taking up and laying down things)

(5) To speak rudely with *Ratnadhik* (those senior in *monk-hood*)—The monks senior in initiation in saintly life are called *Ratnadhik*. It is a sin against them if one talks to them in a rude, or indolent manner without exhibiting proper respect to them The conduct that causes disrespect to seniors is worthy of repentance

(6) To hurt the *Sthavirs*—It is the duty of a monk to remain cautious in providing mental equanimity to old monks and those who are learned in scriptures (*Bahu-shrut*) whether they are senior or junior to him in *monk-hood*. It is the duty of all the monks to show respect to them, to make proper arrangement for their comfort, and not to behave with them in such a way that may disturb their mental peace

(7) To kill living beings belonging to any of the six categories—The attitude that results in causing hurt to mobile (*tras*) or immobile (*sthavar*) living beings is totally prohibited in *monk-hood*, because a monk is a protector of *jivas* (living beings) of all the six categories.

(8-9) To remain engrossed in anger and to utter pinching words—One who continuously remains in a state of anger and one who expresses his anger in rude and harsh words disturbs the state of equanimity (*Samadhi*)

(10) To speak ill of others in his absence—To talk ill of others in their absence is the fifteenth demerit To point out bad qualities of a person in

his absence is the worst sin equivalent to eating flesh of one's back. Such a person collects bad *karmas* and in addition becomes a causal factor in bringing about a state of non-equanimity in others.

(11) To speak in absolute language repeatedly—It is a taboo for a monk to use absolute language if he does not have complete knowledge about that subject or he has any doubt. In case the result is not in line with the words uttered in absolute manner, it causes disrespect to the dictum of the Lord, dishonour to the monk who uses such a language, and many times it creates such a dangerous situation in the spiritual order, which may produc many types of troubles and disturbances

(12) To create fresh strife—When one speaks without discrimination it creates strife Therefore, to use language that creates ill feelings brings about a state of non-equanimity

(13) To instigate again a subdued quarrel—Sometimes when one speaks indiscriminately, a subdued quarrel re-starts Thus one disturbs his own peace and that of others Therefore, to instigate a subdued quarrel is considered a source of non-equanimity.

(14) To study scriptures during the prohibited time-period—A period of 48 minutes from sunrise, sunset, noon and mid-night is stated to be the period prohibited for study of scriptures. For study of *Kalik Sutras*, the second and third quarter of the day and night is the prohibited period In addition, thirty time-periods are also mentioned as prohibited time-periods for study of scriptures Any transgression in this context is non-adherence to the command of *Bhagavan* and may cause other divine troubles. Thus any study during the prohibited period is stated to be a source of non-equanimity

(15) Not to clean hands and feet besmeared with *sachitta* (infested with living organism; life-bearing) dust—When a *Bhikshu* moves about in search of alms or when he goes to another place, sometimes particles of *sachitta* dust fall on his hands and feet It is considered his lack of proper care if he sits, sleeps or takes food without properly cleaning the *sachitta* dust stuck to his hands and feet Such slackness is the cause of state of non-equanimity

(16) To talk too much—Talking too much or to lecture unnecessarily may cause trouble Such a situation also results in disturbance of state of equanimity and that of peace

(17) To create rift in the religious organization—To create rift in the religious order or in the society with an evil intention is a source of non-equanimity.

(18) To quarrel—A quarrel generally starts due to false talk. But even a fact narrated in indecent, harsh, pinching and quarrelsome style produces non-equanimity. It is also considered a quarrel if one disturbs mental peace of others

(19) To keep on eating something throughout the day from sunrise to sunset—One should take his meals at the proper prescribed time. Eating something throughout the day causes ill health Moreover, it increases attachment for taste in the eatables It discourages alacrity in control of taste.

(20) To accept food and liquids in a non-prescribed manner—In case a monk does not properly observe the prescribed code while accepting food, cloth or other articles of essential use and does not look into the faults prescribed relating to their production (*Udgam and Utpadan*) and offering (*eshana*), it badly affects his ascetic-discipline It brings weakness in conduct of spiritual restraints. It also hampers the practice of right knowledge and right faith or perception.

Thus a monk should practice spiritual restraint avoiding the above-mentioned twenty sources of distraction (non-equanimity) so that he may gain equanimity in the conduct of *monk-hood*

● FIRST DASHA CONCLUDED ●

द्वितीय दशा : शबल दोष
SECOND DASHA : MAJOR FAULTS

प्राक्कथन

प्रथम दशा में असमाधि स्थान का वर्णन था। असमाधि स्थान सामान्य दोष है जिनकी शुद्धि साधारण प्रायश्चित्त से भी हो जाती है। इस दशा मे शबल दोषो का कथन है।

INTRODUCTION

In the first chapter (*Dasha*), the sources of non-equanimity were mentioned Such causes are common faults and the self can ordinarily be purified just by repentance In this chapter (*Dasha*) major faults (*Shabal Dosh*) have been narrated □□

इक्कीस शबल दोष **TWENTY ONE MAJOR FAULTS**

१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं–

इह खलु थेरेहिं भगवंतेहिं एगवीसं सबला पण्णत्ता।

[प्र.] कयरे खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं एगवीसं सबला पण्णत्ता ?

[उ.] इमे खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं एगवीसं सबला पण्णत्ता, तं जहा–

(१) हत्थकम्मं करेमाणे सबले, (२) मेहुणं पडिसेवमाणे सबले, (३) राइ–भोअणं भुंजमाणे सबले, (४) आहाकम्मं भुंजमाणे सबले, (५) रायपिंडं भुंजमाणे सबले। (६) उद्देसियं वा, कीयं वा, पामिच्चं वा, आच्छिज्जं वा, अणिसिट्ठं वा, अभिहडं आहट्टु दिज्जमाणं वा भुंजमाणे सबले।

(७) अभिक्खणं–अभिक्खणं पडियाइक्खित्ताणं भुंजमाणे सबले। (८) अंतो छण्हं मासाणं गणाओ गणं संकममाणे सबले, (९) अंतो मासस्स तओ दगलेवे करेमाणे सबले, (१०) अंतो मासस्स तओ माइट्ठाणे करेमाणे सबले, (११) सागारियपिंडं भुंजमाणे सबले।

१. हे आयुष्मन् ! मैने सुना है उन भगवान महावीर ने ऐसा कहा है–इस आर्हत् प्रवचन में स्थविर भगवन्तो ने इक्कीस शबल दोष कहे है।

[प्र.] स्थविर भगवन्तो ने वे इक्कीस शबल दोष कौन से कहे है ?

[उ.] स्थविर भगवन्तो ने वे इक्कीस शबल दोष इस प्रकार कहे है। जैसे–

(१) हस्तकर्म करने वाला शबल दोषयुक्त है। इसी प्रकार (२) मैथुन प्रतिसेवन करने वाला। (३) रात्रि भोजन करने वाला। (४) आधाकर्मिक आहार खाने वाला। (५) राजपिण्ड को खाने वाला। (६) साधु के उद्देश्य से निर्मित, साधु के लिए मूल्य से खरीदा हुआ, उधार लाया हुआ, निर्बल से छीनकर लाया हुआ, बिना आज्ञा के लाया हुआ अथवा साधु के स्थान पर लाकर के दिया हुआ आहार खाने वाला शबल दोषयुक्त है।

(७) पुनः-पुन: (आहार का) प्रत्याख्यान करके आहार खाने वाला। (८) छह मास के भीतर ही एक गण से दूसरे गण में जाने वाला। (९) एक मास के भीतर तीन बार (नदी आदि को पार करते हुए) उदक-लेप (जल सस्पर्श) लगाने वाला। (१०) एक मास के भीतर तीन बार माया कपट करने वाला। (११) शय्यातर के आहारादि को खाने वाला सबल दोष का सेवन करता है।

1. Oh, the blessed ! I have heard that Bhagavan Mahavir had said this—Reverend *Sthavirs* have mentioned twenty-one major faults (transgressions) in their Sacred Word.

[Q.] What are the twenty-one major faults that the *Sthavirs* have mentioned ?

[Ans.] Twenty-one major faults that the *Sthavirs* have mentioned are as under—

(1) A monk who has committed masturbation. (2) One involved in sexual activity (3) One who takes meals at night (4) One who accepts *Aadhakarmik* food (food specifically prepared for him) (5) One who takes food from the royal family. (6) Monk who takes food cooked for him, purchased for him, got for him on credit, snatched from a weak person, brought to him without permission (of the owner) or offered to him after bringing it to the place of stay of the monk (All these commit major fault)

(7) One who takes the vow of restraint (for food) but again and again accepts food. (8) One who shifts from one group (*gana*) to another within six months (9) One who dips in water (while crossing a river or other water body) three times within one month (11) One who accepts food from the house of the owner of the place where he (the monk) is staying. (All these commit major fault)

(१२) आउट्टियाए पाणाइवायं करेमाणे सबले। (१३) आउट्टियाए मुसावायं वयमाणे सबले, (१४) आउट्टियाए अदिण्णादाणं गिण्हमाणे सबले।

(१५) आउट्टियाए अणंतरहिआए पुढवीए ठाणं वा, सेज्जं वा, निसीहियं वा चेएमाणे सबले। (१६) आउट्टियाए ससणिद्धाए पुढवीए, ससरक्खाए पुढवीए ठाणं वा, सेज्जं वा, णिसीहियं वा चेएमाणे सबले। (१७) आउट्टियाए चित्तमंताए सिलाए, चित्तमंताए लेलुए, कोलावासंसि वा दारुए जीवपइट्ठिए, स-अंडे, स-पाणे, स-बीए, स-हरिए, स-उस्से, स-उदगे, स-उत्तिंगे पणग-दग मट्टीए, मक्कडा-संताएण ठाणं वा, सिज्जं वा, निसीहियं वा चेएमाणे सबले।

(१८) आउट्टियाए मूलभोयणं वा, कंद-भोयणं वा, खंध-भोयणं वा, तया-भोयणं वा, पवाल-भोयणं वा, पत्त-भोयणं वा, पुप्फ-भोयणं वा, बीय-भोयणं वा, हरिय-भोयणं वा भुंजमाणे सबले।

(१९) अंतो संवच्छरस्स दस दगलेवे करेमाणे सबले, (२०) अंतो संवच्छरस्स दस माइट्ठाणाइं करेमाणे सबले।

(२१) आउट्टियाए सीओदग वग्घारिय-हत्थेण वा मत्तेण वा, दव्वीए वा, भायणेण वा, असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा पडिगाहित्ता भुंजमाणे सबले।

एते खलु ते थेरेहिं भगवंतेहिं एगवीसं सबला पण्णत्ता-त्ति बेमि॥

॥ इति बिइआ दसा समत्ता ॥

(१२) जान-बूझकर जीव हिंसा करने वाला शबल दोष का सेवन करता है। (१३) जान-बूझकर असत्य बोलने वाला। (१४) जान-बूझकर अदत्त वस्तु को ग्रहण करने वाला।

(१५) जान-बूझकर सचित्त पृथ्वी के निकट की भूमि पर कायोत्सर्ग, शयन या आसन करने वाला। (१६) जान-बूझकर सचित्त जल से गीली पृथ्वी पर और सचित्त रज से युक्त पृथ्वी पर स्थान (ठहरना) शयन या आसन करने वाला (१७) जान-बूझकर सचित्त शिला पर, सचित्त पत्थर के ढेले पर, दीमक लगे हुए जीवयुक्त काष्ठ पर तथा अण्डोयुक्त, द्वीन्द्रियादि जीवयुक्त, बीजयुक्त, हरित तृणादि से युक्त, ओसयुक्त, जलयुक्त, पिपीलिका (कीडी) नगरायुक्त, पनक (शेवाल) युक्त, गीली मिट्टी पर तथा मकडी के जालेयुक्त स्थान पर स्थान, शयन और आसन करने वाला। शबल दोष का सेवन करता है।

(१८) जान-बूझ करके १ मूल, २ कन्द, ३. स्कन्ध, ४ छाल, ५. कोपल, ६ पत्र ७. पुष्प, ८. फल, ९. बीज, और १०. हरी वनस्पति का भोजन करने वाला।

(१९) एक वर्ष के भीतर दस बार उदक-लेप लगाने वाला। (२०) एक वर्ष के भीतर दस बार मायास्थान सेवन करने वाला। एव (२१) जान-बूझ करके शीतल-सचित्त जल से गीले हाथ, पात्र, चम्मच या बर्तन से अशन, पान, खादिम या स्वादिम को ग्रहण कर खाने वाला शबल दोषयुक्त है। इन आचरणो से शबल दोष लगता है।

स्थविर भगवन्तो ने ये इक्कीस शबल दोष कहे है। -ऐसा मै कहता हूँ।

(12) One who causes violence to the living beings intentionally. (13) One who intentionally tells a lie. (14) One who intentionally takes a thing that has not actually been offered (All these commit major fault.)

(15) One who sits, sleeps or meditates at a place close to contaminated (with living organism) earth intentionally. (16) One who sits, sleeps or stays intentionally on the ground, which is wet with contaminated water or which is full of contaminated dust. (17) One who intentionally sits, sleeps or stays on a slab or heap of stone that contain life, or on wood containing termites, or on earth containing two or more sensed living beings, or on seeds capable of growing, on green grass, or on soil wet with mist or water, or on abode of ants or on moss or weeds, or at a place covered with cobwebs.

(18) One who intentionally eats 1. roots, 2 bulbous roots, 3 trunk, 4. bark, 5. sprouts, 6. leaves, 7 flowers, 8. fruits, 9 seeds and 10. green vegetables

(19) One who enters a water body ten times in a year (20) One who behaves deceitfully ten times in a year (21) One who accepts food, liquids, sweets or suchlike from a person whose hands, pots, spoon or vessel is wet with cold water infested with living organism.

All the said twenty-one ways of life are included in major transgressions (faults). The *Sthavirs* have mentioned these twenty-one major transgressions I say so

विवेचन : पहली दशा मे सयम के सामान्य दोष–बीस असमाधि स्थानो का कथन है। इस दूसरी दशा मे इक्कीस शबल (अधिक घातक) दोषो का कथन है। 'शबल' का अर्थ है, सयमरूपी श्वेत चादर को मलिन करने वाले दोष। इनसे मूल महाव्रतो को भी क्षति पहुँचती है। आचार्य श्री आत्माराम जी म ने 'शबल' की व्याख्या करते हुए लिखा है–"शबल दो प्रकार के है–द्रव्य शबल–चितकबरापन। भाव शबल–दोष लगने पर चारित्र का दूषित/दागी हो जाना।"

मूल गुणो मे अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार लगना–ये तीनो शबल दोष है। अनाचार का सेवन करना–व्रत का सर्वथा भग है। साधक को सदा जागरूक व सावधान रहना चाहिए कि उसकी सयम चारित्ररूपी चादर मैली व दाग–धब्बो से दूषित न हो। जरा–सा धब्बा लगते ही उसकी शुद्धि कर लेना चाहिए। यहाँ पर मुख्य रूप से २१ शबल दोषो का उल्लेख किया है। समवायागसूत्र २१ मे भी शबल दोषो का कथन है तथा निशीथसूत्र मे इन दोषो की शुद्धि के लिए प्रायश्चित्त का विधान भी किया है।

इनके सेवन से आत्मा कर्मबद्ध होकर दुर्गति को प्राप्त करती है। इन दोषो की शुद्धि के लिए प्रायश्चित्त भी प्राय अनुद्घातिक (गुरु) मासिक या चौमासिक होते है–

(१) **हस्तकर्म**–मोहनीयकर्म के प्रबल उदय से तथा अन्य सहायक निमित्त जैसे कुसगति आदि से अनेक अज्ञानी प्राणी इस बुरी आदत के शिकार हो जाते हैं। इस बुरी लत से शरीर तो निस्तेज हो ही जाता है, जीवनी शक्ति भी क्षीण हो जाती है। चारित्र दूषित व मनोबल क्षीण हो जाता है।

हस्तमैथुन से 'वीर्य' नष्ट होने पर शरीर अनेक असाध्य रोगो से ग्रस्त हो जाता है। विरक्त साधक भी किसी अज्ञान व कामोत्तेजना के कारण इससे ग्रस्त न हो जाये, इसलिए इसको 'शबल' दोष कहा है।

इस दुष्कर्म को बृहत्कल्पसूत्र और ठाणागसूत्र मे गुरु (बडे) प्रायश्चित्त का स्थान कहा है। निशीथसूत्र के प्रथम सूत्र में ही इसका प्रायश्चित्त बताया है। इससे स्पष्ट होता है यह दुष्कर्म महादोष व पतन का प्रमुख कारण है।

(२) **मैथुन सेवन**–सयमी साधक मैथुन त्याग करके आजीवन ब्रह्मचर्य पालन के लिए उद्यत हो जाता है। क्योंकि वह यह जानता और मानता है कि यह मैथुन अधर्म का मूल है एव महादोषो का कारण है। विवेकपूर्वक संयमसाधना करते हुए भी कभी–कभी आहार–विहार की असावधानियो से या नववाड का समुचित पालन न करने से अथवा वेदमोह का तीव्र उदय होने पर साधक सयमसाधना से विचलित हो सकता है। मैथुन सेवन करने वाले को गुरुचौमासी प्रायश्चित्त आता है, साथ ही उसके तीन वर्ष के लिए या जीवनभर के लिए धर्मशास्ता के सभी उच्च पदो को प्राप्त करने के अधिकार समाप्त कर दिये जाते है।

टीकाकार का कथन है, यहाँ मैथुन सेवन का कथन–अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार तक सीमित है। यदि वह मैथुन स्त्री–संसर्ग रूप अनाचार सेवन होता है तो वह शबल दोष से भी बडा दोष है। उसका प्रायश्चित्त भी बडा है।

(३) **रात्रिभोजन**–रात्रिभोजन का त्याग करना साधु का मूल गुण है। वह आजीवन रात्रिभोजन का त्यागी होता है। इसके लिए दशवैकालिक, बृहत्कल्प आदि सूत्रो में विभिन्न प्रकार के निषेध और प्रायश्चित्त का विधान है। रात्रिभोजन से प्रथम महाव्रत भी दूषित होता है।

(४) **आधाकर्म**–यह एषणा समिति मे उद्‌गम दोष है। जो आहारादि साधु, साध्वी के निमित्त तैयार किया हो, अग्नि, पानी आदि का आरम्भ किया गया हो, वह आहारादि आधाकर्म दोषयुक्त कहलाता है। अनेक आगमो में आधाकर्म आहार खाने का निषेध किया गया है। यदि भूल से आधाकर्म आहार ले लिया गया हो तो जानकारी होने के बाद उसे खाना नहीं कल्पता है, किन्तु परठ देना चाहिए। आधाकर्मी आहारादि के सेवन से प्रथम महाव्रत दूषित होता है।

(५) **राजपिण्ड**–जिनका राज्याभिषेक हुआ हो, जो राज्यचिन्हो से युक्त हो, ऐसे राजा के घर का आहारादि राजपिण्ड कहा जाता है। पहले और अन्तिम तीर्थंकरों के शासनकाल मे राजपिण्ड ग्रहण करने का निषेध है। किन्तु बीच के २२ तीर्थंकरो के शासनकाल में साधु राजपिण्ड ग्रहण कर सकते थे। राजाओ के यहाँ गोचरी जाने से अनेक दोष लगना सम्भव है। जैसे–

१ राजाओ की पाकशाला मे भक्ष्याभक्ष्य का विचार नही रहता है।

२ उनका पौष्टिक भोजन काम–वासनावर्धक होने से साधुओ के योग्य नही होता है।

३ राजकुल मे बार–बार जाने से जनता अनेक प्रकार की आशंकाएँ करती है।

४ साधु के आगमन को अमगल समझकर कोई कष्ट दे या पात्र फोड दे।

५ साधु को चोर या गुप्तचर समझकर पकडे, बाँधे या मारपीट भी कर दे इत्यादि।

निशीथसूत्र मे राजपिण्ड ग्रहण करने वाले को गुरु चौमासी प्रायश्चित्त कहा है।

(६) **क्रीतादि**–साधु के निमित्त खरीदकर लाये हुए, उधार लाये गये, किसी से छीनकर दिये जाने वाले, बिना आज्ञा के दिये जाने वाले, भागीदारी के पदार्थ व अन्य ग्रामादि से सम्मुख लाकर दिये जाने वाले पदार्थों को ग्रहण करना और उनका सेवन करना यहाँ शबल दोष कहा है। ये सभी एषणा समिति के अन्तर्गत उद्‌गम के दोष है। इनके सेवन से गृहस्थकृत आरम्भ की अनुमोदना होती है जिससे प्रथम महाव्रत दूषित होता है और तीसरे महाव्रत मे भी दोष लगता है।

(७) **प्रत्याख्यान–भंग**–किसी प्रत्याख्यान को एक बार भग करना भी दोष ही है किन्तु बार–बार प्रत्याख्यानो को भग करना शबल दोष कहा गया है। ऐसा करने से साधु की प्रतीति (विश्वास) नहीं रहती है। जनसाधारण को पता चलने पर साधु समाज की अवहेलना होती है। दूसरा महाव्रत और तीसरा महाव्रत दूषित हो जाता है। प्रतिज्ञा भ्रष्ट व्यक्ति का सर्वत्र अनादर होता है।

(८) **गणसंक्रमण**–जिस आचार्य या गुरु की निश्रा मे जो साधु–साध्वी रहते है, उनका अन्य आचार्य या गुरु के नेतृत्व में जाकर रहना गणसक्रमण–गच्छपरिवर्तन कहलाता है। गणसंक्रमण के प्रशस्त (अच्छे) और अप्रशस्त (बुरे) दोनो कारण होते हैं। ज्ञानवृद्धि या संयमवृद्धि के लिए अथवा परोपकार की भावना से गणसंक्रमण करना

प्रशस्त कारण है। गुस्से में आकर या अहकार से अथवा अन्य किसी प्रलोभन के कारण गणसक्रमण करना अप्रशस्त कारण है।

वैसे प्रशस्त कारणो से गणसक्रमण करना कल्पनीय होते हुए भी बारम्बार या छह मास के भीतर करने पर चंचल वृत्ति का प्रतीक होने से उसे यहाँ शबल दोष कहा है।

(९) उदक-लेप-अर्द्ध जघा [घुटने के बीच के जितने] प्रमाण के कम पानी मे चलना 'दगसंस्पर्श' और अर्द्धजंघा प्रमाण से अधिक, नाभि के नीचे तक पानी मे चलना 'उदक-लेप' कहा जाता है। सचित्त जल की अत्यल्प विराधना करने पर भिक्षु को लघु चौमासी प्रायश्चित्त आता है। अत बिना विशेष कारण के उसे एक बार भी पानी में चलकर नदी आदि पार करना नही कल्पता है। प्रस्तुत सूत्र मे एक मास मे तीन बार जलयुक्त नदी पार करने पर शबल दोष लगना बताया है, इसका कारण यह है कि चातुर्मास समाप्त होने के बाद भिक्षु ग्रामानुग्राम विहार करता है। फिर एक गाँव मे मासकल्प (२९ दिन) से ज्यादा नहीं ठहर सकता है। इस कारण यदि उसे प्रथम विहार के दिन ऐसी नदी पार करना पडे तथा फिर २९ रात्रि वहाँ रहने के बाद तीसवे दिन विहार करने पर भी ऐसा ही प्रसग उपस्थित हो जाये तो परिस्थितिवश (अपवाद रूप मे) उसे एक मास मे दो बार नदी पार करना कल्प-मर्यादा निर्वाह के लिए आवश्यक हो सकता है। इससे अधिक तीन-चार बार 'उदक-लेप' लगाने मे अन्य अनावश्यक कारण होने से वह शबल दोष कहा जाता है। सेवा आदि कार्यों के निमित्त यदि अधिक उदक लेप लगे तो उसे शबल दोष नही माना जाता है।

(१०) मायासेवन-माया एक ऐसा भयकर कषाय है जिसके सेवन मे सयम और सम्यक्त्व दोनो का ही नाश हो जाता है। ज्ञातासूत्र मे मल्लिनाथ तीर्थंकर के जीव का उदाहरण देकर बताया है कि माया के सेवन से मिथ्यात्व की प्राप्ति और स्त्रीवेद का निकाचित बध हुआ। अत भिक्षुओ को तप-सयम की साधना मे भी कभी माया का सेवन नही करना चाहिए।

इस सूत्र मे एक मास मे तीन बार मायासेवन करने को शबल दोष कहा है किन्तु एक या दो बार मायासेवन करने पर शबल दोष नही कहा है, इसमे विशेष परिस्थिति ही प्रमुख कारण समझना चाहिए।

व्यवहारसूत्र के आठवे उद्देशक मे इसका स्पष्टीकारण करके बताया है, कभी साध्वियो के लिए अथवा बाल, रुग्ण, वृद्ध भिक्षुओ के ठहरने के लिए स्थान प्राप्त करने हेतु अथवा विकट-विषम परिस्थिति मे माया का किंचित् सेवन करना पड सकता है। अत महीने मे दो बार ऐसी परिस्थिति आ जाये तो मायासेवन कर मकान प्राप्त करना शबल दोष नही कहा गया है। किन्तु सामान्य कारणो से एक बार मायासेवन करना भी शबल दोष समझना चाहिए।

(११) शय्यातर-पिण्ड-जिस मकान मे भिक्षु ठहरा हुआ हो, उस शय्या (मकान) का दाता शय्यातर तथा उसके घर का आहारादि शय्यातर-पिण्ड या सागारिय-पिण्ड कहा जाता है। क्योंकि मकान मिलना दुर्लभ ही होता है और मकान देने वाले के घर से आहारादि अन्य पदार्थ ग्रहण करे तो मकान की दुर्लभता और भी बढ जाती है। सामान्य गृहस्थ यही सोचते है कि जो अपने घर मे अतिथि रूप मे ठहरते है तो उनकी सभी व्यवस्था उसे ही करनी होती है। भिक्षु का भी ऐसा आचार हो तो वह शय्यादाता के लिए भार रूप माना जाता है। इत्यादि कारण से सभी तीर्थंकरो के शासनकाल मे साधुओ के लिए यह आवश्यक नियम है कि वह शय्यादाता के घर से आहारादि ग्रहण न करे, क्योकि शय्यादाता अत्यधिक श्रद्धा-भक्ति वाला हो तो अनेक दोषो की संभावना हो सकती है।

(१२-१३-१४) जानकर हिंसा, मृषा और अदत्तादान का सेवन—भिक्षु जीवनभर के लिए तीन करण, तीन योग से हिंसा, असत्य और अदत्त का त्यागी होता है। यदि अनजाने इनका सेवन हो जाये तो उसका प्रायश्चित्त आता है। किन्तु संकल्प करके जान-बूझकर कोई हिंसा आदि करता है तो उसके ये कृत्य शबल दोष कहे जाते है और इन कृत्यो से मूल गुणों की विराधना होनी है और उसका संयम भी शिथिल व दूषित हो जाता है।

(१५-१६-१७) जान-बूझकर पृथ्वी, पानी, वनस्पतिकाय की विराधना करना—छहों काय के जीवों की विराधना न हो, भिक्षु प्रतिक्षण यह विवेक प्रत्येक कार्य करते समय रखे। जैसे-१ सचित्त पृथ्वी के निकट की भूमि पर, २ नमीयुक्त भूमि पर, ३ सचित्त रज से युक्त भूमि पर, ४ सचित्त मिट्टी बिखरी हुई भूमि पर, ५ सचित्त भूमि पर, ६. सचित्त शिला पर, ७ सचित्त पत्थर आदि पर, ८. दीमकयुक्त काष्ट पर तथा अन्य किसी भी त्रस स्थावर जीव से युक्त स्थान पर बैठना, सोना तथा खड़े रहना भिक्षु को नहीं कल्पता है। इन तीनो सूत्रो में बताया है कि सकल्पपूर्वक किये गये ये सभी कार्य शबल दोष हैं। अत भिक्षु चलना, खडे रहना, बैठना, सोना, खाना, बोलना आदि सभी प्रवृत्तियाँ यतनापूर्वक करे, जिससे पापकर्मों का बन्ध न हो।

(१८) कंद, मूल आदि भक्षण—भिक्षु जीवनपर्यन्त सचित्त का त्यागी होता है। गृहस्थ के लिए बने वनस्पति के अचित्त खाद्य पदार्थ ग्रहण करके क्षुधा शान्त कर सकता है। किन्तु अचित्त खाद्य न मिलने पर सचित्त फल, फूल, बीज या कद, मूल आदि वनस्पति के दसो भागो का खाना साधु को नहीं कल्पता है। क्योकि छेदन-भेदन करने से वनस्पतिकाय के जीवो के प्रति अनुकम्पा नही रहती है, अत प्रथम महाव्रत भग होता है। यहाँ जान-बूझकर खाने को शबल दोष कहा है।

(१९-२०) उदकलेप-मायासेवन—९वे, १०वे शबल दोष मे एक मास मे तीन बार उदकलेप और मायासेवन को शबल दोष कहा है, यहाँ एक वर्ष मे दस बार सेवन को सबल दोष कहा है। ९ बार तक सेवन को शबल दोष नही मानने का कारण यह है कि गाँव से गाँव विचरते हुए प्रथम मास मे दो बार जो परिस्थिति बन सकती है, वैसी परिस्थिति आठ महीनो मे विहार करते समय नव बार भी बन सकती है। २९ दिन के कल्प से रहने पर सात महीनो मे सात बार और प्रथम महीने मे दो बार विहार करना आवश्यक होने से एक वर्ष मे नव विहार आवश्यक होते है। अत नव बार से अधिक उदकलेप और मायास्थान सेवन को यहाँ शबल दोष कहा है। विशेष कारण का स्पष्टीकरण किया जा चुका है। इससे यह भी प्रतीत होता है कि मायासेवन मे स्थान प्राप्ति का ही मुख्य हेतु माना है।

(२१) सचित्त जल से लिप्त पात्रादि से भिक्षा ग्रहण करना—दशवैकालिक (५) तथा आचाराग (२/१/६) मे कहा है-भिक्षा के लिए प्रविष्ट भिक्षु यदि यह जाने कि दाता का हाथ अथवा चम्मच, बर्तन आदि सचित्त जल से भीगे हुए है तो उससे भिक्षा ग्रहण करना नहीं कल्पता है। ऐसे लिप्त हाथ आदि से भिक्षा ग्रहण करने पर अप्काय के जीवो की विराधना होती है। खाद्य पदार्थों मे सचित्त जल मिल जाने पर सचित्त खाने-पीने का दोष लगना भी सम्भव है। यह एषणा का 'लिप्त' नामक नौवाँ दोष है।

॥ द्वितीय दशा समाप्त ॥

Elaboration—In the first chapter (*Dasha*), twenty minor faults in spiritual discipline have been mentioned. In the second chapter (*Dasha*), more dangerous twenty-one faults are narrated. *Shabal* means a fault that darkens the bright sunshine of spiritual discipline. Such faults

adversely affect even the major vows (*Mahavrats*). While explaining the word '*Shabal*' Acharya Atmaram ji Maharaj has said—*Shabal* is of two types—*Dravya Shabal* (*Shabal* from outside) which means non-uniformity in the body The second is *Bhaava Shabal*. It means the conduct becoming blemished due to the *Shabal* (major) fault.

To think in the mind about breaking the basic tenets (*Atikram*), to make preparation for it (*Vyatikram*), to reach the stage of minor transgression (*Atichar*) in spiritual discipline—all the said three are major (*Shabal*) faults. Indulging in misconduct (*Anachar*) amounts to breaking the vow completely. A practitioner of spiritual discipline should always remain careful and vigilant so that his path of spiritual discipline does not get polluted. Even the slightest indiscipline should be purified immediately. Here primarily twenty-one major faults (*Shabal Dosh*) have been mentioned. In *Samavayanga Sutra* too twenty-one major faults are narrated. In *Nisheeth Sutra* penance for their purification has been prescribed.

Due to these faults the soul accumulates bad *karmas* and thus goes into the bad state of existence in the next life The penance too for these faults is generally more severe, namely reducing the period of *monkhood* by one month to four months.

(1) Masturbation—Many ignorant persons fall prey to this bad habit due to the strong effect of deluding *karma* and other supplementary factors such as company of bad characters. It adversely affects the physical body and the strength The conduct is badly affected and the mental vigour also diminishes

The loss of *Virya* (energy) due to unnatural intercourse becomes the cause of many incurable diseases In order to dissuade a detached person (practicing the spiritual code) from indulging in unnatural sexual activity out of ignorance or sexual urge, it has been classified as a major fault in spiritual discipline

In *Brihat-kalp Sutra* and *Sthananga Sutra*, this bad practice has been included in the category requiring severe punishment Its punishment has been mentioned in the very first aphorism of *Nisheeth Sutra* It is thus evident that this bad act is the primary cause of dangerous digression and downfall.

(2) Indulgence in sexual activity—After discarding sexual activity, a practitioner of spiritual restraint, prepares himself for observing celibacy throughout life because he understands and believes that sex is the root

of non-spirituality and cause of major faults. Even while cautiously following code of restraints a practitioner can occasionally deviate from spiritual practice due to lack of care in taking of food, in movement, in properly observing nine restrictions for celibacy or due to intense fruition of gender instinct. One who indulges in sexual activity has to undergo punishment of curtailment of four months in period of initiation. Simultaneously, he loses for three years or for the entire remaining life-span the right of being considered for any of the high posts in spiritual order.

According to the commentator, this punishment is prescribed for those practitioners who have thought of, prepared themselves or slightly transgressed the limits in sex-discipline. In case, he actually commits sex with a woman, his guilt is more drastic than even the major fault Its punishment is also drastic.

(3) Taking meals at night—It is one of the basic virtues of a monk to refrain from taking meals at night. He must observe it strictly throughout his life. Restrictions of various type in this context and also punishments for these have been mentioned in *Dashavaikalik*, *Brihat-kalp* and other scriptures. Taking meals at night badly affects even the proper observance of the first major vow.

(4) *Adhakarm* (Food prepared for a monk)—This fault is in context of care in accepting of prepared food. The food which has been prepared for a monk or a nun and in which use of fire or water is involved, is termed as faulty food having the fault of Adhakarm. In many *Agams* taking of such food is strictly prohibited. In case such food has been inadvertently accepted, it should not be eaten when one comes to know that it is *Adhakarmi* It should be discarded. Taking of *Adhakarmi* food makes the observance of first major vow (*Mahavrat*) faulty

(5) Royal food—A person who has been crowned as a king or one who is adorned with royal symbols is called Raja The food prepared in his house is called royal food (*Raj Pind*). During the periods of influence of the first *Tirthankar* and the last *Tirthankar*, the acceptance of royal food by a monk is prohibited. But during the periods of influence of the remaining twenty-two *Tirthankars*, it could be accepted. Many faults can occur in case a monk goes to a king's palace for alms Namely—

1. In the royal kitchen, there is no proper distinction of proper food worthy of being taken according to spiritual code

2. The energetic food is not desirable for monks since it increases sexual instinct

3. In case a monk goes to the royal family repeatedly, it may cause various types of misgivings in the general public

4 One may consider the arrival of a monk as a bad omen and therefore cause pain to him or break his pot

5 One may apprehend a monk considering him to be a thief or a spy and then tie him or beat him.

According to *Nisheeth Sutra*, a monk who accepts food from the royal family deserves the hard punishments of four month.

(6) Purchased food—Articles that have been purchased, got on credit, or snatched, secured without the permission of the owner, or those belonging to a partner, or brought forth from a village or other distant place specifically for the monk, cannot be accepted or used by the monk It is considered a major fault All these are faults in production covered under *Eshana Samiti* (the prescribed code of collecting alms) The use of such articles by a monk supports the sinful activity of the householder in their production or procurement It adversely affects the first major vow and also the third major vow (*Mahavrat*)

(7) Breaking a vow of restraint—To break a vow or voluntarily accepted restraint is, indeed, a fault. But in case it is broken repeatedly, it becomes a major fault People lose faith in him When the general public learns about it, the reputation of the monk organization is adversely affected It is a slur on the second and the third major vow A person who fails in his resolve is dishonoured everywhere

(8) Change of the spiritual group (*gana*)—In case monks or nuns belonging to a particular *acharya* or the guru, change their affiliation and enter another spiritual group, it is called *gana-sankraman* The causes of such a change may be good or bad It is meritorious to change the group for progress in spiritual knowledge or spiritual restraint But it is a demerit to change the group in a fit of anger or ego or due to greed.

The change of spiritual group repeatedly or within six months is a symbol of non-steadfast behaviour even if it is done for a good cause. Therefore, it is termed as a major fault.

(9) Udak-lape (Walking in water)—To walk in lower than knee deep water is termed as *dag-sansparsh* but when one walks in more than

knee-deep water and the water level has not crossed the naval, it is called *Udag-lape* In case a monk has slightly transgressed the code relating to life-bearing water (*sachitta jal*) he is awarded minor punishment So, it is not proper for a monk to cross a stream on foot even once without any specific cause. In this *Sutra*, it has been clearly mentioned that it is a major fault in case a monk crosses a flowing stream thrice in a month. The underlying idea is that a monk moves from one village to another after the completion of four months' stay during *chaturmas*. He cannot stay for more than a month (29 days) in a particular village. In case he has to cross a stream while going to that village and after completion of 29 days stay there, he wants to return to the earlier place, he shall have to cross the stream again during that month namely on the 30th day. So, it becomes necessary for him to cross the flowing stream twice within a month To cross the stream three or four times is due to extraneous causes, which are not essential. So, it becomes a major fault. In case one has to go to serve another monk in need or in suchlike circumstances, it is not termed as a major fault

(10) Fraud—Fraud (crookedness) is a dangerous passion and it pollutes both the code of restraint and the right faith (*Samyaktva*) In *Jnata Sutra*, quoting the example of previous life of Lord Mallinaath, it is stated that due to a little crookedness in conduct, that soul entered the field of wrong faith (*mithyatva*) and collected such *Karma* that resulted in birth as a woman Therefore, the monks should not fall prey to crookedness even in ascetic practices.

In this *Sutra*, the fraud in conduct is a major fault in case it is done three times or more. But it is not so if it is done once or twice It should be understood that it is so mentioned keeping in view the special circumstances as the major cause for such behaviour.

It has been clarified in the eighth *Uddeshak* (chapter) of *Vyavahar Sutra*. A monk may have to exhibit a little crookedness in his conduct in procuring place of stay for nuns or young, ill and old monks or sometimes even in grave situation. Therefore, it is not a major fault in spiritual conduct in case in any such circumstances, a monk secures a house for stay by adopting slightly crooked behavior not more than two times in a month. But in ordinary circumstances crookedness observed even once should be considered as a major fault.

(11) Food from the owner of the house where the monk is staying (*Shayyatar Pind*)—The person who has offered the house to the monk

for stay is called *Shayyatar* and the food and other suchlike of that house is termed as *Shayyatar Pind* or *Saagariya Pind*. This is because generally it is difficult to get a house for stay. In case the monk gets food and suchlike also from there, it shall become more difficult to get a place of stay. An ordinary householder feels that he has to make all the arrangements for any person who is going to stay in his house as a guest. In case a *Bhikshu* (monk) also behaves in that fashion, he shall become a burden on the owner of the house. So, it is an essential rule during the period of influence of all the *Tirthankars* that the monk should not accept food and suchlike from the owner of the house who has provided the place of stay In case the person who has offered such a place is a great devotee, there can be possibilities of many faults.

(12-13-14) Causing violence, falsehood and stealing knowingly—A *Bhikshu* has discarded violence, falsehood and taking of anything not specifically offered by the owner (*adatta*) for entire life in three modes (of doing himself, getting it done and appreciating one who has done so) and also in three states (mentally, verbally and also in action) In case he transgresses inadvertently, he has to undergo repentance But in case one intentionally and knowingly commits any act of violence or suchlike, it is termed as a major fault Such an act adversely affects the basic code and vows, and his spiritual conduct also gets weakened and polluted.

(15-16-17) To intentionally cause violence to earth-bodied, water-bodied and plant-bodied living beings—A *Bhikshu* while doing any activity should remain cautious every moment that there does not occur any violence to any of the six types of living beings For instance he should not sit, sleep or stand on (i) land close to the earth infested with earth-bodied living beings, (ii) moist land, (iii) land with life-bearing dust, (iv) land on which life-bearing sand is scattered, (v) land infested with living beings (*sachitta bhumi*), (vi) *sachitta shila* (rock), (vii) *sachitta patthar* (stone soiled by water or dust containing living beings), (viii) wood infested with white ants, or any place infested with mobile or immobile living beings In these three aphorisms, it has been stated that all such activities done intentionally comprise major faults in the spiritual conduct So, a *Bhikshu* should perform all the activities namely those of walking, standing, sitting, sleeping, eating, talking and suchlike carefully so that he may not collect demerit-bearing *karmas*

(18) Eating bulbous roots, imbedded stems (*kand, mool*) and suchlike—A *Bhikshu* is one who has discarded taking life-bearing

(*sachitta*) things for his entire life-span. He can satisfy his hunger by accepting vegetable dishes prepared by a householder for himself and which no longer contain living organism. In case such preparations are not available, he cannot accept fruits, flowers, seeds, roots, stems close to the roots and suchlike ten parts of vegetable that still have life. It is because in cutting or piercing them compassion towards plant-bodied living beings withers away and therefore, the first major vow is affected. Here it is categorized as a major fault in spiritual discipline when it is taken knowingly

(19-20) Walking in water and crookedness (*Udak-lape and Maya*)— In the ninth and tenth major faults it has been mentioned that they occur when a *Bhikshu* crosses a stream or observes crookedness in behaviour three times in a month Here it is stated that such an act done ten times in a year becomes a major fault Such an act done nine times in a year is not categorized as a major fault It is because while wandering from one village to another the situation leading to such an act can occur twice in the first month and nine times in the total span of eight months Since a monk cannot stay for more than twenty-nine days at a place, it is essential for him to move out seven times in the period of seven months and twice in the first month Thus nine movements are essential. Therefore crossing a flowing stream more than nine times or adopting slight crookedness in behaviour more than nine times in a year is termed as a major fault The special situation has already been explained earlier It is thus evident that in case of crookedness in spiritual conduct the primary cause is securing place of stay.

(2) To select the subject of discussion keeping in view the ability and the like of the opposite side and also the ability, interest, emotions, status and capacity of the gathering, and then to explain the subject in detail

(3) To start discussion after taking note of not only the gathering concerned but also the local environment at the place of discussion and the belief of important person present who matter.

(4) To start dialogue or spiritual lecture taking note of avoiding disturbance to the ignorant, the sick, the aged, the new entrant in *monk-hood*, as also the affect of the discussion on the disciples and probable results of the discussion—whether it can serve any useful purpose or not.

An *acharya* having the above said qualities is said to be one possessing *Prayog Mati Sampada*

(८) संग्रहपरिज्ञासंपदा SANGRAH PRAIJNA SAMPADA

९. [प्र.] से किं तं संगहपरिण्णा णामं संपया ?

[उ.] संगहपरिण्णा णामं संपया चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) बहुजणपाउग्गयाए वासावासेसु खेत्तं पडिलेहित्ता भवइ, (२) बहुजणपाउग्गयाए पाडिहारिय-पीढ-फलग-सेज्जा-संथारयं उगिण्हित्ता भवइ, (३) कालेणं कालं समाणइत्ता भवइ, (४) अहागुरु संपूएत्ता भवइ। से तं संगहपरिण्णासंपया।

९. [प्र.] भगवन् ! संग्रहपरिज्ञा नामक सम्पदा क्या है ?

[उ.] संग्रहपरिज्ञा नामक सम्पदा चार प्रकार की है। जैसे–

(१) वर्षावास मे बहुत मुनिजनो के निवास योग्य क्षेत्र का प्रतिलेखन करना। (२) बहुत से मुनिजनो के लिए प्रातिहारिक पीठ फलक शय्या और सस्तारक ग्रहण करना। (३) समयानुसार यथोचित कार्य करना और कराना। (४) गुरुजनो का यथायोग्य मान-सम्मान पूजा-सत्कार करना। यह संग्रहपरिज्ञा नामक सम्पदा है।

9. [Q.] Reverend Sir ! What is *Sangrah Parijna Sampada* ? (expertise in collection and distribution)

[Ans.] *Sangrah Parijna Sampada* is stated to be of four types, namely—(1) To properly study (or inspect) the area suitable for the long stay of many monks during monsoon-stay (*varshavas*) (2) To accept benches, stools, beds and clothes for the use of many monks. (3) To do and to get done every activity at proper time and in a proper way. (4) To honour and greet duly and properly the spiritual masters (guru).

This is called *Sangrah Parijna Sampada*.

विवेचन : संग्रह का अभिप्राय है गण व समुदाय के लिए आवश्यक वस्तुओ का सग्रह व वितरण करना सग्रहपरिज्ञासम्पदा है। इसके चार भेद है-(१) उपरोक्त सम्पदाओ से युक्त आचार्य मे यह क्षमता तथा कुशलता होनी चाहिए कि जनपद मे ग्रामानुग्राम विचरण करके धर्म पर सर्वसाधारण की श्रद्धा सुदृढ करना और लोगों को धर्मानुरागी बनाना, जिससे चातुर्मास योग्य क्षेत्रो की सुलभता रहे।

(२) वहाँ के लोगो की आतिथ्य [सुपात्रदान] की भावना बढाना जिससे बाल, ग्लान, वृद्ध, तपस्वी और अध्ययनशील साधु-साध्वियो का तथा आचार्य, उपाध्याय का निर्वाह एव सेवा-शुश्रूषा सहज सम्पन्न हो सके अर्थात् पीठ, फलक, शय्या, संस्तारक तथा आहार, पानी, वस्त्र, पात्र, औषध आदि की प्राप्ति सुलभ हो।

(३) स्वाध्याय, प्रतिक्रमण, प्रतिलेखन, उपधि-आहारादि की गवेषणा, अध्ययन-अध्यापन आदि निश्चित समय पर विधि के अनुसार सम्पन्न हो तथा संयम का सम्यक् पालन हो।

(४) दीक्षा-पर्याय मे जो ज्येष्ठ हो तथा सयमदाता, वाचनादाता या गुरु हो, उनके यथायोग्य आदर-सत्कार पूजा-सन्मान आदि व्यवहारो का स्वय पूर्ण पालन करना। ऐसा करने से शिष्यो में और समाज में विनय गुण का अनुपम प्रभाव होता है। सद्गुणो का विस्तार होता है।

सघनायक आचार्य मे आठो ही सम्पदा होना आवश्यक है। तभी वे सम्पूर्ण सघ के सदस्यो की सुरक्षा और विकास कर सकते हैं तथा जिनशासन की प्रचुर प्रभावना कर सकते है।

इस प्रकार आठो ही सम्पदाएँ परस्पर एक-दूसरे की पूरक तथा स्वत महत्त्वपूर्ण है। ऐसे गुणो से सम्पन्न आचार्य का होना प्रत्येक गण (गच्छ-समुदाय) के लिए अनिवार्य है। जैसे कुशल नाविक के बिना नौका के यात्रियों की समुद्र मे पूर्ण सुरक्षा की आशा रखना अनुचित है वैसे ही आठ सम्पदाओ से सम्पन्न आचार्य के अभाव में सयमसाधको की साधना और आराधना सदा विराधनारहित रहे, यह भी सम्भव नही है।

प्रत्येक साधक का भी यह कर्त्तव्य है कि वह जब तक पूर्ण योग्य और गीतार्थ न बन जाये तब तक उपरोक्त योग्यता से सम्पन्न आचार्य के नेतृत्व मे ही अपना सयमी जीवन सुरिक्षत बनाये रखे।

Elaboration—The expertise in collecting necessary articles for the *gana* (group of monks) and distributing them is *Sangrah Parijna Sampada*. It is of four types, namely—(1) The *acharya* possessing the above mentioned *Sampadas* must have the capability of strengthening the faith of the common man in Dharma by moving from one village to another and making them keen to follow the religious tenets, so that areas suitable for *Chaturmas* (four month stay of monks during rainy season) are easily available.

(2) He should be able to increase the feeling of hospitality for monks among the people of those areas, so that the newly initiated, the sick, the old monks, those undergoing strict ascetic practices, and those monks and nuns who are keen to study scriptures as also the supervising *Acharya* and *Upadhyaya* (who are to teach them) can be properly attended to In other words the required stools, beds, clothes, food, water,

pots, medicine and suchlike are easily available to them in accordance with their prescribed code.

(3) The monks may be able to study, retrospect (*pratikraman*) and properly look into (*prati-lekhan*) their articles Further, they may be able to move at prescribed time for collection of food and other articles they need and are able to study and revise scriptures in time strictly in accordance with prescribed procedure. Thus, they may be able to properly follow their life of ascetic restraint.

(4) An *acharya* should properly follow the entire methodology regarding exhibiting of respect and worship towards those senior in *monk-hood* period, these who have initiated him in *monk-hood* and those who have taught him scriptures Such behaviour has a great impact on the disciples and the society in learning humility. The field of good qualities also gets extended

It is necessary that the *acharya* who is the head of the religious order possess all the eight *Sampadas* Only then he can properly safeguard the interests of the members of the entire religious order (*Sangh*) and cause its development He can then serve the established order of *Tirthankar* immensely

Thus, all the eight *Sampadas* are complementary to each other and also of great importance It is essential for every *gana* (the religious organization) that its *acharya* has all the above-said qualities. Just as people traveling in a ship cannot expect complete safety unless the captain of the ship is an expert one, the practice of ascetic code by those initiated in the order without any digression and in a systematic manner is not possible unless the *acharya* is equipped with the said eight *Sampadas*.

It is also the duty of every practitioner of ascetic discipline that he should spend his ascetic life under the guidance of such an *acharya* who has the above-mentioned capabilities till he becomes fully capable and well versed in the code prescribed in scriptures.

शिष्यों के प्रति आचार्य के कर्त्तव्य DUTIES OF ACHARYA TOWARDS DISCIPLES

१०. आयरिओ अंतेवासिं इमाए चउव्विहाए विणयपडिवत्तीए विणइत्ता भवइ निरिणत्तं गच्छइ, तं जहा—

(१) आयार–विणएणं, (२) सुय–विणएणं, (३) विक्खेवणा–विणएणं, (४) दोसनिग्घायण–विणएणं।

[प्र. १] से किं तं आयार–विणए ?

[उ.] आयार–विणए चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

(१) संजमसामायारी यावि भवइ, (२) तवसामायारी यावि भवइ,

(३) गणसामायारी यावि भवइ, (४) एकल्लविहारसामायारी यावि भवइ। से तं आयार–विणए।

१०. आचार्य अपने शिष्यो को यह चार प्रकार की विनय–प्रतिपत्ति (विनय विधि का ज्ञान) सिखाने से उनके ऋण से उऋण हो जाता है। जैसे–

(१) आचारविनय, (२) श्रुतविनय, (३) विक्षेपणाविनय, (४) दोषनिर्घातनाविनय।

[प्र. १] भगवन् ! आचारविनय किसे कहते है ?

[उ.] आचारविनय चार प्रकार का है, जैसे–

(१) सयम की समाचारी सिखाना। (२) तप की समाचारी सिखाना।

(३) गण की समाचारी सिखाना। (४) एकाकी विहार की समाचारी सिखाना। यह आचारविनय है।

10. After teaching four types of modesty (*vinaya*) to his disciples, an *acharya* can be considered as one who has fully discharged his duty They are—

(1) Modesty related to conduct (*achar vinaya*), (2) Modesty related to scriptures (*shrut vinaya*), (3) Modesty related to removal of skepticism (*vikshepana vinaya*), (4) Modesty related to removal of faults committed (*dosh-nirghatana vinaya*)

[Q. 1] Reverend Sir ! What is *Achar Vinaya* (modesty related to conduct) ?

[Ans.] *Achar Vinaya* is of four types, namely—

(1) To teach the code relating to ascetic restraints, (2) to teach code relating to ascetic practices, (3) to teach code relating to the religious order (*gana*), (4) to teach code relating to ascetic life in solitude

This is *Achar Vinaya*

विवेचन : आठ सम्पदाओ से सम्पन्न भिक्षु को जब आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया जाता है तब वह सम्पूर्ण सघ का धर्मशास्ता हो जाता है। तब उसे भी सघ सरक्षण एव सवर्धन के अनेक कर्त्तव्यो के उत्तरदायित्व निभाने होते है। उनके प्रमुख उत्तरदायित्व चार प्रकार के है–

(१) आचारविनय, (२) श्रुतविनय, (३) विक्षेपणाविनय, (४) दोषनिर्घातनाविनय।

(१) आचारविनय–गणी (आचार्य) का मुख्य कर्त्तव्य है कि सबसे पहले शिष्यो को आचार सम्बन्धी शिक्षाओ से सुशिक्षित करे। वह आचार सम्बन्धी शिक्षा चार प्रकार की है–

(१) संयम की प्रत्येक प्रवृत्ति के विधि-निषेधो का ज्ञान कराना, महाव्रत, समिति, गुप्ति, यतिधर्म, परीषहजय आदि सयम के भेद-प्रभेदो का यथार्थ बोध देना।

(२) अनेक प्रकार की तपश्चर्याओ के भेद-प्रभेदो का ज्ञान कराना। तप करने की प्रेरणा देकर उत्साह बढाना। निरन्तर तपश्चर्या करने की शक्ति प्राप्त करने के लिए आगमोक्त क्रम से तपश्चर्या की एव पारणा मे परिमित पथ्य आहारादि के सेवन की विधि का ज्ञान कराना।

(३) गीतार्थ (बहुश्रुत), अगीतार्थ (अल्पज्ञ), भद्रिक परिणामी (सरलमना) आदि सभी की संयमसाधना निर्विघ्न सम्पन्न हो, अत आचारशास्त्रो तथा छेदसूत्रो के आधार से बनाये गये गच्छ सम्बन्धी नियमो-उपनियमो (समाचारी) का सम्यक् ज्ञान कराना।

(४) गण की सामूहिकचर्या को त्यागकर यदि कोई एकाकी विहार करना चाहे तो, उसे एकाकीविहारचर्या करने की योग्यता का, वय का तथा विचरणकाल में सावधानियाँ रखने का ज्ञान कराना एव एकाकीविहार करने की क्षमता प्राप्त करने के उपायो का ज्ञान कराना।

यह आचार्य का चार प्रकार का "आचारविनय" है।

Elaboration—When a monk equipped with all the eight *Sampadas* is installed as *acharya*, he becomes the head of the entire religious order (*Sangh*) Then, he has to discharge several duties relating to the safeguard and development of the religious organization. His primary responsibilities are four, namely—

(1) Modesty related to conduct, (2) Modesty related to scriptures, (3) Modesty related to removal of skepticism, (4) Modesty related to faults committed (*dosh nirghatana vinaya*)

(1) *Achar Vinaya*—It is the primary duty of Guru (the head of the order) that he should first of all train the disciples in all teachings related to conduct Such teachings are of four types—

(1) To educate about all activities relating to ascetic restraints—the 'dos' and 'do nots' thereof To make him understand properly the various classifications and sub-classification of ascetic discipline viz the major vows (*Mahavrat*), carefulness (*Samiti*), restraints (*gupti*), observances of a monks (*Yati Dharma*), conquest of sufferings (*Parishah Jaya*) and the like

(2) To teach him the types and sub-types of various austerities To encourage him to undergo austerities In order to obtain power of undertaking austerities continuously, to educate him to do austerities systematically according the method presented in *Agams*, and the conditions to be observed in taking limited prescribed food and the like after an austerity is concluded

(3) He has to ensure that ascetic practices of the well educated (*gitarth*), less educated (*agitarth*) in ascetic discipline, and simple minded worthy is completed smoothly. Therefore, he should properly educate him about the major and auxiliary rules of the sect (*gachh*) prepared on the basis of conduct related scriptures and *Chhed Sutras*.

(4) Sometimes a senior monk wants to move alone leaving the collective way of life of monks. It is important that he should know the capabilities essential for moving alone and the monk-period necessary for that purpose. He should also know the precautions essentially to be observed during that period. Further, he should know the method to gain capability for leading saintly life in solitude

These are the four types of modesty relating to conduct meant for an *acharya*

[प्र. २] से किं तं सुय–विणए ?

[उ.] सुय–विणए चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

(१) सुत्तं वाएइ, (२) अत्थं वाएइ, (३) हियं वाएइ, (४) निस्सेसं वाएइ। से तं सुय–विणए।

[प्र. २] भगवन् ! श्रुतविनय किसे कहते है ?

[उ.] श्रुतविनय चार प्रकार का है, जैसे–

(१) मूल सूत्रो को पढाना। (२) सूत्रो के अर्थ को पढाना। (३) शिष्य के हित का उपदेश देना। (४) सूत्र और अर्थ का यथाविधि समग्र अध्यापन कराना। यह श्रुतविनय है।

[Q. 2] Reverend Sir! What is modesty related to scriptures (*Shrut Vinaya*)?

[Ans.] *Shrut Vinaya* is of four types, namely—

(1) To teach the basic texts (*Sutras*). (2) To teach the meaning of *Sutras*. (3) To give lessons relating to the welfare of the disciples (4) To teach both the *Sutra* and the underlying interpretation thereof following the prescribed procedure

This is *Shrut Vinaya* (modesty related to scriptures)

विवेचन : श्रुतविनय–(१–२) आचारधर्म का प्रशिक्षण देने के साथ–साथ आचार्य का दूसरा कर्त्तव्य है–आज्ञाधीन शिष्यो को सूत्र व अर्थ की समुचित वाचना देकर श्रुतसम्पन्न बनाना।

(३) उसे सूत्रार्थ का ज्ञान देकर तप, सयम की वृद्धि के उपायो का ज्ञान कराना अर्थात् शास्त्रज्ञान को जीवन मे क्रियान्वित करवाना एवं समय–समय पर उन्हे हितशिक्षा देना।

(४) सूत्ररुचि वाले शिष्यो को प्रमाण–नय की चर्चा द्वारा उसके विविध रहस्यो को समझाना। छेदसूत्र आदि सभी आगमो की क्रमश: वाचना देना एव वाचना के समय आने वाले विघ्नो का शमन कर श्रुतवाचना पूर्ण कराना।

यह चार प्रकार का "श्रुतविनय" है।

Elaboration—*Shrut Vinaya*—(1-2) While training in right conduct, the second duty of the *Acharya* is to simultaneously give lessons to his disciples in respect of *Sutra* and the real meanings thereof, so as to make them expert in the knowledge of *Agams*.

(3) After giving them knowledge of *Agams*, he should teach them the methods of increasing the capacity for austerities and ascetic discipline. In other words, the knowledge of *Agams* should reflect in their conduct. At appropriate times, they should also be given lessons helpful to them in ascetic life.

(4) To teach various underlying thoughts to those who are interested in study of *Agams* by discussion regarding authenticity (*praman*) and stand-point (*naya*) To teach all the *Agams* including *Chhed Sutras* systematically To overcome hurdles appearing during that study and smoothly complete the lessons on *Agams*

These are four types of *Shrut Vinaya*.

[प्र. ३] से किं तं विक्खेवणा–विणए ?

[उ.] विक्खेवणा–विणए चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

(१) अदिट्ठधम्मं दिट्ठ–पुव्वगत्ताए विणयइत्ता भवइ,

(२) दिट्ठपुव्वगं साहम्मियत्ताए विणयइत्ता भवइ,

(३) चुयधम्माओ धम्मे ठावइत्ता भवइ,

(४) तस्सेव धम्मस्स हियाए, सुहाए, खमाए, निस्सेयसाए, अणुगामियत्ताए अब्भुट्ठेत्ता भवइ।

से तं विक्खेवणा–विणए।

[प्र. ३] भगवन् ! विक्षेपणाविनय किसे कहते है ?

[उ.] विक्षेपणाविनय चार प्रकार का है। जैसे–

(१) जिसने सयमधर्म को पूर्ण रूप से नही समझा है उसे समझाना।

(२) सयमधर्म के ज्ञाता को ज्ञानादि गुणो से अपने समान बनाना।

(३) धर्म से च्युत होने वाले शिष्य को पुन. धर्म मे स्थिर करना।

(४) सयमधर्म मे स्थित शिष्य के हित के लिए, सुख के लिए, सामर्थ्य बढाने के लिए, मोक्ष के लिए और भवान्तर मे भी धर्म की प्राप्ति हो, इसके लिए प्रयत्नशील रहना।

यह विक्षेपणाविनय है।

[Q. 3] Reverend Sir ! What is *Vikshepana Vinaya* (modesty related to removal of faults) ?

[Ans.] *Vikshepana Vinaya* is of four types, viz.—

(1) To teach ascetic code to those who have not understood it fully

(2) To bring up one who has knowledge of ascetic discipline to his own level in knowledge and suchlike

(3) To re-establish in *Dharma* that discipline who has failed in observing ascetic discipline

(4) To make continuous effort for the welfare, peace, increasing capability and salvation of those disciples who are stable in ascetic conduct so that they may gain *Dharma* in the next life-span also.

This is *Vikshepana Vinaya*

विवेचन : विक्षेपणाविनय–जब किसी प्रकार की शका–कुशका व पर–मतो के आक्षेप आदि से चित्त में किसी प्रकार का विक्षेप–व्यवधान या असमजस उत्पन्न हो जाय तो आचार्य चार प्रकार से उसे दूर करने का प्रयत्न करते है–

(१) जो धर्म के स्वरूप से अनभिज्ञ है, उन्हे धर्म का स्वरूप समझाना। (२) जो अनगारधर्म के प्रति उत्सुक नही है, उन्हे अनगारधर्म स्वीकार करने के लिए उत्साहित करना।

(३) किसी अप्रिय प्रसग से क्षुब्ध होकर किसी भिक्षु की सयमधर्म से अरुचि हो जाय तो उसे विवेकपूर्वक पुन स्थिर करने का प्रयत्न करना। (४) श्रद्धालु शिष्यो को सयमधर्म की पूर्ण आराधना कराने मे सदैव तत्पर रहना।

Elaboration—*Vikshepana Vinaya*—When any doubt or misgiving appears in the mind due to any misunderstanding or skepticism about the religious order or the aspersions by followers of other faiths, it is essential that the *acharya* should make effort to remove them in four ways, namely—

(1) To teach the true nature of *Dharma* to those who do not know it (2) To encourage those who are not keen to accept *monk-hood* towards it (3) In case due to any untoward event, a monk feels dejected about ascetic life, effort should be solemnly made to re-establish himself in ascetic discipline (4) To remain always ready in engaging devoted disciples in ascetic practices so as to provide them complete training.

[प्र. ४] से किं तं दोसनिग्घायणा–विणए ?

[उ.] दोसनिग्घायणा–विणए चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

(१) कुद्धस्स कोहं विणएत्ता भवइ, (२) दुट्ठस्स दोसं णिगिण्हित्ता भवइ, (३) कंखियस्स कंखं छिंदित्ता भवइ, (४) आया–सुपणिहिए यावि भवइ। से तं दोसनिग्घायणा–विणए।

[प्र. ४] भगवन् ! दोषनिर्घातनाविनय किसे कहते है ?

[उ.] दोषनिर्घातनाविनय चार प्रकार का है, जैसे–

(१) क्रुद्ध व्यक्ति के क्रोध को दूर करना। (२) दुष्ट व्यक्ति के द्वेष को दूर करना। (३) आकाक्षा वाले व्यक्ति की आकाक्षाओ का निवारण करना। (४) अपनी आत्मा को सयम मे लगाये रखना। यह दोषनिर्घातनाविनय है।

[Q. 4] Reverend Sir ! What is *Dosh-nirghatana Vinaya* (modesty related to faults committed) ?

[Ans.] *Dosh-nirghatana Vinaya* is of four types, viz —

(1) To remove anger of one who is angry (2) To remove hatred of a bad person (3) To set at rest the desires of one who has desires. (4) To keep oneself engaged in ascetic-discipline

This is *Dosh-nirghatana Vinaya*

विवेचन : शिष्य–समुदाय मे उत्पन्न दोषो को दूर करना "दोषनिर्घातनाविनय" है। शिष्यो की समुचित व्यवस्था करते हुए भी विशाल समूह मे साधना करते हुए कभी कोई साधक छद्मस्थ अवस्था के कारण कषायो के वशीभूत होकर किसी दोष विशेष के पात्र हो सकते हैं। तब आचार्य (१) क्षमा आदि का उपदेश देकर, उनके दुष्फल बताकर क्रोधादि दोषो को दूर करे।

(२) शिष्यो की राग–द्वेषात्मक परिणति का निष्पक्षभावपूर्वक निवारण करे।

(३) अनेक प्रकार की आकाक्षाओ के अधीन शिष्यो की आकाक्षाओ को उचित उपायो से दूर करे।

(४) शिष्यो के उक्त दोषो का निवारण करते हुए भी अपनी आत्मा को सयम गुणो से परिपूर्ण बनाये रखे।

जो आचार्य शिष्य–समुदाय की विवेकपूर्वक परिपालना करता हुआ सयम की आराधना कराता है, वह शीघ्र ही मोक्ष गति को प्राप्त करता है। सम्यक् प्रकार से गण का परिपालन करने वाले आचार्य, उपाध्याय उसी भव मे या दूसरे भव मे अथवा तीसरे भव मे अवश्य मुक्ति प्राप्त करते है।

Elaboration—To remove faults that have appeared in disciples is called *Dosh-nirghatana Vinaya*. In spite of proper arrangement and undergoing ascetic practices in a large group, sometimes a monk, due to his *Chhadmasth* (imperfect) state, commits faults in a fit of passions. Then the *acharya* should eliminate them—(1) by giving him lesson about forgiveness and the like and telling him the dangerous results of passions like anger.

(2) He should remove the feelings of attachment and hatred reflecting in the activities of the disciple with a sense of impartiality

(3) With proper means he should eliminate the expectations of the disciples who are slaves of many desires.

(4) While setting at rest the faults of his disciples, he should ensure that his own self is fully engaged in attributes of ascetic-discipline

An *acharya* who solemnly looks after his disciples and engages them in ascetic practices, attains salvation very soon Those *Acharyas* or *Upadhyayas* who properly look after the religious organization (*gana*), certainly attain liberation in that very life-span, in the next life-span or latest in the third life-span

आचार्य और गण के प्रति शिष्य के कर्त्तव्य DUTIES OF DISCIPLES TOWARD ACHARYA AND THE ORGANISATION

११. तस्स णं एवं गुणजाइयस्स अंतेवासिस्स इमा चउव्विहा विणयपडिवत्ती भवइ, तं जहा–

(१) उवगरणउप्पायणया, (२) साहिल्लणया, (३) वण्णसंजलणया, (४) भारपच्चोरुहणया।

११. पूर्वोक्त गुणो से युक्त आचार्य के गुणवान अन्तेवासी शिष्य के लिए भी यह चार प्रकार की विनय प्रतिपत्ति कही है। जैसे–

(१) **उपकरणोत्पादनता**–सयम जीवन के उपयोगी वस्त्र–पात्रादि का प्राप्त करने का प्रयत्न करना। (२) **सहायकता**–अशक्त साधुओ की सहायता करना। (३) **वर्णसंज्वलनता**–गण और गणी के गुण प्रकट करना। उनको प्रकाश मे लाना। (४) **भारप्रत्यारोहणता**–गण के भार का सम्यक् रीति से निर्वाह करना।

11. For the virtuous disciple of an acharya endowed with aforesaid qualities also four types of modesty have been stated—

(1) *Upakaranotpadanata*—to try to procure clothes, pots and other things useful in ascetic life (2) *Sahayakata*—to help weak and emaciated monks (3) *Varnasanjvalanata*—to exhibit and bring to light the merits of religious organization (*gana*) and its head (*gani*). (4) *Bhaar-pratyarohanata*—to properly discharge the duties and responsibilities of the religious organization

[प्र. १] से किं तं उवगरणउप्पायणया ?

[उ.] उवगरणउप्पायणया चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) अणुप्पण्णाणं उवगरणाणं उप्पाइत्ता भवइ, (२) पोराणाणं उवगरणाणं सारक्खित्ता संगोवित्ता भवइ, (३) परित्तं जाणित्ता पच्चुद्धरित्ता भवइ, (४) अहाविहिं संविभइत्ता भवइ। से तं उवगरणउप्पायणया।

[प्र. १] भगवन् ! उपकरणोत्पादनताविनय किसे कहते है ?

[उ.] उपकरणोत्पादनताविनय चार प्रकार की है। जैसे–

(१) आवश्यकतानुसार वस्त्र–पात्र आदि नवीन उपकरणो को प्राप्त करना। (२) प्राप्त उपकरणों का यथोचित सरक्षण और संगोपन–देखभाल करना। (३) जिस मुनि के पास अल्प उपधि हो, या पुराना फट गया हो तो आवश्यकता होने पर उसकी पूर्ति करना। (४) शिष्यो के लिए यथायोग्य उपकरणों का विभाग (बँटवारा) करके देना। यह उपकरणोत्पादनताविनय है।

[Q. 1] Reverend Sir ! What is *Upakaranotpadanata Vinaya* (procuring of pots, cloth and the like) ?

[Ans.] *Upakaranotpadanata Vinaya* is of four types—

(1) To collect new clothes and pots according to the requirement thereof (2) To ensure required safety of *Upakarans* and see that they are in proper shape (3) To satisfy the basic need of such a monk who has less *Upakaran* than the basic need or where clothes and the like has become sufficiently old and torn (4) To properly distribute *Upakarans* among the disciples according to their requirement

This is *Upakaranotpadanata Vinaya.*

[प्र. २] से किं तं साहिल्लणया ?

[उ.] साहिल्लणया चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) अणुलोमवइसहिते यावि भवइ, (२) अणुलोमकायकिरियता यावि भवइ,

(३) पडिरूवकायसंफासणया यावि भवइ, (४) सव्वत्थेसु अपडिलोमया यावि भवइ। से तं साहिल्लणया।

[प्र. २] भगवन् ! सहायकताविनय किसे कहते है ?

[उ.] सहायकताविनय चार प्रकार का है। जैसे–

(१) गुरुजनो के अनुकूल तथा हितकारी वचन बोलना। अर्थात् गुरु के आदेश–निर्देश को विनयपूर्वक स्वीकार करना। (२) जैसा गुरुजन कहे, वैसी प्रवृत्ति करना। उनकी इच्छा के प्रतिकूल प्रवृत्ति नही करना।

(३) गुरु को शारीरिक व मानसिक साता पहुँचाना। यथोचित सेवा–शुश्रूषा करना। (४) सभी कार्यों मे उनकी इच्छा व रुचि को ध्यान मे देखकर अनुकूल व्यवहार करना। यह सहायकताविनय है।

[Q. 2] Reverend Sir ! What is *Sahayakata Vinaya* (helping or serving physically weak monks) ?

[Ans.] *Sahayakata Vinaya* is of four types—

(1) To use language, which is in accordance with the status of the teacher and exhibits respect for them; in other words, to accept the orders

and directions of the guru with modesty (2) To engage oneself in activities as desired by the guru. (3) To provide mental and physical relief to the guru. To serve him as needed. (4) To keep in mind the desire and inclination of the teacher in all the activities and then to act accordingly

This is *Sahayakata Vinaya*

[प्र. ३] से किं तं वण्णसंजलणया ?

[उ.] वण्णसंजलणया चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) अहातच्चाणं वण्णवाई भवइ, (२) अवण्णवाइं पडिहणित्ता भवइ,

(३) वण्णवाइं अणुवूहइत्ता भवइ, (४) आय वुड्ढसेवी यावि भयइ। से तं वण्णसंजलणया।

[प्र. ३] भगवन् ! वर्णसज्वलनताविनय किसे कहते है ?

[उ.] वर्णसज्वलनता (गुणो को प्रकाशित करना) विनय चार प्रकार का है। जैसे–

(१) गुरु के यथातथ्य गुणो की प्रशसा करना। (२) गुरु की निन्दा व आक्षेप करने वालो को उचित उत्तर देकर हतोत्साह करना।

(३) गुरु के वर्णवादी (गुणोत्कीर्तन करने वालो) को उत्साहित करना व गुणो का प्रकाश फैलाना। (४) स्वय वृद्धो की सेवा तथा उनका आदर बहुमान करना। यह वर्णसज्वलनताविनय है।

[Q. 3] Reverend Sir ! What is *Varnasanjvalanata Vinaya* (to exhibit merits of the organization and its head, the guru) ?

[Ans.] *Varnasanjvalanata Vinaya* is of four types—

(1) To appreciate factual merits of the guru (2) To discourage critics of the guru and those who make false allegations by properly replying their queries (3) To encourage those who narrate good qualities of the guru and to widely advertise merits of the guru (4) To engage oneself in service of the aged and to give them proper respect

This is *Varnasanjvalanata Vinaya*

[प्र. ४] से किं तं भारपच्चोरुहणया ?

[उ.] भारपच्चोरुहणया चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) असंगहिय–परिजणसंगहित्ता भवइ,

(२) सेहं आयारगोयरसंगहित्ता भवइ,

(३) साहम्मियस्स गिलायमाणस्स अहाथामं वेयावच्चे अब्भुट्ठित्ता भवइ,

(४) साहम्मियाणं अहिगरणंसि उप्पण्णंसि तत्थ अणिस्सितोवस्सिए अपक्खग्गहिय–मज्झत्थभावभूए सम्मं ववहरमाणे तस्स अधिगरणस्स खमावणाए विउसमणयाए सया समियं अब्भुट्ठित्ता भवइ।

कहं णु साहम्मिया अप्पसद्दा, अप्पझंझा, अप्पकलहा, अप्पकसाया, अप्पतुमंतुमा, संजमबहुला, संवरबहुला, समाहिबहुला, अप्पमत्ता, संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणा—एवं च णं विहरेज्जा।

से तं भारपच्चोरुहणया।

एसा खलु थेरेहिं भगवंतेहिं अट्ठविहा गणिसंपया पण्णत्ता। —त्ति बेमि।

॥ चउत्थी दसा समत्ता ॥

[प्र. ४] भगवन् ! भारप्रत्यारोहणताविनय किसे कहते है ?

[उ.] भारप्रत्यारोहणताविनय चार प्रकार का है। [गुरु के कार्यभार को स्वय सँभालना- भारप्रत्यारोहणता है] जैसे-

(१) धर्म प्रचार हेतु नवीन शिष्यों की वृद्धि के लिए प्रयत्न करना।

(२) नवीन दीक्षित शिष्यो को आचार-गोचर अर्थात् सयम की विधि सिखाना तथा शुद्ध आचार पालन मे सहायक बनना।

(३) साधर्मिक रोगी साधुओ की यथाशक्ति जहाँ जैसी आवश्यकता हो वैयावृत्य के लिए तत्पर रहना।

(४) सघ मे या साधर्मिको मे परस्पर कलह उत्पन्न हो जाने पर राग-द्वेष से दूर रहते हुए, किसी पक्ष विशेष को ग्रहण न करके मध्यस्थभाव रखना और सम्यक् व्यवहार का पालन करते हुए उस कलह के क्षमापन और उपशमन के लिए सदा तत्पर रहना और यह विचार करना कि किस तरह साधर्मिक परस्पर अनर्गल प्रलाप नही करे, कलह, कषाय और तू-तू, मै-मै नही हो, तथा साधर्मिक जन संयम, सवर और समाधि की अभिवृद्धि करते हुए अप्रमत्त होकर सयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करे।

यह भारप्रत्यारोहणताविनय है।

इस प्रकार गण के हित, सरक्षण व सवर्धन का कार्य करने वाला श्रमण जिनशासन की सेवा करता हुआ सुगति को प्राप्त होता है। इस प्रकार स्थविर भगवन्तो ने आठ प्रकार की गणिसम्पदा कही है। - ऐसा मै कहता हूँ।

॥ चौथी दशा समाप्त ॥

[Q. 4] Reverend Sir ! What is *Bhaar-pratyarohanata Vinaya* (to properly discharge duties towards the religious organization) ?

[Ans.] *Bhaar-pratyarohanata Vinaya* is of four types, viz —

(1) To make efforts for initiating new disciples in order to widely propagate the religion.

(2) To train newly initiated disciples in the prescribed code for proper conduct, collection of alms and leading a good saintly life of restraint To assist them in leading pure ascetic discipline

(3) To remain ready for the service of sick monks of the order according to one's capacity as and when needed

(4) In case any dispute arises in the organization or among the followers of the same faith, to keep oneself away from any feeling of attachment or hatred and without taking side of any one, to maintain impartiality and to remain prepared for subduing or ending that dispute. Also to always think how the members of the organization can avoid unnecessary quarrels, raising out of passions, undesired exchange of words and addressing each other in a rude manner The followers of the same faith should make progress in ascetic restraints, *Samvar* (stoppage of inflow of *karmic* matter), equanimity, and spend their life influencing their soul carefully in ascetic discipline and austerities.

This is *Bhaar-pratyarohanata Vinaya*

A monk who looks after the interest of the organization, safeguards it and develops it, attains good state of existence in the life thereafter while serving the order established by *Tirthankar*.

Thus the reverend *Sthavirs* have mentioned eight types of *Gani-Sampada*

So, I say

● FOURTH DASHA CONCLUDED ●

पंचम दशा : चित्तसमाधि
FIFTH DASHA : EQUANIMITY OF MIND (CHITTA)

प्राक्कथन

चौथी दशा मे गणि-सम्पदा का विशद् व्यापक वर्णन किया गया है। गणि-सम्पदा से सम्पन्न गणी समाधि को प्राप्त होता है। अत· यहाँ समाधि का स्वरूप तथा समाधि प्राप्त करने की विशद् विधि का वर्णन किया है। पहली दशा मे सामान्य असमाधि के बीस कारण बताये हैं। यहाँ पर समाधिभाव प्राप्त होने के दस कारणों का कथन है।

भौतिक पदार्थों की उपलब्धि से प्राप्त होने वाला सुख व आनन्द द्रव्यसमाधि है। चित्त की निर्मलता व स्थिरता से जो अलौकिक आनन्द की अनुभूति होती है, वह भावसमाधि है।

प्रस्तुत दशा मे भावसमाधि प्राप्त करने के दस उपायो का, समाधि के स्वरूप का तथा समाधि से प्राप्त होने वाले अपूर्व लाभ का वर्णन है।

INTRODUCTION

A detailed description of *Gani-Sampada* (inner wealth of the head of the organization) is mentioned in the fourth chapter The head who is well equipped with *Gani Sampada* attains state of equanimity. Therefore, the intrinsic nature of the state of equanimity and detailed method of attaining it has been discussed here In the first *Dasha* (Chapter), twenty reasons for common state of non-equanimity were mentioned. Here ten reasons for attaining state of equanimity are stated

The happiness derived by getting worldly substances is *Dravya Samadhi* But the transcendental bliss experienced as a result of purity and stability of the mind is *Bhaava Samadhi*.

In the present chapter (*Dasha*), ten method for attaining *Bhaava Samadhi* (real inner state of equanimity), the real nature of *Samadhi* and the invaluable gain resulting from *Samadhi* have been discussed.

□□

चित्तसमाधि के दस स्थान **TEN REASONS FOR EQUANIMITY**

१. सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं–

इह खलु थेरेहिं भगवंतेहिं दस चित्तसमाहिठाणा पण्णत्ता।

[प्र.] कयरा खलु ताइं थेरेहिं भगवंतेहिं दस चित्तसमाहिठाणा पण्णत्ता ?

[उ.] इमाइं खलु ताइं थेरेहिं भगवंतेहिं दस चित्तसमाहिठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. आयुष्मन् ! मैने सुना है–उन भगवान महावीर ने ऐसा कहा है–

इस जिनशासन में स्थविर भगवन्तो ने दस चित्तसमाधि स्थान (चित्त की प्रसन्नता के कारण) बताये है।

[प्र.] भगवन् ! स्थविर भगवन्तो ने दस चित्तसमाधि स्थान कौन से कहे है ?

[उ.] स्थविर भगवन्तो ने दस चित्तसमाधि स्थान इस प्रकार कहे है। जैसे–

1. O, the blessed ! I have heard—Bhagavan Mahavir has said—

Sthavirs have stated that there are ten reasons for equanimity of the mind as mentioned in the order of the *Jina*

[Q.] Reverend Sir ! What are the ten reasons for attaining state of equanimity?

[Ans.] The ten reasons for attaining state of equanimity as mentioned by reverend *Sthavir* are as follows—

२. तेणं कालेणं तेणं समएणं वाणियगामे नगरे होत्था। एत्थ नगरवण्णओ भाणियव्वो।

तस्स णं वाणियगामस्स नगरस्स बहिया उत्तर–पुरच्छिमे दिसीभाए दूतिपलासए णामं चेइए होत्था। चेइयवण्णओ भाणियव्वो।

जियसत्तू राया। तस्स धारणी नामं देवी। एवं समोसरणं भाणियव्वं। जाव पुढविसिलापट्टए। सामी समोसढे। परिसा निग्गया। धम्मो कहिओ। परिसा पडिगया।

अज्जो ! इति समणे भगवं महावीरे समणा निग्गंथा य निग्गंथीओ य आमंतित्ता एवं वयासी–

इह खलु अज्जो ! निग्गंथाणं वा निग्गंथीणं वा इरियासमियाणं, भासासमियाणं, एसणासमियाणं, आयाण–भंड–मत्त–निक्खेवणा–समियाणं, उच्चार–पासवण–खेल–सिंघाण–जल्लपारिट्ठवणियासमियाणं, मणसमियाणं, वयसमियाणं, कायसमियाणं, मणगुत्तीणं, वयगुत्तीणं, कायगुत्तीणं गुत्तिंदियाणं, गुत्तबंभयारीणं, आयट्ठीणं, आयहियाणं, आयजोईणं, आयपरक्कमाणं, पक्खियपोसहिएसु समाहिपत्ताणं झियायमाणाणं इमाइं दस चित्तसमाहिठाणाइं असमुप्पण्णपुव्वाइं समुप्पज्जेज्जा।

२. उस काल और उस समय मे वाणिज्यग्राम नगर था।

उस वाणिज्यग्राम नगर के बाहर उत्तर पूर्व दिग्भाग (ईशानकोण) मे दूतिपलाशक नाम का चैत्य (उद्यान) था। यहाँ पर नगर का एव चैत्य का वर्णन औपपातिकसूत्रानुसार कहना चाहिए।

वहाँ जितशत्रु राजा था। उसकी धारणी नाम की देवी थी। यहाँ समवसरण का वर्णन कहना चाहिए। उस उद्यान मे अशोक वृक्ष के नीचे पृथ्वीशिलापट्टक (पत्थर का सिहासन जैसा) था। श्रमण भगवान महावीर पधारे, वहाँ विराजमान हुए। उनका धर्मोपदेश सुनने के लिए परिषद् एकत्र हुई। भगवान ने धर्म का निरूपण किया। उपदेश सुनकर परिषद् वापस चली गई।

'हे आर्यो !' इस प्रकार सम्बोधन कर श्रमण भगवान महावीर ने निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थिनियो से इस प्रकार कहा–

हे आर्यो ! निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियो को, जोकि ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदान–भाण्ड–मात्रनिक्षेपणासमिति, उच्चार–प्रस्रवण–खेल–सिंघाणक–जल्ल–मल की परिष्ठापनासमिति, मन. समिति, वचनसमिति, कायसमिति, मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति से युक्त होते हैं तथा गुप्तेन्द्रिय (इन्द्रियसयमी) गुप्तब्रह्मचारी (ब्रह्मचर्य की नैष्ठिक साधना करने वाले), आत्मार्थी, आत्मा का हित करने वाले, **आत्मयोगी**–मन, वचन, काय योगो को वश में रखने वाले, **आत्मपराक्रमी**–आत्मा के लिए पुरुषार्थ–पराक्रम करने वाले, **पाक्षिकपौषधों**–(अष्टमी–चतुर्दशी–अमावस्या–पूर्णिमा–पर्व–तिथियो मे विशेष धर्म जागरणा करते हुए) मे समाधि को प्राप्त और शुभ ध्यान करने वाले है। उन मुनियो को ये पूर्व मे उत्पन्न नही हुए चित्तसमाधि के दस स्थान उत्पन्न हो जाते है।

2. At that time, during that period there was a town called Vanijyagram.

In the outskirts of that town in north-east direction, there was Dootipalashak garden The detailed description of the town and the garden may be understood as mentioned in *Aupapatik Sutra*.

Jitshatru was the ruler of that area. His queen was Dharani The religious congregation (*Samavasaran*) was arranged In that garden, under the Ashoka tree there was a stone-slab Shraman Bhagavan Mahavir reached there and sat on the slab. The congregation gathered in order to listen to his sermon *Bhagavan* explained true *Dharma*. Thereafter, the congregation dispersed

Addressing the monks and nuns as 'O Aryas !' Bhagavan Mahavir said—

'O, the blessed ! There are monks and nuns who are strictly following the code relating to movement, speech, collection of alms, they take due care in handling pots in placing them, due care in discarding stool, urine, sputum, dirt stuck on the body and the like and follow the code relating to complete control of mind, speech and physical movement There are monks and nuns who have control on their senses, who practice code of celibacy, who are keen to attain self-realization, who always think of welfare of the soul. They subdue vitiation of mind, organ of speech and body (*Atmayogi*) They are serious in their effort for development of the self They observe complete fast on eight and fifteenth day of the fortnight and also on important days of celebration as also keep themselves awake meditating on the self Such monks and nuns attain ten stages of equanimity of mind, which they had never reached earlier.

तं जहा–

(१) धम्मचिंता वा से असमुप्पण्णपुव्वा समुप्पज्जेज्जा, सव्वं धम्मं जाणित्तए।

(२) सण्णिजाइसरणेणं सण्णिणाणं वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा, अप्पणो पोराणियं जाइं सुमरित्तए।

(३) सुमिणदंसणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा अहातच्चं सुमिणं पासित्तए।

(४) देवदंसणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा, दिव्वं देवड्ढिं दिव्वं देवजुइं दिव्वं देवाणुभावं पासित्तए।

(५) ओहिणाणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा, ओहिणा लोगं जाणित्तए।

(६) ओहिदंसणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा, ओहिणा लोयं पासित्तए।

(७) मणपज्जवनाणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा अंतो मणुस्सखित्तेसु अड्ढाइज्जेसु दीवसमुद्देसु सण्णीणं पंचिंदियाणं पज्जत्तगाणं मणोगए भावे जाणित्तए।

(८) केवलणाणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा, केवलकप्पं लोयालोयं जाणित्तए।

(९) केवलदंसणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा, केवलकप्पं लोयालोयं पासित्तए।

(१०) केवलमरणे वा से असमुप्पण्णपुव्वे समुप्पज्जेज्जा सव्वदुक्खपहीणाए।

वे (चित्तसमाधि के) दस स्थान इस प्रकार है–

(१) पूर्व असमुत्पन्न (पहले कभी उत्पन्न नही हुई) ऐसी अलौकिक धर्म–भावना यदि साधु के मन मे उत्पन्न हो जाये तो वह सर्व धर्म को जान सकता है, इससे चित्त को समाधि प्राप्त हो जाती है।

(२) वह संज्ञि जातिस्मरणज्ञान (संज्ञी भवो का ज्ञान) जो पहले कभी उत्पन्न नही हुआ, यदि उसे उत्पन्न हो जाये और वह अपने पूर्वजन्मो का स्मरण कर ले तो चित्तसमाधि प्राप्त हो जाती है।

(३) पहले कभी नही देखा हुआ यथार्थ स्वप्न दर्शन हो जाये तो चित्तसमाधि प्राप्त हो जाती है।

(४) पूर्व अदृष्ट देवदर्शन (श्रमण की सेवा मे देवो का आना) यदि हो जाये और दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवद्युति और दिव्य देवानुभाव दिख जाये तो चित्तसमाधि प्राप्त हो जाती है।

(५–६) पूर्व असमुत्पन्न अवधिज्ञान तथा अवधिदर्शन यदि उसे उत्पन्न हो जाय और उनके द्वारा वह लोक को जान लेवे, देख लेवे तो चित्तसमाधि प्राप्त हो जाती है।

(७) पूर्व असमुत्पन्न मन.पर्यवज्ञान यदि उसे उत्पन्न हो जाय और मनुष्य क्षेत्र के भीतर अढाई द्वीप–समुद्रो मे संज्ञी पचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवो के मनोगत भावो को जान लेवे तो चित्तसमाधि प्राप्त हो जाती है।

(८–९) पूर्व असमुत्पन्न केवलज्ञान तथा केवलदर्शन यदि उसे उत्पन्न हो जाये और सम्पूर्ण लोक–अलोक को जान लेवे, देख लेवे तो चित्तसमाधि प्राप्त हो जाती है।

(१०) पूर्व असमुत्पन्न केवलमरण (केवलज्ञानयुक्त मृत्यु–मोक्षगति) यदि उसे प्राप्त हो जाये तो वह सब दु:खो के सर्वथा अभाव से पूर्ण शान्तिरूप समाधि को प्राप्त हो जाता है।

The ten conditions that can result in producing equanimity of the mind are as under—

(1) In case such a unique thought activity towards *Dharma* that had never appeared earlier in the mind of the monk, occurs, he can know all about *Dharma*. Such a condition will provide equanimity in his mind and heart.

(2) In case he gains sentient knowledge about his earlier births as a sentient being (*Jati-smaran Jnana*) which had never appeared in him earlier, he recollects his earlier births and that knowledge provides *Chitta Samadhi* (equanimity of mind) to him

(3) In case he perceives a true dream that he had never perceived earlier, he can gain equanimity of mind.

(4) In case he sees invisible celestial beings (when they come to the monks), their celestial wealth, celestial shine and celestial grandeur, he can gain equanimity of mind.

(5-6) In case he gets extra-sensory knowledge (*Avadhi-jnana*) and extra-sensory perception (*Avadhi-darshan*) that he had not got earlier, and with it, he perceives and comprehends the world (*Lok*) he can gain *Chitta Samadhi*.

(7) In case he gets Supra-mental knowledge (*Manahparyav-jnana*) that he never had earlier, and with its help, he is able to know mental thought-activity of fully developed sentient (*Sanjni*) five-sensed living beings existing in the area where human beings can take birth (*Manushya Kshetra*) within *Adhai Dveep* (two and a half continents) and oceans, he can acquire equanimity of the mind

(8-9) If he acquires perfect knowledge (*Keval Jnana*) and perfect perception (*Keval Darshan*) and thus knows and perceives the entire universe consisting of *Lok* and *Alok*, he gets equanimity and stability of mind.

(10) If he meats death in a state when he possesses perfect knowledge, he is totally free from all trouble, and thus gains total equanimity in the form of complete peace

गाहाओ

ओयं चित्तं समादाय, झाणं समणुपस्सइ।
धम्मे ठिओ अविमाणो, निव्वाणमभिगच्छइ ॥१ ॥

ण इमं चित्तं समादाय, भुज्जो लोयंसि जायइ।
अप्पणो उत्तमं ठाणं, सण्णीणाणेण जाणइ ॥२ ॥

(8) When the knowledge-deluding *Karma* of any living being is completely wiped out, he becomes a soul having perfect knowledge (*Kevali*) He then knows thought-reflections of the entire world (*Lok*) and world beyond (*Alok*)

(9) When the perception-obscuring *Karma* of a living being is completely destroyed, he gains perfect perception and he then perceives thought-reflections of the entire world and the world beyond.

(10) When a monk follows his vows (five *Mahavrats* and the like) with complete discrimination spotlessly and destroys all the deluding *Karmas*, he gets real state of perfect equanimity He then perceives, the entire world and the world beyond.

जहा मत्थए सूइए, हताए हम्मइ तले।
एवं कम्माणि हम्मंति, मोहणिज्जे खयं गये॥११॥

सेणावइम्मि निहए, जहा सेणा पणस्सति।
एवं कम्माणि णस्संति, मोहणिज्जे खयं गये॥१२॥

धूमहीणो जहा अग्गी, खीयति से निरिंधणे।
एवं कम्माणि खीयंति, मोहणिज्जे खयं गये॥१३॥

सुक्क-मूले जहा रुक्खे, सिंचमाणे ण रोहति।
एवं कम्मा ण रोहंति, मोहणिज्जे खयं गए॥१४॥

जहा दड्ढाणं बीयाणं, न जायंति पुणंकुरा।
कम्म-बीएसु दड्ढेसु, न जायंति भवंकुरा॥१५॥

चिच्चा ओरालियं बोंदिं, नाम-गोयं च केवली।
आउयं वेयणिज्जं च, छित्ता भवति नीरए॥१६॥

एवं अभिसमागम्म, चित्तमादाय आउसो !
सेणि-सुद्धिमुवागम्म, आया सोधिमुवेहइ॥१७॥ -त्ति बेमि।

॥ पंचमा दसा समत्ता ॥

(११) जैसे ताल (ताड) वृक्ष मस्तक स्थान (अग्र भाग पर) मे सुई या तीक्ष्ण शस्त्र से छेदन किये जाने पर टूटकर नीचे गिर जाता है, इसी प्रकार मोहनीयकर्म के क्षय हो जाने पर शेष कर्म भी स्वत विनष्ट हो जाते है।

(१२) जैसे सेनापति मारे जाने पर सारी सेना भाग जाती है, इसी प्रकार मोहनीयकर्म के क्षय हो जाने पर शेष सर्व कर्म विनष्ट हो जाते है।

चित्र परिचय-२

Illustration No. 2

मोहनीय कर्म (१)

दृश्य १ मे देखे-ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्मो मे मोहनीय कर्म सबका राजा तुल्य है तथा शेष सात कर्म उसके अनुचर योद्धा के समान है। इसलिए मोह कर्म को जीतने पर शेप कर्म भी स्वत जीत लिये जाते है।

२ जिस प्रकार ताड के वृक्ष पर लगे फल का ऊपरी भाग वृन्त (मस्तक) छेद देने पर फल टूटकर स्वत ही नीचे गिर जाते है।

३ युद्ध मे जब सेनापति मर जाता है, तो शेष सेना शीघ्र ही इधर-उधर पलायन कर जाती है।

४ प्रज्वलित धूमरहित अग्नि ईधन समाप्त हो जाने पर अपने आप बुझकर शान्त हो जाती है।

इसी प्रकार मोहनीय कर्म का क्षय होने पर शेष कर्म बहुत शीघ्र सरलतापूर्वक क्षीण हो जाते है।

दशा ५/११, १२, १३, पृ ६८

MOHANIYA KARMA (1)

Scene-1—Mohaniya Karma (deluding karma) is like a king among the eight karmas including Jnanavaraniya (knowledge obscuring) The remaining seven karmas are like its subordinate soldiers Therefore, on subduing deluding karma all the other karmas are automatically subdued

Scene-2—As the fruit of a pine (Taad) tree falls on its own when its head is pierced

Scene-3—As the army soon scatters and runs away when its commander is dead

Scene-4—As the flaming smokeless fire gets quenched automatically when the fuel is finished

In the same way all the remaining karmas are soon and easily shed when Mohaniya karma is destroyed

—Dasha 5/11, 12, 13, p 68

मोहनीय कर्म (१)

मोहनीय कर्म (२)

चित्र परिचय-३

Illustration No. 3

मोहनीय कर्म (२)

१ २ जिस प्रकार बीज भूमि मे पडकर अकुरित होता है। उसी प्रकार कर्मरूपी बीज से जन्म–मरण की पौध बढती है।

३–४ जिस प्रकार बीजो को जला देने पर उनको खेत मे बोया जाय, तब भी अकुरित नही होते। उसी प्रकार कर्मरूपी बीज जल जाने पर ससाररूपी खेत मे पुन जन्म–मरण के अकुर पैदा नही होते।

५ जिस वृक्ष की मूल (जड) सूख गई हो, उसे कितना ही पानी सीचो पर वह पुन हरा-भरा नही होता।

इसी प्रकार जो मुनि शुक्लध्यानरूपी अग्नि से कर्मरूपी वृक्षो को जलाकर भस्म कर देता है, उसके नाम गोत्र आयुष्य वेदनीय कर्म जलकर नष्ट हो जाते है। वह शरीर त्यागकर पुन जन्म धारण नही करता। अपितु क्षपक श्रेणी पर आरूढ होकर सिद्धि रूप निर्वाण को प्राप्त कर लेता है।

–दशा ५/१४ १७ पृ ६९

MOHANIYA KARMA (2)

Scene-1-2—As a seed sown in the ground sprouts, likewise the plant of cycles of life and death sprouts from the seed of karma and grows

Scene-3-4—As burnt seeds do not sprout even when sown in a farm, likewise when the seeds of karma are burnt the sprouts of life-death do not germinate in the farm of cycles of rebirth.

Scene-5—No matter how much a tree with dried roots is watered it does not sprout and turn green

In the same way the sage who burns the trees of karma with the fire of sublime meditation (Shukla Dhyan) gets his Naam-Gotra-Ayushya-Vedaniya karmas burnt and destroyed After abandoning his earthly body he does not reincarnate Instead, he goes up the path of destruction of karmas (Kshapak Shreni) and attains nirvana to become a Siddha (liberated soul)

—Dasha 5/14, 17, p 69

(१३) जैसे धूमरहित अग्नि ईंधन के अभाव मे अपने आप क्षीण हो जाती है, इसी प्रकार मोहनीयकर्म के क्षय हो जाने पर सर्व कर्म क्षय हो जाते है।

(१४) जैसे मूल (जड) सूख जाने पर जल-सिचन किये जाने पर भी वृक्ष पुनः अकुरित नही होता है, इसी प्रकार मोहनीयकर्म के क्षय हो जाने पर शेष कर्म भी पुन. उत्पन्न नही होते है।

(१५) जैसे जले हुए बीजो से पुन अकुर उत्पन्न नही होते है, इसी प्रकार कर्मबीजो के जल जाने पर भवरूप (जन्म-मरण) अकुर उत्पन्न नही होते है।

(१६) औदारिक शरीर को त्यागकर तथा नाम, गोत्र, आयु और वेदनीय कर्म का छेदन कर केवली भगवान कर्म-रज से सर्वथा रहित हो जाते है।

(१७) हे आयुष्मन् शिष्य ! इस प्रकार आत्मा (समाधि के भेदो) को जानकर, राग और द्वेष से रहित निर्मल चित्त को धारण कर, शुद्ध श्रेणी (क्षपक-श्रेणी) को प्राप्त कर परम विशुद्धि निर्वाण को प्राप्त करता है। -ऐसा मै कहता हूँ।

(11) A palm tree breaks and falls down ıf its head ıs pıerced wıth a needle or a sharp weapon. Sımılarly when the deludıng *Karma* is destroyed, all the remaınıng *Karmas* get wiped out on their own

(12) Just as an army runs away from the battle field ıf the general ıs kılled Sımılarly when the deludıng *Karma* ıs destroyed all the remaınıng *Karmas* get wıped out on their own

(13) A smokeless fire gets extınguıshed in absence of fuel Sımılarly when deludıng *Karma* ıs destroyed, the remaınıng *Karmas* get elımınated.

(14) A tree does not blossom even if ıt is watered in case ıts roots have drıed up Sımılarly when the deludıng *Karma* ıs destroyed, the remaınıng *Karma* do not fructıfy agaın.

(15) Burnt seeds do not grow agaın Sımilarly when *Karma*-seeds are destroyed, the plant of bırth and death does not grow.

(16) Fırst the physıcal body is discarded Thereafter the name, status and age determınıng *Karmas* are destroyed Then the *Kevalı* (Soul blessed with perfect knowledge) becomes completely free from *karmıc* dust

(17) O, blessed discıple! Thus after knowıng the types of equanımity, and gainıng the state of clear mind free from all attachments and hatred, the living being ascends the hıgher stages of development of qualıties (*Kshapak Shrenı*). He then attains totally pure state of lıberatıon

So, I say

विवेचन : गद्य पाठ में उन दस चित्तसमाधिस्थानो का कथन है और गाथाओं में उन समाधिस्थानों की प्राप्ति किस प्रकार की साधना करने वाले भिक्षु को होती है, यह बताया है तथा उस समाधिस्थान का क्या परिणाम होता है, यह भी सूचित किया है।

दस चित्तसमाधि (आत्म-आनन्द के) स्थानों का दस गाथाओ मे वर्णन करने के बाद मोहनीयकर्म के क्षय का महत्त्व चार उपमाओं के द्वारा बताया गया है-(१) ताड का वृक्ष शीर्ष स्थान पर सुई से छेद करने पर गिर जाता है। (२) युद्ध-भूमि मे सेनापति मर जाने से सेना स्वय भाग जाती है। (३) ईंधन के बिना अग्नि स्वत बुझ जाती है। (४) वृक्ष की जड सूख जाने पर वृक्ष अपने आप नष्ट हो जाता है।

सभी कर्म भवपरम्परा के बीज है। इन कर्म-बीजो के जल जाने अर्थात् पूर्ण क्षय हो जाने पर जीव शाश्वत मोक्ष को प्राप्त होता है। वह पुन. ससार में परिभ्रमण नही करता है।

प्रस्तुत दशा में दस चित्तसमाधिस्थान श्रमण निर्ग्रन्थो को प्राप्त होने का प्रासगिक कथन है, किन्तु इनमें से कई स्थान श्रमणोपासक को भी प्राप्त हो सकते है और कोई-कोई शुभ परिणामी अन्य सज्ञी जीवो को भी प्राप्त हो सकते है।

॥ पाँचवी दशा समाप्त ॥

Elaboration—Ten *Samadhi-sthaans* (conditions that can lead to equanimity of mind) have been stated in prose, and in the verses the practices that can result in reaching such *Samadhi-sthaans* have been described What is going to be the final result of that *Samadhi-sthaan* is also indicated

After describing ten *Samadhi-sthaans* in ten verses, the importance of destroying deluding *Karmas* has been stated through four illustrations Viz.—(1) A palm tree falls down when its top is pierced with a needle, (2) an army itself disperse from the battle-field if the general is killed, (3) a fire extinguishes itself in the absence of fuel, and (4) a tree withers away if its root dries up

All *Karmas* are the root (fundamental) causes of passing continuously through births and deaths When the *Karma*-molecules are completely destroyed, the soul attains salvation It no longer takes birth in this mundane world thereafter

In the present chapter (*Dasha*) there is the mention of ten sources of equanimity (concentration of mind) pertaining to monks and nuns. But even a householder (following the minor vows) can attain same stages of concentration out of them Some sentient beings with meritorious bent of mind can also attain concentration of mind

● FIFTH DASHA CONCLUDED ●

षष्ठ दशा : उपासक-प्रतिमा
SIXTH DASHA : UPASAK PRATIMA

प्राक्कथन

पूर्व की पाँच दशाओं में मुख्य रूप में 'श्रमण' की आचार-सहिता का कथन किया गया है। छठी दशा मे उपासक की ग्यारह प्रतिमाओं का वर्णन है। उपासक का अर्थ है-जो साधुओ के समीप धर्म का श्रवण करता है या उनकी सेवा करता है, उसे 'श्रमणोपासक' भी कहा जाता है। यद्यपि 'श्रमणोपासक' एवं 'श्रावक' शब्द एक ही अर्थ में प्रयुक्त होते हैं, फिर भी भाव की दृष्टि से इनमे अन्तर है। धर्म का श्रवण करने वाला भी 'श्रावक' कहलाता है और सम्यग्दर्शन का धारक भी 'श्रावक' पद का अधिकारी है। आगम मे बारह व्रतो को धारण करने वाले को 'श्रमणोपासक' कहा गया है-**समणोवासए जाए !** इस दृष्टि से अविरति सम्यग्दृष्टि को 'श्रावक' तथा देशविरत सम्यग्दृष्टि को 'श्रमणोपासक' कहा जा सकता है।

'प्रतिमा' शब्द के भी अनेक अर्थ है। 'व्रत', 'अभिग्रह' व 'तप विशेष' को धारण करना भी 'प्रतिमा' है। टीकाकार ने अर्थ किया है-'प्रतिमा' अर्थात् सादृश्य (समानता)। वेष-भूषा की समानता 'द्रव्य प्रतिमा' तथा गुणो की समानता प्राप्त करना 'भाव प्रतिमा' है।

प्रस्तुत दशा मे श्रावक या उपासक की ग्यारह प्रतिमाओ का वर्णन है। इनमें प्रथम 'दर्शन प्रतिमा' सम्यग्दर्शन से प्रारम्भ होती है। सम्यग्दर्शन व सम्यक् ज्ञान होने पर ही सम्यक् चारित्र आता है। दूसरी से ग्यारहवी प्रतिमाओ मे, क्रमश सम्यक् चारित्र की क्रमिक आराधना की विधि है। ग्यारहवी 'श्रमणभूत' प्रतिमा मे चारित्र की उत्कृष्टता आने पर श्रावक भी 'श्रमण के समान' अवस्था मे पहुँच जाता है। आत्म-साधना का यह सुन्दर क्रमारोहण प्रत्येक आत्म-साधक गृहस्थ के लिए मननीय है।

INTRODUCTION

In the earlier five *Dashas* (Chapters) primarily the conduct of an ascetic has been discussed In the Sixth *Dasha* eleven special vows (*pratima*) have been discussed *Upasak* is that person who listens to the spiritual lecture of the monks sitting close to him or who serves a monk He is also called *Shramanopasak*: Although the words *Shramanopasak* and *Shravak* are used to denote same meaning, still there is difference in the underlying idea A person who listens to the scriptures is called *Shravak* and a person who has right spiritual perception also deserves to be called as such In *Agam*, a householder who has accepted twelve prescribed minor vows is called *Shramanopasak* Keeping note of this distinction, a person who has right perception but who has not accepted any vow is a *Shravak* and one who has accepted the vows too is a *Shramanopasak*

श्रावक प्रतिमा · संक्षिप्त विवेचन

सामान्य रूप से कोई भी सम्यग्दृष्टि आत्मा व्रत धारण करने पर व्रतधारी श्रावक कहा जाता है। वह एक व्रतधारी भी हो सकता है या बारह व्रतधारी भी हो सकता है। प्रतिमाओं मे भी अनेक प्रकार के व्रत, प्रत्याख्यान ही धारण किये जाते है, किन्तु विशेषता यह है कि इसमे जो भी प्रतिज्ञा की जाती है उसमे कोई आगार नही रखा जाता है और नियत समय तक अतिचाररहित नियम का दृढता के साथ पालन किया जाता है।

जिस प्रकार भिक्षु-प्रतिमा धारण करने वाले को विशुद्ध दीर्घ सयम-पर्याय और विशिष्ट श्रुत का ज्ञान होना आवश्यक है, उसी प्रकार उपासक-प्रतिमा धारण करने वाले को भी बारह व्रतो के पालन का अभ्यास होना और कुछ श्रुतज्ञान होना भी आवश्यक है, किन्तु पहली **'दर्शन-प्रतिमा'** मे 'सम्यक्त्व' की पृष्ठभूमि ही मुख्य है। आगे की प्रतिमाओं में क्रमश श्रावकव्रतो की आराधना का क्रम है। **'सव्व धम्मरुई'** शब्द सूचित करता है कि उसकी जीव-अजीव आदि समस्त पदार्थों के वस्तु स्वभावो मे यथार्थ रुचि-सम्यक् श्रद्धा होती है। वह वस्तु स्वभाव का सम्यक् ज्ञाता और सम्यक् श्रद्धालु होता है।

प्रतिमा धारण करने वाले श्रावक को सासारिक जिम्मेदारियो से निवृत्त होना तो आवश्यक है ही किन्तु सातवी प्रतिमा तक गृहकार्यों का त्याग आवश्यक नही होता है, तथापि प्रतिमा के नियमो का शुद्ध पालन करना अत्यावश्यक होता है। आठवी प्रतिमा से अनेक गृहकार्यों का त्याग करते हुए ग्यारहवी प्रतिमा मे सम्पूर्ण गृहकार्यों का त्याग करके श्रमण के समान आचार का पालन किया जाता है।

ग्यारह प्रतिमाओ मे से किसी भी प्रतिमा को धारण करने वाले को आगे की प्रतिमा के नियमो का पालन करना आवश्यक नही होता है, स्वेच्छा से पालन कर सकता है अर्थात् पहली प्रतिमा मे सचित्त का त्याग अथवा श्रमणभूत जीवन भी धारण कर सकता है। किन्तु आगे की प्रतिमा धारण करने वाले को उसके पूर्व की सभी प्रतिमाओ के सभी नियमो का पालन करना आवश्यक होता है अर्थात् सातवी प्रतिमा धारण करने वाले को सचित्त का त्याग करने के साथ ही सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य, पौषध, कायोत्सर्ग आदि प्रतिमाओ का भी यथार्थ रूप से पालन करना आवश्यक होता है।

(१) पहली **दर्शन-प्रतिमा** धारण करने वाला श्रावक दृढ प्रतिज्ञ सम्यक्त्वी होता है। मन, वचन, काय से वह सम्यक्त्व मे किसी प्रकार का अतिचार नही लगाता है।

(२) दूसरी **व्रत-प्रतिमा** धारण करने वाला यथेच्छ एक या अनेक छोटे या बडे कोई भी नियम प्रतिमा के रूप मे धारण करता है, जिनका उसे अतिचाररहित पालन करना आवश्यक होता है।

(३) तीसरी **सामायिक-प्रतिमाधारी** श्रावक सुबह, दोपहर, शाम को नियत समय पर सदा निरतिचार सामायिक एव देशावकाशिक (१४ नियम धारण) व्रत का आराधन करता है तथा पहली-दूसरी प्रतिमा के नियमो का भी पूर्ण पालन करता है।

(४) चौथी **पौषध-प्रतिमाधारी** श्रावक पूर्व की तीनो प्रतिमाओ के नियमो का पालन करते हुए महीने मे पर्व-तिथियो के छह प्रतिपूर्ण पौषध का सम्यक् प्रकार से आराधन करता है। इस प्रतिमा के धारण करने से पहले श्रावक पौषधव्रत का पालन तो करता ही है किन्तु प्रतिमा के रूप मे नही।

(५) पाँचवी **कायोत्सर्ग-प्रतिमाधारी** श्रावक पहले की चारो प्रतिमाओ का सम्यक् पालन करते हुए पौषध के दिन सम्पूर्ण रात्रि या नियत समय तक कायोत्सर्ग करता है।

(६) छट्ठी **ब्रह्मचर्य-प्रतिमा** का धारक पूर्व प्रतिमाओ का पालन करता हुआ सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करता है। स्नान का और रात्रि-भोजन का त्याग करता है तथा धोती की एक लाँग खुली रखता है।

(७) सातवी **सचित्तत्याग-प्रतिमा** का आराधक श्रावक पानी, नमक, फल, मेवे आदि सभी सचित्त पदार्थों के उपभोग का त्याग करता है, किन्तु उन पदार्थों को अचित्त बनाने का त्याग नही करता है।

(८) आठवी **आरम्भत्याग–प्रतिमाधारी** श्रावक स्वय आरम्भ करने का सम्पूर्ण त्याग करता है, किन्तु दूसरो को आदेश देकर सावद्य कार्य कराने का उसके त्याग नही होता है।

(९) नौवी **प्रेष्यत्याग–प्रतिमा** मे श्रावक आरम्भ करने व कराने का त्यागी होता है, किन्तु स्वत ही कोई उसके लिए आहारादि बना दे या आरम्भ कर दे तो उस पदार्थ का वह उपयोग कर सकता है।

(१०) दसवी **उद्दिष्टभक्तत्याग–प्रतिमाधारी** श्रावक दूसरे के निमित्त बने आहारादि का उपयोग कर सकता है, स्वय के निमित्त बने हुए आहारादि का उपयोग नही कर सकता है। उसका व्यावहारिक जीवन श्रमण जैसा नहीं होता है। इसलिए अलग पहचान के लिए वह शिखा (चोटी) रखता है। उसने पहले अपना धन आदि कही गुप्त रखा हो और फिर पुत्रादि परिवार जनो के पूछने पर वह इतना ही उत्तर देता है–"मै जानता हूँ" या "मै नही जानता हूँ।"

(११) ग्यारहवी **श्रमणभूत–प्रतिमाधारी** श्रावक यथाशक्य सयमी जीवन स्वीकार करता है। किन्तु यदि लोच न कर सके तो मुण्डन करवा सकता है। वह भिक्षु के समान आहार–गवेषणा के सभी नियमो का पालन करता है।

इस प्रतिमा की अवधि समाप्त होने के बाद वह प्रतिमाधारी सामान्य श्रावक जैसा जीवन बिताता है। इस कारण इस प्रतिमा के आराधनाकाल मे स्वय को भिक्षु न कहकर "मै प्रतिमाधारी श्रावक हूँ" इस प्रकार कहता है।

पारिवारिक लोगो से प्रेम सम्बन्ध का आजीवन त्याग न होने के कारण वह ज्ञात कुलो (स्व ज्ञाति–जनो) मे ही गोचरी के लिए जाता है। भिक्षा के लिए घर मे प्रवेश करने पर वह इस प्रकार कहे कि "प्रतिमाधारी श्रावक को भिक्षा दो।"

इन ग्यारह प्रतिमाओ मे से प्रारम्भ की चार प्रतिमा तक का आराधनाकाल कितना है, इस प्रकार की कालमर्यादा का कथन इस सूत्र मे नही है। पाँचवी से ग्यारहवी तक क्रमश पाँच मास से ग्यारह मास तक का काल कहा है। तदनुसार पहली से चौथी तक क्रमश एक मास से चार मास तक का काल परम्परा से माना जाता है।

ग्यारह प्रतिमाओ का कुल समय एक मास से लेकर ग्यारह मास तक का होता है। इनका योग करने पर पाँच वर्ष और छह मास होते है।

ग्यारह प्रतिमाओ की आराधना पूर्ण होने के बाद ग्यारहवी प्रतिमा जैसा आचार जीवन पर्यन्त रहना ही श्रेयस्कर है। यही दृढता एव वीरता का सूचक है। किन्तु आगम मे इस विषय का स्पष्ट उल्लेख नही मिलता है।

इन प्रतिमाओ की आराधना क्रमश करना या बिना क्रम के करना, ऐसा स्पष्ट विधान भी उपलब्ध नही है। किन्तु कार्तिक सेठ के समान एक प्रतिमा को अनेक बार धारण किया जा सकता है। ऐसी धारणा प्रचलित है।

॥ षष्ठी दशा समाप्त ॥

SHRAVAK PRATIMA: BRIEF COMMENTARY

Ordinarily one who has right faith is called a *Vrat-dhari Shravak* when he accepts some vow (of the householder devotee) He may accept one vow or more or all the twelve vows In *Pratimas* (eleven stages of restraints) also many types of vows are undertaken but it is worth mention that in these self imposed restriction, there is no loophole The

restraint undertaken is strictly and carefully followed with full determination for the predetermined period.

A monk who accepts *Pratimas* of a *Bhikshu* must have long experience of faultless *monk-hood* and a good knowledge of *Agams*. Similarly a devotee householder who accepts *Upasak Pratima* must have fair practice of twelve vows of the householder and some knowledge of scriptures. The primary, however, in the first stage, *Darshan Pratima,* is acceptance of right faith (or night perception). In the later stages (*Pratimas*), there is emphasis on practice of vows of *Shravak* systematically The word **'Savva dhammaruyi'** indicates that he has keen interest or right belief in the true nature of all essentials including *Jiva* (living beings) and *Ajiva* (non-living). He has right knowledge and right faith in the nature of substance.

It is necessary for a householder devotee who is practicing *Pratimas* that he is free from worldly responsibilities but up to seventh *Pratima* it is not essential for him to refrain from ordinary activities of the house Still it is very important that he should sincerely and properly follow all the essentials of the *Pratima* concerned. From eighth stage (*Pratima*) he starts refraining selectively from devotee activities and in eleventh stage, he completely discards all the worldly activities and follows the conduct similar to that of a monk

For a person who adopts any *pratima* out of the enumerated eleven *pratimas*, it is not essential to follow restrictions concerning *pratimas* that follow He, however, may follow those restrictions also of he so desires In other words, in the first *pratima* he can refrain from life-bearing vegetable and life-bearing water or adopt life-style of a monk if he so desires But a person who undertakes any *pratima* other than the first must follow all the restriction relating to all the earlier *pratima* or *pratimas* For instance one who practices seventh *Pratima* must reject life-bearing vegetables and simultaneously observe complete celibacy and the conditions of *Paushadh*, *Kayotsarg* (meditation) and the like as mentioned in earlier six *pratimas*.

(1) A *shravak* who practices the first *Darshan Pratima* is a firm believer in right faith. He does not permit any fault mentally, verbally or physically in his right faith.

(2) The practitioner of the second *pratima* adopts one or many minor or major rules as *pratima* according to his capability and it is essential for him to practice them faultlessly.

(3) The follower of the third *Samayik Pratima* practices *Samayik* and in the morning, at noon and in the evening at fixed time and does not permit even partial transgression He also observes *Deshavakashik Vrat* (14 rules)

(4) The practitioner at the fourth stage (*Pratima*) follows the principles laid down for earlier three stages and practices *Paushadh* (partial ascetic vow) properly on all the six prescribe days in the month Before practicing this *Pratima*, a *shravak* practices *Paushadh* but not as *Pratima*

(5) A *shravak* who has undertaken the fifth *pratima* follows meticulously all the earlier four *pratimas* and on the night of *Paushadh* he remains in *Kayotsarg* (meditation) throughout the night or up to a predetermined period.

(6) The practitioner of the sixth *pratima* follows the restrictions of all the earlier *pratimas* and also complete celibacy (rejection of sex) He discards taking bath as well as taking meals at night He keeps one side of his Dhoti untied

(7) The practitioner of the seventh *pratima* refrains from taking life-bearing water, salt, fruit or dry fruit but he does not avoid making those things inanimate

(8) The practitioner of the eighth *pratima* refrains from all sinful mundane activities but he does not stop ordering others to perform worldly activity

(9) The practitioner of the ninth *pratima* refrains from doing sinful worldly activities or getting them done But in case someone prepares food for him or does some sinful act for him, he can accept the food and the like

(10) The practitioner of the tenth *pratima* can accept food prepared for others but he cannot accept food that has been specifically prepared for him His normal life is not like that of a monk. Therefore he keeps hair at the middle of his head as a mark of difference In case he has concealed his valuable, when asked by members of the family he simply replies, "I know or I don't know."

(11) The practitioner of eleventh *pratima* accepts life-style of a monk to the extent he can follow But if he cannot pluck his hair, he can get his

head shaved. He follows all the principles concerning collection of alms as laid down for a monk.

After the prescribed duration of this *pratima*, the practitioner resumes life like that of a *Shravak* So during the period of observation of this *pratima*, he does not call himself a monk but says—"I am a *Shravak* who observes *Pratima*."

Since he has not discarded his attachment with the members of his family, he goes to the homes of his relations for collecting alms After entering the house he should say, "Give alms to *Pratimadhari Shravak* (a layman practicing *Pratima*) "

In the aphorisms the duration of the first four *pratimas* is not mentioned. But from fourth *pratima* up to eleventh *pratima* the period mentioned is five months up to eleven months respectively Keeping this fact a view, traditionally, the first to fourth *pratima* is believed to be for a period of one month to four months respectively

The total period of eleven *pratimas* is from one month to eleven months. The sum total of this period is 5 years and six months

It is beneficial if, after following all the eleven *pratima*, one leads a life according to eleventh *pratima*. That style indicates firmness and boldness of conduct. But in *Agams*, this topic is not clearly stated

It is also not clearly indicated whether these *pratimas* should be practiced in the respective order or according to convenience But it is believed that one *pratima* can be practiced many times as was done by Kartik Seth

● SIXTH DASHA CONCLUDED ●

सप्तमी दशा : भिक्षुप्रतिमा
SEVENTH DASHA : BHIKSHU PRATIMA

प्राक्कथन

सातवी दशा मे बारह भिक्षु प्रतिमाओ का वर्णन है। आगमो मे भिक्षु की अनेक प्रकार की प्रतिमाओ का कथन है। जैसे-समाधि प्रतिमा, उपधान प्रतिमा, एकाकी विहार प्रतिमा, यवमध्य प्रतिमा, वज्रमध्य प्रतिमा, सर्वतोभद्र प्रतिमा, सप्त पिण्डैषणा-पानैषणा प्रतिमा तथा कायोत्सर्ग प्रतिमा आदि। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपनी साधना मे धैर्य, सहिष्णुता, तितिक्षा, ध्यान आदि की अभिवृद्धि के लिए भिक्षु विभिन्न प्रकार की प्रतिज्ञाएँ एव अभिग्रह आदि के प्रयोग करता हुआ साधना को उज्ज्वल, उज्ज्वलतर, प्रखरतम बनाने मे प्रयत्नशील रहता है।

इस दशा मे वर्णित भिक्षु प्रतिमाओ का सम्बन्ध उसकी तप, तितिक्षा-सयम व ध्यान वृत्ति को अधिक से अधिक प्रखर बनाने से है। विभिन्न प्रयोगो से कर्मनिर्जरा कर आत्मा को निर्वाण प्राप्ति की ओर बढाते रहना यही इन प्रतिमाओ का लक्ष्य है।

INTRODUCTION

In the seventh *Dasha* (Chapter), twelve *Pratima* of a *Bhikshu* (monk) have been mentioned In *Agams* many types of *Pratimas* of a *Bhikshu* have been stated, for instance *Samadhi Pratima, Upadhan Pratima, Ekal Vihar Pratima, Yav Madhya Pratima, Vajra Madhya Pratima, Sarvatobhadra Pratima, Sapt Pindaishana Paanaishana Pratima, Kayotsarg Pratima* and the like It is thus evident, that a *Bhikshu* practices various types of special restraints and resolves in order to increases his courage, forbearance, patience, capability of meditation and the like and thereby tries to make his spiritual practice increasingly radiant

The *pratimas* of a *Bhikshu* mentioned in this chapter (*Dasha*) relate to sharpening his austerities, restraints and meditational instinct The goal of these *pratimas* is to enable the self to go ahead on the path of salvation by shedding accumulated *karma* through different experiments in austerities □□

१. सुयं मे आउसं, तेणं भगवया एवमक्खायं, इह खलु थेरेहिं भगवंतेहिं बारस भिक्खु पडिमाओ पण्णत्ताओ।

[प्र.] कयरा खलु ताओ थेरेहिं भगवंतेहिं बारस भिक्खुपडिमाओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] इमाओ खलु ताओ थेरेहिं भगवंतेहिं बारस भिक्खुपडिमाओ पण्णत्ताओ। तं जहा-

(१) मासिया भिक्खुपडिमा, (२) दो–मासिया भिक्खुपडिमा, (३) ति–मासिया भिक्खुपडिमा, (४) चउ–मासिया भिक्खुपडिमा, (५) पंच–मासिया भिक्खुपडिमा, (६) छ–मासिया भिक्खुपडिमा, (७) सत्त–मासिया भिक्खुपडिमा, (८) पढमा सत्तराइंदिया भिक्खुपडिमा, (९) दोच्चा सत्तराइंदिया भिक्खुपडिमा, (१०) तच्चा सत्तराइंदिया भिक्खुपडिमा, (११) अहोराइंदिया भिक्खुपडिमा, (१२) एगराइया भिक्खुपडिमा।

मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स निच्चं वोसट्ठकाए चियत्तदेहे जे केइ उवसग्गा उववज्जंति, तं जहा–दिव्वा वा माणुसा वा तिरिक्खजोणिया वा, तं उप्पण्णे सम्मं सहति, खमति, तितिक्खति, अहियासेति।

१. आयुष्मन् शिष्य ! मैंने सुना है, भगवान ने ऐसा कहा है–इस जिन–शासन मे स्थविर भगवन्तो ने बारह भिक्षु–प्रतिमाओ का कथन किया है।

[प्र.] भगवन् ! स्थविर भगवन्तो ने कौन–सी बारह भिक्षुप्रतिमाएँ कही है ?

[उ.] ये (आगे कही जाने वाली) बारह भिक्षुप्रतिमाएँ स्थविर भगवन्तो ने प्रतिपादन की हैं। जैसे–

(१) मासिकी भिक्षुप्रतिमा, (२) द्विमासिकी, (३) त्रिमासिकी, (४) चातुर्मासिकी, (५) पचमासिकी, (६) षण्मासिकी, (७) सप्तमासिकी, (८) प्रथमा सप्तरात्रिदिवा, (९) द्वितीया सप्तरात्रिदिवा, (१०) तृतीया सप्तरात्रिदिवा, (११) अहोरात्रिकी, तथा (१२) एकरात्रिकी भिक्षुप्रतिमा।

मासिकी भिक्षु प्रतिमाधारी, गृह त्यागी, त्यक्त–शरीर (जिसने शरीर का ममत्व छोड दिया है)। साधु को यदि कोई देव–मनुष्य–तिर्यंच सम्बन्धी उपसर्ग उत्पन्न हो जाये तो वह उनको धैर्यपूर्वक सहन कर लेता है किसी प्रकार का दीन भाव नही दिखाता। ध्यानयोग मे निश्चल रहता है।

1. 'O the blessed !' I have heard *Bhagavan* has said so In the order of *Tirthankars* the reverend *Sthavirs* have mentioned twelve *Bhikshu-pratimas*

[Q.] Reverend Sir ! What are the twelve *Bhikshu Pratimas* ?

[Ans.] Twelve *Bhikshu Pratimas* (special codes and resolutions for an ascetic)described by revered *Sthavirs* are as under

(1) *Masiki Bhikshu Pratima*, (2) *Dvi-masiki Pratima*, (3) *Tri-masiki Pratima*, (4) *Chaturmasiki Pratima*, (5) *Panch-masiki Pratima*, (6) *Shat-masiki Pratima*, (7) *Sapt-masiki Pratima*, (8) *Prathama Sapt-ratrindiva*, (9) *Dvitya Sapt-ratrindiva*, (10) *Tritiya Sapt-ratrindiva*, (11) *Ahoratriki*, and (12) *Ek ratriki Pratima.*

In case any divine being, human being or animal causes any suffering to a *Bhikshu* who is practicing *masiki pratima*, who has completely

discarded any attachment with his house and also with his physical body, he courageously endures it and does not show any grief. He remains firm in his meditation.

विवेचन : भिक्षुप्रतिमा आराधना विधि–

प्रतिमा धारण की पात्रता–सयम की उत्कृष्ट आराधना करते हुए योग्यता प्राप्त गीतार्थ भिक्षु कर्मों की विशेष निर्जरा करने के लिए बारह भिक्षुप्रतिमाएँ स्वीकार करता है।

भिक्षुप्रतिमाओ की आराधना करने वाला मुनि प्रारम्भ के तीन सहनन (वज्र ऋषभ नाराच, ऋषभ नाराच, नाराच) मे से किसी एक सहनन वाला होना चाहिए। २० वर्ष की सयमपर्याय का धारक २९ वर्ष की आयु तथा जघन्य ९वे पूर्व की तीसरी आचारवस्तु का ज्ञाता होना चाहिए। प्रतिमा धारण के पूर्व अनेक प्रकार की साधनाएँ व अभ्यास भी किये जाते है। उनमे उत्तीर्ण होने पर प्रतिमा धारण के लिए गुरुजन आज्ञा देते है। अत वर्तमान मे इन भिक्षुप्रतिमाओ की आराधना नही की जा सकती है अर्थात् इनका विच्छेद माना गया है।

इस दशा मे बारह भिक्षुप्रतिमाओ के नाम कालमर्यादा के अनुसार दिये गये है। टीकाकार ने इनकी व्याख्या करते हुए यह स्पष्ट किया है कि "दो–मासिया, ति–मासिया" इस पाठ से "द्वितीया एकमासिकी, तृतीया एकमासिकी" इस प्रकार अर्थ करना चाहिए। क्योंकि इन प्रतिमाओं का पालन निरन्तर शीत और ग्रीष्मकाल के आठ मासो मे ही किया जाता है। चातुर्मास मे इन प्रतिमाओ का पालन नही किया जाता। पूर्व की प्रतिमाओ के एक, दो मास भी आगे की प्रतिमाओं मे जुड जाते है, अत "द्वि–मासिकी, त्रि–मासिकी" कहने का अर्थ इतना ही है कि दूसरी, तीसरी मासिक प्रतिमा। यदि ऐसा अर्थ न करे तो प्रथम वर्ष मे तीन प्रतिमा पालन करके छोडना होगा, दूसरे वर्ष में चौथी प्रतिमा पालन करके छोडना होगा, इस प्रकार बीच मे छोडते हुए पाँच वर्ष मे प्रतिमाओ की आराधना करना उचित नही कहा जा सकता। प्रत्येक प्रतिमाधारी मुनियो को सामान्य रूप से १६ नियम पालन योग्य है। इन नियमो के दो मुख्य उद्देश्य है–(१) शरीर की शुश्रूषा अर्थात् देह के प्रति ममत्व का त्याग, और (२) धैर्य व साहस के साथ नियमो की अनुपालना। १६ नियमो का सूचन अगले सूत्रो मे किया गया है–

Elaboration—Method of practicing *Bhikshu Pratima*—

Qualification to accept *Pratima*—While undergoing practice of spiritual discipline of highest degree a qualified and accomplished *Bhikshu*, in order to undertake special shedding of *karma*, practices twelve *pratimas* (special codes and resolutions) of a *Bhikshu* (an ascetic)

It is essential that a *Bhikshu* who wants to practice *Bhikshu Pratima*, should have any one of the first three built up of bodily joints (*Vajra Rishabh Narach, Rishabh Narach or Narach*) His period of *monkhood* should be at least twenty years and his age at least twenty nine years. He should have the knowledge of at least third *Acharvastu* of the ninth *Purva* Before starting a *Pratima*, many practices are undertaken. Only when one qualifies in them, the spiritual teacher (Guru) allows him to practice a *Pratima*. Therefore in present age these *Bhikshu Pratimas*

cannot be practiced. In other words they are no longer in existence at present.

In this *Dasha*, the names of the twelve *Bhikshu Pratimas* are in accordance with their duration. While explaining it, the commentator has mentioned that the words **'Do masiya, ti masiya'** in the scripture should be interpreted as 'second of one month duration' and 'third of one month duration' respectively because these *pratimas* are practiced continuously during all the eight months comprising of the winter season and the summer season These *pratimas* are not practiced in monsoon season (*chaturmas)* The periods of earlier *pratimas* viz one month, two month are added to the periods of later *pratimas* Therefore *dvi-masiki* means second *pratima* of one month duration and *tri-masiki* means third such *pratima* In case it is not interpreted in this way one shall have to stop after three *pratimas* in the first year, after fourth *pratima* in the second year and so on. Thus stopping in between, the practice of *pratimas* shall be completed in five years, which is not proper Every monk who is practicing *Pratimas* must observe sixteen rules The purpose of these rules is two fold (1) to discard care or attachment toward the body and (2) to follow the rules with patience and courage The detailed description of sixteen rules is given in the aphorisms ahead—

(१) प्रतिमाधारी की भिक्षा-विधि THE METHOD OF COLLECTING ALMS OF A MONK OBSERVING PRATIMAS

२. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पति एगा दत्ति भोयणस्स पडिगाहित्तए एगा पाणगस्स।

अण्णाय उञ्छं, सुद्धं, उवहडं, निज्जूहित्ता बहवे दुप्पय-चउप्पय-समण-माहण-अतिहि-किवण-वणीमग कप्पइ से एगस्स भुंजमाणस्स पडिगाहित्तए।

णो दुण्हं णो तिण्हं णो चउण्हं णो पंचण्हं णो गुव्विणीए णो बाल-वच्छए, णो दारगं पेज्जमाणीए, णो अंतो एलुयस्स दोवि पाए साहट्टु दलमाणीए, णो बहिं एलुयस्स दोवि पाए साहट्टु दलमाणीए, एगं पायं अंतो किच्चा एगं पायं बहिं किच्चा एलुयं विक्खंभइत्ता एवं दलयति एवं से कप्पति पडिगाहित्तए, एवं से नो दलयति एवं से नो कप्पति पडिगाहित्तए।

२. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी गृह-त्यागी साधु को एक दत्ति अन्न की और एक दत्ति पानी की लेना कल्पता है अर्थात् यह विहित आचार है। वह भी अज्ञात कुल से शुद्ध और थोडी मात्रा मे लेना चाहिए और जब मनुष्य, पशु, श्रमण (आजीवक आदि भिक्षु), ब्राह्मण, अतिथि, कृपण (याचक) और भिखारी लेकर चले जाये तब साधु को लेना चाहिए। जहाँ एक व्यक्ति के लिए भोजन बना हो वही से लेना

चाहिए। किन्तु जहाँ दो, तीन, चार या पाँच के लिए बना हो, तथा गर्भवती के लिए तथा बालवत्सा एवं बच्चे को स्तनपान कराने वाली के लिए बना हो। वहाँ से नही लेना। अथवा जो स्त्री बच्चे को दूध पिलाती हो उसके हाथ से भी नही लेना चाहिए। जिसके दोनो पैर देहली के भीतर हो या दोनों पैर उससे बाहर हों उससे भी नही लेना चाहिए। जो एक पैर देहली के भीतर और एक पैर देहली के बाहर रखकर अर्थात् देहली को दोनो पैरो के बीच मे कर भिक्षा दे उससे ही भिक्षा ग्रहण करना चाहिए। किन्तु जो इस प्रकार से न दे उससे नही लेना चाहिए।

2. A monk who has dıscarded hıs worldly connections and who is practıcıng *Masıkı Bhıkshu Pratıma* (practice of special restraints for one month) can accept only once gıven food and once given water as mentıoned ın the code and that also should be taken in small quantity from unknown famılıes He should go there for alms only after men, anımals, monks of other faiths, Brahmıns, guests, beggars and the lıke have left after takıng alms He should take food only from that place where ıt has been prepared for one person In case ıt has been prepared for two, three, four or five persons, or for a pregnant woman or for a woman who ıs provıdıng breast-feed to the child, he should not accept food from there He should also not take food from that woman who ıs provıdıng mılk to the chıld In case the person offerıng alms has both his feet ınsıde or outsıde the door-step, food should not be accepted from hım In case he offers keepıng one foot outside and one foot ınsıde, alms can be taken from that person But ıf he does not gıve ın that manner alms should not be taken from hım.

विवेचन : 'दत्ति' का अर्थ–वृत्तिकार ने 'दत्ति' की व्याख्या इस प्रकार की है–जब दाता साधु के पात्र मे अन्न या पानी देने लगे उस समय जब तक उस पदार्थ की अखण्ड धारा बनी रहे, तब तक उसका नाम 'दत्ति' है। धारा खण्डित होने पर 'दत्ति' समाप्त हो जाती है।

पहली प्रतिमा से सातवी प्रतिमा तक भिक्षु की एक–एक दत्ति बढती है। आठवी से बारहवी प्रतिमा तक दत्ति का कोई परिमाण नही कहा गया है। अत उन प्रतिमाओ मे पारणे के दिन आवश्यकतानुसार आहार–पानी की दत्ति ग्रहण की जा सकती है।

Elaboration—The meaning of word *'dattı'*—The commentator has ınterpreted *dattı* as follows when a donor ıs offerıng food or water, a contınuous pourıng of the substance from the hand of the donor to the pot of the *Bhıkshu* is one *dattı* When continuıty breaks, that *'datti'* ends

From first *pratıma* up to seventh *pratıma*, one *dattı* increases with every *pratıma* From eighth to twelfth *pratıma*, there ıs no specified limit of *dattıs* So on the day when the fast is broken, food and water can be taken accordıng to the need.

(२) प्रतिमाधारी का भिक्षाकाल SPECIFIC TIME OF COLLECTING ALMS BY BHIKSHU PRACTICING PRATIMA

३. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स तओ गोयरकाला पण्णत्ता। तं जहा–आदि मज्झ चरिमे।

(१) आदि चरेज्जा, नो मज्झे चरेज्जा, णो चरिमे चरेज्जा। (२) मज्झे चरेज्जा, नो आदि चरेज्जा, नो चरिमे चरेज्जा। (३) चरिमे चरेज्जा, नो आदि चरेज्जा, नो मज्झे चरेज्जा।

३. एकमासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार के भिक्षाचर्या के आदि, मध्य और चरम–ये तीन काल है–(१) उनमें से यदि आदि भाग मे भिक्षा के लिए जाय तो मध्य और चरम (अन्तिम) भाग मे न जाये। (२) यदि मध्य भाग मे जाये तो आदि व अन्तिम भाग मे न जावे। (३) यदि अन्तिम भाग मे जावे तो आदि और मध्य भाग मे न जावे।

3. These timings have been prescribed for a *Bhikshu* practicing month long *pratima* to collect alms namely the first, the middle and the last (part of the day)—1 In case he goes for alms in the first period, he should not go in the other two, (2) In case he goes in the second period, he should not go in the other two, (3) In case he goes in the third period, he should not go in the first and the middle period

(३) छह प्रकार की गोचरचर्या SIX TYPES OF METHOD OF COLLECTING ALMS (FOOD AND WATER)

४. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स छव्विहा गोचरिया पण्णत्ता। तं जहा–पेडा, अद्धपेडा गोमुत्तिया, पतंग–वीहिया, संवुक्कावट्टा, गत्तु पच्चागया।

४. एकमासिकी प्रतिमाधारी अनगार की छह प्रकार की गोचर–विधि कही है। जैसे–(१) पेटाकार, (२) अर्द्ध–पेटाकार, (३) गोमूत्रिकाकार, (४) पतगवीथिकाकार, (५) शखावर्ताकार, और (६) जाकर पुन प्रत्यावर्तन करते हुए।

4. The method of collecting alms by a *Bhikshu* practicing *Pratimas* is of six types namely—(1) *Petakaar*, (2) *Ardh-petakaar*, (3) *Go-mutrikakaar*, (4) *Patangveethikakaar*, (5) *Shankhavartakaar*, (6) On the way back.

विवेचन : भिक्षा के लिए दिन के तीन भाग इस प्रकार किये जा सकते हैं–यदि १२ घण्टो का दिन हो तो ४–४ घण्टो के आदि, मध्य व अन्तिम यो तीन विभाग करे। इन तीन विभागो मे से किसी एक विभाग मे ही भिक्षाचरी ग्रहण करना तथा खाना कल्पता है।

गोचरी के लिए भ्रमण करने के छह प्रकारो मे से किसी एक प्रकार से गोचरी करने का अभिग्रह करके वह उसी प्रकार से भ्रमण करता है।

भिक्षाचरी से सम्बन्धित छह प्रकार के अभिग्रह इस प्रकार है–(१) पेटा–भिक्षा मार्ग पेटी की तरह होने पर, चतुष्कोण भ्रमण करना, (२) अर्धपेटा–दो कोणो पर भ्रमण करना, (३) गोमूत्रिका–गोमूत्र धार की तरह आडे–

तिरछे भ्रमण करते हुए गोचरी करना, (४) पतंग वीथिका–पतगा उडकर चलता है, उसी प्रकार बीच–बीच में घरो को छोडते हुए भ्रमण करना, (५) शम्बूकावर्ता–शंख के समान आवर्तन करते (घूमते) हुए गोचरी करना, (६) जाकर प्रत्यावर्तन करना–पहले गली के अन्तिम छोर पर जाकर वापस दूसरी ओर लौटकर आना।

Elaboration—A day can be divided into three parts for the purpose of collecting alms. In case the day is of 12 hours, the three parts shall be first four hours, second four hours, and last four hours The monk can go for alms only durıng any one part of four hours of the said three parts and consume accordingly.

He decides ın mind to adopt one specıfic method out of the six prescribed methods for movıng about in search of alms, and than moves accordingly

The sıx types concernıng movement in search of alms are as under : **(1) *Peta***—The path between the houses where from alms can be collected ıs lıke sıdes of a quadrılateral, and he wanders around the four corners. **(2) *Ardh-peta***—To move only up to two corners of the quadrılateral, **(3) *Go-mutrika***—To move lıke the flow of urine off a cow in a slantıng manner, **(4) *Patang Veethika***—A moth flıes and moves So whıle collectıng alms, to leave some houses ın between, **(5) *Shambukavarta***—To move spırally for alms lıke the shape of a conch shell, (6) **On the way back**—To reach the end of the street and then collect alms only on return

(४) वसतिवास काल PERIOD OF STAY

५. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स जत्थ णं केइ जाणइ कप्पइ से तत्थ एगराइयं वसित्तए।

जत्थ णं केइ न जाणइ कप्पइ से तत्थ एगरायं वा दुरायं वा वसित्तए। नो से कप्पइ एगरायाओ वा दुरायाओ वा परं वत्थए। जे तत्थ एगरायाओ वा दुरायाओ वा परं वसति से संतराछेदे वा परिहारे वा।

५. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार को जहाँ कोई जानता हो वहाँ वह एक रात्रि रह सकता है और जहाँ उसको कोई नही जानता हो, वहाँ वह एक या दो रात्रि रह सकता है, किन्तु एक या दो रात्रि से अधिक रहना उचित नही है।

एक या दो रात से अधिक जो जितने दिन रहता हो उसको उतने दिनो का छेद अथवा तप का प्रायश्चित्त लेना चाहिए।

5. A *Bhıkshu* practicing *Masıkı Pratıma* can stay for one night at a place where some one knows him and for one or two nights at a place where no one knows hım. But ıt ıs not proper for hım to stay for more than two nıghts.

In case he stays for more than one or two nights he should accept punishment of reduction in his ascetic period by the number of days spent in excess or of undergoing austerities accordingly.

(५) भाषा-विधि LANGUAGE OF MONK PRACTICING *PRATIMA*

६. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पति चत्तारि भासाओ भासित्तए। तं जहा—(१) जायणी, (२) पुच्छणी, (३) अणुण्णवणी, (४) पुट्ठस्स वागरणी।

६. मासिक भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार को चार भाषाएँ बोलना कल्पता है। जैसे-(१) **याचनी**—आहारादि के लिए, याचना करने के लिए (२) **पृच्छनी**—मार्गादि के विषय में पूछने के लिए, (३) **अनुज्ञापनी**—स्थानादि की आज्ञा लेने के लिए, और (४) **पृष्ठ व्याकरणी**—प्रश्न का उत्तर देने के लिए।

6. A *Bhikshu* practicing *Masiki Pratima* can speak four types of language · **(1)** ***Yachana***—To ask for alms, **(2)** ***Prachhani***—To inquire about the way leading to some place, **(3)** ***Anujapani***—To seek permission for a place of stay, and **(4)** ***Prishth Vyakarni***—To reply to a question.

(६) कल्पनीय उपाश्रय PRESCRIBED PLACE OF STAY

७. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पइ तओ उवस्सया पडिलेहित्तए। तं जहा—(१) अहे आरामगिहंसि वा, (२) अहे वियडगिहंसि वा, (३) अहे रुक्खमूलगिहंसि वा।

मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पति तओ उवस्सया, (१) अहे आरामगिहंसि वा, (२) अहे वियडगिहंसि वा, (३) अहे रुक्खमूलगिहंसि वा। अणुण्णवेत्तए। उवाइणित्तएय तं चेव।

७. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार को तीन प्रकार के उपाश्रय (ठहरने का स्थान) प्रतिलेखन करना, उनकी आज्ञा लेना और वहाँ ठहरना कल्पता है। जैसे-(१) उद्यानगृह (उद्यान मे बने घर), (२) चारो ओर से खुले तथा ऊपर से आच्छादित गृह, तथा (३) वृक्ष के नीचे या वहाँ बने हुए गृह।

7. A monk practicing *Masiki Bhikshu Pratima* can accept any of the three types of places after properly looking into them, and seeking permission thereof Those places are—(1) houses built in gardens, (2) a house open from all sides but covered at the top, and (3) Under a tree or a house made under a tree

(७) कल्पनीय संस्तारक PRESCRIBED BED AND BEDDING

८. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पति तओ संथारगा पडिलेहित्तए। तं जहा—(१) पुढवीसिलं वा, (२) कट्ठसिलं वा, (३) अहासंथडमेव वा संथारगं। एवं तओ संथारगा अणुण्णवेत्तए, उवाइणित्तए, य।

८. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार को तीन प्रकार के संस्तारक-(१) पृथिवी की शिला, (२) लकडी का पाट (काष्ठ-फलक), और (३) यथासंसृत-(पहले से जैसा बिछा हो) संस्तारकों की प्रतिलेखना (गवेषणा) करना, उनके लिए आज्ञा लेना और उनको ग्रहण करना कल्पता है।

8. A *Bhikshu* practicing *Masiki Bhikshu Pratima* can accept any of the three types of bed namely—(1) a slab of stone, (2) a bed of wood, and (3) a bedding already spread. He should then minutely examine them, take permission for their use, and thereafter accept them.

(८) स्त्री-पुरुष का उपसर्ग SUFFERING CAUSED BY MAN OR WOMAN

९. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स इत्थी वा पुरिसे वा उवस्सयं उवागच्छेज्जा, णो से कप्पति तं पडुच्च निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

९. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी मुनि के उपाश्रय मे यदि कोई स्त्री या पुरुष आ जावे तो उनको देखकर उपाश्रय के बाहर जाना और बाहर से भीतर आना नही कल्पता है। अर्थात् वहाँ तटस्थ भाव से स्वाध्याय लीन रहना चाहिए।

9. In case any man or woman comes to the place where the *Bhikshu* practicing *Masiki Bhikshu Pratima* is staying, after seeing them he should neither go inside nor go out He should remain absorbed in scriptural study in an impartial manner

(९) अग्नि का उपसर्ग SUFFERING DUE TO FIRE

१०. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स केइ उवस्सयं अगणिकाएणं झामेज्जा णो से कप्पति तं पडुच्च निक्खमित्तए पविसित्तए वा। तत्थ णं केइ बाहाए गाहाय आगसेज्जा नो से कप्पति तं अवलंबित्तए पलंबित्तए वा, कप्पति अहारियं रिइत्तए।

१०. यदि कोई व्यक्ति प्रतिमाधारी अनगार के उपाश्रय को अग्निकाय से जलाये तो मुनि को अग्नि के प्रकोप से डरकर उपाश्रय से बाहर नही निकलना चाहिए और यदि बाहर हो तो भीतर नहीं आना चाहिए। किन्तु यदि कोई उसकी भुजा पकडकर बलपूर्वक उसे खीचे तो खींचने वाले का अवलम्बन और प्रलम्बन करना (उसका प्रतिरोध करना) योग्य नही, अपितु ईर्यासमिति के अनुसार यथाविधि बाहर निकल जाना चाहिए।

10. In case a person puts on fire the *Upashraya* (place of stay) where monk practicing *Bhikshu Pratima* is staying, he should not come out from there out of fear caused by dangerous fire. In case he is outside, he should not go inside. But in case some one forcibly pulls him by the arm, he should not oppose him. He should rather go out observing the prescribed rules of *Irya Samiti* (movement)

(१०) काँटा आदि निकालने का निषेध RESTRICTION OF PULLING OUT A THORN

११. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स पायंसि खाणू वा कंटए वा हीरए वा सक्करए वा अणुपवेसेज्जा नो से कप्पइ नीहरित्तए वा विसोहित्तए वा, कप्पति से अहारियं रियत्तए।

११. प्रतिमाधारी साधु के पैर में यदि लकडी का तीक्ष्ण ठूँठा, काँटा, काँच अथवा कंकर आदि लग जाये तो उसको निकालना या विशुद्ध (मलहम आदि) करना नही कल्पता, प्रत्युत ईर्यासमिति के अनुसार चलते रहना चाहिए।

11. In case any sharp splınter of wood, a thorn, a piece of glass or a sharp piece of stone gets stuck ınto the foot of the monk practicing *Bhikshu Pratıma*, he should not take it out He should not apply any ointment on ıt. He should rather go on movıng accordıng to prescrıbed procedure of *Irya Samıtı*

(११) आँख मे गिरी धूल आदि निकालने का निषेध RESTRICTION OF REMOVING DUST AND THE LIKE FROM THE EYE

१२. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स अच्छिंसि पाणाणि वा बीयाणि वा रए वा परियावज्जेज्जा, नो से कप्पति नीहरित्तए वा विसोहित्तए वा, कप्पति से अहारियं रिइत्तए।

१२. प्रतिमाधारी साधु की आँखो मे यदि कोई सूक्ष्म जीव, बीज या धूल रजकण पड जाये तो उसे निकालना अथवा विशोधन करना–(जल आदि से धोना) नही कल्पता है, किन्तु ईर्यासमिति के अनुसार गमन क्रिया मे प्रवृत्त रहना चाहिए।

12. In case any minute lıvıng beıng, seed or dust particle enters the eye of a monk practıcing *Bhıkshu Pratıma*, he should neıther take ıt out nor clean or wash the eye He should contınue wandering according to the prescribed procedure for *Irya Samitı*

विवेचन : इस नियम का भाव स्पष्ट करते हुए वृत्तिकार ने बताया है–प्रतिमाधारी भिक्षु को आँख मे से त्रस प्राणी निकालने का निषेध किया गया है, इस नियम मे भी शरीर के प्रति निरपेक्षता एव सहनशीलता का ही लक्ष्य है। भिक्षु उस प्राणी के जीवित रहने तक आँखो की पलके भी नही पडने देता है, जिससे वह स्वय निकल जाता है। यदि वह नही निकल पा रहा हो तो जीव की अनुकम्पा दृष्टि से प्रतिमाधारी भिक्षु निकाल सकता है। आगे १५वे नियम मे कहा है–मार्ग मे पशु भयभीत हो तो मार्ग छोड सकता है। इस प्रकार इन नियमो मे प्रतिमाधारी के दृढ मनोबली और कष्ट-सहिष्णु होते हुए शरीर के ममत्व व शुश्रूषा का त्याग करना सूचित किया गया है। इनमे जीवरक्षा का अपवाद स्वत समझ लेना चाहिए।

Elaboration—Clarıfying the underlyıng purpose ın this rule, the commentator states, 'A mobıle lıvıng beıng ıs not permıtted to be removed from the eyes of a *Bhıkshu* who ıs practicıng *pratima*. The object is to avoıd specıal attentıon towards the body and enhance forbearance The practicing monk does not even close his eyelids so that

the live mobile being may come out on its own. In case it is not able to come out, the compassionate approach is that the monk may help it come out. In the fifteenth rule it is mentioned that he should leave the path in case any animal feels afraid of him. Thus in these rules, it has been informed that a *Bhikshu* practicing *pratima* has a strong mind, great capacity of endurance in sufferings, and detachment for his body. Exceptions directed at protection of living beings should automatically be incorporated.

(१२) सूर्यास्त होने पर विहार का निषेध AVOIDING TRAVEL AFTER SUNSET

१३. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स जत्थेव सूरिए अत्थमेज्जा तत्थ एव जलंसि वा थलंसि वा दुग्गंसि वा निण्णंसि वा पव्वयंसि वा विसमंसि वा गड्डाए वा दरीए वा कप्पति से तं रयणिं तत्थेव उवायणावित्तए नो से कप्पति पदमवि गमित्तए। कप्पति से कल्लं पाउप्पभाए रयणीए जाव जलंते पाईणाभिमुहस्स वा दाहिणाभिमुहस्स वा पडीणाभिमुहस्स वा उत्तराभिमुहस्स वा अहारियं रिइत्तए।

१३. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी साधु को विहार करते हुए मार्ग में (ठहरने का उचित स्थान न मिलने पर) जहाँ पर सूर्यास्त हो जाय वही ठहर जाना चाहिए, चाहे वहाँ जल (शुष्क जलाशय) हो, स्थल हो, दुर्गम (जगल) स्थान हो, निम्न स्थान हो, पर्वत हो, विषम स्थान हो, गर्त्त (गड्ढा) हो या गुफा हो, उसको सारी रात्रि वही पर व्यतीत करनी चाहिए। किन्तु वहाँ से एक कदम भी आगे बढना उचित नही। रात्रि समाप्त होने पर प्रात काल सूर्योदय के अनन्तर पूर्व, दक्षिण, पश्चिम या उत्तर किसी भी दिशा की ओर ईर्यासमिति के अनुसार गमन करना कल्पता है।

13. A monk practicing *Bhikshu Pratima* should at once stop where he arrives at sunset (in case he could not earlier find a suitable place for stay) It is immaterial whether that place is a dried up pond, an open land, a dreadful forest, a low land, a mountain, an uneven place, a ditch or a cave. He should spend the whole night there It is not proper for him to move even a step further during the night When the night ends and the sun rises he can go in any direction, east, south, west or north, following the code of movement

निद्रा निषेध AVOIDING SLEEP

१४. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स णो से कप्पइ अणंतरहियाए पुढवीए निद्दाइत्तए वा पयलाइत्तए वा। केवली बूया आदाणमेयं। से तत्थ निद्दायमाणे वा पयलायमाणे वा हत्थेहिं भूमिं परामुसेज्जा। अहाविधिमेव ठाणं ठाइत्तए निक्खमित्तए।

उच्चार–पासवणेणं उप्पाइज्जा नो से कप्पति उगिण्हित्तए वा। णिगिण्हित्तए वा। कप्पति से पुव्वपडिलेहिए थंडिले उच्चार–पासवणं परिट्ठावित्तए तमेव उवस्सयं आगम्म अहाविहि ठाणं ठाइत्तए।

१४. उक्त स्थिति में मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार यदि सचित्त पृथ्वी के निकट ठहरा हो तो वहीं पर निद्रा लेना या ऊँघना नही कल्पता है। क्योंकि केवली भगवान इसको कर्म-बन्धन का कारण बताते हैं। वे कहते हैं कि भिक्षु वहाँ पर निद्रा लेता हुआ या ऊँघता हुआ अपने हाथो से यदि भूमि का स्पर्श करेगा, तो उससे पृथ्वीकाय के जीवों की हिंसा अवश्य होगी। अत. यथाविधि निर्दोष स्थान पर ही रहना चाहिए या वहाँ से अन्यत्र किसी स्थान को चल देना चाहिए।

यदि वहाँ पर ठहरे हुए मुनि को मल या मूत्रोत्सर्गादि की शंका उत्पन्न हो जाये तो उसको उचित है कि किसी पूर्व प्रतिलेखित स्थान पर मल-मूत्र का उत्सर्ग करे किन्तु मल-मूत्र के वेग को रोकना नहीं चाहिए। पुनः उसी स्थान पर आकर सावधानीपूर्वक स्थिर रहकर कायोत्सर्गादि क्रिया करे।

14. Under above mentioned circumstances a *Bhıkshu* practicing *Masıkı Pratıma* is not entitled to sleep or doze ın case he is stayıng near lıfe-bearıng land because the omniscient calls it a cause of *karma* bondage. The *Kevalı* says there shall certaınly be violence to earth-bodıed lıvıng beings ın case the monk touches the earth while sleeping or dozıng Therefore, he should according to the prescrıbed code, stay only at a faultless place and should not go to any other place from there.

In case the monk who is staying there has an urge for nature's call, ıt ıs proper for hım to do so at a place that has been properly examıned by hım earlier. But he should not in any way stop that urge Thereafter, he should return to the same place and carefully engage himself ın spırıtual actıvıties such as meditatıon (*Kayotsarg*)

(१३) रजयुक्त शरीर से गोचरी निषेध AVOIDING GOING FOR ALMS WHEN BODY IS COVERED WITH DUST

१५. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स नो कप्पति ससरक्खेणं काएणं गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

अह पुण एवं जाणेज्जा ससरक्खे से अत्ताए वा जल्लत्ताए वा मल्लत्ताए वा पंकत्ताए वा विद्धत्थे से कप्पति गाहावतिकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

१५. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी अनगार को मार्ग चलते हुए शरीर पर सचित्त रज लग गई हो तो गृहस्थ के घर मे भोजन अथवा पानी के लिए जाना-आना नही कल्पता। यदि वह जान जाय कि सचित्त-रज प्रस्वेद (पसीना) से, शरीर के मल से, हाथो के मल से अथवा प्रस्वेद-जनित-मल से सूख गई या नष्ट हो गयी है, तो उसको गृहपति के घर में भोजन या पानी के लिए जाना-आना कल्पता है।

15. In case lıfe-bearing dust has stuck to the body of the monk practicing *Bhıkshu Pratima* while moving about, he should not go to the house of any person for collecting food or water as alms. In case he comes to know that the animate dust has dried up or has been destroyed by

perspiration from the body, slime of the body, slime of the hands or the slime produced by the perspiration, he can go to the householder for collecting food or water as alms.

(१४) अग प्रक्षालन–निषेध RESTRICTION OF WASHING PARTS OF THE BODY

१६. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स नो कप्पति सीओदग–वियडेण वा उसिणोदग–वियडेण वा हत्थाणि वा पायाणि वा दंताणि वा अच्छीणि वा मुहं वा उच्छोलित्तए वा पधोइत्तए वा। णण्णत्थ लेवालेवेण वा भत्तमासेण वा।

१६. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी साधु को अचित्त शीतल जल अथवा गरम पानी से हाथ, पैर, दाँत, आँखे या मुख एक बार अथवा बार–बार नही धोने चाहिए। किन्तु यदि कोई अशुद्ध वस्तु अथवा अन्नादि लग जाने पर मुख, हाथ आदि अवयव लिप्त हो गये हो तो वह उनको पानी से शुद्ध कर सकता है।

16. A monk practicing *Masiki Bhikshu Pratima* should not wash his hands, feet, teeth, eyes or face with non-life-bearing cold or hot water once or repeatedly But in case his face, hand or any part of the body is smeared with any impure matter or food and the like, he can clean it with water

(१५) पशुओ से भयभीत होने का निषेध AVOID FEAR FROM ANIMALS

१७. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स नो कप्पति आससस्स वा हत्थिस्स वा गोणस्स वा महिसस्स वा कोलसुणगस्स वा सुणस्स वा वग्घस्स वा दुट्ठस्स ग आवदमाणस्स पयमवि पच्चोसक्कित्तए। अदुट्ठस्स आवदमाणस्स कप्पति जुगमित्तं पच्चोसक्कित्तए।

१७. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी साधु के सामने यदि गमन करते समय मदोन्मत्त हाथी, घोडा, वृषभ, महिष, वराह, कुत्ता या व्याघ्र आदि दुष्ट पशु आ जाये तो उसको उनसे डरकर एक कदम भी पीछे नही हटना चाहिए। किन्तु यदि कोई दुष्टतारहित पशु स्वाभाविक ही सामने आ जाये और वह साधु से डरता हो तो साधु को चार हाथ तक पीछे हट जाना चाहिए।

17. During the wanderings, if a monk practicing *Masiki Bhikshu Pratima* comes across an intoxicated elephant, horse, bullock, buffalo, wild boar, dog, wolf or the like, he should not move even one step backwards out of fear. But in case an animal that is not dreadful comes in front naturally and is afraid of the monk, he should move backwards up to four *Haath* (about four and a half feet)

(१६) सदी–गर्मी सहन करें ENDURING HEAT AND COLD

१८. मासियं णं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स नो कप्पति छायाओ सीयंति नो उण्हं इयत्तए, उण्हाओ उण्हंति नो छायं इयत्तए। जं जत्थ जया सिया तं तत्थ तया अहियासए।

१८. मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी साधु को शीत के भय से शीत स्थान से उठकर उष्ण स्थान मे और गर्मी के भय से उष्ण (धूप) स्थान से शीत (छायायुक्त) स्थान पर नही जाना चाहिए। किन्तु वह जिस समय जहाँ पर हो, जैसा हो उस समय वही पर शीत या उष्ण परीषह सहन करना चाहिए।

18. A monk practicing *Bhıkshu Pratıma* for a month should not move from a cold place to a hot place out of fear of cold. He should also not move from a hot place to a cold place out of fear of heat But he should stay at the place where he was already present and patıently bear the suffering caused by cold or heat as the case may be.

१९. एवं खलु एसा मासियं भिक्खुपडिमं अहासुत्तं, अहाकप्पं, अहामग्गं, अहातच्चं, सम्मं काएणं फासित्ता, पालित्ता, सोहित्ता, तीरित्ता, किट्टइत्ता, आराहित्ता, आणाए अणुपालिया भवइ।

१९. इस प्रकार यह मासिकी भिक्षुप्रतिमा यथासूत्र (सूत्र के अनुसार), यथाकल्प (कल्पानुसार), यथामार्ग (मोक्षमार्ग के अनुसार), यथातथ्य (जैसे कहा है उसी अनुसार) सम्यक्तया काय से स्पर्श कर, उपयोगपूर्वक पालन कर, अतिचारो से शुद्ध कर, पूर्ण कर, जिन कथित मार्ग की वाणी द्वारा स्तुति करते हुए आज्ञा के अनुसार अनुपालना–आराधना की जाती है।

19. Thus he should practıce *Masıkı Bhıkshu Pratıma* strıctly as laid down ın the scriptures, wıth the prescrıbed lımitatıon, conforming to the path of salvation, and as stated by *Tirthankar* He should exhibit proper care ın these practıces and should repent and seek pardon for mınor transgressıons ıf any He should complete the practıces, praıse the saıd order of *Tırthankar*s and follows their order

अन्य भिक्षु प्रतिमाएँ OTHER BHIKSHU PRATIMAS

२०. दोमासियं भिक्खुपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स निच्चं वोसट्ठकाए जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ। नवरं दो दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहित्तए दो पाणस्स॥२॥

तिमासियं तिण्णि दत्तीओ॥३॥ चत्तारि मासियं चत्तारि दत्तीओ॥४॥ पंचमासियं पंच दत्तीओ॥५॥

छमासियं छ दत्तीओ॥६॥ सत्तमासियं सत्त दत्तीओ॥७॥ जेत्तिया मासिया तेत्तिया दत्तीओ।

२०. द्वि–मासिकी भिक्षुप्रतिमाधारी शरीर के मोह से रहित अनगार प्रतिदिन केवल दो दत्तियाँ आहार की और दो दत्तियाँ पानी की ग्रहण करता है। इसी प्रकार त्रिमासिकी, चातुर्मासिकी, पञ्चमासिकी, षण्मासिकी और सप्तमासिकी भिक्षुप्रतिमाओ मे मुनि क्रमश तीन, चार, पाँच, छह और सात दत्तियाँ अन्न की और सात दत्तियाँ पानी की ग्रहण कर सकता है।

20. A *Bhikshu* observing *Dvı-masık Bhıkshu Pratıma*, who ıs non-attached to his body, accepts only two offerings of food and two offerings of water every day Similarly durıng *Trı-masıkı*, *Chatur-masıkı*, *Panch-*

masiki, Shat-masiki and Sapt-masiki Bhikshu Pratimas he can accept up to two, three, four, five, six and seven offerings respectively.

सात रात–दिन की प्रथम (आठवीं) प्रतिमा FIRST SEVEN DAY-NIGHT PRATIMA

२१. पढमा सत्तराइंदिया भिक्खुपडिमा पडिवन्नस्स अणगारस्स निच्चं वोसट्ठकाए जाव अहियासेइ। कप्पइ से चउत्थेणं भत्तेणं अपाणएणं बहिया गामस्स वा जाव, रायहाणीए वा, उत्ताणस्स वा, पासिल्लगस्स वा नेसिज्जयस्स वा ठाणं ठाइत्तए।

तत्थ दिव्वं माणुस्सं तिरिक्ख–जोणिया उवसग्गा समुज्जेज्जा। ते णं उवसग्गा पयलेज्ज वा पवडेज्जा वा, णो से कप्पइ पयलित्तए वा पयडित्तए वा।

तत्थ णं उच्चार–पासवणं उब्बाहिज्जा, णो से कप्पइ उच्चार–पासवणं उगिण्हित्तए वा। णिगिण्हित्तए वा कप्पइ से पुव्वपडिलेहियंसि थंडिलंसि उच्चार–पासवणं परिठवित्तए, अहाविहिमेव ठाणं ठाइत्तए।

एवं खलु एसा पढमा सत्तराइंदिया भिक्खुपडिमा अहासुयं जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ।*

२१. पहली सात रात्रि और सात दिन की भिक्षु–प्रतिमाधारी अनगार को शरीर सम्बन्धी किंचित् भी मोह नही होता, वह समस्त परीषहो को सहन करता है। उसको उचित है कि वह निर्जल उपवास करके ग्राम यावद्–राजधानी के बाहर उत्तान आसन पर (चित्त लेटना) पार्श्व आसन पर या निषद्य आसन (पालथी मारकर बैठना) पर कायोत्सर्गादि करे।

यदि वहाँ देव, मनुष्य या तिर्यंच सम्बन्धी उपसर्ग उपस्थित होकर बाधा पहुँचाएँ तो अनगार को ध्यान से विचलित या पतित होना उचित नहीं।

यदि साधनाकाल में मल और मूत्र की शका उत्पन्न हो जाये तो उसको रोकनी नही चाहिए, किन्तु किसी पहले देखे हुए निर्दोष स्थान पर उनका उत्सर्ग (त्याग) कर यथाविधि अपने आसन पर आकर कायोत्सर्गादि क्रियाओ मे स्थिर रहना चाहिए।

इस प्रकार यह पहली सात रात–दिन की प्रतिमा सूत्रो मे बताये अनुसार जिनेश्वर देव की आज्ञा के अनुसार पालन की जाती है।

21. The monk does not have any attachment for his body during the first *pratima* where duration is seven days and seven nights. He calmly endures all the sufferings. It is proper for him that while observing complete fast (without water) he assumes *uttanasan, parshvasan* or *nishadyasan* (yogic postures) and remains in *Kayotsarg* (meditation) outside the village or the town concerned

Even if any suffering is caused by celestial beings, human being or animals, it is not proper for him to get disturbed in meditation or withdraw from meditation.

In case he gets a call of nature during this practice, he should not stop that urge but he should go to the suitable place earlier examined by him for that purpose and thereafter he should return to his place as prescribed and stabilize himself in meditation and the like.

Thus he should practice this first seven days practice strictly according to scriptures as ordained by *Tirthankar*.

सात रात–दिन की दूसरी–तीसरी प्रतिमा (९–१०वीं प्रतिमा)

SECOND SEVEN DAY-NIGHT PRATIMA

२२. एवं दोच्चा सत्तराइंदिया यावि। नवरं दंडायइयस्स वा लगडसाइस्स वा उक्कुडुयस्स वा ठाणं ठाइत्तए सेसं तं चेव जाव अणुपालित्ता भवइ।

एवं तच्चा सत्तराइंदिया यावि। नवरं गोदोहियाए वा वीरासणियस्स वा अंबखुज्जस्स वा ठाणं ठाइत्तए तं चेव जाव अणुपालित्ता भवइ।

२२. इसी प्रकार दूसरी सात दिन–रात की भिक्षुप्रतिमा है। विशेषता केवल इतनी है कि इस प्रतिमा के आराधनाकाल मे दण्डासन, लगुडासन और उत्कुटुकासन मे स्थित होकर ध्यान किया जाता है। शेष सब नियम पहले कही हुई प्रतिमाओ के समान जान लेने चाहिए। उन सब नियमो के साथ ही इसका पालन किया जाता है।

इसी प्रकार तीसरी सात दिन–रात की प्रतिमा के विषय मे भी जानना चाहिए। इसमे यह विशेषता है कि कायोत्सर्गादि क्रियाएँ गोदोहनिकासन, वीरासन और आम्र–कुब्जासन से स्थिर होकर की जाती है। शेष सब पूर्ववत् इसका पालन किया जाता है।

22. The second seven day-night *pratima* is also similar to it the only difference is that in this practice meditation is done in *dandasan* or *lagudasan* or *utkatukasan* (yogic postures) All the other rules are identical to those meant for earlier practices It should be strictly followed fully observing all the prescribed rules

The third seven day-night *pratima* is also similar to earlier one with the only difference that activities relating to meditation are done in *godohanikasan* or *veerasan* or *amrakubjasan* (yogic postures) All else is practiced as earlier mentioned.

विवेचन : इन भिक्षुप्रतिमाओं मे पहली से सातवी प्रतिमा तक उपवास आदि तपस्या का कोई आवश्यक नियम नहीं है, साधक इच्छानुसार तप कर सकता है। आठवी, नवमी और दसवी प्रतिमा तीनो प्रतिमा एक–एक सप्ताह की है। तीन सप्ताह तक एकान्तर उपवास करना आवश्यक होता है तथा पारणे मे आयबिल किया जाता है। दत्ति सख्या की मर्यादा को छोडकर भिक्षा के व अन्य सभी नियम पूर्व प्रतिमाओ के समान होते है। उपवास

के दिन चारो आहार का त्याग करके सूत्रोक्त किसी एक आसन से ग्रामादि के बाहर पूर्ण दिन-रात स्थिर रहना होता है। तीनो प्रतिमाओ मे केवल आसन का अन्तर होता है।

आठवीं से दसवीं प्रतिमा तक तीन-तीन विशेष प्रकार के आसनो का विधान है। आठवी और नवमी प्रतिमा का प्रथम आसन "उत्तानासन" और "दंडासन" है। इन दोनो मे आकाश की तरफ मुख करके सोया जाता है, किन्तु इनमे अन्तर यह है कि उत्तानासन मे हाथ-पाँव आदि फैलाये हुए या अन्य किसी भी अवस्था मे रह सकते है और दंडासन मे मस्तक से पाँव तक पूरा शरीर दण्ड के समान सीधा लम्बा रहता है और हाथ-पैर अन्तररहित रहते हैं।

इसी प्रकार उक्त दोनो प्रतिमाओ का द्वितीय आसन 'एक पार्श्वासन' और 'लकुटासन' है। इन दोनो आसनो मे एक पसवाडे (करवट) से सोया जाता है किन्तु इनमे अन्तर यह है कि "एक पार्श्वासन" में भूमि पर एक पार्श्व भाग से सोना होता है और लकुटासन मे करवट से सोकर मस्तक एक हथेली पर टिकाकर और पाँव पर पाँव चढाकर लेटे रहना होता है। इस प्रकार इसमे मस्तक और एक पाँव भूमि से ऊपर रहता है।

दोनो प्रतिमाओ का तृतीय आसन "निषद्यासन" और "उत्कुटुकासन" है। ये दोनो बैठने के आसन है। निषद्यासन मे पालथी लगाकर पर्यंकासन से सुखपूर्वक बैठा जाता है और "उत्कुटुकासन" मे दोनों पाँवो को समतल रखकर उन पर पूरे शरीर को रखते हुए बैठना होता है। यह गुरुवदन का आसन है।

(ख) हे आयुष्मन् श्रमणो ! वह निर्ग्रन्थ (इस प्रकार का) निदान करके उस निदान सम्बन्धी संकल्प की आलोचना (निन्दा-गर्हा) एव प्रतिक्रमण (प्रायश्चित्त) किये बिना मृत्यु के समय देह छोडकर महान् ऋद्धि वाले, महाद्युति वाले, महाबल वाले, महायश वाले, महासुख वाले, महाप्रभा वाले, दूर व शीघ्र गमन की शक्ति वाले, दीर्घकालीन स्थिति वाले किसी देवलोक मे देव रूप मे उत्पन्न होता है।

वह वहाँ महान् ऋद्धि–सम्पन्न देव होता है यावत् देव सम्बन्धी भोगो को भोगता हुआ विचरता है। फिर वह वहाँ की आयु (आयुष्य कर्म), भव (देव आदि सम्बन्धी भव) और स्थिति (काल मर्यादा) के क्षय होने से उस देवलोक से च्युत होकर शुद्ध मातृ–पितृ पक्ष वाले उग्रकुल या भोगकुल मे से किसी एक कुल में पुत्र रूप मे उत्पन्न होता है।

वहाँ वह बालक सुकुमार हाथ–पैर वाला, शरीर तथा पाँचो इन्द्रियो से प्रतिपूर्ण, शुभ लक्षण–व्यजन–गुणों से युक्त, चन्द्रमा के समान सौम्य, कान्त–प्रिय दर्शन वाला और सुन्दर रूप वाला होता है। बाल्यकाल बीतने पर तथा बुद्धि का विकास होने पर वह बालक क्रमशः यौवन को प्राप्त होता है। उस समय वह स्वय पैतृक (पुरखो की) सम्पत्ति का अधिकारी बन जाता है।

फिर वह जब कहीं जाता–आता है तो आगे छत्र, झारी आदि लेकर अनेक दासी–दास–नौकर, चाकर चलते है यावत् एक को बुलाने पर उसके सामने चार–पाँच बिना बुलाये ही आकर खडे हो जाते हैं और (हाथ जोडकर) पूछते है कि "हे देवानुप्रिय ! कहो हम क्या करे यावत् आपको कौन से पदार्थ अच्छे लगते है ?"

[प्र.] क्या इस प्रकार की ऋद्धि–सम्पन्न (सुख–भोग मे निमग्न) उस पुरुष को तप–सयम के मूर्त्त रूप श्रमण माहण प्रातः या सध्या दोनो समय केवलिप्ररूपित धर्म का उपदेश करते है ?

[उ.] हाँ, ऐसा सम्भव है।

[प्र.] क्या वह उस धर्म को सुनता है ?

[उ.] यह सम्भव नही है, क्योंकि वह उस धर्म को सुनने के योग्य नही है।

क्योकि वह उत्कट (असीम) इच्छाओ वाला, बडे–बडे आरम्भ–समारम्भ करने वाला धर्महीन होकर मृत्यु प्राप्त कर दक्षिण दिशावर्ती (महावेदना वाले) नरक मे कृष्ण पाक्षिक नैरयिक रूप मे उत्पन्न होता है, तथा भविष्य मे उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति भी दुर्लभ होती है।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! इस प्रकार उस निदानशल्य का यह अत्यन्त पापकारी कटु परिणाम है कि उस आत्मा मे केवलिप्रज्ञप्त धर्म को श्रवण करने की योग्यता/पात्रता भी नही रहती।

(b) "O the blessed monks ! After the *nidan*, that *nirgranth*, without repenting for it, without criticizing it, leaves his mortal body at the time of his death and is re-born as a celestial being in heaven He has great wealth, brightness, power, fame, pleasures, shine and energy of covering long distances quickly His life-span in the heaven is fairly long."

He is a celestial being having great wealth and enjoys the pleasures of heavenly existence After completing the life-span of heavenly existence, he takes birth in family of good status namely *Ugra kul* or *Bhog kul*.

There that child has soft hands and feet He has all the five sense organs and good signs on his body He possesses good qualities He is

beautiful like the moon, loveable, worthy to be seen and very attractive. After passing through the childhood, when his intellect develops and gradually he attains puberty, he becomes master of his parental property

Then wherever he goes, the servants, employees and the maids move ahead of him holding umbrella, water-pots and the like. When he calls any one of them four or five servants come to him on their own, greet him and ask— "O the blessed ! Please tell us what should we do for you ? What are the things you like ?"

[Q.] Does any *Shraman* who is practicing austerities and restraints of the spiritual order properly give a spiritual discourse of the *Dharma* propagated by the *Tirthankar* to that person who is deeply engaged in worldly enjoyments and pleasures ?

[Ans.] Yes, it is possible

[Q.] Does he attentively listen to it ?

[Ans.] It is not possible, because he is not fit to hearing spirituality (*Dharma*) He has unlimited desires. He engages himself in worldly activities involving great violence to living beings. He is devoid of true spirituality He after his death is re-born in hell in the south and as a hellish being of dark status. It is very difficult for him to attain right perception (or faith) in future

"O the long-living Monks ! This is the extremely dangerous result of that thorn of *nidan*. He does not have even the capability of hearing the true path of spirituality as propagated by *Kevalis* (Omniscient) "

(२) निर्ग्रन्थी का मनुष्य (स्त्री) सम्बन्धी भोगों के लिए निदान

NIDAN OF A NIRGRANTH (NUN) FOR SEXUAL ENJOYMENTS

८. (क) एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते, इणमेव निग्गंथे पावयणे सच्चे जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

जस्स णं धम्मस्स निग्गंथी सिक्खाए उवट्ठिया विहरमाणी पुरा दिगिंछाए उदिण्ण काम जाया विहरेज्जा सा य परक्कमेज्जा, सा य परक्कममाणी पासेज्जा से जा इमा इत्थिया भवइ–एगा, एगजाया, एगाभरणपिहाणा, तेल्ल–पेला इव सुसंगोपिता, चेल–पेला इव सुसंपरिग्गहिया, रयणकरंडकसमाणी। तीसे णं अतिजायमाणीए वा, निज्जायमाणीए वा, पुरओ महं दासी–दास किंकर–कम्मकर–पुरिसा छत्तं भिंगारं गहाय निग्गच्छंति जाव तस्स णं एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि पंच अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति, "भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो जाव किं ते आसगस्स सदति ?"

जं पासित्ता निग्गंथी णिदाणं करेति-"जइ इमस्स सुचरियस्स तव-नियम-बंभचेरवासस्स कल्लाणे फलवित्तिविसेसे अत्थि, तं अहमवि आगमिस्साए इमाइं एयारूवाइं उरालाइं माणुस्सगाइं कामभोगाइं भुंजमाणी विहरामि-से तं साहु।"

८. (क) हे आयुष्मन् श्रमणो ! मैने इस धर्म का प्रतिपादन किया है। यही निर्ग्रन्थ प्रवचन सत्य है यावत् सब दु खो का अन्त करने वाला है।

इस धर्म की सम्यक् शिक्षा (ज्ञान) प्राप्त कर आराधना के लिए उपस्थित होकर आराधना करती हुई निर्ग्रन्थी पूर्व बुभुक्षा (भूख आदि कष्टो के सहने से) के कारण से उदीर्ण कामा होकर (काम-भोग की इच्छा जागृत होने पर) भी सयम मार्ग मे पराक्रम करती है, और पराक्रम करती हुई (कदाचित्) स्त्री गुणो से युक्त किसी एक ऐसी स्त्री को देखती है जो अपने पति की केवल एक मात्र प्राणप्रिया है। वह एक सरीखे सुन्दर (सुवर्ण या रत्नों के) आभरण एव वस्त्र पहने हुए है तथा तेल की कुप्पी, वस्त्रो की पेटी एव रत्लो के करडिये के समान सँभालने योग्य, सुरक्षा करने योग्य और प्यारी है। जब वह अपने घर के भीतर आती-जाती है तब उसके आगे-आगे छत्र, झारी लेकर अनेक दासी-दास, नौकर-चाकर चलते है यावत् एक को बुलाने पर चार-पाँच बिना बुलाये ही उसके सामने आकर खडे हो जाते है और पूछते है-"हे देवानुप्रिये ! कहो हम क्या करे ? आपको क्या प्रिय लगता है ? यावत् आपके मुख को कौन से पदार्थ अच्छे लगते है जिन्हे हम अर्पण करे ?"

उस सुख निमग्न स्त्री को देखकर निर्ग्रन्थी निदान करती है कि "यदि मेरे द्वारा सम्यक् प्रकार से आचरित तप, नियम एवं ब्रह्मचर्य-पालन का कल्याणकारी कोई विशिष्ट फल हो तो मै भी आगामी भव मे इस प्रकार के उत्तम मनुष्य सम्बन्धी काम-भोगो को प्राप्त करूँ। उन्हे भोगते हुए विचरण करूँ तो यह श्रेष्ठ होगा।"

8. (a) "O the blessed *Shramans* ! I have propounded this *Dharma* This very word of *Nirgranth* (*Tirthankars*) is true It has the capability of ending all sufferings.

A nun gets proper coaching in it She practices it She bears the suffering caused by hunger and the like Later desire for worldly enjoyments arises in her but she makes effort to go ahead in the path of restraints. While doing so, she sometimes sees a woman possessing all the qualities of a female and who is affectionate to her husband She is beautifully dressed and properly decorated with ornaments of gold or jewels She is loveable like an oil-pot, box of clothes and jewellery box and worthy to be safely guarded When she moves in the house or comes out, many servants and maids move ahead of her holding umbrella, water-pots and the like When she calls any one of them, four or five maids come of their own and ask—"O the blessed ! Kindly order us what should we do ? What do you like ? What would you like to take so that we may bring those items for you ?"

मोहग्रस्त निर्ग्रन्थी द्वारा निदान

चित्र परिचय-८

Illustration No. 8

मोहासक्त निर्ग्रन्थी द्वारा निदान

भगवान महावीर ने उपस्थित निर्ग्रन्थियो (श्रमणियो) का सम्बोधित करके कहा

१ कोई निर्ग्रन्थी धर्म की सम्यक आराधना करती हुई परीषहो से पीडित होकर मन मे खेद खिन्न होती है, तथा उसके मन मे काम मोह का उदय होने पर कभी किसी ऐसी स्त्री (राजकुमारी) को देखती है, जो अपने पति की एक मात्र प्राणप्रिया है। पति उसे नाना प्रकार के वस्त्र, आभूषण देकर सदा प्रसन्न रखता है।

२ जव वह राजकुमारी अपने घर मे इधर उधर घूमती है तो अनेक दास-दासियाँ उसके आगे पीछे चलती है। जल की झारियाँ तथा भोजन की सामग्री आदि साथ लिए उसके सभी प्रकार के सुखो का ध्यान रखती है।

३ जब वह किसी एक को बुलाती है ता चार पॉच दासियॉ हाथो मे मधुर पेय, भोजन सामग्री आदि लेकर सन्मुख उपस्थित होती है और हर समय उसकी इच्छानुसार सुख-सुविधा उपस्थित करती रहती है।

भगवान ने फरमाया सुखोपभाग मे लीन ऐसी स्त्री को देखकर कोई निर्ग्रन्थी अगले जन्म मे ऐसे सुख भोग प्राप्त करने का निदान करती है। तो अगले भव मे उसे इच्छित सुख तो प्राप्त हो जाते है, परन्तु धर्म-प्राप्ति की बात तो क्या, केवलि भाषित धर्म का सुनने का सुअवसर भी उसे प्राप्त नही हो सकता।

दशा १०८ पृ १५७

NIDAN BY COVETOUS NIRGRANTHIS

Bhagavan Mahavir said to the present Nirgranthis (nuns)--

1 While doing right practice of religion, a nun is disturbed by torments and afflictions Fondness for carnal pleasures arises in her mind At such time she happens to see some princess who is the only beloved of her husband The husband always keeps her happy by giving her a variety of dresses and ornaments

2 When that princess moves about in her house many servants and maids move around her Carrying flasks full of sweet drinks, eatables and other things, they look after her comforts

3 When she calls one maid, four-five rush to her with drinks and food, and provide her all facilities

Bhagavan adds—A nun, after witnessing a woman engrossed in such comforts, wishes for such pleasures and her wishes come true in next birth Such person hardly gets an opportunity to listen to the words of the religion propagated by the Omniscient, what to say of acquiring spirituality

—Dasha 10/8, p 157

Seeing such a lady enjoying worldly pleasures a nun (*Nirgranthi*) makes a *nidan*—"In case there is any good, beneficial reward of my ascetic practices, principles, restraints and celibate conduct, I should get human sensual worldly enjoyments in my next life. I would feel happy passing my life in such enjoyments"

निदान का फल RESULT OF NIDAN

(ख) एवं खलु समणाउसो ! निग्गंथी णिदाणं किच्चा तस्स ठाणस्स अणालोइय अप्पडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा अण्णतरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारा भवइ जाव दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणी विहरति। जाव सा णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं, भवक्खएणं, ठिइक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता जे इमे भवंति उग्गपुत्ता महामाउया, भोगपुत्ता महामाउया एतेसिं णं अण्णयरंसि कुलंसि दारियत्ताए पच्चायाति। सा णं तत्थ दारिया भवइ सुकुमाला जाव सुरूवा।

तए णं तं दारियं अम्मापियरो उम्मुक्कबालभावं, विण्णाणपरिणयमित्तं, जोव्वणगमणुप्पत्तं, पडिरूवेणं सुक्केणं पडिरूवस्स भत्तारस्स भारियत्ताए दलयंति। सा णं तस्स भारिया भवइ एगा, एगजाया, इट्ठा, कंता, पिया, मणुण्णा, मणामा, थेज्जा, वेसासिया, सम्मया, बहुमया, अणुमया रयणकरंडगसमाणा।

तीसे णं अतिजायमाणीए वा, निज्जायमाणीए वा पुरतो महं दासी–दास–किंकर–कम्मकर पुरिसा छत्तं, भिंगारं गहाय निग्गच्छंति जाव तस्स णं एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि पंच अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति–"भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो जाव किं ते आसगस्स सदति ?"

[प्र.] तीसे णं तहप्पगाराए इत्थियाए तहारूवे समणे वा माहणे वा उभयकालं केवलिपण्णत्तं धम्मं आइक्खेज्जा ?

[उ.] हंता ! आइक्खेज्जा।

[प्र.] सा णं पडिसुणेज्जा ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे। अभविया णं सा तस्स धम्मस्स सवणयाए।

सा य भवति महिच्छा जाव दाहिणगामिए णेरइए कण्हपक्खिए आगमिस्साए दुल्लभबोहिया यावि भवइ।

एवं खलु समणाउसो ! तस्स नियाणस्स इमेयारूवे पावए फलविवागे जं णो संचाएति केवलिपण्णत्तं धम्मं पडिसुणित्तए।

(ख) हे आयुष्मन् श्रमणो ! वह निर्ग्रन्थी निदान करके उस निदान की आलोचना एवं प्रतिक्रमण (प्रायश्चित्त) किये बिना जीवन के अन्तिम क्षणो मे देह त्यागकर किसी एक देवलोक में देव रूप मे उत्पन्न होती है तथा वहाँ पर दिव्य भोग भोगती हुई रहती है। वहाँ की आयु, भव और स्थिति का क्षय होने पर वह उस देवलोक से च्युत होकर विशुद्ध मातृ–पितृ पक्ष वाले उग्रवंशी या भोगवंशी कुल मे से किसी एक उत्तम कुल मे बालिका रूप मे उत्पन्न होती है।

वहाँ वह बालिका अतीव सुकुमार यावत् सुरूप होती है। इसके अनन्तर वह बालिका बाल्यभाव से मुक्त होने पर तथा बुद्धि व ज्ञान से परिपक्व होने पर एव युवावस्था आने पर उसे उसके माता–पिता उस जैसे ही सुन्दर एव योग्य पति को अनुरूप दहेज के साथ पत्नी रूप मे देते है। उसका विवाह कर देते है। वह अपने पति की इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, अतीव मनोहर, धैर्य का स्थान, विश्वासपात्र, सम्मत, बहुमत, अनुमत (अतीव मान्य) प्रेयसी एव वल्लभ, रत्न की पिटारी के समान प्यारी केवल एक मात्र भार्या होती है।

वह कही भी जाती-आती है तो उसके आगे छत्र, झारी लेकर अनेक दासी–दास, नौकर–चाकर चलते है। जब वह किसी एक को बुलाती है तो उसके सामने चार–पाँच बिना बुलाये ही आकर खडे हो जाते हैं और पूछते हैं कि "हे देवानुप्रिये ! कहो हम क्या करे ? आपकी क्या इच्छा है ? क्या आज्ञा है ? आपके मुख को कौन–से पदार्थ अच्छे लगते है ?"

[प्र.] क्या उस ऋद्धि–सम्पन्न (सासारिक सुखो मे निमग्न) स्त्री को तप–सयम के मूर्त्त रूप श्रमण–माहण दोनो समय केवलिप्रज्ञप्त धर्म का उपदेश सुनाते है ?

[उ.] हाँ, सुनाते है।

[प्र.] क्या वह उस धर्म को श्रद्धापूर्वक सुनती है ?

[उ.] भते ! यह सम्भव नही है, क्योकि वह उस धर्मश्रवण के लिए योग्य नही है। (कारण उसके मन मे तीव्र भोगेच्छा होती है)

वह उत्कृष्ट अभिलाषाओ वाली मृत्यु प्राप्त कर दक्षिण दिशावर्ती नरक मे कृष्ण पाक्षिक नैरयिक रूप मे उत्पन्न होती है तथा भविष्य मे उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति भी दुर्लभ होती है। (धर्म का आचरण तो बहुत कठिन है)

हे आयुष्मन् श्रमणो ! उस निदानशल्य का यह पापकारी कटु परिणाम है कि वह आगामी भव मे केवलिप्रज्ञप्त धर्म का श्रवण भी नही कर सकती है।

(b) "O blessed *Shramans* ! That nun (*Nirgranthi*) discards her mortal body in the last moments of her life-span without repenting for the *nidan* and cursing it. She is re-born as a celestial being in the heaven She enjoys heavenly pleasures there After completing that life-span she takes birth in a family of good status namely *Ugra* family or *Bhog* family as a female child " She is extremely beautiful and soft-skinned.

After passing through the youth, she attains puberty She has excellent intellect and knowledge Her parents, then select a handsome and suitable youth for her, and arrange her marriage with him They give sufficient material as dowry

She is loveable, affectionate, extremely beautiful, trustworthy to her husband. He takes her advice in ordinary matters and also in matters of

importance. He looks after her like a jewellery box. His entire affection and love is for her.

Whenever she goes anywhere, many servants and maids go ahead of her holding umbrella or the water-pots When she calls any one of them, four or five servants come to her and ask her—"O the blessed ! Please tell us what should we do ? What is your desire ? What is your command ? Which items of food do you like ?"

[Q.] Do the *Shramans*, who practice austerities and spiritual restraints according to the prescribe code, give her a spiritual discourse about true *Dharma* both the times ?

[Ans.] Yes. They do

[Q.] Will she listen to it with true faith ?

[Ans.] No, it is not possible, because she is not capable of it (as she has a keen desire for worldly pleasures in her mind)

She has unlimited desires After her death, she is re-born as a hellish beings of dark status in hells in the south. In future, it is very difficult for her to attain spiritual knowledge of true *Dharma* (the practice of spirituality is still more difficult).

"O blessed *Shramans* ! This is the bitter fruit of the thorn of *nidan* that in the succeeding life-span she is not able to listen to the code of spirituality as enunciated by *kevalis* "

(३) निर्ग्रन्थ का स्त्री होने के लिए निदान NIDAN OF A NIRGRANTH FOR BIRTH AS WOMAN

१. एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते, इणमेव निग्गंथे पावयणे सच्चे जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

जस्स णं धम्मस्स सिक्खाए निग्गंथे उवट्ठिए विहरमाणे पुरादिगिंछाए जाव से य परक्कममाणे पासेज्जा—से जा इमा इत्थिया भवति—एगा, एगजाया जाव किं तं आसगस्स सदति ? जं पासित्ता निग्गंथे निदाणं करेंति—

''दुक्खं खलु पुमत्तणए, जे इमे उग्गपुत्ता महामाउया, भोगपुत्ता महामाउया, एतेसिं णं अण्णतरेसु उच्चावएसु महासमर—संगामेसु उच्चावयाइं सत्थाइं उरंसि चेव पडिसंवेदेंति। तं दुक्खं खलु पुमत्तणए, इत्थित्तणयं साहु।

''जइ इमस्स सुचरियस्स तवनियमबंभचेरवासस्स फलवित्तिविसेसे अत्थि, तं अहमवि आगमेस्साए इमाइं एयारूवाइं उरालाइं इत्थिभोगाइं भुंजमाणे विहरामि—से तं साहु।''

एवं खलु समणाउसो ! निग्गंथे णियाणं किच्चा तस्स ठाणस्स अणालोइय–अपडिक्कंते जाव अपडिवज्जित्ता आगमेस्साए दुल्लहबोहिए यावि भवइ।

एवं खलु समणाउसो ! तस्स णियाणस्स इमेयारूव पावए फलविवागे जं नो संचाएइ केवलिपण्णत्तं धम्मं पडिसुणित्तए।

९. हे आयुष्मन् श्रमणो ! मैने इस धर्म का निरूपण किया है। यही निर्ग्रन्थ–प्रवचन सत्य है, श्रेष्ठ है, परिपूर्ण है तथा इसी से सब दुःखो का अन्त किया जाता है।

कोई निर्ग्रन्थ इस केवलिप्रज्ञप्त धर्म की आराधना के लिए उपस्थित हो विचरते हुए (पूर्वकालीन काम–बुभुक्षा के प्रबल उदय में आने से) एक किसी स्त्री को देखता है–जो अपने पति की केवल एक मात्र प्राणप्रिया है (कोई सपत्नी–सौत नहीं है) वह ऐश्वर्य में रमण करती हुई सुखभोग करती है। निर्ग्रन्थ उस स्त्री को देखकर निदान करता है–

"अहो ! पुरुष का जीवन दुःखमय है। क्योंकि जो ये विशुद्ध मातृ–पितृ पक्ष वाले उग्रवंशी या भोगवशी पुरुष है, वे किसी छोटे युद्ध व बडे महायुद्ध मे जाते है और छोटे–बडे शस्त्रो का प्रहार वक्षस्थल मे लगने पर वेदना से व्यथित होते हैं, (दुःख भोगते है)। अतः पुरुष का जीवन दुःखमय है और स्त्री का जीवन सुखमय है।

यदि मेरे द्वारा सम्यक् प्रकार से आचरित मेरे इस तप–नियम एव ब्रह्मचर्य–पालन का विशिष्ट फल हो तो मै भी भविष्य मे स्त्री जीवन प्राप्त कर इन उत्तम भोगो को भोगता हुआ विचरण करूँ, तो अति श्रेष्ठ होगा।"

हे आयुष्मन् श्रमणो ! वह निर्ग्रन्थ इस प्रकार का निदान करके उसकी आलोचना प्रतिक्रमण किये बिना मृत्यु प्राप्त करे तो उसे आगामी काल मे सम्यक्त्व की प्राप्ति भी दुर्लभ होती है।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! उस निदान का यह पापकारी परिणाम है कि वह केवलिप्ररूपित धर्म को भी नहीं सुन सकता है।

9. "O blessed *Shramans* ! I have propagated this *Dharma*. This is the only true word. It is the best It is complete. It has the capability of destroying all sufferings.

Sometimes a *Nirgranth* while practicing this code of spirituality as enunciated by *Tirthankars*, looks at a woman (in a fit of rising sexual urge of earlier period). He finds that the said woman is very much loved by her husband. She has no rival She fully enjoys worldly pleasures The *Nirgranth* then makes a *nidan* as under–

"Ah ! The life of a man is full of sufferings These men of pure *Ugra* family or *Bhog* family go to some small or major war They suffer pain when small or big weapon hits them at the chest (they suffer pain). So the life of a man is full of sufferings and the life of a woman is full of pleasures.

In case there is any important reward of my ascetic practices, spiritual restraints and conduct of celibacy, it shall be good if I attain the next life as a woman and spend my life in worldly enjoyments."

"O the blessed ! In case that *Nirgranth* dies in the state of that *nidan* and without repenting and criticising it, it is very difficult for him to attain right perception in next life."

"O the blessed ! This is the sinful result of that *nidan* that he cannot even listen to the code of spirituality propagated by *kevalis* (Omniscients)."

(४) निर्ग्रन्थी का पुरुष होने के लिए निदान NIDAN OF A NUN FOR BECOMING A MAN

१०. एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते, इणमेव णिग्गंथे पावयणे सच्चे जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंति।

जस्स णं धम्मस्स निग्गंथी सिक्खाए उवट्ठिया विहरमाणी जाव पुरा दिगिंछाए पुरा जाव उदिण्ण कामजाया वि विहरेज्जा, सा य परक्कमेज्जा, सा य परक्कममाणी पासेज्जा जे इमे उग्गपुत्ता महामाउया, भोगपुत्ता महामाउया तंसिं णं अण्णयरस्स अइजायमाणे वा जाव किं तो आसगस्स सदति, जं पासित्ता निग्गंथी णिदाणं करेंति–

"दुक्खं खलु इत्थित्तणए, दुस्संचराइं गामंतराइं जाव सन्निवेसंतराइं। से जहानामए अंबपेसियाइ वा, मातुलिंगपेसियाइ वा, अंबाडगपेसियाइ वा, उच्छुखंडियाइ वा, संबलिफलियाइ वा बहुजणस्स आसायणिज्जा, पत्थणिज्जा, पीहणिज्जा, अभिलसणिज्जा। एवामेव इत्थिया वि बहुजणस्स आसायणिज्जा जाव अभिलसणिज्जा तं दुक्खं खलु इत्थित्तणए, पुमत्तणए णं साहु।"

"जइ इमस्स सुचरियस्स तवनियमबंभचेरवासस्स फलवित्तिविसेसे अत्थि, तं अहमवि आगमेस्साए इमाइं एयारूवाइं उरालाइं पुरिसभोगाइं भुंजमाणी विहरामि–से तं साहु।"

एवं खलु समणाउसो ! णिग्गंथी णिदाणं किच्चा तस्स ठाणस्स आणालोइय अप्पडिक्कंता जाव पडिवज्जित्ता काले मासे कालं किच्चा अण्णयरेसु देवलोगेसु देवत्तारा उववत्तारा भवति। दुल्लहबोहिया यावि भवइ।

एवं खलु समणाउसो ! तस्स णियाणस्स इमेयारूवे पावए फलविवागे, जं नो संचाएइ केवलिपण्णत्तं धम्मं पडिसुणित्तए।

१०. आयुष्मन् श्रमणो ! मैंने धर्म का प्रतिपादन किया है, यही निर्ग्रन्थ प्रवचन सत्य है, अनुत्तर है, यावत् इसकी आराधना करने वाले सब दुःखो का अन्त करते है।

उस केवलिप्रज्ञप्त धर्म की आराधना के लिए उद्यत होकर निर्ग्रन्थी विचरती हुई कोई पूर्व बुभुक्षा (अनुपशान्त कामेच्छा) से उदीर्ण कामा होकर (काम का उदय होने पर) सयम मे पुरुषार्थ करती हुई किसी एक पुरुष को देखती है, जोकि विशुद्ध मातृ-पितृ पक्ष वाला उग्रवशी या भोगवशी है यावत् अनेक सेवक परिचारक (उसकी सेवा परिचर्या मे जुटे हुए) पूछते रहते हैं–"देवानुप्रिय ! आपको क्या चाहिए, क्या खाने की इच्छा है ?" इत्यादि। उसके सुख वैभव को देखकर वह निर्ग्रन्थी निदान करती है कि–

"स्त्री का जीवन अत्यन्त दु:खमय व कष्टमय है, क्योंकि स्त्रियो को एक गाँव से दूसरे गाँव में, एक सन्निवेश से दूसरे सन्निवेश में आना-जाना अत्यन्त कठिन है। जिस प्रकार आम, बिजोरा या आम्रातक (अंबाडा-जंगली आम Hogplum हागप्लम) की फाँकें, इक्षु-खण्ड और शाल्मलि की फलियाँ अनेक मनुष्यो के लिए आस्वादनीय (चखने योग्य), पाने योग्य, चाहना और अभिलाषा करने योग्य होती हैं, इसी प्रकार स्त्री का शरीर भी अनेक मनुष्यो के लिए आस्वादनीय यावत् अभिलषणीय होता है। इसलिए स्त्री का जीवन दु:खमय तथा कष्ट रूप है और पुरुष का जीवन सुखमय है।"

"यदि सम्यक् प्रकार से आचरित मेरे तप, नियम एव ब्रह्मचर्य-पालन का भविष्य में कल्याणकारी विशिष्ट फल हो तो मै भी आगामी भव मे इस प्रकार के उत्तम पुरुष सम्बन्धी काम-भोगो को भोगते हुए विचरण करूँ तो यह श्रेष्ठ होगा।"

इस प्रकार हे आयुष्मन् श्रमणो ! वह निर्ग्रन्थी निदान करके उसकी आलोचना प्रतिक्रमण किये बिना मृत्यु प्राप्त करके किसी देवलोक मे देव रूप मे उत्पन्न होती है, यावत् वह वहाँ से च्युत होकर किसी उत्तम कुल मे जन्म लेती है। वहाँ पूर्वोक्त सभी सुख-साधन तो प्राप्त होते है, परन्तु किसी श्रमण से धर्म सुनकर उसे धारण नही कर पाती। उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति भी दुर्लभ होती है।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! उस निदान का यह पापकारी परिणाम है कि वह केवलिप्रज्ञप्त धर्म को सुन भी नही सकती।

10. "O the blessed *Shramans* ! I have propounded *Dharma* This is true word of *Nirgranths* It is unique A person who practices it, eliminates all sufferings "

A nun with a keen desire of practicing the code of spirituality, during her wanderings under the influence of unsatisfied sexual desire of the past, while practicing ascetic restraints, sees a man who is of very good family from parental side He is of *Ugra kul* or *Bhog kul* Many servants are engaged in his service They ask him—"O the blessed ! What do you desire ? What would you like to eat ? And the like " Seeing these pleasures and enjoyments of that man, the *Nirgranthi* (nun) makes a *nidan* as under—

"The life a woman is extremely miserable and full of sufferings It is extremely difficult for a woman to go from one village to another, from one suburb to another. The pieces of mango, *bijaura*, hogplum, sugar-cane and the beans of *shalmali* tree are tasty to many people They like to get them. They desire them They are very keen for them. Similarly many men like the touch of and the enjoyment with the physical body of a woman They keenly desire for it Therefore, the life of a woman is full of suffering and that of a man is full of pleasures "

"In case there is any great reward for proper practice of my austerities, spiritual restraints and practice of celibacy, it shall be highly beneficial for me if in the next life-span I also enjoy sexual pleasures of worldly life of a man."

"O blessed *Shramans* ! That nun dies without repenting and cursing her *nidan*. She takes re-birth in the heaven as a celestial being in some family of good status such as *Ugra* family. She has all the means of worldly enjoyments there but she cannot accept any principle of true spirituality after listening to it. It is very difficult for her to get right perception (*Samyaktva*) "

"O the blessed ! This is the bitter fruit of '*nidan*' that she cannot even hear the code of spirituality propagated by *Tirthankars*."

(५) निर्ग्रन्थ–निर्ग्रन्थी द्वारा परदेवी–परिचारणा का निदान NIDAN OF SEX WITH GODDESSES OF OTHERS

११. एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते, इणमेव णिग्गंथे पावयणे सच्चे जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेंति।

जस्स णं धम्मस्स निग्गंथो वा निग्गंथी वा सिक्खाए उवट्ठिए विहरमाणे जाव से य परक्कममाणे माणुस्सेहिं कामभोगेहिं निव्वेयं गच्छेज्जा–"माणुस्सगा खलु कामभोगा अधुवा, अणितिया, असासया, सडण–पडण–विद्धंसणधम्मा। उच्चार–पासवण–खेलजल्ल–सिंघाणग–वंतपित्त–सुक्कसोणियसमुब्भवा। दुरूवउस्सास–निस्सासा, दुरंतमुत्तपुरीसपुण्णा, वंतासवा, पित्तासवा, खेलासवा, पच्छापुरं च णं अवस्सं विप्पजहणिज्जा।"

"संति उड्ढं देवा देवलोयंसि। ते णं तत्थ अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेंति। अप्पणो चेव अप्पाणं विउव्विय विउव्विय परियारेंति। अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेंति।"

"जइ इमस्स सुचरियस्स तव नियम बंभचेरवासस्स कल्लाणे फलवित्तिविसेसे अत्थि तं अहमवि आगमेस्साए इमाइं एयारूवाइं दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरामि–से तं साहु।"

एवं खलु समणाउसो ! णिग्गंथो वा णिग्गंथी वा णियाणं किच्चा जाव देवे भवइ महड्ढिए जाव दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरइ। से णं तत्थ अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ, अप्पणो चेव अप्पाणं विउव्विय विउव्विय परियारेइ, अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ।

से णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव पुमत्ताए पच्चायाति जाव तस्स णं एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि पंच अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति–"भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो जाव किं ते आसगस्स सयइ ?"

[प्र.] तस्स णं तहप्पगारस्स पुरिसजायस्स तहारूवे समणे वा माहणे वा उभओ कालं केवलिपण्णत्तं धम्ममाइक्खेज्जा ?

[उ.] हंता ! आइक्खेज्जा।

[प्र.] से णं पडिसुणेज्जा ?

[उ.] हंता ! पडिसुणेज्जा।

[प्र.] से णं सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा ?

[उ.] णो तिणट्ठे समट्ठे। अभविए णं से तस्स धम्मस्स सद्दहणयाए।

से य भवति महिच्छे जाव दाहिणगामिए णेरइए कण्हपक्खिए आगमेस्साए दुल्लभबोहिए यावि भवति।

एवं खलु समणाउसो ! तस्स णियाणस्स इमेयारूवे पावए फलविवागे—जं णो संचाएति केवलिपण्णत्तं धम्मं सद्दहित्तए वा, पत्तियत्तिए वा, रोइत्तए वा।

११. आयुष्मन् श्रमणो ! मैने धर्म का प्रतिपादन किया है। यही निर्ग्रन्थ–प्रवचन सत्य है यावत् इसका आराधन करने वाले सब दु.खो का अन्त करते है।

कोई निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी केवलिप्रज्ञप्त धर्म की आराधना के लिए उपस्थित हो विचरण करते हुए यावत् सयम मे पराक्रम करते हुए मनुष्य सम्बन्धी काम–भोगो से विरक्त हो जाये और वह यह सोचे कि "मानव सम्बन्धी काम–भोग अध्रुव (चचल) हैं, अनित्य (क्षणिक) है, अशाश्वत (अस्थायी) है, सडने–गलने वाले एवं नश्वर है। मल–मूत्र–श्लेष्म–मल (स्वेद)–वात–पित्त–कफ–शुक्र एव शोणितमय शरीर से उद्‌भूत है। दुर्गन्धयुक्त श्वासोच्छ्‌वास तथा मल–मूत्र से परिपूर्ण है। वात–पित्त और कफ के द्वार है। पहले या पीछे अवश्यमेव छोडने योग्य है।"

"जो ऊपर देवलोक मे देव रहते है, वे वहाँ अन्य देवो की देवियो को अपने अधीन करके उनके साथ विषय–सेवन करते है, स्वय ही अपनी विकुर्वित देवियो के साथ विषय–सेवन करते है और अपनी स्व–देवियो के साथ भी विषय सेवन करते है।"

"यदि सम्यक् प्रकार से आचरित मेरे इस तप, नियम एव ब्रह्मचर्य–पालन का विशिष्ट फल हो तो मै भी भविष्य मे इन उपर्युक्त दिव्यभोगो को भोगते हुए विचरण करूँ तो यह श्रेष्ठ होगा।"

आयुष्मन् श्रमणो ! इस प्रकार निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थनी (कोई भी) निदान करके आयुष्य पूर्ण होने पर देव रूप मे उत्पन्न होता है। वह वहाँ महाऋद्धि वाला देव होता है यावत् दिव्यभोगो को भोगता हुआ विचरता है–(१) वह देव वहाँ अन्य देवो की देवियो के साथ विषय–सेवन करता है। (२) स्वयं ही अपनी विकुर्वित देवियो के साथ, तथा (३)अपनी स्व-देवियो के साथ भी विषय–सेवन करता है।

वह देव उस देवलोक से आयु व स्थिति के क्षय होने पर यावत् (इस मनुष्य लोक मे उग्रकुल आदि किसी कुल में) पुरुष रूप में उत्पन्न होता है यावत् (सब प्रकार के काम–भोग सुख प्राप्त करता है) उसके द्वारा एक सेवक को बुलाने पर चार-पाँच आज्ञाकारी सेवक दास–दासी बिना बुलाये ही उठकर खडे हो जाते हैं और पूछते रहते है कि "हे देवानुप्रिय ! कहो हम क्या करे ? आप क्या चाहते हैं ? आप को कौन–से पदार्थ अच्छे लगते है ?"

मोहग्रस्त निर्ग्रन्थ का चिन्तन

चित्र परिचय-९

Illustration No. 9

मोहासक्त निर्ग्रन्थ का चिन्तन

भगवान फरमाते है -

कोई निर्ग्रन्थ चारित्र धर्म का पालन करते हुए जब कष्टो से पीडित होता है तथा काम-मोह का उदय हो जाता है, तब वह सोचता है

१ पुरुष का जीवन बहुत ही कष्टमय है। कभी किसी सेना मे भर्ती हो गया तो रणभूमि मे शत्रु के शस्त्रो से घायल होकर मृत्यु भी प्राप्त कर सकता है, तथा घररूपी गाडी को चलाने के लिए उसे रात-दिन बैल की तरह जुते रहना पडता है।

२ जबकि स्त्री का जीवन बहुत सुखमय है। पति का प्यार व घर मे पूर्ण मान-सन्मान, सुख -सुविधा भोगती है।

मै भी अगले भव मे स्त्री-सुख प्राप्त करूँ तो अच्छा हो

दशा १०/९

मोहासक्त निर्ग्रन्थ का चिन्तन

३ किसी निर्ग्रन्थी के मन मे जब मोहोदय वश कामेच्छा जागृत होती है, तो वह सोचती है- अहो ! स्त्री का जीवन अत्यन्त भय व असुरक्षा से सत्रस्त रहता है। जैसे आम का फल देखकर हर कोई उसका स्वाद लेना चाहता है ईख के खेत को देखकर ईख तोडकर हर कोई चखने को ललचाता है। उसी प्रकार स्त्री को देखकर पर पुरुष उस पर कामुक दृष्टि से ललचाते रहते है। रास्ते चलती अकेली स्त्री को देखकर कामी पुरुष उसको परेशान करते रहते है। स्त्री का जीवन कितना भययुक्त तथा असुरक्षापूर्ण है। जबकि पुरुष निर्भय होकर पूर्ण मान-सम्मान के साथ जीता है। मै अगले भव मे पुरुष बनूँ तो अच्छा हो

भगवान फरमाते है इस प्रकार निर्ग्रन्थ स्त्री-सुख के लिए तथा निर्ग्रन्थी पुरुष-सुख के लिए यदि निदान करती है तो अगले भव मे उसे केवलि भाषित धर्म की प्राप्ति भी दुर्लभ होती है।

-दशा १० १० पृ १६०

THOUGHTS OF A COVETOUS NIRGRANTH

Bhagavan says—

While doing ascetic practice, when a monk is disturbed by torments and fondness for carnal pleasures arises in his mind At such time he thinks—

1 Life of a man is very painful If he joins the army he may die in the battlefield wounded by attack from enemy Moreover, he has to work day and night like an ox to keep the cart of household running

2 On the other hand the life of a woman is full of happiness She enjoys the love of her husband as well as respect, honour and comforts in the household

It would be good if I too enjoy such comforts as a woman in the next birth

—Dasha 10/9

THOUGHTS OF A COVETOUS NIRGRANTHI

3 When fondness for carnal pleasures arises in the mind of a nun, she thinks—Oh ! The life of a woman is filled with fear and apprehension for security When seeing a mango everyone wants to taste it and seeing the crop of sugar-cane everyone covets to taste it In the same way when any man sees a woman he gives her a lustful and lecherous look When a woman walks alone on the way, lusty men torment her How fearful and insecure is the life of a woman ! On the other hand men live fearlessly and with respect and honour It would be good if I take rebirth as a man

Bhagavan adds—This way if a monk wishes for the happiness of a woman and a nun wishes for the happiness of a man, in their next birth, it is difficult for them to be blessed with the religion of the Omniscient

—Dasha 10/10 p 163

[प्र.] क्या इस प्रकार की ऋद्धि व ऐश्वर्य से युक्त उस पुरुष को तप-संयम के मूर्त रूप श्रमण माहन उभय काल केवलिप्रज्ञप्त धर्म कहते हैं ?

[उ.] हाँ, कहते हैं।

[प्र.] क्या वह धर्म को सुनता है ?

[उ.] हाँ, सुनता है।

[प्र.] क्या वह केवलिप्ररूपित धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति या रुचि करता है ?

[उ.] यह सम्भव नहीं है। क्योंकि (पूर्वकृत निदान के कारण) वह सर्वज्ञप्ररूपित धर्म पर श्रद्धा करने योग्य नहीं रहता है।

किन्तु वह (काम-भोग-ऐश्वर्य आदि की) उत्कट अभिलाषाएँ रखता हुआ मृत्यु प्राप्त कर दक्षिण दिशावर्ती नरक मे कृष्णपाक्षिक नैरयिक रूप में उत्पन्न होता है तथा भविष्य मे उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति भी दुर्लभ होती है।

हे आयुष्मन श्रमणो ! निदान शल्य का यह पापकारी परिणाम है कि वह केवलिप्रज्ञप्त धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नही रख पाता है।

11. "O the blessed *Shramans* ! I have propounded *Dharma*. This alone is true as it is word of *Nirgranth*. Its practice can end all sufferings "

A monk or a nun engages himself or herself in practice of code of spirituality enunciated by *Tirthankars* and that of spiritual restraints Later on he or she becomes totally detached from sensual and sexual pleasures of a human being and thinks—"The sensual pleasures are transitory They are momentary. They are not permanent. They are likely to pollute and come to an end. Their source is the physical body which contains filth, urine, dirt of nose, phlegm, perspiration and blood. Its breath also contains bad smell It has openings for dirty substances It is certainly going to be discarded, sooner or later."

"Those who live in heaven as celestial beings, they overpower the goddesses belonging to other celestial beings and enjoy sexual pleasures with them They create goddesses through their own fluid body and enjoy sensual pleasures with them. They enjoy sex with their own goddesses, also

"In case there is any good reward of my ascetic practices, austerities and practice of celibacy, I should spend my next life-span enjoying sensual pleasures of heaven. I believe that it shall be most beneficial for me."

O the blessed *Shramans* ! Such a monk or nun, after '*nidan*' is born in the heaven as a celestial being after completing the present life-span He

has great wealth there. He spends his life enjoying heavenly pleasures and enjoyments—(1) That *deva* enjoys sexual pleasures with goddesses belonging to other *devas* (2) He enjoys sexual pleasures with goddesses created by him through his own fluid body (3) He enjoys sex with goddesses belonging to him.

After completing his life-span in the heaven, the said celestial being takes birth as a male child in *Ugra* family and the like in this world. He is blessed with all sorts of worldly enjoyments and pleasures. When he calls a servant, four or five servants and maids appear before him and ask—"O the blessed ! What should we do ? What do you like ? What are the things you like the most and so on "

[Q.] Does a *Shraman* fully experienced in austerities and ascetic practices deliver a spiritual discourse about *Dharma* propagated by *Tirthankar* to such a person who is having worldly wealth and grandeur ?

[Ans.] Yes, he does.

[Q.] Does he listen the *Dharma* ?

[Ans.] Yes, he does.

[Q.] Does he have faith, belief, keen desire in the *Dharma* propagated by *Kevalis* ?

[Ans.] No, it is not possible because he is not capable of right faith in the *Dharma* propagated by the *Kevalis* because of *nidan* in the earlier life-span.

He has keen desire for sensual and sexual pleasures and enjoyments. He dies in such a state and is re-born as a hellish being of dark category in the hells in the south And in future it is extremely difficult for him to attain right faith or right perception

"O the blessed *Shramans* ! It is the dangerous result of the thorn of *nidan* that he does not have faith, keen desire and curiosity for the *Dharma* propagated by the Omniscients "

(६) निर्ग्रन्थ–निर्ग्रन्थी के द्वारा स्वदेवी–परिचारणा का निदान NIDAN OF SEX WITH ONE'S OWN GODDESSES

१२. एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते जाव से य परक्कममाणे माणुस्सएसु कामभोगेसु निव्वेयं गच्छेज्जा, "माणुस्सगा खलु कामभोगा अधुवा जाव विप्पजहणिज्जा।"

"संति उड्ढं देवा देवलोयंसि। ते णं तत्थ णो अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेंति। अप्पणो चेव अप्पाणं विउव्वित्ता परियारेंति। अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेंति।"

"जइ इमस्स सुचरियस्स तवनियमबंभचेरवासस्स कल्लाणे फलवित्तिविसेसे अत्थि, अहमवि आगमेस्साए इमाइं एयारूवाइं दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरामि–से तं साहु।"

एवं खलु समणाउसो ! णिग्गंथो वा णिग्गंथी वा णियाणं किच्चा जाव देवे भवइ, महड्ढिए जाव दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरइ।

से णं तत्थ णो अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ। अप्पणो चेव अप्पाणं विउव्विय–विउव्विय परियारेइ। अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ।

से णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव पुमत्ताए पच्चायाति जाव तस्स णं एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि पंच अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति "भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो ? जाव किं ते आसगस्स सयइ ?"

[प्र.] तस्स णं तहप्पगारस्स पुरिसजायस्स तहारूवे समणे वा माहणे वा उभओ कालं केवलिपण्णत्तं धम्ममाइक्खेज्जा ?

[उ.] हंता ! आइक्खेज्जा।

[प्र.] से णं पडिसुणेज्जा ?

[उ.] हंता ! पडिसुणेज्जा।

[प्र.] से णं सद्दहेज्जा पत्तिएज्जा रोएज्जा ?

[उ.] णो तिणट्ठे समट्ठे अण्णत्थरुई यावि भवति।

अण्णरुइमायाए से भवति–जे इमे आरणिया, आवसहिया, गामंतिया, कण्हूइरहस्सिया। णो बहुसंजया, णो बहुपडिविरया सव्व–पाण–भूय–जीव–सत्तेसु अप्पणो सच्चामोसाइं एवं विपडिवदंति–

अहं णं हंतव्वो, अण्णे हंतव्वा। अहं णं अज्जावेयव्वो, अण्णे अज्जावेयव्वा। अहं णं परियावेयव्वो, अण्णे परियावेयव्वा। अहं णं परिघेतव्वो, अण्णे परिघेतव्वा। अहं णं उवद्दवेयव्वो, अण्णे उवद्दवेयव्वा।

एवामेव इत्थिकामेहिं मुच्छिया गढिया गिद्धा अज्झोववण्णा जाव कालमासे कालं किच्चा अण्णयेरसु आसुरिएसु किव्विसिएसु ठाणेसु उववत्तारो भवंति। ततो विमुच्चमाणा भुज्जो एलमूयत्ताए पच्चायंति।

एवं खलु समणाउसो ! तस्स णिदाणस्स इमेयारूवे पावए फलविवागेणं णो संचाएति केवलिपण्णत्तं धम्मं सद्दहित्तए वा, पत्तिइत्तए वा, रोइत्तए वा।

१२. हे आयुष्मन् श्रमणो ! मैने इस धर्म का निरूपण किया है यावत् (कोई इस धर्म की आराधना के लिए) सयम की साधना मे पराक्रम करते हुए निर्ग्रन्थ मानव–सम्बन्धी काम–भोगो से विरक्त हो जाये और यह सोचे कि "मानव सम्बन्धी काम–भोग अध्रुव हैं यावत् त्याज्य हैं।"

"जो ऊपर देवलोक में देव हैं वे वहाँ अन्य देवों की देवियों के साथ विषय–सेवन नहीं करते है, किन्तु स्वयं की विकुर्वित देवियों के साथ विषय–सेवन करते है तथा अपनी देवियो के साथ भी विषय–सेवन करते है।"

"यदि सम्यक् प्रकार से आचरित मेरे इस तप–नियम एवं ब्रह्मचर्य–पालन का कल्याणकारी विशिष्ट फल हो तो मैं भी आगामी काल में इस प्रकार के दिव्यभोगों को भोगते हुए विचरण करूँ–तो यह श्रेष्ठ होगा।"

हे आयुष्मन् श्रमणो ! इस प्रकार निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी (कोई भी) निदान करके (आयुष्य पूर्ण होने पर) देव रूप में उत्पन्न होता है। वह वहाँ महाऋद्धि वाला देव होता है यावत् दिव्यभोगों को भोगता हुआ विचरता है।

वह देव वहाँ अन्य देवों की देवियों के साथ विषय–सेवन नहीं करता है, किन्तु स्वयं ही अपनी विकुर्वित देवियों के साथ विषय–सेवन करता है और अपनी देवियो के साथ भी विषय–सेवन करता है।

वह देव उस देवलोक से आयु क्षय होने पर यावत् किसी (महर्द्धिक कुल मे) पुरुष रूप में उत्पन्न होता है वहाँ अनेक प्रकार के काम–भोग भोगते हुए यावत् उसके द्वारा एक दास–दासी को बुलाने पर चार–पाँच बिना बुलाये ही उठकर खडे हो जाते है और पूछते रहते हैं कि "हे देवानुप्रिय ! कहो आपके लिए हम क्या करें, यावत् आपको कौन–से पदार्थ अच्छे लगते है ?"

[प्र.] इस प्रकार की ऋद्धि ऐश्वर्य व सुखो से सम्पन्न उस पुरुष को क्या तप–सयम के मूर्त्त रूप श्रमण माहण उभय काल केवलिप्रज्ञप्त धर्म कहते है ?

[उ.] हाँ, कहते है।

[प्र.] क्या वह सुनता है ?

[उ.] हाँ, सुनता है।

[प्र.] क्या वह (सुने हुए धर्म पर) श्रद्धा, (विश्वास) प्रतीति (सतुष्टि) एव रुचि (उसके प्रति आकर्षण) करता है ?

[उ.] यह सम्भव नही है, किन्तु वह अन्य दर्शन (अन्य धर्म परम्परा) मे रुचि रखता है।

वह अन्य दर्शन को स्वीकार कर इस प्रकार का आचरण करता है–जैसे कि ये पर्णकुटियो मे रहने वाले अरण्यवासी तापस और ग्राम के समीप की वाटिकाओ मे रहने वाले तापस तथा अदृष्ट होकर रहने वाले जो तांत्रिक है, असयत है, वे प्राण, भूत, जीव और सत्व की हिंसा से विरत नही है। वे सत्य–मृषा (मिश्रभाषा) का इस प्रकार प्रयोग करते है कि "मुझे मत मारो, दूसरो को मारो। मुझे आदेश मत करो, दूसरों को आदेश करो। मुझको पीड़ित मत करो, दूसरो को पीडित करो। मुझको मत पकड़ो, दूसरो को पकडो, मुझे भयभीत मत करो, दूसरों को भयभीत करो।"

इसी प्रकार वे स्त्री सम्बन्धी काम–भोगो में भी मूर्च्छित–ग्रथित, गृद्ध एव आसक्त होकर यावत् जीवन के अन्तिम क्षणो मे देह त्यागकर किसी असुरलोक मे किल्यिषिक देवस्थान मे उत्पन्न होते है।

वहाँ से वे देह छोडकर पुनः भेड़–बकरे के समान मनुष्यो मे मूक (मूक प्राणी) के रूप मे उत्पन्न होते है।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! उस निदान का यह पापकारी परिणाम है कि वह केवलिप्रज्ञप्त धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि करने की योग्यता भी नहीं रखता।

12. "O the blessed ! I have propagated this *Dharma*. A monk practices this *Dharma*. He goes ahead in ascetic restraints. He gets detached from sensual pleasures of human beings. He thinks—"Sensual pleasures and sexual enjoyments of human beings are bad and worthy to the discarded."

"The *devas* (celestial beings) in heavens do not enjoy sensual pleasures with goddesses of other gods. They have such enjoyments only with their own goddesses and with those created by them with their fluid body

"In case there is any good reward of my austerities, ascetic restraints or observance of celibacy in prescribed manner, it shall be good if I pass my next life-span enjoying sensual unique pleasures of such type as the *devas* enjoy"

O blessed *Shramans* ! Such a monk or nun, whatever the case may be, takes birth as a heavenly being (*deva*) after the present life-span under his '*nidan*'. He is a celestial being of great wealth and enjoys pleasures and sensual enjoyments of heavenly being.

That *deva* enjoys sensual and sexual pleasures and enjoyments with his own goddesses and the goddesses created by him with his own fluid body but he does not have such enjoyments with the goddesses of other *devas*.

After completing his life-span in the heaven, that *Deva* is born as a human being in a highly respectable family. He enjoys sensual pleasures of various types Whenever he calls a servant or maid, four or five servants appear before him and ask—"Reverend Sir ! Kindly order us what should we do for you ? What substance do you like ?"

[Q.] Do the *Shramans* preach to that respectable person engrossed in worldly enjoyments, the *Dharma* propagated by the Omniscient both the times ?

[Ans.] Yes, they do

[Q.] Does he listen to them ?

[Ans.] Yes, he does

[Q.] Does he have faith, belief, affection and keenness in the *Dharma* he has heard ?

[Ans.] No It is not possible But he has keen desire in other philosophers and their traditions.

He accepts other philosophy and conducts himself accordingly For instance, there are ascetics undergoing austerities who reside in huts

(*parnkuties*) in the jungle, in thatched huts near the village and *tantriks* who are not visible to the common men. They have no restraints. They have not avoided violence to immobile and two to five sensed mobile living beings. They use the language which is a mixture of truth and falsehood. They say—"Do not kill (or beat) me Kill (or beat) the others. Do not order me. Order others. Do not trouble me Trouble others. Do not catch me. Catch others. Do not terrorise me Terrorise others."

Similarly, they remain deeply attached to sensual pleasures and sexual enjoyments related to the woman In the end, after discarding the present physical body, they are reborn in the land of *Asuras* in *Kilvishik* (wretched) area.

After discarding that body (on completion of the assigned life-span), they get re-birth as a dumb animal like sheep or goat among men

O blessed *Shramans* ! This is the sinful result of that '*nidan*' that he does not have the capability of even having faith, affinity or inclination for the *Dharma* enunciated by Omniscients

(७) निर्ग्रन्थ–निर्ग्रन्थी के द्वारा सहज दिव्यभोग का निदान

NIDAN OF NORMAL WORLDLY ENJOYMENTS BY NIRGRANTHS AND NIRGRANTHIS

१३. एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते जाव से य परक्कममाणे माणुस्सएसु काम–भोगेसु निव्वेदं गच्छेज्जा–''माणुस्सग्गा खलु कामभोगा अधुवा जाव विप्पजहियव्वा। संति उड्ढं देवा देवलोगंसि। ते णं तत्थ णो अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ, णो अप्पणो चेव अप्पाणं वेउव्विय–वेउव्विय परियारेइ, अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ।''

''जइ इमस्स सुचरियतव–नियम–बंभचेरवासस्स कल्लाणे फलवित्तिविसेसे अत्थि, अहमवि आगमेस्साए इमाइं एयारूवाइं दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरामि–से तं साहु।''

एवं खलु समणाउसो ! णिग्गंथो वा णिग्गंथी वा णियाणं किच्चा जाव देवे भवइ महड्ढिए जाव दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरइ। से णं तत्थ णो अण्णेसिं देवाणं देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ, णो अप्पणो चेव अप्पाणं विउव्विय–विउव्विय परियारेइ, अप्पणिज्जियाओ देवीओ अभिजुंजिय–अभिजुंजिय परियारेइ।

से णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव पुमत्ताए पच्चायाति जाव तस्स णं एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि–पंच अवुत्ता चेव अब्भुट्ठेंति ''भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो जाव किं ते आसगस्स सयइ ?''

[प्र.] तस्स णं तहप्पगारस्स पुरिसजायस्स तहारूवे समणे वा माहणे वा उभओ कालं केवलिपण्णत्तं धम्ममाइक्खेज्जा।

[उ.] हंता ! आइक्खेज्जा।

[प्र.] से णं पडिसुणेज्जा ?

[उ.] हंता ! पडिसुणेज्जा।

[प्र.] से णं सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा ?

[उ.] हंता ! सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा।

[प्र.] से णं सीलव्वय–गुणवय–वेरमण–पच्चक्खाण–पोसहोववासाइं पडिवज्जेज्जा ?

[उ.] णो तिणट्ठे समट्ठे, से णं दंसणसावए भवति।

अभिगयजीवाजीवे जाव अट्ठिमिज्जापेमाणुरागरत्ते "अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अट्ठे, एस परमट्ठे, सेसे अणट्ठे।"

से णं एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणे बहूइं वासाइं समणोवासगपरियायं पाउणइ, पाउणित्ता कालमासे कालं किच्चा अण्णतरेसु देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवति।

एवं खलु समणाउसो ! तस्स णियाणस्स इमेयारूवे पावए फलविवागे–जं णो संचाएति सीलव्वय–गुणव्वय–वेरमण–पच्चक्खाण–पोसहोववासाइं पडिवज्जित्तए।

१३. हे आयुष्मन् श्रमणो ! मैने इस धर्म का प्ररूपण किया है। वह अनुत्तर धर्म है, उसके अनुसार सयम की साधना मे पराक्रम करते हुए निर्ग्रन्थ मानव सम्बन्धी काम–भोगों से विरक्त हो जाय और वह यह सोचे कि "मानव सम्बन्धी काम–भोग अध्रुव है यावत् त्याज्य हैं। जो ऊपर देवलोक मे देव है, वे वहाँ अन्य देवो की देवियो के साथ विषय–सेवन नही करते है तथा स्वय की विकुर्वित देवियो के साथ भी विषय–सेवन नही करते है, किन्तु अपनी स्व–देवियो के साथ काम–क्रीडा करते है।"

"यदि (मेरे द्वारा) सम्यक् प्रकार से आचरित इस तप–नियम एवं ब्रह्मचर्य–पालन का कल्याणकारी विशिष्ट फल हो तो मै भी आगामी काल मे इस प्रकार के दिव्यभोग भोगता हुआ विचरण करूँ–तो यह श्रेष्ठ होगा।"

हे आयुष्मन् श्रमणो ! इस प्रकार निर्ग्रन्थ (कोई भी) निदान करके यावत् वह देव रूप मे उत्पन्न होता है। वह वहाँ महाऋद्धि वाला देव होता है यावत् दिव्यभोगो को भोगता हुआ विचरता है।

वह देव उस देवलोक से आयु क्षय होने पर यावत् किसी महर्द्धिक कुल मे पुरुष रूप मे उत्पन्न होता है। वहाँ उसके द्वारा किसी एक दास–दासी को बुलाने पर चार–पाँच दास–दासी बिना बुलाये ही उठकर खडे हो जाते है और पूछते रहते है कि "हे देवानुप्रिय ! कहो हम क्या करे यावत् आपको कौन–से पदार्थ अच्छे लगते है ?"

[प्र.] इस प्रकार की ऋद्धि ऐश्वर्य व काम–भोगासक्त उस पुरुष को क्या तप–सयम के मूर्त्त रूप श्रमण माहण उभय काल केवलिप्रज्ञप्त धर्म कथन करते हैं।

[उ.] हाँ, करते है।

[प्र.] क्या वह धर्म सुनता है ?

[उ.] हाँ, वह सुनता है।

[प्र.] क्या वह केवलिप्रज्ञप्त धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि रखता है ?

[उ.] हाँ, वह केवलिप्रज्ञप्त धर्म पर श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि रखता है।

[प्र.] क्या वह शीलव्रत, गुणव्रत, विरमणव्रत, प्रत्याख्यान, पौषधोपवास का पालन कर सकता है ?

[उ.] यह सम्भव नहीं है। वह केवल दर्शन–श्रावक होता है।

वह जीव–अजीव के यथार्थ स्वरूप का ज्ञाता होता है यावत् उसके अस्थि एवं मज्जा मे धर्म के प्रति अनुराग होता है। यथा–"हे आयुष्मन् ! यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही जीवन में इष्ट है। यही परमार्थ है। अन्य सब निरर्थक है।"

वह इस प्रकार अनेक वर्षों तक आगारधर्म की आराधना करता है और आराधना करके जीवन के अन्तिम क्षणों में किसी एक देवलोक मे देव रूप मे उत्पन्न होता है।

हे आयुष्मन् श्रमणो ! उस निदान का यह पाप रूप परिणाम है कि वह शीलव्रत, गुणव्रत, विरमणव्रत, प्रत्याख्यान और पौषधोपवास का अनुपालन नही कर सकता है।

13. O the blessed *Shramans* ! I have propounded this *Dharma* It is unique. The monk should engage himself with all efforts in the restraints according to this *Dharma* and detach himself from all sensual enjoyments and sexual pleasures of the human beings He should contemplate—

"The sensual pleasures and sexual enjoyments of human beings are transitory and worthy to be discarded The celestial beings in heaven do not have sex with the goddesses of other gods or the goddesses created by them through their own fluid body. They have sensual enjoyments only with their own goddesses

"In case there is any grand reward of austerities, restraints and celibacy practiced by me according to the prescribed code, I should spend my next life-span enjoying heavenly pleasures. It shall be extremely beneficial for me "

O blessed *Shramans* ! Thus any *nirgranth* who has made a '*nidan*' is born in heaven on a celestial being. He is a *deva* of great grandeur there and enjoys the heavenly pleasures Thus he spends his life-span there

After completing his life-span as *deva*, he takes birth as a man in a very rich and respectable family. When he calls any servant or maid, four or five servants appear before him and ask—"Reverend Sir ! Please tell us what should we do ? What do you like ?"

[Q.] Do the *Shramans* engaged in austerities and restraints preach *Dharma* (Spirituality) to such a person who is well to do and has all sorts

of comforts and who is attached to sensual pleasures and sexual enjoyments ?

[Ans.] Yes, they do.

[Q.] Does he listen to spirituality ?

[Ans.] Yes, he does.

[Q.] Does he have faith, affection and keen-ness for *Dharma* propagated by Omniscients ?

[Ans.] Yes, he has.

[Q.] Can he practice minor vows and supplementary vows of householders, other prescribed restraints and *paushadhopavas* (whole day fast without water) ?

[Ans.] No, it is not possible. He is only a *Darshan Shravak–Shravak* having right perception

He knows the true nature of living beings and non-living beings. He has deep faith in *Dharma* up to the core of his heart. He believes—"Only word of *Nirgranth* is desirabe in life. Only that leads to liberation. All else is useless."

He practices in this way the conduct of a householder as prescribed and reflecting in this way, he is finally re-born in heaven as a celestial being

O the blessed ! This is the sinful result of his *nidan* that he cannot practice the vows of a householder, the restraint and *paushadhopavas* properly

(८) श्रमणोपासक होने के लिए निदान **NIDAN OF BECOMING A SHRAMANOPASAK**

१४. एवं खलु समणाउसो ! मए धम्मे पण्णत्ते जाव से य परक्कममाणे दिव्वमाणुस्सएहिं काम-भोगेहिं णिव्वेदं गच्छेज्जा–

"माणुस्सगा कामभोगा अधुवा जाव विप्पजहणिज्जा। दिव्वा वि खलु काम-भोगा अधुवा, अणितिया, असासया, चलाचलणधम्मा, पुणरागमणिज्जा पच्छा पुव्वं च णं अवस्सं विप्पजहणिज्जा।"

"जइ इमस्स सुचरियतवनियमबंभचेरवासस्स कल्लाणे फलवित्तिविसेसे अत्थि, अहमवि आगमेस्साए जे इमे भवंति उग्गपुत्ता महामाउया, भोगपुत्ता महामाउया तेसिं णं अन्नयरंसि कुलंसि पुमत्ताए पच्चायामि, तत्थ णं समणोवासए भविस्सामि–अभिगयजीवाजीवे जाव अहापरिग्गहिएणं तवोकम्मेणं अप्पाणं भावेमाणे विहरिस्सामि से तं साहु।"

एवं खलु समणाउसो ! निग्गंथो वा निग्गंथी वा णिदाणं किच्चा जाव देवे भवइ महड्ढिए जाव दिव्वाइं भोगाइं भुंजमाणे विहरइ। जाव से णं ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव पुमत्ताए पच्चायाति जाव तस्स

णं एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि-पंच अवुत्ता चेव अभुट्ठेंति "भण देवाणुप्पिया ! किं करेमो जाव किं ते आसगस्स सयइ ?"

[प्र.] *तस्स णं तहप्पगारस्स पुरिसजायस्स तहारूवे समणे वा माहणे वा उभओ कालं केवलिपण्णत्तं धम्ममाइक्खेज्जा ?*

[उ.] **हंता ! आइक्खेज्जा।**

[प्र.] **से णं पडिसुणेज्जा ?**

[उ.] **हंता ! पडिसुणेज्जा।**

[प्र.] **से णं सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा ?**

[उ.] **हंता ! सद्दहेज्जा, पत्तिएज्जा, रोएज्जा।**

[प्र.] **से णं सीलव्वय जाव पोसहोववासाइं पडिवज्जेज्जा ?**

[उ.] **हंता ! पडिवज्जेज्जा।**

[प्र.] **से णं मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारियं पव्वएज्जा ?**

[उ.] **णो तिणट्ठे समट्ठे।**

से णं समणोवासए भवति अभिगयजीवाजीवे जाव पडिलाभेमाणे विहरइ। से णं एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणे बहूणि वासाणि समणोवासगपरियागं पाउणइ; पाउणित्ता आबाहंसि उप्पन्नंसि वा अणुप्पन्नंसि वा भत्तं पच्चक्खाएइ, भत्तं पच्चक्खाइत्ता बहूइं भत्ताइं अणसणाइं छेदेइ, बहूइं भत्ताइं अणसणाइं छेदित्ता आलोइय-पडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा अण्णयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवति।

१८. जे खलु निग्गंथो वा निग्गंथी वा सागारियपिण्डं बहिया नीहडं असंसट्ठं संसट्ठं कारेइ कारंतं वा साइज्जइ। से दुहओ विइक्कममाणे आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१४. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को सागारिक पिण्ड (शय्यातर पिण्ड) जोकि बाहर नही निकाला गया है, वह चाहे अन्य किसी के आहार में संसृष्ट–मिश्रित किया हो या नही किया हो तो भी लेना नही कल्पता है।

१५. ·· यदि सागारिक पिण्ड बाहर तो निकाल दिया हो, किन्तु अन्य के आहार मे मिश्रित नहीं किया गया है तो लेना नहीं कल्पता है।

१६. ··· जो सागारिक पिण्ड घर के बाहर भी ले जाया गया है और अन्य के आहार मे मिश्रित भी कर लिया गया हो तो वह ग्रहण करना कल्पता है।

१७. घर से बाहर ले जाया गया सागारिक पिण्ड जो अन्य के आहार मे मिश्रित नहीं किया गया है, उसे मिश्रित कराना नही कल्पता है।

१८. जो निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी घर के बाहर ले जाये गये एवं अन्य के आहार मे अमिश्रित सागारिक पिण्ड को मिश्रित करवाता है या करवाने वाले का अनुमोदन करता है, वह लौकिक और लोकोत्तर दोनो मर्यादा का अतिक्रमण करता हुआ चातुर्मासिक अनुद्घातिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

14. The food of *Shayyatar* has not been taken out. That food cannot be accepted by monks or nuns irrespective of the fact whether it is mixed or not mixed with other food.

15. The food of *Shayyatar* has been taken out but it has not been mixed with food of others That food cannot be accepted.

16. The food of *Shayyatar* has been taken out from the house and has been mixed in the food of others. Such a food can be accepted.

17. The food of *Shayyatar* has been taken out from the house but it has not been mixed with food of others. Monks or nuns are not allowed to get it mixed.

18. The monk or nun who gets such food mixed or appreciates or supports one who mixes it with food of others crosses the worldly limits and also the limits set by spiritual code. He is therefore liable for *Chaturmasik Anudghalik* expiation (*prayashchit*)

विवेचन : उक्त सूत्रो का आशय व्याख्याकारो ने इस प्रकार स्पष्ट किया है–

जहाँ अनेक व्यक्तियो का आहार एक स्थान पर एकत्रित हो एव उनमे शय्यातर का भी आहारादि सम्मिलित हो तो वह आहार कहाँ, किस स्थिति मे अग्राह्य होता है और कैसा ग्राह्य होता है इत्यादि विधान किया गया है। क्रमशः पाँचों सूत्रों का आशय इस प्रकार है–

(सूत्र १) अनेक व्यक्ति का संयुक्त आहार–स्थान यदि शय्यातर के घर की सीमा मे हो और वहाँ शय्यातर का आहार अलग पडा हो अथवा सबके आहार मे मिला दिया गया हो तो भी साधु को ग्रहण करना नही कल्पता है।

(सूत्र २) अनेक व्यक्तियो का सम्मिलित आहार शय्यातर के घर की सीमा से बाहर हो एव वहाँ शय्यातर का आहार अलग रखा हो तो उसमें से लेना नहीं कल्पता है।

(सूत्र ३) किन्तु अन्य सभी के सम्मिलित आहार मे शय्यातर का आहार मिश्रित कर दिया गया हो और जिस हेतु से आहार सम्मिलित किया गया हो उन देवताओ का नैवेद्य निकाल दिया गया हो, ब्राह्मण आदि को जितना देना है उतना दे दिया गया हो, उसके बाद भिक्षु लेना चाहे तो ले सकता है। क्योंकि अब उस आहार मे शय्यातर के आहार का अलग अस्तित्व भी नहीं है एव उसका स्वामित्व भी नहीं रहा है अत. उस मिश्रित एवं शेष बचे आहार मे से भिक्षु को ग्रहण करने मे शय्यातर पिण्ड ग्रहण का दोष नही लगता है।

(सूत्र ४) विहार आदि किसी भी कारण से उक्त असंसृष्ट अमिश्रित-आहार को ग्रहण करने हेतु संसृष्ट मिश्रित करवाना भिक्षु को नहीं कल्पता है।

(सूत्र ५) उक्त असंसृष्ट आहार आदि को ससृष्ट करवाना सयम-मर्यादा से विपरीत है एवं लोगो को भी अविश्वसनीय होता है। अत· ऐसा करने पर भिक्षु लौकिक व्यवहार एवं संयम-मर्यादा का उल्लंघन करने वाला होता है, इसलिए उसे प्रायश्चित्त आता है।

Elaboration—The underlying idea of the above mentioned *Sutras* has been clarified by the commentators as follows :

When the food of many persons has been collected at one place and it includes the food of *Shayyatar*, then under what conditions it is not acceptable or acceptable by the monks. These conditions have been narrated systematically in the five aphorisms as under :

(Sutra 1) In case the joint food of many persons is within the limits of the house of *Shayyatar* and the food of *Shayyatar* is lying there separately or it has been mixed in the joint food of others, it cannot be accepted.

(Sutra 2) The joint food of many person is beyond the limits of the house of *Shayyatar* and the food of *Shayyatar* is also lying there separately. Then nothing can be accepted from there.

(Sutra 3) The food of *Shayyatar* has been mixed with the joint food of others. The purpose for which the food had been mixed has been fulfilled namely the food has been taken out from it for gods, the food has been given out of it to Brahmins and others to the extent it was earlier decided. Thereafter, *Bhikshu* can accept food from it if he so desires because that food has no separate ownership of *Shayyatar* any longer. He is no longer owner of it. So the *Bhikshu* does not incur any fault in accepting food from that mixed food which has been left out after serving others.

(Sutra 4) A Bhikshu is not allowed to get mixed *Asansrisht* food in order to convert it into *sansrisht* food for the purpose of accepting it during wandering and the like.

(Sutra 5) It is against the code of ascetic restraint to get converted *asansrisht* food into *sansrisht* food. Further it adversely affects faith of the people in saints. So by such an act, a *bhikshu* crosses the limits laid down for ordinary conduct and for ascetic restraints. He is therefore, liable for expiation (*prayashchit*).

PROCEDURE OF ACCEPTING/REJECTING FOOD BROUGHT TO OR SENT TO HOUSE OF SHAYYATAR

१९. सागारियस्स आहडिया सागारिएण पडिग्गहिया, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२०. सागारियस्स आहडिया सागारिए अपडिग्गहिया तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२१. सागारियस्स नीहडिया परेण अपडिग्गहिया, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२२. सागारियस्स नीहडिया परेण पडिग्गहिया, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

१९. दूसरे घर से आये हुए आहार को सागारिक (शय्यातर) ने अपने घर पर ग्रहण कर लिया है और वह उसमे से साधु को दे तो लेना नहीं कल्पता है।

२०. दूसरे घर से आये हुए आहार को सागारिक ने अपने घर पर ग्रहण नही किया है और यदि आहार लाने वाला उस आहार में से साधु को दे तो लेना कल्पता है।

२१. सागारिक के घर से दूसरे घर पर ले जाये गये आहार को उस गृहस्वामी ने यदि स्वीकार नहीं किया है तो उस आहार मे साधु को दे तो लेना नही कल्पता है।

२२. सागारिक के घर से दूसरे घर ले जाये गये आहार को उस गृहस्वामी ने स्वीकार कर लिया है और यदि वह उस आहार में से साधु को दे तो लेना कल्पता है।

19. In case a *Shayyatar* has accepted the food brought from another one's house to his house, he is not allowed to give food out of it to the *Sadhu*

20. In case the food brought to his house has not been accepted by the *Sagarik* but the person who had brought the food from other's house offers it to the monk, the monk can accept it

21. Some food has been brought from the house of *Sagarik* to another person's house and the owner of that house has not accepted it as yet. In case he offers food out of it to the monk, the monk cannot accept it

22. Some food has been brought from the house of *Sagarik* to another house and the owner of that house has accepted it If the owner of that house offers out of it to the *Sadhu*, the *Sadhu* can accept it.

विवेचन : दूसरो के घर से शय्यातर के घर पर लाई जा रही खाद्य-सामग्री **'आहृतिका'** और शय्यातर की जो खाद्य-सामग्री अन्य के घर ले जाई जा रही हो वह **'निहृतिका'** कही गई है। ऐसी शय्यातर सम्बन्धी आहृतिका एवं निहृतिका सामग्री साधु किस स्थिति में ग्रहण कर सकता है, यह इन चार सूत्रों में बताया गया है।

पूर्व सूत्र १४-१८ मे शय्यातर का आहार अन्य अनेक लोगो के आहार के साथ अलग या मिश्रित शय्यातर के घर की सीमा में या अन्यत्र कहीं रखा हो, उसी का कथन है और इन १९-२२ सूत्रो में (१) शय्यातर के घर मे हो या अन्यत्र हो, (२) शय्यातर का हो या अन्य का हो, (३) दिया जाने वाला हो या

लिया जाने वाला हो, (४) वह आहार जब तक शय्यातर के स्वामित्व मे नही हुआ है या अन्य ने अपने स्वामित्व में ले लिया है तो उस आहार को ग्रहण किया जा सकता है और वह आहार जब तक शय्यातर के स्वामित्व में है या अन्य का लाया गया आहार उसने स्वीकार कर लिया है तो वह आहार साधु ग्रहण नहीं कर सकता है इत्यादि कथन है। दोनों प्रकरणों में यह अन्तर समझना चाहिए।

आहृतिका एवं निहृतिका बाँटने वाला जहाँ हो उस समय भिक्षु भी सहज रूप में वहाँ गोचरी के लिए भ्रमण करते हुए पहुँच जाये और बाँटने वाला या लेने वाला निमन्त्रण करे इस अपेक्षा से यह सूत्रोक्त कथन है।

Elaboration—*Ahritika* is that food which has been brought to the house of *Shayyatar* from the house of another. *Nihritika* is the food belonging to *Shayyatar* being brought to another house under certain conditions. Such a food belonging to *Shayyatar* whether it is *ahritika* or *nihritika* can be accepted by a monk under conditions that has been stated in these four Sutras.

In the earlier *Sutras* 14 to 18, the food belonging to *Shayyatar* whether kept with the food of other persons or separately has been discussed. In the present *Sutras* 19 to 22 there is discussion about the food (1) which is in the house of *Shayyatar* or at some other place, (2) belonging to *Shayyatar* or any other person, (3) being offered or being taken, (4) which has not yet come in the ownership of *Shayyatar* or which has been accepted by another. Such a food can be accepted by the monk. Up to the time the food is in the control of *Shayyatar* or the food brought by another person has been accepted by *Shayyatar*, it cannot be accepted by the *Sadhu*. In both the statements, this difference should be clearly understood.

The *Sutra* has been stated in context of a monk who incidentally reaches during his wandering for collection of alms at a place where someone is distributing the material, which is either *ahritika* or *nihritika*.

शय्यातर के अंशयुक्त आहार-ग्रहण का विधि-निषेध

RULE FOR ACCEPTING OR REJECTING FOOD WHICH HAS SOME PART BELONGING TO SHAYYATAR

२३. सागारियस्स अंसियाओ-(१) अविभत्ताओ, (२) अव्वोच्छिन्नाओ, (३) अव्वोगडाओ, (४) अनिज्जूढाओ, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिगाहित्तए।

२४. सागारियस्स अंसियाओ-विभत्ताओ, वोच्छिन्नाओ, वोगडाओ, निज्जूढाओ तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिगाहेत्तए।

२३. सागारिक तथा अन्य व्यक्तियों के संयुक्त आहारादि का यदि-(१) विभाग निश्चित नहीं किया गया हो, (२) विभाग न किया गया हो, (३) सागारिक का विभाग अलग निश्चित न किया गया हो,

(४) विभाग बाहर निकालकर अलग न कर दिया हो, ऐसे आहार मे से साधु को कोई दे तो लेना नहीं कल्पता है।

२४. सागारिक के अशयुक्त आहारादि का यदि-(१) विभाग निश्चित हो, (२) विभाग कर दिया हो, (३) सागारिक का विभाग निश्चित कर दिया हो, (४) उस विभाग को बाहर निकाल दिया गया हो तो शेष आहार में से साधु को कोई दे तो लेना कल्पता है।

23. In case the joint food material belonging to *Sagarik* and others—(1) has not been specifically earmarked, or (2) has not been divided, or (3) the part belonging to *Sagarik* has not been separately earmarked, or (4) the share of *Sagarik* has not been separated, the monk cannot accept anything out of it even if it is offered.

24. In case the share of *Sagarik* in the joint food material and the like—(1) has been clearly specified, or (2) has actually been divided, or (3) the share of *Sagarik* has been clearly decided and earmarked, or (4) that portion has been taken out, then *Sadhu* can accept if any food material is offered from the remaining food.

विवेचन : सूत्र मे प्रयुक्त पदो का अर्थ इस प्रकार है-

(१) **अविभक्त**-जब तक सागारिक का भाग उस सम्मिलित भोज्य-सामग्री मे से पृथक् रूप से निश्चित नही किया जाये, तब तक वह 'अविभक्त' है।

(२) **अव्यवच्छिन्न**-जब तक सागारिक के अश का सम्बन्ध-विच्छेद न हो जाय, तब तक वह 'अव्यवच्छिन्न' है।

(३) **अव्याकृत**-व्याकृत का अर्थ भाग के स्पष्टीकरण का है कि इतना अश तुम्हारा है और इतना अश मेरा है, जब तक ऐसा निर्धारण नही हो जाये तब तक वह 'अव्याकृत' कहलाता है।

(४) **अनिर्यूढ**-निर्यूढ का अर्थ 'निर्धारित अश से अलग करना' है। जब तक सागारिक का अश उस सम्मिलित भोजन मे से निकाल न दिया जाये, तब तक वह 'अनिर्यूढ' कहलाता है।

इस प्रकार पूरे सूत्र का समुच्चय अर्थ यह होता है कि शय्यातर सहित अनेक व्यक्तियो की खाद्य-सामग्री मे से सागारिक का अश जब तक अविभाजित है, अव्यवच्छिन्न है, अनिर्णीत है और अनिष्कासित है, तब तक उस भोजन के आयोजको मे से यदि कोई व्यक्ति साधु को कुछ अश देता है तो वह उनके लिए ग्राह्य नही है। किन्तु जब सागारिक का अश विभाजित, व्यवच्छिन्न, निर्धारित और निष्कासित हो जाता है, तब उस सम्मिलित भोज्य-सामग्री में से दिया गया भक्त-पिण्ड साधु के लिए ग्राह्य है और वह उसे ले सकता है।

पूर्व सूत्रो मे वर्णित ससृष्ट-असंसृष्ट आहार मे किसी का स्वामित्व नही रहता है और न वह विभक्त होता है। किन्तु प्रस्तुत सूत्रकथित आहार मे स्वामित्व भी होता है, वह विभक्त होकर शय्यातर को मिलने वाला भी होता है। इन दोनो प्रकरणो मे यह अन्तर है।

Elaboration—The words used in the aphorism have the following meanings :

(1) **Avibhakt**—The material is *avibhakt* up to the time the share of *Sagarik*, which is a part of the total food material, has not been specifically decided and earmarked.

(2) **Avyavachhinn**—It is *avyavachhedik* up to the time the part belonging to *Sagarik* has not been totally separated from it.

(3) **Avyakrit**—It is *avyakrit* up to the time the part belonging to each of the owners has not been clearly determined. It becomes *vyakrit* when the part belonging to each of the owners has been clearly determined.

(4) **Aniryudh**—It is *niryudh* when the part belonging to each owner has been separated from the whole It is *Aniryudh* up to the time the part belonging to each owner, although determined, has not been separated from the whole

The gist (total meaning) of this entire *Sutra* is that if out of the food material belonging to *Shayyatar* and others, any person out of those who have arranged that, offers any part of this food material to a *Sadhu*, he cannot accept it till the share belonging to *Sagarik* in it, is not separated, is not determined and has not been separated from it. When *Sagarik's* share has been divided, determined and separated and taken out from it, the food material offered from the remaining mixed material can be accepted by the monk as it is in accordance with the prescribed code

Nobody has the ownership of *Sansrisht* or *asanshrisht* food material mentioned in earlier *Sutras* Further it is not divided. But in case of food material mentioned in the present aphorism, there is the ownership and after division, the *Shayyatar* is going to have his share This is the difference between the two illustrations

पूज्य भक्त आहार ग्रहण करने का विधि-निषेध

RULES REGARDING ACCEPTING OR NON-ACCEPTING FOOD PREPARED BY RESPECTABLE PERSON

२५. सागारियस्स पूयाभत्ते उद्देसिए चेइए पाहुडियाए सागारियस्स उवगरणजाए निट्ठिए निसट्ठे पाडिहारिए, तं सागारिओ देइ, सागारियस्स परिजणो देइ तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहित्तए।

२६. सागारियस्स पूयाभत्ते उद्देसिए चेइए पाहुडियाए, सागारियस्स उवगरणजाए निट्ठिए निसट्ठे पाडिहारिए, तं नो सागारिओ देइ, नो सागारियस्स परिजणो देइ, सागारियस्स पूया देइ, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहित्तए।

२७. सागारियस्स पूयाभत्ते उद्देसिए चेइए पाहुडियाए सागारियस्स उवगरणजाए निट्ठिए निसट्ठे अपाडिहारिए, तं सागारिओ देइ, सागारियस्स परिजणो देइ, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहित्तए।

२८. सागारियस्स पूयाभत्ते उद्देसिए चेइए पाहुडियाए, सागारियस्स उवगरणजाए निट्ठिए, निसट्ठे अपाडिहारिए, तं नो सागारिओ देइ, नो सागारियस्स परिजणो देइ, सागारियस्स पूया देइ, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहित्तए।

२५. सागारिक ने अपने पूज्य पुरुषो को सम्मानार्थ भोजन दिया हो, वह आहार पूज्य पुरुषों द्वारा सागारिक के उपकरणो (बर्तनों) मे बनाया गया हो और वह प्रातिहारिक हो, उस आहार में से यदि सागारिक अथवा उसके परिजन दे तो साधु को लेना नही कल्पता है।

२६. सागारिक ने अपने पूज्य पुरुषो को सम्मानार्थ भोजन दिया हो, पूज्य पुरुषों द्वारा सागारिक के उपकरणो मे बनाया गया हो और प्रातिहारिक हो, उस आहार मे से न सागारिक दे और न सागारिक के परिजन दे, किन्तु सागारिक के पूज्य पुरुष दे तो भी साधु को लेना नही कल्पता है।

२७. सागारिक ने अपने पूज्य पुरुषो को सम्मानार्थ भोजन दिया हो, पूज्य पुरुषो द्वारा वह आहार सागारिक के बर्तनो मे बनाया गया हो और अप्रतिहारिक हो, ऐसे आहार में से सागारिक दे या उसके परिजन दे तो साधु को लेना नही कल्पता है।

२८. सागारिक ने अपने पूज्य पुरुषों को सम्मानार्थ भोजन दिया हो, पूज्य पुरुषो द्वारा वह आहार सागारिक के बर्तनों मे बनवाया गया हो और अप्रतिहारिक हो, ऐसे आहार मे से न सागारिक दे और न सागारिक के परिजन दे किन्तु सागारिक के पूज्य पुरुष दे तो लेना कल्पता है।

25. A *Sagarik* has given food material to his respectables They prepared food from it in the utensils of Sagarik and that food is pratiharik. In case the *Sagarik* or the members of his family offer food out of it to the *Sadhu*, the *Sadhu* should not accept it.

26. A *Sagarik* has given food material to his respectables as a matter of respect to them The respectables prepared food from it in the utensils of *Sagarik* and that food is *pratiharik* It is not offered by *Sagarik* or the members of his family to the monk. But the respectables of *Sagarik* offer it. Even then the *Sadhu* (monk) is not allowed to accept it

27. A *Sagarik* has given food material to his respectables as a matter of honour to them They have prepared food from it in the utensils of *Sagarik* and the food is *apratiharik* If *Sagarik* or the members of his family offers food out of it, the *Sadhu* is not allowed by the code to accept it.

28. A *Sagarik* has given food material to his respectables as a matter of respect. They have prepared food with it in the utensils of the *Sagarik* and it is *apratiharik*. It is not offered by *Sagarik* or the members of his family. But the respectables of *Sagarik* offer it The *Sadhu* can accept that food.

विवेचन : शय्यातर के रिश्तेदार, मेहमान, विद्यागुरु, स्वामी आदि पूज्य जनों के निमित्त से जो भक्त–पान बनाया जाता है, उसे पूज्य भक्त कहते है।

वह शय्यातर के घर से लाकर जहाँ पूज्य जन ठहरे हों वहाँ उन्हें भोजनार्थ दिया गया हो, बाजार आदि से मँगाकर पूज्य जनों के पास भेंट रूप भेजा गया हो, शय्यातर के बर्तनों में पकाया गया हो, उसके पात्र से निकाला गया हो और प्रातिहारिक हो अर्थात् पूज्य जनों को खिलाने के पश्चात् जो भोजन बचे, वह वापस लाकर सौंपना, ऐसा कहकर सेवक या कुटुम्बीजन के साथ भेजा गया हो, ऐसे सभी आहार पूज्य भक्त कहे जाते हैं।

इसी प्रकार सागारिक के पूज्य जनो के लिए बनाये गये या लाये गये वस्त्र-पात्र, कम्बलादि भी पूज्य उपकरण कहलाते हैं। ऐसे पूज्य जन-निमित्त वाला भक्त-पिण्ड और उपकरण शय्यातर स्वयं साधु के लिए दे, उसके स्वजन-परिजन दें या उक्त पूज्य जन दें तो भी साधु-साध्वी को वह आहार आदि लेना नहीं कल्पता है। क्योंकि शेष आहार पुन. शय्यातर को लौटाने का होने से उसमें शय्यातर के स्वामित्व का सम्बन्ध रहता है।

यदि वह आहार पूज्य जनो को अप्रातिहारिक दे दिया गया हो अर्थात् खाने के बाद शेष रहा आहार शय्यातर को पुन नही लौटाना हो तो वैसे आहार को ग्रहण किया जा सकता है।

यदि उस आहार को शय्यातर या उसके परिजन पुत्र, पौत्र, स्त्री, पुत्रवधू आदि दें तो नहीं लिया जा सकता है, किन्तु अन्य पूज्य जन आदि दें तो लिया जा सकता है। किन्तु विवाहित लडकियों के हाथ से वह आहार लिया जा सकता है।

Elaboration—The food and drinks prepared for relatives, guests, teacher, the master or other respectables of *Shayyatar* (the persons with whose consent *Sadhu* is staying in the house) is called pujya-bhakt.

That food has been brought from the house of *Shayyatar* and has been given to the respectables for consumption where they are staying. Food has been procured from bazaar and the like and then sent to the respectables as an offering in their honour. Food has been prepared in the utensils of Shayyatar or has been taken out from his utensils and is *pratiharik* In other words it has been sent through the servants or members of the family with the direction that after serving to the respectables, whatever remains that should be brought back to us. All such types of food is called *pujya-bhakt*.

Similarly clothes, pots, blankets and the like which have been prepared for the respectables of *Sagarik* are called *pujya-upakaran*. Such food, clothes and the like prepared for the respectables, if offered by *Shayyatar* himself or by his relatives or by the members of his family or by the respectables concerned, cannot be accepted by the *Sadhu*. It is because the food that shall be left (after serving the respectable) has to be returned to *Shayyatar* and as such it maintains ownership of the *Shayyatar*.

In case that food has been given to the respectables as *apratiharik* (the left over is not to be returned to *Shayyatar* after the respecctables have taken), it can be accepted by the monk if it is offered to him.

In case that food is offered by *Shayyatar*, his relatives, his son, his grandson, his wife or his daughter-in-law, it cannot be accepted by the *Sadhu*. But if it is offered by the other respectables or by the married daughter of *Shayyatar*, it can be accepted

साधु के कल्पनीय वस्त्र CLOTHES THAT A SADHU CAN KEEP

२९. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा–इमाइं पंच वत्थाइं धारित्तए वा परिहरित्तए वा, तं जहा– (१) जंगिए, (२) भंगिए, (३) साणए, (४) पोत्तए, (५) तिरीडपट्टे नामं पंचमे।

२९. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को पाँच प्रकार के वस्त्र रखना और उनका उपयोग करना कल्पता है। यथा–(१) जागमिक, (२) भागिक, (३) शानक, (४) पोतक, (५) तिरीटपट्टक।

29. Monks and nuns can keep and use five types of clothes. They are—(1) *Jangamik*, (2) *Bhangik*, (3) *Shaanak*, (4) *Potak*, (5) *Tiritapattak*.

विवेचन : (१) **जांगमिक**–त्रस जीवो के लार व बालो से बने वस्त्र। (२) **भांगिक**–अलसी आदि की छाल से बने वस्त्र। (३) **शानक**–सन (जूट) से बने वस्त्र। (४) **पोतक**–कपास से बने वस्त्र। (५) **तिरीटपट्टक**–तिरीट (तिमिर) वृक्ष की छाल से बने वस्त्र।

ये पाँच प्रकार के वस्त्र साधु के लिए कल्पनीय है।

जगम का अर्थ त्रस जीव है। त्रस जीव दो प्रकार के होते है–(१) विकलेन्द्रिय, और (२) पचेन्द्रिय। कोशा, रेशम और मखमल विकलेन्द्रिय–प्राणिजवस्त्र हैं। इनका उपयोग साधु के लिए सर्वथा वर्जित है, क्योकि ये उन प्राणियो का घात करके निकाले गये धागो से बनते है।

पंचेन्द्रिय जीवो के चर्म से निर्मित वस्त्र भी साधु–साध्वी के लिए निषिद्ध है। किन्तु उनके केशो से निर्मित ऊनी वस्त्रो का उपयोग साधु–साध्वी कर सकते है। क्योंकि भेड आदि के केश काटने मे उन प्राणियो का घात नहीं होता है। अपितु ऊन काटने के बाद उनको हल्केपन का ही अनुभव होता है।

इन पाँच जाति के वस्त्रो मे से जब जहाँ जो सुलभ एव कल्पनीय प्राप्त हो उसे ग्रहण किया जा सकता है। प्राथमिकता सूती एव ऊनी इन दो को ही दी जानी चाहिए।

Elaboration—(1) Clothes prepared from the hair or saliva of mobile living beings are called *Jaangamik*. (2) Clothes prepared from the skin of *alsi* plant and the like are *Bhangik* (3) Clothes prepared from jute are *Shaanak*. (4) Cotton clothes are *Potak* (5) Clothes prepared from the skin of *tireet* or *timir* tree are called *Tiritapattak*

A *Sadhu* can accept these five types of clothes

Jangam means mobile living beings Mobile living beings are of two types—(1) *Vikalendriya* (those who have two, three or four senses), and (2) the five-sensed living beings. *Kosha*, silk and velvet are such clothes that have been prepared from *vikalendriya* living beings. Their use is

totally prohibited for a *Sadhu* because they are prepared from the thread produced by killing suchlike living beings.

The clothes prepared from the skin of five-sensed living beings are also prohibited for a *Sadhu*. But monks and nuns can use woollen clothes prepared from the hair of such animals and in cutting hair of sheep and the like, no violence is caused rather they feel light and more comfortable after the wool has been removed.

Out of the said five types of clothes, that which is available and is according to prescribed code of acceptance, can be taken by the *Sadhu* or *Sadhvi*. Preference, however, should be for cotton and woollen clothes only.

साधु के कल्पनीय रजोहरण **BROOM ACCEPTABLE TO MONKS**

३०. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा इमाइं पंच रयहरणाइं धारित्तए वा परिहारित्तए वा, तं जहा–(१) ओण्णिए, (२) उट्टिए, (३) साणए, (४) वच्चाचिप्पए, (५) मुंजचिप्पए नामं पंचमे। त्ति बेमि।

३०. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को इन पाँच प्रकार के रजोहरणो को रखना और उनका उपयोग करना कल्पता है। यथा–(१) और्णिक, (२) औष्ट्रिक, (३) सानक, (४) वच्चाचिप्पक, तथा (५) मुजचिप्पक।

30. Monks and nuns can keep and use five types of holy broom (*rajoharan*) namely—(1) *Auranik*, (2) *Aushtrik*, (3) *Saanak*, (4) *Vachchachippak*, and (5) *Munjachippak*.

विवेचन : जिसके द्वारा धूलि आदि द्रव्य–रज और कर्म–मलरूप भाव–रज दूर की जाये उसे 'रजोहरण' कहते है। रजोहरण पाँच प्रकार का होता है–

(१) **और्णिक**–जो भेड आदि की ऊन से बनाया जाये वह 'और्णिक' है।

(२) **औष्ट्रिक**–जो ऊँट के बालो से बनाया जाय वह 'औष्ट्रिक' है।

(३) **शानक**–जो सन के वल्कल छाल आदि के रेशो से बनाया जाय वह 'शानक' है।

(४) **वच्चाचिप्पक**–वच्चा का अर्थ डाभ या घास है, उसे कूटकर और कर्कश भाग दूर कर बनाये गये रजोहरण को 'वच्चाचिप्पक' कहते है।

(५) **मुंजचिप्पक**–मुज को कूटकर तथा उसके कठोर भाग को दूर करके बनाये गये रजोहरण को 'मुजचिप्पक' कहते है। (सचित्र स्थानाग ५, उ २, पृष्ठ १९२ पर भी वर्णन है)

इन पाँचो मे पूर्व–पूर्व के कोमल होते है और उत्तर–उत्तर के कर्कश। अत. सबसे कोमल होने से और्णिक रजोहरण ही प्रशस्त या उत्तम माना गया है। उसके अभाव मे औष्ट्रिक और उसके अभाव में शानक रजोहरण उपलब्ध न हों तो वैसी दशा मे ही वच्चाचिप्पक और उसके भी अभाव मे मुंजचिप्पक रजोहरण ग्रहण करने का विधान है।

साधु-साध्वी के संयम की रक्षा के लिए तथा शारीरिक रज को दूर करने के लिए एक रजोहरण पास रखना आवश्यक होता है।

॥ द्वितीय उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—*Rajoharan* is that article with which the physical dirt such as dust and the like, and mental dirt of *Karmic* matter is removed :

(1) Auranik—A *rajoharn* prepared from the wool of sheep.

(2) Aushtik—A *rajoharan* prepared from the hair of camel.

(3) Saanak—A *rajoharan* prepared from jute skin and its yarn.

(4) Vachchachippak—*Vachcha* means grass. It is beaten and after removing its roughness the *rajoharan* is prepared. That *rajoharan* is called *vachchachippak*.

(5) Munjachippak—*Munj* (a type of rough grass) is beaten and its roughness is removed The *rajoharan* prepared from it is called *Munjachippak*. (It has been described in *Sachitra Sthanang Sutra, Sthaan* 5, *Uddeshak* 2, page 192 also.)

Out of these five types, the softness is the maximum in the first one and gradually it decreases in the order. The softness decreases and roughness increases. In view of this, the *aurnik rajoharan*, which is the softest of all, is considered to be the best. In the absence of it, the *aushtrik* can be accepted and if *aushtrik* is not available, *saanak rajoharan* can be accepted. In case none of the said three types is available, only then *Vachchachippak* should be accepted and if that also is not available, *munjachippak rajoharan* can be taken

It is necessary for a monk or a nun to keep *rajoharan* for guarding self-restraint and for removing physical dirt.

● SECOND UDDESHAK CONCLUDED ●

तृतीय उद्देशक
THIRD UDDESHAK

उपाश्रय में खड़े रहने आदि का निषेध PROHIBITION OF STANDING AND THE LIKE IN UPASHRAYA

१. नो कप्पइ निग्गंथाणं, निग्गंथीणं उवस्सयंसि–(१) चिट्ठित्तए वा, (२) निसीइत्तए वा, (३) तुयट्टित्तए वा, (४) निद्दाइत्तए वा, (५) पयलाइत्तए वा, (६) असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा आहारं आहारित्तए, (७) उच्चारं वा, पासवणं वा, खेलं वा, सिंघाणं वा परिट्ठवित्तए, (८) सज्झायं वा करित्तए, (९) झाणं वा झाइत्तए, (१०) काउसग्गं वा (करित्तए) ठाइत्तए।

२. नो कप्पइ निग्गंथीणं उवस्सयंसि चिट्ठित्तए वा जाव काउस्सग्गं वा ठाइत्तए।

१. निर्ग्रन्थो को निर्ग्रन्थियो के उपाश्रय मे–(१) खडे रहना, (२) बैठना, (३) लेटना, (४) निद्रा लेना, (५) ऊँघ लेना, (६) अशन, पान, खादिम, स्वादिम का आहार करना, (७) मल, मूत्र, कफ और नाक का मैल परठना, (८) स्वाध्याय करना, (९) ध्यान करना, तथा (१०) कायोत्सर्ग कर स्थित होना नहीं कल्पता है।

२. निर्ग्रन्थियो को निर्ग्रन्थो के उपाश्रय में कायोत्सर्ग तक सभी क्रियाएँ करना नही कल्पता है।

1. *Nirgranths* (Jain monks) are not allowed to—(1) stand, (2) sit, (3) lie down, (4) sleep, (5) doze (6) to take meals like food, water and the like, (7) discard stool, urine, sputum and other dirt sticking to the body, (8) to study, (9) meditate, or (10) to remain in stable posture of *Kayotsarg* in an *Upashraya* of Jain nuns (*nirgranthis*).

2. *Nirgranthis* (Jain nuns) are not allowed to do any of the above mentioned activities up to *Kayotsarg* in the *Upashraya* of *Nirgranths* (monks).

विवेचन : सामान्यत. साधुओ को साध्वियो के उपाश्रय मे तथा साध्वियो को साधुओ के उपाश्रय में नहीं जाना चाहिए। यदि किसी कारण से जाना पडे तो उन्हें खडे–खडे ही कार्य करके शीघ्र वापस लौट आना चाहिए। क्योंकि अधिक समय तक ठहरने पर लोगों मे नाना प्रकार की आशंकाएँ उत्पन्न होती हैं तथा जनापवाद भी होता है।

साध्वियों को साधु के पास स्वाध्याय सुनाने एवं परस्पर वाचना देने का व्यव., उ. ७ में तथा सेवा आदि कार्यों से भी एक–दूसरे के उपाश्रय मे आने–जाने का स्थानांगसूत्र मे विधान है। अतः स्वाध्याय आदि कार्य आगम विहित हैं।

Elaboration—Ordinarily *Sadhus* should not go to the *Upashraya* of *Sadhvis* and *Sadhvis* should not go to the *Upashraya* of *Sadhus*. In case for any purpose he or she has to go, he or she should do the desired

activity only while standing and return soon. It is because if they stay for a longer period, people may start to have many doubts, which may be matter of common ill-talk among the public.

There is a provision in *Vyavhar, uddeshak* 7 permitting *Sadhvis* to go to *Upashraya* of *Sadhus* for reciting scriptures and for spiritual dialogue According to *Sthananga Sutra* it is also allowed for purposes such as service and the like Therefore, studies and such like activities are allowed in scriptures

चर्म ग्रहण के विधि-निषेध RULE REGARDING ACCEPTING OF SKIN OR NOT ACCEPTING IT

३. नो कप्पइ निग्गंथीणं सलोमाइं चम्माइं अहिट्ठित्तए।

४. कप्पइ निग्गंथाणं सलोमाइं चम्माइं अहिट्ठित्तए, से वि य परिभुत्ते, नो चेव णं अपरिभुत्ते, से वि य पाडिहारिए, नो चेव णं अपाडिहारिए, से वि य एगराइए, नो चेव णं अणेगराइए।

५. नो कप्पइ निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा कसिणाइं चम्माइं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

६. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अकसिणाइं चम्माइं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

३. निर्ग्रन्थियो को रोम-सहित चर्म का उपयोग करना नहीं कल्पता है।

४. निर्ग्रन्थो को रोम-सहित चर्म का उपयोग करना कल्पता है। वह यदि भुक्त-काम मे लिया हुआ हो, नया न हो। पारिहारिक-लौटाया जाने वाला हो, न लौटाया जाने वाला नही हो तथा वह भी केवल एक रात्रि में उपयोग करने के लिए लाया जाय पर अनेक रात्रियो मे उपयोग करने के लिए न लाया जाये।

५. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को अखण्ड चर्म रखना या उसका उपयोग करना नही कल्पता है।

६. किन्तु ¨ चर्मखण्ड (छोटा चर्म) रखना या उसका उपयोग करना कल्पता है।

3. *Nirgranthis* (Jain nuns) are not allowed to keep or use pelt that has hair or fur.

4. *Nirgranths* (monk) can use pelt having hair or fur provided it is not new and has been used and is to be returned by the monk after use It should not be one that is not to be returned Further such a skin can also be brought if it is to be used only for a night and not for many nights.

5. Monks and nuns are not allowed to keep or use full or one-piece pelt.

6. But they can keep a small piece of pelt and use it.

विवेचन : साधु-साध्वी की सामान्य उपधि मे वस्त्र, पात्र, कम्बल आदि का कथन मिलता है। चर्म के उपकरण सामान्य रूप से तो साधु-साध्वी को रखना नही कल्पता है, किन्तु रोग आदि के कारण चर्म रखना आवश्यक हो तो रोमरहित चर्मखण्ड रखना कल्पता है। चर्मखण्ड रखने का कारण यह है कि खून या मल आदि के कपडे बारम्बार धोने की परिस्थिति में चर्मखण्ड के उपयोग से सुविधा रहती है। रोगी को भी कष्ट कम होता है।

सरोमचर्म में तो जीवोत्पत्ति की आशंका रहती है, अत. वह साधु–साध्वियो के लिए अग्राह्य होता है। किन्तु किसी साधु के चर्मरोग या अर्श आदि के कारण बैठने में या सोने मे भी अत्यधिक पीडा होती हो तो रोमरहित चर्म की अपेक्षा रोम–सहित चर्म अधिक उपयोगी होता है, इसलिए विशेष कारण से उसके ग्रहण करने का विधान किया है। साथ ही जीवोत्पत्ति से होने वाली विराधना से बचने के लिए कुछ मर्यादाएँ बताई हैं, जैसे– लुहार, सुनार आदि जो दिनभर चर्म पर बैठकर अग्नि के पास काम करते है, उस सरोमचर्म में कुछ समय तक जीवोत्पत्ति की सम्भावना नही रहती है। अत. सदा काम आने वाले, सरोमचर्म को प्रातिहारिक रूप में ग्रहण करने की आज्ञा दी गई है। ज्यादा दिन रखने पर अग्नि की गर्मी न मिलने से उस सरोमचर्म में जीवोत्पत्ति होने की सम्भावना रहती है। अत. अधिक दिन रखने का निषेध किया गया है। कुछ विशेष कारणो से साध्वियों को रोम–सहित चर्म रखना निषिद्ध है।

रोमरहित चर्मखण्ड रखने के अनेक कारण भाष्य में बताये हैं। जैसे–संधिवात में, अति शीतकाल एवं अति उष्णकाल मे न चल सकने पर, दृष्टि मन्द हो जाये या पैरो में छाले पड़ जाये इत्यादि कारणो से चर्मखण्ड रखे जा सकते है।

Elaboration—Among the ordinary equipment of a *Sadhu* or *Sadhvi* are clothes, pots, blanket and the like. He or she cannot ordinarily keep articles made of animal pelt or hide But sometimes due to illness and the like, it may become necessary to keep animal pelt. Then he or she can keep animal skin that has hair. It is because due to blood and dirt, it is easier to use and wash the animal pelt rather than washing clothes repeatedly The patient also experiences less trouble.

There is possibility of growth of living being in the pelt that has hair. So it cannot be accepted by monks and nuns But in case a monk feels extremely great pain in sitting or in sleeping due to skin disease or fistula, the use of pelt is more beneficial as compared to hide. Therefore, in special circumstances animal pelt can be accepted as provided in the code At the same time some restraints have been prescribed as a safe-guard from insect growth. For instance, a blacksmith or a goldsmith and the like sit throughout the day on animal pelt near the fire during the activities relating to their professions. So there is no longer any possibility of germination of living beings in that animal pelt for some time So acceptance of an animal pelt in common use of the person concerned by a monk is allowed. In case it is kept for a longer period by the *Sadhu*, there is again the possibility of growth of living organism in it as it no longer gets the warmth of the fire. So the monk is prohibited from keeping it for many days. Due to some special reasons, the *Sadhvis* have been prohibited from keeping animal pelt.

In the *bhashya*, many reasons have been narrated for keeping animal hide. For instance in *sandhivaat*, in extreme cold or extreme hot weather

or when eye-sight becomes poor or boils appear on feet, pieces of animal hide can be kept.

वस्त्र ग्रहण करने के विधि-निषेध RULES FOR ACCEPTING OR NON-ACCEPTING CLOTHES

७. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा कसिणाइं वत्थाइं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

८. कप्पइ निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा अकसिणाइं वत्थाइं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

९. नो कप्पइ निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा अभिन्नाइं वत्थाइं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

१०. कप्पइ निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा भिन्नाइं वत्थाइं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

७. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को कृत्स्न वस्त्र रखना या उसका उपयोग करना नहीं कल्पता है।

८. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को अकृत्स्न वस्त्र रखना या उपयोग करना कल्पता है।

९. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियो को अभिन्न वस्त्र रखना या उपयोग करना नहीं कल्पता है।

१०. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियो को भिन्न वस्त्र रखना या उपयोग करना कल्पता है।

7. Monks and nuns are not allowed to keep or use a *kritsna* (a costly) cloth.

8. Monks and nuns can keep or use a cloth which is not *kritsna* (costly).

9. Monks and nuns are not allowed to keep or use an *abhinna* cloth (a complete bolt or roll of cloth).

10. Monks and nuns are allowed to keep or use a *bhinna* cloth.

विवेचन : उक्त सूत्रों में कृत्स्न, अभिन्न तथा अकृत्स्न, भिन्न ये पद समानार्थक है। इस पर विभिन्न दृष्टियो से चिन्तन करके भाष्यकार ने दोनों शब्दों की अलग-अलग व्याख्याएँ की है। कृत्स्न का सम्बन्ध वस्त्र के वर्ण (रग) तथा मूल्य से जोडा है तो अभिन्न का सम्बन्ध वस्त्र की लम्बाई-चौडाई के साथ। दोनो का सार यह है कि जो वस्त्र रंग से सफेद, अल्प मूल्य वाला, साधु-साध्वी के पहनने-ओढने के प्रमाण अनुसार, मर्यादा अनुसार सर्वत्र सुलभ हो। जिसमें चोरी जाने का डर, चुगी व सरकारी टैक्स आदि का झझट न हो। साधु जिस क्षेत्र मे विहार करता है उसी क्षेत्र में उसकी सहज सुलभता हो, तथा ऋतु आदि के अनुकूल हो। अर्थात् विदेशी बहुमूल्य तथा उपकरण-मर्यादा से अधिक न हो। अभिन्न का अर्थ है पूरा थान, भिन्न का अर्थ है वस्त्र का खण्ड, शाटिका, पछेवड़ी आदि के प्रमाणोपेत खड, कृत्स्न का अर्थ है बहुमूल्य व दुर्लभ, अकृत्स्न का अर्थ है सस्ता, सुलभ। *(विस्तृत विवेचन के लिए देखे-उपाध्याय कन्हैयालाल जी म कृत विवेचन, पृष्ठ १७९)*

Elaboration—In the above mentioned Sutras, the words *kritsna* and *abhinna* denote almost the same meaning. Similarly the words *akritsna* and *bhinna* denote the same meaning. The author of *bhashya* has studied them from different angles and thereafter interpreted them indicating the difference in their meaning. The word *kritsna* is used to indicate colour and the cost of the cloth while the word *abhinna* is in the

context of its length and breadth. The gist of these words is that monks and nuns can keep and use only that cloth which is white in colour, cheap in price, suitable in size for wearing and covering the body, easily available according to the prescribed code of ascetic restraints and there is no fear of its being stolen or of payment of any octroi or local taxes. It should be easily available in the area in which the monk is wandering and is suitable for use according to the weather. In other words, it should neither be foreign product nor very costly and it should not be more than the prescribed limit. *Abhinna* means full length of cloth as manufactured, *Bhinna* means a piece out of it, small piece or left over piece, *kritsna* means very costly or that which is not easily available, *Akritsna* means cheap and easily available. *(For detailed description see the commentary by Upadhyaya Kanhaiyalal ji Maharaj, page 179)*

अवग्रहपट्टक आदि धारण करने के विधि-निषेध RULES FOR USE AND NON-USE OF UNDERWEAR AND THE LIKE

११. नो कप्पइ निग्गंथाणं उग्गहणंतगं वा, उग्गहपट्टगं वा धारित्तए वा परिहरित्तए वा।

१२. कप्पइ निग्गंथीणं उग्गहणंतगं वा, उग्गहपट्टगं वा धारित्तए वा, परिहरित्तए वा।

११. निर्ग्रन्थो को अवग्रहानन्तक और अवग्रहपट्टक रखना या उसका उपयोग करना नहीं कल्पता है।

१२. निर्ग्रन्थियो को अवग्रहानन्तक और अवग्रहपट्टक रखना या उसका उपयोग करना कल्पता है।

11. The monks are not allowed to keep or use *Avagrahanantak* (underwear) and *Avagrahpattak* (the cloth covering the underwear).

12. *Nirgranthis* (Jain nuns) can keep and use *Avagrahanantak* and *Avagrahpattak*.

विवेचन : गुप्तांग ढकने वाले लँगोट या कौपीन को **अवग्रहानन्तक** कहते है और उसके ऊपर उसे आच्छादन करने वाले वस्त्र को **अवग्रहपट्टक** कहते है।

प्रथम सूत्र मे साधुओ के लिए इन दोनो का निषेध किया गया है और दूसरे सूत्र मे साध्वियो की स्त्री शरीर की स्थिति को देखते हुए इन दोनो के रखने और पहनने का विधान किया गया है।

भाष्यकार ने लिखा है कि यदि किसी साधु को भगन्दर, अर्श आदि रोग हो जाये तो उस अवस्था में अन्य वस्त्रों को रक्त-पीव से बचाने के लिए वह अवग्रहपट्टक रख सकता है।

साध्वियों को ऋतुकाल मे उक्त दोनो वस्त्रों को उपयोग में लाने और शेष काल मे समीप रखने का विधान है। विहार आदि मे शीलरक्षा के लिए भी इन उपकरणो का पहनना आवश्यक होता है। निर्युक्ति और भाष्यकार ने साध्वियों के लिए २५ प्रकार की उपधि रखने का निर्देश किया है। विशेष जिज्ञासु जनो को सभाष्य बृहत्कल्पसूत्र से जानना चाहिए।

Elaboration—The loin-cloth to cover the private parts of the body is called *avagrahanantak* and the cloth that covers it is called *Avagrahapattak*.

In the first *Sutra*, both of these have been prohibited for *Sadhus* and in the second *Sutra*, keeping in view the physical structure of *Sadhvis*, they are allowed to keep and use both of these clothes.

The author of *bhashya* has mentioned that in case a *Sadhu* suffers from a disease like *bhagandar* or *Arsh*, he can keep *avagrahpattak* in order to save other clothes from being spoilt by blood and impure matter.

The *Sadhvis* are allowed to use both such types of clothes during their menstrual periods and to keep them during the remaining time The use of such clothes becomes necessary during wandering in order to safeguard their celibacy and other code of ascetic restraints. The author of *niryukti* and *bhashya* has directed that *Sadhvis* can keep twenty-five types of articles (*Upadhi*) For more details the scholars may see *Brihatkalp Sutra* with commentary.

साध्वी को वस्त्र ग्रहण करने की विशेष विधि SPECIAL PROCEDURE FOR SADHVIS TO ACCEPT CLOTH

१३. निग्गंथीए य गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए अणुप्पविट्ठाए चेलट्ठे समुप्पज्जेज्जा नो से कप्पइ अप्पणो निस्साए चेलं पडिग्गाहेत्तए। कप्पइ से पवत्तिणी—निस्साए चेलं पडिग्गाहित्तए।

नो य से तत्थ पवत्तिणी सामाणा सिया, जे से तत्थ सामाणे आयरिए वा, उवज्झाए वा, पवत्तए वा, थेरे वा, गणी वा, गणहरे वा, गणावच्छेइए वा, जं च अन्नं पुरओ कट्टु विहरइ। कप्पइ से तन्नीसाए चेलं पडिग्गाहेत्तए।

१३. गृहस्थ के घर मे आहार के लिए गई हुई निर्ग्रन्थियो को यदि वस्त्र की आवश्यकता हो तो अपनी निश्रा से वस्त्र लेना नही कल्पता है। किन्तु प्रवर्तिनी की निश्रा से वस्त्र लेना कल्पता है।

यदि वहाँ प्रवर्तिनी विद्यमान न हो तो जो आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्त्तक, स्थविर, गणी, गणधर या गणावच्छेदक हो अथवा जिनकी प्रमुखता से विचरण कर रही हो, उनकी निश्रा से वस्त्र लेना कल्पता है।

13. In case *nirgranthis* (Jain nuns) who have gone to a house to collect food need cloth also, they cannot take it by their own will directly but they can take it with the permission of the *pravartini* (their chief).

In case the *pravartini* is not present there, they can take permission of *Acharya, Upadhyaya, pravartak, sthavir, gani, ganadhar, ganavachhedak* or the one under whose leadership they are wandering.

विवेचन : भाष्यकार ने बताया है, किसी साध्वी को वस्त्र की आवश्यकता हो तो उसे अपनी निश्रा से अर्थात् 'यह वस्त्र मै मेरे लिए ग्रहण कर रही हूँ। इस प्रकार कहकर गृहस्थ से वस्त्र लेना नही कल्पता है। किन्तु वह स्पष्ट शब्दो में कहे कि 'मैं प्रवर्तिनी की निश्रा से इसे ग्रहण करती हूँ, वे इसे स्वीकार कर किसी साध्वी को देंगी तो रखा जायेगा अन्यथा आपको वापस लौटा दिया जायेगा।' ऐसा कहकर ही वह गृहस्थ से वस्त्र को ग्रहण कर सकती है, अन्यथा नही। प्रवर्तिनी की अविद्यमानता मे आचार्यादि की निश्रा से वस्त्र ग्रहण किया जा सकता है।

Elaboration—The author of *bhashya* has stated that sometimes a *Sadhvi* needs a cloth. She is not allowed by the code of restraint to take it of her free will—in other words by saying to the householder who is giving it that she is taking it for her use. But she should clearly say that she is taking it subject to the permission of the *pravartini*. In case the *pravartini* accepts it and gives it to any *Sadhvi*, it shall be kept, otherwise it shall be returned to him (the donor) After telling in this manner, she can accept the cloth and not otherwise In the absence of the *pravartini*, the cloth can be taken subject to the permission of Acharya and the like

दीक्षा के समय ग्रहण करने योग्य उपधि ARTICLES–THAT CAN BE TAKEN AT THE TIME OF INITIATION

१४. निग्गंथस्स णं तप्पढमयाए संपव्वयमाणस्स कप्पइ रयहरण–गोच्छग–पडिग्गहमायाए तिहिं कसिणेहिं वत्थेहिं आयाए संपव्वइत्तए।

से य पुव्वोवट्ठिए सिया, एवं से नो कप्पइ रयहरण–गोच्छग–पडिग्गहमायाए तिहिं कसिणेहिं वत्थेहिं आयाए संपव्वइत्तए। कप्पइ से अहापरिग्गहिएहिं वत्थेहिं आयाए संपव्वइत्तए।

१५. निग्गंथीए य तप्पढमयाए संपव्वयमाणीए कप्पइ रयहरण–गोच्छग–पडिग्गहमायाए चउहिं कसिणेहिं वत्थेहिं आयाए संपव्वइत्तए।

सा य पुव्वोवट्ठिया सिया एवं से नो कप्पइ रयहरण–गोच्छग–पडिग्गहमायाए चउहिं कसिणेहिं वत्थेहिं आयाए संपव्वइत्तए। कप्पइ से अहापरिग्गहिएहिं वत्थेहिं आयाए संपव्वइत्तए।

१४. गृहवास त्यागकर सर्वप्रथम प्रव्रजित होने वाले निर्ग्रन्थ को रजोहरण, गोच्छक, पात्र तथा तीन अखण्ड वस्त्र लेकर प्रव्रजित होना कल्पता है।

यदि वह पहले दीक्षित हो चुका हो तो उसे रजोहरण, गोच्छक, पात्र तथा तीन अखण्ड वस्त्र लेकर प्रव्रजित होना नही कल्पता। है। किन्तु पूर्वगृहीत वस्त्रो को साथ लेकर प्रव्रजित होना कल्पता है।

१५. सर्वप्रथम प्रव्रजित होने वाली निर्ग्रन्थी को रजोहरण, गोच्छक, पात्र तथा चार अखण्ड वस्त्र लेकर प्रव्रजित होना कल्पता है।

यदि वह पहले दीक्षित हो चुकी हो तो उसे रजोहरण, गोच्छक, पात्र तथा चार अखण्ड वस्त्र लेकर प्रव्रजित होना नहीं कल्पता है। किन्तु पूर्वग्रहीत वस्त्रों को साथ लेकर प्रव्रजित होना कल्पता है।

14. A person who renounces the household and is going to be initiated in monkhood for the first time can take *rajoharan* (the broom), *gochhak*, pot and three full-lengths of cloth at the time of initiation.

In case he has already been initiated earlier, he is not allowed to accept (again) *rajoharan, gochhak,* pot and three clothes of full length. But he can get himself initiated with the clothes he had accepted at the time of earlier initiation into monkhood.

15. A woman who discards the household and is going to be initiated as nun for the first time can take *rajoharan, gochhak,* pot and four clothes of full-length at the time of initiation

In case she had already been initiated in the order earlier, she is not allowed to take *rajoharan, gochhak,* pots and four clothes of full-length (again) but she can take the clothes she had already received at the time of earlier initiation.

विवेचन : जो सर्वप्रथम दीक्षित हो रहा है उसे अपने अभिभावको द्वारा या सगे-सम्बन्धियों द्वारा दिये हुए रजोहरण, गोच्छक (प्रमार्जनिका), पात्र और तीन कृत्स्न वस्त्र लेकर दीक्षा लेना चाहिए। एक हाथ चौडे और चौबीस हाथ लम्बे थान को कृत्स्न वस्त्र माना जाता है। ऐसे तीन थान लेकर के दीक्षित हो सकता है। इसके पश्चात् जब उसकी बडी दीक्षा हो या किसी व्रत-विशेष में दूषण लग जाने पर या किसी महाव्रत की विराधना हो जाने पर पुन. दीक्षा के लिए आचार्य के सम्मुख उपस्थित हो तो वह अपने पूर्वगृहीत वस्त्र-पात्रादि के साथ ही दीक्षा ले सकता है, अर्थात् पहले के वस्त्र-पात्रादि को छोडकर नवीन वस्त्र-पात्रादि लेने की उसे आवश्यकता नही है।

Elaboration—One who is getting initiated in monkhood should take *rajoharan, gochhak* (cloth for cleaning pots or feet), pots and three pieces of cloth of full-length from those arranging his initiation or from his relatives. A piece of cloth, which is one *haath* wide and twenty four *haath* long is considered to be a *Kritsna* (full length) cloth He can get into monkhood with three such pieces of cloth. Thereafter, when his second *diksha* (*diksha* after probation period) is arranged, or when he presents himself before the *Acharya* to repent for any fault in code of restraint or in major vows and for being initiated again in the monkhood afresh, he can take the clothes, pots and the like with which he had been earlier initiated. In other words there is no need of discarding earlier clothes and pots and taking such material afresh

प्रथम-द्वितीय समवसरण में वस्त्र ग्रहण
ACCEPTING OF CLOTHES IN FIRST AND SECOND SAMVASARAN

१६. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा-पढमसमोसरणुद्देसपत्ताइं चेलाइं पडिगाहेत्तए।

१७. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा-दोच्चसमोसरणुद्देसपत्ताइं चेलाइं पडिगाहेत्तए।

१६. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियों को प्रथम समवसरण मे वस्त्र ग्रहण करना नही कल्पता है।

१७. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को द्वितीय समवसरण मे वस्त्र ग्रहण करना कल्पता है।

16. Monks and nuns are not allowed to accept cloth in first *Samvasaran.*

17. Monks and nuns can accept cloth in second *Samvasaran.*

विवेचन : चातुर्मास करने के लिए साधु-साध्वियाँ किसी एक योग्य स्थान पर आकर स्थित होते हैं, अतः उसे प्रथम समवसरण कहा जाता है और वर्षाकाल या चातुर्मास की समाप्ति के पश्चात् का काल द्वितीय समवसरण कहा जाता है।

इसका अर्थ है-वर्षाकाल तक अर्थात् आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा से लेकर कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा तक गृहस्थों से वस्त्र ग्रहण करना नहीं कल्पता है। किन्तु वर्षाकाल के बाद दूसरे समवसरण में अर्थात् मार्गशीर्ष कृष्णा प्रतिपदा से लेकर आषाढ शुक्ला पूर्णिमा पर्यन्त आठ मास तक जिस देश और जिस काल के अनुरूप उन्हें यदि वस्त्रो की आवश्यकता हो तो गृहस्थो से ले सकते है।

Elaboration—Monks and nuns station at some suitable place for four months during rainy season. This is called first *Samvasaran*. The period after the rainy season or after the completion of *chaturmas* is called second Samvasaran.

It means that upto the beginning of rainy season or from fifteenth bright day of Asadh up to fifteenth bright day of Kartik, cloth cannot be taken from any householder devotee. But after the rainy season, in the second *Samvasaran,* starting from first day of Margsheersh up to fifteenth bright day of Asadh—the period of eight months it can be taken according to the needs of time and place, from householders.

यथारत्नाधिक वस्त्र ग्रहण का विधान
RULES REGARDING ACCEPTANCE OF CLOTH BY SENIORS IN PERIOD OF INITIATION

१८. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा-अहाराइणियाए चेलाइं पडिग्गाहित्तए।

१८. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को चारित्र-पर्याय के क्रम से वस्त्र ग्रहण करना कल्पता है।

18. Monks and nuns should accept the cloth according to their seniority in period of initiation.

विवेचन : सूत्र का अभिप्राय यह है कि जो साधु या साध्वी सबसे अधिक चारित्र-पर्याय वाले दीक्षा ज्येष्ठ हैं, उन्हें सर्वप्रथम वस्त्र, पात्र आदि अन्य उपधियाँ प्रदान करना चाहिए। तत्पश्चात् उनसे कम चारित्र-पर्याय वाले को और तदनन्तर उनसे कम चारित्र-पर्याय वाले को देना चाहिए।

Elaboration—The sum and substance of this *Sutra* is that to the monk or nun who is senior most in period of monkhood the cloth, pot and other articles of his or her need should be offered first of all. Thereafter, the offer should be made to other monks in the order of their respective seniority in period of initiation

यथारत्नाधिक शय्या-संस्तारक ग्रहण का विधान RULES REGARDING ACCEPTANCE OF BED BY SENIOR MONK

१९. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अहारायणियाए सेज्जा-संथारए पडिग्गाहित्तए।

१९. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियों को चारित्र-पर्याय के क्रम से शय्या-सस्तारक ग्रहण करना कल्पता है।

19. *Nirgranths* and *nirgranthis* are required to accept *Upashraya,* bed and the like in the order of their respective period of monkhood.

विवेचन : शय्या का अर्थ वसति या उपाश्रय है अथवा अपने शरीर प्रमाण पाट आदि। वहाँ ठहरने पर साधुओं या साध्वियो के बैठने योग्य स्थान एवं ढाई हाथ प्रमाण पाट, घास आदि को संस्तारक कहा जाता है। इन्हें भी चारित्र-पर्याय अर्थात् बडे-छोटे के क्रम से ही ग्रहण करना चाहिए।

यहाँ इतना और विशेष बताया गया है कि नवदीक्षित या अल्प आयु वाले साधु को रत्नाधिक साधु के समीप सोने का स्थान देना चाहिए। जो रात मे उसकी सार-सम्भाल कर सके। इसी प्रकार वैयावृत्य करने वाले साधु को ग्लान साधु के समीप स्थान देना चाहिए, जिससे वह रोगी साधु की यथासमय परिचर्या कर सके तथा शास्त्राभ्यास करने वाले शैक्ष साधु को उपाध्याय आदि, जिनके समीप वह अध्ययन करता हो, उनके पास स्थान देना चाहिए जिससे कि वह जागरण काल मे अपने पाठ-परिवर्तनादि करते समय उनसे सहयोग प्राप्त कर सके।

Elaboration—*Shayya* means *Upashraya* or the bed according to the size of their body After stationing in the *Upashraya*, the place required for sitting and the bed, hay and the like up to two and a half *haath* required by monks and nuns is called *Sanstarak*. Such things also should be accepted in the order of their seniority

Here it has been specially mentioned that the newly initiated monk or that monk who is of tender age, should be provided place to sleep near the senior monk who could look after him at night Similarly the monk who attends to the sick, should be given place near the sick monk so that he may attend to him when so required The monk who is studying scriptures should be provided place near *Upadhyaya* or the like from whom he is getting lessons in scriptures so that he can take help from him when he revises his lesson

कृतिकर्म करने का विधान **RULES REGARDING RESPECTING ELDERS**

२०. कप्पइ निग्गंथाण या निग्गंथीण वा-अहाराइणियाए किइकम्मं करेत्तए।

२०. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को चारित्र-पर्याय के क्रम से वन्दन करना कल्पता है।

20. *Nirgranths* and *nirgranthis* should bow to the other monks in the order of their seniority

विवेचन : प्रात एवं सायकाल प्रतिक्रमण आदि प्रारम्भ करने के पूर्व गुरुएव ज्येष्ठ मुनिजनों का जो विनय, वन्दन आदि किया जाता है, उसे **'कृतिकर्म'** कहते हैं। इसके दो भेद है-'अभ्युत्थान' और 'वन्दनक'।

आचार्य, उपाध्याय आदि गुरुजनो के एव दीक्षा-पर्याय मे ज्येष्ठ साधुओ के गमन-आगमन काल मे उठकर खडे होना **'अभ्युत्थान कृतिकर्म'** है। प्रात काल, सायकाल एवं प्रतिक्रमण करते समय तथा प्रश्न आदि पूछते समय गुरुजनों को वन्दना करना, हाथ जोडकर मस्तक पर अजलि लगाकर नमस्कार आदि करना **'वन्दनक कृतिकर्म'** है।

Elaboration—In the morning and in the evening before starting *Pratikraman* and the like, the respect, which is expressed towards the teacher or senior monks, is called *'Kritikarm'*. It is of two types—*'Abhyuthaan'* and *'Vandanak'*.

To stand up when *Acharya, Upadhyaya* or teachers or those senior in monkhood come or move about is called *Abhyuthaan Kritikarm*. To bow to the teachers with folded hands at the time of *Pratikraman* and at the time of asking any question is called *Vandanak Kritikarm*.

गृहस्थ के घर में ठहरने का निषेध PROHIBITION REGARDING STAYING IN THE HOUSE OF A HOUSEHOLDER

२१. नो कप्पइ निग्गंथाण व निग्गंथीण वा—अंतरगिहंसि—(१) चिट्ठित्तए वा, (२) निसीइत्तए वा, (३) तुयट्टित्तए वा, (४) निद्दाइत्तए वा, (५) पयलाइत्तए वा, (६) असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा आहारमाहरित्तए, (७) उच्चारं वा, पासवणं वा, खेलं वा, सिंघाणं वा परिट्ठवेत्तए, (८) सज्झायं वा करित्तए, (९) झाणं वा झाइत्तए, (१०) काउसग्गं वा ठाइत्तए।

अह पुण एवं जाणेज्जा—वाहिए, जराजुण्णे, तवस्सी, दुब्बले, किलंते, मुच्छेज्ज वा, पवडेज्ज वा एवं से कप्पइ अंतरगिहंसि चिट्ठित्तए वा जाव काउसग्गं वा ठाइत्तए।

२१. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को गृहस्थ के घर के भीतर–(१) ठहरना, (२) बैठना, (३) सोना, (४) निद्रा लेना, (५) ऊँघ लेना, (६) अशन, पान, खादिम, स्वादिम–आहार करना, (७) मल, मूत्र, खंकार, श्लेष्म परिष्ठापन करना, (८) स्वाध्याय करना, (९) ध्यान करना, (१०) कायोत्सर्ग कर स्थित होना नहीं कल्पता है।

किन्तु जो भिक्षु व्याधिग्रस्त हो, वृद्ध हो, तपस्वी हो, दुर्बल हो, थकान या घबराहट से युक्त हो, वह यदि मूर्च्छित होकर गिर पडे तो उसे गृहस्थ के घर मे ठहरना यावत् कायोत्सर्ग करके स्थित होना कल्पता है।

21. Monks and nuns are not allowed to (1) stay, (2) sit, (3) lie down, (4) sleep, (5) doze, (6) to take meals, (7) to discard stool, urine, dirt of the body and the like, (8) to study, (9) meditate, or (10) to stay in posture of *Kayotsarg* in the house of a householder.

But a monk who is suffering from disease, who is old, who is observing austerities, who is weak, who is feeling tired or nervous, and who falls down in unconscious state, he can stay up to do *Kayotsarg* in the house of a householder.

विवेचन : भाष्यकार ने इसी सन्दर्भ मे गृहस्थ के घर पर ठहरने के कुछ अन्य विशेष कारणो का भी उल्लेख किया है, जैसे औषधि के लिए घर में प्रवेश करने के पश्चात् पानी बरसने लगे, या किसी कारण आने–जाने का मार्ग अवरुद्ध हो जाये इत्यादि परिस्थितियों मे भी साधु गृहस्थ के घर मे ठहर सकता है।

Elaboration—The author of bhashya has mentioned some other special circumstances in this context when a monk can stay in the house of a householder. For instance, if it starts raining or the road gets blocked after the monk enters the house to collect alms, he can stay there during that period.

गृहस्थ के घर में वार्त्ता व धर्मकथा का विधान

RULES REGARDING CONVERSATION AND SPIRITUAL LECTURE IN RESIDENTIAL HOUSE

२२. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अंतरगिहंसि जाव चउगाहं वा पंचगाहं वा आइक्खित्तए वा, विभावित्तए वा, किट्टत्तए वा, पवेइत्तए वा।

नन्नत्थ एगनाएणं वा, एगवागरणेण वा, एगगाहाए वा, एगसिलोएण वा; से वि य ठिच्चा, नो चेव णं अठिच्चा।

२२. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियो को गृहस्थ के घर के भीतर चार या पाँच गाथाओं द्वारा कथन करना, उनका अर्थ करना, धर्माचरण का फल कहना एवं विस्तृत विवेचन करना नहीं कल्पता है।

किन्तु आवश्यक होने पर केवल एक उदाहरण, एक प्रश्नोत्तर, एक गाथा या एक श्लोक द्वारा कथन करना कल्पता है। वह भी खडे रहकर कथन करे, बैठकर नही।

22. Monks and nuns are not allowed to recite in the house of a householder four or five verses from scriptures, to express their meaning or to indicate the reward of spiritual activities and to explain it in detail.

But when necessary, he or she can recite there an illustration, answer to one question, a verse or one stanza He should say that also only while standing and not while sitting

२३. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अंतरगिहंसि, इमाइं पंच महव्वयाइं सभावणाइं आइक्खित्तए वा, विभावित्तए वा, किट्टित्तए वा, पवेइत्तए वा।

नन्नत्थ एगनाएण वा जाव एगसिलोएण वा; से वि य ठिच्चा, नो चेव णं अठिच्चा।

२३. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियो को गृहस्थ के घर मे भावना सहित पाँचो महाव्रतो का कथन, अर्थ-विस्तार या महाव्रताचरण के फल का कथन करना एव विस्तृत विवेचन करना नही कल्पता है।

किन्तु आवश्यक होने पर केवल एक उदाहरण यावत् एक श्लोक से कथन करना कल्पता है। वह भी खडे रहकर किन्तु बैठकर नहीं।

23. *Nirgranths* and *nirgranthis* are not allowed to explain five major vows including the thought reflection pertaining thereto, the detailed meaning and the result of observing five major vows. They are also not allowed to explain them in detail in the house of a householder.

But in case it becomes essential he can give one illustration or recite one verse from scriptures in the house of the layman and that also only while standing and not while sitting.

विवेचन : उक्त विधान के पीछे रहा भाव स्पष्ट करते हुए भाष्यकार लिखते हैं कि साधु को गृहस्थ के घर में अधिक समय नहीं रुकना चाहिए। यदि कोई बहुत आवश्यक प्रश्न व जिज्ञासा करे तो खडे-खडे ही अति संक्षिप्त उत्तर देकर निकल जाना चाहिए। गृहस्थ के घर में बैठने से अनेक प्रकार की शंका-कुशंका व दोषों की संभावना रहती है।

Elaboration—Clarifying the basic purpose behind the above rule, the author of *bhashya* mentions that a monk should not remain in the house of a layman for a long time. In case a person asks a very important question or raises a pertinent query, he should reply to it briefly while standing and then come out. There is possibility of various types of doubts, ill thoughts and faults in ascetic discipline if one sits in the house of a householder.

शय्या-संस्तारक लौटाने का विधान PROCEDURE REGARDING RETURNING PLACE OF STAY AND THE BED

२४. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पाडिहारियं सेज्जासंथारयं आयाए अपडिहट्टु संपव्वइत्तए।

२४. साधु-साध्वी ने गृहस्थ से जो प्रातिहारिक शय्या-संस्तारक ग्रहण किया है उसे उसके स्वामी को सौंपे बिना ग्रामान्तर गमन करना नहीं कल्पता है।

24. A monk or a nun is not allowed to go to another village without returning the place of stay and the bed to its owner from whom he had taken them.

विवेचन : यहाँ शय्या-संस्तारक पद उपलक्षण रूप हैं। वास्तव मे जो वस्तु प्रातिहारिक-वापस सौंपने को कहकर गृहस्थ के घर से साधु या साध्वी लाते हैं उसे उसके स्वामी को वापस सौप करके ही अन्यत्र विहार करना चाहिए। बिना लौटाये जाने पर साधु का अविश्वास या निन्दा आदि हो सकती है।

Elaboration—Here the words *Shayya Sanstarak* are just an illustration. In fact all those articles, which the monk had taken from a householder assuring him that they shall be returned after use, should be returned to the owner before the monk moves to another village. In case he moves away without returning the same, he loses the trust and he also becomes a subject of criticism.

२५. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा-सागारियसंतियं सेज्जासंथारयं आयाए अविकरणं कट्टु संपव्वइत्तए।

२६. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा–सागारियसंतियं सेज्जासंथारयं आयाए विकरणं कट्टु संपव्वइत्तए।

२५. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो का सागारिक का जो शय्या–संस्तारक ग्रहण किया गया है, उसे यथावस्थित किये बिना ग्रामान्तर गमन करना नही कल्पता है।

२६. सागारिक का शय्या–संस्तारक ग्रहण किया है, उसे व्यवस्थित करके ग्रामान्तर गमन करना कल्पता है।

25. *Nirgranths* and *nırgranthıs* should not move to another village without returning the place of stay, the bed and the like in the same state in which they were at the tıme when they were taken from householder.

26. The place of stay and the bed taken from *Sagaarık* (householder devotee) should be arranged in order before moving to another village

विवेचन : शय्यातर के भवन में जो शय्या–संस्तारक जहाँ पर जिस प्रकार से थे, उसी प्रकार से करके सौपने को 'विकरण' कहते है। व्यवस्थित करके न सौंपे तो इसे 'अविकरण' दोष कहते है।

इसका आशय यह है कि जो सामान लाया है उसे काम में लेने के बाद वापस साफ करके, अच्छी हालत में लौटा दे। यदि टूट–फूट हो जाये तो गृहस्थ को उसके विषय में बता देना चाहिए। पाट आदि जहाँ से लिए उन्हे वही पर वापस रख देना चाहिए ताकि गृहस्थ को किसी प्रकार की शिकायत का अवसर नही मिले।

Elaboration—'*Vikaran*' ıs the return of place of stay and the bed to the owner ın the same condıtıon in which they were ın the house of the householder. In case they are not returned after arranging it in that order ın which ıt was taken; one commits fault of '*avıkaran*'

The purpose of its mention ın this verse is that the articles got from the householder should be returned to the owner, after properly cleaning them and bringing it back in good condition In case anything has broken, it should be clearly mentioned to the owner The pot and the bed should be placed at the same place from where they had been taken so that the householder does not get any opportunıty to complain about it.

खोए हुए शय्या–संस्तारक का अन्वेषण करे **SEARCH FOR LOST BED**

२७. इह खलु निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पाडिहारिए वा सागारियसंतिए वा सेज्जासंथारए विप्पणसेज्जा, से य अणुगवेसियव्वे सिया। से य अणुगवेसमाणे लभेज्जा तस्सेव पडिदायव्वे सिया।

से य अणुगवेसमाणे नो लभेज्जा, एवं से कप्पइ दोच्चंपि उग्गहं अणुण्णवेत्ता परिहारं परिहरित्तए।

२७. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों का प्रातिहारिक या सागारिक शय्या–संस्तारक यदि गुम हो जाये तो उसका उन्हें अन्वेषण करना चाहिए। अन्वेषण करने पर यदि मिल जाये तो उसी को दे देना चाहिए।

अन्वेषण करने पर कदाचित् न मिले तो पुनः आज्ञा लेकर अन्य शय्या-संस्तारक ग्रहण करके उपयोग में लेना चाहिए।

27. Monks and nuns should make a search for the bed that they have lost. In case it is recovered during the search, it should be handed over to the person to whom it belongs.

In case it is not found even after thorough search, another bed should be collected and used after taking the permission for the same again.

विवेचन : निर्युक्तिकार ने बताया है कि साधु गृहस्थ के घर से जो भी शय्या-संस्तारक आदि माँगकर लावे उसकी रक्षा के लिए सावधानी रखनी चाहिए और उपाश्रय को सूना नहीं छोड़ना चाहिए। यदि वह चोरी हो गया हो, कोई छीनकर ले गया हो तो उस विषय मे वापस प्राप्त करने का यथासम्भव प्रयत्न करना चाहिए। इस पर भी न मिले या ले जाने वाले का पता न लगे तो जिस गृहस्थ के यहाँ से वह शय्या-संस्तारकादि लाया है उसको अपहरण की बात कहे। यदि वह किसी प्रकार से उसे वापस ले आवे तो उसको दूसरी बार आज्ञा लेकर उपयोग मे ले। यदि उसे भी वह न मिले तो दूसरे शय्या-संस्तारक की याचना करे।

Elaboration—The author of *niryukti* has mentioned that it is the responsibility of the monk to properly look after the bed he has collected from the householder He should never leave the *Upashraya* unattended. In case the bed has been stolen or someone has snatched it, he should make all possible efforts to get it back. In case he is not able to recover it or is not able to trace the whereabouts of the person who had taken it away, he should tell the entire matter to the person from whose house he had got the same In case that person is able to bring it back, he with due permission can use it. If he is not able to procure it, he should beg for another bed.

आगन्तुक श्रमणों को पूर्वाज्ञा में रहने का विधान

RULES FOR STAYING OF SHRAMANS ON THE BASIS OF EARLIER PERMISSION SECURED BY SHRAMANS

२८. जद्दिवसं च णं समणा निग्गंथा सेज्जासंथारयं विप्पजहंति, तद्दिवसं च णं अवरे समणा निग्गंथा हव्वमागच्छेज्जा, सच्चेव ओग्गहस्स पुव्वाणुण्णवणा चिट्ठइ अहालंदमवि उग्गहे।

२९. अत्थि या इत्थ केइ उवस्सयपरियावन्नए अचित्ते परिहरणारिहे, सच्चेव उग्गहस्स पुव्वाणुण्णवणा चिट्ठइ, अहालंदमवि उग्गहे।

२८. जिस दिन श्रमण-निर्ग्रन्थ (पूर्व ग्रहीत स्थान से) शय्या-संस्तारक छोडकर विहार कर रहे हों उसी दिन या उसी समय दूसरे श्रमण-निर्ग्रन्थ आ जावें तो उसी पूर्व ग्रहीत आज्ञा से जितने भी समय रहना हो, शय्या-संस्तारक को ग्रहण करके रह सकते हैं।

२९. यदि उपयोग में आने योग्य कोई अचित्त उपकरण उपाश्रय में हो तो उसका भी उसी पूर्व की आज्ञा से जितने काल रहना हो, उपयोग किया जा सकता है।

28. In case other nirgranths arrive just at the time and the day when the *nirgranths* already staying at a particular place with due permission are going to leave, they can stay there and accept the bed on the basis of the permission obtained earlier as long as they desire.

29. In case any non-living thing is lying in the *Upashraya* and that is worthy of use by a monk, he can use it for the period he stays in that *Upashraya* on the basis of the permission already taken.

विवेचन : भाष्यकार के अनुसार पहले ठहरे हुए साधुओं के द्वारा ली गई आज्ञा में उनके साधर्मिक साधुओ के ठहरने की आज्ञा निहित रहती है। अत. उनके साथ कोई भी साधु कभी भी आकर ठहर सकते हैं। उनके लिए पुनः आज्ञा लेने की आवश्यकता नही होती है। यहाँ यथालन्दकाल का 'यथायोग्य कल्पानुसार समय' अर्थ समझना चाहिए।

यदि पहले ठहरे हुए साधुओं ने विहार कर मालिक को मकान सुपुर्द कर दिया हो, उसके बाद कोई साधु आवें तो उन्हे पुन आज्ञा लेना आवश्यक होता है। यदि मकान-मालिक ने साधुओ की संख्या; स्थान व समय की सीमा की शर्त के साथ आज्ञा दी हो, तो पुन आज्ञा लेना आवश्यक होता है।

Elaboration—According to 'the author of *bhashya*, the permission obtained by the monks already staying in the *Upashraya* includes permission of stay for the monks of the same fold who arrive there later. Therefore, any monk can come and stay with them. There is no need for them to seek permission of the owner again Here *Yathalandkaal* should be considered as the period according to the prescribed limit.

In case the monks who were earlier staying had given back the possession to the owner and left that place, the monks who come there later shall have to seek the permission of the owner afresh. In case the owner had given the permission of the house clearly mentioning the number of monks, the place and the period for which they can stay, it becomes essential to seek the permission again.

स्वामीरहित घर की पूर्वाज्ञा एवं पुनः आज्ञा

EARLIER PERMISSION AND LATER PERMISSION FOR A HOUSE NOT OWNED BY ANYONE

३०. से वत्थूसु-अव्वावडेसु, अव्वोगडेसु, अ-पर-परिग्गहिएसु, अमर-परिग्गहिएसु सच्चेव उग्गहस्स पुव्वाणुण्णवणा चिट्ठइ अहालंदमवि उग्गहे।

३१. से वत्थूसु-वावडेसु, वोगडेसु, परपरिग्गहिएसु, भिक्खुभावस्स अट्ठाए दोच्चंपि उग्गहे अणुन्नवेयव्वे सिया अहालन्दमवि उग्गहे।

३०. जो घर काम में न आ रहा हो, कुटुम्ब द्वारा विभाजित न हो, जिस पर किसी अन्य का प्रभुत्व न हो अथवा किसी देव द्वारा अधिकृत हो तो उसमें भी उसी पूर्वस्थित साधुओं की आज्ञा से जितने काल रहना हो, ठहरा जा सकता है।

३१. वही घर आगन्तुक भिक्षुओं को ठहरने के बाद में काम में आने लगा हो, कुटुम्ब द्वारा विभाजित हो गया हो या अन्य से परिगृहीत हो गया हो तो भिक्षु भाव अर्थात् संयम-मर्यादा के लिए जितने समय रहना हो उसकी दूसरी बार आज्ञा ले लेनी चाहिए।

30. A house is not being used or it has not be divided by the members of the family or it is not owned by anyone else or it is ın the charge of some celestial being. A *bhıkshu* can stay there as long as he likes with the permission of *Sadhus* who are already staying there.

31. In case the saıd house is beıng used by a layman after the departure of the monks, or has been divided by the family or has been taken by someone else then the *Bhikshu* in view of the restraints of his ascetic disciplıne should seek permissıon again for the period he wants to stay there.

विवेचन : विशेष शब्दों का अर्थ-(१) **अव्यापृत**-जो घर जीर्ण-शीर्ण होने से या गिर जाने से किसी के द्वारा उपयोग मे नही आ रहा हो। (२) **अव्याकृत**-जो घर अनेक स्वामियों का होने से किसी के द्वारा अपने अधीन नही किया गया हो। (३) **अपर-परिगृहीत**-जो घर गृहस्वामी ने छोड दिया हो और अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ग्रहण नही किया हो वह बिना स्वामी का घर। (४) **अमर-परिगृहीत**-जो घर किसी कारण-विशेष से निर्माता के द्वारा छोड दिया गया है और जिसमे किसी यक्ष आदि देव ने अपना निवास कर लिया है। उक्त स्थान से साधु विहार कर अन्यत्र जाने वाले है, उस समय आने वाले साधुओ को उसमे ठहरने के लिए पुन आज्ञा लेने की आवश्यकता नही है।

आगन्तुक साधुओ के ठहरने पर देवता ने उस मकान को छोड दिया हो और उसके बाद उस मकान का कोई वास्तविक मालिक आ जावे तो वास्तविक मालिक की पुन आज्ञा लेना आवश्यक है। सयम-मर्यादा मे सूक्ष्म अदत्त का भी सेवन करना उचित नहीं होता है। अज्ञात मालिक के समय ली गई आज्ञा से ज्ञात मालिक के समय ठहरने पर अदत्त का सेवन होता है। अत वास्तविक मालिक के आ जाने पर उसकी आज्ञा ले लेना चाहिए।

Elaboration—Meaning of particular words—(1) Avyaprit—A house which ıs not beıng used by anyone due to ıts dılapıdated condition or as it has fallen **(2) Avyakrit—**A house which has not been ın the control of any partıcular person as it is owned by many. **(3) Apar-parigrihit—**A house that has been left by ıts owner and has not been taken by anyone else. It ıs called a house without any owner **(4) Amar-parigrihit—**A house that has been dıscarded by its owner due to any reason and in which some *Yaksha* or celestial being has made his abode. In case the monks are just going to leave that place and other monks come there, they need not seek permission of stay again.

In case the celestial being had left that place after the stay of the monks and thereafter the real owner of that house comes there, it is

essential to seek the permission again of the real owner. It is not proper in practice of ascetic restraint to make use of even a subtle thing, which is not properly given by its owner In case the permission has been obtained at the time when the owner is not known and one stays even when the real owner becomes known, that stay is a stay without permission. Therefore when the real owner comes, it is necessary to seek his permission for stay.

पूर्वाज्ञा से मार्ग आदि में ठहरने का विधान

PROCEDURE FOR STAYING ON THE WAY WITH EARLIER GRANTED PERMISSION

३२. से अणुकुड्डेसु वा, अणुभित्तीसु वा, अणुचरियासु वा, अणुफरिहासु वा, अणुपंथेसु वा, अणुमेरासु वा, सच्चेव उग्गहस्स पुव्वाणुण्णवणा चिट्ठइ। अहालंदमवि उग्गहे।

३२. मिट्टी आदि से निर्मित दीवार के पास, ईंट आदि से निर्मित दीवार के पास, चरिका (कोट और नगर के बीच के मार्ग) के पास, खाई के पास, सामान्य पथ के पास, बाड या कोट के पास भी पहले ठहरे हुए साधुओ की आज्ञा से जितने काल रहना हो, ठहरा जा सकता है।

32. A monk can stay as long as he likes with the permission of the monks who are already staying if he wants to stay near the earthen wall, the brick wall, the boundary wall or the central road of the town, near the ditch, near the common path or near the fence.

विवेचन : मार्ग चलते हुए कोट आदि के किनारे या किसी के मकान की दीवार के पास ठहरना हो तो उसके मालिक की, राहगीर की अथवा शक्रेन्द्र की आज्ञा लेनी चाहिए। वहाँ ठहरे हुए साधुओ के उठने के पूर्व अन्य साधु आ जायें तो वे उसी आज्ञा मे ठहर सकते है। उनको पुन किसी की आज्ञा लेना आवश्यक नही है।

Elaboration—In case a monk wants to stay for sometime during his wandering at the edge of the boundary wall or near the wall of a house, he should seek permission of the owner of that house, the passers-by or of Shakrendra In case other monks come there before the departure of earlier stationed monks, they can stay there and it is not necessary for them to seek the permission of someone again

सेना के समीपवर्ती क्षेत्र में गोचरी जाने का विधान

PROCEDURE OF GOING FOR COLLECTION OF ALMS IN THE AREA NEAR AN ARMY CAMP

३३. से गामस्स वा जाव रायहाणीए वा बहिया सेण्णं सन्निविट्ठं पेहाए कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तद्दिवसं भिक्खायरियाए गंतूण पडिनियत्तए नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवाइणावेत्तए।

जो खलु निग्गंथे वा निग्गंथी वा तं रयणिं तत्थेव उवाइणावेइ, उवाइणावेंतं वा साइज्जइ। से दुहओ वि अइक्कममाणे आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

३३. ग्राम यावत् राजधानी के बाहर शत्रुसेना का पडाव हो तो निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को भिक्षाचर्या के लिए बस्ती में जाकर उसी दिन लौटकर आना कल्पता है किन्तु उन्हें वहाँ रात रहना नही कल्पता है।

जो निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी वहाँ रात रहते हैं या रात रहने वाले की अनुमोदना करते हैं, वे जिनाज्ञा और राजाज्ञा दोनो का अतिक्रमण करते हुए चातुर्मासिक अनुद्घातिक प्रायश्चित्त को प्राप्त होते है।

33. In case the army of the enemy is stationed outside the village or capital, the monks and nuns shall have to return to their place the same day after seeking alms. They are not allowed to stay there for the night.

Those *nirgranths* or *nirgranthis* who stay there for the night or support those who stay there for the night, they transgress the spiritual order and the order of the government. As such they are liable for *Chaturmasik Anudghatik* expiation (*prayashchit*).

विवेचन : आचाराग २/३ मे सेना के पडाव के निकट से साधु को गमनागमन करने का निषेध है और यहाँ विहारादि में अत्यन्त आवश्यक होने पर सेना के पडाव को पार कर ग्रामादि के भीतर गोचरी जाने का विधान है। इसका तात्पर्य यह है कि सेना के पडाव के समय मे जहाँ भिक्षाचरो को केवल भिक्षा लेकर आने की ही छूट हो और अन्यो के लिए प्रवेश बन्द हो तब भिक्षु को भिक्षा लेकर के शीघ्र ही लौट जाना चाहिए, अन्दर नही ठहरना चाहिए। अन्दर ठहरने पर राजाज्ञा एव जिनाज्ञा का उल्लघन होने से वह प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

Elaboration—According to *Acharang* 2/3, a monk is prohibited from wandering near an army camp. Here in case of very urgent need, a monk is allowed to go to the residential area of the village for collecting alms after passing through the army camp on the way. The underlying meaning is that in case the monks are allowed to go through the camp for collection of alms while the common man is not allowed, the *bhikshu* should return soon after collecting alms and he should not stay inside. In case he stays inside, he transgresses the spiritual order and order of the government So he is liable for prescribed *prayashchit*.

अवग्रह क्षेत्र का प्रमाण LIMIT OF AREA OF MOVEMENT

३४. से गामंसि वा जाव सन्निवेसंसि वा कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा सव्वओ समंता सक्कोसं जोयेणं उग्गहं ओगिण्हित्ताणं चिट्ठित्तए।

३४. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को ग्राम यावत् सन्निवेश मे चारो ओर से एक कोस सहित एक योजन का अवग्रह ग्रहण करके रहना कल्पता है अर्थात् एक दिशा मे ढाई कोस जाना-आना कल्पता है।

34. A monk is allowed to stay in a village up to colony after fixing a limit of his movement up to one *Yojan* and one *Kos* in all directions In brief he can go only up to two and a half *Kos* in any direction.

विवेचन : यद्यपि गोचरी के लिए भिक्षु को अपने उपाश्रय से दो कोस तक ही जाना कल्पता है तथापि यहाँ ढाई कोस कहने का आशय यह है कि दो कोस गोचरी के लिए गये हुए भिक्षु को वहाँ कभी मल-मूत्र की बाधा हो जाये तो बाधा निवारण के लिए वहाँ से वह आधा कोस और आगे जा सकता है। तब कुल ढाई कोस एक दिशा में गमनागमन होता है। पूर्व-पश्चिम या उत्तर-दक्षिण यों दो-दो दिशाओ के क्षेत्र का योग करने पर पाँच कोस अर्थात् सवा योजन का अवग्रह क्षेत्र होता है। उसे ही सूत्र में सकोस योजन अवग्रह क्षेत्र कहा है।

॥ तृतीय उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Although a monk is allowed to go only upto two *Kos* (4 miles) from the *Upashraya* for collection of alms, still the purpose of mentioning two and a half *Kos* here is that in case he feels a natural urge and has to go for a call of nature at that time, he can go further upto half a *Kos* for that purpose So in these circumstances the movement in one direction is two and a half *Kos*. After totalling the limits in the east and west or in the north and south it comes to five *Kos* or one *Yojan* and a quarter. This limit is termed as *sakos yojan Avagreh Kshetra* in this *Sutra*.

● THIRD UDDESHAK CONCLUDED ●

चतुर्थ उद्देशक
FOURTH UDDESHAK

अनुद्घातिक प्रायश्चित्त के स्थान **WHO DESERVE ANUDGHATIK PRAYASHCHIT**

१. तओ अणुग्घाइया पण्णत्ता, तं जहा–

(१) हत्थकम्मं करेमाणे, (२) मेहुणं पडिसेवमाणे, (३) राइभोयणं भुंजमाणे।

१. तीन व्यक्ति अनुद्घातिक प्रायश्चित्त के योग्य होते हैं। यथा–

(१) हस्त–कर्म करने वाला, (२) मैथुन–सेवन (स्त्री के साथ सभोग) करने वाला, (३) रात्रि–भोजन करने वाला।

1. Three types of people (monks) are liable for *Anudghatic Prayaschit* (punishment) namely—

(1) One committing unnatural offence, (2) One who engages in sex with a woman, (3) One who takes meals at night.

विवेचन : जिस दोष की सामान्य तप से शुद्धि की जा सके, उसे **उद्घातिक** प्रायश्चित्त कहते हैं और जिस दोष की विशेष तप से ही शुद्धि की जा सके, उसे **अनुद्घातिक** प्रायश्चित्त कहते है।

सूत्र मे कथित तीनो ही दोष महापाप है। इनमे से दो का सम्बन्ध ब्रह्मचर्य महाव्रत के भग से है और अन्तिम रात्रिभक्त विरमण नामक छठे व्रत को भग करने वाला है। अत ये तीनो ही अनुद्घातिक प्रायश्चित्त के पात्र होते है।

भगवतीसूत्र (श २५, उ ६, सूत्र १९५) में तथा उववाईसूत्र (३०) मे प्रायश्चित्त के दस भेद बताये हैं– (१) आलोचना, (२) प्रतिक्रमण, (३) तदुभय, (४) विवेक, (५) व्युत्सर्ग, (६) तप, (७) छेद, (८) मूल, (९) अनवस्थाय, (१०) पाराचिक। इनमे से यहाँ पर तप व छेद प्रायश्चित्त का प्रसग है जिनका वर्णन इस प्रकार है–

तप प्रायश्चित्त–प्रमाद–विशेष से अनाचार–सेवन करने पर उसकी शुद्धि के लिए गुरु द्वारा दिये तप का आचरण करना।

इसके दो भेद है–**उद्घातिम** अर्थात् लघु प्रायश्चित्त और **अनुद्घातिम** अर्थात् गुरु प्रायश्चित्त। इन दोनो के भी मासिक और चातुर्मासिक दो–दो भेद होते हैं। प्रायश्चित्त–सेवन की परिस्थिति के अनुसार इसके तीन भेद है–

(क) यदि राजसत्ता या प्रेतबाधा आदि से परवश होने पर व्रत–विराधना की जाती है, तो–

(१) लघु मास तप (उद्घातिम) प्रायश्चित्त में जघन्य ४, मध्यम १५ और उत्कृष्ट २७ एकासन करना आवश्यक होता है।

(२) गुरु मास तप (अनुद्घातिम) प्रायश्चित्त मे क्रमश· ४ नीवी, (विगयरहित रूक्ष भोजन), १५ नीवी और ३० नीवी करना आवश्यक है।

(३) लघु चातु र्मासिक तप में क्रमश ४ आयंबिल, ६० नीवी और १०८ उपवास करना आवश्यक है।

(४) गुरु चातुर्मासिक तप में क्रमश ४ उपवास, ४ बेले और १२० उपवास या ४ मास का दीक्षा छेद आवश्यक है।

(ख) यदि आतुरता से जानबूझकर व्रत-विराधना की जाती है, तो-

(१) लघु मास में जघन्य ४, मध्यम १५ और उत्कृष्ट २७ आयंबिल करना आवश्यक है।

(२) गुरु मास मे जघन्य ४, मध्यम १५ और उत्कृष्ट ३० आयंबिल करना आवश्यक है।

(३) लघु चातुर्मासिक मे जघन्य ४ उपवास, मध्यम ४ बेले और उत्कृष्ट १०८ उपवास करना आवश्यक है।

(४) गुरु चातुर्मासिक मे जघन्य ४ बेले, ४ दिन का दीक्षा-छेद, मध्यम में ४ तेले तथा ६ दिन का दीक्षा-छेद और उत्कृष्ट में १२० उपवास तथा ४ मास का दीक्षा-छेद आवश्यक है।

(ग) यदि मोहनीयकर्म के प्रबल उदय से व्रत की विराधना हुई है, तो-

(१) लघु मास प्रायश्चित्त मे जघन्य ४ उपवास, मध्यम १५ उपवास और उत्कृष्ट २७ उपवास करना आवश्यक है।

(२) गुरु मास प्रायश्चित्त मे जघन्य ४ उपवास, मध्यम १५ उपवास और उत्कृष्ट ३० उपवास करना आवश्यक है।

(३) लघु चातुर्मासिक प्रायश्चित्त मे जघन्य ४ बेले, पारणे मे आयबिल, मध्यम में ४ तेले, पारणे मे आयंबिल और उत्कृष्ट १०८ उपवास और पारणे मे आयबिल करना आवश्यक है।

(४) गुरु चातुर्मासिक प्रायश्चित्त में जघन्य ४ तेले, पारणे मे आयबिल या ४० दिन का दीक्षा-छेद, मध्यम १५ तेले, पारणे में आयबिल या ६० दिन का दीक्षा-छेद और उत्कृष्ट १२० उपवास और पारणे में आयंबिल या मूल (नई दीक्षा) या १२० दिन का छेद प्रायश्चित्त आवश्यक है।

भगवान महावीर के शासन मे उत्कृष्ट प्रायश्चित्त छह मास का होता है, इससे अधिक प्रायश्चित्त देना आवश्यक हो तो दीक्षा-छेद का प्रायश्चित्त दिया जाता है। लघु छह मास मे १६५ उपवास और गुरु छह मास मे १८० उपवासों का विधान है।

प्रायश्चित्त देने वाले आचार्यादि शिष्य की शक्ति और व्रत-भग की परिस्थिति को देखकर यथायोग्य हीनाधिक प्रायश्चित्त भी देते है।

तप प्रायश्चित्त में **परिहार तप** प्रायश्चित्त भी एक भेद है। इसका वर्णन इसी उद्देशक के सूत्र ३१ के विवेचन में देखें।

छेद प्रायश्चित्त-अनेक व्रतों की विराधना करने वाले और बिना कारण अपवाद मार्ग का सेवन करने वाले साधु की दीक्षा का छेदन करना **'छेद प्रायश्चित्त'** है। यह प्रायश्चित्त भी छह मास का होता है। इससे अधिक प्रायश्चित्त देना आवश्यक होने पर मूल (नई दीक्षा-पुनर्दीक्षा का) प्रायश्चित्त दिया जाता है।

Elaboration—A fault in spiritual ascetic restraint that can be rectified by ordinary practice of austerity is called *udghatic prayashchit* A fault in spiritual discipline that can be purified only by special austerities is called one liable for *anudghatic prayashchit*

The three sins mentioned in this *Sutra* are major sins. Out of them two relate to the major vow of *brahmcharya* and the last one relates to breaking the sixth vow of avoiding taking meals at night. Therefore all the three deserve *Anudghatic prayashchit*

According to *Bhagavati Sutra* (*Shatak* 25, *Uddeshak* 6, *Sutra* 195) and *Uvavayi Sutra* (30) *prayashchit* is of ten types namely—(1) self-criticism (*alochana*), (2) recollecting sins and making a determination not to repeat them (*pratikraman*), (3) both of them (two above mentioned), (4) discerning attitude (*vivek*), (5) discarding attachment for the body (*vyutsarg*), (6) austerities (*tapa*), (7) reduction or break in the period of monkhood (*chheda*), (8) *mool*, (9) *anavasthaya*, and (10) *paranchik* Here we discuss only *tapa* (austerities) and *chheda* (break in period of initiation) as punishment (*prayashchit*).

Tapa prayashchit—It is to practice austerities as directed by the teacher as punishment for the fault in spiritual practice due to lack of proper discrimination, in order to cleanse that fault

It is of two types—*udghatim* which means minor punishment and *anudghatim* which means major punishment. These are again of two types each namely *masik* and *chaturmasik*. Again they are of three categories in the context of the circumstances in which the fault was committed—

(a) In case fault in the major vow has been committed due to the direction from the government or obstruction caused by a spirit, then *prayashchit* shall be of—

(1) *Laghumas tapa (udghatim) prayashchit*—It is essential to observe four *ekasanas* (taking meals only once in the day for 4 days) as minimum punishment, 15 as medium and 27 *ekasanas* as the maximum punishment.

(2) *Gurumas tapa (anudghatim) prayashchit*—It is essential to observe four *nivis* (a *nivi* is taking tasteless food that does not contain milk or milk products, *ghee*, butter or sugar) as minimum punishment, 15 as medium and 30 as maximum punishment.

(3) *Laghu-chaturmasik tapa*—It is essential to observe four *ayambils* (whereas only due food is taken which does not contain sugar or salt) as minimum punishment, 60 *nivis* as medium and 108 fasts as maximum punishment.

(4) *Guru chaturmasik prayashchit*—four fasts as minimum punishment, 4 fasts of two days each as medium and 120 fasts as maximum punishment. As an alternative, period of initiation is reduced by four months

(b) In case the fault has been committed due to zealous urge knowingly, then—

(1) in *laghumas* austerity as *prayashchit*, it is essential to observe 4 *ayambils* as minimum punishment, 15 as medium and 30 as maximum punishment

(2) in *gurumas* (*prayashchit*), it is essential to observe 4 *ayambils* as minimum austerity, 15 as medium and 30 as maximum

(3) in *laghu chaturmasik* expiation, 4 fasts as minimum, 4 fasts of two day each as medium and 108 fasts as maximum are to be practiced.

(4) in *guruchaturmasik* expiation, 4 fasts of two day each and 4 days reduction in period of monkhood is the minimum punishment, 4 fasts of three days each and 6 days reduction in period of initiation is medium and 120 days fast and 4 months reduction of period of initiation is the maximum punishment.

(c) In case the fault has been committed under the influence of deluding *Karma*, the punishment of—

(1) *laghumas prayashchit* is of 4 days fast as minimum, 15 days fast as medium and 27 days fast is the maximum punishment.

(2) *gurumasik prayashchit* prescribes 4 days fast as minimum, 15 days as medium and 30 days as maximum

(3) *laghu-chaturmasik prayashchit* prescribes 4 fasts of two days each followed by *ayambil* as mark of breaking the fast on each occasion as minimum, 4 times fasting for three days each followed by *ayambil* as mark of breaking each fast as medium and 108 days of fasting and *ayambil* when the fast is broken as the maximum *prayashchit*.

(4) *gurumasik prayashchit* prescribes minimum of 4 times fast of three days each followed by *ayambil* as mark of breaking fast in each occasion or 40 days reduction in period of initiation, as medium punishment 15 times three day fast each followed by *ayambil* in each case or 60 days reduction in period of initiation is practiced. As maximum punishment, 120 days fast and breaking every time with

ayambil or initiating afresh in monkhood or 120 days reduction in the period of monkhood is awarded.

In the spiritual discipline of Bhagavan Mahavir the maximum *prayashchit* is for six months. Therefore, in case it is essential to award punishment of greater period than that, fresh initiation in monkhood is awarded. In *laghu* six month the provision is of 165 fasts while in *guru* six months, it is of 180 fasts.

The *Acharya* or the like who awards the punishment, keeps in view the physical strength of his disciple and the circumstances in which the major vow was broken and reduces or increases the period of punishment accordingly at the time of announcing the award.

Parihar tapa prayashchit is also a type of *tapa prayashchit* It has been discussed in detail in *Sutra* 31 of this *Uddeshak*.

Chhed prayashchit—When a monk commits faults in many major vows and practices the exceptions mentioned in scriptures without any cogent reason, the period of initiation is reduced and this is called *Chhed prayashchit* This *prayashchit* is also for six months. In case it is essential to award punishment of longer period than that, then he is initiated in monkhood afresh and this is called *Mool prayashchit*.

पारांचिक प्रायश्चित्त के स्थान MONKS DESERVING PARANCHIK PRAYASHCHIT

२. तओ पारंचिया पण्णत्ता, तं जहा–

(१) दुट्ठे पारंचिए, (२) पमत्ते पारंचिए, (३) अन्नमन्न करेमाणे पारंचिए।

२. ये तीन पारांचिक प्रायश्चित्त के योग्य कहे गये है। यथा–

(१) दुष्ट पाराचिक, (२) प्रमत्त पाराचिक, (३) परस्पर मैथुनसेवी पाराचिक।

2. Three categories of monks deserve punishment of *paranchik prayashchit*. They are—(1) Bad *paranchik*, (2) Slack *paranchik*, (3) Those *paranchiks* who are involved in sex among themselves.

विवेचन : 'पाराचिक' शब्द का निरुक्त है–जिस प्रायश्चित्त के द्वारा शुद्ध किया हुआ साधु संसार–समुद्र को पार कर सके। अथवा प्रायश्चित्त के दस भेदो में जो अन्तिम प्रायश्चित्त है और सबसे उत्कृष्ट है, उसे पारांचिक प्रायश्चित्त कहते है।

पारांचिक–अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त से भी जिसकी शुद्धि सम्भव न हो, ऐसे विषय, कषाय या प्रमाद की तीव्रता से दोष–सेवन करने वाले को जघन्य एक वर्ष और उत्कृष्ट बारह वर्ष तक गृहस्थ–वेश धारण कराया जाता है एवं साधु के सब व्रत–नियमो का पालन कराया जाता है। उसके पश्चात् नवीन दीक्षा दी जाती है, उसे पाराचिक प्रायश्चित्त कहते हैं।

इस सूत्र में पारांचिक प्रायश्चित्त के तीन स्थान कहे गये है। उनमे प्रथम (१) दुष्ट पाराचिक है। इसके दो भेद है–(i) कषायदुष्ट, और (ii) विषयदुष्ट।

(i) **कषायदुष्ट**–जो क्रोधादि कषायों की प्रबलतावश किसी साधु आदि का घात कर दे वह कषायदुष्ट है।

(ii) **विषयदुष्ट**–जो इन्द्रियो की विषयासक्तिवश साध्वी आदि स्त्रियों के साथ विषय–सेवन करे, उसे विषयदुष्ट कहते है।

(२) प्रमत्त पाराचिक पाँच प्रकार के होते है–

(i) **मद्य–प्रमत्त**–मदिरा आदि नशीली वस्तुओ का सेवन करने वाला।

(ii) **विषय–प्रमत्त**–इन्द्रियो का विषय–लोलुपी।

(iii) **कषाय–प्रमत्त**–कषायो की प्रबलता वाला।

(iv) **विकथा–प्रमत्त**–स्त्रीकथा, राजकथा आदि क्रियाएँ करने वाला।

(v) **निद्रा–प्रमत्त**–स्त्यानर्द्धि–निद्रा वाला। जो व्यक्ति घोर निद्रा मे से उठकर नहीं करने योग्य भयंकर कार्यों को करके पुन सो जाता है और जागने पर उसे अपने द्वारा किये गये दुष्कर कार्यों की कुछ भी स्मृति नही रहती है, ऐसे व्यक्ति को निद्रा–प्रमत्त कहते है।

(३) जो साधु किसी दूसरे साधु के साथ अनग–क्रीडा रूप मैथुन करता है, वे दोनो ही पाराचिक प्रायश्चित्त के पात्र होते है।

इस प्रकार दुष्ट, प्रमत्त और परस्पर मैथुन–सेवी की शुद्धि पाराचिक प्रायश्चित्त से होती है।

Elaboration—The word *paranchik* means that *parayashchit* which is capable of purifying the monk who has committed grave fault and help him in crossing the mundane worldly ocean of birth and death It is the last among the ten types of *prayashchit* and the most severe It is called *paranchik prayashchit.*

Paranchik—A monk who cannot possibly be purified even with expulsion (*anavasthapya*) for some period, who has committed sin in an extreme state of sexual behaviour, passions or slackness, he is made to dress up himself as a householder for a minimum period of one year and a maximum period of twelve years In that state he has to follow all the vows and rules prescribed for a monk. Thereafter, he is initiated in monkhood afresh This is called *paranchik prayashchit.*

In this *Sutra*, three stages of *paranchik prayashchit* have been stated—

(1) The first of them is bad or sinful *paranchik* It is of two types (i) sinful due to passions, and (ii) sinful due to sexual enjoyment.

(i) Sinful due to passions—One who kills any monk under the dreadful influence of passion and the like is sinful due to passion (*Kashaya-dusht*)

(ii) Sinful due to sensual pleasures (Vishay-dusht)—One who enjoys sex with nuns and the like in a fit of deep attachment for sensual pleasures is sinful due to sensual pleasures

(2) The second type is slack *paranchık*. It is of five types—

(i) Slack due to intoxicants—One who takes wine and such like intoxicants.

(ii) Slack due to sensual pleasures—One who is keen to enjoy mundane sensual pleasures

(iii) Slack due to passions—One who is ın dreadful influence of passions.

(iv) Slack due to bad, worldly talk—One who engages himself in talk about women, government and the like

(v) Slack due to extremely deep sleep—One who takes *styanardhi* sleep—such a person gets up ın dreadful sleep, performs extremely dangerous actıvıties and again sleeps When he gets up he has no recollection of the evil acts performed by hım Such a person is called (*nıdra pramatt*) slack due to extremely deep sleep

(3) When a monk engages ın unnatural sex with another monk, both of them are liable for *paranchık prayashchıt.*

Thus a monk who is extremely sinful (*dusht*), extremely slack (*pramatt*) or who engage in sex with each other can be purified only by *paranchık prayashchıt*

अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त के स्थान MONKS DESERVING ANAVASTHAPYA PRAYASHCHIT

३. तओ अणवट्ठप्पा पण्णत्ता, तं जहा–

(१) साहम्मियाणं तेणं करेमाणे, (२) अन्नधम्मियाणं तेणं करेमाणे, (३) हत्थादालं दलमाणे।

३. ये तीन अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त योग्य हैं। यथा–

(१) साधर्मिको की चोरी करने वाला, (२) अन्य धार्मिको की चोरी करने वाला, (३) अपने हाथों से प्रहार करने वाला।

3. Three types of monks deserve *anavasthapya prayashchıt.* They are—

(1) One who steals things of his own class, (2) One who steals things of those belonging to another class, (3) One who attacks physically.

विवेचन : भाष्यकार के अनुसार इस सूत्र का भावार्थ इस प्रकार है–

(१) जो साधु अपने समान धर्म वाले साधर्मी जनो के वस्त्र, पात्र, पुस्तक आदि की चोरी करता है, (२) जो अन्य धार्मिक जनो के अर्थात् बौद्ध, साख्य आदि मतो के मानने वाले साधु आदि के वस्त्र, पात्र, पुस्तक आदि की चोरी करता है, (३) जो अपने हाथ से दूसरे को ताडनादि करता है, मुट्ठी, लकडी आदि से प्रहार कर मारता है या मत्र-तत्र आदि से किसी को उत्पीडित या घात करता है। ये क्रियाएँ करने वाला अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

अनवस्थाप्य—चोरी तथा हिंसा आदि पाप करने पर जिसकी शुद्धि मूल प्रायश्चित्त (नई दीक्षा) से भी सम्भव न हो, उसे गृहस्थ-वेश धारण कराये बिना पुन दीक्षित न करना 'अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त' है। इसमें अल्प समय के लिए भी गृहस्थ-वेश धारण कराना आवश्यक होता है।

Elaboration—According to the author of *bhashya*, the underlying idea of this Sutra is as follows—

(1) A monk steals clothes, pots, books and the like of another monk who is also of the same order, (2) A monk steals clothes, pots, books and the like of monks belonging to the other faith such as Buddhists, Sankhyas and the like, and (3) A monk who beats another monk with his hands, with his fist or a wooden rod and the like or causes harm to him with magical activities The monk who engages himself in any of the above said activities deserves *anavasthapya prayashchit*

Anavasthapya—A monk whose sinful act such as that of stealing, violence and the like cannot be purified even with fresh initiation, he is made to dress himself as a householder and is not initiated in the monkhood afresh without that mandatory punishment It is *anavasthapya prayashchit*. In this *prayashchit* it is essential to dress him like a householder—may be for a very short period

दीक्षा आदि के अयोग्य तीन **PERSONS WHO ARE UNFIT FOR MONKHOOD**

४-९. तओ नो कप्पंति पव्वावेत्तए, तं जहा-(१) पण्डए, (२) वाइए, (३) कीवे।

एवं ५. मुण्डावेत्तए, ६. सिक्खावेत्तए, ७. उवट्ठावेत्तए, ८. संभुंजित्ते, ९. संवासित्तए।

४-९. ४ इन तीनो को प्रव्रजित करना नही कल्पता है, यथा-(१) पण्डक, (२) वातिक, (३) क्लीब।

इसी प्रकार ५. मुण्डित करना, ६ शिक्षित करना, ७. उपस्थापित करना, ८ एक मण्डली मे साथ बिठाकर आहार करना, तथा ९ उनको साथ रखना नही कल्पता है।

4-9. 4. The following three types of people cannot be initiated in monkhood. They are—(1) Eunuch by birth (*Pandak*), (2) One who is unable to control sex (*Vaatik*), (3) One who is without masculine strength (*Kleeb*), Similarly they are not to be, (5) head shaved, (6) taught scriptures, (7) re-established in monkhood, (8) allowed to sit with monks in group for taking food, and (9) kept in the company of monks.

विवेचन : (१) जो जन्म से नपुसक होता है, उसे 'पण्डक' कहते है। (२) जो वातरोगी है अर्थात् कामवासना का निग्रह करने मे असमर्थ होता है, उसे 'वातिक' कहते है। (३) असमर्थ या पुरुषत्वहीन कायर पुरुष 'क्लीव' कहे जाते है।

ये तीनों ही प्रकार के नपुसक दीक्षा देने के योग्य नहीं है, क्योंकि ऐसे व्यक्तियो को दीक्षित करने से जिनशासन का उपहास और निर्ग्रन्थ धर्म की निन्दा आदि अनेक दोष उत्पन्न होते है।

यदि पूरी जानकारी किये बिना उक्त प्रकार के नपुसको को दीक्षा दे दी गई हो और बाद मे उनका नपुसकपन ज्ञात हो तो उसे मुण्डित नही करे अर्थात् उनके केशो को लुचन नही करे। यदि केशलुंचन के पश्चात् ज्ञात हो तो उन्हे महाव्रतो मे उपस्थापित न करे अर्थात् बडी दीक्षा न दे। यदि बडी दीक्षा के पश्चात् ज्ञात हो तो उनके साथ संभोग—एक मण्डली मे बैठकर खान–पान न करे। यदि इसके पश्चात् ज्ञात हो तो संवास—उन्हें सोने–बैठने के स्थान पर एक साथ न सुलावे–बिठावे। अभिप्राय यह है कि उक्त तीनो प्रकार के नपुसक किसी भी प्रकार से दीक्षा देने योग्य नही है। कदाचित् दीक्षित हो भी जाय तो ज्ञात होने पर सघ मे रखने योग्य नही होते है।

Elaboration—(1) One who is eunuch by birth is called *Pandak*. (2) One who suffers from disturbed Vaat (air; one of the three body-humours). In other words one who is not able to control his urge for sex is *Vaatik*. (3) One who is not capable of masculine strength or who is coward is *Kleev*.

The persons of the above said three types are not fit for initiation in monkhood because the initiation of such person is going to make the spiritual order a mockery, may bring bad name to *Nirgranth Dharma* and cause many types of faults

In case such eunuchs and the like have already been initiated due to lack of full knowledge about them, their head should not be shaved when true facts have been known. In case true facts are known after the head has already been shaved, he should not be blessed with five major vows, which are given at the time of final initiation (*badi diksha*). In case the real facts are known only after the major vows have already been granted monks should not dine with him in the group (*Sambhog*) as prescribed in the order. In case the facts are known only after *Sambhog*, he should not be made to sit or sleep near other monks The underlying idea is that all the three types of *napunsaks* (eunuchs and the like) are not fit for any type of initiation In case they have already been initiated in monkhood, they are not fit to be kept in the order

वाचना देने के योग्यायोग्य **CAPABILITY OR NOT OF DELIVERING SPIRITUAL DISCOURSE**

१०. तओ नो कप्पंति वाइत्तए, तं जहा—

(१) अविणीए, (२) विगइ–पडिबद्धे, (३) अविओसवियपाहुडे।

११. तओ कप्पंति वाइत्तए, तं जहा–

(१) विणीए, (२) नो विगइ–पडिबद्धे, (३) विओसवियपाहुडे।

१०. इन तीन को वाचना देना नही कल्पता है, यथा–

(१) अविनीत को, (२) विकृति–प्रतिबद्ध को, (३) अनुपशात प्राभृत को।

११. इन तीनो को वाचना देना कल्पता है, यथा–

(१) विनीत को, (२) विकृति–अप्रतिबद्ध को, (३) उपशान्त प्राभृत को।

10. The monks of the following three categories are not fit to be given spiritual discourse—

(1) disobedient, (2) one having attachment for articles of consumption that cause slackness (*vikriti pratibadh*), (3) one who is always in fit of passion (*anupshaant prabhrit*)

11. The monks of the following three types are fit to attend spiritual discourse—

(1) Those who are humble and obedient, (2) Those who have no attachment for slackness, (3) One who has subdued his passions (*upshaant prabhrit*)

विवेचन : (१) **अविनीत**–जो विनयरहित है, आचार्य या दीक्षाज्येष्ठ साधु आदि के आने–जाने पर अभ्युत्थान, सत्कार–सम्मान आदि यथोचित विनय को नही करता है।

(२) **विकृति–प्रतिबद्ध**–जो दूध, दही आदि रसो मे अत्यधिक आसक्ति रखता है, इन रसो के नही मिलने पर सूत्रार्थ आदि के ग्रहण करने मे मन्द उद्यमी रहता है। उसके हृदय मे दी गई वाचना स्थिर नही रह सकती है।

(३) **अव्यवशमित प्राभृत**–अपराध करने पर जो अपराधी पर प्रचण्ड क्रोध करता है और क्षमा–याचना कर लेने पर भी बार–बार उस पर क्रोध प्रकट करता रहता है, जो हर समय क्रोध से भरा रहता है। ऐसे उग्र स्वभाव के व्यक्ति को भी वाचना देना व्यर्थ जाता है।

ये तीन प्रकार के साधु सूत्र–वाचना, अर्थ–वाचना और तदुभय–वाचना के अयोग्य है, क्योकि विनय से ही विद्या की प्राप्ति होती है, अविनयी शिष्य को विद्या पढाना व्यर्थ या निष्फल तो जाता ही है, प्रत्युत कभी–कभी दुष्फल भी देता है।

किन्तु जो विनय–सम्पन्न हैं, दूध, दही आदि विगयो के सेवन मे जिनकी आसक्ति नही है और जो क्षमाशील हैं, ऐसे शिष्यो को ही सूत्र की, उसके अर्थ की तथा दोनो की वाचना देना चाहिए, क्योंकि उनको दी गई वाचना श्रुत का विस्तार करती है, ग्रहण करने वाले का इहलोक और परलोक सुधारती है और जिनशासन की प्रभावना करती है। सूत्रोक्त दोष वाला भिक्षु संयम आराधना के भी अयोग्य होता है। उसे दीक्षा भी नहीं दी जा सकती है।

जो गच्छ–प्रमुख सूत्रोक्त विधि का पालन न करते हुए योग्य–अयोग्य के निर्णय किए बिना सभी को इच्छित वाचना देते हैं–निशीथ, उ. १९ के अनुसार प्रायश्चित्त के पात्र होते हैं।

Elaboration—(1) Avineet—One who is disobedient, who does not offer due respect to the *Acharya* or seniors in monkhood and does not stand up when they pass by

(2) Vikriti-pratibadh—One who is extremely attached to milk, curd and the like and gets slack in spiritual lessons when he does not get such things. He is not able to retain the lesson given to him.

(3) Avyavashamit-prabhrit—One who becomes extremely angry with a person who commits any sin and keeps on expressing his anger again and again even after the other one has begged pardon; one who always remains in a fit of anger—it is of no use to give spiritual lessons to such a person of rude behaviour.

The above said three types of monks are not worthy of having lessons of *Sutras*, their meaning and of both because one can receive education only when he is humble It is of no use to teach an inobedient disciple. It all goes in vain, rather sometimes it causes a great loss.

On the other hand, such disciples who are obedient, who have no attachment for food such as milk, curd and the like that causes lethargy and ill thoughts, and who believe in forgiveness, should be taught lessons in scriptures, their meaning and both because such lessons help in developing the field of scriptural knowledge. It improves the present life and the life after death of one who gets his education. It also broadens the spiritual field of the order of *Jinas*. A *bhikshu* who has the above mentioned faults is unfit of practicing the spiritual discipline He cannot be initiated in the order.

Those monks who give lessons in scriptures to every one without determining earlier his fitness or non-fitness to receive such lesson without observing the procedure mentioned in the code of conduct of the order, are liable for *prayashchit* (requisite punishment) according to *Nisheeth Sutra, Uddeshak* 19.

शिक्षा–प्राप्ति के योग्यायोग्य के लक्षण SPECIAL TRAITS OF ONE FIT OR UNFIT FOR EDUCATION

१२. तओ दुस्सन्नप्पा पण्णत्ता, तं जहा–(१) दुट्ठे, (२) मूढे, (३) वुग्गाहिए।

१३. तओ सुसन्नप्पा पण्णत्ता, तं जहा–(१) अदुट्ठे, (२) अमूढे (३) अवुग्गाहिए।

१२. ये तीन दुःसज्ञाप्य (दुर्बोध्य) होते है, यथा–(१) दुष्ट, (२) मूढ (३) व्युद्ग्राहित,।

१३. ये तीन सुसज्ञाप्य (सुबोध्य) है, यथा–(१) अदुष्ट, (२) अमूढ, (३) अव्युद्ग्राहित।

12. Three types of disciples are unfit for education—(1) Insolent (*Dusht*), (2) Dull, (3) Those of wrong faith.

13. Three types of disciples are fit for education (*Susanjyapya*)—(1) humble, (2) brilliant, (3) Those of right faith

विवेचन : (१) 'दुष्ट'-जो शास्त्र की प्ररूपणा करने वाले गुरु आदि से द्वेष रखे अथवा यथार्थ प्रतिपादन किये जाने वाले तत्त्व के प्रति द्वेष रखे। (२) मूढ़-गुण और अवगुण के विवेक से रहित व्यक्ति। (३) व्युद्ग्राहित-विपरीत श्रद्धा वाले अत्यन्त कदाग्रही पुरुष।

ये तीनों ही प्रकार के व्यक्ति दुःसंज्ञाप्य है अर्थात् इनको समझाना बहुत कठिन होता है, इन्हें शिक्षा देने या समझाने से भी कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता है। अतः ये सूत्र-वाचना के पूर्ण अयोग्य होते हैं। इसके विपरीत जो द्वेषभाव से रहित है, अदुष्ट है, हित-अहित के विवेक से युक्त अमूढ़ है और अव्युद्ग्राहित सम्यक् श्रद्धा या कदाग्रह से मुक्त है, वे शिक्षा देने के योग्य होते हैं।

Elaboration—(1) Dusht—One who hates the teacher teaching the scriptures or does not like the philosophical essentials being properly established. **(2) Moodh (foolish, dull)**—One who is not capable of disseminating vice and virtue **(3) Vyudgrahit**—One who is extremely stubborn and has opposite belief.

The persons of all the three above mentioned types are *duh-sanjnapya*. In other words it is very difficult to make them understand the scriptures. Further, no useful purpose is served by teaching them or making them understand the essentials. So they are totally unfit for scriptural education. On the other hand those who are free from hatred, who are not insolent, who are wise and are capable of discriminating virtue and vice who are free from stubborn attitude they are fit for receiving education

ग्लान को मैथुनभाव का प्रायश्चित्त PRAYASHCHIT TO THE SICK FOR SEXUAL FEELING

१४. निग्गंथिं च णं गिलायमाणिं पिया वा भाया वा पुत्तो वा पलिस्सएज्जा, तं च निग्गंथी साइज्जेज्जा मेहुणपडिसेवणपत्ता आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१५. निग्गंथं च गिलायमाणं माया वा भगिणी वा धूया वा पलिस्सएज्जा, तं च निग्गंथे साइज्जेज्जा मेहुणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१४. ग्लान (रुग्ण) निर्ग्रन्थी के पिता, भ्राता या पुत्र (कोई भी पुरुष) गिरती हुई निर्ग्रन्थी को हाथ का सहारा दें, गिरी हुई को उठावें, स्वतः उठने-बैठने में असमर्थ को उठावें-बिठावे, उस समय वह निर्ग्रन्थी मैथुन-सेवन के परिणामों से पुरुष-स्पर्श का अनुमोदन करे, सुखानुभव करे, तो वह अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त की पात्र होती है।

१५. ग्लान निर्ग्रन्थ की माता, बहिन या बेटी (कोई भी स्त्री) गिरते हुए निर्ग्रन्थ को हाथ का सहारा दे, गिरे हुए को उठावे, स्वतः बैठने–उठने मे असमर्थ को उठावे–बिठावें, उस समय वह निर्ग्रन्थ मैथुन–सेवन के परिणामो से स्त्री–स्पर्श का सुखानुभव करे, तो वह अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

14. A father, brother or son of a sick *nirgranthi* (nun) lends support to her of his hand when she is falling, or picks her up when she has fallen or picks her up when she of her own is unable to sit or get up. In case that *nirgranthi* at that time has sexual feelings and supports the touch of the male member and feels pleasure in it, she is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

15. The mother, sister, daughter (or any other female member) lends support of her hand to sick *nirgranth* who is falling, or picks him up when he has fallen, or picks him up when he of his own is unable to sit or get up In case at that time the nirgranth has sexual feelings and supports the touch of the woman and takes pleasure in it, he is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

विवेचन : सामान्य नियम के अनुसार साध्वी के लिए पुरुष के शरीर का स्पर्श और साधु के लिए स्त्री के शरीर का स्पर्श ब्रह्मचर्य की रक्षा के लिए सर्वथा वर्जित है। बीमारी आदि के समय भी साध्वी की साध्वी और साधु की साधु ही परिचर्या करे, यही जिन–आज्ञा है। किन्तु कदाचित् ऐसा अवसर आ जाये कि कोई साध्वी दीर्घकालीन बीमारी व दीर्घ तप के कारण शरीर–बल क्षीण होने से कही पर आते या जाते हुए गिर जाय और उसे देखकर उस साध्वी का पिता, भाई या पुत्रादि अथवा कोई भी पुरुष उसे उठाए, बिठाए या अन्य प्रकार से शरीर–परिचर्या करे तब उसके शरीर के स्पर्श से यदि साध्वी के मन मे काम–विकार या स्पर्श सुख की भावना जागृत हो जाय।

इसी प्रकार बीमारी आदि से शक्तिहीन कोई साधु कही गिर जाये और उसकी माता, बहिन या पुत्री आदि कोई भी स्त्री उसे उठाये, उसकी सेवा परिचर्या करे, तब उसके स्पर्श से यदि साधु के मन मे काम–विकार जग जाय या उसके स्पर्श का सुखानुभव करे तो वह साधु अनुद्घातिक गुरु चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है। अनुद्घातिक की परिभाषा सूत्र १ के विवेचन मे की जा चुकी है।

Elaboration—As a common rule, it is totally prohibited that a nun touches the body of a man or a monk touches the body of a woman as be or she has to safeguard the vow of celibacy. At the time of illness a nun should serve a nun and a monk should serve a monk This is the order of *Jinas*. But sometimes a situation may arise when due to long illness or long practice of austerities, a nun may become weak and fall down while coming or going. Seeing it, her father, brother or son or any other man may pick her up, seat her or serve her physically in any other way. Then

due to physical touch sexual feelings or pleasure of physical touch may arise in the mind of nun.

Similarly, if a monk may become weak due to illness and the like and his mother, sister, daughter or any other woman may pick him up, seat him and serve him when he falls If his touch creates any sexeval feeling or sense of pleasure, that monk is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit* interpretation of *anudghatik prayashchit* has been done in commentary of *Sutra*-1

प्रथम प्रहर का आहार चतुर्थ प्रहर में रखने का निषेध

PROHIBITION OF TAKING MEALS IN FOURTH QUARTER COLLECTED IN FIRST QUARTER OF THE DAY

१६. नो कप्पइ निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा असणं वा जाव साइमं वा, पढमाए पोरिसीए पडिग्गाहेत्ता, पच्छिमं पोरिसं उवाइणावेत्तए।

से य आहच्च उवाइणाविए सिया तं नो अप्पणा भुंजेज्जा, नो अन्नेसिं अणुप्पदेज्जा, एगन्ते बहुफासुए थंडिले पडिलेहित्ता पमज्जित्ता परिट्ठवेयव्वे सिया।

तं अप्पणा भुंजमाणे, अन्नेसिं वा दलमाणे आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं उग्घाइयं।

१६. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को प्रथम पौरुषी (प्रहर) मे ग्रहण किये हुए अशन यावत् स्वादिम को अन्तिम पौरुषी (चौथे प्रहर) तक अपने पास रखना नही कल्पता है।

कदाचित् वह आहार रह जाये तो उसे स्वयं न खाये और न अन्य किसी को देवे, किन्तु एकान्त और सर्वथा अचित्त स्थंडिल भूमि (एकान्त स्थान) का प्रतिलेखन एव प्रमार्जन कर उस आहार को परठ देना चाहिए।

यदि उस आहार को स्वय खाए या अन्य को दे तो वह उद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

16. *Nirgranths* and *nirgranthis* are not allowed to keep with them upto the last quarter of the day any of the four types of food collected in the first quarter.

In case some food still remains he should neither eat it himself nor give it to anyone else. He should rather discard it at a lonely place, which is completely free from living beings after properly examining it discriminately and cleaning it.

In case he eats that food himself or gives it to anyone else, he is liable of *udghatik chaturmasik prayashchit.*

विवेचन : भाष्यकार ने इस सूत्र की व्याख्या करते हुए लिखा है कि यह नियम स्थविरकल्पी साधु के लिए है। जिनकल्पी साधु को तो जिस प्रहर में वह गोचरी लावे उसी प्रहर में उसे खा लेना चाहिए। किन्तु जो सघ मे

रहने वाले स्थविरकल्पी साधु हैं, वे प्रथम प्रहर मे लायी गई गोचरी को तीसरे प्रहर तक सेवन कर सकते हैं। उसके पश्चात् सेवन करने पर वे सूत्रोक्त प्रायश्चित्त के भागी होते है। इसमें संग्रह दोष व आसक्ति दोष के अतिरिक्त खाद्य-पदार्थ विकृत होने की भी संभावना रहती है, उसमे अनेक प्रकार के बैक्टीरिया उत्पन्न हो जाते है, जिससे विविध रोग हो सकते है।

सूत्र में चारो प्रकार के आहार का कथन है, इसलिए भिक्षु आहार के सिवाय पानी, फल, मेवे एव मुखवास भी चौथे प्रहर में नही रख सकते हैं। यदि चारों प्रकार के आहार दूसरे प्रहर मे लाये गये हों तो उन्हें चतुर्थ प्रहर तक रख सकते है और उपयोग मे ले सकते है। सार यह है कि किसी भी प्रकार का खाद्य-पेय तीन पहर से उपरांत खाने-पीने के काम मे नही लेना चाहिए।

Elaboration—While explaining this *Sutra*, the author of *bhashya* has stated that thıs rule is for *Sthavırkalpı* monks. A *jın-kalpi* monk should eat the food ın the very quarter of the day in which he collects it. But the *sthavırkalpı* monks ın the order can consume the food upto the third quarter, which they had collected ın the first quarter of the day. Thereafter they are lıable for *prayashchıt* as mentioned in the scriptures if they consume it. Here there is fault of collection, fault of attachment, and there ıs also possibilıty of the food materıal getting damaged. Many types of bacteria can germınate in ıt which can cause several types of diseases.

In the *Sutra*, there is mentıon of all the four types of food. So a *bhıkshu* cannot keep with him till fourth quarter even the water, dry fruıt or mouth freshner material, which he had collected in the first quarter In case the four types of food had been collected ın the second quarter, they can be kept till the fourth quarter and made use thereof. The gıst of thıs *Sutra* is that the consumable foods and drınks should not be used beyond the thırd quarter.

दो कोस से आगे आहार ले जाने का निषेध **PROHIBITION OF CARRYING FOOD BEYOND TWO KOS**

१७. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा असणं वा जाव साइमं वा, परं अद्धजोयणमेराए उवाइणावेत्तए।

से य आहच्च उवाइणाविए सिया, तं नो अप्पणा भुंजेज्जा, नो अन्नेसिं अणुप्पदेज्जा, एगन्ते बहुफासुए थंडिले पडिलेहित्ता पमज्जित्ता परिट्ठवेयव्वे सिया।

तं अप्पणा भुंजमाणे, अन्नेसिं वा दलमाणे, आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं उग्घाइयं।

१७. निर्ग्रन्थो और निर्ग्रन्थियो को अशन यावत् स्वादिम आहार अर्ध-योजन की मर्यादा से आगे रखना नही कल्पता है।

कदाचित् वह आहार रह जाये तो उस आहार को स्वयं न खाए और न अन्य को भी न दे, किन्तु एकान्त और सर्वथा अचित्त भूमि का प्रतिलेखन एव प्रमार्जन कर यथाविधि परठ देना चाहिए।

यदि उस आहार को स्वयं खाये या अन्य निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को दे तो उसे उद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त आता है।

17. Nirgranths and nirgranthis are not allowed to carry four types of food beyond half a *yojan*.

In case any food is left, he should not eat it himself nor give it to others He should discard it at a lonely place after properly cleaning that ground and ensuring that it is free from living beings.

In case he eats it himself or gives it to any other person (monks or nuns) he is liable of *udghatik chaturmasik prayashchit*.

विवेचन : उक्त विधान के अनुसार भिक्षु अपने उपाश्रय से दो कोस दूर के क्षेत्र से अशनादि ला सकता है एव विहार करके किसी भी दिशा मे दो कोस तक आहार-पानी आदि ले जा भी सकता है। किन्तु आगे भूल से ले भी जाये तो जानकारी होने पर उसे खाना या पीना नही कल्पता है, किन्तु परठ देना चाहिए। ऐसी जिनेश्वर देव की आज्ञा है। इस विधान के पीछे भी सग्रह दोष का कारण मुख्य लगता है।

Elaboration—According to the above rule, a *bhikshu* can bring food and the like from a place upto two *kos* from the *Upashraya* and carry it to any place upto two *kos* But in case inadvertently he carries it beyond that, he is not allowed to consume it when he comes to know that he has carried it beyond two *kos*. He should rather discard it This is the directive of *Tirthankar* The basic reason implied in this rule is the fault of unnecessary collection

अनेषणीय आहार की विधि PROCEDURE OF DEALING WITH NON-ACCEPTABLE FOOD

१८. निग्गंथेण य गाहावइकुलं पिण्डवायपडियाए अणुप्पविट्ठेणं अन्नयरे अचित्ते अणेसणिज्जे पाणभोयणे पडिगाहिए सिया। अत्थि य इत्थ केइ सेहतराए अणुवट्ठावियए, कप्पइ से तस्स दाउं वा अणुप्पदाउं वा।

नत्थि य इत्थ केइ सेहतराए अणुवट्ठावियए, तं नो अप्पणा भुंजेज्जा, नो अन्नेसिं दावए, एगन्ते बहुफासए पएसे पडिलेहित्ता पमज्जित्ता परिट्ठवेयव्वे सिया।

१८. गृहस्थ के घर में आहार के लिए जाने पर भिक्षु बिना जानकारी के कोई दोषयुक्त अचित्त आहार-पानी ग्रहण कर ले तो वह आहार यदि कोई वहाँ अनुपस्थापित शैक्ष हो तो उसे एक बार मे या थोडा-थोडा करके कई बार मे दे देना चाहिए।

यदि कोई अनुपस्थापित शिष्य न हो तो उस अनेषणीय आहार को न स्वय खाये और न अन्य को दे किन्तु एकान्त और अचित्त स्थान का प्रतिलेखन और प्रमार्जन कर यथाविधि परठ देना चाहिए।

18. In case a *bhikshu* without proper knowledge collects *achitt* (lifeless) faulty food or water from the house of a householder, he should

give it in full or in small bits repeatedly to a newly initiated monk who has not yet accepted the major vows (*anupasthapit monk*).

In case no *anupasthapit* disciple is available there, he should neither eat it himself nor give it to another person. He should discard it at a lonely place, which is without living beings after properly examining it and cleaning it as provided in scriptures

विवेचन : इत्वरिक दीक्षा देने के पश्चात् जब तक यावज्जीवन की दीक्षा नही दी जाती है, तब तक उस नवदीक्षित साधु को 'अनुपस्थापित शैक्षतर' कहा जाता है। छोटी दीक्षा के पश्चात् बडी दीक्षा देकर महाव्रतों में उपस्थापित करने का जघन्य काल सात दिन और उत्कृष्ट काल छह मास माना गया है। ऐसे अनुपस्थापित नवदीक्षित साधु को असावधानी से आया हुआ अनेषणीय अचित्त आहार सेवन करने के लिए दिया जा सकता है। क्योंकि पुन उपस्थापन करना निश्चित्त होने से उसे उस आहार के खाने पर अलग से कोई प्रायश्चित्त नहीं दिया जाता, उसी मे उसकी विशुद्धि हो जाती है।

Elaboration—A newly initiated monk is called *anupasthapit* disciple after his initiation till he is not initiated in monkhood for the entire life by granting him five major vows and the minimum intervening period is seven days while the maximum is six months. The *achitt* food, which is faulty and has been inadvertently collected, can be given to him. Since he is to be established in monkhood again as already declared, he is not liable for any *prayashchit* as a result of taking that food. He gets purified by the very initiation in monkhood for life through (*bari diksha*) acceptance of major vows

औद्देशिक आहार का कल्प्याकल्प **RESTRICTION RELATING TO AUDDESHIK FOOD**

१९. जे कडे कप्पट्ठियाणं, कप्पइ से अकप्पट्ठियाणं नो से कप्पइ कप्पट्ठियाणं।

जे कडे अकप्पट्ठियाणं, नो से कप्पइ कप्पट्ठियाणं, कप्पइ से अकप्पट्ठियाणं।

कप्पे ठिया कप्पट्ठिया, अकप्पे ठिया अकप्पट्ठिया।

१९. जो आहार कल्पस्थितो के लिए बनाया गया है, वह अकल्पस्थितों को लेना कल्पता है किन्तु कल्पस्थितो को लेना नही कल्पता है।

जो आहार अकल्पस्थितो के लिए बनाया गया है, वह कल्पस्थितो को लेना नहीं कल्पता है किन्तु अन्य अकल्पस्थितों को लेना कल्पता है।

जो कल्प मे स्थित हैं वे कल्पस्थित कहे जाते हैं और जो कल्प मे स्थित नही हैं वे अकल्पस्थित कहे जाते हैं।

19. *Akalpasthit* monks are allowed to take food, which has been prepared for *kalpasthit* monks but *kalpasthit* monks are not allowed to accept that food.

Kalpasthit monks are not allowed to accept food, which has been prepared for *akalpasthit* monks but *akalpasthit* monks other than those for whom that food has been prepared can accept that food.

Kalpasthit are those who are within *kalp* in their practice of monkhood. Those who are not within the *kalp* are *akalpasthit*.

विवेचन : आगमों मे साधु के दस प्रकार के कल्प (आचार) का विधान है। जैसे–

(१) **अचेलकल्प**–अमर्यादित वस्त्र तथा रंगीन वस्त्र न रखना, किन्तु मर्यादा के अनुसार सीमित तथा सफेद रंग का वस्त्र रखना और वह भी मूल्यवान चमकीले वस्त्र न हो, किन्तु अल्प मूल्य के सामान्य वस्त्र हो।

(२) **औद्देशिककल्प**–अन्य किसी भी साधर्मिक या सांभोगिक साधुओ के उद्देश्य से बनाया गया आहार आदि औद्देशिक दोष वाला होता है। ऐसे आहार आदि को ग्रहण नहीं करना।

(३) **शय्यातरपिंडकल्प**–शय्यादाता का आहारादि ग्रहण नहीं करना।

(४) **राजपिंडकल्प**–मूर्धाभिषिक्त राजाओ का आहारादि नही लेना।

(५) **कृतिकर्मकल्प**–रत्नाधिक को वन्दन आदि विनय–व्यवहार करना।

(६) **व्रतकल्प**–पाँच महाव्रतो का पालन करना अथवा चार याम का पालन करना। चार याम मे चौथे और पाँचवें महाव्रत का सम्मिलित नाम **'बहिद्धादाण'** है।

(७) **ज्येष्ठकल्प**–जिसकी बड़ी दीक्षा पहले हुई हो वह ज्येष्ठ कहा जाता है। साध्वियो के लिए सभी साधु ज्येष्ठ होते हैं। अत. उन्हें ज्येष्ठ मानकर वन्दना आदि यथोचित व्यवहार करना।

(८) **प्रतिक्रमणमकल्प**–नित्य नियमित रूप से यथासमय दैवसिक एव रात्रिक प्रतिक्रमण करना।

(९) **मासकल्प**–हेमंत–ग्रीष्म ऋतु मे विचरण करते हुए किसी भी ग्रामादि मे एक मास से अधिक नही ठहरना तथा एक मास ठहरने के बाद वहाँ दो मास तक पुन· आकर नहीं ठहरना। साध्वी के लिए एक मास के स्थान पर दो मास का कल्प समझना।

(१०) **चातुर्मासकल्प**–वर्षा ऋतु में चार मास तक एक ही ग्रामादि मे स्थित रहना किन्तु विहार नही करना। चातुर्मास के बाद उस ग्राम मे नही रहना एव आठ मास [बाद मे चातुर्मास काल आ जाने से बारह मास] तक पुन वहाँ आकर नही रहना।

ये दस कल्प प्रथम एव अन्तिम तीर्थंकर के साधु–साध्वियो को पालन करना आवश्यक होता है। अत वे **'कल्पस्थित'** कहे जाते है कल्पस्थित साधु औद्देशिक आहार नही ले सकते, किन्तु अकल्पस्थित मे एक के निमित्त बना हुआ आहार दूसरा ले सकता है। मध्यमवर्ती बाईस तीर्थंकरो के साधु–साध्वियो को चार कल्प का पालन करना आवश्यक होता है, शेष छह कल्पो का पालन करना आवश्यक नहीं होता। उन्हे **अकल्पस्थित** कहा गया है।

चार आवश्यक कल्प–(१) शय्यातरपिडकल्प, (२) कृतिकर्मकल्प, (३) व्रतकल्प, (४) ज्येष्ठकल्प।

छह ऐच्छिक कल्प–(१) **अचेल**–अल्प मूल्य या बहुमूल्य,रंगीन या स्वाभाविक, किसी भी प्रकार के वस्त्र अल्प या अधिक परिमाण मे इच्छानुसार या मिलें जैसे ही रखना।

(२) **औद्देशिक**–स्वयं के निमित्त बना हुआ आहारादि नहीं लेना किन्तु अन्य किसी भी साधर्मिक साधु के लिए बने आहारादि इच्छानुसार लेना।

(३)राजपिंड–मूर्धाभिषिक्त राजाओं का आहार ग्रहण करने मे इच्छानुसार करना।

(४) प्रतिक्रमण–नियमित प्रतिक्रमण इच्छा हो तो करना किन्तु पक्खी चातुर्मासिक और सांवत्सरिक प्रतिक्रमण अवश्य करना।

(५) मासकल्प–किसी भी ग्रामादि मे एक मास या उससे अधिक इच्छानुसार रहना या कभी भी वापस वहाँ आकर ठहरना।

(६) चातुर्मासकल्प–इच्छा हो तो चार मास एक जगह ठहरना किन्तु सवत्सरी के बाद कार्तिक सुदी पूनम तक एक जगह ही स्थिर रहना। उसके बाद इच्छा हो तो विहार करना, इच्छा न हो तो न करना। इन छह कल्पो का पालन करना उनकी इच्छा पर निर्भर है।

Elaboration—In Agams, ten types of *kalp* (conduct of a monk) is mentioned. It is as under—

(1) Achel Kalp—In practicing it, coloured clothes cannot be kept by a monk and the cloth should not be beyond prescribed limit. It should be white in colour and within prescribed limit in quantity. It should not be costly or bright It should rather be cheap and ordinary.

(2) Auddeshik Kalp—The food prepared for any monks who are of the same order or who can dine with the monks (*sambhogik*) for whom the food has been prepared is called faulty *auddeshik* food. Such food and the like should not be accepted.

(3) Shayyatarpind Kalp—The food and the like of the person who has given place for stay should not be accepted.

(4) Rajapind Kalp—The food from crowned kings should not be accepted

(5) Kritikarm Kalp—One should bow and be humble to senior monks.

(6) Vrat Kalp—A monk should properly practice five major vows or four major vows as the case may be In four major vows, the joint name of fourth and fifth vows is *bahidhadaan*.

(7) Jyeshth Kalp—The person who has been initiated earlier in monkhood is called senior (*Jyeshth*). In case of *Sadhvis* all the monks are senior. So believing them to be senior, they should pay due respect to them in their ascetic conduct.

(8) Pratikraman Kalp—To always practice at the prescribed time the *pratikraman* (the critical analysis of daily conduct) for activities of the day (*daivasik*) and activities of the night (*ratrik pratikraman*)

(9) Maas Kalp—A monk during his wanderings in summer should not stay in any village and the like for more than a month. After that stay of one month, he should not visit that place again for two months for stay. In case of nuns, the period of continuous stay should be considered as two months instead of one month

(10) Chaturmas Kalp—In rainy season a monk should stay in a village and the like for four months and should not move out from that village. Thereafter, he should not stay there any longer and for eight months he should not again come to that village (since the *chaturmas* starts thereafter, this period in fact is of twelve months).

It is essential for monks and nuns of first and the last *Tirhankars* to follow ten *Kalps*. So they are called *Kalpasthit*. They cannot accept *audeshik* food. But among *akalpasthit* monks, one can accept food that has been prepared for another. It is essential for monks and nuns of the other twenty two *Tirthankar* to practice four *Kalps* It is not essential for them to observe remaining six *Kalps*. They are called *Akalpasthit*.

Four essential *kalps* are—(1) *Shayyatarpind kalp*, (2) *Kritikarm kalp*, (3) *Vrat kalp*, (4) *Jyeshth kalp*.

Six optional *kalps* are—**(1) Achel**—To keep cheap, costly, coloured or natural clothes in small or large quantity according to one's need

(2) Auddeshik—Not to accept food specifically prepared for him but to accept according to ones need out of the food prepared for any other monk of the same order.

(3) Rajapind—To conduct oneself according to ones desire in case of food of crowned kings.

(4) Pratikraman—To do *pratikraman* (self-analysis) as prescribed if one so desires but it is mandatory to do fortnightly, *chaturmasik* and *samvatsarik pratikraman*.

(5) Maas Kalp—To stay in any village and like for a month or more as one desires and he can again come back to that village any time for stay.

(6) Chaturmas Kalp—He can stay at any place for four months if he so desires. But after *samvatsari* it is mandatory to stay at one place till bright fortnight of Kartik. Thereafter, he can go away from there if he so desires. If he does not want to move away, he may do so. The practice of these six *kalps* depends on their personal desire

श्रुतग्रहण के लिए अन्य गण में जाने का विधि–निषेध

PROCEDURE FOR GOING OR NOT GOING TO ANOTHER GANA FOR SCRIPTURAL STUDY

२०. (१) भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म इच्छेज्जा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता–

(१) आयरियं वा, (२) उवज्झायं वा, (३) पवत्तयं वा, (४) थेरं वा, (५) गणिं वा, (६) गणहरं वा, (७) गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

ते य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२१. गणावच्छेयए य गणाओ अवक्कम्म इच्छेज्जा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए–

नो से कप्पइ गणावच्छेयत्तं अनिक्खिवित्ता अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

कप्पइ से गणावच्छेइयत्तं निक्खिवित्ता अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए–

नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

ते य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२२. आयरिय–उवज्झाए य गणाओ अवक्कम्म इच्छेज्जा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए–

नो से कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्तं अनिक्खिवित्ता अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

कप्पइ से आयरिय–उवज्झायत्तं निक्खिवित्ता अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

ते य से वियरेजा, एवं से कप्पइ अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२०. (१) यदि कोई भिक्षु (विशेष श्रुत–ज्ञान की प्राप्ति के लिए) स्व–गण को छोड़कर अन्य गण मे जाना चाहे तो उसे–

(१) आचार्य, (२) उपाध्याय, (३) प्रवर्त्तक, (४) स्थविर, (५) गणी, (६) गणधर, या (७) गणावच्छेदक को पूछे बिना अन्य गण में जाना नही कल्पता है। किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर अन्य गण को स्वीकार करना कल्पता है।

यदि वे आज्ञा दे तो अन्य गण में जा सकता है। यदि वे आज्ञा न दें तो अन्य गण में जाना नहीं कल्पता है।

२१. यदि गणावच्छेदक स्वयं विशेष श्रुत-ज्ञान प्राप्त करने के लिए स्व-गण को छोडकर अन्य गण में जाना चाहे तो-

उसे अपने पद का त्याग किये बिना अन्य गण मे जाना नही कल्पता है।

अपने पद को त्याग करके अन्य गण मे जाना कल्पता है।

(तथापि) आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना उसे अन्य गण में जाना नहीं कल्पता है।

किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर अन्य गण मे जाना कल्पता है।

यदि वे आज्ञा दे तो अन्य गण में जा सकता है।

यदि वे आज्ञा न दें तो उसे अन्य गण में जाना नहीं कल्पता है।

२२. आचार्य या उपाध्याय यदि स्व-गण को छोडकर अन्य-गण में जाना चाहे है तो-

उन्हे अपने पद का त्याग किये बिना अन्य गण मे जाना नही कल्पता है।

अपने पद को त्याग करके अन्य गण मे जाना कल्पता है।

आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना उन्हें अन्य गण मे जाना नही कल्पता है।

किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर अन्य गण मे जाना कल्पता है।

यदि वे आज्ञा दे तो अन्य गण मे जा सकते है।

यदि वे आज्ञा न दे तो उन्हे अन्य गण मे जाना नही कल्पता है।

20. In case any *bhikshu* (in order to gain special knowledge of scriptures) wants to go to another *gana* (group) of monks after leaving the present group, he cannot go without the consent of—

(1) *Acharya*, (2) *Upadhyaya*, (3) *Pravartak*, (4) *Sthavir*, (5) *Gani*, (6) *Ganadhar*, or (7) *Ganavachhedak*. But, after informing *Acharya* or up to *Ganavachhedak* he can go if they allow.

In case they permit, he can go to another group, but if they do not allow, it is not proper for him to go to another group.

21. In case *Ganavachhedak* himself wants to go to another group for advanced scriptural knowledge—

He is not allowed to do so without resigning from the present group.

He can go only after resigning his post.

Still he cannot go there without informing Acharya upto *Ganavachhedak*.

But he can go there after informing *Acharya* up to *Ganavvachhedak*.

In case they allow, he can go to another group.

In case they do not permit, he is not allowed to go to another group.

22. In case the *Acharya* or *Upadhyaya* desires to go to another group after leaving his present group.

He is not allowed to do so without resigning from the present group.

He, however, can go after resigning his post.

He cannot go to another group without seeking consent of Acharya up to *Ganavachhedak*.

But after telling them he can go if they so permit.

If they allow, he can go to another group.

If they do not permit, he cannot go to another group.

विवेचन : सूत्र २० में यह विधान है कि यदि कोई साधु ज्ञानादि की प्राप्ति या विशेष सयम व तप की साधना हेतु अल्पकाल के लिए किसी अन्य गण के आचार्य या उपाध्याय की उपसपदा (निश्रा) स्वीकार करना चाहे तो उसके लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आचार्य की स्वीकृति ले। आचार्य समीप में न हों तो उपाध्याय की, उनके अभाव मे प्रवर्त्तक की, उनके अभाव मे स्थविर की, उनके अभाव मे गणी की, उनके अभाव मे गणधर की और उनके अभाव मे गणावच्छेदक की स्वीकृति लेकर के ही अन्य गण मे जाना चाहिए। अन्यथा वह प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

अध्ययन आदि की समाप्ति के बाद पुन वह भिक्षु स्वगच्छ के आचार्य के पास आ जाता है। क्योंकि वह सदा के लिए नही गया है। सदा के लिए जाने का विधान आगे के सूत्रो में किया गया है।

सूत्र २१-२२ के अनुसार गणावच्छेदक आचार्य, उपाध्याय या आदि पदवीधर भी विशिष्ट अध्ययन हेतु अन्य आचार्य या उपाध्याय के पास जाना चाहे तो वे भी जा सकते हैं किन्तु गच्छ की व्यवस्था समुचित रूप मे चल सके, ऐसी व्यवस्था करके अन्य योग्य भिक्षु को अपना पद सौपकर और फिर उनकी आज्ञा लेकर के ही जा सकते है किन्तु आज्ञा लिए बिना वे भी नहीं जा सकते है। अध्ययन समाप्त होने पर पुन स्वगच्छ में आकर पद ग्रहण कर सकते हैं।

यहाँ इतना विशेष ज्ञातव्य है कि आचार्यादि की स्वीकृति मिलने पर साधु तो अकेला भी विहार कर अन्य गण मे जा सकता है, किन्तु साध्वी अकेली नहीं जा सकती है। उसे स्वीकृति मिलने पर भी कम से कम एक अन्य साध्वी के साथ ही अन्य गण मे जाना चाहिए। विशेष यह है कि प्रवर्तिनी की आज्ञा भी लेना आवश्यक होता है।

आचार्य आदि सात पदो का स्वरूप इस प्रकार है-

(१) **आचार्य**-गण के अनुशास्ता। स्वय आचार का पालनकर्त्ता और दूसरों से पालन कराने वाले।

(२) **उपाध्याय**-द्वादशाग श्रुत के विशेषज्ञ शिष्यो को आगमों का अभ्यास कराने वाले।

(३) **प्रवर्त्तक**-सघ मे साधु-साध्वियों के सेवा-वैयावृत्य-विहार-अध्ययन आदि की व्यवस्था सँभालने वाले।

(४) स्थविर–जो उपदेश व शिक्षा के द्वारा साधु–साध्वियों को कर्त्तव्य–पालन व संयम में स्थिर रखने का प्रयास करे। वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध व दीक्षावृद्ध तीन प्रकार के स्थविर होते हैं।

(५) गणी–एक आचार्य के अनुशासन मे रहने वाले कुछ साधुओं के गण का स्वामी। एक आचार्य की निश्रा मे अनेक गणी होते है। साधु–साध्वियो के समूह को 'गण' कहते है।

(६) गणधर–समूह की शिक्षा–दीक्षा सम्बन्धी व्यवस्था रखने वाले।

(७) गणावच्छेदक–साधु सघ मे आहार–पानी, औषध, स्थान, प्रायश्चित्त आदि की व्यवस्था करने वाले। (सचित्र स्थानागसूत्र, सूत्र ७ में गणापक्रमण के सात कारणो का उल्लेख है)

Elaboration—In *Sutra* 20, there is a provision that in case a monk wants to accept the command of another *Acharya* or *Upadhyaya* for a short time in order to gain spiritual knowledge or for special ascetic restraints or practice of austerities, it is essential that he should first get consent of his *Acharya*. In case *Acharya* is not nearby, he can seek consent of *Upadhyaya*. If *Upadhyaya* is not available, he can seek consent of *Pravartak*, in his absence of *Sthavir*, in his absence of *Gani*, in his absence of *Ganadhar* and in his absence of *Ganavachhedak*. He can go only after obtaining consent otherwise he shall be liable for *prayashchit*

After completing the study and the like, that *bhikshu* again comes back to the *Acharya* of his original group because he had not gone from there for good The provision for going away forever is in succeeding *Sutras*.

According to *Sutras* 21 and 22, in case *Ganavachhedak, Acharya, Upadhyaya* or any other *bhikshu* holding a post wants to go to another *Acharya* or *Upadhyaya* for special study, he can go but he should hand over his charge (post) to another capable *bhikshu* so that the arrangements can run smoothly in his absence Further he can go only after obtaining their permission Without their permission, he also cannot go. After completing the study he can return to his group and take charge of his earlier post

Here it is to be specially noted that after the permission of *Acharya* and the like, a monk can go to another group alone but a *Sadhvi* (nun) cannot go alone. She shall have to take another nun with her even after the permission Further it is essential for her to take the permission of *pravartini* also.

The nature of seven posts namely *Acharya* and the like is given below—

(1) Acharya—Head of the group. He practices the ascetic restraints himself and ensures their practice by others.

(2) **Upadhyaya**—He is a specialist of twelve *Angas* an teaches Agam to disciples practic.

(3) **Pravartak**—He ensures proper arrangements for service, study, wandering and the like of monks and nuns in his group.

(4) **Sthavir**—He by his guidance and teaching tries to stabilize monks and nuns in performance of their ascetic duties and in remaining steadfast in practice of ascetic restraints.

(5) **Gani**—He is head of some monks who are under one *Acharya*. Many *ganis* are under one *Acharya* A group of Sadhus and Sadhvis is called a *gana*

(6) **Ganadhar**—The monk responsible for arrangements of initiation and study of a group is called *ganadhar*

(7) **Ganavachhedak**—The monk responsible for proper arrangements of collection of food, water, medicines, place of stay, *prayashchit* and the like in the order is called *ganavachhedak* (seven reasons of changing the group can be seen in *Sachhitra Sthanang Sutra, Sutra* 7).

सांभोगिक–व्यवहार के लिए अन्य गण में जाने की विधि

PROCEDURE OF GOING TO ANOTHER GROUP FOR JOINT ACTIVITIES

२३. (१) भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म इच्छेज्जा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरत्तिए। नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जिताणं विहरित्तए।

(२) ते य से वियरेज्जा एवं से कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। ते य से नो वियरेज्जा एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(३) जत्थुत्तरियं धम्मविणयं लभेज्जा एवं से कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। जत्थुत्तरियं धम्मविणयं नो लभेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२४. (१) गणावच्छेइए गणाओ अवक्कम्म इच्छेज्जा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। नो से कप्पइ गणावच्छेइयत्तं अनिक्खिवित्ता अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ से गणावच्छेइयत्तं निक्खिवित्ता अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(२) नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(३) ते य से वियरेज्जा एवं से कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। ते य से नो वियरेज्जा एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(४) जत्थुत्तरियं धम्मविणयं लभेज्जा, एवं से कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। जत्थुत्तरियं धम्मविणयं नो लभेज्जा एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२५. (१) आयरिय–उवज्झाए य गणाओ अवक्कम्म इच्छेज्जा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। नो से कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्तं अनिक्खिवित्ता अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ से आयरिय–उवज्झायत्तं निक्खिवित्ताणं अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(२) नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(३) ते य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

(४) जत्थुत्तरियं धम्मविणयं लभेज्जा, एवं से कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। जत्थुत्तरियं धम्मविणयं नो लभेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं गणं संभोगपडियाए उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२३. (१) भिक्षु यदि स्व–गण से निकलकर अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार स्वीकार करना चाहे तो आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना अन्य गण के साथ उक्त व्यवहार करना नही कल्पता है। किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर उक्त व्यवहार किये जा सकते है।

(२) यदि वे आज्ञा दे तो अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार करे। यदि वे आज्ञा न दे तो उक्त व्यवहार नहीं करे।

(३) यदि वहाँ संयम धर्म की उन्नति होती हो तो अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार किया जा सकता है। किन्तु जहाँ सयम धर्म की उन्नति न होती हो, वहाँ उक्त व्यवहार करना नही कल्पता है।

२४. (१) गणावच्छेदक यदि स्व–गण से निकलकर अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार स्वीकार करना चाहे तो गणावच्छेदक पद का त्याग किये बिना उक्त व्यवहार करना नहीं कल्पता है। किन्तु गणावच्छेदक का पद छोडकर अन्य गण के साथ उक्त व्यवहार कर सकता है।

(२) (तथापि) आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना अन्य गण के साथ साभोगिक व्यवहार करना नहीं कल्पता है। किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर उक्त व्यवहार कर सकता है।

(३) यदि वे आज्ञा दें ते अन्य गण के साथ उक्त व्यवहार करें। यदि आज्ञा न दे तो नहीं करें।

(४) यदि वहाँ संयम धर्म की उन्नति होती हो तो अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार कर सकते हैं। किन्तु जहाँ संयम धर्म की उन्नति न होती हो तो उक्त व्यवहार नही करें।

२५. (१) आचार्य या उपाध्याय यदि स्व-गण से निकलकर अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार करना चाहें तो आचार्य, उपाध्याय पद का त्याग किये बिना उक्त व्यवहार करना नहीं कल्पता है। किन्तु वे अपने पदो का त्याग करके उक्त व्यवहार कर सकते हैं।

(२) आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना अन्य गण के साथ उक्त व्यवहार करना नहीं कल्पता है। किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर उक्त व्यवहार कर सकते हैं।

(३) यदि वे आज्ञा दें तो उक्त व्यवहार कर सकते हैं। यदि आज्ञा न दें तो अन्य गण के साथ उक्त व्यवहार नहीं करे।

(४) यदि वहाँ सयम धर्म की उन्नति होती हो तो अन्य गण के साथ साम्भोगिक व्यवहार कर सकते है, किन्तु जहाँ संयम धर्म की उन्नति न होती हो तो उक्त व्यवहार करना नही कल्पता है।

23. (1) In case a *bhikshu* wants to go from his group and stay and dine with another group, he is not allowed to do so without the permission of *Acharya* up to *Ganavachhedak* But after obtaining their consent, he can go and stay and dine with them.

(2) In case they allow, he can join them and in case they do not allow, he cannot

(3) In case there is likelihood of progress in ascetic discipline, one can mix with another group But in case there is no possibility of progress, he is not allowed to mix with them

24. (1) In case *Ganavachhedak* wants to go to another group to stay and dine with them, he is not allowed to do so without resigning his post. But after resigning the post he can go.

(2) Still one is not allowed to go and dine with another group without seeking permission of *Acharya* up to *Ganavachhedak*. But after their consent, he case do so

(3) In case they allow, he can go to that group If they do not allow, he should not go

(4) In case there is progress in ascetic discipline by going there, he can go and dine with them But if there is no progress in ascetic conduct, he should not go to them and mix with them

25. (1) In case *Acharya* or *Upadhyaya* wants to go away from his group and stay and dine with another group, he is not allowed to do so without resigning his post. But after resigning the post he can mix with them.

(2) One is not allowed to stay and dine with another group without seeking the consent of *Acharya* up to *Ganavachhedak*. But after obtaining their consent, he can mix with them

(3) In case they allow, he can stay and dine with them. In case they do not allow, he cannot mix with them.

(4) In case there is progress in ascetic discipline by going there, he can stay and dine with them. But if there is no such progress, he is not allowed to stay and mix with them.

विवेचन : साधु–मण्डली में एक साथ बैठना–उठना, खाना–पीना तथा अन्य दैनिक कर्त्तव्यों का एक साथ पालन करना 'संभोग' कहलाता है।

सभोग के बारह भेद इस प्रकार हैं–

(१) **उपधि**–वस्त्र–पात्र आदि उपकरणो को परस्पर देना–लेना।

(२) **श्रुत**–शास्त्र की वाचना देना–लेना।

(३) **भक्त–पान**–परस्पर आहार–पानी या औषध का लेन–देन करना।

(४) **अंजलि–प्रग्रह**–संयम–पर्याय में ज्येष्ठ साधुओ के पास हाथ जोडकर खडे रहना या उनके सामने मिलने पर मस्तक झुकाकर हाथ जोड़ना।

(५) **दान**–शिष्य का देना–लेना।

(६) **निमन्त्रण**–शय्या, आहार, उपधि, शिष्य एव स्वाध्याय आदि के लिए निमत्रण देना।

(७) **अभ्युत्थान**–दीक्षा–पर्याय् में किसी ज्येष्ठ साधु के आने पर खडे होना।

(८) **कृतिकर्म**–अजलि–ग्रहण, आवर्तन, मस्तक झुकाकर हाथ जोडना एव सूत्रोच्चारण कर विधिपूर्वक वन्दन करना।

(९) **वैयावृत्य**–अंग–मर्दन आदि शारीरिक सेवा करना, आहार आदि लाकर देना, मल–मूत्र आदि परठना एवं ये सेवाकार्य अन्य भिक्षु से करवाना।

(१०) **समवसरण**–एक ही उपाश्रय में बैठना, सोना, रहना आदि प्रवृत्तियाँ करना।

(११) **सन्निषद्या**–एक आसन पर बैठना अथवा बैठने के लिए आसन देना।

(१२) **कथा–प्रबन्ध**–सभा में एक साथ बैठकर या खडे रहकर प्रवचन देना।

सांभोगिक आदि का अर्थ–एक गण के या अनेक गणो के जिन साधुओ में ये बारह ही प्रकार के व्यवहार परस्पर विहित होते हैं, वे 'साम्भोगिक' साधु कहे जाते हैं।

जिन साधुओं में 'भक्त–पान' के अतिरिक्त ग्यारह व्यवहार होते हैं, वे परस्पर 'अन्य–साम्भोगिक' साधु कहे जाते हैं। जिनका आचार–विचार लगभग समान होता है। वे 'समनोज्ञ' साधु कहे जाते है।

समनोज्ञ साधुओं के साथ ही ये ग्यारह या बारह प्रकार के व्यवहार किये जाते हैं किन्तु असमनोज्ञ अर्थात् पार्श्वस्थादि एवं स्वच्छंदाचारी के साथ ये बारह प्रकार के व्यवहार नहीं किये जाते। लोक–व्यवहार या अपवाद रूप में उनके साथ कुछ व्यवहार किये जा सकते हैं। उनका कोई प्रायश्चित्त नहीं है। गृहस्थ के साथ ये सभी व्यवहार वर्जित हैं।

साध्वियो के साथ सामान्य स्थिति मे-(१) श्रुत, (२) अंजलि-प्रग्रह, (३) शिष्यदान, (४) अभ्युत्थान, (५) कृतिकर्म, (६) कथा-प्रबन्ध ये छह व्यवहार ही होते है। शेष छह व्यवहार विशेष परिस्थिति में किये जा सकते हैं।

इन सूत्रों में आज्ञा-प्राप्ति के बाद भी एक विकल्प अधिक रखा गया है-"जत्युत्तरियं धम्म-विणयं लभेज्जा एवं से कप्पइ।" इस वाक्य से यह सूचित किया गया है कि जब कोई साधु यह देखे कि इस संघ में रहते हुए, भाव-विशुद्धि के स्थान पर संक्लेश-वृद्धि हो रही है और इस कारण से मेरे ज्ञान-दर्शन-चारित्र आदि की समुचित साधना नहीं हो रही है, तब वह अपने को संक्लेश से बचाने के लिए तथा ज्ञान-चारित्रादि की वृद्धि के लिए अन्य गण में, जहाँ पर कि अधिक धर्मलाभ की सम्भावना हो, जाने की इच्छा करे तो वह जिनकी निश्रा में रह रहा है, उनकी अनुज्ञा लेकर जा सकता है। किन्तु जिस गच्छ में जाने से वर्तमान अवस्था से संयम की हानि हो, वैसे गच्छ में जाने की जिनाज्ञा नही है। *(बृहत्कल्प भाष्य)*

Elaboration—To sit, dine and perform daily routine in the company of another group is called '*sambhog*'.

Sambhog is of twelve types—

(1) Upadhi—To exchange clothes, pots and the like among themselves

(2) Shrut—To deliver lecture on scripture or to attend lectures on it.

(3) Bhakt—To exchange food, water or medicine among themselves.

(4) Anjali-pragrah—To stand with folded hands before monk senior in period of initiation or to bow to them.

(5) Daan—To offer one's disciple to other or to accept from another.

(6) Nimantran (Invitation)—To invite for accepting bed, food, *upadhi*, disciple, or for study of scripture and the like.

(7) Abhyuthaan—To stand up on the arrival of a senior monk.

(8) Kritikarm—To bow in the prescribed manner uttering the relevant *Sutra* with folded hands and moving around in a circular manner (*aavartan*) bending forward the forehead.

(9) Vaiyavritya—To massage their body, to do physical service, to bring food for them, to discard their stool, urine and the like at proper place or to get these activities done through another *bhikshu*.

(10) Samvasaran—To stay, sleep and perform such like activities in the same *Upashraya*.

(11) Sannishadya—To sit on one platform or piece of cloth (*aasan*) or to offer it for sitting

(12) Katha-Prabandh—To sit or stand together in the congregation and deliver lecture on scriptures.

When the monks of one group do the above said activities with members of another group, they are called *'sambhogik'* monks.

Those monks who do not exchange food, water and the like but perform all the remaining eleven activities among themselves are called *'anya-sambhogik'*. Those monks of a group where thinking and conduct is almost similar to that of the members of another group are called *'Samanojna'*

The said eleven or twelve activities are performed with only *Samanojna* monks. But they are not performed with *asamanojna* monks, *parshavasth* and the like or those residing independent from the group. Some activities can be done with them as a matter of routine conduct or as an exception and there is no *prayashchit* for it All the said activities are totally prohibited with a householder.

In ordinary circumstances, only six activities namely—(1) *shrut*, (2) *anjali-pragreh*, (3) offering of disciple, (4) standing up on arrival of seniors, (5) *kritikaram*, and (6) *katha-prabhandh* can be done with Sadhvis. The remaining six activities can be performed only in special circumstances with them.

Even after obtaining the permission, there is another provision in these Sutras namely **"Jatthuttariyam dhamm vinayam labhejja evam se kappayi."** It is indicated through this *Sutra* that when a *Sadhu* feels that while remaining in this *Sangha*, his quarrelsome attitude is increasing instead of purification of his emotional attitude and, therefore, he is not able to properly practice knowledge, perception and conduct, then in order to protect himself from quarrelsome activity and for development in knowledge, conduct and the like he may go to another group where there is possibility of greater progress in *Dharmik* nature after securing permission from the head under whose guidance he is practicing his ascetic conduct. But where, by going to another groups there is decline in practice of ascetic discipline, he is not allowed to go. *(Vrihatkalp Bhashya)*

वाचना देने के लिए अन्य गण में जाने का विधि-निषेध

PROCEDURE OF GOING OR NOT GOING TO ANOTHER GROUP FOR LECTURE IN SCRIPTURES

२६. (१) भिक्खू य इच्छेज्जा अन्नं आयरिय-उवज्झायं उद्दिसावेत्तए, नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं आयरिय-उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं आयरिय-उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(२) ते य से वियरेज्जा एवं से कप्पइ अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। ते य से नो वियरेज्जा एवं से नो कप्पइ अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(३) नो से कप्पइ तेसिं कारणं अदीवेत्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से तेसिं कारणं दीवेत्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

२७. (१) गणावच्छेइए य इच्छेज्जा अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए, नो से कप्पइ गणावच्छेइयत्तं अनिक्खिवित्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से गणावच्छेइयत्तं निक्खिवित्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(२) नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(३) ते य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(४) नो से कप्पइ तेसिं कारणं अदीवेत्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से तेसिं कारणं दीवेत्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

२८. (१) आयरिय–उवज्झाए य इच्छेज्जा अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए, नो से कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्तं अनिक्खिवित्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से आयरिय–उवज्झायत्तं निक्खिवित्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(२) नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेइयं वा अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(३) ते य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए।

(४) नो से कप्पइ तेसिं कारणं अदीवेत्ता अन्नं आयरिय–उवज्झायं उद्दिसावेत्तए। कप्पइ से तेसिं कारणं दीवेत्ता अन्नं आयरिय–उज्झायं उद्दिसावेत्तए।

२९. (१) भिक्षु यदि अन्य गण के आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए (या उनका नेतृत्व करने के लिए) जाना चाहे तो, अपने आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना नही कल्पता है। किन्तु अपने आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर जा सकते है।

(२) यदि वे आज्ञा दें तो उक्त कार्य से जा सकते हैं। यदि वे आज्ञा न दे तो जाना नहीं चाहिए।

(३) आचार्यादि को कारण बताये बिना, अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना नही कल्पता है। किन्तु उन्हे कारण बताकर जाना कल्पता है।

२७. (१) गणावच्छेदक यदि अन्य गण के आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए (या उनका नेतृत्व करने के लिए) जाना चाहें तो उसे अपना पद छोड़े बिना जाना नहीं कल्पता है। किन्तु अपना पद छोडकर जाना कल्पता है।

(२) अपने आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना नही कल्पता है। किन्तु उन्हें पूछकर वाचना देने के लिए जा सकते हैं।

(३) यदि वे आज्ञा दें तो अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना कल्पता है। यदि वे आज्ञा न दें तो जाना नही कल्पता है।

(४) उन्हें कारण बताये बिना, अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना नही कल्पता है, किन्तु कारण बताकर जाना कल्पता है।

२८. (१) आचार्य या उपाध्याय अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए (या उनका नेतृत्व करने के लिए) जाना चाहें तो उन्हें अपना पद छोडे बिना अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना नही कल्पता है। किन्तु अपना पद छोडकर जाना कल्पता है।

(२) उन्हें अपने आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछे बिना उक्त कार्य हेतु जाना नहीं कल्पता है। किन्तु आचार्य यावत् गणावच्छेदक को पूछकर जा सकते हैं।

(३) यदि वे आज्ञा दे तो अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना कल्पता है। यदि वे आज्ञा न दें तो जाना नही चाहिए।

(४) उन्हे कारण बताये बिना अन्य आचार्य या उपाध्याय को वाचना देने के लिए जाना नही कल्पता है, किन्तु कारण बताकर जाना कल्पता है।

26. (1) In case a *bhikshhu* wants to go to the *Acharya* or *Upadhyaya* of another group to teach him (or to lead them), he is not allowed to go without the permission of his *Acharya* up to *Ganavachhedak*. But after their permission, he can go.

(2) In case they allow, he can go for the above mentioned purpose. If they do not allow, he should not go.

(3) He is not allowed to go for teaching another *Acharya* or *Upadhyaya* without telling the purpose to his own *Acharya* and the like. But he can go after telling the purpose to them of his going there.

27. (1) If a *Ganavachhedak* and the like wants to go to teach the *Acharya* or *Upadhyaya* of another group (or to lead them), he is not allowed to do so without resigning his post. He (however) can go after resigning his post.

(2) He is not allowed to go for teaching another *Acharya* or *Upadhyaya* without seeking the consent of *Acharya* up to *Ganavachhedak* of his group. He can go with their consent.

(3) In case they allow, he can go to teach another *Acharya* or *Upadhyaya*. If they do not allow, he should not go

(4) He is not allowed to go to another *Acharya* or *Upadhyaya* for teaching them without telling the purpose to his *Acharya* and the like.

28. (1) In case *Acharya* or *Upadhyaya* wants to go to another *Acharya* for teaching them (or for leading them) he is not allowed to do so without resigning his post. He can go after resigning his post.

(2) They are not allowed to go for the above said purpose without the permission of their *Acharya* up to *Ganavachhedak*. He, however, can go if the permission has been granted by them

(3) He can go to teach another *Acharya* or *Upadhyaya* if they allow him. If they do not permit, he should not go.

(4) He is not allowed to go to teach another *Acharya* or *Upadhyaya* without telling his *Acharya* and the like the purpose of his going. But he can go after telling them the purpose of his going there.

काल-गत भिक्षु के शरीर को परठने की विधि

PROCEDURE OF DISCARDING THE BODY OF A DEAD BHIKSHU

२९. भिक्खू याराओ वा वियाले वा आहच्च वीसुंभेज्जा, तं च सरीरगं केइ वेयावच्चकरे भिक्खू इच्छेज्जा एगंते बहुफासुए पएसे परिट्ठवेत्तए।

अत्थि य इत्थ केइ सागारियसंतिए उवगरणजाए अचित्ते परिहरणारिहे कप्पइ से सागारिकडं गहाय तं सरीरगं एगंते बहुफासुए पएसे परिट्ठवेत्ता तत्थेव उवनिक्खिवियव्वे सिया।

२९. यदि कोई भिक्षु रात्रि में या विकाल मे कालधर्म को प्राप्त हो जाय तो उस मृत भिक्षु के शरीर को वैयावृत्य करने वाला साधु एकान्त मे सर्वथा अचित्त स्थान पर परठना (व्युत्सर्जित करना) चाहे तब-

यदि वहाँ उपयोग मे आने योग्य गृहस्थ का अचित्त उपकरण (अर्थात् शव को वहन करने योग्य काष्ठ-उपकरण) हो तो उसे प्रातिहारिक (पुनः लौटाने का कहकर) ग्रहण करे और उससे मृत भिक्षु के शरीर को एकान्त मे सर्वथा अचित्त स्थान पर परठकर उस वहन-काष्ठ को यथास्थान रख देना चाहिए।

29. In case, a *bhikshu* dies at night or at an odd time, the monk who was attending on him and serving him should discard it at a lonely place which is totally free from living beings.

In case any lifeless plank (the wooden plank on which a corpse in carried) belonging to a householder is available that can be used for carrying that dead body, he should take it telling him that it shall be returned after the needful is done. He should then carry that dead body on it and after discarding it at a lonely place, which is totally free from living beings; he should place that wooden plank at the place from where it had been taken.

विवेचन : भिक्षु जहाँ पर मासकल्प आदि रहा हो वहाँ उस निवासकाल मे यदि किसी साधु की अनशन के कारण, रोग आदि के कारण रुग्ण रोग साधु अथवा साँप आदि के काटने से मृत्यु हो जाये तो उस शव को वसति या उपाश्रय मे अधिक समय रखना उचित नहीं है, क्योंकि भाष्यकार कहते हैं कि जिस समय मरण हो उसी समय उस शव को बाहर कर देना चाहिए। अत वहाँ वैयावृत्य करने वाले साधु यदि चाहे तो वे रात्रि मे भी परठने योग्य भूमि पर ले जाकर परठ सकते है। परठने के लिए प्रातिहारिक उपकरण की याचना करने का सूत्र मे विधान किया गया है। अत. उस ग्रामादि मे या उपाश्रय मे वहनकाष्ठ या बाँस अथवा डोली आदि जो भी साधन मिल जाये उसका उपयोग किया जा सकता है एव पुन उस उपकरण को लौटाया जा सकता है।

जहाँ कोई शव का दाह-सस्कार करने वाले न हो वहाँ साधु इस सूत्रोक्त विधि के अनुसार कर सकता है, किन्तु जहाँ श्रावकसघ हो या अन्य श्रद्धालु गृहस्थ हो वहाँ वे सासारिक कृत्य समझकर कुछ लौकिक क्रियाएँ करे तो भिक्षु उससे निरपेक्ष रहते है।

भाष्यकार ने साधुओ को निवास-स्थान से दक्षिण-पश्चिम दिशा (नैऋत्यकोण) शव के परठने के योग्य शुभ बतलायी है। उक्त दिशा मे परठने योग्य स्थान न मिले तो दक्षिण दिशा मे और उसमे भी योग्य स्थान न मिलने पर दक्षिण-पूर्व दिशा मे परठे। शेष सब दिशाएँ शव-परित्याग करने के लिए अशुभ बतलायी है।' उन अन्य दिशाओ मे शव परठने पर सघ मे कलह, भेद और रोगादि की उत्पत्ति होने की सम्भावना बनी रहती है।

यदि शव को रात्रि मे रखना पडे तो संघ के साधु रात्रिभर जागरण करते है, शव मे कोई भूत-प्रेत प्रविष्ट न हो जाये इसके लिए हाथ और पैर के दोनो अगुठो को डोरी से बाँध देते है, मुख-वस्त्र (मुँहपत्ति) से मुख को ढक देते है और अगुली के मध्य भाग का छेदन कर देते है, क्योंकि क्षत-देह मे भूत-प्रेतादि प्रवेश नही करते है।

शव को ले जाते समय आगे की तरफ पाँव करना, परठते समय मुँहपत्ति, रजोहरण, चोलपट्टक ये तीन उपकरण अवश्य रखना, इत्यादि बातो का भाष्य मे विस्तार से वर्णन किया गया है।

Elaboration—Where a *bhikshu* is staying for a month or the like, some monk may die there due to fasting, disease or snake bite and the like. The dead body cannot be kept in the *Upashraya* or that place for long According to the author of *bhashya*, the dead body should be taken out immediately after the death Therefore, if the monks attending on the deceased so desire they can carry it to the proper place for discarding the dead body even at night and discard it there. There is a provision in the *Sutra* for begging the article for carrying the dead body as *pratiharik* (assurance of returning the same after the needful is done). So any

wooden carriage, bamboo or cart and the like whichever is available in the village and the like or in *upashraya* can be used for this purpose. After the needful is done, that article can be returned.

In case no one is available to cremate the dead body by burning, it can be disposed of in the manner mentioned above. But at the place where the organization of *Shravak* or any other householder devotee is available and they perform worldly rites considering it as their duty, the *bhikshu* remains un-involved in them.

According to the author of *bhashya*, the south-west direction from the place of stay is considered to be the best for discarding the corpse. In case suitable place is not available in that direction, it should be discarded in the south. In case suitable place is not available even there, it should be disposed in the south-east direction. All the other directions are considered improper for disposing the dead body. In case the dead body is disposed of in these directions, the dispute, division and the like may arise in the religious organization or some disease may possibly develop.

In case the dead body has to be kept for the night, the monks of the order remain awake throughout the night. They tie both the thumbs of the feet so that no ghost enters that dead body The mouth is covered with mouth-cloth (*mukhavastrika*) and the middle part of the finger is pierced because the ghosts do not enter a pierced body.

While carrying the dead body, the feet are kept in front. While disposing the dead body, the mouth cloth, the broom (*rajoharan*), *cholpattak*—these three articles must be kept. Such matters are explained in detail in the *bhashya*

कलह करने वाले भिक्षु से सम्बन्धित विधि-निषेध

RULES RELATING TO DEALING WITH QUARRELSOME BHIKSHU

३०. भिक्खू य अहिगरणं कट्टु तं अहिगरणं अविओसवेत्ता। नो से कप्पइ गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा। नो से कप्पइ बहिया वियारभूमिं वा विहारभूमिं वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

नो से कप्पइ गामाणुगामं दुइज्जित्तए, गणाओ वा गणं संकमित्तए, वासावासं वा वत्थए।

जत्थेव अप्पणो, आयरिय-उवज्झायं पासेज्जा बहुस्सुय-बब्भागमं, कप्पइ से तस्संतिए आलोइत्तए, पडिक्कमित्तए, निंदित्तए, गरिहित्तयए, विउट्टित्तए, विसोहित्तए, अकरणाए अब्भुट्ठित्तए, अहारिहं तवोक्कम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जित्तए।

से य सुएण पट्ठविए आइयव्वे सिया, से य सुएण नो पट्ठविए नो आइयव्वे सिया। से य सुएण पट्ठविज्जमाणे नो आइयइ, से निज्जूहियव्वे सिया।

३०. यदि कोई भिक्षु (परस्पर) कलह करके उसे उपशान्त न करे तो उसे गृहस्थो के घरों मे भक्त-पान (गोचरी) के लिए जाना-आना नहीं कल्पता है। उसे उपाश्रय से बाहर स्वाध्याय भूमि में या उच्चार-प्रस्रवण भूमि मे तथा ग्रामानुग्राम विहार करना भी नहीं कल्पता है।

उसे एक गण से दूसरे गण मे सक्रमण करना और वर्षावास रहना नहीं कल्पता है।

किन्तु जहाँ अपने बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ आचार्य और उपाध्याय हों उनके समीप जाकर आलोचना करे, प्रतिक्रमण करे, निन्दा करे, गर्हा करे, पाप से निवृत्त हो, पापफल से शुद्ध हो, पुनः पापकर्म न करने के लिए प्रतिज्ञाबद्ध हो और यथायोग्य तप रूप प्रायश्चित्त स्वीकार करे।

यह प्रायश्चित्त यदि श्रुतानुसार दिया जाये तो उसे ग्रहण करना चाहिए, किन्तु श्रुतानुसार न दिया जाये तो उसे ग्रहण नही करना चाहिए। यदि श्रुतानुसार प्रायश्चित्त दिये जाने पर भी जो स्वीकार न करे तो उसे गण से निकाल देना चाहिए।

30. In case some *bhikshu* does not subdue the quarrel he is not allowed to go to the houses of the householders for collecting food and water. He is not allowed to go out from the *Upashraya* for study or for call of nature or to start on wandering from village to village

He is not allowed to go to another group and spend rainy season there

He should go to a *bahu-shrut* (expert in scriptures) or *Acharya* or *Upadhyaya* who are well-versed in *Agams* and critically examine himself before them. He should do *pratikraman* there. He should criticize his bad activities, tell in detail to them and seclude himself from sins. He should purify himself by accepting punishment for his sins.

In case *prayashchit* (punishment) is awarded in proportion to the sin as prescribed in scriptures it should be accepted In case it is not according to the prescribed norm, it should not be accepted If the *bhikshu* does not accept the *prayashchit*, which is strictly according to the prescribed norm, he should be expelled from the *gana* (the organization).

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र का भाव यह है कि भिक्षुओ मे परस्पर कलह या कषाय उत्पन्न हो जाये तो सर्वप्रथम कषाय को उपशान्त करे। कषाय उपशान्त किये बिना वह गोचरी के लिए तो क्या, उपाश्रय से बाहर भी न जाये। उसके बाद आचार्य आदि जो भी बहुश्रुत वहाँ हो, उनके पास आलोचना (प्रायश्चित्त) करके कलह से निवृत्त होना आवश्यक है।

कभी दुराग्रह के कारण कषाय उपशान्त न करे, तब भी अनुशासन के लिए उसे आलोचना किये बिना प्रायश्चित्त दिया जा सकता है। यदि समझाने पर भी वह न समझे एव प्रायश्चित्त या अनुशासन स्वीकार न करे

तो उसे गच्छ से अलग कर देने का भी सूत्र में विधान किया है अर्थात् उसके साथ मांडलिक आहार एवं वन्दना आदि व्यवहार नहीं रखा जाता है।

सूत्र में विनय, अनुशासन एवं उपशान्ति के विधान के साथ ही एक न्यायसगत सूचना की गई है कि प्रायश्चित्त ग्रहण करने वाला भिक्षु बहुश्रुत हो एवं प्रायश्चित्त दाता निष्पक्ष भाव न रखकर आगम विपरीत प्रायश्चित्त उसे देने का निर्णय करे तो वह उस प्रायश्चित्त को अस्वीकार कर सकता है।

इस निर्देश से यह स्पष्ट होता है कि सूत्र-विपरीत आज्ञा किसी की भी हो, उसे अस्वीकार करने से जिनाज्ञा की विराधना नहीं होती है। *(बृहत्कल्प भाष्य)*

Elaboration—The underlying idea in the present *Sutra* is that in case bitterness or quarrel arises between two or more *bhikshus* initial effort should be to subdue the passions. In the absence of it, he should not go out for collection of alms (food) He should not go out from *Upashraya* at all. Thereafter, he should go to *bahushrut* or *Acharya* and the like whosever is available there and after criticizing his activity in their presence, accepting the *prayashchit*, stop that quarrel which is very essential.

If due to his stubborn, nature, the *bhikshu* does not subdue his passions; the *prayashchit* (punishment) can be awarded to him even without his self-criticism in order to maintain discipline. In case he is not brought round even after great efforts and does not accept the *prayashchit* or code of discipline, there is a provision in the *Sutra* that he can be expelled from the organization. In other words, mutual code of respecting the seniors and dining together in group is not continued with him.

Although humility, discipline and subduing of passions is mentioned in this *Sutra*, yet another judicial approach is clearly indicated. In case the *bhikshu* who is to accept *prayashchit* is *bahushrut* and the one who is awarding the *prayashchit* is not impartial and decides to award *prayashchit* against the prescribed norm stated in *Agams*, he can refuse to accept that *prayashchit*.

This direction clearly indicates, that there is no transgression of the order of *Tirthankar* if any command, which is against the scriptures is not accepted *(Vrihatkalp Bhashya)*

परिहार-कल्पस्थित भिक्षु की वैयावृत्य

SERVICE OF A MONK UNDERGOING PRAYASHCHIT

३१. परिहारकप्पट्ठियस्स णं भिक्खुस्स कप्पइ आयरिय-उवज्झायाणं तद्दिवसं एगगिहंसि पिंडवायं दवावेत्तए। तेण परं नो से कप्पइ असणं वा जाव साइमं वा दाउं वा अणुप्पदाउं वा कप्पइ से अन्नयरं वेयावडियं करेत्तए, तं जहा—

अट्टावणं वा, निसीयावणं वा, तुयट्टावणं वा, उच्चार–पासवण–खेल–जल्ल–सिंघाणाणं विगिंचणं वा विसोहणं वा करेत्तए।

अह पुण एवं जाणेज्जा; छिन्नावाएसु पंथेसु आउरे, झिंझिए, पिवासिए, तवस्सी, दुब्बले किलंते, मुच्छेज्ज वा, पवडेज्ज वा, एवं से कप्पइ असणं वा जाव साइमं वा दाउं वा अणुप्पदाउं वा।

३१. परिहार कल्पस्थित भिक्षु जिस दिन परिहार तप स्वीकार करे उस दिन उसको आचार्य या उपाध्याय एक घर से आहार दिला दे, उसके बाद उसे अशन–पान–खादिम–स्वादिम एक बार या बार–बार देना नही कल्पता है, किन्तु आवश्यक होने पर वैयावृत्य करना चाहिए। जैसे कि–

परिहार–कल्पस्थित भिक्षु को उठना–बिठाना, करवट बदलवाना, उसके मल–मूत्र, श्लेष्म, कफ आदि परठना, मल–मूत्रादि से लिप्त उपकरणो को शुद्ध करना इत्यादि।

यदि आचार्य या उपाध्याय को पता चले कि यह ग्लान, बुभुक्षित, तृषाकुल, तपस्वी, दुर्बल एव क्लान्त होकर गमनागमनरहित मार्ग मे कही मूर्च्छित होकर गिर जायेगा तो उसे अशन यावत् स्वादिम देना या दिलवाना कल्पता है।

31. On the day of practicing *parihar* austerity, the *Acharya* or *Upadhhyaya* should get collected food for him from a house Thereafter he is not allowed to offer him food, water and the like once more or again and again But in case it is necessary he can be helped (physically attended to) in activities like—

Getting up, standing, changing side, discarding stool, urine and the like, cleaning clothes that have been spoiled by stool, urine and the like

In case *Acharya* or *Upadhyaya* comes to know that the said *bhikshu* because of his illness, starvation, thirst, austerities, weakness or fatigue is likely to become unconscious and fall on the way while going for collection of food and the like, it is permitted to provide him food and the like or to help him in collecting the same.

विवेचन : परिहार तप–प्रायश्चित्त स्वीकारने वाला साधु परिहार कल्पस्थित कहलाता है। निशीथसूत्र, उद्देशक ४ में भाष्यकार ने बताया है, जो गृहस्थो या साधुओ के साथ उग्र कलह करता है, सयम विराधना करता है या इतना बड़ा दोष–सेवन करता है कि उसे सघ या गण से बाहर करना पडे, उसे 'पारिहारिक' कहा जाता है। उस दोष का तप रूप मे प्रायश्चित्त स्वीकार करके प्रायश्चित्त के निमित्त तपश्चर्या करने वाला साधु भी 'पारिहारिक' कहा जाता है। आचार्य के अतिरिक्त गच्छ के सभी साधुओ के लिए वह परिहार्य होता है। गच्छ के अन्य साधु उसके साथ किसी प्रकार का व्यवहार नहीं करते। इसलिए उक्त सूत्रानुसार उसे केवल आचार्य–उपाध्याय ही गृहस्थों के घर से आहार–पानी दिलाते है, किन्तु यदि वह रुग्ण हो जाये तो गण के अन्य साधु भी उसकी वैयावृत्य कर सकते है। इस सूत्र का आशय यह प्रतीत होता है कि भले ही वह बडा दोष–सेवन कर चुका हो,

किन्तु वह आत्म-शुद्धि करना चाहता है, इसलिए गण के आचार्य आदि को उसके साथ संवेदनशीलता एव सहानुभूति रखकर पूर्ण समाधि पहुँचानी चाहिए।

Elaboration—A Sadhu who accepts the *prayashchit* of *parihar* austerities is called *parihar kalp sthit*. In *Nisheeth Sutra, Uddeshak* 4, the author of *bhashya* has stated that the monk who rudely quarrels with householders or monks, who transgresses the code of ascetic restraints or who commits such a grave fault that he has to be expelled from the organization or the group, he is called *pariharik* The monk who accepts the *prayashchit* of that fault in the form of practice of austerities and actually practices it is also a *pariharik*. He is *pariharik* for all the monks in the group except for *Acharya* The other monks of the group have no dealings with him. So, as provided in this *Sutra*, only *Acharya* or *Upadhyaya* help him in collecting alms from houses of householders. But in case he falls ill, the other monks in the organization can also attend to him The underlying idea is that although he has committed a very grave fault but since he wants to purify his self the *Acharya* and the like should be benevolent and helpful to him in remaining in a state of equanimity.

महानदी पार करने के विधि-निषेध PROCEDURE OF CROSSING A RIVER

३२. णो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा इमाओ उद्दिट्ठाओ गणियाओ वियंजियाओ पंच महण्णवाओ महाणईओ अंतो मासस्स दुक्खुत्तो वा तिक्खुत्तो वा उत्तरित्तए वा संतरित्तए वा, तं जहा— (१) गंगा, (२) जउणा, (३) सरयू, (४) एरावई (कोसिया), (५) मही।

अह पुण एवं जाणेज्जा एरावई कुणालाए जत्थ चक्किया एगं पायं जले किच्चा, एगं पायं थले किच्चा, एवं णं कप्पइ अंतोमासस्स दुक्खुत्तो वा, तिक्खुत्तो वा उत्तरित्तए वा संतरित्तए वा। जत्थ एवं नो चक्किया एवं णं नो कप्पइ अंतो मासस्स दुक्खुत्तो वा, तिक्खुत्तो वा उत्तरित्तए वा संतरित्तए वा।

३२. निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थियों को महानदी के रूप मे प्रसिद्ध और बहुत जल वाली ये पाँच महानदियाँ एक मास मे दो या तीन बार स्वयं जल मे प्रवेश करके पार करना या नौका आदि में बैठकर पार करना नही कल्पता है। वे ये हैं-(१) गंगा, (२) यमुना, (३) सरयू, (४) ऐरावती (कोशिक), और (५) मही।

किन्तु यदि यह पता चल जाये कि कुणाला नगरी के समीप जो ऐरावती नदी है वह एक पैर जल में और एक पैर स्थल (आकाश) में रखते हुए पार की जा सकती है तो उसे एक मास में दो या तीन बार उतरना या पार करना कल्पता है। यदि उक्त प्रकार से पार न की जा सके तो उस नदी को एक मास में दो या तीन बार उतरना या पार करना नही कल्पता है।

32. *Nirgranths* or *nirgranthis* are not allowed to cross the five famous rivers, which are always full of water two or three times in a month by entering therein or by boat. The rivers are—(1) Ganga, (2) Yamuna, (3) Saryu, (4) Airavati, and (5) Mahi.

But in case he comes to know that Airavati river, which is near Kunala town can be crossed by keeping one foot in water and the other in space, he is allowed to get into it or cross it two or three times in a month In case it cannot be crossed in this manner, he should not cross it or enter it two or three times in a month

विवेचन : जिन नदियो मे निरन्तर जल बहता रहता है और अगाध जल होता है वे 'महानदियाँ' कही जाती हैं। यहाँ दो विशेषण दिये है, महार्णव–जो बहुत गहरी हो, और महानदी–जो समुद्र के समान बहुत जल वाली हो। सूत्रोक्त पाँच के अतिरिक्त सिन्धु, ब्रह्मपुत्र आदि अनेक नदियाँ है, उन सबका महार्णव और महानदी पद से संग्रह कर लिया गया है।

कुणाला नगरी के समीप बहने वाली ऐरावती नदी का निर्देश संकेत रूप है, अत जहाँ साधुगण मासकल्प या वर्षाकल्प से रह रहे हो और उस नगर के समीप भी कोई ऐसी उथली नदी हो, जिसका कि जल जघार्ध प्रमाण बहता हो तथा उसके जल मे एक पैर रखते हुए और एक पैर जल से ऊपर करते हुए चलना सम्भव हो तो साधु अन्य निर्दोष मार्ग के निकट न होने पर जा सकता है। *(सचित्र स्थानांगसूत्र, भाग २, स्थान ५, पृष्ठ १३८ पर भी पाँच महानदियो का वर्णन द्रष्टव्य है)*

Elaboration—The streams that continuously flow or that have immense water are called rivers. Here two adjectives have been mentioned namely *Maha-arnav* which means very deep and *mahanadi* which means one that has great quantity of water like a sea In addition to the five rivers mentioned in the *Sutra*, there are Sindhu (Indus), Brahmputra and many other rivers. They should also be considered in the category of Maha-arnav and Mahanadi.

The mention of Airavati *nadi* that flows near Kunala town is as an instance So the place where monks are staying for a month or for rainy season and there is a stream near it whose water is half knee-deep and it is possible to walk through it on feet, then a *Sadhu* can pass through it if no other faultless path is available. *(The description of 5 rivers in Sthanang Sutra, Part II, Sthan 5, page 138 is also worth reading).*

घास से ढकी हुई छत वाला उपाश्रय UPASHRAY THATCHED WITH HAY

३३. से तणेसु वा, तणपुंजेसु वा, पलालेसु वा, पलालपुंजेसु वा, अप्पंडेसु जाव मक्कडासंताणएसु, अहे सवणमायाए नो कप्पइ निग्गंथाण वा, निग्गंथीण वा, तहप्पगारे उवस्सए हेमंत–गिम्हासु वत्थए।

३४. से तणेसु वा तणपुंजेसु वा, जाव मक्कडासंताणएसु उप्पिं सवणमायाए, कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तहप्पगारे उवस्सए हेमंत–गिम्हासु वत्थए।

३५. से तणेसु वा, तणपुंजेसु वा जाव मक्कडासंताणएसु अहे रयणिमुक्कमउडेसु, नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तहप्पगारे उवस्सए वासावासं वत्थए।

३६. से तेणेसु वा, तणपुंजेसु वा जाव मक्कडासंताणएसु उप्पिं रयणिमुक्कमउडेसु, कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तहप्पगारे उवस्सए वासावासं वत्थए।

३३. जो उपाश्रय तृण, तृणपुंज, पराल या परालपुंज से बना हो और जहाँ अडे या मकड़ी के जाले भी न हों, किन्तु उस उपाश्रय के छत की ऊँचाई कानों से नीची हो तो ऐसे उपाश्रय में निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को हेमन्त व ग्रीष्म ऋतु मे रहना नहीं कल्पता है।

३४. यदि पूर्वोक्त प्रकार के उपाश्रय की छत की ऊँचाई कानों से ऊँची हो तो ऐसे उपाश्रय में साधु–साध्वियों को हेमन्त तथा ग्रीष्म ऋतु में रहना कल्पता है।

३५. यदि पूर्वोक्त प्रकार के उपाश्रय के छत की ऊँचाई खडे व्यक्ति के सिर से ऊपर उठे सीधे दोनों हाथों जितनी ऊँचाई से नीची हो तो ऐसे उपाश्रय मे साधु–साध्वियो को वर्षावास में रहना नहीं कल्पता है।

३६. यदि पूर्वोक्त प्रकार के उपाश्रय के छत की ऊँचाई खडे व्यक्ति के सिर से ऊपर उठे सीधे दोनों हाथो जितनी ऊँचाई से अधिक हो, तो ऐसे उपाश्रय में साधु–साध्वियों को वर्षावास में रहना कल्पता है।

33. *Nirgranths* and *Nirgranthis* are not allowed to stay during winter or summer in an *Upashraya* whose roof is less than the height upto ears even if that *Upashraya* is made of hay and there are no cobwebs or eggs in it.

34. In case the height of such *Upashraya* is more than the height upto ears of the monks or nuns concerned, they can stay there during summer or winter.

35. In case the height of such *Upashraya* is less than the height of the person standing with hands raised above the head, the monks or nuns should not stay there in rainy season.

36. If the height of such *Upashraya* is more than the height of monks or nuns with hands raised above the head, he or she can stay there for rainy season.

विवेचन : सूत्र ३३ मे **'अहे सवण मायाए'** शब्द का अर्थ–अध श्रवण मात्र–कान की ऊँचाई से कम ऊँचाई हो।

सूत्र ३५ में 'रत्नि-मुक्त-मुकुट' शब्द का अर्थ है-दोनो हाथो को ऊँचा करके अजलियों को मिलाने पर हाथ की आकृति मुकुट जैसे आकार की बन जाती हो। कम ऊँचाई वाले घास के मकान मे रहने से खडा होने पर हाथ के स्पर्श से घास के तिनके अथवा मिट्टी आदि के कण बार-बार नीचे गिरते रहते हैं तथा नीची छत वाले उपाश्रय में रहने पर उसे बार-बार झुकना पडेगा। वन्दना एव कायोत्सर्ग आदि मे बाधा पडेगी। इस कारण दोनों प्रकार के उपाश्रय निषिद्ध है। ऐसे उपाश्रय मे हेमंत-ग्रीष्म ऋतु मे १-२ रात्रि रहकर विहार कर देना चाहिए, किन्तु वर्षावास नही करना चाहिए। *(विशेष वर्णन उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म कृत विवेचन, पृष्ठ २२६ पर देखें)*

॥ चौथा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Meaning of word **'ahe savan mayaye'** in Sutra 33. It means that height is less than height upto ears.

In Sutra 35, the meaning of **'ratni-mukt-mukut'** is that when both the hands are raised upwards and the palms of the hands are clasped together, it looks like a crown. In case one stands in a house of lesser height the straw, earth and the like in particles shall fall down again and again when he stands and (inadvertently) touches it. In case the roof of the *Upashraya* is at lower level, he shall have to bend down again and again. It can cause obstruction in paying respect to seniors by bowing and also in *kayotsarg* and the like. So *Upashrayas* of both these types are prohibited During winter or summer, one should move away from such *Upashraya* after the stay of one or two nights He should never spend (four months of) rainy season there. *(For detailed description see commentary by Upadhyaya Kanhaiyalal ji Maharaj, page 226)*

● FOURTH UDDESHAK CONCLUDED ●

पाँचवाँ उद्देशक
FIFTH UDDESHAK

विकुर्वित दिव्य शरीर के स्पर्श से उत्पन्न मैथुनभाव का प्रायश्चित्त

PRAYASHCHIT OF SEXUAL URGE ARISING FROM THE TOUCH OF UNIQUE TEMPORAL BODY

१. देवे य इत्थिरूवं विउव्वित्ता निग्गंथं पडिग्गाहिज्जा, तं च निग्गंथे साइज्जेज्जा मेहुणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

२. देवे य पुरिसरूवं विउव्वित्ता निग्गंथिं पडिग्गाहिज्जा, तं च निग्गंथी साइज्जेज्जा मेहुणपडिसेवणपत्ता आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

३. देवी य इत्थिरूवं विउव्वित्ता निग्गंथं पडिग्गाहेज्जा, तं च निग्गंथे साइज्जेज्जा मेहुणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

४. देवी य पुरिसरूवं विउव्वित्ता निग्गंथिं पडिग्गाहेज्जा, तं च निग्गंथी साइज्जेज्जा मेहुणपडिसेवणपत्ता आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१. यदि कोई देव वैक्रिय शक्ति से स्त्री का रूप बनाकर निर्ग्रन्थ का आलिंगन करे और निर्ग्रन्थ उसके स्पर्श का अनुमोदन करे तो (मैथुन-सेवन नही करने पर भी) भावो से मैथुन-सेवन के दोष का भागी होता है। अत वह अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

२. यदि कोई देव वैक्रिय शक्ति से पुरुष का रूप बनाकर निर्ग्रन्थी का आलिंगन करे और निर्ग्रन्थी उसके स्पर्श की अनुमोदना करे तो (मैथुन-सेवन नही करने पर भी) भावो से मैथुन-सेवन के दोष की भागी होती है।

३. यदि कोई देवी स्त्री का रूप बनाकर निर्ग्रन्थ का आलिगन करे और निर्ग्रन्थ उसके स्पर्श का अनुमोदन करे तो (मैथुन-सेवन नहीं करने पर भी) भावो से मैथुन-सेवन के दोष को प्राप्त होता है।

४. यदि कोई देवी पुरुष का रूप बनाकर निर्ग्रन्थी का आलिंगन करे और निर्ग्रन्थी उसके स्पर्श का अनुमोदन करे तो (मैथुन-सेवन नही करने पर भी) भावो से मैथुन-सेवन के दोष को प्राप्त होती है।

उक्त चारों ही स्थितियो मे दोष पात्र साधु-साध्वी अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त के भागी होते है।

1. If a *deva* (celestial being) converts himself into a woman with his power and embraces a *nirgranth* and the *nirgranth* appreciates it, he is guilty of the fault of engaging in sex although he has not done so. So, he is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

2. If a celestial being converts himself into a man with his power and embraces a *nirgranthi* and she supports it, then she is guilty of the fault of engaging in sex emotionally although she has not done so.

3. If a goddess transforms herself into a woman and embraces a *nirgranth* and the *nirgranth* supports it, then he is guilty of the fault of engaging in sex emotionally although she has not actually enjoyed sex.

4. If a goddess transforms herself into a man and embraces a *nirgranthi* and she supports it, then that *nirgranthi* is guilty of the fault of engaging in sex emotionally although she has not actually enjoyed sex.

In case of the fault in the above said four states, the concerned *Sadhu* or *Sadhvi* is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit*

आगंतुक भिक्षु के प्रति कर्त्तव्य DUTY TOWARDS NEWLY ARRIVING BHIKSHU

५. भिक्खु य अहिगरणं कट्टु तं अहिगरणं अविओसवेत्ता इच्छेज्जा अन्नं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरत्तिए; कप्पइ तस्स पंच राइंदियं छेयं कट्टु परिणिव्वाविय-परिणिव्वाविय दोच्चं पि तमेवं गणं पडिनिज्जाएयव्वे सिया, जहा वा तस्स गणस्स पत्तियं सिया।

५. कोई भिक्षु (अपने गण मे) कलह करके उसे उपशान्त किये बिना अन्य गण मे सम्मिलित होकर रहना चाहे तो उस गण के स्थविरों को चाहिए कि उसे पाँच दिन-रात की दीक्षा का छेद देकर और सर्वथा शान्त-उपशान्त करके पुनः उसी गण मे भेज दे अथवा जिस गण से वह आया है, उस गण को जिस प्रकार से प्रतीति (विश्वास) हो उसी तरह व्यवहार करे।

5. A *bhikshu* creates a quarrel in his group and without pacifying it, wants to join another group and stay there Then it is the duty of the *Sthavirs* of that group to reduce his period of monkhood by five days and completely pacify the said quarrel and thereafter to send him to the original group or deal with him according to the desired faith of the original group from where he had come.

विवेचन : भाष्यकार ने बताया है कि स्थविर उपदेश देकर कलहग्रस्त का क्रोध शान्त कर, उसे पाँच दिन-रात का छेद प्रायश्चित्त देकर वापस उसी गण मे लौटा दे। इससे उस गण के निर्ग्रन्थ भिक्षुओ को यह विश्वास भी हो जाता है कि अब इस निर्ग्रन्थ भिक्षु का क्रोध उपशान्त हो गया है।

यदि उपाध्याय तथा आचार्यादि क्रोधित होकर अन्य गण मे चले जाये तो उस गण के स्थविर उन्हे भी कोमल वचनों से प्रशान्त करें, और उपाध्याय का दस अहोरात्र प्रमाण, आचार्य का पन्द्रह अहोरात्र प्रमाण दीक्षा का छेदन कर उन्हें पूर्व के गण में लौटा दे।

कषाय का अत्यन्त हानिकारिक प्रभाव बताते हुए भाष्यकार ने कहा कि देशोनकोटि (करोड पूर्वकाल तक) तपश्चरण करके जिस चारित्र का उपार्जन किया है वह एक मुहूर्त्त प्रमाण काल तक की गई कषाय से नष्ट हो जाता है। अत· निर्ग्रन्थ भिक्षु को कषाय नहीं करना चाहिए। यदि कदाचित् कषाय उत्पन्न हो जाये तो उसे तत्काल शान्त करने का प्रयत्न करना चाहिए।

Elaboration—The author of *bhashya* has stated that the *Sthavir* by proper coaching should subdue the anger of the person affected by the

quarrel. He should award him *prayashchit* of reduction of the period of monkhood by five days and send him back to the original fold. Such an action creates faith in the mind of *bhikshus* of that fold that the anger of that *bhikshu* has totally subsided.

If the *Upadhyaya* or *Acharya* goes to another group in a fit of anger, the *sthavirs* of that group should pacify him with polite words and return him to the original group after reducing the period of monkhood by ten days in case of *Upadhyaya* and by fifteen days in case of *Acharya*.

Stating the extremely harmful effect of passions, the author of *bhashya* has mentioned that state of passion (*Kashaya*) for just a period of 48 minutes (one muhurat) destroys the merit collected as a result of practice of austerities for a period of little less than one crore *purva* (a *purva* is of 70,56,000 crore years). So a *bhikshu* should never be influenced by passions. In case a passion arises, he should try his best to subdue it immediately.

रात्रिभोजन के अतिचार का प्रायश्चित्त PRAYASHCHIT FOR FAULT OF MEALS AT NIGHT

६. भिक्खू य उग्गयवित्तीए अणत्थमियसंकप्पे संथडिए निव्वितिगिच्छे असणं वा जाव साइमं वा पडिग्गाहेत्ता आहारं आहरेमाणे अह पच्छा जाणेज्जा–अणुग्गए सूरिए, अत्थमिए वा से जं च आसयंसि, जं च पाणिंसि, जं च पडिग्गहे तं विगिंचमाणे वा, विसोहेमाणे वा णो अइक्कमइ।

तं अप्पणा भुंजमाणे, अन्नेसिं वा दलमाणे, राइभोयणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

७. भिक्खू य उग्गयवित्तीए अणत्थमियसंकप्पे संथडिए विइगिच्छासमावण्णे असणं वा जाव साइमं वा पडिग्गाहित्ता आहारं आहारेमाणे अह पच्छा जाणेज्जा–अणुग्गए सूरिए, अत्थमिए वा से जं च आसयंसि, जं च पाणिंसि, जं च पडिग्गहे तं विगिंचमाणे वा विसोहेमाणे वा नो अइक्कमइ।

तं अप्पणा भुंजमाणे, अन्नेसिं वा दलमाणे, राइभोयणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

८. भिक्खू य उग्गयवित्तीए अणत्थमियसंकप्पे असंथडिए निव्वितिगिच्छे असणं वा जाव साइमं वा पडिग्गाहेत्ता आहारं आहारेमाणे अह पच्छा जाणेज्जा–अणुग्गए सूरिए, अत्थमिए वा से जं च आसयंसि, जं च पाणिंसि, जं च पडिग्गहे तं विगिंचमाणे वा, विसोहेमाणे वा नो अइक्कमइ।

तं अप्पणा भुंजमाणे, अन्नेसिं वा दलमाणे, राइभोयणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

९. भिक्खू य उग्गयवित्तीए अणत्थमियसंकप्पे असंथडिए विइगिच्छासमावण्णे असणं वा जाव साइमं वा पडिग्गाहेत्ता आहारं आहारेमाणे अह पच्छा जाणेज्जा–अणुग्गए सूरिए, अत्थमिए वा से जं च आसयंसि, जं च पाणिंसि, जं च पडिग्गहे तं विगिंचमाणे वा, विसोहेमाणे वा नो अइक्कमइ।

तं अप्पणा भुंजमाणे, अन्नेसिं वा दलमाणे, राइभोयणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

६. जिस भिक्षु ने सूर्योदय के पश्चात् और सूर्यास्त से पूर्व भिक्षाचर्या करने की प्रतिज्ञा ली है, जो सूर्योदय या सूर्यास्त के सम्बन्ध मे सन्देहरहित है, और पूर्ण स्वस्थ–समर्थ है। वह अ शन यावत् स्वादिम ग्रहण कर आहार करता हुआ यदि यह जाने कि अभी सूर्योदय नही हुआ है अथवा सूर्यास्त हो गया है, तो उस समय जो आहार मुँह मे है, हाथ में है, पात्र में ही उसे परठ दे तथा मुख आदि की शुद्धि कर ले, तो वह जिनाज्ञा का अतिक्रमण नहीं करता है।

यदि उस आहार को वह स्वय खावे या अन्य निर्ग्रन्थ को दे तो उसे रात्रिभोजन–सेवन का दोष लगता है। तब वह अनुद्घातिक (लघु) चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

७. पूर्वोक्त प्रतिज्ञा वाला भिक्षु यदि सूर्योदय या सूर्यास्त के सम्बन्ध मे सदिग्ध है किन्तु पूर्ण स्वस्थ व समर्थ है, वह अशन यावत् स्वादिम ग्रहण कर आहार करता हुआ यदि यह जाने कि अभी सूर्योदय नही हुआ है या सूर्यास्त हो गया है, तो उस समय जो आहार मुँह मे है, हाथ मे है, पात्र मे है उसे परठ दे तथा मुख आदि की शुद्धि कर ले तो वह जिनाज्ञा का अतिक्रमण नही करता है।

यदि उस आहार को वह स्वय खावे या अन्य निर्ग्रन्थ को दे तो उसे रात्रिभोजन–सेवन का दोष लगता है। अत वह अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

८. जिस भिक्षु ने सूर्योदय के पश्चात् और सूर्यास्त से पूर्व भिक्षाचर्या करने की प्रतिज्ञा ले रखी है तथा सूर्योदय या सूर्यास्त के सम्बन्ध मे असदिग्ध है, किन्तु असमर्थ है, वह भिक्षु अशन यावत् स्वादिम ग्रहण कर आहार करता हुआ यदि यह जाने कि सूर्योदय नही हुआ हैं, या सूर्यास्त हो गया है तो उस समय जो आहार मुँह मे है, हाथ में है, पात्र मे है उसे परठ दे तथा मुख आदि की शुद्धि कर ले तो वह जिनाज्ञा का अतिक्रमण नही करता है।

यदि उस आहार को वह स्वय खावे या अन्य निर्ग्रन्थ को दे तो उसे रात्रिभोजन–सेवन का दोष लगता है। अत· वह अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

९. पूर्वोक्त प्रतिज्ञा वाला भिक्षु यदि सूर्योदय या सूर्यास्त के सम्बन्ध मे सदिग्ध है, असमर्थ है। वह अशन यावत् स्वादिम ग्रहण कर आहार करता हुआ यह जाने कि 'सूर्योदय नहीं हुआ है' या 'सूर्यास्त हो गया है' तो उस समय जो आहार मुँह मे है, हाथ मे है, पात्र मे है उसे परठ दे तथा मुख आदि की शुद्धि कर ले तो वह जिनाज्ञा का अतिक्रमण नही करता है।

यदि उस आहार को वह स्वय खावे या अन्य निर्ग्रन्थ को दे तो उसे रात्रिभोजन–सेवन का दोष लगता है। अत· वह अनुद्घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

6. A *bhikshu* has taken a vow to go for collection of alms (food and the like) after sunrise and before sunset and he is free from any doubt about the time of sunrise and sunset and is totally capable of practicing the vow If at the time of taking the food which he has collected, he comes to know that the sun has not yet risen or the sun has already set, he should discard the food which is in his mouth, in his hand or in his pot and purify his mouth In that case he does not transgress the order established by *Jinas*.

In case he takes that food himself or offers it to another monk, he is guilty of the fault of taking meals at night. He is then liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

7. A *bhikshu* has undertaken the above said vow. He is doubtful about sunrise and sunset but is capable of practicing the vow. If while taking the food and the like which he has collected, he comes to know that the sun has not yet arisen or the sun has already set, he should discard the food which is in his mouth, in his hand or in his pot and clean his mouth. In that case he does not transgress the order established by *Jinas*.

In case he takes that food himself or offers it to another *bhikshu*, he is guilty of the fault of taking meals at night. He is then liable for undergoing *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

8. A *bhikshu* has taken a vow to collect food and the like only after sunrise and before sunset. He is confident about sunrise and sunset, but he is not capable In case while taking food and the like, he comes to know that the sun has not yet risen or the sun has already set, he should discard the food which is in his mouth or in his hand or in the pot and clean his mouth In that case he does not transgress the order established by *Jinas*

In case he takes that food himself or gives it to another *nirgranth*, he is guilty of fault of taking meals at night. So he is liable for undergoing *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

9. A *bhikshu* who has taken the above mentioned vow is doubtful about sunrise and sunset. He is uncapable. If at the time of taking food and the like which he has collected, he comes to know that the sun has not yet risen or the sun has already set, he should discard the food which he has in his mouth, in his hand or in his pot and clean his mouth. He, then, does not transgress the order of *Tirthankaras*.

In case he takes that food himself or gives it to another monk, he is guilty of the fault of taking meals at night and is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

विवेचन : प्रस्तुत इन चार सूत्रों में–प्रथम सूत्र स्वस्थ, समर्थ एव सन्देहरहित निर्ग्रन्थ की अपेक्षा से, द्वितीय सूत्र समर्थ किन्तु सन्देहशील निर्ग्रन्थ की अपेक्षा से, तृतीय सूत्र असस्तृत एव निर्विचिकित्स निर्ग्रन्थ की अपेक्षा से तथा चतुर्थ सूत्र असंस्तृत एव विचिकित्स निर्ग्रन्थ की अपेक्षा से है।

Elaboration—Out of the said four *Sutras*, the first one is in the context of a healthy, energetic and confident *nirgranth*, the second relates to sceptic but not tired monk, the third is about *asanstrit* (not capable, not healthy monk who takes sufficient food daily) monk who is also *nirvichikitsa* (confident about sunrise and sunset) while the fourth is in the context of *asanstrit* and *vichikitsa* monk

विशेष शब्दों के अर्थ–संस्तृत–समर्थ, स्वस्थ और प्रतिदिन पर्याप्त भोजन करने वाला भिक्षु। **असंस्तृत**–असमर्थ (थका हुआ) अस्वस्थ (रुग्ण) तथा तेला आदि तपश्चर्या करने वाला दुर्बल तपस्वी भिक्षु। **विचिकित्स**–सूर्योदय अथवा सूर्यास्त होने के विषय मे सशयग्रस्त भिक्षु। **निर्विचिकित्स**–'सूर्योदय हो गया है' या 'सूर्यास्त नही हुआ है'–इस प्रकार के निश्चय वाला निर्ग्रन्थ।

साधु–साध्वी विविध क्षेत्रो मे विहार करते है, उस समय मेघाच्छन्न आकाश मे सूर्य न दिखने पर सूर्योदय का भ्रम हो जाने से साथ चलने वाले सार्थवाह निर्ग्रन्थो या निर्ग्रन्थियो को आहार देना चाहे तो 'सूर्योदय हो गया है' इस प्रकार का निश्चय होने पर आहारादि ग्रहण कर उसका सेवन कर सकता है।

उसी समय बादल दूर हो जाये और उषाकालीन प्रभा दिख जाये या सूर्योदय होता हुआ दिख जाये तो निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी को वह आहार परठ देना चाहिए। इसी प्रकार सूर्यास्त के विषय मे भी समझना चाहिए।

MEANING OF IMPORTANT WORDS

Sanstrit—Energetic, healthy monk who takes sufficient food and the like daily. **Asnstrit**—A tired, unhealthy, sick monk or an ascetic who has gone weak due to austerities and three day fast and the like **Vichikitsa**—A *bhikshu* who is doubtful about sunrise and sunset. **Nirvichikitsa**—A *bhikshu* who is fully confident about sunrise and sunset.

Sadhus and *Sadhvis* wander in different areas At that time sun is not visible because of clouds in the sky So a doubt arises about sunrise In case the accompanying householder, wants to give food to the monks or nuns, they can accept and eat it only if they are fully confident that the sun has arisen.

In case at that time, the clouds disappear and the dawn becomes visible and the monk or nun finds that sun is just rising, he or she should discard the food already collected Same should be understood in respect of sunset.

उद्‌गाल सम्बन्धी विवेक **DISCRIMINATION REGARDING OVEREATING**

१०. इह खलु निग्गंथस्स वा निग्गंथीए वा राओ वा वियाले वा सपाणे सभोयणे उग्गाले आगच्छेज्जा, तं विगिंचमाणे वा विसोहेमाणे वा नो अइक्कमइ।

तं उग्गलित्ता पच्चोगिलमाणे राइभोयणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१०. यदि किसी निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी को रात्रि मे या विकाल सूर्यास्त के पश्चात् संध्या समय मे पानी और भोजन सहित उद्‌गाल (डकार) आये तो उस समय वह उसे थूक दे और मुँह शुद्ध कर ने तो जिनाज्ञा का अतिक्रमण नही करता है।

यदि वह उद्‌गाल को निगल जावे तो उसे रात्रिभोजन-सेवन का दोष लगता है और वह अनुद्‌घातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

10. In case a *nirgranth* or *nirgranthi* gets food or water in his or her mouth as a result of *Udgaal* (belching), at night or in the evening after sunset, he should spit it out and clean his mouth. In that case he does not transgresses the order established by the Jinas

If he devours that food, he is guilty of taking food at night and, therefore, is liable for *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

विवेचन . जब कभी कोई मात्रा से अधिक खा-पी लेता है, तब उसे डकार के साथ पेट का अन्न और पानी मुख मे आ जाता है, उसे उद्‌गाल कहते है। भिक्षु को कदाचित् रात मे या सायकाल मे उद्‌गाल आ जाये तो उसे थूककर वस्त्र आदि से मुख को शुद्ध कर लेना चाहिए। उस उद्‌गाल को वापस निगलना नहीं चाहिए। इससे यह शिक्षा भी सूचित होती है कि भोजन हमेशा ही मर्यादित मात्रा मे ही लेना चाहिए।

Elaboration—When a person takes meals and water in large quantity, he belches and some food and water comes to his mouth from the belly It is called *Udgaal*. In case a *bhikshu* gets Udgaal in night or in the evening after sunset, he should spit it out and clean his mouth with a piece of cloth. He should not devour that *Udgaal* (food). This instruction indicates that food should always be taken in limited quantity.

संसक्त आहार के खाने एवं परठने का विधान
PROCEDURE FOR TAKING OR DISCARDING FOOD MIXED WITH LIVING BEINGS

११. निग्गंथस्स य गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए अणुप्पविट्ठस्स अंतो पडिग्गहंसि पाणाणि वा, बीयाणि वा, रए वा परियावज्जेज्जा, तं च संचाएइ विगिंचित्तए वा विसोहित्तए वा, तं पुव्वामेव विगिंचिय विसोहिय, तओ संजयामेव भुंजेज्ज वा, पिएज्ज वा।

तं च नो संचाएइ विगिंचित्तए वा, विसोहित्तए वा, तं नो अप्पणो भुंजेज्जा, नो अन्नेसिं दावए, एगंते बहुफासुए थंडिले पडिलेहित्ता पमज्जित्ता परिट्ठवेयव्वे सिया।

११. गृहस्थ के घर में आहार-पानी के लिए गये हुए साधु के पात्र मे कोई प्राणी, बीज या सचित्त रज पड जाये और यदि उसे पृथक् किया जा सके, अथवा विशोधन (साफ) किया जा सके तो उसे पहले पृथक् कर दे या विशोधन कर दे, उसके बाद यतनापूर्वक खावे या पीवे।

यदि उसे पृथक् करना या विशोधन करना सम्भव न हो तो उसका न स्वयं उपभोग करे और न दूसरो को दे, किन्तु एकान्त और प्रासुक स्थडिल भूमि में प्रतिलेखन प्रमार्जन करके परठ दे।

11. A monk goes to a house for collecting food and water. If any living being, seed or dust having life falls in it and it is possible to separate it or clean it, he should first do so and then eat it.

If it is not possible to separate it or clean it, he should neither eat it himself nor offer it to others He should carry it to a lonely place and discard it on such a land which is free from living beings after properly examining it and cleaning it.

विवेचन : गोचरी के लिए जाने पर साधु या साध्वी को सर्वप्रथम आहार लेते समय ग्राह्य अन्नपिण्ड का निरीक्षण करना चाहिए कि यह शुद्ध है या नही ? यदि शुद्ध एव जीवरहित दीखे तो ग्रहण करे, अन्यथा नही। देखकर या शोध कर यतना से ग्रहण करते हुए उक्त अन्न-पिण्ड के पात्र मे दिये जाने पर पुन· देखना चाहिए कि पात्र में अन्न-पिंड देते समय कोई मक्खी आदि तो नही दब गई है, या ऊपर से आकर तो नही बैठ गई है, या अन्य कीडी आदि तो नही चढ गई है ? यदि साधु या साध्वी इस प्रकार सावधानीपूर्वक निरीक्षण न करे तो लघुमास के प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

निरीक्षण करने पर यदि उस आहार में त्रस प्राणी चलते-फिरते दीखे तो उन्हे यतना से एक-एक करके बाहर निकाल देना चाहिए। इसी प्रकार यदि आहार में मृत जीव दीखे या सचित्त बीजादि दीखे और उनका निकालना सम्भव हो तो विवेकपूर्वक निकाल देना चाहिए। यदि उनका निकालना सम्भव न हो जैसे शक्कर मे नमक, घेवर आदि में चींटियाँ तो उसे एकान्त निर्जीव भूमि पर परठ देना चाहिए। किन्तु ऐसा आहार खाना नही चाहिए। यह नियम जीव विराधना की दृष्टि से तो महत्त्वपूर्ण है ही, आरोग्य की दृष्टि से भी बहुत महत्त्व रखता है।

Elaboration—When a *Sadhu* or *Sadhvi* goes for collecting food and the like, he or she should first of all examine the food being offered whether it is pure or not ? If it is pure and free from living beings he should accept it, otherwise he should refuse it While accepting the food with proper care and discrimination, he or she should again examine the food and water in his pot that no fly has fallen in it and sunk down or has not sat on it or any ant has not come up to it. In case the *Sadhu* or *Sadhvi* does not observe these precautions strictly, he is guilty of *laghumas prayashchit*.

If on close examination, he finds that mobile living beings are there in that food, he should take them out carefully one by one. Similarly, if dead beings or seeds capable of germination and the like are noticed in that food and it is possible to take them out, he should take them out

carefully In case it is not possible to take them out just as salt mixed in sugar or ants in ghevar (a sweet that has tiny holes) he should discard it at a lonely place where there are no living beings. He should not eat that food. This rule is important in the context of violence to living beings. It is also important in the context of good health

सचित्त जल–बिन्दु गिरे आहार को खाने एवं परठने का विधान

PROCEDURE FOR TAKING OR DISCARDING FOOD HAVING LIVE WATER

१२. निग्गंथस्स य गाहाबइकुलं पिंडवायपडियाए अणुप्पविट्ठस्स अंतो पडिग्गहंसि दए वा, दगरए वा, दगफुसिए वा परियावज्जेज्जा से य उसिणभोयणजाए परिभोत्तव्वे सिया। से य सीयभोयणजाए तं नो अप्पणा भुंजेज्जा, नो अन्नेसिं दावए, एगंते बहुफासुए थंडिले पडिलेहित्ता पमज्जित्ता परिट्ठवेयव्वे सिया।

१२. गृहस्थ के घर में आहार–पानी के लिए गये हुए साधु के पात्र मे यदि सचित्त जल, जल–बिन्दु या जल–कण गिर जाये और वह आहार उष्ण हो तो उसे खा लेना चाहिए। वह आहार यदि शीतल हो तो न खुद खावे न दूसरो को दे किन्तु एकान्त और प्रासुक स्थडिल भूमि मे परठ देना चाहिए।

12. In case live water, live water drops or live water particle fall in the pot of a *bhikshu* when he is wandering for collection of food, he should eat that food if it is hot. In case that food is cold, he should neither take it himself nor give it to others. He should discard it at a lonely place, which is free from living beings

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र मे यह बताया गया है कि वर्षा से या अन्य किसी की असावधानी के ग्रहण किये हुए आहार पर सचित्त पानी या पानी की बूँदें अथवा बारीक छीटे उछलकर गिर जाये तो भिक्षु यह देखे कि वह आहार उष्ण है या शीतल ? यदि उष्ण है तो पानी की बूँदें अचित्त हो जाने से उस आहार को खाया जा सकता है। जैसे–खिचडी, दूध, दाल आदि गर्म पदार्थ।

यदि ग्रहण किया हुआ भोजन शीतल है तो उसे नही खाना चाहिए किन्तु परठ देना चाहिए। जैसे–खाखरा रोटी आदि।

भाष्यकार का कथन है–कभी–कभी शीतल आहार पर गिरी पानी की बूँदे भी कुछ समय बाद अचित्त हो जाती हैं, अत इसका विवेक स्वयं भिक्षु को ही करना चाहिए। निर्दोष आहार सेवन करे, सदोष आहार हो तो उसे एकान्त में परठ देना चाहिए।

Elaboration—It is mentioned in the present *Sutra* that sometimes live water or live water drops splash and fall on the accepted food due to rain or a little carelessness The *bhikshu* should then examine whether the food is hot or cold. In case it is hot, the water drops become lifeless and, therefore, the food can be taken, for instance hot *khichari*, milk, pulses and the like or any other hot preparation.

In case the accepted food is cold, it should not be taken. It should be discarded, for instance dry bread.

The author of *bhashya* states that sometimes the water drops fallen on cold food also become lifeless after sometime. So such a discrimination should be done by the *bhikshu* himself He should eat only that food which is faultless. He should discard the faulty food at a lonely place.

पशु–पक्षी के स्पर्शादि से उत्पन्न मैथुनभाव का प्रायश्चित्त

PRAYASHCHIT DUE TO SEXY FEELING ON TOUCH OF AN ANIMAL OR BIRD

१३. निग्गंथीए य राओ वा वियाले वा उच्चारं व पासवणं वा विगिंचमाणीए वा विसोहेमाणीए वा अन्नयरे पसुजाइए वा पक्खिजाइए वा अन्नयरं इंदियजायं परामुसेज्जा, तं च निग्गंथी साइज्जेज्जा हत्थकम्म–पडिसेवणपत्ता आवज्जइ मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१४. निग्गंथीए य राओ वा वियाले वा उच्चारं वा पासवणं वा विगिंचमाणीए वा अन्नयरे पसुजाइए वा पक्खिजाइए वा अन्नयरंसि सोयंसि ओगाहेज्जा तं च निग्गंथी साइज्जेज्जा, मेहुणपडिसेवणपत्ता आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

१३. रात्रि मे या विकाल वेला मे मल–मूत्र का परित्याग करते समय या शुद्धि करते समय किसी पशु–पक्षी से यदि निर्ग्रन्थी की किसी इन्द्रिय का स्पर्श हो जाये और उस स्पर्श का वह (यह सुखद स्पर्श है, इस प्रकार) मैथुनभाव से अनुमोदन करे तो उसे हस्तकर्म दोष लगता है। अत. वह अनुदूघातिक मासिक प्रायश्चित्त की पात्र होती है।

१४. रात्रि मे या विकाल वेला मे मल–मूत्र का परित्याग करते या शुद्धि करते समय कोई पशु–पक्षी यदि निर्ग्रन्थी के किसी स्रोत का अवगाहन करे और उसका वह 'यह अवगाहन सुखद है' इस प्रकार मैथुनभाव से अनुमोदन करे तो (मैथुन–सेवन नहीं करने पर भी) उसे मैथुन–सेवन का दोष लगता है। अतः वह अनुदूघातिक चातुर्मासिक प्रायश्चित्त की पात्र होती है।

13. A nun goes at night or in the evening after sunset for call of nature and while passing stool or urine some sense organ of the *nirgranthi* touches any animal or bird If she feels pleasure and supports it emotionally, she is guilty of unnatural sexual intercourse. She is, therefore, liable for *anudghatik masik prayashchit.*

14. A *nirgranthi* is discarding her stool or urine at night or in evening after sunset or is washing her private part thereafter. At that time some animal or birds accidentally enters her private part. She says, "That entry is pleasant to me." She supports or appreciates it in this way emotionally as sexual feeling. She is guilty of enjoying sex although actually she has not engaged herself in sex. So she is liable for undergoing *anudghatik chaturmasik prayashchit.*

विवेचन : ये दोनो सूत्र ब्रह्मचर्य व्रत की रक्षा की दृष्टि से हैं। प्रथम सूत्र का भाव है–रात के समय, या संध्या के झुरमुट अँधेरे के समय मल–मूत्र परित्याग करते समय कोई पशु–पक्षी साध्वी के अधोभाग के अंगो का स्पर्श कर

ले और साध्वी उस स्पर्श से मैथुन-सुख की अनुभूति करे, तो इससे हस्तकर्म दोष लगता है। इसका प्रायश्चित्त लघु मासिक तप है। यदि पशु-पक्षी गुह्य प्रदेश में प्रविष्ट हो जाये और उससे रति-सुख का अनुभव करे तो वह मैथुन प्रतिसेवन दोष की भागी होती है। उसकी शुद्धि के लिए गुरु चातुर्मासिक तप का प्रायश्चित्त दिया जाता है।

Elaboration—These two *Sutras* are in the context of vigilance in practice of vow of *brahmcharya* (celibacy). The underlying idea of first *Sutra* is that at night or at the time of deep darkness in the evening, a nun goes for call of nature. If at that time an animal or bird touches her lower private parts and she experience sexual pleasure, she is guilty of unnatural intercourse. Its *prayashchit* is *laghumasik* austerity If the bird or that small creature enters the private part and she experiences great pleasure in it, she is guilty of the fault of sexual intercourse For its purification, she has to practice *guru chaturmasik* austerity.

साध्वी को एकाकी गमन करने का निषेध PROHIBITION FOR A SADHVI TO MOVE ALONE

१५. नो कप्पइ निग्गंथीए एगाणियाए गाहावइकुलं पिण्डवायपडियाए निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

१६. नो कप्पइ निग्गंथीए एगाणियाए बहिया वियारभूमिं वा विहारभूमिं वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

१७. नो कप्पइ निग्गंथीए एगाणियाए गामाणुगामं दूइज्जित्तए, वासावासं वा वत्थए।

१८-१९. नो कप्पइ निग्गंथीए अचेलियाए होत्तए। नो कप्पइ निग्गंथीए अपाइयाए होत्ते।

१५. अकेली निर्ग्रन्थी को आहार के लिए गृहस्थ के घर मे आना-जाना।

१६. अकेली निर्ग्रन्थी को (विचार भूमि) शौच के लिए तथा विहार भूमि-स्वाध्याय के लिए उपाश्रय से बाहर आना-जाना।

१७. अकेली निर्ग्रन्थी को एक गाँव से दूसरे गाँव विहार करना तथा वर्षावास करना नही कल्पता है।

१८-१९. निर्ग्रन्थी को वस्त्ररहित होना एवं पात्ररहित रहना नही कल्पता है।

15. A *nirgranthi* is not allowed to go alone for collecting food.

16. A *nirgranthi* is not allowed to go alone for a call of nature outside the *Upashraya* or for study there.

17. A *nirgranthi* is not allowed to wander alone from one village to the other or to spend (four months of) rainy season alone.

18-19. A *nirgranthi* is not allowed to remain naked and without pots.

साध्वी को प्रतिज्ञाबद्ध होकर आसनादि करने का निषेध
PROHIBITION FOR A NUN TO OBSERVE VOW OF REMAINING IN A PARTICULAR POSTURE

२०. नो कप्पइ निग्गंथीए वोसट्ठकाइयाए होत्तए।

२१. नो कप्पइ निग्गंथीए बहिया गामस्स वा जाव रायहाणीए वा उड्ढं बाहाओ पगिज्झिय–पगिज्झिय सूराभिमुहीए एगपाइयाए ठिच्चा आयावणाए आयावेत्तए। कप्पइ से उवस्सयस्स अंतोवगडाए संघाडियपडिबद्धाए पलंबियबाहुयाए समतलपाइयाए ठिच्चा आयावणाए आयावेत्तए।

२२. नो कप्पइ निग्गंथीए ठाणाइयाए होत्तए। २३. नो कप्पइ निग्गंथीए पडिमट्ठाइयाए होत्तए। २४. नो कप्पइ निग्गंथीए उक्कुडुयासणियाए होत्तए। २५. नो कप्पइ निग्गंथीए निसज्जियाए होत्तए। २६. नो कप्पइ निग्गंथीए वीरासणियाए होत्तए। २७. नो कप्पइ निग्गंथीए दण्डासणियाए होत्तए। २८. नो कप्पइ निग्गंथीए लगण्डसाइयाए होत्तए। २९. नो कप्पइ निग्गंथीए ओमंथियाए होत्तए। ३०. नो कप्पइ निग्गंथीए उत्ताणियाए होत्तए। ३१. नो कप्पइ निग्गंथीए अम्बखुज्जियाए होत्तए। ३२. नो कप्पइ निग्गंथीए एगपासियाए होत्तए।

२०. निर्ग्रन्थी को सर्वथा शरीर वोसिराकर रहना नही कल्पता है।

२१. निर्ग्रन्थी को ग्राम यावत् राजधानी के बाहर भुजाएँ ऊपर उठाकर सूर्य की ओर मुँह करके तथा एक पैर से खडे होकर आतापना लेना नही कल्पता है। किन्तु उपाश्रय के अन्दर पर्दा लगाकर के भुजाएँ नीचे लटकाकर दोनो पैरो को समतल करके खड़े होकर आतापना ले सकती है।

२२. निर्ग्रन्थी को खडे होकर कायोत्सर्ग करने का अभिग्रह करना। इसी प्रकार २३. एक रात्रि आदि प्रतिमाएँ धारण करने का अभिग्रह करना। २४. उत्कुटुकासन से स्थित रहने का अभिग्रह करना। २५. निषद्याओ से स्थित रहने का अभिग्रह करना। २६. वीरासन से स्थित रहने का अभिग्रह करना। २७. दण्डासन से स्थित रहने का अभिग्रह करना। २८. लकुटासन से स्थित रहने का अभिग्रह करना। २९. अधोमुखी सोकर स्थित रहने का अभिग्रह करना। ३०. उत्तानासन से स्थित रहने का अभिग्रह करना। ३१. आम्र–कुब्जिकासन से स्थित रहने का अभिग्रह करना। उक्त सभी आसन साध्वी के लिए निषिद्ध तथा अकल्पनीय है। ३२. निर्ग्रन्थी को एक पसवाडे से शयन करने का अभिग्रह करना नही कल्पता है।

20. A *nirgranthi* is not allowed to live in a manner wherein she totally discards care of her body.

21. A *nirgranthi* is not allowed to raise her arms in front of the sun and stand on one foot for bearing its heat outside the village up to the capital. But in the Upashraya she can take heat of the sun by keeping her feet close to each after and hanging her arms.

22. A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* (a self-imposed vow) that she will do *kayotsarg* while standing. **23.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* that she will observe *pratima* for entire night and the like. **24.** A *nirgranthi* is not allowed to undertake an *abhigrah* that she will remain in the posture of milking the cow. **25.** A *nirgranthi* is not allowed to undertake an *abhigrah* of remaining in sitting position. **26.** A *nirgranthi* is not allowed to undertake an *abhigrah* of remaining cross-

legged, each leg above the other (*Vir Asan*).**27.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* (self-imposed vow) of remaining straight like a stick (*Dandasan*). **28.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* of remaining in *Lakutasan*. **29.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* of sleeping lying with face downwards and remaining in that position. **30.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* of remaining in *Uttaanasan*. **31.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* of remaining in *Amra-Kubjasan*. All these postures are prohibited for a nun and therefore, they should not practice them. **32.** A *nirgranthi* is not allowed to practice an *abhigrah* of sleeping on one particular side.

विवेचन : सूत्र २२ से ३२ तक साध्वी के लिए निषिद्ध क्रियाओ का उल्लेख है। शरीर को सर्वथा वोसिराने का भाव यह है कि मनुष्य तिर्यंच या देव सम्बन्धी उपसर्ग सहन करने का अभिग्रह करना साध्वी के लिए निषिद्ध है।

साध्वी ग्रामादि के बाहर न जाकर अपने उपाश्रय के अन्दर रहकर सूत्रोक्त विधि से आतापना ले सकती है। समय निश्चित कर लम्बे काल के लिए खडे रहकर कायोत्सर्ग करना भी निषिद्ध है। भिक्षु की १२ प्रतिमाएँ, मोयपडिमा आदि प्रतिमाएँ, जो एकाकी रहकर की जाती हैं, वे भी साध्वी के लिए निषिद्ध हैं। समय निश्चित करके पाँच प्रकार के निषद्यासन से भी बैठना निषिद्ध है। पाँच प्रकार की निषद्या इस प्रकार है–

(१) **समपादपुता**–जिसमे दोनों पैर पुत–भाग जघाओ का स्पर्श करे, (२) **गो–निषद्यका**–गाय के समान बैठना। (३) **हस्तिशुण्डिका**–दोनो पुतों के बल बैठकर एक पैर हाथी की सूँड के समान उठाकर बैठना। (४) **पर्यंकासन**–पद्मासन से बैठना और (५) **अर्ध–पर्यंकासन**–अर्ध–पद्मासन अर्थात् एक पैर के ऊपर दूसरा पैर रखकर बैठना।

सूत्र २६ से ३३ तक कहे गये आठ आसन भी साध्वी को समय निश्चित करके नही करना चाहिए। इन आसनो का स्वरूप दशाश्रुतस्कध ७ में बताया जा चुका है।

भाष्यकार ने बताया है–ये सभी साधनाएँ व आसन आदि, समय सीमा निश्चित करके, तथा अभिग्रह धारण करके नहीं करनी चाहिए, किन्तु समय निर्धारित किये बिना उन आसनो से खडी रहे, बैठी रहे या सोये तो कोई दोष नही है।

वीरासन और गोदोहिकासन स्त्री की शारीरिक सरचना की दृष्टि से अनुकूल नही होते तथा इनके निषेध का मुख्य कारण ब्रह्मचर्य की सुरक्षा की भावना है। साथ ही लौकिक व्यवहार की रक्षा करना भी।

Elaboration—*Sutra* 22 to 32 describes the activities prohibited for a *Sadhvi* (nun). The underlying idea of totally discarding care of the body is that she should not undertake an *abhigrah* (self-imposed vow) that she shall tolerate any trouble caused by man, animal or celestial beings

वह उस पूर्व अवस्था की पूर्ण आलोचना एवं प्रतिक्रमण करे तथा आचार्य उसकी आलोचना सुनकर जो भी दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त दें, उसे स्वीकार करना चाहिए।

२८. यदि कोई भिक्षु गण से निकलकर कुशीलविहारचर्या को अंगीकार करके विचरे और बाद मे वह कुशीलविहार छोडकर उसी गण में सम्मिलित होकर रहना चाहे तो यदि उसका चारित्र कुछ शेष हो तो वह उस पूर्व अवस्था की पूर्ण आलोचना एवं प्रतिक्रमण करे तथा आचार्य उसकी आलोचना सुनकर जो भी दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त दे, उसे स्वीकार करना चाहिए।

२९. यदि कोई भिक्षु गण से निकलकर अवसन्नविहारचर्या को अंगीकार करके विचरे और बाद मे वह अवसन्नविहार छोड़कर उसी गण मे सम्मिलित होकर रहना चाहे तो यदि उसका चारित्र कुछ शेष हो तो वह उस पूर्व अवस्था की पूर्ण आलोचना एवं प्रतिक्रमण करे तथा आचार्य उसकी आलोचना सुनकर जो भी दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त दे, उसे स्वीकार करना चाहिए।

३०. यदि कोई भिक्षु गण से निकलकर संसक्तविहारचर्या को अगीकार करके विचरे और बाद मे वह ससक्तविहार को छोडकर उसी गण मे सम्मिलित होकर रहना चाहे तो यदि उसका चारित्र कुछ शेष हो तो वह उस पूर्व अवस्था की पूर्ण आलोचना एव प्रतिक्रमण करे तथा आचार्य उसकी आलोचना सुनकर जो भी दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त दे, उसे स्वीकार करना चाहिए।

26. A *bhikshu* leaves his group and wanders and preaches following *Parshvasth* conduct (a conduct wherein he does not make sincere efforts for right knowledge, perception and conduct) He, however, later wants to join his earlier group. In case he still possesses some ascetic virtues of the order (he has not completely destroyed the ascetic conduct), he should first narrate, criticise and repent for all the faults committed in his earlier way of life and do *pratikraman* (resolve not to do it again) for it He should accept *prayashchit* of reduction in ascetic period or *prayashchit*-austerities, whatsoever is awarded to him by the *Acharya* after listening in detail the faults committed.

27. A bhikshu leaves his group and wanders and preaches practicing *Yathachhand* ascetic conduct. He, however, later wants to join his earlier group. If he still possesses some ascetic virtues of the order, he should first narrate, criticise and repent for all the faults committed in earlier period and do *pratikraman* for the same. Thereafter he should accept the *prayashchit* given to him by the *Acharya* after listening in detail his faults whether that *prayashchit* is reduction in ascetic period or in form of *prayashchit*-austerities

28. A *bhikshu* leaves his group and wanders practicing *Kusheel* ascetic conduct He, however, later wants to join the original group. If he still possesses some ascetic virtues of the order, he should narrate,

criticise, repent and do *pratikraman* for all the faults committed in earlier period and accept the *prayashchit* given to him by the *Acharya* for his faults. It may be the *prayashchit* of reduction in period of monkhood or *prayashit*-austerities

29. A bhikshu leaves his group and wanders practicing *Avasanna* ascetic conduct. Later, he wants to join the earlier group. If he still possesses some ascetic virtues of the order, he should criticise and repent for all the faults committed earlier. The *Acharya* shall award him *prayashchit* of reduction in ascetic period or *prayashchit*-austerities after listening in detail his faults and he should accept the same.

30. A *bhikshu* leaves his group and adopts *Sansakt* ascetic conduct Later, he desires to join the earlier group If he still possesses some ascetic virtues of the order, he should criticise repent and do *pratikraman* for all the faults committed in the earlier period and the *Acharya*, after listening to the details may award him *prayashchit* of reduction in ascetic period or *prayashchit*-austerities, which he should accept.

विवेचन : पार्श्वस्थविहारी के लिए गण मे सम्मिलित करने के जो नियम आदि है, वे ही यथाच्छन्दविहारी आदि के लिए है। उक्त पाँचो सूत्रो में नियम समान ही है। अर्थात् पार्श्वस्थ आदि जब पुन· गच्छ में आना चाहे तब उनकी दूषित प्रवृत्तियो के द्वारा सयम पूर्ण नष्ट न हुआ हो अर्थात् कुछ भी सयम के गुण शेष रहे हो तो उन्हे तप या छेद का प्रायश्चित्त देकर गच्छ मे सम्मिलित किया जा सकता है। सयम शेष रहने का कथन पूर्व सूत्रो मे नही है, इसमे अन्य सभी विधान दोनो जगह समान हैं।

इन सूत्रो मे प्रायश्चित्त के लिए तप या छेद का वैकल्पिक विधान किया गया है अर्थात् किसी एकलविहारी या पार्श्वस्थ आदि को तप प्रायश्चित्त देकर गच्छ मे सम्मिलित किया जा सकता है और किसी को दीक्षा–छेद का प्रायश्चित्त भी दिया जा सकता है।

पार्श्वस्थ आदि शब्दो का सक्षिप्त अर्थ इस प्रकार है–

(१) **पार्श्वस्थ**–जो ज्ञान–दर्शन–चारित्र की आराधना मे पुरुषार्थ नही करता है, अपितु उनके अतिचारो एव अनाचारो मे प्रवृत्ति करता है।

(२) **यथाछंद**–स्वेच्छाचारी जो आगम–विपरीत मनमानी प्ररूपणा या आचरण करता है।

(३) **कुशील**–जो विद्या, मत्र, निमित्त–कथन या चिकित्सा आदि सयमी जीवन के निषिद्ध कार्य करता है।

(४) **अवसन्न**–जो संयम–समाचारी के नियमो से विपरीत या अल्पाधिक आचरण करता है।

(५) **संसक्त**–उन्नत आचार वालो के साथ उन्नत आचार का पालन करता है और शिथिलाचार वालो के साथ शिथिलाचारी हो जाता है। 'जैसा संग वैसा रंग' पर आचरण करने वाला।

सयम में दोष लगाने के कारण उक्त पार्श्वस्थ आदि शिथिलाचारी कहे जाते हैं।

किन्तु जो भिक्षु किसी अनिवार्य परिस्थिति से विवश होकर दोष–सेवन करता है, बाद मे विशेष परिस्थिति से निवृत्त होने पर सदोष प्रवृत्तियों का प्रायश्चित्त लेकर दोषो की शुद्धि कर लेता है, वह "शिथिलाचारी

पार्श्वस्थादि" नही कहा जाता है, किन्तु आगम की भाषाओ मे उसे बकुश या प्रतिसेवना निर्ग्रन्थ एवं शुद्धाचारी कहा जाता है। *(आचार्य श्री घासीलाल जी म कृत भाष्य, पृ ४०)*

शुद्धाचारी एवं शिथिलाचारी का निर्णय करने मे एक विकल्प यह भी ध्यान मे रखने योग्य है कि सयम की जिन मर्यादाओ का आगमो मे स्पष्ट कथन है, उनका जो बिना किसी विशेष कारण के भी उचित पालन नहीं करता है उसे तो शिथिलाचारी कहा जा सकता है, किन्तु आगमो मे जिन मर्यादाओं का कथन नहीं है, जो परम्परा से प्रचलित है या गच्छ समुदाय या व्यक्ति के द्वारा निर्धारित एवं आचरित हैं, ऐसी समाचारी के न पालने से किसी को शिथिलाचारी मानना उचित नहीं है।

पार्श्वस्थ आदि महाविदेह क्षेत्र मे भी होते है एवं सभी तीर्थंकरो के शासन में होते हैं। इन पार्श्वस्थ आदि मे भी यथाछन्द साधु अपना और जिनशासन का अत्यधिक अहित करने वाला होता है।

Elaboration—The rules for allowing an ascetic who has practiced *Yathachhand* ascetic conduct are the same, which govern one who had practiced *Parshavasth* ascetic conduct. In all the above said five *Sutras* rules are the same. In other words when a *Parshavasth* and the like wants to join the earlier group again, and his ascetic conduct has not been completely destroyed by his faulty way of life—say he still possesses some ascetic attributes, he can be allowed to join the group after awarding him the *prayashchit* of austerities or reduction in ascetic life-span. The mention of some ascetic discipline still existing is in these *Sutras* and not in earlier *Sutras*. The other provisions are the same in both.

In these *Sutras* there is an alternative provision for austerities or *Chhed*. In other words one who wanders alone or is a *Parshavasth* or the like, he can be allowed to join the group after awarding him *prayashchit*-austerities. To some *prayashchit* of reduction in period of initiation can also be awarded as *prayashchit*.

Briefly, the meaning of words *Parshvasth* and others is as under—

(1) **Parshvasth**—One who is not making efforts in practicing right knowledge, perception and conduct But commits minor and major faults (*atichar* and *anachar*) in ascetic discipline.

(2) **Yathachhand**—One who wanders independently and interprets the scriptures according to his own will

(3) **Kusheel**—One who engages in activities such as special powers, mantras, telling methods of curing physical ailments and the like which are prohibited in ascetic conduct.

(4) **Avasanna**—One who behaves against the prescribed code of ascetic conduct or does follow a bit more or a bit less than the one prescribed.

(5) Sansakt—One who practices good ascetic conduct with these who practice good conduct and faulty ascetic conduct in the company of those who follow faulty ascetic conduct.

In view of the faults creeping in ascetic discipline, the above mentioned, *parshavasth* and the like are called those who follow faulty ascetic conduct.

In case a *bhikshu* commits a fault in any unavoidable situation and when he is free from that special situation he purifies his faults (or sins) by accepting the *prayashchit* in lieu thereof, he is not called one of faulty conduct or *parshvasth* and the like. In the *Agamic* language he is called *bakush* or *pratisevana nirgranth* and one who is practicing pure conduct *(Acharya Shri Ghasilal ji M in Bhashya, pp. 40)*

It is worthy of keeping in mind while deciding whether a monk is practicing faultless conduct or a faulty conduct that the monk who without any special reason does not properly practice the ascetic restraints clearly mentioned in *Agams* can be called a monk of faulty conduct. But it is not proper to call a monk as one of faulty conduct who does not practice these rules or restraints which are prevalent by tradition or which have been introduced by any *gachh*, group or person and being followed as such but which are not mentioned in Agams

Parshavasth monks are there even in Mahavideh area and in the era of all the *Tirthankars*. Even among these *parshavasth* monks and the like, one who is *yathachhand* is more harmful for himself and for the religious order.

अन्यलिंग ग्रहण के बाद गण में पुनरागमन

RETURN TO THE GROUP AFTER ACCEPTING ANOTHER FAITH

३१. भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म परपासंडपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरेज्जा, से य इच्छेज्जा दोच्चं पि तमेव गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, नत्थि णं तस्स तप्पत्तियं केइ छेए वा परिहारे वा, नन्नत्थ एगाए आलोयणाए।

३१. यदि कोई भिक्षु गण से निकलकर (किसी विशेष परिस्थितिवश) अन्यलिग को धारण करके विहार करे और कारण समाप्त होने पर पुनः स्वलिंग को धारण करके गण मे सम्मिलित होकर रहना चाहे तो उसे लिंग–परिवर्तन का, आलोचना के अतिरिक्त दीक्षा–छेद या तप रूप कोई प्रायश्चित्त नही आता है।

31. If any *bhikshu* (due to any special situation) leaves his group and practices another faith in another uniform and after that situation disappears wants to accept earlier group, he is not liable for any

prayashchit of reduction in period of monkhood or *prayashchit*-austerities except criticism, repentance and detailed narration of his faults.

विवेचन : सामान्य नियम के अनुसार यदि कोई भिक्षु कषाय के वश गण को छोड़कर अन्यलिंग (जैनेतर साधु का वेश) धारण करता है एव कुछ समय पश्चात् पुन स्वगच्छ में आना चाहता है तो उसे दीक्षा–छेद या मूल दीक्षा आदि प्रायश्चित्त देकर ही गच्छ मे सम्मिलित किया जा सकता है। किन्तु प्रस्तुत सूत्र में जो दीक्षा–छेद आदि प्रायश्चित्त का निषेध किया गया है, उसका आशय कुछ भिन्न है।

(१) असह्य उपद्रवों से उद्विग्न होकर कोई भिक्षु भाव–सयम की रक्षा के लिए द्रव्यलिंग (वेश–भूषा) का परिवर्तन करता हो, अथवा (२) किसी देश का राजा आर्हतधर्म से एवं निर्ग्रन्थ श्रमणो से द्वेष रखता हो, उस क्षेत्र मे किसी भिक्षु को जितने समय रहना हो या उस क्षेत्र को विहार करके पार करना हो, तब वह लिंग (वेश) परिवर्तन करता है। किन्तु संयम में दोष नहीं लगाता है, परिस्थिति अनुकूल होने पर पुन स्वलिंग को धारण कर गच्छ के साधुओ के साथ रहना चाहता है तब उसे लिग–परिवर्तन के लिए केवल आलोचना प्रायश्चित्त के सिवाय कोई छेद या तप प्रायश्चित्त नही दिया जाता है। क्योंकि इसमें संयम की शिथिलता नही, परिस्थितिजन्य विवशता ही कारण है। वह अपना चारित्र निर्दोष रखता है। *(आधार श्री घासीलाल जी म कृत भाष्य, पृ ४३)*

भगवतीसूत्र (श २५, उ ७) मे गृहस्थलिग एव अन्यलिग मे छेदोपस्थापनीयचारित्र का जो कथन है, वह भी इसी अपेक्षा से है। अन्य विशेष जानकारी के लिए सूत्र २३ का विवेचन देखे।

Elaboration—According to the general rule, if a *bhikshu* leaves his group in a fit of passions and adopts the uniform of a *Sadhu* other than a Jain *Sadhu*; but sometime later if he wants to come to his earlier group he can be included in the group after awarding him the *prayashchit* of reduction in period of ascetic life or of *prayashchit*-austerities but in the present *Sutra* the *prayashchit* of reduction in ascetic period and the like is prohibited The underlying idea is somewhat different

(1) A *bhikshu* in a state of unbearable troubles changes his uniform of monkhood in order to safeguard his ascetic mental outlook, or (2) The ruler of a country dislikes the *Dharma* propagated by *Tirthankars* and the *Nirgranth Shramans* In that situation a *bhikshu* changes his dress of Jain monk for the period of his stay in that area or for the time that he shall have to spend in crossing that area. He, however, does not commit any fault relating to ascetic discipline when the situation becomes normal He again adopts the dress of Jain monk and wants to live with the group of his monks His *alochana*, narration of facts in all details and repenting for faults in that period is considered sufficient and he is not awarded the *Chhed prayashchit* or *prayashchit*-austerities. It is because his action does not depict any fault in ascetic life and he had to act in a state of helplessness caused by the then prevailing situation. He maintains his ascetic conduct faultless.

The description of *Chhedopasthapaniya* conduct in household state or in any other uniform as mentioned in ***Bhagavati Sutra*** (***Shatak*** 25, ***Uddeshak*** 7) is also in this context. For special study, see explanation of *Sutra* 23.

संयम छोड़कर जाने वाले का गण में पुनरागमन

RETURN OF MONK WHO HAD EARLIER LEFT THE ASCETIC LIFE

३२. भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म ओहाविज्जा, से य इच्छेज्जा दोच्चं पि तमेव गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, नत्थि णं तस्स तप्पत्तियं केई छेए वा परिहारे वा, नन्नत्थ एगाए छेओवट्ठावणियाए।

३२. यदि कोई भिक्षु गण से निकलकर संयम का त्याग कर दे और (गृहस्थ वेश या अन्य मुनि का वेश धारण कर ले) बाद में वह उसी गण को स्वीकार कर रहना चाहे तो उसके लिए केवल 'छेदोपस्थापना' (नई दीक्षा) प्रायश्चित्त है, इसके अतिरिक्त उसे दीक्षा-छेद या परिहार तप आदि कोई प्रायश्चित्त नहीं दिया जाता है।

32. A *bhikshu* discards his life of ascetic restraints of Jain monk (he becomes a householder or adopts the dress of monk of other faith). Sometime later he wants to accept the same *gana* (group) again. The *prayashchit* prescribed for him is only *Chhedopasthapana*, which means initiating afresh in the order In lieu of it, he cannot be awarded any other *prayashchit* such as reduction in period of monkhood or *parihar* austerities and the like.

विवेचन : भाष्यकार ने गण छोडने व सयम त्यागने के अनेक संभावित कारण बताये है। जैसे-(१) परीषह-उपसर्ग नही सह सके, (२) भिक्षुओ मे परस्पर कलह हो जाये, (३) अथवा इन्द्रिय-विषयासक्त हो जाये-

तब वह सयम छोडकर गृहस्थलिग धारण कर लेता है, वही कभी पुन सयम स्वीकार करना चाहे और उसे दीक्षा देना लाभप्रद प्रतीत हो तो उसे पुन· दीक्षा दी जा सकती है। किन्तु उसे गच्छ एव संयम त्यागने सम्बन्धी प्रवृत्ति का अन्य कोई प्रायश्चित्त नही दिया जाता है, क्योंकि पुन नई दीक्षा देने से ही उसका पूर्ण प्रायश्चित्त हो जाता है।

Elaboration—The author of *bhashya* has mentioned many possible reasons for leaving the religious group (of monks) and discarding ascetic discipline. For instance-(1) He is not able to bear the troubles accruing in ascetic life and troubles caused by men, animals or gods, (2) A quarrel may arise between *bhikshus*, or (3) He may become attached to the sensual pleasures.

Under these conditions he discards ascetic uniform and adopts the dress of a householder. In case he later wants to accept ascetic life, and it appears useful to initiate him in the order, he can be initiated again. But he is not awarded any other *prayashchit* for leaving the group because fresh initiation includes the entire *prayashchit*.

३३. (१) भिक्खू य अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता इच्छेज्जा आलोएत्तए, जत्थेव अप्पणो आयरिय-उवज्झाए पासेज्जा तस्संतिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

(२) नो चेव णं अप्पणो आयरिय-उवज्झाए पासेज्जा, जत्थेव संभोइयं साहम्मियं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, तस्संतिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

(३) नो चेव णं संभोइयं साहम्मियं बहुस्सुयं बब्भागमं पासेज्जा, जत्थेव अन्नसंभोइयं साहम्मियं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, तस्संतिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

(४) नो चेव णं अन्नसंभोइयं साहम्मियं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, जत्थेव सारूवियं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, तस्संतिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

(५) नो चेव णं सारूवियं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, जत्थेव समणोवासगं पच्छाकडं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, तस्संतिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

(६) नो चेव णं समणोवासगं पच्छाकडं पासेज्जा बहुस्सुयं बब्भागमं, जत्थेव सम्मं भावियाइं चेइयाइं पासेज्जा, तस्संतिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

(७) नो चेव णं सम्मं भावियाइं चेइयाइं पासेज्जा, बहिया गामस्स वा जाव रायहाणीए वा पाईणाभिमुहे वा उदीणाभिमुहे वा करयलपरिग्गहियं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वएज्जा-

"एवइया मे अवराहा, एवइक्खुत्तो अहं अवरद्धो" अरिहंताणं सिद्धाणं अन्तिए आलोएज्जा जाव अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा।

३३. (१) भिक्षु किसी अकृत्यस्थान (अकरणीय दोष) का सेवन करके उसकी आलोचना करना चाहे तो जहाँ पर अपने आचार्य या उपाध्याय को देखे, वहाँ उनके समीप आलोचना करे यावत् (प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा आदि) यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तप कर्म स्वीकार करे।

(२) यदि अपने आचार्य या उपाध्याय न मिले तो जहाँ पर साम्भोगिक (एक मण्डली में बैठकर आहार करने वाले) साधर्मिक साधु मिले जोकि बहुश्रुत एव बहुआगमज्ञ हो, उनके समीप आलोचना करे यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तप कर्म स्वीकार करे।

(३) यदि साम्भोगिक साधर्मिक बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ साधु भी न मिले, तो जहाँ पर अन्यसाम्भोगिक साधर्मिक साधु मिले-"जो बहुश्रुत हो और बहुआगमज्ञ हो", वहाँ उसके समीप आलोचना करे यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तप कर्म स्वीकार करे।

(४) यदि अन्य साम्भोगिक साधर्मिक बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ साधु न मिले तो जहाँ पर सारूप्य साधु मिले, जो बहुश्रुत हो और बहुआगमज्ञ हो, वहाँ उसके समीप आलोचना करे यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तप कर्म स्वीकार करे।

(५) यदि सारूप्य, बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ साधु न मिले तो जहाँ पर पश्चात्कृत (सयम-त्यागी) श्रमणोपासक मिले, जो बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ हो, वहाँ उसके समीप आलोचना करे यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तपःकर्म स्वीकार करे।

(६) यदि पश्चात्कृत बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ श्रमणोपासक न मिले तो जहाँ पर सम्यक् भावित ज्ञानी पुरुष (समभावी, ज्ञानी, विवेकी; सम्यग्दृष्टि व्यक्ति) मिले तो वहाँ उसके समीप आलोचना करे यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तपःकर्म स्वीकार करे।

(७) यदि सम्यक् भावित ज्ञानी पुरुष न मिले तो ग्राम यावत् राजधानी के बाहर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके दोनो हाथ जोडकर मस्तक के आवर्तन करे और मस्तक पर अंजलि करके इस प्रकार बोले–

"इतने मेरे दोष है और इतनी बार मैंने इन दोषों का सेवन किया है" इस प्रकार बोलकर अरिहन्तों और सिद्धों के समक्ष आलोचना करे यावत् यथायोग्य प्रायश्चित्त रूप तप·कर्म स्वीकार करे।

33. (1) In case a *bhikshu* after committing a fault, which he should not have done, wants to criticise it and repent for it, he should do it before his *Acharya* or *Upadhyaya* whoever comes across He should do *alochana* (critical self-introspection of faults), *pratıkraman*, condemn it and also narrate it before others (*garha*). He should then accept whatever *prayashchıt* is awarded to him.

(2) In case *Acharya* or *Upadhyaya* is not available he should contact monks of his order who dine with him, and who are learned ın scriptures (*bahushrut, bahu-agamajna*). He should narrate his faulty conduct to him in all details and accept the *prayashchit* awarded to hım.

(3) In case even a *bahushrut, bahu-agamajna* monk of his order is not available, he should go to a *bahushrut* who has expert knowledge of *Agams* but who is of another group of the same order and state all faults in his ascetic discıpline and accept whatever *prayashchıt*- austerities are awarded to him.

(4) In case *bahushrut* and expert in knowledge of *Agams* who is of the same faith and can dine with their group is not available, he should go to a *sarupya* monk who is *bahushrut* and expert in knowledge of *Agams*, and narrate his faults of ascetic life in detail before him and accept the *prayashchit* which is granted to him.

(5) In case *sarupya, bahushrut* and expert monk in *Agam* is not available, he should contact *pashchat-krit Shramanopasak* (one who has left ascetic life) but who is *bahushrut* and has expert knowledge of *Agams*, and narrate faults of his ascetic life before him ın all details. He should then accept whatever *prayashchit* as austerities is awarded to him.

(6) In case *pashchat-krit, bahushrut,* expert in *Agams Shramanopasak* is not available, he should contact *Samyak bhavıt Jnanı* person (one who is impartial, has expert knowledge of scriptures, discerning and has right perception) and narrate faults of ascetic life in all details to him and accept austerities as *prayashchit* which are awarded to him.

(7) In case *Samyak bhavıt Jnani* person is not available, he should stay outside the village up to capital facing east or north with folded hands, move the hands around touching the forehead, and say as under—

"My faults are these and I have committed them so many times." Thereafter, he should narrate his faults and repent for them believıng that he is saying in front of *Arıhants* and *Sıddhas* up to accept *prayashchit* austerities as prescribed for those faults

विवेचन : संयमसाधना करते हुए परिस्थितिवश या प्रमादवश कभी श्रमणधर्म की मर्यादाओ का उल्लंघन करने वाले अकृत्य स्थान का आचरण हो जाये तो शीघ्र ही जागरूक होकर अप्रमत्तभाव से आलोचना करना सयम जीवन का आवश्यक अंग है। यह आभ्यन्तर तपरूप प्रायश्चित्त का प्रथम भेद है।

आलोचना किसके समक्ष करनी चाहिए, प्रस्तुत सूत्र मे इसका एक क्रम बताया गया है। तात्पर्य यह है कि जहाँ तक सम्भव हो आगम मे कथित इसी क्रम से आलोचना करनी चाहिए। आलोचना करने के इच्छुक भिक्षु को सर्वप्रथम अपने आचार्य या उपाध्याय के पास आलोचना करनी चाहिए। यदि किसी कारण से आचार्य-उपाध्याय का योग सम्भव न हो अर्थात् वे रुग्ण हो या दूर हो एव स्वय का आयु अल्प प्रतीत हो तो फिर साभोगिक आदि के क्रम से जो उपलब्ध हो, उनके पास आलोयणा करनी चाहिए। सारूप्य का अर्थ है, समान वेश-भूषा वाले। उनका आचार कैसा भी क्यो न हो, यदि वे बहुश्रुत आदि गुणो से युक्त हों तो उनके पास आलोयणा की जा सकती है। बहुश्रुत का अर्थ है अनेक आगम व छेदसूत्रो का ज्ञाता। बहुआगमज्ञ का अर्थ है अनेक आगमो का सूत्र व अर्थ ज्ञाता। (श्री घासीलाल जी म कृत भाष्य, पृ)

कभी उपरोक्त व्यक्ति भी न मिले तो ग्रामादि के बाहर निर्जन स्थान मे उच्च स्वर से अरिहंतों या सिद्धों को स्मृति में रखकर उनके सामने आलोचना करनी चाहिए एव स्वयं ही यथायोग्य प्रायश्चित्त ग्रहण कर लेना चाहिए। विशेष शब्दो का अर्थ-

(१) **आलोएज्जा**-अतिचार आदि को वचन से प्रकट करे।

(२) **पडिक्कमेज्जा**-मिथ्या दुष्कृत लेकर-अपनी भूल स्वीकार करे।

(३) **निंदेज्जा**-आत्मसाक्षी से असदाचरण की निन्दा करे अर्थात् अन्तर्मन मे खेद प्रकट करे।

(४) **गरहेज्जा**-गुरुसाक्षी से असदाचरण की निन्दा करे, खेद प्रकट करे।

(५) **विउट्टेज्जा**-असदाचरण से निवृत्त हो जाये।

(६) **विसोहेज्जा**-आत्मा को शुद्ध कर ले अर्थात् असदाचरण से पूर्ण निवृत्त हो जाये।

(७) **अकरणयाए अब्भुट्ठेज्जा**-उस अकृत्य को पुन सेवन नही करने के लिए दृढ संकल्प करे।

(८) **अहारिहं तवोकम्मं पायच्छित्तं पडिवज्जेज्जा**-उस दोष के अनुरूप तप आदि प्रायश्चित्त स्वीकार करे।

आलोचना का यह सम्पूर्ण क्रम है। आलोचना से लेकर प्रायश्चित्त स्वीकार करने तक आठ चरणों की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी करने पर ही आत्म-विशुद्धि होती है एवं तभी आलोचना करना सार्थक होता है।

सूत्र में "सम्मं भावियाइं चेइयाइं" शब्द का प्रयोग किया गया है, जिसका अर्थ टीकाकार ने इस प्रकार किया है-"तस्याप्यभावे-यत्रैव सम्यग् भावितानि-जिनवचनवासितांतः करणानि देवतानि पश्यति तत्र गत्वा तेषामंतिके आलोचयेत्।"-श्रमणोपासक के अभाव मे जिनवचनो से जिनका हृदय सुवासित है, ऐसे देवता को देखे तो उसके पास जाकर अपनी आलोचना करे।

प्रस्तुत सूत्र मे प्रयुक्त 'चेइय' शब्द का अर्थ मूर्तिपूजक समुदाय "अरिहंत भगवान की मूर्ति" भी करते हैं, किन्तु यह टीकाकार के अर्थ से विपरीत है तथा पूर्वापर सूत्रों से विरुद्ध भी है। क्योंकि टीकाकार ने यहाँ अन्त करण शब्द का प्रयोग किया है, वह मूर्ति में नहीं हो सकता है। सूत्र मे सम्यक् भावित चैत्य का अभाव होने पर अरिहंत सिद्धों की साक्षी के लिए गाँव आदि के बाहर जाने का कहा है। यदि अरिहंत चैत्य का अर्थ मन्दिर होता तो मन्दिर में ही अरिहंत सिद्ध की साक्षी से आलोचना करने का कथन होता, गाँव के बाहर जाने के अलग विकल्प देने की आवश्यकता ही नही होती। अत 'चेइय' शब्द का प्रस्तुत प्रकरण मे 'ज्ञानी या समझदार पुरुष' ऐसा अर्थ करना ही उपयुक्त लगता है। भाष्य के अनुसार-चैत्यमत्तः करणे न रागो न चेष्टाई स्व-पर गुणावगुण विवेकज्ञा। *(घासीलाल जी म , पृ ४७)*

॥ प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—While practicing ascetic discipline, in case a *Shraman*, in view of compelling circumstances or due to slackness, conducts in such a way that he ignores the limits prescribed for ascetic conduct, it is essential in ascetic life that he should be awakened and without any slackness or distortion do self-criticism (alochana) of his faults. This is the first category of inner *prayashchit* austerities.

In this *Sutra* it is mentioned in order the person before whom one should do self-criticism of his faults. In a nutshell, to the extent it is possible, the self-criticism (*alochana*) of spiritual faults should be done in this order. A *bhikshu* who desires to do self-criticism (*alochana*) for his faults should first of all do it before *Acharya* or *Upadhyaya* In case due to any reason, it is not possible to contact *Acharya* or *Upadhyaya*, in other words if they are ill or they are at a great distance and one's span of life appears to be very little, he should do *alochana* before *Sambhogik* and the like whosever is available in the order mentioned above. *Saroop* means one whose dress is the same. His conduct may be of any type but in case he is equipped with the attributes, *alochana* can be done before him. *Bahushrut* means one who has studied many *Agams* and *Chhed Sutras. Bahu-agamajna* means one who knows *Sutras* and the meanings of many *Agams*. *(Shri Ghasilal ji Maharaj, Bhashya, pp. ...)*

In case the above said person is also not available, he should go to a lonely place outside the village and the like and remembering *Arihants* and *Siddhas* make *Alochana* before them in a loud voice and take necessary *prayashchit* himself

The meanings of special words are as under—

(1) **Aloejja**—To verbally express faults (*atichar*) and the like.

(2) **Padikkameja**—To accept one's faults, or bad activity done in a state of wrong belief.

(3) **Nindejja**—To criticise one's bad conduct in state of self-introspection. In other words to express sorrow from the core of one's heart.

(4) **Garhejja**—To criticise one's bad conduct in presence of the spiritual master, to feel sorry for one's such activities

(5) **Viyutteja**—To be free from bad conduct.

(6) **Visohejja**—To cleanse one's self. In other words to be completely free from bad conduct

(7) **Akaranayaye abbhutheja**—To make strong resolve not to repeat the undesirable act

(8) **Achariham tavokammam payachhitam padivajjejja**—To accept *prayashchit* in the form and the like according to his fault or sin.

This is the complete order in doing *alochana*. There are eight stages namely from *alochana* up to accepting *prayashchit* and only then there is self-purification and only then *alochana* is meaningful.

In *Sutra* the phrase **'Sammam bhaviyaim cheiyaim'** has been used It has been interpreted by the commentator, as under—that in case a *Shrmanopasak* is not available, be should go to such a god who has faith in the word of *Tirthankar* and do *alochana* before him.

In the present Sutra, the word **'Cheiya'** is interpreted by the idol—worshipping community as the idol of *Arihant*. But it is opposite to the interpretation by the commentator and is against the *Sutras* interpreted in conjunction. The commentator has used the word *antah-karan* (the heart) while an idol does not have a heart In the *Sutra* it is mentioned that in the absence of properly made chaitya, one should go out of the village for doing *alochana* in presence of *Arihant* or *Siddhas*. In case the meaning of *Arihant Chaitya* had been a temple, it could be mentioned as doing *Alochana* in temple in presence of *Arihant* or *Siddhas* and there was no necessity of going out of the village So translating **'cheiya'** as learned person is the proper interpretation. *(Ghasilal ji Maharaj, pp. 47)*

● FIRST UDDESHAK CONCLUDED ●

द्वितीय उद्देशक
SECOND UDDESHAK

साधर्मिकों के परिहार तप का विधान **RULE OF PARIHARIK AUSTERITIES OF MONKS OF SAME ORDER**

१. दो साहम्मिया एगयओ विहरंति, एगे तत्थ अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता आलोएज्जा, ठवणिज्जं ठवइत्ता करणिज्जं वेयावडियं।

२. दो साहम्मिया एगयओ विहरंति, दो वि ते अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता आलोएज्जा, एगं तत्थ कप्पागं ठवइत्ता एगे निव्विसेज्जा, अह पच्छा से वि निव्विसेज्जा।

३. बहवे साहम्मिया एगयओ विहरंति, एगे तत्थ अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता आलोएज्जा, ठवणिज्जं ठवइत्ता करणिज्जं वेयावडियं।

४. बहवे साहम्मिया एगयओ विहरंति, सव्वे वि ते अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता आलोएज्जा, एगं तत्थ कप्पागं ठवइत्ता अवसेसा निव्विसेज्जा, अह पच्छा से वि निव्विसेज्जा।

५. परिहारकप्पट्ठिए भिक्खू गिलाएमाणे अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता आलोएज्जा।

से य संथरेज्जा, ठवणिज्जं ठवइत्ता करणिज्जं वेयावडियं।

से य नो संथरेज्जा, अणुपरिहारिएणं तस्स करणिज्जं वेयावडियं।

से य संते बले अणुपरिहारिएणं कीरमाणं वेयावडियं साइज्जेज्जा, से वि कसिणे तत्थेव आरुहेयव्वे सिया।

१. दो साधर्मिक साधु एक साथ विचरते हो और उनमें से यदि एक साधु किसी अकृत्य स्थान की प्रतिसेवना (दोष-सेवन) करके आलोचना करे तो उसे प्रायश्चित्त तप मे स्थापित करके साधर्मिक भिक्षु को उसकी वैयावृत्य (सेवा) करनी चाहिए।

२. दो साधर्मिक साधु एक साथ विचरते हों और वे दोनो ही किसी अकृत्य स्थान की प्रतिसेवना करके आलोचना करें तो उनमें से एक को कल्पाक (अग्रणी-प्रमुख) स्थापित करे और एक परिहार तप रूप प्रायश्चित्त को वहन करे। प्रथम साधु का प्रायश्चित्त पूर्ण होने के बाद वह अग्रणी भी प्रायश्चित्त को वहन करे।

३. बहुत से साधर्मिक साधु एक साथ विचरते हों, उनमे एक साधु किसी अकृत्य स्थान की प्रतिसेवना करके आलोचना करे तो (उनमे जो प्रमुख स्थविर हो वह) उसे प्रायश्चित्त तप वहन करावे और दूसरे भिक्षु को उसकी वैयावृत्य के लिए नियुक्त करे।

४. बहुत से साधर्मिक साधु एक साथ विचरते हों और वे सब किसी अकृत्य स्थान की प्रतिसेवना करके आलोचना करें तो उनमे से किसी एक को अग्रणी स्थापित करके शेष सब प्रायश्चित्त वहन करे। उनका पूर्ण होने के बाद वह अग्रणी साधु भी प्रायश्चित्त वहन करे।

५. परिहार तप रूप प्रायश्चित्त वहन करने वाला भिक्षु यदि रुग्ण होने पर किसी अकृत्य स्थान की प्रतिसेवना कर आलोचना करे तो,

यदि वह परिहार तप करने मे समर्थ हो, तो आचार्यादि उसे परिहार तप रूप प्रायश्चित्त दे और उसकी आवश्यक सेवा करावें।

यदि वह समर्थ न हो, तो आचार्यादि उसकी वैयावृत्य के लिए अनुपारिहारिक भिक्षु को नियुक्त करें।

यदि वह पारिहारिक भिक्षु सक्षम होते हुए भी अनुपारिहारिक भिक्षु से वैयावृत्य करावे तो उसका प्रायश्चित्त भी पूर्व प्रायश्चित्त के साथ आरोपित करना चाहिए।

1. Two Jain monks of same order are moving together. In case one of them commits a sin but undertakes self-censure, the other monk should engage him in austerities as *prayashchit* for the said fault and then serve him.

2. Two Jain monks of the same order are wandering together. Both of them commit a sin and later undertake self-censure Then one of them should be established as senior monk (*kalpcak*) and the other one should practice *pariharik* austerities as *prayashchit*. After the conclusion of *prayashchit* of that monk, the senior monk should also undergo the *prayashchit* (for his sin).

3. Many Sadhus of the same order are passing their spiritual ascetic life together. One of them commits a sin and later undergoes self-censure for it Then the seniormost monk should ensure that he practices *prayashchit*-austerities. He should also appoint anothor *bhikshu* for his service.

4. Many Jain monks of the same order are spending the ascetic life together. All of them commit a sin and later self-ensure themselves for the same. Then one of them should be appointed as the head monk and all others should practice *prayashchit*. When their *prayashchit* is concluded, the head monk should practice *prayashchit*-austerities.

5. A *bhikshu* is undergoing *parihar*-austerities as prayashchit for some fault committee in the state of illness

In case he is capable of practicing *parihar*-austerities, the *Acharya* or the like should award him requisite *prayashchit* and ensure his service which is essential.

In case he is not capable of practicing *parihar*-austerities, the *Acharya* or the like should appoint a *bhikshu* to assist him and attend to him.

In case he is capable of undergoing *parihar*-austerities but gets himself served by another *bhikshu* as assistant, the *prayashchit* for this fault should also be added to the *prayashchit* for earlier committed sin.

विवेचन : इस सूत्र के उद्देशक १ में एवं बृहत्कल्प, उ. ४ के सूत्र ३१ मे आचार्यादि के नेतृत्व मे परिहार तप के सम्बन्ध में तथा तप वहन करने की विधि का विस्तृत वर्णन किया गया है।

विचरण करने वाले दो साधर्मिक भिक्षु यदि गीतार्थ (आगमज्ञाता) हैं और आचार्य आदि के नेतृत्व के बिना स्वतंत्र विचरण कर रहे हो, उनमे से किसी एक साधु को किसी दोष की शुद्धि के लिए परिहार तप वहन करना हो तो दूसरा गीतार्थ भिक्षु उसका **अनुपारिहारिक** (सहायक) एव **कल्पाक** (प्रमुखता करने वाला अथवा कल्प स्थित) बनता है।

यदि दोनो ने एक साथ दोष सेवन किया है और दोनो को शुद्धि के लिए परिहार तप वहन करना है तो एक भिक्षु के तप पूर्ण करने के बाद दूसरा भिक्षु तप वहन कर सकता है। अर्थात् दोनो एक साथ परिहार तप नही करे, क्योंकि एक को कल्पाक या अनुपारिहारिक (सहायक) रहना आवश्यक होता है। यही बात सूत्र ३-४ मे अनेक साधर्मिको के सम्बन्ध मे कही है।

पाँचवे सूत्र मे यह विशेष कथन है कि यदि पारिहारिक भिक्षु कुछ रुग्ण है एव उसने कोई दोष का सेवन किया है तो उस दोष सम्बन्धी प्रायश्चित्त की आरोपणा भी पूर्व तप मे सम्मिलित कर देनी चाहिए। यदि वह तप वहन करने मे समर्थ न हो तो वह तप करना रोक दे और पुन. सक्षम होने के बाद उस प्रायश्चित्त को वहन करके पूर्ण कर ले।

सामान्य नियम के अनुसार परिहार तप वाला भिक्षु किसी का सहयोग एव सेवा आदि नही ले सकता। किन्तु रुग्ण या अशक्त हो जाये तो वह सेवा करवा सकता है। आचार्य आदि को उसकी सेवा की व्यवस्था करवानी चाहिए। परन्तु स्वस्थ सशक्त होने के बाद भी यदि वह सेवा करवाता है तो उसका भी उसे प्रायश्चित्त आता है। इस विधान से यह पता चलता है कि दोष-शुद्धि के लिए तप जितना अनिवार्य है, चित्तसमाधि के लिए सेवा भी उतनी ही अनिवार्य है।

संथरेज्जा का अर्थ है, समर्थ हो, **ठ्वणिज्जं** अर्थात् स्थापनीय, परिहार तप में स्थापित करने योग्य।

Elaboration—A detailed description of undergoing *parihar*-austerities under the leadership of *Acharya* and the like and the procedure of practicing those austerities has been given in first *Uddeshak* of this *Sutra* and aphorism 31 of *Uddeshak* 4 of *Brihat-kalp Sutra*.

Two *bhikshus* of the same order are learned in *Agams*. They are wandering independent of the supervision of *Acharya* and the like. One of them has to practice *parihar*-austerities for cleansing his sin. Then the other *bhikshu*, learned in *Agams*, becomes his help (*anupariharik*), senior or responsible for ensuring proper practice of his *prayashchit* austerities (*Kalpak* or *Kalp-Sthit*).

In case both the *bhikshus* have committed the sin together and both of them have to undergo *parihar*-austerities for its purification, one of them can practice austerities first and after he completes *prayashchit*-austerities, the other *bhikshu* can undergo his *prayashchit*-austerities. In other words, both of them should not practice *parihar*-austerities simultaneously because it is essential that one should remain as supervisor or helping hand. This very fact is stated in aphorisms 3 and 4 in the context of many monks of the same order.

In the fifth aphorism it has been specially mentioned that in case a *pariharik* (guilty) *bhikshu* is a bit ill, and he has committed a fault, the *prayashchit* or punishment for that fault should also be added to the *prayaschit* austerities awarded to him for earlier faults. In case he is not in a position to undergo those austerities, he should stop the austerities and when he becomes capable of practicing the said austerities, he should practice them and complete his *prayashchit*.

As a common code, a *bhikshu* undergoing *parihar*-austerities cannot take assistance or service of any one. But when he is ill or weak, he can get service of others In case he gets service even after he becomes healthy he is liable for *prayashchit* due to this attitude. This rule indicates that service is essential for equanimity of the mind to the same extent as austerity is essential for cleansing the sin committed.

Santharejja means capable. *Thavanijjam* means one who is capable of undergoing *parihar* (or prayashchit) austerities

रुग्ण भिक्षुओं को गण से निकालने का निषेध PROHIBITION OF EXPELLING A SICK MONK

६. परिहारकप्पट्ठियं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

७. अणवट्ठप्पं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

८. पारंचियं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

९. खित्तचित्तं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव ते रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहार पट्ठवियव्वे सिया।

१०. दित्तचित्तं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

११. जक्खाइट्ठं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छ तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

१२. उम्मायपत्तं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

१३. उवसग्गपत्तं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छ तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

१४. साहिगरणं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

१५. सपायच्छित्तं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

१६. भत्त–पाण–पडियाइक्खियं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए नस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव तओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

१७. अट्ठजायं भिक्खुं गिलायमाणं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेयइस्स निज्जूहित्तए, अगिलाए तस्स करणिज्जं वेयावडियं जाव नओ रोगायंकाओ विप्पमुक्को, तओ पच्छा तस्स अहालहुसए नामं ववहारे पट्ठवियव्वे सिया।

६. परिहारतप रूप प्रायश्चित्त वहन करने वाला भिक्षु यदि रोगादि से पीडित हो जाये तो गणावच्छेदक को उसे गण से बाहर करना नही कल्पता है, किन्तु जब तक वह रोग–आतंक से मुक्त न

हो जाय, तब तक उसकी अग्लानभाव से वैयावृत्य करनी चाहिए। बाद में गणावच्छेदक उस पारिहारिक भिक्षु को यथालघुष्क (अत्यल्प) प्रायश्चित्त देकर शुद्ध करे।

७. **अनवस्थाप्य भिक्षु** (नवमे प्रायश्चित्त को वहन करने वाला साधु) यदि रोगादि से पीड़ित हो जाय (उस प्रायश्चित्त को वहन न कर सके) तो गणावच्छेदक को उसे गण से बाहर करना नही कल्पता है, किन्तु जब तक वह रोग-आतक से मुक्त न हो जाय, तब तक उसकी अग्लान भाव से वैयावृत्य करनी चाहिए। बाद में गणावच्छेदक उसको यथालघुष्क प्रायश्चित्त देवे।

८. इसी प्रकार **पारंचित भिक्षु** (दसवाँ प्रायश्चित्त वहन करने वाला साधु) यदि रोगादि से पीडित हो जाये तो उसे गण से बाहर करना नही कल्पता है, किन्तु उसकी अग्लान भाव से वैयावृत्य करनी चाहिए। रोगमुक्त होने पर गणावच्छेदक उसे यथालघुष्क प्रायश्चित्त देवे।

९. **विक्षिप्तचित्त** (अत्यन्त शोक या भय से ग्रस्त) ग्लान भिक्षु को रुग्ण अवस्था मे गण से बाहर निकालना नही कल्पता है। उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। रोगमुक्त होने पर उसे गणावच्छेदक प्रायश्चित्त प्रदान करे।

१०. **दिप्तचित्त** (हर्षातिरेक से भ्रमित चित्त) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नही कल्पता है। जब तक वह रोग-आतक से मुक्त न हो जाय तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। उसके बाद उसे अत्यल्प प्रायश्चित्त देवे।

११. **यक्षाविष्ट** (भूत-प्रेतादि ग्रस्त) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नही कल्पता है। जब तक वह उस रोग-आतक से मुक्त न हो जाय, तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। बाद मे उसे अत्यल्प प्रायश्चित्त मे प्रस्थापित करे।

१२. **उन्माद-प्राप्त** (मोहोदय से पागल) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नही कल्पता है। जब तक वह उस रोग-आतक से मुक्त न हो जाय तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। बाद मे उसे अत्यल्प प्रायश्चित्त देवे।

१३. **उपसर्ग-प्राप्त** (देव-पशु व राजादि के उपसर्ग से पीडित) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नही कल्पता है। जब तक वह उस रोग-आतक से मुक्त न हो तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। बाद मे उसे अत्यल्प प्रायश्चित्त देवे।

१४. **कलहयुक्त** (तीव्र कषायादि से ग्रस्त) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नही कल्पता है। जब तक वह रोग-आतक से मुक्त न हो तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। उसके बाद अत्यल्प प्रायश्चित्त देवे।

१५. **प्रायश्चित्त-प्राप्त** (किसी बडे दोष-सेवन का प्रायश्चित्त वहन करने वाला) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नहीं कल्पता है। जब तक वह उस रोग-आतंक से मुक्त न हो जाय तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। उसके बाद अत्यल्प प्रायश्चित्त देवें।

१६. भक्त प्रत्याख्यानी (आजीवन अनशन स्वीकार किया हुआ) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नहीं कल्पता है। जब तक वह उस रोग-आतक से मुक्त न हो जाय तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। उसके बाद उसे अत्यल्प प्रायश्चित्त मे प्रस्थापित करे।

१७. प्रयोजनाविष्ट (शिष्य-प्राप्ति व पद-लिप्सा आदि की आकाक्षा वाला) ग्लान भिक्षु को गण से बाहर निकालना नहीं कल्पता है। जब तक वह उस रोग-आतक से मुक्त न हो जाय तब तक उसकी अग्लान भाव से सेवा करनी चाहिए। उसके बाद अत्यल्प प्रायश्चित्त मे प्रस्थापित देवे।

6. In case a Jain monk who is undergoing *parihar*-austerities as *prayashchit* falls ill, he is not allowed to be expelled from the group by the *ganavachhedak*. He should rather be attended to without any remorse till he becomes cured Thereafter the *ganavachhedak* should cleanse that *pariharik* monk by awarding him very nominal (*yathalaghushk*) *prayashchit*.

7. In case of a Jain monk who is undergoing ninth (*anavasthapya*) *prayashchit* falls ill, it is not proper for *ganavachhedak* to expel him from the group (as he is not in a position to practice that *prayashchit*). He should be attended to properly without any dejection till he is fully cured or becomes free from that calamity. Thereafter, he should be awarded very nominal (*yathalaghushk*) *prayashchit*

8. Similarly if a *paranchit bhikshu* who is undergoing tenth *prayashchit* falls ill, it is not proper to expel him from the group He should be attended to properly without any remorse When he becomes free from disease, *ganavachhedak* should award him very nominal (*yathalaghushk*) *prayashchit*.

9. A *bhikshu* who is in a state of extreme dejection or fear (*vikshipt chitt*) should not be expelled from the group when he is ill. He should be attended to properly without any feeling of contempt *Ganavachhedak* should award him *prayashchit* only when he becomes free from disease.

10. A *bhikshu* who is in a disturbed condition due to extreme happiness (*dipt chitt*) should not be expelled from the group in that state. He should be properly attended till he becomes free from that diseased or disturbed condition Thereafter, he should be awarded very nominal *prayashchit*.

11. In case a *bhikshu* is affected by some spirit (*yakshavisht*), he should not be expelled from the group. He should rather be properly looked after till he becomes free from that diseased or disturbed state. Thereafter, he should be awarded very nominal *prayashchit*.

12. In case a *bhikshu* is mad due to delusion or attachment (*unmaad prapt*), he should not be expelled from the group. He should rather be attended to properly till he is completely cured. Thereafter, he should be awarded very nominal *prayashchit*.

13. In case a *bhikshu* is ill and in a tormented state (due to demon, animal or the ruler), he should not be expelled from the group. He should rather be served till he becomes totally free from that troubled state. Thereafter, he should be awarded a very nominal *prayashchit*.

14. In case a *bhikshu* is ill and in a state of extreme passion, he should not be expelled from the group He should rather be attended to properly till he becomes free from that state. Thereafter, he should be awarded very nominal *prayashchit*

15. In case a *bhikshu* is undergoing *prayashchit* for same major fault in his ascetic conduct (*prayashchit prapt*) and is ill, he should not be expelled from the group. He should rather be attended to properly and willingly till he becomes cured of that illness Thereafter, he should be awarded very nominal *prayashchit*.

16. A bhikshu who has taken a vow of fasting throughout life (*bhakt pratyakhyani*) and is ill should not be expelled from the group He should rather be looked after properly without any feeling of remorse till he becomes free from that illness. Thereafter, he should be awarded a very nominal *prayashchit*.

17. A bhikshu has a keen desire for having a disciple or a post and the like. He should not be expelled from the group if he is ill. He should rather be properly attended to till he is completely cured Thereafter, he should be awarded a very nominal *prayashchit*

विवेचन : इन सूत्रो मे बारह प्रकार की विभिन्न अवस्थाओ वाले भिक्षुओ का कथन है। ये सभी भिक्षु अपनी उन अवस्थाओं के साथ-साथ यदि रुग्ण भी हो तो भाष्यकार ने इन सब पर बहुत ही विस्तार से प्रकाश डाला है। जैसे-क्षिप्त चित्त का अर्थ किया है-चित्त की रुग्णता। इसके तीन कारण बताये है-

(१) अनुराग-किसी प्रिय व्यक्ति का वियोग।

(२) भय-भय के अनेक कारण हैं, कुछ प्रत्यक्ष भय भी होते है, कुछ अप्रत्यक्ष काल्पनिक भय (फोबिया)। भय के प्रसंग में सोमिल ब्राह्मण का उदाहरण दृष्टव्य है।

(३) अपमान-सम्पत्ति का नष्ट होना, या पराजित अथवा असफल (अनुत्तीर्ण) हो जाना आदि।

दिप्तचित्त का अर्थ किया है–अत्यधिक हर्ष के कारण असम्बद्ध प्रलाप करना। आकस्मिक लाभ व हर्ष से मानसिक सन्तुलन खो बैठना। *(विस्तार के लिए देखें–भाष्य गाथा १०८० से ११५० तक)* गण व्यवस्था के जिम्मेदार गीतार्थ गणावच्छेदक का यह कर्त्तव्य होता है कि वह उस भिक्षु की सेवा की उपेक्षा न करे और न ही उसे उस अवस्था में गच्छ से अलग करे, किन्तु अन्य सेवाभावी भिक्षुओ के द्वारा उसकी अग्लान भाव से सेवा करवावे।

भाष्य के अनुसार अग्लान भाव का अर्थ है–रुचिपूर्वक या उत्साहपूर्वक सेवा करना, अथवा स्वय का कर्त्तव्य समझकर सेवा करना।

इन सूत्रो मे कथित विधान से तीन महत्त्वपूर्ण बाते प्रकट होती है–(१) सेवा का महत्त्व, (२) ग्लान के प्रति अनुकम्पा भाव, तथा (३) सघ की प्रतिष्ठा का विचार।

निज्जूहित्तए–शब्द का अर्थ है–रुग्ण अवस्था में गण से बाहर न निकाले। सेवा की उपेक्षा न करे, अपितु व्यवस्था करे।

यथालघुष्क प्रायश्चित्त का अर्थ : लघु प्रायश्चित्त पाँच दिन का होता है जिसे विगयो का त्याग करके पूर्ण किया जाता है। अथवा कारण से यतनापूर्वक दोष का सेवन करने पर, अत्यल्प मर्यादा भग करने पर, पर–वश अवस्था में मर्यादा भग हो जाने पर केवल आलोचना प्रायश्चित्त मात्र से उसकी शुद्धि की जा सकती है अर्थात् उसे तपरूप प्रायश्चित्त नही दिया जाता है। प्रथम आलोचना प्रायश्चित्त होने से इसे **'यथालघुष्क'** अर्थात् सर्वजघन्य प्रायश्चित्त कहा जाता है।

इन सूत्रो मे आचार्य उपाध्याय का निर्देश न करके गणावच्छेदक का निर्देश किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि गच्छ मे सेवा एव प्रायश्चित्त के कार्यों की प्रमुख जिम्मेदारी गणावच्छेदक की होती है। *(आधार : हिन्दी विवेचन, पृ २१४)*

Elaboration—In these aphorisms there is the description of *bhikshu* in twelve different states. In case such *bhikshus* are also ill, the treatment for them has been stated in detail by the commentator. For instance *kshipt chitt* has been interpreted as mental sickness. It is due to three reasons—

(1) Anurag—Separation from loved person.

(2) Fear—There are many causes of fear. Some are direct and some are indirect and imaginary In the context of fear, the illustration of Somil Brahmin is worth studying.

(3) Insult—Due to loss of wealth, or defeat or failure in examination and the like.

The word *dipt chitt* has been interpreted as to talk irrelevant in a state of extreme happiness. One may lose mental balance due to accidental gain or extreme joy (*For details see verse 1080 to 1150 in bhashya*). It is the duty of *ganavachhedak* who is learned in *Agams* and is responsible for proper administration of the group that he should not

ignore proper service needed for that monk. He should also not expel him from the group in that state. He should ensure that he is properly attended to by other *bhikshu* engaged for that purpose.

In the *bhashya 'aglan-bhav'* has been interpreted as serving willingly and with zeal or considering it as one's duty

These important issues emerge from the rules stated in these aphorisms–(1) Importance of service, (2) Compassion towards the sick, and (3) Importance of honour of the group.

The word **'Nijjuhittaye'** means not to expel one who is in ill state Need of proper attention should not be ignored, rather proper arrangement for it should be ensured.

Meaning of Yathalaghusk Prayashchit—*Laghu prayashchit* is of five days which is completed by discarding *vigayas* (elements that strengthen the physical body In case due to some genuine reason a fault is committed in a state of discrimination, or digression in ascetic-restraint is very minor, or the regression in ascetic discipline is in a situation beyond one's control, that fault is cleansed just by the *prayashchit* of censuring oneself. In other words he is not awarded the *prayashchit* of undergoing austerities Since *alochana* (self-censure) is the very first (elementary) *prayashchit*, it is called *yathalaghushk* or the very minimum *prayashchit*.

In these aphorsim, there is mention of *ganavachhedak* and not of *Acharya* or *Upadhyaya* This fact clearly indicates that the primary responsibility of service or activities relating to *prayashchit* in a group (*gachh*) is that of *ganavachhedak* (*Based on Hindi commentary, pp 294*)

अनवस्थाप्य और पारांचिक भिक्षु की उपस्थापना

RE-ESTABLISHING AN ANAVASTHAPYA OR PARANCHIK BHIKSHU

१८. अणवट्ठप्पं भिक्खुं अगिहिभूयं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स उवट्ठावित्तए।

१९. अणवट्ठप्पं भिक्खुं गिहिभूयं कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स उवट्ठावित्तए।

२०. पारंचियं भिक्खुं अगिहिभूयं नो कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स उवट्ठावित्तए।

२१. पारंचियं भिक्खुं गिहिभूयं कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स उवट्ठावित्तए।

२२. अणवट्ठप्पं भिक्खुं पारंचियं वा भिक्खुं अगिहिभूयं वा गिहिभूयं वा, कप्पइ तस्स गणावच्छेइयस्स उवट्ठावित्तए, जहा तस्स गणस्स पत्तियं सिया।

१८. (सामान्य स्थिति में) अनवस्थाप्य नामक नवम प्रायश्चित्त के पात्र भिक्षु को गृहस्थ वेश धारण कराए बिना पुनः संयम में उपस्थापन करना (दीक्षा देना) गणावच्छेदक को नहीं कल्पता है।

१९. (किन्तु) अनवस्थाप्य भिक्षु को गृहस्थ वेश धारण कराके पुनः संयम मे उपस्थापन करना कल्पता है।

२०. पारंचित नामक दसवें प्रायश्चित्त के पात्र भिक्षु को गृहस्थ वेश धारण कराये बिना पुनः सयम मे उपस्थापन करना गणावच्छेदक को नहीं कल्पता है।

२१. (किन्तु) पारंचित भिक्षु को गृहस्थ वेश धारण करवाकर पुन· संयम में उपस्थापन करना कल्पता है।

२२. (विशेष परिस्थिति मे) अनवस्थाप्य भिक्षु को और पारंचित भिक्षु को गृहस्थ का वेश धारण कराके या गृहस्थ का वेश धारण कराये बिना भी पुन· संयम मे उपस्थापित करना कल्पता है, यदि उससे गण का हित होता दीखे।

18. Ordinarily a *bhikshu* who is liable for the ninth *anavasthapya prayashchit* is not inntiated in the monkhood by the *ganavachhedak* without dressing him up as a householder first.

19. He, however, can be initiated in the order after dressing him up first as householder.

20. A *bhikshu* who is liable for the tenth *paranchit prayashchit* for his sin cannot be initiated in monkhood by the *ganavachhedak* without dressing him first as a householder.

21. He can be initiated in the order after first dressing him up as a householder.

22. However under special circumstances a *bhikshu* who is *anavasthapya* or *paranchit* because of his sins can again be initiated in monkhood after getting him dressed as a householder or without getting him dressed up as a househoder in case it is in the interest of the group (*gana*).

विवेचन : नौवे और दसवे प्रायश्चित्त योग्य भिक्षु को विधान के अनुसार जघन्य छह मास, उत्कृष्ट बारह वर्ष तक का विशिष्ट तप रूप प्रायश्चित्त दिया जाता है और उस तप के पूर्ण होने पर उसे एक बार गृहस्थ का वेश धारण करवाया जाता है। तत्पश्चात् उसे उपस्थापना अर्थात् छेदोपस्थापनीय चारित्र दिया जाता है। यह सामान्य नियम है।

बाईसवें सूत्र में विशेष परिस्थिति व अपवाद का कथन किया गया है, जिसका भाव यह है कि किसी विशिष्ट व्यक्ति को गृहस्थ नही बनाना ही उचित लगे तो गणावच्छेदक अपने निर्णयानुसार वैसा भी कर सकता है। भाष्यकार ने गृहस्थ न बनाने के कुछ खास कारण इस प्रकार बताये हैं–

(१) जिसने किसी राजा को जिनशासन के अनुकूल बनाया हो।

(२) उस प्रायश्चित्त प्राप्त भिक्षु या आचार्य के अनेक शिष्यो का आग्रह हो।

(३) उस प्रायश्चित्त के सम्बन्ध मे दो गणो मे विवाद हो इत्यादि।

Elaboration—According to the spiritual code, a *bhikshu* who is liable for ninth or tenth *prayashchit* for his sins is awarded special austerities for a minimum period of six months and the maximum period of twelve years After completion of said austerities, he has to dress up once as a househoder. Thereafter, he is established in the order through *chhedopasthapaniya charitra*. This is the common rule.

In the twenty second aphorism, there is a mention of special situation or an exception The underlying idea is that in case it is considered proper not to dress up a notable monk as a householder, the *ganavachhedak* can do so according to his judgment The commentator has stated some special reasons for not dressing up as a householder and they are as under–

(1) One who has converted a ruler as a follower of Jain faith

(2) In case many disciples of that *bhikshu* or *Acharya* who has been awarded *prayashchit* so insist

(3) In case there is difference of opinion between two groups about the nature of *prayashchit*.

अकृत्यसेवन का आक्षेप एवं उसके निर्णय करने की विधि

ALLEGATION OF SIN AND PROCEDURE OF REACHING A DECISION

२३. दो साहम्मिया एगयओ विहरंति, एगे तत्थ अन्नयरं अकिच्चट्ठाणं पडिसेवित्ता आलोएज्जा–अहं णं भंते ! अमुगेणं साहुणा सद्धिं इमम्मि कारणम्मि पडिसेवी।

से य पुच्छियव्वे ! किं पडिसेवी, अपडिसेवी ?

से य वएज्जा–"पडिसेवी" परिहारपत्ते। से य वएज्जा–"नो पडिसेवी" नो परिहारपत्ते। जं से पमाणं वयइ से पमाणाओ घेयव्वे।

[प्र.] से किमाहु भंते ?

[उ.] सच्चपइन्ना ववहारा।

२३. दो साधर्मिक (एक गच्छ के साधु) एक साथ विचरते हों, उनमे से एक साधु किसी अकृत्य स्थान की प्रतिसेवना (दोष–सेवन) करके आलोचना करे–(यथा)–"हे भगवन् ! मैने अमुक साधु के साथ अमुक कारण होने पर दोष का सेवन किया है।"

(उसके इस प्रकार कहने पर) दूसरे साधु से पूछना चाहिए–"क्या तुमने दोष–सेवन किया है या नही ?"

यदि वह कहे कि मैंने दोष–सेवन किया है तो वह प्रायश्चित्त का पात्र होता है। यदि वह कहे कि मैंने दोष–सेवन नहीं किया है तो वह प्रायश्चित्त का पात्र नहीं है और जो भी प्रमाण दे, उनके आधार पर निर्णय करना चाहिए।

[प्र.] (भगवन् !) ऐसा कहने का क्या कारण है ?

[उ.] सत्य बोलने की प्रतिज्ञा वाले भिक्षुओ के सत्य कथन पर व्यवहार (प्रायश्चित्त) निर्भर होता है।

23. Two Jain monks of the same group (*gachha*) pass their ascetic life together. One of them commits a fault in his ascetic discipline and does censure by uttering—"O *Bhagavan* ! I have committed a fault under a particular situation with such and such monk".

In view of the said statement the ganavchhedak should ask the second monk—"Have you committed the fault or not ?"

In case he replies that he has committed the fault, he is liable for *prayashchit* In case he replies that he has not committed the fault, then he is not liable for *prayashchit* The matter should be decided on the basis of the evidence produced.

[Q.] (Bhagavan !) What is its basis ?

[Ans.] *Prayashchit* is based on the true statement of those *bhikshus* who have taken a vow to speak the truth.

विवेचन : भाष्य एव टीका में इस विषय पर विस्तार से चिन्तन किया गया है। साथ–साथ विचरने वाले दो साधुओं मे कोई एक साधु दूसरे साधु को भी दोष–सेवन करने वाला बताये तो ऐसा कहने मे उस साधु का दूसरे साधु के प्रति द्वेषभाव हो सकता है या दीक्षा–पर्याय में उसे किसी से छोटा बनाने का क्षुद्र सकल्प भी हो सकता है। इसलिए वह असत्य आक्षेप करता है और अपने आक्षेप को सत्य सिद्ध करने के लिए वह स्वय भी दोषी बनकर आलोचना करने का दिखावा करता है। इस प्रकार छल करके दूसरे साधु को कलकित करना चाहता है। ऐसी परिस्थिति मे शास्त्रकार ने विवेकपूर्वक निर्णय करने के निम्न उपाय बताये है–

(१) आलोचना सुनने वाला गीतार्थ भिक्षु अन्य भिक्षु से जब तक पूर्ण जानकारी प्राप्त न कर ले तब तक उसे किसी प्रकार का निर्णय नही करना चाहिए।

(२) यदि पूछने पर अन्य भिक्षु दोष–सेवन करना स्वीकार नही करे और कुछ स्पष्टीकरण करे तो उसे सावधानीपूर्वक सुनना चाहिए।

(३) तदनन्तर आक्षेप लगाने वाले से या दोष से सम्बन्धित सभी पक्षो की जानकारी करना चाहिए।

(४) फिर उन दोनों के कथन एवं प्रमाणों पर पूर्ण विचार करके निर्णय करना चाहिए।

(५) कोई प्रबल प्रमाण न हो तो दोष-सेवन को अस्वीकार करने वाले भिक्षु को किसी प्रकार का प्रायश्चित्त नहीं देना चाहिए।

आक्षेपकर्त्ता ने वास्तव मे दोष-सेवन किया हो या न किया हो तो भी असत्य आक्षेप करने पर उसे उस दोष-सेवन का प्रायश्चित्त दिया जाता है। यदि आलोचना करने वाला सत्य कथन कर रहा हो, किन्तु अन्य भिक्षु अपना दोष स्वीकार न करे और आलोचक उसे प्रमाणित भी न कर सके, तब भी दोष अस्वीकार करने वाले को कोई प्रायश्चित्त नही दिया जा सकता। क्योंकि भिक्षु सत्य वचन की प्रतिज्ञा वाले होते हैं। अत. स्वय के स्वीकार करने पर ही उसे प्रायश्चित्त दिया जा सकता है। प्रमाण के बिना केवल किसी के कहने से उसे प्रायश्चित्त नहीं दिया जा सकता है। कदाचित् दोष प्रमाणित होने पर भी सम्बन्धित भिक्षु उसे स्वीकार न करे तो प्रायश्चित्तदाता गच्छ के अन्य गीतार्थ भिक्षुओं की सलाह लेकर उसका प्रायश्चित्त घोषित कर सकते हैं एवं प्रायश्चित्त को अस्वीकार करने पर उसे गच्छ से अलग भी कर सकते है।

सदिग्धावस्था में अर्थात् सम्यक् प्रकार से निर्णय न होने पर दोषी व्यक्ति को प्रायश्चित्त नहीं देना चाहिए। *ऐसा करने मे प्रायश्चित्तदाता को कोई दोष नही लगता है, किन्तु दोषी व्यक्ति स्वय ही अपनी सयमविराधना के* फल को प्राप्त कर लेता है।

दोष-सेवन प्रमाणो से सिद्ध हो जाये एवं स्पष्ट निर्णय हो जाये तो दोषी के अस्वीकार करने पर भी प्रायश्चित्त देना अनिवार्य हो जाता है, अन्यथा गच्छ मे अव्यवस्था फैल जाती है और लोक-निन्दा भी होती है। अत गीतार्थ भिक्षुओ को एव गच्छ-प्रमुखो को विवेकपूर्वक सूत्रोक्त प्रायश्चित्त देने का निर्णय करना चाहिए। यही इस सूत्र का आशय है। *(आधार उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म कृत विवेचन, पृ २१६)*

इस सूत्र का उक्त विधान वर्तमान न्याय-प्रणाली के सिद्धान्तो से बहुत मेल खाता है।

Elaboration—This matter has been discussed in detail in the *bhashya* and the commentary. In case two monks are wandering together and one of them states that his companion monk is also guilty, it can be due to a feeling of hatred against that monk or it can be with a callous view to turn him junior in monkhood. Therefore he levels false allegation and in order to prove his allegation, he pretends to do self-censure presenting himself also as a sinner Thus he in a deceitful manner wants to accuse the other monk. In such a situation, the author of *Agam* has laid down the following guidelines for discerningly deciding the matter—

(1) The learned *bhikshu* who is listening to the self-criticism should not take a decision till he gets information about all the facts from the other *bhikshu*.

(2) In case when asked, the other *bhikshu* does not accept the fault and gives any clarification, his statement should be carefully listened to (and looked into).

(3) Thereafter evidence should be collected from the complainant and from all those who are in any way concerned with the alleged fault.

(4) Then the statements of both the sides and the evidence collected should be carefully examined. Only then the decision should be announced.

(5) In case there is no strong evidence to prove the guilt, the *bhikshu* who has not admitted the allegation levelled against him should not be awarded any *prayashchit*.

The complainant is awarded *prayashchit* for the fault of levelling false allegation irrespective of the fact whether he has in reality committed any sin or not in his ascetic discipline. In case the person-levelling allegation is speaking the truth but the other *bhikshu* is not accepting his sin and the complainant is not able to prove his allegation, even then the one who is not admitting his fault cannot be awarded any *prayashchit* because every *bhikshu* has taken a vow of speaking the truth. He can, therefore, be awarded *prayashchit* only if he admits his fault. Simply on the basis of an allegation a person cannot be awarded *prayashchit* unless it is proved by evidence. In case even when the fault has been well established, the concerned *bhikshu* does not admit it, the monk responsible for awarding *prayashchit* can pronounce his fault and convict him after consulting other *bhikshus* who are learned in *Agams*. If he rejects the *prayashchit*, he can even be expelled from the group (*gachha*)

In case of doubt or in other words when the sin is not properly established, the accused should not be awarded any *prayashchit*. By doing so, the person responsible for awarding *prayashchit* does not commit any fault but the sinner himself reaps the fruit of the fault committed by him in ascetic discipline.

In case the fault is established by cogent evidence and is clearly proved, it becomes essential to award *prayashchit* to the accused even if he does not accept it Otherwise it may cause disorder in the administrative set up and also lead to public criticism. Therefore, the learned *bhikshu* and the head of the group (*gachha*) should always decide to award *prayashchit* as described in the spiritual code. This is the purport of this aphorism (*Basis : Commentary by Shri Kanhaiyalal Ji Maharaj, pp. 296*)

The above-said procedure is broadly in line with the present code of jurisprudence.

२४. भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म ओहाणुप्पेही वजेज्जा, से य अणोहाइए इच्छेज्जा दोच्चं पि तमेव गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, तत्थ णं थेराणं इमेयारूवे विवाए समुप्पज्जित्था–

'इमं भो ! जाणह किं पडिसेवी, अपडिसेवी ?'

से य पुच्छियव्वे–'किं पडिसेवी, अपडिसेवी ?'

से य वएज्जा–'पडिसेवी' परिहारपत्ते। से य वएज्जा–'नो पडिसेवी' नो परिहारपत्ते। जं से पमाणं वयइ से पमाणाओ घेयव्वे।

[प्र.] से किमाहु भंते ?

[उ.] सच्चपइन्ना ववहारा।

२४. यदि कोई साधु संयम त्यागने की इच्छा से गण से निकलकर चला जाये और बाद मे (विचार बदल जाने से) असंयम का सेवन किये बिना ही वह लौटकर आ जाये और पुनः अपने गण मे सम्मिलित होना चाहे तो (गण में लेने के सम्बन्ध मे) स्थविरो में यदि इस प्रकार विवाद उत्पन्न हो जाये कि–

क्या तुम जानते हो–यह प्रतिसेवी (दोषी) है या अप्रतिसेवी (निर्दोष है) ?

ऐसी स्थिति मे स्थविरों को उस भिक्षु से ही पूछना चाहिए–"क्या तुम प्रतिसेवी हो या अप्रतिसेवी ?"

यदि वह कहे कि "मै प्रतिसेवी हूँ।" (मैने दोष–सेवन किया है) तो वह प्रायश्चित्त का पात्र होता है। यदि वह कहे कि "मै प्रतिसेवी नही हूँ।" तो वह प्रायश्चित्त का पात्र नही होता, और जो वह प्रमाण देवे उनसे निर्णय करना चाहिए।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है ?

[उ.] सत्य प्रतिज्ञा वाले भिक्षु होते है, अतः उनके सत्य कथन पर व्यवहार चलता है।

24. A *Sadhu* with a desire to discard ascetic life leaves the group (*gana*) and later due to a change in his mind, comes back without committing any fault relating to ascetic discipline and desires to join the group again. In case there arises a dispute in the learned monks (*Sthavirs*) about allowing him to join the group and the point in issue is whether the ***bhikshus*** know that he has committed a fault or not then the *Sthavirs* should ask him.

"Have you committed fault in ascetic discipline or are you innocent ?"

In case he replies that he is guilty, he is liable for *prayashchit* In case he replies that he is not guilty, he is not liable for any *prayashchit* and the matter should be decided on the basis of the evidence laid by him.

[Q.] *Bhagavan* ! Why is it so ?

[Ans.] *Bhikshus* have taken a vow of speaking the truth So the system works on the basis of their true statement.

विवेचन : इस सूत्र से सम्बन्धित कुछ वर्णन सयम छोडने के कारण तथा पुन· गण मे सम्मिलित करने के परीक्षण आदि का कथन प्रथम उद्देशक के सूत्र २३ तथा ३२ में आ चुका है। वह चंचल चित्त वाला भिक्षु पुन उसी दिन आ सकता है, एक–दो रात्रि व्यतीत करके भी आ सकता है और अनेक दिनों के बाद भी लौटकर आ सकता है।

गण से बाहर जाकर विचारो में परिवर्तन आ जाने से पुन· सयम त्यागने के सकल्प से लौटकर आने वाला भिक्षु अपने विचार–परिवर्तन का एव उनके कारणो का स्पष्टीकरण करके गच्छ में रहना चाहे तो यदि गच्छ के गीतार्थ स्थविरो को यह सन्देह हो कि यह इस अवधि में किसी न किसी दोष का सेवन करके आया होगा, तो गच्छ–प्रमुख उस भिक्षु को पूछे या अन्य किसी से जानकारी करके निर्णय लेवे। यदि प्रामाणिक जानकारी न मिले तो उस भिक्षु के उत्तर के अनुसार ही निर्णय करना चाहिए अर्थात् वह दोष–सेवन करना स्वीकार करे तो उसे उसका प्रायश्चित्त देवे। यदि वह दोष स्वीकार न करे तो किसी के सन्देह करने मात्र से उसे प्रायश्चित्त नहीं देना चाहिए। किन्तु सयम त्यागने के सकल्प का एवं उस सकल्प से अन्यत्र जाने का उसे यथोचित प्रायश्चित्त दिया जा सकता है एव उसे गच्छ मे सम्मिलित किया जा सकता है।

Elaboration—Some details relating to causes of discarding ascetic life and the examination at the time of again taking him in the group and the like concerning this aphorism has already been mentioned in aphorism 23 and 32 of first *Uddeshak*. That *bhikshu* of wavering mind can return on the same day, after one or two days and even after many days.

A *bhikshu* leaves his group but later due to a change in his mental attitude, he comes back discarding his earlier decision of leaving the group (*gana*). He clearly states the change in his mind and the reason for this change and expresses his desire to stay (or join) in the group. In case the learned *Sthavirs* of the group have a suspicion that he might have committed some fault in ascetic discipline, then the head of the group should seek clarification from him or from someone else about the real facts and than decide the matter. In case he is not able to have reliable knowledge about the true facts, he should decide the issue on the basis of the reply of that *bhikshu*. In other words, he should award him *prayashchit* if he admits his fault. If he does not admit his fault, he should not be awarded *prayashchit* merely on doubt. He however, can be awarded *prayashchit* for his earlier decision to discard ascetic life and of going elsewhere with that mental attitude Thereafter he can be permitted to join the group (*gachha*).

२५. एगपक्खियस्स भिक्खुस्स कप्पइ आयरिय-उवज्झायाणं इत्तरियं दिसं वा अणुदिसं वा उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा, जहा वा तस्स गणस्स पत्तियं सिया।

२५. एकपक्षीय अर्थात् एक ही आचार्य के पास दीक्षा और श्रुत ग्रहण करने वाले भिक्षु को अल्पकाल के लिए अथवा यावज्जीवन के लिए आचार्य या उपाध्याय पद पर स्थापित करना या उसे धारण करना कल्पता है अथवा परिस्थितिवश कभी जिसमे गण का हित हो वैसा भी किया जा सकता है।

25. A *bhikshu* who has been initiated by an *Acharya* and who has learnt scriptures from that very *Acharya* is called *ek-pakshiya bhikshu.* He can be installed on the post of *Acharya* or *Upadhyaya* for a short period or for life. He can have such post and keeping note of the situation and the interest of the group such an action can be taken.

विवेचन : सघ की सुव्यवस्था बराबर बनी रहे, इसके लिए आचार्य उपाध्याय को अपनी उपस्थिति में ही योग्य आचार्य और उपाध्याय की नियुक्ति कर देना चाहिए।

अल्पकालिक पद -नियुक्ति के कारण इस प्रकार है-

(१) वर्तमान आचार्य अपनी विशिष्ट रोग की चिकित्सा करने के लिए अथवा विशिष्ट तप-साधना करने के लिए सघभार से मुक्त होना चाहे।

(२) अन्य आचार्य-उपाध्याय के पास जाकर विशेष श्रुत अध्ययन करना चाहे या उन्हे अध्ययन कराने एव सहयोग देने जाना हो।

(३) पद योग्य भिक्षु का आवश्यक अध्ययन अपूर्ण हो, इत्यादि परिस्थितियो मे अल्पकालिक पद दिया जाता है।

जीवनपर्यन्त पद-नियुक्ति के कारण-

(१) आचार्य-उपाध्याय को अपना मरण-समय निकट होने का ज्ञान होने पर।

(२) अतिवृद्ध या दीर्घकालीन असाध्य रोग हो जाने पर।

(३) जिनकल्प आदि कोई विशिष्ट साधना करने के लिए, इत्यादि परिस्थितियो मे आचार्य पद योग्य भिक्षु को जीवनपर्यन्त के लिए पद दिया जाता है।

सूत्र मे कहे गये 'एकपाक्षिक' शब्द की व्याख्या इस प्रकार है-

एकपाक्षिक दो प्रकार का होता है-(१) श्रुत से, (२) प्रव्रज्या से।

जिसने एक गुरु के पास वाचना ग्रहण की हो अथवा जिसका श्रुतज्ञान आदि आचार्यादि के समान हो, वह **श्रुत से एकपाक्षिक।**

जो एक ही कुल, गण एव सघ मे प्रव्रजित होकर स्थिरता से रहा हो वह **प्रव्रज्या से एकपाक्षिक** कहा जाता है।

Elaboration—An *Acharya* or *Upadhyaya* should appoint suitable monk as *Acharya* or *Upadhyaya* during his lifetime so that the organisation may run well.

The reasons for appointment for a short period are as under—

(1) The *Acharya* in office may desire to be free from the responsibility of running the organisation for treatment of his particular illness or for undertaking special ascetic austerities.

(2) He may like to have deeper study of scriptures under the guidance of another *Acharya, Upadhyaya* or he may have to go to teach scriptures to others or to assist them on the study.

(3) The *bhikshu* who deserves that post has not yet completed his studies

Reasons for installing at the post for life are as follows–

(1) When the *Acharya, Upadhyaya* feels that he is at the fag end of his life

(2) When he is pretty old or he has been suffering since long from an incurable disease

(3) When he wants to undertake special ascetic practices such as *Jin-kalp* and the like

The interpretation of the word '*Ek-pakshik*' mentioned in the aphorism is as under–

Ek-pakshik is if two types–(1) In respect of scriptural knowledge, (2) In respect of initiation in monkhood.

A monk is *ek-pakshik* in respect of scriptural knowledge if he has learnt scriptures from one master or whose scriptural knowledge is equivalent to that of the *Acharya* and the like.

A *bhikshu* is *ek-pakshik* in respect of initiation in monkhood who after initiation in a group, clan or organisation has remained stable in monkhood in that organisation.

पारिहारिक और अपारिहारिकों के परस्पर व्यवहार MUTUAL DEALINGS BETWEEN PARIHARIK AND APARIHARIK

२६. बहवे पारिहारिया बहवे अपारिहारिया इच्छेज्जा एगयओ एगमासं वा, दुमासं वा, तिमासं वा, चाउमासं वा, पंचमासं वा, छम्मासं वा वत्थए, ते अन्नमन्नं संभुंजंति, अन्नमन्नं नो संभुंजंति, मासंते, तओ पच्छा सव्वे वि एगयओ संभुंजंति।

२७. परिहारकप्पट्ठियस्स भिक्खुस्स नो कप्पइ असणं वा जाव साइमं वा दाउं वा अणुप्पदाउं वा। थेरा य णं वएज्जा–'इमं ता अज्जो ! तुमं एएसिं देहि वा अणुप्पदेहि वा।' एवं से कप्पइ दाउं वा, अणुप्पदाउं वा।

कप्पइ से लेवं अणुजाणावेत्तए, 'अणुजाणह भंते ! लेवाए' एवं से कप्पइ लेवं समासेवित्तए।

२८. परिहारकप्पट्ठिए भिक्खू सएणं पडिग्गहेणं बहिया अप्पणो वेयावडियाए गच्छेज्जा, थेरा य णं वएज्जा–'पडिग्गाहेहि अज्जो !–अहं पि भोक्खामि वा पाहामि वा', एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

तत्थ से नो कप्पइ अपरिहारिएणं परिहारियस्स पडिग्गहंसि असणं वा जाव साइमं वा भोत्तए वा पायए वा। कप्पइ से सयंसि वा पडिग्गहंसि, सयंसि वा पलासगंसि, सयंसि वा कमण्डलंसि, सयंसि वा खुब्भगंसि, सयंसि वा पाणिंसि उद्धट्टु–उद्धट्टु भोत्तए वा पायए वा।

एस कप्पो अपरिहारियस्स परिहारियाओ।

२९. परिहारकप्पट्ठिए भिक्खू थेराणं पडिग्गहेणं बहिया थेराणं वेयावडियाए गच्छेज्जा, थेरा य णं वएज्जा–'पडिग्गाहेहि अज्जो ! तुमंपि पच्छा भोक्खसि वा पाहिसि वा', एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

तत्थ से नो कप्पइ परिहारिएणं अपरिहारियस्स पडिग्गहंसि असणं वा जाव साइमं वा भोत्तए वा पायए वा।

कप्पइ से सयंसि वा पडिग्गहंसि, सयंसि वा पलासगंसि, सयंसि या कमण्डलंसि, सयंसि वा खुब्भगंसि, सयंसि वा पाणिंसि उद्धट्टु–उद्धट्टु भोत्तए वा पायए वा।

एस कप्पो परिहारियस्स अपरिहारियाओ।

२६. अनेक पारिहारिक (दोष–सेवन करने वाले) और अनेक अपारिहारिक (निर्दोष) भिक्षु यदि एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह मास पर्यन्त एक साथ रहना चाहे तो पारिहारिक भिक्षु पारिहारिक भिक्षु के साथ और अपारिहारिक भिक्षु अपारिहारिक भिक्षु के साथ बैठकर आहार कर सकते है, किन्तु पारिहारिक भिक्षु अपारिहारिक भिक्षु के साथ बैठकर नही कर सकते। वे सभी (पारिहारिक और अपारिहारिक) भिक्षु छह मास तप के और एक मास पारणे का बीतने पर एक साथ बैठकर आहार कर सकते है।

२७. अपारिहारिक भिक्षु को पारिहारिक भिक्षु के लिए अशन यावत् स्वादिम आहार देना या निमंत्रण करके देना नही कल्पता है। यदि स्थविर कहे कि "हे आर्य ! तुम इन पारिहारिक भिक्षुओ को यह आहार दो या निमंत्रण करके दो।" तो स्थविरो के ऐसा कहने पर उसे आहार देना या निमत्रण करके देना कल्पता है।

परिहारकल्प–स्थित भिक्षु यदि लेप (घृतादि विकृति) लेना चाहे तो स्थविर की आज्ञा प्राप्त करना चाहिए–"हे भगवन् ! मुझे घृतादि विकृति लेने की आज्ञा प्रदान करे।" यदि स्थविर आज्ञा प्रदान करे तो उसे घृतादि विकृति का सेवन करना कल्पता है।

२८. परिहारकल्प मे स्थित भिक्षु अपने पात्र लेकर अपने लिए आहार लेने जावे और तब उसे यदि स्थविर कहे कि–"हे आर्य ! मेरे योग्य आहार–पानी भी लेते आना, मैं भी खाऊँगा–पीऊँगा।" ऐसा कहने पर उसे स्थविर के लिए आहार लाना कल्पता है।

(किन्तु) वहाँ अपारिहारिक स्थविर को, पारिहारिक भिक्षु के पात्र में अशन यावत् स्वादिम खाना-पीना नहीं कल्पता है। किन्तु उसे अपने ही पात्र मे, पलासक (ढाक के पत्तों का दोना) मे, जल-पात्र में, दोनों हाथ की अंजलि से दोना बनाकर या एक हाथ में ले-लेकर खाना-पीना कल्पता है।

यह अपारिहारिक भिक्षु का, पारिहारिक भिक्षु की अपेक्षा से आचार कहा गया है।

२९. परिहारकल्प में स्थित भिक्षु स्थविर के पात्रो को लेकर उनके लिए आहार-पानी लाने को जावे, तब स्थविर उसे कहे-"हे आर्य ! तुम अपने लिए भी साथ मे ले आना और बाद में खा लेना, पी लेना।" ऐसा कहने पर वह स्थविर के पात्रो मे अपने लिए भी आहार-पानी ला सकता है।

वहाँ अपारिहारिक स्थविर के पात्र में पारिहारिक भिक्षु को अशन यावत् स्वादिम खाना-पीना नहीं कल्पता है। किन्तु उसे अपने ही पात्र में, पलासक मे, कमण्डलु में, दोनों हाथ में या एक हाथ मे ले-लेकर खाना-पीना कल्पता है।

यह पारिहारिक भिक्षु का अपारिहारिक भिक्षु की अपेक्षा से आचार है।

26. In case many *parıharık bhikshus* (these who have committed fault in ascetic discipline) want to live with many *aparıharık bhıkshus* (those who have not committed any fault) for a period of one, two, three, four, five or six months, then *parıharık bhikshu* can sit for taking meals with *pariharık bhikshu* and *aparıharık bhikshus* with *apariharik bhıkshus*. *Parıharık bhıkshus* cannot sit to dine with *aparıharik bhikshus*. After completing the period of six months of austerities and one month in between of taking food, they (*parıharık* and *apariharik*) can dine together.

27. A faultless (*aparıharik*) monk is neither allowed to give food, water and the like to a faulty (*parıharık*) monk nor to invite him for it. In case *Sthavırs* (Senior monks) direct him—"O the blessed ! You give food to these *parıharik* monks or invite them to food" then in view of the said directive of the *Sthavirs* he can give food to them or invite them for having food.

In case a *bhıkshu* who is undergoing *parihar-kalp* (*prayashchit* for his fault) wants to have *ghee* and the like (the *lape*) he should seek permission of the *Sthavir* by saying—"Reverend Sir ! Kindly grant me permission to have *ghee* and the like." In case the *Sthavirs* grant him the permission, he can have *ghee* and the like.

28. A *bhikshu* who is undergoing *parıhar-kalp* goes to collect food in his pot. In case a *Sthavır* tells him—"O the blessed ! You bring suitable food and water for me also. I shall also take it, then he can bring food for that *Sthavir* also.

But a faultless (*aparıharik*) *Sthavır* ıs not allowed to take food, water and the like in the pot of a *parıharık bhikshu*. He can take it only in his pot, in a pot made of *dhak* leaves, ın the pot meant for water, or in the cup made by joining his hands or taking in one hand and then eating or drinking ıt

This ascetic conduct is of a faultless (*aparıharik*) *bhıkshu* ın the context of a *parıharik bhikshu*.

29. A bhikshu undergoing *pariharakalp* goes to collect alms for a *Sthavır* carrying pots of the *Sthavır*; then the *sthavır* tells him—"O *Arya* ! You bring food for yourself also alongwith and take it later on." In such circumstances he can bring food and the lıke for to hımself also.

विवेचन : सूत्र २६ से २९ तक मे परिहार तप करने वाले भिक्षुओ के साथ अपारिहारिक भिक्षुओ के आहार सम्बन्धी व्यवहार की चर्चा है। जिस पर भाष्यकार का स्पष्टीकरण इस प्रकार समझना चाहिए–

एक मास तक परिहार तप करने वाला भिक्षु एक मास तप पूर्ण होने तक अलग आहार करता है और पाँच दिन पारणे की अपेक्षा अलग आहार करता है, उसके बाद वह एक मण्डली मे बैठकर आहार करता है।

इसी प्रकार दो मास परिहार तप वाला भिक्षु दो मास और दस दिन तक अलग आहार करता है। तीन मास तप वाला भिक्षु तीन मास और पन्द्रह दिन, चार मास तप वाला भिक्षु चार मास और बीस दिन, पाँच मास तप वाला भिक्षु पाँच मास और पच्चीस दिन, छह मास तप वाला भिक्षु छह मास और तीस दिन (एक मास) तक अलग आहार करता है। इस प्रकार परिहार तप की समाप्ति के एक मास बाद पारिहारिक–अपारिहारिक सभी एक साथ आहार करते है।

परिहार तप करने वाला भिक्षु अपना आहार स्वय लाता है, उसे किसी से आहारादि लेना नही कल्पता है, यह सामान्य विधान है।

यदि वह तप करता हुआ अशक्त हो जाये तो उस स्थिति मे स्थविर अन्य भिक्षुओ को कहे कि "हे आर्यो ! तुम इस परिहारी भिक्षु को आहार दो या निमंत्रण करो।" ऐसा कहने पर उसे (केवल) आहार दिया जा सकता है। यदि स्वास्थ्य के कारण उसे घृतादि विगय की आवश्यकता हो तो वह पुन स्थविर की आज्ञा मिलने पर विगय–सेवन कर सकता है, किन्तु केवल आहार देने की आज्ञा से विगय–सेवन नही कर सकता।

किसी अपारिहारिक स्थविर की वैयावृत्य में रहने वाला पारिहारिक भिक्षु स्थविर के लिए और अपने लिए आहार लेने अलग–अलग जाता है, यह सामान्य विधान है।

किन्तु कभी किसी कारण से स्थविर आज्ञा दे तो अपने पात्रो में अपने आहार के साथ उनके लिए भी आहारादि ला सकता है और उनके पात्रो मे उनके आहार के साथ अपना आहार भी ला सकता है। ऐसा करने में उसके रूक्ष आहार में कोई विगय का लेप लग जाये तो वह स्थविर की आज्ञा से खा सकता है।

सूत्र मे उन भिक्षुओ के आहार करने की यह मर्यादा कही गई है कि वे परस्पर किसी के पात्र मे आहार न करें, किन्तु अपने पात्र में या हाथ मे लेकर फिर खावे।

भिक्षु का शरीर संयम और तप मे सहायक होता है, अतः इसे आहार देना आदि प्रवृत्ति करना आवश्यक है। अनासक्त भाव से स्व-शरीर हेतु की गई प्रवृत्ति भी निर्जरा का हेतु है, अत सूत्र में "अप्पणो वेयावडियाए" अर्थात् "अपनी वैयावृत्य के लिए" इस शब्द का प्रयोग किया गया है।

॥ दूसरा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—In aphorisms 26 to 29, the conduct of faultless (*aparıharik*) *bhikshu* relating to food with those who are undergoing *parıhar* austerities (for theır fault) has been discussed. The clarification of the commentator in this context is as under—

A *bhikshu* who is undergoing *parihar* austerities for one month dines separately till he completes those austerities of one month and also for five days of taking food ın between (the days of breaking fast). Thereafter, he starts taking food in the group

A *bhıkshu* who is undergoing *parıhar* austerities for two months dines separately tıll he completes the austerities for two months and also for ten days of taking food in between. A bhikshu undergoing parihar austerities for three months dınes separately for three months and fifteen days. A *parıhar bhıkshu* undergoing austerities for four months dines separately for four months and twenty days A *bhikshu* undergoing *parihar* austerities for five months dines separately for five months and twenty five days, whıle one undergoing austerities for six months dines separately for six months and thirty days. Thus one month after the conclusıon of *parıhar* austerities both *parihanık* and *aparıharık* monks can dıne together ın a group.

It is the common rule that the monk who is undergoıng *parıhar* austerities collects food himself and cannot take food from any other monk.

In case while undergoing *parihar* austerities he becomes weak and in that condition, the *Sthavır* asks other *bhıkshu*—"O the blessed ! You give food to this *parıharık* monk or invite him for it." Only then food can be given to him. In case due to ill health be needs *ghee* and the like (that strengthless the body) he can have it only after the permission of *Sthavir* to take *ghee* and the like If the permissıon ıs only for food he cannot take *ghee* and the like.

It is the common rule that a *parıharık bhıkshu* who is in the service of an *apariharik bhikshu* goes to collect food for *Sthavır* and for himself separately.

But if due to any reason the *Sthavır* allows him to collect food and the like for him alongwith the food for himself in his pots, then he can bring food for *Sthavirs* also. If the *Stahvır* directs that he can bring food for *Sthavır* in *Sthavır's* pots and simultaneously for himself in his pots, then he can act accordingly. In case while doing so, some strengthening matter (*Vigaya)* touches the dry food in hıs pot, he can consume it with the permission of the *Sthavır*.

Such is the restriction stated in the code regarding taking food with those monks that they should not dıne from the pot of another *bhıkshu*. They should dine only from theır own pot or after taking the food in the hand.

The physical body of a monk assısts in practice of ascetic restraınts and austerities. It is, therefore, essential to provide it food and the lıke. Any activity performed for the body in an attıtude of non-attachment also results in shedding of *karmas* So ın this aphorism **'Appano Veyavadiyaye'** has been used which means for ones own service (or care).

● SECOND UDDESHAK CONCLUDED ●

तृतीय उद्देशक
THIRD UDDESHAK

गणधारण की योग्यता FITNESS FOR THE POST OF HEAD OF A GROUP (GANA)

१. भिक्खू य इच्छेज्जा गणं धारेत्तए, भगवं च से अपलिच्छन्ने एवं से नो कप्पइ गणं धारित्तए, भगवं च से पलिच्छन्ने, एवं से कप्पइ गणं धारेत्तए।

२. भिक्खु य इच्छेज्जा गणं धारेत्तए, नो से कप्पइ थेरे अणापुच्छित्ता गणं धारेत्तए। कप्पइ से थेरे आपुच्छित्ता गणं धारेत्तए, थेरा य से वियरेज्जा एवं से कप्पइ गणं धारेत्तए, थेरा य से नो कप्पइ गणं धारेत्तए।

जं णं थेरेहिं अविइण्णं गणं धारेइ से सन्तरा छेए वा परिहारे वा, जे साहम्मिया उट्ठाए विहरंति, नत्थि णं तेसिं केइ छेए वा परिहारे वा।

१. यदि कोई भिक्षु गण को धारण करना (अर्थात् साधुओं के समूह का प्रमुख बनना) चाहे और वह शिष्य-परिवार तथा सूत्रज्ञान आदि योग्यता से रहित हो तो उसे गण धारण करना नहीं कल्पता है। यदि वह भिक्षु सूत्रज्ञान आदि योग्यता से युक्त हो तो उसे गण धारण करना कल्पता है।

२. यदि योग्य भिक्षु गण धारण करना चाहे तो उसे स्थविरों की अनुमति के बिना गण धारण करना नही कल्पता है। यदि स्थविर अनुज्ञा प्रदान करें तो गण धारण करना कल्पता है। यदि स्थविर अनुज्ञा प्रदान न करे तो गण धारण करना नही कल्पता है।

यदि कोई स्थविरो की अनुज्ञा प्राप्त किये बिना ही गण धारण करता है तो वह उस मर्यादा-उल्लंघन के कारण दीक्षा-छेद या तप प्रायश्चित्त का पात्र होता है, किन्तु जो साधर्मिक साधु उसकी प्रमुखता मे विचरते है वे दीक्षा-छेद या तप प्रायश्चित्त के पात्र नही होते हैं।

1. In case a monk wants to become the head of a group but he does not have a family of disciples and is not well-read in *Agams* and the like, he is not allowed to become the head of the group. In case he is learned in scriptures and the like, he can become head of the group (*gana*).

2. In case a *bhikshu* wants to be the head of a group (*gana*), he is not allowed to do so without the consent of *Sthavirs*. In case *Sthavirs* grant him the permission, he can be the head of the group. In case *Sthavirs* do not grant the permission, he should not become the head of the group.

In case a monk declares himself as the head of the group without the consent of the *Sthavirs*, he is liable for *prayashchit* of break or reduction in period of initiation in monkhood or *prayashchit*-austerities due to crossing the limits laid down in the code. But those monks who belong to the same order and pass their ascetic life under his headship, they are

not liable for *prayashchit* of reduction in period of initiation or *prayashchit*-austerities

विवेचन : इस सूत्र मे गण धारण करने के इच्छुक श्रमण के लिए उसकी योग्यता आदि का विधान है। जो श्रमण साधु-समूह का प्रमुख या अग्रणी (सिंघाडपति) बनना चाहे वह पलिच्छन्न-अर्थात् शिष्य-सम्पदा और श्रुत-सम्पदा, दोनों से युक्त होना चाहिए। आवश्यक, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, आचारांग तथा निशीथसूत्र के मूल एव अर्थ का ज्ञाता हो वह श्रुत-सम्पन्न कहा जाता है।

दूसरे सूत्र मे बताया है, वह पलिच्छन्न श्रुत-सम्पदायुक्त भिक्षु भी सघ के स्थविरों (गणी, गणधर, आचार्य, उपाध्याय आदि पदवीधरों) की अनुमति-स्वीकृति लेकर ही समूह-प्रमुख बन सकता है। उन्हें बिना पूछे अथवा उनकी आज्ञा के विपरीत बनने पर वह गण की मर्यादा का उल्लघन करता है। मर्यादा उल्लंघन करने वाला तप प्रायश्चित्त अथवा दीक्षा-छेद का पात्र होता है। किन्तु उसकी प्रमुखता मे विचरने वाले अन्य साधु किसी दोष के भागी नही होते हैं। उन्हे कोई प्रायश्चित्त नहीं आता। से संतरा छेए वा परिहारे वा-द्वारा व्याख्याकार कहते है-वह अपने अपराध के लिए छेद अथवा परिहार तप के प्रायश्चित्त का पात्र होता है। साधु के लिए जो विधान है, वही साध्वी के लिए भी है।

Elaboration—In this aphorism, there is a provision of requisite qualification of a *bhikshu* who wants to become the head of a group The monk who wants to be chief of the ascetic organisation or head of a group of monks, he should have both (*palichhann*) the group of disciples and the wealth of scriptural knowledge A monk who is well read in *Avashyak, Dashavaikalik, Uttaradhyayan, Acharanga* and *Nisheeth Sutra*–both the text and the meaning thereof is called one having scriptural knowledge

It is mentioned in the second aphorism that even a *palichhann bhikshu* (one equipped with wealth of disciples and of scriptural knowledge) can become the head of the group or the organisation of monks only after obtaining the consent of *Sthavirs (Gani, Ganadhar, Acharya, Upadhyaya* and the like holding various posts in the organisation). In case he becomes the head without telling them or against their order, he transgresses the code of ascetic discipline. Such a monk who overlooks the limits laid down in the code is liable for *prayashchit*-austerities or reduction in period of initiation. But the monks who are in his fold or under his stewardship, are not liable for any fault and, therefore, they are not awarded any *prayashchit*. The commentator interprets the provision. **'Se Santara Chheye vaa pariharey vaa'** as that he is liable for *prayashchit* of reduction in period of initiation or for *prayashchit*-austerities for his sin. The provision for a Jain nun is the same as that for a Jain monk.

PROVISION REGARDING FITNESS FOR POST OF UPADHYAYA ETC.

३. तिवासपरियाए समणे निग्गंथे—आयारकुसले, संजमकुसले, पवयणकुसले, पण्णत्तिकुसले, संगहकुसले, उवग्गहकुसले, अक्खयायारे, अभिन्नायारे, असबलायारे, असंकिलिट्ठायारे, बहुस्सुए बब्भागमे, जहण्णेणं आयारप्पकप्पधरे, कप्पइ उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

४. सच्चेव णं से तिवासपरियाए समणे निग्गंथे नो आयारकुसले, नो संजमकुसले, नो पवयणकुसले, नो पण्णत्तिकुसले, नो संगहकुसले, नो उवग्गहकुसले, खयायारे, भिन्नायारे, सबलायारे, संकिलिट्ठायारे, अप्पसुए, अप्पागमे नो कप्पइ उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

५. पंचवासपरियाए समणे णिग्गंथे—आयारकुसले, संजमकुसले, पवयणकुसले, पण्णत्तिकुले, संगहकुसले, उवग्गहकुसले, अक्खयायारे, अभिन्नायारे, असबलायारे, असंकिलिट्ठायारे, बहुस्सुए, बब्भागमे, जहण्णेणं दसा—कप्प—ववहारधरे, कप्पइ आयरिय—उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

६. सच्चेण णं से पंचवासपरियाए समणे निग्गंथे—नो आयारकुसले, नो संजमकुसले, नो पवयणकुसले, नो पण्णत्तिकुसले, नो संगहकुसले, नो उवग्गहकुसले, खयायारे, भिन्नायारे, सबलायारे, संकिलिट्ठायारे, अप्पसुए, अप्पागमे नो कप्पइ आयरिय—उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

७. अट्ठवासपरियाए समणे निग्गंथे—आयारकुसले, संजमकुसले, पवयणकुसले,पण्णत्तिकुसले, संगहकुसले, उवग्गहकुसले, अक्खयायारे, अभिन्नायारे, असबलायारे, असंकिलिट्ठायारे, बहुस्सुए, बब्भागमे, जहण्णेणं ठाण—समवाय—धरे, कप्पइ आयरियत्ताए उवज्झायत्ताए गणावच्छेइयत्ताए उद्दिसित्तए।

८. सच्चेव णं से अट्ठवासपरियाए समणे णिग्गंथे नो आयारकुसले नो संजमकुसले, नो पवयणकुसले, नो पन्नत्तिकुसले, नो संगहकुसले, नो उवग्गहकुसले, खयायारे, भिन्नायारे, सबलायारे, संकिलिट्ठायारे, अप्पसुए अप्पागमे, नो कप्पइ आयरियत्ताए, उवज्झायत्ताए, गणावच्छेइयत्ताए उद्दिसित्तए।

३. तीन वर्ष की दीक्षा–पर्याय वाला श्रमण–निर्ग्रन्थ यदि–(१) आचारकुशल, (२) सयमकुशल, (३) प्रवचनकुशल, (४) प्रज्ञप्तिकुशल, (५) सग्रहकुशल, और (६) उपग्रह करने मे कुशल हो, तथा (७) अक्षत–चारित्र वाला, (८) अभिन्न–चारित्र वाला, (९) अशबल–चारित्र वाला, और (१०) असंक्लिष्ट आचार वाला हो, (११) बहुश्रुत, एवं (१२) बहुआगमज्ञ हो अर्थात् कम से कम आचार–प्रकल्प का धारक हो तो उसे उपाध्याय पद देना कल्पता है।

४. वही तीन वर्ष की दीक्षा–पर्याय वाला श्रमण–निर्ग्रन्थ यदि–(१) आचार, (२) सयम, (३) प्रवचन, (४) प्रज्ञप्ति, (५) संग्रह, और (६) उपग्रह में कुशल न हो, तथा (७) क्षत, (८) भिन्न, (९) शबल, और (१०) संक्लिष्ट आचार वाला हो, (११) अल्पश्रुत, एवं (१२) अल्प आगमज्ञ हो तो उसे उपाध्याय पद देना नहीं कल्पता है।

५. पाँच वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ यदि आचारकुशलता आदि ... पूर्वोक्त गुणो वाला हो, यावत् बहुआगमज्ञ हो एवं कम से कम दशाश्रुतस्कन्ध, बृहत्कल्प एवं व्यवहारसूत्र का धारक (सूत्र व अर्थ के रहस्यों का ज्ञाता) हो तो उसे आचार्य या उपाध्याय पद देना कल्पता है।

६. वही पाँच वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ यदि आचार आदि ... गुणो से हीन हो, अल्पश्रुत और अल्प आगमज्ञ हो तो उसे आचार्य या उपाध्याय पद देना नही कल्पता है।

७. आठ वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ यदि आचार आदि ... पूर्वोक्त गुणो से युक्त हो, बहुआगमज्ञ हो एव कम से कम स्थानाग-समवायागसूत्र का अर्थ सहित जानकार हो तो उसे आचार्य, उपाध्याय और गणावच्छेदक पद देना कल्पता है।

८. वही आठ वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ यदि आचार आदि ... उक्त गुणों से हीन या अल्पश्रुत और अल्प आगमज्ञ हो तो उसे आचार्य, उपाध्याय तथा गणावच्छेदक पद देना नहीं कल्पता है।

3. A monk having an experience of three years of ascetic life can be appointed as *Upadhyaya* if he is expert in ascetic conduct, expert in ascetic discipline, expert in spiritual discourse, expert in *prajnapti*, expert in collecting essentials, expert in doing *upagrah*, and who has unblemished ascetic conduct, the conduct without any reduction (due to *prayashchit*), faultless conduct, and a conduct which is free from any tribulations and who is learned in scriptures (*bahushrut*) and in *Agams*. In other words one who possesses at least the code of *Achar-prakalp*.

4. In case a monk has an experience of three years of ascetic life but is not meticulous in conduct, ascetic restraint, spiritual discourse *prajnapti*, collecting essentials, and in *upagrah* and has a conduct which is blemished, reduced in period of monkhood due to *prayashchit*, spotted of major fault, and derogatory and who has only a little knowledge of scriptures and *Agams*. Such a monk cannot be appointed as *Upadhyaya*.

5. In case a monk has a period of five years of monkhood and all the qualities of steadfastness in conduct and the like up to above-mentioned attributes and is expert in knowledge of scriptures and has studied at least *Dashashrut Skandh, Brihat-kalp* and *Vyavahar Sutra* (Knowledge of underlying idea of *Sutras* and their meaning), he can be appointed as *Acharya* or *Upadhyaya*

6. In case a monk has a period of five years of monkhood to his credit but is devoid of the above–said qualities of good conduct and the like and has only a little knowledge of scriptures and *Agams*, he cannot be appointed as *Acharya* or *Upadhyaya*.

7. A monk has a period of eight years of ascetic life to his credit. In case he has all the above-mentioned qualities of being expert in ascetic conduct and the like, has knowledge of *Agams*, at least of *Sthananga* and *Samavayanga Sutra* including their meaning, he can be appointed to the posts of *Acharya, Upadhyaya* and *ganavachhedak*.

8. A monk has a period of eight years of ascetic life to his credit. In case he does not have the above-mentioned qualities of being expert in ascetic conduct and the like or he has little knowledge of scriptures and *Agams*, he cannot be appointed as *Acharya, Upadhyaya* or *ganavachhedak*.

विवेचन : गच्छ या गण (संघ) मे अनेक साधु-साध्वियाँ होते हैं। उनके अध्ययन, आचार शुद्धि व सेवा आदि की व्यवस्था को उचित रूप मे सचालन करने के लिए अनेक जिम्मेदार पदवीधरों का होना भी आवश्यक है। कम से कम आचार्य और उपाध्याय इन दो पदवीधरो का होना तो अत्यावश्यक है।

इन पदवीधरो की योग्यता क्या, कैसी होनी चाहिए इस विषय मे उक्त सूत्रों में तथा उसके आधार पर भाष्य व टीका मे बहुत विस्तृत चर्चा है। सक्षेप मे उसका सार इस प्रकार है-

दीक्षा-पर्याय-दीक्षा की ज्येष्ठता व दीर्घकालीनता के अनुसार अनुभव, क्षमता, योग्यता तथा प्रभावशीलता का विकास होता है। उपाध्याय का काम मुख्य रूप से गण मे ज्ञान का विस्तार करना है। अतः उनकी दीक्षा-पर्याय कम से कम तीन वर्ष, आचार्य की पाँच वर्ष तथा गणावच्छेदक की कम से कम आठ वर्ष होनी चाहिए। आचार्य गण के अनुशास्ता भी होते है तथा शिष्यों को सूत्र व अर्थ की वाचना देने में भी समर्थ होते है। गणावच्छेदक आचार्य को गण सम्बन्धी चिन्ताओ से मुक्त रखते है। बाल, वृद्ध, तपस्वी व रुग्ण साधु-साध्वियो की सेवा, विचरण, वस्त्र-पात्र आदि वितरण व प्रायश्चित्त आदि का उत्तरदायित्व उन्हीं का होता है। अन्य गुणों का सक्षिप्त भाव इस प्रकार है-

१. **आचारकुशल**-ज्ञानाचार; ज्ञान-प्राप्ति आदि की सब विधियो के पारंगत, गण मे विनय, सेवा सम्बन्धी व्यवस्थाओ मे जो कुशल होता है, वह आचारकुशल है।

२. **संयमकुशल**-सत्रह प्रकार के शुद्ध सयम का पालन करने तथा दूसरो से पालन करवाने मे निपुण (दक्ष) तथा इन्द्रियविजयी होना सयमकुशलता है।

३. **प्रवचनकुशल**-जो जिनवचनो के समस्त रहस्यो का ज्ञाता एवं कुशल उपदेष्टा हो, वह प्रवचनकुशल है। जिसकी वाणी दूसरो को सद्बोध देने व जिनधर्म की प्रभावना करने मे सक्षम हो।

४. **प्रज्ञप्तिकुशल**-लौकिक शास्त्र, वेद, पुराण आदि एव स्व-सिद्धांत का जिसने सम्यक् प्रकार से अध्ययन कर लिया है, वह कुदर्शन का परित्याग कराने में समर्थ एव स्व-सिद्धांतो को समझाने मे कुशल भिक्षु "प्रज्ञप्तिकुशल" है।

५. **संग्रहकुशल**-द्रव्य से उपधि, शिष्यादि का और भाव से श्रुत एव अर्थ तथा गुणो का आत्मा में सग्रह करने में जो कुशल होता है।

६. **उपग्रहकुशल**-बाल, वृद्ध, रोगी, तपस्वी, असमर्थ साधु-साध्वियों को शय्या, आसन, उपधि, आहार, औषध आदि की उपलब्धि कराने, सघ मे सेवा-व्यवस्था आदि से सबकी सार-सँभाल रखने में जो निपुण होते है।

७. अक्षत–आचार–परिपूर्ण निर्दोष आचार का पालन करने वाला।

८. अभिन्नाचार–किसी प्रकार के अतिचारों का सेवन न करके पाँचो आचारों का परिपूर्ण पालन करने वाला।

९. अशबलाचार–विनय, व्यवहार, भाषा, गोचरी आदि में दोष न लगाने वाला अथवा शबल दोषों से रहित आचरण वाला।

१०. असंक्लिष्ट आचार–इहलोक-परलोक सम्बन्धी सुखो की कामना न करने वाला अथवा क्रोधादि का त्याग करने वाला सक्लेशरहित भिक्षु। "क्षत–आचार" आदि शब्दों का अर्थ इनसे विपरीत समझ लेना चाहिए।

११. बहुश्रुत–बहुआगमज्ञ–अनेक सूत्रो एव उनके अर्थों को जानने वाला 'बहुश्रुत या बहुआगमज्ञ' कहा जाता है। आगमो मे इन शब्दो का भिन्न-भिन्न अपेक्षा से प्रयोग हुआ है। यथा–(१) गम्भीरता, विचक्षणता एवं बुद्धिमत्ता आदि गुणो से युक्त। (२) अनेक सूत्रो का अभ्यासी (बहुआगमज्ञ)। (३) छेदसूत्रो में पारंगत (बहुश्रुत)। (४) आचार एवं प्रायश्चित्त विधानो मे कुशल।

जो अल्प बुद्धि, अत्यधिक भद्र, अल्प अनुभवी एव अल्प आगम–अभ्यासी होता है, वह 'अबहुश्रुत अबहुआगमज्ञ' कहा जाता है।

१२. आचार–प्रकल्पधर–यह शब्द आगमो मे अनेक स्थानो पर अनेक बार भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। भाष्यकार के तथा अन्य अनेक आगमो के सन्दर्भों पर चिन्तन करने वाले उपाध्याय श्री कन्हैयालाल जी म के अनुसार इसका भाव है–"आचारागसूत्र तथा निशीथसूत्र का ज्ञाता। आचाराग मे आचार सम्बन्धी विधान है, निशीथ मे उसका भग करने के प्रायश्चित्त का कथन है।"

सूत्र ३-४ में उपाध्याय पद योग्य भिक्षु के लिए इसके अध्ययन करने का और अर्थ सहित कण्ठस्थ धारण करने का विधान है। इसके कण्ठस्थ न होने पर वह उपाध्याय पद पर स्थापित करने के अयोग्य कहा गया है।

१३. दसा–कप्प–ववहारधरे–सूत्र ५-६ मे आचार्य पद के योग्यायोग्य का कथन करते हुए जघन्य पाँच वर्ष की दीक्षा–पर्याय एवं अन्य बहुश्रुत पर्यंत के सभी गुणो को कहकर कम से कम तीन छेदसूत्रो को धारण करना आवश्यक कहा है। ये तीन सूत्र है–'दसा' से दशाश्रुतस्कधसूत्र, 'कप्प' से बृहत्कल्पसूत्र और 'ववहार' से व्यवहारसूत्र। ये तीनों सूत्र चौदह पूर्वी प्रथम भद्रबाहु स्वामी द्वारा रचित (निर्यूढ) है।

१४. ठाण–समवायधरे–सूत्र ७-८ मे गणावच्छेदक पद के योग्यायोग्य भिक्षु का कथन करते हुए आठ वर्ष की दीक्षा–पर्याय एवं बहुश्रुत पर्यंत के सभी गुणो को कहकर कम से कम ठाणागसूत्र और समवायागसूत्र को कण्ठस्थ धारण करना आवश्यक कहा है।

(१) उपाध्याय के लिए–१. आवश्यकसूत्र, २ दशवैकालिकसूत्र, ३ उत्तराध्ययनसूत्र, ४. आचारागसूत्र, ५ निशीथसूत्र; यो कम से कम पाँच सूत्रो को कण्ठस्थ धारण करना अनिवार्य है।

(२) आचार्य के लिए–१ आवश्यक, २ दशवैकालिक, ३ उत्तराध्ययन, ४ आचाराग, ५ निशीथ, ६ सूत्रकृतांग, ७ दशाश्रुतस्कन्ध, ८. बृहत्कल्प, ९. व्यवहारसूत्र; यो कम से कम कुल ९ सूत्रो को कण्ठस्थ धारण करना आवश्यक है।

(३) गणावच्छेदक के लिए–उपर्युक्त ९ और ठाणांगसूत्र, समवायांगसूत्र, यो कम से कम ग्यारह सूत्रो को कण्ठस्थ धारण करना अनिवार्य है। *(व्यवहारसूत्र विवेचन, पृ ३१५-३२०)*

Elaboration—There are many monks in a *gachha* (group) or *gana* (spiritual organisation). It is essential to have many responsible monks appointed to the post for making suitable arrangement for studies of monks, their leading life of a unblemished conduct and their service and the like so that everything is in order. It is extremely important to fill the two posts of *Acharya* and *Upadhyaya*.

The above aphorisms lay down the qualities and capabilities necessary for these posts and in the *bhashya* and the commentary there is a detailed discussion on the basis of said aphorism. The sum and substance of the discussion is as follows–

Period of Monkhood—The experience, capability, fitness and effectiveness develops with the seniority in initiation and longevity in the period of monkhood The primary responsibility of *upadhyaya* is to extend knowledge of scriptures in the *gana* (group or the organisation). So his period of monkhood should be at least three years, the period of monkhood of *Acharya* should be at least of five years and in case of *ganavachhedak* it should be at least eight years An *Acharya* is the administrator of the organisation He is also capable of teaching *Sutras* and their meaning to his disciples. A *ganavachhedak* keeps the *Acharya* free from worries relating to the organisation (*gana*). He is responsible for ensuring proper attention to the newly initiated monks, the old monks, monks observing austerities, the monks and nuns who are suffering from any disease. He is also responsible for their wanderings, the pots, clothes and the like and their proper distribution and also for awarding *prayashchit* and the like for committing faults in ascetic discipline. The other qualities in brief are as under—

1. Acharkushal—Expert in ascetic conduct. One who knows all the methods of processing knowledge and the like. One who is expert in making suitable arrangements relating to service and ensures proper respect of each other in the organisation (*gana*).

2. Sanyamkushal—One who practices meticulously seventeen types of ascetic discipline himself and is well-trained in ensuring its practice by others.

3. Pravachankushal—One who knows well the interpretation of the word of *Tirthankars* and is expert in scriptural lectures. One whose method of addressing others is capable of transmitting right knowledge to others and in spreading true *Dharma*.

4. Prajnaptikushal—One who has properly studied worldly texts, *Vedas, Puranas* and the like and also the philosophy of *Jinas*. He is expert in making others to discard wrong perception or faith and properly understand the right knowledge and the real philosophy such a monk is called *prajnapti kushal.*

5. Sangrehkushal—One who is practically expert in collecting disciples and the material needed for properly leading the ascetic life and from the real point of view is expert in enshrining scriptural knowledge, its real meaning and qualities mentioned there in his self.

6. Upagrahkushal—One who is expert in ensuring that the newly initiated, the old, the diseased, those undergoing austerities and the incapables get the bed, the bedding, the relevant material for ascetic life, the food, the medicine and the like they need. He further ensures proper arrangements of service in the organisation and proper attention of every one in the fold

7. Akshatachar—One whose ascetic conduct is totally faultless.

8. Abhinnachar—One who has not practiced any type of digression in the ascetic discipline and who meticulously practices five types of ascetic behaviour in full.

9. Ashabalachar—One who does not commit any fault in practice of humility, in daily behaviour, in use of language and in collecting food and the like. One whose conduct is free from major (*shabal*) faults.

10. Asanklishtachar—One who does not have any desire for worldly pleasures in the present life and in the life thereafter. A monk who has discarded all the passions namely anger and the like. The meaning of the word *'Kshatachar'* should be understood as opposite to the above-said.

11. Bahushrut-Bahu Agamajna—One who has thoroughly studied many scriptures and their interpretations is called *bahushrut* or *Agamajna*. In *Agams* these words have been used in different contexts namely—(1) One who possesses various qualities such as serenity, sharp intellect, wisdom and the like, (2) One who has repeatedly studied many scriptural texts (*bahu Agamajna*), (3) One who has expert knowledge of *Chhed Sutras* (*bahu shrut*), (4) One who is expert in the knowledge about ascetic conduct and the procedure laid down for *prayashchit*.

One who has low intellect, who has very little experience, who is too simple and who has very shallow knowledge of *Agams* is called *Abahushrut, Abahu Agamajna.*

12. Acharprakalpadhar—This word has been used in the *Agams* frequently in different context. According the author of *bhashya* and Upadhyaya Shri Kanhaiyalal ji Maharaj who has reflected on it with reference to many *Agams*, its interpretation is—"One who has thorough knowledge of *Acharang Sutra* and *Nisheeth Sutra*. In *Acharang Sutra* the code relating to ascetic conduct has been laid and in *Nisheeth Sutra* there is detailed description of the *prayashchit* for incurring fault in the practice of ascetic conduct.

In aphorism 3 and 4 there is a provision that a *bhikshu* who is fit to be appointed as *Upadhyaya* should study them and memorise them including their meaning. In case he is not able to memorise them, he is unfit for the post of *Upadhyaya*.

13. Dasa-kapp-Vavahardhare—In aphorisms 5 and 6 while discussing fitness or not for the post of *Acharya*, it is mentioned that he should have at least five years experience of ascetic life and the above-said qualities up to being a *bahushrut*. Further it is essential that he should have deep knowledge of at least three *Chhed Sutras*. These three *sutras* are *Dashashrut Skandh (Dasa), Brihat-kalp Sutra (kapp)* and *Vyavahar Sutra (Vavahar)*. All these *Sutras* were authored by first Bhadrabahu Swami who had knowledge of fourteen *purvas*.

14. Thaan Samavayadhare—In aphorisms 7 and 8 while discussing the qualities of a *bhikshu* for determining his fitness or not for the post of *ganavachhedak*, it is clearly stated that he should have at least eight years experience of ascetic life, all the above-said qualities upto being a *bahushrut* and must have memorized at least *Sthananga Sutra* and *Samvayanga Sutra*.

(1) For the post of *Upadhyaya*, one must essentially have memorized at least five *Sutras* namely—*Avashyak Sutra, Dashavaikalik Sutra, Uttaradhyayan Sutra, Acharanga Sutra* and *Nisheeth Sutra*.

(2) For the post of *Acharya*, it is essential that one must have memorized at least nine *Sutras* namely—*Avashyak Sutra, Dashavaikalik Sutra, Uttaradhyayan Sutra, Acharanga Sutra, Nisheeth Sutra, Sutra Kritanga, Dashashrutskandh, Brihat-kalp* and *Vyavahar Sutra*.

(3) For the post of *ganavachhedak*, it is essential that one has memorized at least eleven *sutras* namely—the nine above : mentioned, *Thananga Sutra* and *Samvayanga Sutra*. (*Commentary of Vyavahar Sutra, pp 315-320*)

अल्प दीक्षा–पर्याय वाले को पद देने का विधान

PROVISION OF ASSIGNING A POST TO MONK OF BRIEF INITIATION PERIOD

९. निरुद्धपरियाए समणे निग्गंथे कप्पइ तद्दिवसं आयरिय–उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

[प्र.] से किमाहु भंते।

[उ.] अत्थि णं थेराणं तहारूवाणि कुलाणि, कडाणि, पत्तियाणि, थेज्जाणि, वेसासियाणि, सम्मयाणि, सम्मुइकराणि, अणुमयाणि, बहुमयाणि भवंति। तेहिं कडेहिं, तेहिं पत्तिएहिं, तेहिं थेज्जेहिं, तेहिं वेसासिएहिं, तेहिं सम्मएहिं, तेहिं सम्मुइकरेहिं, तेहिं अणुमएहिं, तेहिं बहुमएहिं। जं से निरुद्धपरियाए समणे निग्गंथे कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए तद्दिवसं।

१०. निरुद्धवासपरियाए समणे णिग्गंथे कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए, समुच्छेयकप्पंसि। तस्स णं आयारपकप्पस्स देसे अवट्ठिए, से य अहिज्जिस्सामि त्ति अहिज्जेज्जा, एवं से कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

से य अहिज्जिस्सामि त्ति नो अहिज्जेज्जा, एवं से नो कप्पइ आयरिय–उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

९. निरुद्ध (अल्प या अत्यल्प) दीक्षा–पर्याय वाला श्रमण–निर्ग्रन्थ जिस दिन दीक्षित हो, उसी दिन उसे आचार्य या उपाध्याय पद देना कल्पता है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है ?

[उ.] स्थविरो के द्वारा तथारूप से (१) भावित, (२) प्रीतियुक्त, (३) स्थिर, (४) विश्वस्त, (५) सम्मत, (६) प्रमुदित, (७) अनुमत, और (८) बहुमत अनेक कुल होते है। उन भावित, प्रीतियुक्त, स्थिर, विश्वस्त, सम्मत, प्रमुदित, अनुमत और बहुमत कुल से दीक्षित जो निरुद्ध (अल्प) पर्याय वाला श्रमण–निर्ग्रन्थ है, उसे उसी दिन आचार्य या उपाध्याय पद देना कल्पता है।

१०. आचार्य या उपाध्याय के कालधर्म–प्राप्त (मरण) हो जाने पर निरुद्ध (अल्प) वर्ष पर्याय वाले श्रमण–निर्ग्रन्थ को आचार्य या उपाध्याय पद देना कल्पता है। उसके आचार–प्रकल्प का कुछ अंश अध्ययन करना शेष हो और वह अध्ययन पूर्ण करने का संकल्प रखकर पूर्ण कर ले तो उसे आचार्य या उपाध्याय पद देना कल्पता है।

किन्तु यदि वह शेष अध्ययन पूर्ण करने का सकल्प रखकर भी उसे पूर्ण न करे तो उसे आचार्य या उपाध्याय पद देना नहीं कल्पता है।

9. A monk who has brief and very brief period of monkhood (*niruddh*) to his credit, he can be assigned the post of *Acharya* or *Upadhyaya* even on the very day of his initiation.

[Q.] '*Bhagavan* ! What is the underlying reason for it ?

[Ans.] There are many families which are truly influenced, devoted, stabilized in philosophical thought, trustworthy, agreeable, ecstatically

pleased depending upon and mostly depending upon *Sthavirs*. In case a person from such families gets initiated in monkhood, he can be appointed as *Acharya* or *Upadhyaya* on the very day of initiation although his period of monkhood is very nominal (*niruddh*).

10. When an *Acharya* or *Upadhyaya* dies, a monk of a very little period of monkhood can be appointed at that post. In case he has yet to complete study of some part of the code of ascetic conduct (*Achar prakalp*) and he is with a strong determination of completing its study, he can be appointed as *Acharya* or *Upadhyaya*.

But if he is not able to complete it even after a strong will to complete it, he cannot be appointed *Acharya* or *Upadhyaya*.

विवेचन : पूर्व के सूत्र ३ से ८ तक मे आचार्य पद देने योग्य भिक्षु के गुणो का वर्णन करते हुए उत्सर्ग विधि (सामान्य नियम) का कथन किया गया है। इन ९-१० दो सूत्रो मे दीक्षा-पर्याय एव श्रुत-अध्ययन सम्बन्धी अपवाद विधि (विशेष परिस्थिति) का कथन किया है। अर्थात् पूर्व सूत्रों में उपाध्याय एवं आचार्य पद के लिए कम से कम तीन वर्ष एवं पाँच वर्ष की दीक्षा-पर्याय का होना अनिवार्य कहा गया है और इन सूत्रों मे उसी दिन के दीक्षित भिक्षु को या सूत्र कथित वर्षों से कम वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले को अथवा आवश्यक श्रुत-अध्ययन अपूर्ण हो ऐसे भिक्षु को भी परिस्थितिवश आचार्य-उपाध्याय पद देने का विधान किया है।

इन सूत्रो का तात्पर्य यह है कि यदि किसी मे सूत्रोक्त पद के योग्य अन्य सभी गुण हो तो किसी विशेष परिस्थिति मे श्रुत-धारण की या दीक्षा-पर्याय की अपूर्णता को नगण्य किया जा सकता है, क्योंकि अन्य सभी गुण विद्यमान होने से श्रुत और दीक्षा-पर्याय की कमी की पूर्ति तो पद देने के बाद भी हो सकती है।

नौवे सूत्र मे उसी दिन के दीक्षित भिक्षु को पद देने का कथन करते हुए उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि को ध्यान मे रखकर कहा है कि ऐसे गुण-सम्पन्न कुलों से दीक्षित होने वाले भिक्षु को उसी दिन पद देने में कोई बाधा नही है।

भाष्यकार के अनुसार इन सूत्रों मे दो प्रकार की गण-स्थिति को लक्ष्य में रखकर कथन किया गया है-

(१) गण मे रहे हुए साधुओ में सर्वानुमत एव अनुशासन-व्यवस्था सँभालने योग्य कोई भी साधु नहीं हो, उस समय किसी योग्य भावित कुल के प्रतिभा-सम्पन्न दीक्षित व्यक्ति को पद दिया जा सकता है।

(२) गण मे दीर्घ दीक्षापर्याय वाले एवं श्रुतसम्पन्न साधुओं में कोई भी पद-योग्य नहीं हो, किन्तु अल्पपर्याय वाला एवं अपूर्ण श्रुत ज्ञान वाला भिक्षु योग्य हो तो ऐसी परिस्थितियों में उसे पद पर नियुक्त किया जा सकता है।

नवदीक्षित भिक्षु के आवश्यक पारिवारिक गुण

१. **भावित**-धर्मभावना से भावित कुल। २. **पत्तियाणि**-विनय-सम्पन्न कुल। ३. **थेज्जाणि**-गच्छ में प्रीति होने से गच्छ के कार्य-सम्पादन में प्रमाणभूत। ४. **वेसासियाणि**-गच्छ के समस्त साधुओं के विश्वास योग्य। ५. **सम्मयाणि**-संघ के अनेक कार्यों में इष्ट/सम्मत। ६. **सम्मुइकराणि**-गच्छ में उत्पन्न क्लेश को शान्त करके गच्छ को प्रसन्न रखने वाले। ७. **अणुमयाणि-बहुमयाणि**-गच्छ में रहने वाले बाल, ग्लान, वृद्ध आदि सभी को मान्य, बहुमान्य आदेय वचन वाले। ८. **तेहिं कडेहिं जाव तेहिं बहुमएहिं**-ऐसे भावित यावत् सबको मान्य परिवार वाले

सदस्यों में से कोई दीक्षा लेने वाला भिक्षु हो तो उसे उसी दिन दीक्षा देकर आचार्य-उपाध्याय पद दिया जा सकता है। *(विस्तृत जानकारी के लिए हिन्दी विवेचन, देखें-पृ ३२२-३२४)*

Elaboration—In the earlier aphorisms 3 to 8 while narrating the qualities of a *bhikshu* who is fit to be appointed as *Acharya*, the general rule has been enunciated In the two aphorisms namely aphorism 9 and 10 the period of monkhood and the provision relating to study has been stated which is meant for exceptional situation In other words, in earlier aphorisms it has been made compulsory that the person to be appointed as *Upadhyaya* should have monkhood period of at least three years and for the post of *Acharya* of at least five years But in these aphorisms there is a provision of appointing a newly initiated *bhikshu* on the very day of initiation or one with a lesser period of monkhood than the one stated in earlier aphorisms as *Acharya* or *Upadhyaya* in exceptional circumstances in view of that particular situation although he has not completed the study of scriptures as required for such posts

The essence of these aphorisms is that in case a monk has all the qualities required for the post of *Acharya* or *Upadhyaya* his non-completion of prescribed scriptural study and required period of monkhood can be ignored in exceptional circumstances It is because when he fulfils all other qualifications, the scriptural study and the gap in required life of monkhood can be completed by him even after holding that post.

In the ninth aphorism, keeping in view the family background of the monk concerned it has been provided that he can be offered the post on the very day of initiation. In case a person is being initiated in monkhood from families that are worthy (in philosophical thought and conduct), there is no bottleneck in offering him the post (of *Acharya* or *Upadhyaya*) on that very day.

According to the author of *bhashya*, the description in these aphorisms is on the basis of two types of situation in the *gana* (group)—

(1) No monk, is available in the group, who is acceptable to all the members of the group, to be appointed to that post and who is capable of running the administration. In such a situation, the post can be offered to an illustrious newly initiated monk who is coming from a devoted praiseworthy family.

(2) No monk out of those who have long period of monkhood and rich study of scriptures is fit for holding the post but a monk who has only a

very brief period of monkhood to his credit and whose study of scriptures is also not complete is capable of providing good administration. In that situation, he can be appointed to that post.

Essential family qualities of a newly initiated Monk (1) *Bahvit*—A family of rich spiritual tradition, (2) *Pattiyani*—Humility, (3) *Thejjani*—Expert in performing gachha activities due to congeniality, (4) *Vesasiyani*—Trustworthy of all the monks, (5) *Samsuayani*—Respected in many activities of the organization, (6) *Samnuikarani*—Expert in pacifying disputes and keeping all happy, (7) *Anumayani-vahumayani*—Talking humbly to diseased, old and the like, (8) *Tehim kadehim java tehim bahumayehim*—In case from any such families or these acceptable and respected by all, a person gets initiated, he can be appointed *Acharya* or *Upadhyaya* on that way day.

आचार्य के नेतृत्व बिना रहने का निषेध
PROHIBITION OF REMAINING WITHOUT LEADERSHIP OF AN ACHARYA

११. निग्गंथस्स णं नव-डहर-तरुणस्स आयरिय-उवज्झाए वीसुंभेज्जा, नो से कप्पइ अणायरिय-उवज्झाइए होत्तए। कप्पइ से पुव्वं आयरियं उद्दिसावेत्ता तओ पच्छा उवज्झायं।

[प्र.] से किमाहु भंते ?

[उ.] दु-संगहिए समणे निग्गंथे, तं जहा-१. आयरिएण य, २. उवज्झाएण य।

१२. निग्गंथीए णं नव-डहर-तरुणीए आयरिय-उवज्झाए, पवत्तिणी य वीसुंभेज्जा, नो से कप्पइ अणायरिय-उवज्झाइयाए अपवित्तिणियाए होत्तए। कप्पइ से पुव्वं आयरियं उद्दिसावेत्ता तओ उवज्झायं तओ पच्छा पवत्तिणिं।

[प्र.] से किमाहु भंते ?

[उ.] ति-संगहिए समणी निग्गंथी, तं जहा-१. आयरिएण य, २. उवज्झाएण य, ३. पवत्तिणीए य।

११. नवदीक्षित, बालक या तरुण निर्ग्रन्थ के आचार्य और उपाध्याय की यदि मृत्यु हो जाए तो उसे आचार्य और उपाध्याय के बिना रहना नही कल्पता है। उसे पहले आचार्य की और बाद मे उपाध्याय की निश्रा (अधीनता) स्वीकार करके ही रहना चाहिए।

[प्र.] हे भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है ?

[उ.] श्रमण-निर्ग्रन्थ को (१) आचार्य, और (२) उपाध्याय; इन दो के नेतृत्व में ही रहना चाहिए।

१२. नवदीक्षिता, बालिका या तरुणी निर्ग्रन्थी के आचार्य, उपाध्याय और प्रवर्तिनी की यदि मृत्यु हो जाये तो उसे आचार्य, उपाध्याय और प्रवर्तिनी के बिना रहना नही कल्पता है। उसे पहले आचार्य की, बाद में उपाध्याय की और पश्चात् प्रवर्तिनी की निश्रा (अधीनता) स्वीकार करके ही रहना चाहिए।

[प्र.] हे भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है ?

[उ.] श्रमणी-निर्ग्रन्थी-(१) आचार्य, (२) उपाध्याय, और (३) प्रवर्तिनी; इन तीन के नेतृत्व में ही रहती है।

11. In case the *Acharya* or *Upadhyaya* of a newly initiated monk, a monk with insufficient scriptural knowledge or of a young monk dies, he is not allowed to pass on his life of monkhood without an *Acharya* or *Upadhyaya*. He should first accept guardianship of an *Acharya* and thereafter of an *Upadhyaya*.

[Q.] *Bhagavan* ! Why is it so ?

[Ans.] A Jain monk should always remain under the leadership of the two namely *Acharya* and *Upadhyaya*.

12. In case the *Acharya, Upadhyaya* or the head nun (*pravartini*) of a newly initiated nun, a nun with insufficient scriptural knowledge or of a young nun dies, she is not to pass on her further period of ascetic restraint without (the leadership of) an *Acharya, Upadhyaya* or head nun (*pravartini*). She should first accept guardianship of an *Acharya*, thereafter of an *Upadhyaya* and later of the head nun (*pravartini*).

[Q.] *Bhagavan* ! Why is it so ?

[Ans.] A Jain nun always remains only in the guardianship of *Acharya, Upadhyaya* and the *pravartini*.

विवेचन : नव, डहर, तरुण की व्याख्या भाष्य मे इस प्रकार की है–

तिवरिसो होइ नवो, आसोलसगं तु डहरगं बेंति।
तरुणो चत्तालीसो, सत्तरि उण मज्झिमो, थेरओ सेसो॥ (व्यवहारभाष्य, गाथा १५७७)

तीन वर्ष की दीक्षा-पर्याय पर्यंत नवदीक्षित कहा जाता है। चार वर्ष से लेकर सोलह वर्ष की उम्र पर्यंत डहर-बाल (किशोर), सोलह वर्ष की उम्र से लेकर चालीस वर्ष पर्यंत तरुण और सत्तर वर्ष मे एक कम अर्थात् उनसत्तर (६९) वर्ष पर्यंत मध्यम (प्रौढ) कहा जाता है। सत्तर वर्ष से आगे शेष सभी वय वाले स्थविर कहे जाते हैं। (व्यव , उ. १०; ठाणं, अ. ३ के अनुसार) साठ वर्ष वाले को स्थविर कहा जाता है।

उक्त दोनों सूत्रों का तात्पर्य यह है कि प्रत्येक गच्छ मे चाहे गच्छ छोटा हो या बडा हो, आचार्य, उपाध्याय दो पदवीधर होना आवश्यक है। क्योंकि आचार्य के नेतृत्व से इनकी संयम-समाधि रहती है और उपाध्याय के नेतृत्व से इनका आगमानुसार व्यवस्थित अध्ययन होता है।

इसी प्रकार साध्वियाँ भी चाहे ५-१० हों, जिनके कोई आचार्य, उपाध्याय या प्रवर्तिनी न हो या उन्होंने किसी परिस्थिति से गच्छ का त्याग कर दिया हो और उनमें नव, डहर, तरुण, साध्वियाँ हों तो उन्हें भी किसी आचार्य और उपाध्याय की निश्रा स्वीकार करना आवश्यक है एव अपनी प्रवर्तिनी नियुक्त करना भी आवश्यक है। अन्यथा उनका विहार भी आगम-विरुद्ध है।

आगम के इस विधान से यह भी सूचित होता है कि तीन वर्ष की दीक्षा-पर्याय और चालीसवें वर्ष की उम्र के पहले किसी भी प्रकार का एकलविहार या गच्छ-त्याग करना उचित नहीं है और वह आगम-विपरीत है।

Elaboration—The interpretation of *Nav, Dahar* and *Tarun* in the *bhashya* is as under—

A monk upto three years of monkhood to his credit is called newly initiated (*nav dikshit*). A monk is called *dahar* if his period of monkhood is in the range of four years to sixteen years. He is called *tarun* if his period if monkhood is from sixteen years upto forty years and he is called *praudh* (experienced) if his period of monkhood is more than forty years till he is sixty nine years. All the monks beyond seventy years are called *Sthavirs*. (According to *Vyavahar Sutra Uddeshak* 10 and *Thananga* Chapter 3) a monk whose age is sixty years is called *Sthavir*.

The purport of these two aphorisms is that it is essential for every *gachha* (group) to have two posts namely of *Acharya* and *Upadhyaya* irrespective of the fact whether the number of its members is small or large. It is because they can undergo life of ascetic equanimity under the guardianship of an *Acharya* and their scriptural study can progress smoothly under the guidance of *Upadhyaya*.

Similarly Jain nuns who have discarded their group (*gachha*) due to any reason and among whom there are newly initiated *dahar* and *tarun* nuns, it is essential that they should accept the guardianship of an *Acharya* and a *Upadhyaya* in case they do not have any *Acharya, Upadhyaya* or *pravartini* among them. It is also essential that they should appoint their pravartini. In case they do not follow this rule, their movement and passing on of ascetic life is against the code laid down in *Agams* even if their number is five to ten.

This provision in the *Agams* indicates that for a monk who has just three years of monkhood to his credit and who has not completed forty years of age, it is not proper to discard his group (*gachha*) and to move alone. His such conduct is against the *Agamic* code.

अब्रह्मसेवी को पद देने के विधि-निषेध

PROCEDURE OF OFFERING/PROHIBITING A POST OF MONK INVOLVED IN SEX RELATED SIN

१३. भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म मेहुणधम्मं पडिसेवेज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

तिहिं संवच्छरेहिं बीइक्कंतेहिं चउत्थगंसि संवच्छरंसि पट्ठियंसि ठियस्स, उवसंतस्स, उवरयस्स, पडिविरयस्स, निव्विगारस्स, एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१४. गणावच्छेइए य गणावच्छेयत्तं अनिक्खिवित्ता मेहुणधम्मं पडिसेवेज्जा, जावज्जीवाए तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१५. गणावच्छेइए य गणावच्छेइयत्तं निक्खिवित्ता मेहुणधम्मं पडिसेवेज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

तिहिं संवच्छरेहिं बीइक्कंतेहिं चउत्थगंसि संवच्छरंसि पट्ठियंसि ठियस्स उवसंतस्स, उवरयस्स, पडिविरयस्स, निव्विगारस्स, एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१६. आयरिय-उवज्झाए य आयरिय-उवज्झायत्तं अनिक्खिवित्ता मेहुणधम्मं पडिसेवेज्जा, जावज्जीवाए तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१७. आयरिय-उवज्झाए य आयरिय-उवज्झायत्तं निक्खिवित्ता मेहुणधम्मं पडिसेवेज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

तिहिं संवच्छरेहिं बीइक्कंतेहिं चउत्थगंसि संवच्छरंसि पट्ठियंसि ठियस्स उवसंतस्स, उवरयस्स, पडिविरयस्स, निव्विगारस्स, एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१३. यदि कोई भिक्षु गण को छोडकर (गण से बाहर होकर) मैथुन-सेवन करे तो उसे उक्त कारण से तीन वर्ष पर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या उसको धारण करना नही कल्पता है।

तीन वर्ष व्यतीत होने पर और चौथा वर्ष प्रारम्भ होने पर यदि उसकी वासना शान्त हो जाए, मैथुन की प्रवृत्ति से निवृत्त, मैथुन-सेवन से ग्लानि प्राप्त और पूर्ण रूप से विकाररहित हो जाए तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है।

१४. यदि कोई गणावच्छेदक अपना पद छोडे बिना मैथुन-सेवन करे तो उसे उक्त कारण से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या इसे धारण करना नहीं कल्पता है।

१५. यदि कोई गणावच्छेदक अपना पद छोडकर मैथुन-सेवन करे तो उसे तीन वर्ष पर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

तीन वर्ष व्यतीत होने पर और चौथे वर्ष में प्रवेश करने पर यदि वह उपशान्त, उपरत, प्रतिविरत और निर्विकार हो जाए तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है।

१६. यदि कोई आचार्य या उपाध्याय अपने पद को छोडे बिना मैथुन-सेवन करे तो उसे यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

१७. यदि कोई आचार्य या उपाध्याय अपने पद को छोडकर मैथुन-सेवन करे तो उसे तीन वर्ष पर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

तीन वर्ष व्यतीत होने पर और चौथे वर्ष में प्रवेश करने पर यदि वह उपशान्त, उपरत, प्रतिविरत और निर्विकार हो जाए तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है।

13. In case a *bhikshu* leaving his group engages himself in sex, he cannot be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* for three years. He cannot be on such post for that period.

After the expiry of three years and the beginning of the fourth year, if his sexual urge subsides, his sexual activity completely comes to an end and he despises engaging in sex and becomes completely free from any suchlike instinct, he can be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* or he can accept such post.

14. In case a *ganavachhedak* without leaving his post engages in sex, he can not be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout his life due to that fault nor he can remain on any such post.

15. A *ganavachhedak* after leaving his post engages in sex. Then he can neither be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* for a period of three year nor he can remain on any such post during that period.

After the expiry of the period of three years and the start of the fourth year if his sexual urge subsides, ends and he despises engaging in sex and becomes totally void of sexual instinct, he can be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* or he can hold any such post.

16. In case any *Acharya* or *Upadhyaya* without leaving his post engages in sex he cannot be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* nor he can hold any such post throughout his life.

17. In case any *Acharya* or *Upadhyaya* after resigning his post engages in sex, he cannot be appointed for three years on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* nor he can hold any such post during that period.

After the expiry of three years and with the beginning of fourth year if his sexual urge subsides, ends and he starts despising engagement in sex and becomes totally void of sexual instinct, then he can be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* and he can hold any such post.

विवेचन : प्रश्न होता है-निशीथ, उ. ६-७ में ब्रह्मचर्य महाव्रत मे अतिचार एवं अनाचार लगाने का गुरुचौमासी प्रायश्चित्त कहा गया है और यहाँ केवल आचार्य आदि पदवियाँ न देने के रूप मे प्रायश्चित्त कहे गये हैं। इसका क्या अर्थ है?

समाधान है–

मैथुन–सेवन करने वाले को निशीथसूत्रोक्त गुरुचौमासी प्रायश्चित्त तो आता ही है; साथ ही वह तीन वर्ष या उससे अधिक वर्ष अथवा जीवनभर के लिए आचार्यादि पद के अयोग्य हो जाता है, यह इन सूत्रो में विशेष रूप से कहा गया है।

जो भिक्षु सयम–वेश मे रहते हुए स्त्री के साथ एक बार या अनेक बार मैथुन–सेवन कर लेता है तो वह आचार्य आदि पदो के योग्य गुणों से सम्पन्न होते हुए भी कम से कम तीन वर्ष तक पद धारण करने के अयोग्य हो जाता है। मैथुन–सेवन के बाद या प्रायश्चित्त से शुद्धि कर लेने के पश्चात् सर्वथा मैथुन भाव से निवृत्त हो जाता है और तीन वर्ष पर्यन्त वह निष्कलंक जीवन व्यतीत करता है, तो उस भिक्षु की अपेक्षा से यह जघन्य मर्यादा है।

आचार्य, उपाध्याय या गणावच्छेदक आदि गच्छ में एव समाज में अत्यधिक प्रतिष्ठित होते हैं तथा ये अन्य साधु–साध्वियो के लिए आदर्श रूप होते हैं। पद पर प्रतिष्ठित होने से इन पर जिनशासन का विशेष दायित्व होता है। उपलक्षण से इन तीन के अतिरिक्त प्रवर्त्तक, प्रवर्तिनी आदि पदों के लिए भी समझ लेना चाहिए।

इन पदवीधरो के द्वारा पद पर रहते हुए मैथुन–सेवन करना अक्षम्य अपराध है। संघ की विशेष हीलना होती है। अत· बिना किसी विकल्प के जीवनभर वे किसी भी पद को धारण नहीं कर सकते। पद–प्राप्ति की अर्हता मे यह विशेष नैतिक मर्यादा है।

इससे तथा आचारागसूत्र मे कथित विधानो से यह भी स्पष्ट होता है कि दीक्षा लेने के पश्चात् मोह की प्रबलतावश यदि कोई ब्रह्मचर्य का पालन नहीं कर सके तो उसे साधु–जीवन को व सघ को कलंकित करने के बजाय गृहस्थ–जीवन अपनाकर धर्माराधना करना श्रेयस्कर है।

प्रस्तुत सूत्र मे आए उद्दिसित्तए और धारित्तए; इन दो पदो का आशय यह है कि अब्रह्मसेवी भिक्षु को पद पर नियुक्त नहीं करना चाहिए और यदि जानकारी के अभाव मे कोई उसको पद पर नियुक्त कर भी दे तो स्वय उसे स्वीकार नहीं करना चाहिए। यह उसका भी कर्त्तव्य है।

Elaboration—A question arises–In *Nısheeth Sutra, Uddeshak* 6 to 7, it is stated that one who commits a mınor (*atıchar*) or major fault (*anachar*) in his major vow of celibacy, he shall be liable for *guru–chaumasi prayashchit* (reduction in period of monkhood) but here the *prayashchit* mentioned is only of offering or not offering the post of *Acharya* and others. Why is it so ?

Clarification is as under—

A monk who engages in sex is liable for *guru–chaumasi prayashchit* as mentioned in *Nisheeth Sutra.* Simultaneously he becomes unfit for the posts of *Acharya* and others for a period of three years or more or for the entire life (as detailed above). This has been specially mentioned in these aphorisms.

A *bhikshu* in ascetic uniform engages in sex with a woman once or many times. In view of it he becomes unfit for holding the post of

Acharya and others for at least a period of three years even if he possesses all other characteristics necessary for such posts. In case after engaging in sex and undergoing *prayashchit* for cleansing his sin he totally discards sexual instinct, and spends faultless life for a period of three years, then this is the minimum period of restriction in the context of that *bhikshu*.

Acharya, Upadhyaya or *ganavachhedak* command a very great respect in the group (*gachh*) and in the society. They are ideal for other monks and nuns. They have a great responsibility of administration in the order of *Jinas* in view of the post they hold. As a corollary, it should also be understood in respect of posts other than the said three namely those of *pravartak, pravartini* and others.

The sin of sex committed by them while holding such posts is such which cannot be pardoned So without any exception, they cannot hold any post throughout life. This is a special ethical requirement in consonance with the desired post.

It is evident from it and from the provision in *Acharanga Sutra* that after initiation in monkhood, in case an ascetic cannot practice the major vow of *brahmcharya* due to strong instinct of attachment (or delusion), it is better for him to adopt the life of a householder and practice *Dharma* as such rather than bringing bad name to the life of monkhood and the organisation as a whole

The words **uddisithiye** and **dharithiye** in the present aphorism mean that a *bhikshu* who engages in sex should not be appointed on a post and in case due to lack of such knowledge, some such monk is appointed on a post, he should not accept it. It is also one of his duties.

संयम त्यागकर जाने वाले को पद के विधि-निषेध

PROCEDURE OF APPOINTING OR NOT A MONK AT A POST WHO LEFT AFTER LEADING ASCETIC LIFE

१८. भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म ओहाएज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

तिहिं संवच्छरेहिं वीइक्कंतेहिं चउत्थगंसि संवच्छरंसि पट्ठियंसि ठियस्स, उवसंतस्स, उवरयस्स, पडिविरयस्स, निव्विगारस्स एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१९. गणावच्छेइए य गणावच्छेइयत्तं अनिक्खिवित्ता ओहाएज्जा, जावज्जीवाए तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२०. गणावच्छेइए य गणावच्छेइयत्तं निक्खिवित्ता ओहाएज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

तिहिं संवच्छरेहिं वीइक्कंतेहि, चउत्थगंसि संवच्छरंसि पट्ठियंसि ठियस्स, उवसंतस्स, उवरयस्स, पडिविरयस्स, निव्विगारस्स एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२१. आयरिय-उवज्झाए य आयरिय-उवज्झायत्तं निक्खिवित्ता ओहाएज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२२. आयरिय-उवज्झाए य आयरिय-उवज्झायत्तं निक्खिवित्ता ओहाएज्जा, तिण्णि संवच्छराणि तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

तिहिं संवच्छरेहिं वीइक्कंतेहि चउत्थगंसि संवच्छरंसि पट्ठियंसि ठियस्स, उवसंतस्स, उवरयस्स, पडिविरयस्स, निव्विगारस्स एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१८. यदि कोई **भिक्षु गण एवं संयम का परित्याग करके** और वेश को छोडकर के चला जाए और बाद मे पुनः दीक्षित हो जाए तो उसे उक्त कारण से तीन वर्ष पर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

तीन वर्ष व्यतीत होने पर और चौथे वर्ष मे प्रवेश करने पर यदि वह उपशान्त, उपरत, प्रतिविरत और निर्विकार हो जाए तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना तथा धारण करना कल्पता है।

१९. यदि कोई **गणावच्छेदक अपना पद छोड़े बिना सयम** का परित्याग करके और वेश छोडकर चला जाए और बाद मे पुन. दीक्षित हो जाए तो उसे उक्त कारण से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

२०. यदि कोई **गणावच्छेदक अपना पद छोड़कर** तथा संयम का परित्याग करके और वेश छोडकर चला जाए और बाद मे पुन. दीक्षित हो जाए तो उसे उक्त कारण से तीन वर्ष पर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

तीन वर्ष व्यतीत होने पर और चौथे वर्ष मे प्रवेश करने पर यदि वह उपशान्त, उपरत, प्रतिविरत और निर्विकार हो जाए तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है।

२१. यदि कोई **आचार्य या उपाध्याय अपना पद छोड़े बिना** सयम का परित्याग करके और वेश छोड़कर चला जाए और बाद में पुनः दीक्षित हो जाए तो उसे उक्त कारण से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

२२. यदि कोई **आचार्य या उपाध्याय अपना पद छोड़कर के** तथा सयम और वेश का परित्याग करके चला जाए और बाद में पुनः दीक्षित हो जाए तो उसे उक्त कारण से तीन वर्ष पर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

तीन वर्ष व्यतीत होने पर और चौथे वर्ष में प्रवेश करने पर यदि वह उपशान्त, उपरत, प्रतिविरत और निर्विकार हो जाए तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है।

18. A *bhikshu* leaves after discarding the ascetic life, the ascetic uniform and his group (*gana*). Later he again gets initiated in monkhood. Then due to these facts, he can neither be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* for a period of three years nor he can hold any such post during the said period.

After the expiry of three years and the start of the fourth year, if he becomes subdued in passions or free from them, despises the life of non-restraint and becomes faultless, he can be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* and he can hold such post.

19. A *ganavachhedak* without resigning his post leaves the ascetic life and ascetic uniform. Later he again gets initiated in monkhood. He, in view of his above-said act, cannot be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout his life nor he can hold any such post during his life.

20. A *ganavachhedak*, after resigning his post discards ascetic life and ascetic dress and goes away. Sometime later he again gets initiated in monkhood. Then due to these facts he cannot be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* for a period of three years nor he can hold any such post during the said period.

After the expiry of three years and the beginning of the fourth year, if his passions subside and he becomes free from them and starts despising life of non-restraint and becomes void of faulty attitude, he can be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* or he can hold such post.

21. An *Acharya* or *Upadhyaya* without resigning his post leaves the ascetic life and ascetic dress. Sometime later he again gets initiated in monkhood Then in view of the said facts he cannot be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout his life nor he can hold such post.

22. An *Acharya* or *Upadhyaya*, after resigning his post discards his ascetic life and ascetic uniform and goes away. Sometime later, he again gets initiated in monkhood. Then in view the said facts, he cannot be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* for a period of three years nor he can hold any such post during that period.

After the expiry of three years and the beginning of the fourth year, if he becomes quiet, free of passions, faultless and one having hatred toward life of non-restraint, he can be appointed to the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* or he can hold such post.

विवेचन : भाष्यकार ने लिखा है–संयम के त्यागने में परीषह या उपसर्ग आदि कई कारण हो सकते हैं। ब्रह्मचर्य और महाव्रत पालन की अक्षमता का भी कारण हो सकता है। अथवा गण में परस्पर कलह आदि कारण से भी कोई छोड सकता है।

किसी भी कारण से संयम त्यागने वाला यदि पुन दीक्षा ग्रहण करे तो उसे भी तीन वर्ष तक या जीवनपर्यन्त पदवी नहीं देने का वर्णन यह सूचित करता है कि जिसने जीवनपर्यन्त के लिए ग्रहीत व्रतों का भंग करके अपनी विश्वसनीयता तथा व्रतनिष्ठा तोड दी है, वह गण में पुनः पद धारण करने के योग्य नहीं है।

Elaboration—The commentator states that their can be many causes namely troubles and turbulations in ascetic life inspiring one to leave the life of ascetic discipline. The cause may also be incapability in meticulously practicing the vow of *brahmcharya* or any other major vow. Someone may leave the ascetic life due to internal dispute in the group and the like.

In case of a monk who gives up ascetic life due to any reason and again gets initiated after some time, the clause that he cannot be appointed on any post for a period of three years or throughout life indicates that the person who had accepted major vow for the whole life has lost his reliability and faith in the vows by breaking the said vows. He is no longer suitable to hold a post in the organisation (*gana*).

पापजीवी बहुश्रुतों को पद देने का निषेध **PROHIBITION OF GIVING POST TO SINFUL BAHUSHRUTS**

२३. भिक्खु य बहुस्सुए बब्भागमे बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी, जावज्जीवाए तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२४. गणावच्छेइए य बहुस्सुए बब्भागमे बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी, जावज्जीवाए तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२५. आयरिय-उवज्झाए य बहुस्सुए बब्भागमे बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी, जावज्जीवाए तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२६. बहवे भिक्खुणो बहुस्सुया बब्भागमा बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी, जावज्जीवाए तेसिं तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२७. बहवे गणावच्छेइया बहुस्सुया बब्भागमा बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी, जावज्जीवाए तेसिं तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२८. बहवे आयरिय-उवज्झाया बहुस्सुया बब्भागमा बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी, जावज्जीवाए तेसिं तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२९. बहवे भिक्खुणो बहवे गणावच्छेया बहवे आयरिय-उवज्झाया बहुस्सुया बब्भागमा बहुसो बहुआगाढागाढेसु कारणेसु माई मुसावाई, असुई, पावजीवी जावज्जीवाए तेसिं तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

२३. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ भिक्षु अनेक प्रगाढ़ कारणों के उपस्थित होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोले या अपवित्र पापाचरणो से जीवन व्यतीत करे तो उसे उक्त कारणो से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

२४. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ गणावच्छेदक अनेक प्रगाढ़ कारणों के उपस्थित होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोले या अपवित्र पापाचरणो से जीवन व्यतीत करे तो उसे उक्त कारणों से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

२५. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ आचार्य या उपाध्याय अनेक प्रगाढ कारणों के होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोले या अपवित्र पापाचरणों से जीवन व्यतीत करे तो उसे उक्त कारणों से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

२६. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ अनेक भिक्षु अनेक प्रगाढ कारणो के होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोले या अपवित्र पापाचरणो से जीवन व्यतीत करे तो उन्हें उक्त कारणों से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

२७. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ अनेक गणावच्छेदक अनेक प्रगाढ कारणों के होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोलें या अपवित्र पापाचरणों से जीवन व्यतीत करें तो उन्हें उक्त कारणो से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

२८. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ अनेक आचार्य, उपाध्याय अनेक प्रगाढ कारणो के होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोलें या अपवित्र पापाचरणो से जीवन व्यतीत करें तो उन्हे उक्त कारणों से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

२९. बहुश्रुत, बहुआगमज्ञ अनेक भिक्षु, अनेक गणावच्छेदक या अनेक आचार्य, उपाध्याय बहुत से प्रगाढ़ कारणों के होने पर यदि बार-बार मायापूर्वक मृषा बोले या अपवित्र पापाचरणों से जीवन व्यतीत करें तो उन्हें उक्त कारणों से यावज्जीवन आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

23. A *bhikshu* who is well-read in scriptures and *Agams* tells lies in a deceptive manner again and again or leads the ascetic life in a faulty way when several hard situations arise. Then due to such a conduct, it is

not allowed to offer him the post of *Acharya* up to *ganavachedak* throughout his life nor can he hold any such post.

24. A *ganavachhedak* who is well-read in scriptures and *Agams* tells lies in a deceitful manner again and again or leads the ascetic life in a faulty state in many hard situations. Then due to such a conduct, it is not allowed to offer him the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout his life nor can he hold any such post.

25. An *Acharya* or *Upadhyaya* who is highly learned in scriptures and *Agams* tell lies in deceitful manner frequently or leads the ascetic life in unclean sinful state Then due to the said facts, he cannot be appointed to the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout life nor can he hold any such post.

26. Many *bhikshus* who are learned in scriptures and *Agams* tell lies in a deceitful manner repeatedly in several hard situations or lead an unclean ascetic conduct in a sinful manner. Then because of these facts, they cannot be appointed on the post of *Acharya* upto *ganavachhedak* nor can they hold any such post throughout life.

27. Many *ganavachhedaks* who are all learned in scriptures and Agams tell lie in a deceitful manner repeatedly in several hard situations or lead an unclean sinful ascetic life. Then because of these facts they can neither hold the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* nor any such a post can be offered to them throughout life.

28. Many *Acharyas* or *Upadhyayas* who are all learned in scriptures and *Agams*, due to several hard reasons speak falsely in a deceitful manner again and again or lead an unclean sinful ascetic life. Then due to the said facts, they can neither hold post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout their life nor any such post can be offered to them.

29. Many scholarly *bhikshus*, *ganavachhedaks*, *Acharyas*, *Upadhyayas* due to several strong reasons utter falsely in a deceitful manner again and again or lead an unclean sinful ascetic life. Then due to the said facts they can neither hold the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout their life nor can they be offered any such post.

विवेचन : इन सूत्रों में प्रयुक्त बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ विशेषणों का तात्पर्य यह है कि बहुश्रुत भिक्षु जिनशासन के जिम्मेदार व्यक्ति होते हैं। इनके द्वारा बडे दोषों का सेवन जिनशासन की अत्यधिक अवहेलना का कारण होने से उनकी भूल अक्षम्य होती है, जिससे उन्हे प्रायश्चित्त रूप में जीवनभर के लिए धर्मशासन के पद

से मुक्त रखने का विधान किया गया है। अतः इन सूत्रों में कहे गये आचरणों को करने वाले बहुश्रुत भिक्षु आदि को जीवनभर आचार्य यावत् गण-प्रमुख बनकर विचरण करने का कोई अधिकार नहीं रहता है। अल्पज्ञ और अल्पश्रुत भिक्षु तो इन पदवियों के योग्य भी नहीं होता। अतः उनके लिए इस विधान की आवश्यकता ही नहीं। दूसरा कारण यह भी हो सकता है, अल्पज्ञ व अल्पश्रुत की अपेक्षा आगमज्ञ का दोष-सेवन अधिक अब ही निंदा का कारण बनता है।

सूत्र में 'बहुत बार' और 'बहु आगाढ़ कारण' इन दो शब्दों का प्रयोग किया गया है। अतः एक बार उक्त आचरण करने पर यह सूत्रोक्त प्रायश्चित्त नहीं आता है, किन्तु उसे केवल तप प्रायश्चित्त ही दिया जाता है। बहु आगाढ़ अर्थात् अनेक प्रबल कारणों के बिना ही यदि उक्त भिक्षु इन दोषों का सेवन करे तो उसे दीक्षा-छेद रूप प्रायश्चित्त आता है।

सारांश यह है कि अनेक बार दोष-सेवन करने पर और अनेक प्रगाढ़ कारण होने पर ही यह प्रायश्चित्त समझना चाहिए।

पूर्व के १३ से २२ दस सूत्रों मे भी आचार्य आदि पदवी के सम्बन्ध मे प्रायश्चित्त रूप विधि-निषेध किये गये है और इन २३-२९ सात सूत्रों मे भी यही वर्णन है। दोनो के कथन मे अन्तर यह है कि वहाँ ब्रह्मचर्य-भंग या वेश त्यागने की अपेक्षा से वर्णन है और यहाँ प्रथम, द्वितीय या पंचम महाव्रत सम्बन्धी दोषो की अपेक्षा वर्णन है। अर्थात् जो भिक्षु झूठ, कपट, प्रपच, दूसरो के साथ धोखा, असत्य दोषारोपण आदि आचरणो का बार-बार सेवन करता है या तन्त्र, मन्त्र आदि से किसी को कष्ट देता है अथवा विद्या, मन्त्र, ज्योतिष, वैद्यक कर्म आदि का प्ररूपण करता है, ऐसे भिक्षु को सूत्र मे "पापजीवी" कहा है। वह कलुषित चित्त और कुशील आचार के कारण सभी प्रकार की प्रमुखता या पदवी के सर्वथा अयोग्य हो जाता है।

॥ तीसरा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—The meaning of the adjectives *bahushrut* and *bahu Agamajna* used in these aphorisms is that *bahushrut* (learned in scriptures) *bhikshus* are considered responsible persons in the order of *Jinas*. Any major fault committed by them brings on extremely bad name to the organization. So their fault cannot be pardoned. As such, in the form of *prayashchit* a provision has been made in the code that they shall be disallowed throughout their life any post in the spiritual order. Therefore the learned *bhikshus* who lead a way of life as mentioned in these aphorisms have no right to be *Acharya* up to head of a group throughout their ascetic life. A *bhikshu* who has scanty knowledge of scriptures or *Agams* is obviously not fit for such posts. So there is no need of any such provision in the code for them. Another reason can be that the faulty conduct of scholarly monk is more condemnable than that of one who has very little knowledge of scriptures and *Agams*.

In the aphorism the words *'bahut baar'* and *'bahu agadh kaaran'* have been used. So one is not liable for said *prayashchit* if he commits

the fault only once In that case he is awarded only *prayshchit* austerities. *Bahu Agadh* means without strong reasons. If the said *bhikshu* without strong reasons commits said faults he is liable for *prayashchit* of reduction in period of monkhood (*Diksha Chhed*).

In brief, this *prayashchit* is applicable only when sin is committed repeatedly and there are strong reasons for such a conduct.

In the earlier ten aphorisms namely aphorism 13 to 22, there are provisions of *prayashchit* relating to the post of *Acharya* and others whether to allow them or not. Again in seven aphorisms 23 to 29, the same thing has been discussed. The difference in the two versions is that the earlier narration is in the context of breaking the vow of *brahmcharya* or discarding the ascetic dress while in the later seven aphorisms it is in the context of faults committed in practicing first, second or fifth major vows (*Mahavrat*) In other words a *bhikshu* who tells lies, adopts crooked behaviour, deceives others or levels false allegations and behaves in such a manner repeatedly he is called '*paap-jeevi*' in this aphorism. He, because of his polluted mind and bad conduct, is totally unfit for all types of headship or posts.

● THIRD UDDESHAK CONCLUDED ●

चतुर्थ उद्देशक
FOURTH UDDESHAK

आचार्यादि के साथ रहने वाले निर्ग्रन्थों की संख्या NUMBER OF NIRGRANTHS WITH ACHARYA AND OTHERS

१. नो कप्पइ आयरिय-उवज्झायस्स एगाणियस्स हेमंत-गिम्हासु चारए।

२. कप्पइ आयरिय-उवज्झायस्स अप्पबिइयस्स हेमंत-गिम्हासु चारए।

३. नो कप्पइ गणावच्छेइयस्स अप्पबिइयस्स हेमंत-गिम्हासु चारए।

४. कप्पइ गणावच्छेइयस्स अप्पतइयस्स हेमंत-गिम्हासु चारए।

१. हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु में आचार्य या उपाध्याय को अकेला विहार करना नहीं कल्पता है।

२. (किन्तु) आचार्य या उपाध्याय को एक साधु को साथ लेकर विहार करना कल्पता है।

३. हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु में गणावच्छेदक को एक साधु के साथ विहार करना नहीं कल्पता है।

४. (किन्तु) दो अन्य साधुओं को साथ लेकर विहार करना कल्पता है।

1. An *Acharya* or *Upadhyaya* is not allowed to move alone in summer or winter.

2. An *Acharya* or *Upadhyaya*, however, can wander in the company of one monk.

3. A *ganavachhedak* is not allowed to wander alone in summer or winter.

4. He however, can wander with two monks.

५. नो कप्पइ आयरिय-उवज्झायस्स अप्पबिइयस्स वासावासं वत्थए।

६. कप्पइ आयरिय-उवज्झायस्स अप्पतइयस्स वासावासं वत्थए।

७. नो कप्पइ गणावच्छेइयस्स अप्पतइयस्स वासावासं वत्थए।

८. कप्पइ गणावच्छेइयस्स अप्पचउत्थस्स वासावासं वत्थए।

५. वर्षाकाल में आचार्य या उपाध्याय को एक साधु के साथ रहना नहीं कल्पता है।

६. (किन्तु) उनको अन्य दो साधुओं के साथ रहना कल्पता है।

७. वर्षाकाल में गणावच्छेदक को दो साधुओं के साथ रहना नहीं कल्पता है।

८. (किन्तु) अन्य तीन साधुओ के साथ रहना कल्पता है।

5. An *Acharya* or *Upadhyaya* is not allowed to spend ascetic life with only one monk in rainy season.

6. He, however, can pass that period in the company of two monks.

7. A *ganavachhedak* is not allowed to pass ascetic life with only two monks in rainy season

8. He, however, can pass that period in the company of three monks.

९. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा बहूणं आयरिय-उवज्झायाणं अप्पबिइयाणं, बहूणं गणावच्छेइयाणं अप्पतइयाणं कप्पइ हेमंत-गिम्हासु चारए, अन्नमन्नं निस्साए।

१०. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा बहूणं आयरिय-उवज्झायाणं अप्पतइयाणं, बहूणं गणावच्छेइयाणं अप्पचउत्थाणं कप्पइ वासावासं वत्थए अन्नमन्नं निस्साए।

९. हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु मे अनेक आचार्यों या उपाध्यायो को ग्राम यावत् राजधानी मे अपनी-अपनी निश्रा मे एक-एक साधु को और अनेक गणावच्छेदकों को दो-दो साधुओं को रखकर विहार करना कल्पता है।

१०. वर्षा ऋतु मे अनेक आचार्यों या उपाध्यायो को ग्राम यावत् राजधानी मे अपनी-अपनी निश्रा मे दो-दो साधुओ को और अनेक गणावच्छेदको को तीन-तीन साधुओ को रखकर रहना कल्पता है।

9. In summer and winter, many *Acharyas* and *Upadhyayas* can wander in village up to capital having one monk each under their charge and *ganavachhedaks* are allowed to wander with two monks each under their charge

10. In rainy season, many *Acharyas* or *Upadhyayas* can wander in villages up to capital having two monks each under their charge and *ganavachhedaks* are allowed to wander with three monks each.

विवेचन : साधु के विहार के सम्बन्ध मे सामान्यत आगमो मे यह विधान है कि अव्यक्त (नवदीक्षित) तथा अपरिपक्व अल्प दीक्षा-पर्याय वाले अनुभवहीन तथा अल्प आगमज्ञ साधु को स्वतंत्र एकाकी विचरण नही करना चाहिए। उसके स्वतत्र विचरण के अनेक दुष्परिणामो का उल्लेख भी आचारांग १/५/४ मे तथा सूत्रकृताग १/१४/३-४ मे मिलता है। साथ ही यह भी वर्णन है कि व्यक्त, परिपक्व तथा गीतार्थ भिक्षु चाहे तो अनेक प्रकार की प्रतिमाएँ, जिनकल्प की साधना तथा चित्त-समाधि व सयम-समाधि के लिए एकलविहार कर सकता है।

प्रस्तुत सूत्रो मे आचार्य, उपाध्याय तथा गणावच्छेदक के लिए विशेष विधान है कि ये तीनों पद गण के जिम्मेदार पद है तथा आचार्य आदि बाह्य-आभ्यन्तर ऋद्धि-सम्पन्न होते है। इन पदवीधरों का गण मे विशेष महत्त्व होता है तथा संघ व समाज मे भी इनसे विशेष प्रभावना होती है। अत उनकी गरिमा की दृष्टि से आचार्य-उपाध्याय को शेष काल में कम से कम दो ठाणा, चातुर्मास काल में तीन ठाणा तथा गणावच्छेदक को शेष काल मे तीन ठाणा व चातुर्मास काल में कम से कम चार ठाणा के साथ रहना चाहिए।

सूत्र ९-१० मे यह भी कहा है कि कहीं अनेक आचार्य-उपाध्याय साथ हों तब भी प्रत्येक आचार्य-उपाध्याय तथा गणावच्छेदक को अपनी-अपनी निश्रा में शास्त्र-कथित मर्यादा के अनुसार स्वतंत्र रूप मे साधुओं के साथ रखना चाहिए।

आचार्य-उपाध्याय संघ के प्रतिष्ठित पदवीधर होते हैं तथा गणावच्छेदक आचार्य के नेतृत्व मे कार्यवाहक का काम करते हैं। अत. उनकी प्रतिष्ठा व शोभा की दृष्टि से साथ ही सेवा व व्यवस्था की दृष्टि से यह विधान किया गया है। *(व्यवहार भाष्य)*

Elaboration—About the wandering of a Jain monk, generally the provisions in *Agams* is that a newly initiated (*avyakt*) monk and an inexperienced monk with a very small period of monkhood or a monk who has only a very little knowledge of *Agams* should not wander alone independently. We find description of many bad results of their independent wanderings in *Acharanga* 1/5/4 and in *Sutra Kritanga* 1/14/3–4. Simultaneously, it has been mentioned that a monk who is well-read, experienced and of transparent conduct can wander alone for practice of various types of austerities (*pratimas*), practice of *Jin-kalp* conduct and for equanimity of mind and equanimity in ascetic discipline.

In the present aphorisms, there is a special provision for *Acharya*, *Upadhyaya* and *ganavachhedak* that these three are responsible posts in the *gana* (group) The *Acharya* and the others possess outer and inner wealth. The holders of these posts have a great importance in the group (*gana*) and the *sangha*, and the society flourishes under their patronage. Therefore, in view of their status, an *Acharya* should stay with at last two monks in the normal period and with three monks in the rainy season (the period of *chaturmas*) while *ganavachhedak* can stay with a least three monks in the normal period and with four monks during *chaturmas*.

In aphorisms 9 and 10 it is further classified that in case many *Acharyas* and *Upadhyayas* are staying together, then each and every *Acharya, Upadhyaya* and *ganavachhedak* should keep with him at least the minimum number of monks separately as laid down in the code.

Acharyas and *Upadhyayas* hold the most honourable position in the spiritual organization (*Sangha*) while *ganavachhedaks* perform their duties under the overall charge of *Acharya*. So this provision is made in the code keeping in view their status and their importance.

अग्रणी साधु के काल करने पर शेष साधुओं का कर्त्तव्य DUTIES OF MONKS AT THE DEATH OF A SENIOR

११. गामाणुगामं दूइज्जमाणे भिक्खू जं पुरओ कट्टु विहरइ, से य आहच्च वीसुंभेज्जा, अत्थि य इत्थ अण्णे केइ उवसंपज्जणारिहे से उवसंपज्जियव्वे।

नत्थि य इत्थ अण्णे केइ उवसंपज्जणारिहे तस्स य अप्पणो कप्पाए असमत्ते कप्पइ एगाराइयाए पडिमाए जण्णं-जण्णं दिसं अण्णे साहम्मिया विहरंति तण्णं-तण्णं दिसं उवलित्तए। नो से कप्पइ तत्थ विहारवत्तियं वत्थए। कप्पइ से तत्थ कारणवत्तियं वत्थए।

तंसि च णं कारणंसि निट्ठियंसि परो वएज्जा–"वसाहि अज्जो ! एगरायं वा, दुरायं वा", एवं से कप्पइ एगरायं वा दुरायं वा वत्थए। नो से कप्पइ परं एगरायाओ वा दुरायाओ वा वत्थए। जे तत्थ एगरायाओ वा दुरायाओ वा परं वसइ से संतरा छेए वा परिहारे वा।

१२. वासावासं पज्जोसविओ भिक्खू जं पुरओ कट्टु विहरइ से य आहच्च वीसुंभेज्जा, अत्थि य इत्थ अण्णे केइ अवसंपज्जणारिहे से उवसंपज्जियव्वे।

नत्थि य इत्थ अण्णे केइ उवसंपज्जणारिहे तस्स य अप्पणो कप्पाए असमत्ते कप्पइ से एगराइयाए पडिमाए जण्णं–जण्णं दिसं अण्णे साहम्मिया विहरंति तण्णं–तण्णं दिसं उवलित्तए। नो से कप्पइ तत्थ विहारवत्तियं वत्थए। कप्पइ से तत्थ कारणवत्तियं वत्थए।

तंसि च णं कारणंसि निट्ठयंसि परो वएज्जा–"वसाहि अज्जो ! एगरायं वा, दुरायं वा" एवं से कप्पइ एगरायं वा दुरायं वा वत्थए, नो से कप्पइ परं एगरायाओ वा दुरायाओ वा वत्थए। जे तत्थ एगरायाओ वा दुरायाओ वा परं वसइ, से संतरा छेए वा परिहारे वा।

११. भिक्षु, जिनको प्रमुख मानकर ग्रामानुग्राम विहार कर रहा हो और वह (प्रमुख) यदि कालधर्म–प्राप्त हो जाय तो शेष भिक्षुओ में जो भिक्षु योग्य हो, उसकी निश्रा में रहना चाहिए।

यदि अन्य कोई भिक्षु नेतृत्व करके योग्य न हो और स्वय (रत्नाधिक) ने भी कल्प–आचारप्रकल्प का अध्ययन पूर्ण न किया हो तो उसे मार्ग मे विश्राम के लिए एक रात्रि ठहरते हुए जिस दिशा में अन्य स्वधर्मी विचरतें हों, उस दिशा मे जाना चाहिए। मार्ग मे उसे विचरने के लक्ष्य से ठहरना नही चाहिए। यदि रोगादि का कारण हो तो अधिक ठहर सकता है।

रोगादि के समाप्त होने पर यदि कोई कहे कि "हे आर्य ! एक या दो रात और ठहरो।" वह एक या दो रात ठहर सकता है, किन्तु एक या दो रात से अधिक ठहरना नही चाहिए। जो भिक्षु वहाँ (कारण समाप्त होने के बाद) एक या दो रात से अधिक ठहरता है, वह मर्यादा–उल्लघन के कारण दीक्षा–छेद या तप रूप प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

१२. भिक्षु, जिनको प्रमुख मानकर वर्षावास में रह रहा हो और वह यदि कालधर्म–प्राप्त हो जाय तो शेष भिक्षुओं में जो भिक्षु योग्य हो उसकी निश्रा मे रहना चाहिए।

यदि अन्य कोई भिक्षु योग्य न हो और स्वयं (रत्नाधिक) ने भी आचारप्रकल्प का अध्ययन पूर्ण न किया हो तो उसे मार्ग में विश्राम के लिए एक–एक रात्रि ठहरते हुए जिस दिशा मे अन्य स्वधर्मी हो उस दिशा में जाना चाहिए। मार्ग मे उसे विचरने के लक्ष्य से नहीं ठहरना चाहिए। यदि रोगादि का कारण हो तो अधिक ठहर सकता है।

रोगादि के समाप्त होने पर यदि कोई कहे कि "हे आर्य ! एक या दो रात ठहरो।" तो एक या दो रात और ठहर सकता है। किन्तु एक या दो रात से अधिक ठहरना नहीं कल्पता है। जो भिक्षु एक या दो रात से अधिक ठहरता है, वह मर्यादा–उल्लंघन के कारण दीक्षा–छेद या तप रूप प्रायश्चित्त का पात्र होता है।

11. Jain monks wander from village to village under the supervision of the head monk. In case the head monk dies, the other monks should move under the charge of that monk (out of them) who is capable to guide them.

In case no other monk is capable to lead them and the said monk has also not completed his study of *Kalp* (*Brihat-kalp sutra*), he should go in the direction in which other monks of the same order are staying spending the night on the way when necessary for rest. He should not stay in the way for propagating the faith but in case he falls sick, he can stay for longer period.

If after the illness is cured, someone requests him—"O the blessed ! Kindly stay for one or two nights more". Then he can stay for one or two nights more. But he is not allowed to stay beyond that period. If a *bhikshu* stays for a longer period than one or two nights (after the illness is totally cured) he is liable for *prayashchit* of reduction in ascetic period or *prayashchit*-austerities as he has ignored the limits laid down in the code.

12. In case during *chaturmas*, the *bhikshu* under whose leadership the other *bhikshus* are passing their ascetic life dies they should stay under the leadership of that *bhikshu* (out of them) who is capable to lead them.

In case no such *bhikshu* is available and the senior *bhikshu* has not yet completed his study of *Acharkalp*, he should go in the direction in which other monks of his faith are staying spending a night each for rest where necessary. He should not stay in the way for the purpose of spreading the faith but in case of illness and the like, he can stay for a longer period.

In case after the illness and the like no longer exists, someone requests him—"O the blessed ! Kindly stay for a day or two more", he can stay for one or two day more. But he should not stay beyond that period Any *bhikshu* who stays beyond one or two nights, he is liable for *prayashchit* of reduction in the period of ascetic life (*Diksha Chhed*) or *prayashchit*-austerities as he has transgressed the limits.

विवेचन : प्रस्तुत दोनो सूत्रों का भाव यह है कि विचरण करने वाले या चातुर्मास करने वाले साधुओ को सदा ही एक गीतार्थ व योग्य संघाड़ा-प्रमुख जिसे कल्पाक अर्थात् 'गणधर' भी कहा जाता है, उनकी निश्रा मे ही रहना चाहिए। यदि संघाडा-प्रमुख कालधर्म को प्राप्त हो जाय और अन्य शेष साधुओ मे कोई श्रुत-सम्पन्न प्रमुख पद धारण करने योग्य न हो तो चाहे चातुर्मास काल ही क्यो न हो, जिस क्षेत्र में योग्य साधर्मिक गीतार्थ भिक्षु हों उनके निकट पहुँच जाना चाहिए। मार्ग मे भी एक या दो रात विश्रांति लेने के लिए रुक सकते है, उससे अधिक नही।

इसका सार यही है कि योग्य नेतृत्व के अभाव में अगीतार्थ भिक्षुओ को अधिक दिन स्वतंत्र नहीं रहना चाहिए।

Elaboration—The central idea of these two aphorisms is that the monks who wander about spreading the mission or who are staying for *Chaturmas* should always do so under the effective supervision of an experienced monk or the monk heading the group who is also called *Kalpak* or *Gandhar*. In case the head monk dies and no other among the remaining monks is so much learned in scriptures and capable as to hold the post of headship, then even during *Chaturmas* they should go in the direction in which capable *bhikshu* of the same order is staying. On the way he can stay for one or two nights for rest as necessary but not beyond that.

The central idea is that *bhikshus* who are not experienced and well-read in scriptures (*ageetarth*) should not stay independently in the absence of suitable and capable leadership

ग्लान आचार्यादि के द्वारा पद देने का निर्देश

DIRECTION OF HANDING OVER ONE'S POST BY ACHARYA AND OTHERS IN CASE OF ILLNESS

१३. आयरिय-उवज्झाए गिलायमाणे अन्नयरं वएज्जा-"अज्जो ! ममंसि णं कालगयंसि समाणंसि अयं समुक्कसियव्वे।" से य समुक्कसणारिहे समुक्कसियव्वे, से य नो समुक्कसणारिहे नो समुक्कसियव्वे,

अत्थि य इत्थ अण्णे केइ समुक्कसणारिहे से समुक्कसियव्वे। नत्थि य इत्थ अण्णे केइ समुक्कसणारिहे से चेव समुक्कसियव्वे, तंसि च णं समुक्किट्ठंसि परो वएज्जा-"दुस्समुक्किट्ठं ते अज्जो ! निक्खिवाहि !" तस्स णं निक्खिवमाणस्स नत्थि केइ छेए वा परिहारे वा।

जे साहम्मिया अहाकप्पेणं नो उट्ठाए विहरंति सव्वेसिं तेसिं तप्पत्तियं छेए वा परिहारे वा।

१३. रोगग्रस्त आचार्य या उपाध्याय किसी प्रमुख साधु से कहे कि "हे आर्य ! मेरे कालधर्म प्राप्त होने पर अमुक साधु को मेरे पद पर स्थापित करना।" यदि आचार्य द्वारा निर्दिष्ट वह भिक्षु उस पद पर स्थापन करने योग्य हो तो उसे स्थापित करना चाहिए। यदि वह उस पद पर स्थापन करने योग्य न हो तो उसे स्थापित नहीं करना चाहिए।

यदि संघ में अन्य कोई भी साधु उस पद के योग्य हो तो उसे स्थापित करना चाहिए। यदि संघ में अन्य कोई भी साधु उस पद के योग्य न हो तो आचार्य द्वारा निर्दिष्ट साधु को ही उस पद पर स्थापित कर देना चाहिए। उसको उस पद पर स्थापित करने के बाद कोई गीतार्थ साधु कहे कि "हे आर्य ! तुम इस पद के योग्य नही हो। अतः इस पद को छोड़ दो।" (ऐसा कहने पर) यदि वह उस पद को छोड़ दे तो दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त का पात्र नहीं होता है।

जो साधर्मिक साधु कल्प के अनुसार उसे आचार्यादि पद छोड़ने के लिए न कहे तो वे सभी साधर्मिक साधु उक्त कारण से दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त के पात्र होते है।

13. An *Acharya* or *Updahyaya* during the course of his illness tells a senior monk—"O the blessed ! You appoint such and such monk on my post when, I die." Then that *bhikshu* should be appointed on that post if he is fit for holding that post. If he is not fit for that post, he should not be appointed as such

In case some other monk in the organization is capable for that post, he should be appointed If after his appointment as such on that post, a learned (*geetarth*) monk says—"O the blessed ! You are not fit for this post. So you should resign this post," and he leaves that post accordingly; then he is not liable for any *prayashchit* of reduction in ascetic period or *prayashchit*-austerities.

Those monks of the same order who do not ask him to leave the post of *Acharya* and others as provided in the *kalp*, are all liable for *prayashchit* of reduction in ascetic period or *prayashchit*-austerities.

विवेचन : रुग्ण अवस्था मे किसी आचार्य ने अपना अन्तिम समय निकट जानकर गण के प्रमुख साधुओ को आचार्य बनाने के लिए जिसके नाम का निर्देश किया है, वह योग्य भी हो सकता है और अयोग्य भी हो सकता है। अर्थात् उनका कथन रुग्ण होने के कारण या अन्यथा भाव के कारण सकुचित दृष्टिकोण वाला भी हो सकता है। अत उनके कालधर्म प्राप्त हो जाने पर "आचार्य या उपाध्याय पद किसको देना"-इसके निर्णय की जिम्मेदारी गच्छ के शेष साधुओ की होती है, जिसका भाव यह है कि यदि आचार्य-निर्दिष्ट श्रमण तीसरे उद्देशक (सूत्र १-८) मे कही गई सभी योग्यताओ से युक्त है तो उसे ही पद पर नियुक्त करना चाहिए, दूसरा कोई विकल्प आवश्यक नही है। यदि वह शास्त्रोक्त योग्यता से सम्पन्न नही है और गण के अन्य श्रमण योग्य हैं तो आचार्य-निर्दिष्ट श्रमण को पद देना अनिवार्य न समझकर उस योग्य श्रमण को ही पद पर नियुक्त करना चाहिए।

यदि अन्य कोई भी योग्य नही है तो आचार्य-निर्दिष्ट श्रमण योग्य हो अथवा योग्य न भी हो, तथापि उसे ही आचार्य पद पर नियुक्त करना चाहिए। कदाचित् अन्य अनेक श्रमण भी पद के योग्य है और वे आचार्य-निर्दिष्ट श्रमण से रत्नाधिक भी है किन्तु यदि आचार्य-निर्दिष्ट श्रमण योग्य है तो प्राथमिकता की दृष्टि से उसे ही आचार्य बनाना चाहिए।

आचार्य-निर्दिष्ट या अनिर्दिष्ट किसी भी योग्य श्रमण को अथवा कभी परिस्थितिवश अल्प योग्यता वाले श्रमण को पद पर नियुक्त करने के बाद यदि यह अनुभव हो कि गच्छ की व्यवस्था अच्छी तरह नही चल रही है, साधुओ की सयम-समाधि एवं बाह्य वातावरण क्षुब्ध हो रहा है, गच्छ मे अन्य योग्य भिक्षु तैयार हो गये हैं तो गच्छ के स्थविर या प्रमुख साधु-साध्वियाँ आदि मिलकर आचार्य को पद त्यागने के लिए निवेदन करके अन्य योग्य को पद पर नियुक्त कर सकते है। ऐसी स्थिति मे यदि वे पद त्यागना न चाहे या अन्य कोई साधु उनका पक्ष लेकर आग्रह करे तो वे सभी प्रायश्चित्त के पात्र होते हैं।

इस सूत्रोक्त आगम-आज्ञा को भलीभाँति समझकर सरलतापूर्वक पद देना, लेना या छोडने के लिए निवेदन करना आदि प्रवृत्तियाँ करनी चाहिए, किन्तु अपने-अपने विचारो की सिद्धि के लिए निन्दा, द्वेष, कलह या सघ-भेद आदि अनुचित अयोग्य तरीकों से पद छुड़ाना या चालाकी से पद प्राप्त करने की कोशिश करना उचित नही है।

Elaboration—In state of illness if any *Acharya* comes to know that his end is very near and suggests to the senior monks the name of one who should be made *Acharya*, that monk may be fit for the post or he may be unfit for it. In other words due to state of illness or due to any other reason his viewpoint may be short-sighted. So after his death, the responsibility as to who should he made *Acharya* or *Upadhyaya* is the responsibility of the remaining monks of the group (*gachha*). The basic reason is that in case the monk mentioned by the *Acharya* fulfils all the qualifications mentioned in aphorisms 1 to 8 in the third *Uddeshak*, he should be appointed on that post and it is not necessary to seek another solution. If he does not fulfil the conditions mentioned in the scriptures and other monk in the group fulfils those conditions, then considering that it is not a compulsion to appoint only the monk so directed by the *Acharya*, that monk who fulfils the requisite qualifications should be appointed to that post.

In case no other monk fulfils the requisite qualifications, the monk named by the *Acharya* should be appointed to the post of *Acharya* irrespective of the fact whether he is capable or not In case any other *Shraman* fulfils the conditions and the monk named by the *Acharya* also fulfils the requisite qualifications for the post, the monk named by the *Acharya* should be preferred and appointed to the post of *Acharya*

After installing the monk named by the *Acharya* or in view of a particular situation any other monk with lesser qualifications who fulfils requisite conditions is appointed at the post of *Acharya*, if it is experienced that the administration of the group (*gachha*) is not in good shape, the ascetic equanimity is adversely affected due to external environment and another *bhikshu* in the group is now fulfilling the requisite conditions for the post of *Acharya*, the Sthavirs or senior monks and nuns in the group may jointly request the said Acharya to relinquish his post. Thereafter they can appoint any other capable monk as *Acharya*. In such a situation if the said *Acharya* does not want to relinquish his post or any other monk takes his sides and insists (that he should not relinquish) then all of them are liable for *prayashchit*.

After properly understanding the provisions as mentioned in the *Agams*, in a normal way the post should be filled or the request should be made for accepting a post or for relinquishing a post. But in order to prove one's point of view one should not make use of improper methods

such as criticism of the organization, hatred, of creating quarrel or dispute in the organization to get the post relinquished in a clever manner or to make such an attempt which is not proper.

संयम त्यागकर जाने वाले आचार्यादि के द्वारा पद देने का निर्देश

DIRECTION FOR A POST BY THE ACHARYA WHO RELINQUISHES ASCETIC LIFE

१४. आयरिय–उवज्झाए ओहायमाणे अन्नयरं वएज्जा–"अज्जो ! ममंसि णं ओहावियंसि समाणंसि अयं समुक्कसियव्वे।" से य समुक्कसणारिहे समुक्कसियव्वे, से य नो समुक्कसणारिहे नो समुक्कसियव्वे। अत्थि य इत्थ अण्णे केइ समुक्कसणारिहे से समुक्कसियव्वे।

तं सि च णं समुक्किकट्ठंसि परो वएज्जा–"दुस्समुक्किकट्ठं ते अज्जो ! निक्खिवाहि।" तस्स णं निक्खिवमाणस्स नत्थि केइ छेए वा परिहारे वा। जे साहम्मिया अहाकप्पेणं नो उट्ठाए विहरंति। सव्वेसिं तेसिं तप्पत्तियं छेए वा परिहारे वा।

१४. संयम का परित्याग करके जाने वाले आचार्य या उपाध्याय किसी प्रमुख साधु से कहे कि "हे आर्य ! मेरे चले जाने पर अमुक साधु को मेरे पद पर स्थापित करना।" तो यदि आचार्य–निर्दिष्ट वह साधु उस पद पर स्थापन करने योग्य हो तो उसे स्थापित करना चाहिए। यदि वह उस पद पर स्थापित करने योग्य न हो तो उसे स्थापित नहीं करना चाहिए। यदि सघ मे अन्य कोई साधु उस पद के योग्य हो तो उसे स्थापित करना चाहिए। यदि सघ में अन्य कोई भी साधु उस पद के योग्य न हो तो आचार्य–निर्दिष्ट साधु को ही उस पद पर स्थापित करना चाहिए।

उसको उस पद पर स्थापित करने के बाद यदि गीतार्थ साधु कहे कि "हे आर्य ! तुम इस पद के अयोग्य हो, अत इस पद को छोड दो।" (ऐसा कहने पर) यदि वह उस पद को छोड दे तो दीक्षा–छेद या तप रूप प्रायश्चित्त का पात्र नहीं होता है। जो साधर्मिक साधु कल्प के अनुसार उसे आचार्यादि पद छोडने के लिए न कहें तो वे सभी साधर्मिक साधु उक्त कारण से दीक्षा–छेद या तप रूप प्रायश्चित्त के पात्र होते हैं।

14. If an *Acharya* or *Upadhyaya* while relinquishing his post due to any reason asks any senior monk—"O the blessed ! After my departure appoint such and such monk on my post." Then in case the monk so mentioned fulfils requisite qualifications for the post of *Acharya*, he should be installed as *Acharya*. If he is not fit for that post, he should not be installed as *Acharya*. In case another monk in the organisation is fit for that post, that monk should be installed as *Acharya*. If no other monk in the organisation is fit for the post, the monk named by the said *Acharya* should be installed as *Acharya*.

If after installing that monk as *Acharya*, the senior learned (*geetarth*) monk-tells him—"O the blessed ! You are not fit for this post. So you

should relinquish this post " Then if he relinquishes his post, he is not liable for any *prayashchit* of reduction in ascetic period or of *parayashchit*-austerities. However, the monks of the same order who according to code mentioned in *Kalp* (*Brihat-kalp Sutra*) do not ask the *Acharya* to relinquish the post they all are liable for *prayashchit* of reduction in period of monkhood or of *prayashchit* austerities.

विवेचन : पूर्व सूत्रों मे रुग्ण या मरणासन्न आचार्य-उपाध्याय द्वारा निर्दिष्ट उत्तराधिकारी का सूचन था। इन सूत्रों मे किसी कारणवश सयम त्यागकर जाने वाले आचार्यादि का सूचन है। बाकी कथन एक समान ही हैं।

Elaboration—In earlier aphorisms the case of a successor to the post named by a sick *Acharya* or *Upadhyaya* or by one who is on deathbed was discussed In the present aphorism there is mention of an *Acharya* who due to any circumstances relinquishes ascetic life Remaining version is almost the same

उपस्थापना (बड़ी दीक्षा) के विधान PROCEDURE OF UPASTHAPANA (MAJOR INITIATION)

१५. आयरिय-उवज्झाए सरमाणे परं चउराय-पंचरायाओ कप्पागं भिक्खुं नो उवट्ठावेइ कप्पाए, अत्थियाइं से केइ माणणिज्जे कप्पाए नत्थि से केइ छेए वा परिहारे वा।

णत्थियाइं से केइ माणणिज्जे कप्पाए से सन्तरा छेए वा परिहारे वा।

१६. आयरिय-उवज्झाए असरमाणे परं चउराय-पंचरायाओ कप्पागं भिक्खुं नो उवट्ठावेइ कप्पाए, अत्थियाइं से केइ माणणिज्जे कप्पाए नत्थि से केइ छेए वा परिहारे वा।

णत्थियाइं से केइ माणणिज्जे कप्पाए से सन्तरा छेए वा परिहारे वा।

१७. आयरिय-उवज्झाए सरमाणे वा असरमाणे वा परं दसराय कप्पाओ कप्पागं भिक्खुं नो उवट्ठावेइ कप्पाए, अत्थियाइं से केइ माणणिज्जे कप्पाए नत्थि से केइ छेए वा परिहारे वा।

णत्थियाइं से केइ माणणिज्जे कप्पाए, संवच्छरं तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं उद्दिसित्तए।

१५. आचार्य या उपाध्याय स्मरण होते हुए भी बडी दीक्षा के योग्य (कल्पाक) भिक्षु को चार-पाँच रात के बाद भी बडी दीक्षा मे उपस्थापित न करे (कारण-) उस समय यदि उस नवदीक्षित के कोई पूज्य पुरुष की बडी दीक्षा होने मे देर होती हो तो उन्हे दीक्षा-छेद या तप रूप कोई प्रायश्चित्त नही आता है।

यदि उस नवदीक्षित के बड़ी दीक्षा लेने योग्य कोई पूज्य पुरुष न हो तो उन्हे चार-पाँच रात्रि उल्लंघन करने का छेद या तप रूप प्रायश्चित्त आता है।

१६. आचार्य या उपाध्याय स्मरण में न रहने से बडी दीक्षा के योग्य भिक्षु को चार-पाँच रात के बाद भी बडी दीक्षा मे उपस्थापित न करे, उस समय यदि वहाँ उस नवदीक्षित के कोई पूज्य पुरुष की बडी दीक्षा होने में देर हो तो उन्हें दीक्षा-छेद या तप रूप कोई प्रायश्चित्त नहीं आता है।

यदि उस नवदीक्षित के बडी दीक्षा लेने योग्य कोई पूज्य पुरुष न हो तो उन्हे चार-पाँच रात्रि उल्लंघन करने का दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त आता है।

१७. आचार्य या उपाध्याय स्मृति मे रहते हुए या स्मृति में न रहते हुए भी बड़ी दीक्षा के योग्य भिक्षु को दस दिन के बाद बडी दीक्षा मे उपस्थापित न करे, उस समय यदि उस नवदीक्षित के कोई पूज्य पुरुष की बडी दीक्षा होने मे देर हो तो उन्हे दीक्षा-छेद या तप रूप कोई प्रायश्चित्त नही आता है।

यदि उस नवदीक्षित के बडी दीक्षा के योग्य कोई पूज्य पुरुष न हो तो उन्हे दस रात्रि उल्लंघन करने के कारण एक वर्ष तक आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद पर नियुक्त करना नहीं कल्पता है।

15. An *Acharya* or *Upadhyaya* even if he knows that the newly initiated monk is qualified for initiation in major monkhood, does not do so even after four or five days and if at that time the initiation in major monkhood of someone senior to the said newly initiated monk is delayed, then in such a situation he (*Acharya*) is not liable for any *prayashchit* of (*Diksha Chhed*) reduction in period of monkhood or of *prayashchit*-austerities.

In case there is no such person senior to the newly initiated who is due for major initiation and four or five days have passed in excess than the due date, the *Acharya* or *Upadhyaya* is liable for *chhed prayashchit* or *prayashchit*-austerities

16. An *Acharya* or *Upadhyaya* does not remember the due date As such he does not initiate in major monkhood the newly initiated who is due for it even after four or five days If the major initiation of a senior member from the family of the newly initiated is pending, in such a situation the *Acharya* or *Upadhyaya* is not liable for *prayashchit* of reduction in period of monkhood or *prayashchit*-austerities

In case no senior person from the family of the newly initiated is due for major initiation and four or five days have passed in excess of the due date for major initiation, the *Acharya* or *Upadhyaya* is liable for *prayashchit* of reduction in monkhood period or of *prayashchit*-austerities.

17. In case an *Acharya* or *Upadhyaya* while recollecting or not-recollecting the due date does not initiate in major monkhood the newly initiated who is fit for major monkhood, even after ten days have passed after the due date and major initiation of some senior member from the family of the newly initiated is due after some time, he (the *Acharya* or *Upadhyaya*) is not liable for *prayashchit* of reduction in period of monkhood or of *prayashchit*-austerities.

In case none from the family of the newly initiated is due for major initiation and major initiation of the newly initiated is delayed by ten days, he cannot be appointed on the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* for a year.

विवेचन : प्रथम एव अन्तिम तीर्थंकर के शासन मे भिक्षुओं को सामायिक चारित्र रूप दीक्षा देने के बाद छेदोपस्थापनीय चारित्र रूप बडी दीक्षा दी जाती है। उसकी जघन्य कालमर्यादा सात अहोरात्र की है अर्थात् काल की अपेक्षा नवदीक्षित भिक्षु सात रात्रि के बाद कल्पाक (बडी दीक्षा के योग्य) कहा जाता है और गुण की अपेक्षा आवश्यकसूत्र सम्पूर्ण अर्थ एवं विधि सहित कंठस्थ कर लेने पर, जीवादि का एवं समिति-गुप्ति का सामान्य ज्ञान कर लेने पर, दशवैकालिकसूत्र के चार अध्ययन की अर्थ सहित वाचना लेकर कठस्थ कर लेने पर एव प्रतिलेखन आदि दैनिक क्रियाओ का कुछ अभ्यास कर लेने पर 'कल्पाक' कहा जाता है। उत्कृष्ट काल मर्यादा छह मास की है।

इस प्रकार कल्पाक (बडी दीक्षा योग्य) होने पर एवं अन्य परीक्षण हो जाने पर उस नवदीक्षित भिक्षु को बडी दीक्षा (उपस्थापना) दी जाती है। उक्त योग्यता-सम्पन्न कल्पाक भिक्षु को सूत्रोक्त समय पर बडी दीक्षा न देने पर आचार्य-उपाध्याय को प्रायश्चित्त आता है।

इस प्रायश्चित्त विधान से यह स्पष्ट होता है कि किसी को नई दीक्षा या बडी दीक्षा देने का अधिकार आचार्य या उपाध्याय को ही होता है एव उसमे किसी प्रकार की त्रुटि होने पर उस त्रुटि का प्रायश्चित्त भी उन्हें ही आता है।

यहाँ इन तीन सूत्रो मे बडी दीक्षा के निमित्त से तीन विकल्प कहे गये है-

(१) विस्मरण से कालमर्यादा-उल्लंघन,

(२) स्मृति होते हुए मर्यादा-उल्लघन,

(३) विस्मरण या अविस्मरण से विशेष मर्यादा-उल्लघन।

यदि मर्यादा-उल्लघन का उचित कारण विद्यमान हो तो उसका कोई प्रायश्चित्त नही है। किन्तु अकारण मर्यादा उल्लघन करने पर उसका प्रायश्चित्त लेना आवश्यक है।

यहाँ बडी दीक्षा के विधान एव प्रायश्चित्त में एक छूट और भी कही गई है, वह यह कि उस नवदीक्षित भिक्षु के माता-पिता आदि कोई भी माननीय या उपकारी पुरुष हो और उनके कल्पाक होने मे देर हो तो उनके निमित्त से उसको बड़ी दीक्षा देने में छह मास तक की भी प्रतीक्षा की जा सकती है और उसका कोई प्रायश्चित्त नहीं आता है।

ठाणागादि आगमो में सात रात्रि का जघन्य शैक्षकाल कहा गया है। अत. योग्य हो तो भी सात रात्रि पूर्ण होने के पूर्व बडी दीक्षा नहीं दी जा सकती है, क्योंकि उस समय तक वह शैक्ष एवं अकल्पाक कहा गया है। छह मास का "उत्कृष्ट शैक्षकाल" कहा गया है। अतः माननीय पुरुषो के लिए बडी दीक्षा रोकने पर भी छह मास का उल्लघन नही करना चाहिए।

Elaboration—During the administrative periods of the first and the last *Tirthankar*, after the first initiation as *Samayik charitra*, the second major initiation as *chhedopasthapaniya charitra* is conducted. The minimum period between the two initiations in monkhood is seven days. In other words a newly initiated is called *Kalpak* (one fit for second

initiation or major initiation). Only after seven days in the context of time-period while in the context of qualities of monkhood he should totally memorise *Avashyak Sutra* including its meaning and the procedures, first four chapters of *Dashvaikalik Sutra* after properly understanding the meaning thereof from his teacher and he should have common knowledge of *Jiva* and the like (the nine essentials) and of *Samitis* and *guptis* (non-activities). He should also have some practice of examining (pots and clothes) and also of daily routine. He is then called *kalpak*–one fit for second (major) initiation. The maximum time-period between two initiations is six months.

Thus when the newly initiated becomes *kalpak* (fit for second initiation) and his other tests are completed, he is granted second (major) initiation in monkhood (*upasthapana*). In case such a *kalpak bhikshu* is not granted second initiation in time, as laid down in the code, the *Acharya* or *Upadhyaya* (responsible for it) is liable for *prayashchit*.

It is evident from this provision of *prayashchit* in the code that it is the responsibility of *Acharya* or *Upadhyaya* to newly initiate a person or to grant him second initiation (*badi-diksha*). In case of any shortcoming in following the code, he (*Acharya* or *Upadhyaya*) is liable for *prayashchit* for this fault.

In these three aphorisms, three different situations have been discussed with reference to second initiation. They are as under—

(1) To overlook the due date due to loss of memory.

(2) To overlook the due date while keeping in memory the facts.

(3) To overlook special time limits due to loss of memory or not due to loss of memory.

In case there are special reasons for overlooking the prescribed time-period, one is not liable for any *prayashchit*. But if without cogent reasons the time-limit is ignored, the *Acharya* or *Upadhyaya* is liable for *prayashchit* and it is essential that he should undergo it.

Here one more exception has been provided in the provisions for second initiation. That exception is that the mother, father or any respectable or reverend person from the family of the newly initiated or in some context known to him is due after some time to be *kalpak*, then the second initiation (*badi Disha*) can be delayed for a period upto six months and the *Acharya* or *Upadhyaya* is not liable for any *prayashchit* on this account.

In *Thananga Sutra* and other *Agams* the minimum period of first initiation (the period between first and second initiation) is mentioned as seven days. Thus the second initiation can be allowed only after seven days even if the newly initiated fulfils all other conditions because up to that period he is known as newly initiated and *Akalpak*. The maximum period (*Utkrisht Shaiksh kaal*) is six months. Therefore due to second initiation of any respectable from the family, the second initiation of the newly initiated should not be delayed by more than six months.

***अन्य गण में गये भिक्षु का विवेक* PRUDENCE OF A MONK WHO ACCEPTS ANOTHER GANA**

१८. भिक्खू य गणाओ अवक्कम्म अण्णं गणं उवसंपज्जित्ताणं विहरेज्जा, तं च केइ साहम्मिए पासित्ता वएज्जा–कं अज्जो ! उवसंपज्जित्ताणं विहरसि ? जे तत्थ सव्वराइणिए तं वएज्जा। राइणिए तं वएज्जा 'अह भंते ! कस्स कप्पाए ?' जे तत्थ सव्व–बहुस्सुए तं वएज्जा, जं वा से भगवं वक्खइ तस्स आणा–उववाय–वयण–निद्देसे चिट्ठिस्सामि।

१८. विशिष्ट श्रुतज्ञान की प्राप्ति के लिए यदि कोई भिक्षु अपना गण छोडकर अन्य गण को स्वीकार कर विचर रहा हो तो उस समय उसे यदि कोई स्वधर्मी भिक्षु मिले और पूछे कि "हे आर्य ! तुम किसकी निश्रा मे विचर रहे हो ?" तब वह उस गण में जो दीक्षा मे सबसे बडा हो उसका नाम बताए। यदि रत्नाधिक पुन: पूछे कि–'हे भदन्त ! किस बहुश्रुत की प्रमुखता मे रह रहे हो ?' तब उस गण मे जो सबसे अधिक बहुश्रुत हो उसका नाम बताए तथा वे जिनकी आज्ञा मे रहने के लिए कहे, उनकी ही आज्ञा एव उनके समीप मे रहकर उनके ही वचनो के निर्देशानुसार मै रहूँगा ऐसा कहे।

18. A *bhikshu* leaves his fold and enters another fold (*gana*) in order to have special knowledge of *Agams*. In case any monks of his very order (*Dharma*) meets him and asks—"O the blessed ! In whose headship you are passing your monkhood ?" Then he should tell the name of that monk who is the senior most in period of monkhood in that fold. If the senior monk again asks—"O the blessed ! Who is your *bahushrut* leader ?" Then he should tell the name of that *bahushrut* who is the most learned in *Agams* in that fold. He should remain under the charge of that monk who is named by that *bahushrut* and he should say that he shall remain under his control and near him and shall spend his period of monkhood as directed by him

विवेचन : भाष्यकार के अनुसार इस सूत्र का भाव इस प्रकार है–

कोई अध्ययनशील भिक्षु किसी भी अन्य गच्छीय भिक्षु की अध्यापन-कुशलता की ख्याति सुनकर या जानकर उस गच्छ मे अध्ययन करने के लिए गया हो। वहाँ विचरण करते हुए कभी कोई पूर्व गच्छ का साधर्मिक भिक्षु गोचरी आदि के लिए भ्रमण करते हुए मिल जाए और वह पूछे कि–

"हे आर्य ! तुम किसकी निश्रा (आज्ञा) मे विचरण कर रहे हो?" तब उत्तर मे वहाँ जो रत्नाधिक आचार्य, गुरु या बहुश्रुत के दीक्षित पिता आदि हों उनका नाम बताये। किन्तु जब प्रश्नकर्त्ता को सतोष न हो कि इनसे तो अधिक ज्ञानी संत अपने गच्छ में भी हैं, फिर अपना गच्छ छोड़कर इनके गच्छ में क्यो गया है? अत सही जानकारी के लिए पुनः प्रश्न करे कि "हे भगवन् ! आपका कल्पाक कौन है? अर्थात् किस प्रमुख की आज्ञा में आप विचरण एवं अध्ययन आदि कर रहे हो, इस गच्छ में कौन अध्यापन मे कुशल है?" इसके उत्तर मे जो वहाँ सबसे अधिक बहुश्रुत हो अर्थात् सभी बहुश्रुतो में भी जो प्रधान हो और गच्छ का प्रमुख हो, उनके नाम का कथन करे। सार यह है कि जिस गच्छ में जिनकी आज्ञा मुख्य हो तथा जो बहुश्रुत हो, उनका नाम कभी छिपाना नही चाहिए।

Elaboration—According to the commentator the central idea of this aphorism is as under—

A *bhikshu* engaged in studies of *Agams* learns that a *bhikshu* of another group is expert in teaching *Agams*. He then goes to that group for such studies. Thus in case any *bhikshu* of the earlier group meets him during wanderings for collection of food and the like, and asks—

"O the blessed ! Under whose supervision you are passing the time ?" Then he should tell the name of the senior *Acharya*, his teacher or the initiated father of a bahushrut. In case that monk is not satisfied with the reply, he feels that in the original group also there are monks who are more learned in *Agams*. Therefore why he had gone to another group leaving his original group ? He, therefore, in order to know the real facts asks another question—"O the blessed ! Who is your *Kalpak* (senior monk) ? In other words under whose overall leadership you are studying and passing your monkhood and who is the expert in teaching Agams in that group ? Then he should tell the name of that monk who is the seniormost among all the scholarly monks (*bahushruts*). In other words, he should tell the name of that who is the head of that group and the chief among all the *bahushruts*. The central idea is that one should never conceal the name of that monk whose order is the most important in the group (*gachha*) and who is *bahushrut* (learned in scriptures).

अभिनिचारिका में जाने के विधि-निषेध **PROCEDURE OF GOING /NOT GOING TO ABHINICHARIKA**

१९. बहवे साहम्मिया इच्छेज्जा एगयओ अभिनिचारियं चारए नो णं कप्पइ थेरे अणापुच्छित्ता एगयओ अभिनिचारियं चारए, कप्पइ णं थेरे आपुच्छित्ता एगयओ अभिनिचारियं चारए।

थेरा य से वियरेज्जा—एवं णं कप्पइ एगयओ अभिनिचारियं चारए। थेरा य से नो वियरेज्जा—एवं नो कप्पइ एगयओ अभिनिचारियं चारए।

जे तत्थ थेरेहिं अविइण्णे एगयओ अभिनिचारियं चरंति, से सन्तरा छेए वा परिहारे वा।

१९. अनेक साधर्मिक साधु एक साथ 'अभिनिचारिका' करना चाहें तो स्थविर साधुओं को पूछे बिना उन्हें एक साथ 'अभिनिचारिका' करना नहीं कल्पता है, किन्तु स्थविर साधुओं से पूछ लेने पर उन्हे एक साथ 'अभिनिचारिका' करना कल्पता है।

यदि स्थविर साधु आज्ञा दे तो उन्हें 'अभिनिचारिका' करना कल्पता है। यदि स्थविर साधु आज्ञा न दें तो उन्हे 'अभिनिचारिका' करना नहीं कल्पता है।

यदि स्थविरों से आज्ञा प्राप्त किये बिना 'अभिनिचारिका' करे तो वे दीक्षा-छेद या परिहार-प्रायश्चित्त के पात्र होते है।

19. Many monks of the same order want to go for *abhinicharika* together Then they are not allowed to do so without the permission of *Sthavirs*. But after telling *Sthavirs* they can go together for *abhinicharika*.

In case the *Sthavirs* permit, they can go for *abhinicharika* If the *Sthavir* does not permit then they are not allowed to go for *abhinicharika*.

In case they go for abhinicharika without securing the permission of the *Sthavirs*, they are liable for *prayashchit* of reduction in period of monkhood or *parihar-prayashchit*.

विवेचन : आचार्य-उपाध्याय जहाँ मासकल्प ठहरे हो, शिष्यो को सूत्रार्थ की वाचना देते हो, वहाँ ग्लान या तप से कृश साधुओ को गोदुग्धादि विगयो की प्राप्ति सुलभ न हो, और निकट किसी गोपालक (ग्वालो की) बस्ती (व्रजिक) मे उसकी सुलभता हो तो उस विगय-प्राप्ति के लिए वहाँ जाए तो उनकी चर्या को 'अभिनिचारिका गमन' कहा गया है।

किसी भी भिक्षु को या अनेक भिक्षुओं को ऐसे दुग्धादि की सुलभता वाले क्षेत्र मे जाना हो तो गच्छ प्रमुख आचार्य या स्थविर आदि की आज्ञा लेना आवश्यक होता है। वे आवश्यक लगने पर ही उन्हे अभिनिचारिका में जाने की आज्ञा देते है अन्यथा मना कर सकते हैं। *(विशेष वर्णन देखे-हिन्दी विवेचन, पृ ३५०)*

Elaboration—*Acharya* or *Upadhyaya* is staying at a place to spend a month there. He teaches scriptures to his disciples. There are sick monks or those who have gone very weak due to practice of austerities. Cow-milk and such like strengthening food (*Vigaya*) is not easily available there. There is a colony of cowherds in the neighbourhood and such food is easily available there. So they go there to collect such food. This is called going for *Abhicharika*.

In case any *bhikshu* or many *bhikshus* want to go to a place where milk and the like is easily available, then it is very essential that he or they should first obtain the permission of the seniormost *Acharya* or *Sthavir* of that group. They grant such permission only if it is absolutely

necessary, otherwise they refuse it. (*For special description, see Hindi Commentary, pp 350*)

चर्या-प्रविष्ट एवं चर्या-निवृत्त भिक्षु के कर्तव्य DUTIES OF CHARYA-PRAVISHT AND CHARYA-NIVRITT BHIKSHU

२०. चरियापविट्ठे भिक्खू जाव चउराय-पंचरायाओ थेरे पासेज्जा, सच्चेव आलोयणा, सच्चेव पडिक्कमणा, सच्चेव ओग्गहस्स पुव्वाणुण्णवणा चिट्ठइ अहालंदमवि ओग्गहे।

२१. चरियापविट्ठे भिक्खू परं चउराय-पंचरायाओ थेरे पासेज्जा, पुणो आलोएज्जा, पुणो पडिक्कमेज्जा, पुणो छेयपरिहारस्स उवट्ठाएज्जा।

भिक्खुभावस्स अट्ठाए दोच्चंपि ओग्गहे अणुन्नवेयव्वे सिया। कप्पइ से एवं वदित्तए, 'अणुजाणह भंते ! मिओग्गहं अहालंदं धुवं नितियं वेउट्टियं।' तओ पच्छा काय-संफासं।

२२. चरियानियट्टे भिक्खू जाव चउराय-पंचरायाओ थेरे पासेज्जा, सच्चेव आलोयणा, सच्चेव पडिक्कमणा, सच्चेव ओग्गहस्स पुव्वाणुन्नवणा चिट्ठइ, अहालंदमवि ओग्गहे।

२३. चरियानियट्टे भिक्खू परं चउराय-पंचरायाओ थेरे पासेज्जा, पुणो आलोएज्जा, पुणो पडिक्कमेज्जा, पुणो छेयपरिहारस्स उवट्ठाएज्जा।

भिक्खूभावस्स अट्ठाए दोच्चं पि ओग्गहे अणुन्नवेयव्वे सिया।

कप्पइ से एवं वइत्तए-'अणुजाणह भंते ! मिओग्गहं अहालंदं धुवं नितियं वेउट्टियं।' तओ पच्छा काय-संफासं।

२०. चर्या मे प्रविष्ट भिक्षु यदि चार-पाँच रात की अवधि मे स्थविरों को देखे (मिले) तो उन भिक्षुओ को वही (पहले ली हुई) आलोचना, वही प्रतिक्रमण और कल्पपर्यंत रहने के लिए वही अवग्रह की पूर्वानुज्ञा रहती है।

२१. चर्या में प्रविष्ट भिक्षु यदि चार-पाँच रात के पश्चात् स्थविरों को देखे (मिले) तो वह पुनः आलोचना-प्रतिक्रमण करे और आवश्यक दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त में उपस्थित हो।

भिक्षु भाव (सयम की सुरक्षा) के लिए उसे दूसरी बार अवग्रह की अनुमति लेनी चाहिए। वह इस प्रकार प्रार्थना करे कि "हे भदन्त ! मितावग्रह मे विचरने के लिए, कल्प अनुसार करने के लिए, ध्रुव नियमों के लिए अर्थात् दैनिक क्रियाएँ करने के लिए आज्ञा दे तथा पुनः आने की अनुज्ञा दीजिए।" इस प्रकार कहकर वह उनके चरण का स्पर्श करे।

२२. चर्या से निवृत्त कोई भिक्षु यदि चार-पाँच रात की अवधि मे स्थविरों को देखे (मिले) तो उसे वही आलोचना वही प्रतिक्रमण और कल्प पर्यन्त रहने के लिए वही अवग्रह की पूर्वानुज्ञा रहती है।

२३. चर्या से निवृत्त भिक्षु यदि चार-पाँच रात के पश्चात् स्थविरों से मिले तो वह पुनः आलोचना-प्रतिक्रमण करे और आवश्यक दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त में उपस्थित हो।

भिक्षुभाव (संयम की सुरक्षा) के लिए उसे दूसरी बार अवग्रह की अनुमति लेनी चाहिए। वह इस प्रकार से प्रार्थना करे कि "हे भदन्त ! मुझे मितावग्रह की, यथालन्दकल्प की ध्रुव, नित्य क्रिया करने की और पुनः आने की अनुमति दीजिए।" इस प्रकार कहकर वह उनके चरणों का स्पर्श करे।

20. A *bhikshu* is *charya-pravisht* (still within the period for which he had sought permission for a specific praxis from his teachers). He during that period meets *Sthavirs* within four or five days. Then the permission already granted to him persists for the purpose of self-censure, *pratikraman* and stay.

21. A *bhikshu* is *charya-pravisht*. He meets *Sthavirs* after four-five days (and the period for which permission had been obtained from Sthavirs had already passed) Then he should do self-censure for his faults and *pratikraman*. He should seek from them the necessary *prayashchit* of reduction of period of monkhood or undertaking austerities as the case many be.

For safe-guard of his ascetic discipline, he should seek the permission again of *avagrah*. He should request—"O Reverend Sir ! Kindly grant me permission for *mit-avagrah*, doing activities according to *kalp*, practicing daily specified routine and to again return after that limited period" Thereafter, he should touch their feet.

22. A *bhikshu* has returned from his wandering (*charya nivritt*) He meets the *Sthavirs* within a period of four or five days. Then the permission already obtained applies for staying for *kalp*, his self criticism and *pratikraman*.

23. A *bhikshu* has returned from his wandering (*charya nivritt*). He meets the *Sthavirs* after a period of four-five days. Then he should again do self-criticism, *pratikraman* and undertake *prayashchit* of reduction in period of monkhood or undergoing austerities as the case may be

For safe-guard of his ascetic discipline he should seek again the permission of *Avagrah* (staying in the supervision of elders). He should in this manner request—"Reverend Sir ! Kindly grant me permission for *mit-avagreh, yathaland-kalp,* practicing daily specified routine and for returning to the fold thereafter." After saying so, he should touch their feet.

विवेचन : प्रस्तुत चार सूत्रो मे 'चरिका' शब्द के दो अर्थ किए गये हैं–(१) सूत्र १९ में कथित व्रजिकागमन अथवा (२) विदेश या दूर देश गमन।

(१) **प्रविष्ट**–गुरुजनों से जितने समय की आज्ञा प्राप्त हुई है, उतने समय के भीतर व्रजिका में रहा हुआ या दूर देश एवं विदेश की यात्रा में रहा हुआ भिक्षु **चर्या–प्रविष्ट** है।

(२) निवृत्त–व्रजिका–विहार से वापस आया हुआ या दूर देश के विचरण से लौटकर आया एवं पुन आज्ञा लेकर आसपास मे विचरण करने वाला भिक्षु चर्या–निवृत्त है।

इन सूत्रों में चर्या–प्रविष्ट एवं चर्या–निवृत्त चरिका वाले आज्ञा–प्राप्त भिक्षु को विनय–व्यवहार का विधान किया गया है, जिसमे ४–५ दिन की मर्यादा की गई है। इन मर्यादित दिनों के पूर्व गुरु आचार्य आदि का पुनः मिलने का अवसर प्राप्त हो जाय तो पूर्व की आज्ञा से ही विचरण किया जा सकता है किन्तु इन मर्यादित दिनो के बाद अर्थात् १०–२० दिन से या कुछ महीनो से मिलने का अवसर प्राप्त हो तो पुनः सूत्रोक्त विधि से आज्ञा प्राप्त कर लेनी चाहिए।

Elaboration—In the said four aphorisms, the word *charika* has been interpreted in two different ways—(1) In aphorism 19 it means going to a suburb, or (2) going to a foreign country or a state, which is far away.

(1) Pravisht—A monk who remains in an area (*vrajika*) or in a far away state or in foreign travel for that period only for which he had got permission from his spiritual teachers is called *charya pravisht.*

(2) Nivritt—A monk who has come back from his wandering or who has returned from the distant state where he had gone and after securing the permission of his spiritual masters wanders in the areas close to it is called *charya nivritt.*

In these aphorisms there is provision of normal behaviour of a *bhikshu* who is *chariya-pravisht* or *charya-nivritt* and who has already taken permission of (his spiritual masters). There is a provision of allowing only for four or five days extension. In case before this limited period expires the teacher or the spiritual master *Acharya* happens to meet him, he can go in his wandering with the permission already granted by his teacher. But after that limited period, in other words after 10-20 days or after some months if he meets his *guru*, then he should seek his permission in the manner as laid down in the *Sutra*.

शैक्ष और रत्नाधिक का व्यवहार

NORMAL DEALINGS BETWEEN NEWLY INITIATED AND THE SENIOR MONK

२४. दो साहम्मिया एगयओ विहरंति, तं जहा–सेहे य, राइणिए य। तत्थ सेहतराए पलिच्छन्ने, राइणिए अपलिच्छन्ने, सेहतराएणं राइणिए उवसंपज्जियव्वे, भिक्खोववायं च दलयइ कप्पागं।

२५. दो साहम्मिया एगयओ विहरंति, तं जहा–सेहे य, राइणिए य। तत्थ राइणिए पलिच्छन्ने सेहतराए अपलिच्छन्ने। इच्छा राइणिए सेहतरागं उपसंपज्जेज्जा, इच्छा नो उवसंपज्जेज्जा, इच्छा भिक्खोववायं दलेज्जा कप्पागं, इच्छा नो दलेज्जा कप्पागं।

२४. दो साधर्मिक भिक्षु एक साथ विचरते हों, यथा–अल्प दीक्षा–पर्याय (शैक्ष) वाला और अधिक दीक्षा–पर्याय वाला (रत्नाधिक)। उनमे यदि (शैक्ष–) अल्प दीक्षा–पर्याय वाला श्रुत–सम्पन्न तथा शिष्य–सम्पन्न हो और अधिक दीक्षा–पर्याय वाला न श्रुत–सम्पन्न हो, तथा शिष्य–सम्पन्न न हो तो भी अल्प दीक्षा–पर्याय वाले को अधिक दीक्षा–पर्याय वाले की विनय वैयावृत्य करना, आहार लाकर देना, समीप में रहना और अलग विचरने के लिए शिष्य देना इत्यादि कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिए।

२५. दो साधर्मिक भिक्षु एक साथ विचरते हों, यथा–अल्प दीक्षा–पर्याय वाला और अधिक दीक्षा–पर्याय वाला। उनमें यदि अधिक दीक्षा–पर्याय वाला श्रुत–सम्पन्न तथा शिष्य–सम्पन्न हो और अल्प दीक्षा–पर्याय वाला श्रुत–सम्पन्न तथा शिष्य–सम्पन्न न हो तो अधिक दीक्षा–पर्याय वाला इच्छा हो तो अल्प दीक्षा–पर्याय वाले की वैयावृत्य करे, इच्छा न हो तो न करे। इच्छा हो तो आहार लाकर दे, इच्छा न हो तो न दे। इच्छा हो तो समीप में रखे, इच्छा न हो तो न रखे। इच्छा हो तो अलग विचरने के लिए शिष्य दे, इच्छा न हो तो न दे।

24. Two monks are living together. One of them is of short initiation period (*shaiksh*) while the other has a longer period of initiation than the first one (*ratnadhik*) The *shaiksh* is learned in scriptures and has disciples while *ratnadhik* is neither learned in scriptures nor has any disciple. Still the *shaiksh* should be humble towards *ratnadhik*. He should serve him, he should collect food for him, he should stay near him and give a monk out of his disciples to him if he (*ratnadhik*) wants to propagate the mission separately He should perform all such duties meticulously.

25. Two monks are living together. One of them has a short period of initiation (*shaiksh*) while the other has longer period than that (*ratnadhik*). The senior monk (*ratnadhik*) is learned in scriptures and has wealth of disciples while the junior monk (*shaiksh*) is neither learned in scriptures nor has any disciples Then the senior monk may serve the junior or may not serve him if he does not want to do it He may collect food for him or may not collect food for him He may keep him (*shaiksh*) near him or may not keep him nearby. He may give him a disciple for wanderings separately or may not give

विवेचन : भाष्यकार आचार्य का कथन है कि यह कथन यहाँ कर्त्तव्य एव अधिकार की अपेक्षा से किया गया है। अल्प दीक्षा–पर्याय वाले को बडो की सेवा परिचर्या करनी चाहिए, किन्तु रत्नाधिको के लिए यह उनकी इच्छा पर निर्भर है। सेवा की आवश्यकता होने पर तो रत्नाधिक को भी शैक्ष की यथायोग्य सेवा करना या करवाना आवश्यक होता है। न करने पर वह प्रायश्चित्त का पात्र होता है। अत सूत्रोक्त विधान सामान्य स्थिति की अपेक्षा से है, ऐसा समझना चाहिए।

Elaboration—According to commentator *Acharya*, this provision is in the context of rights and duties. A junior monk (*shaiksh*) should serve

the seniors but in case of seniors it all depends on their desire. When there is a real need of attendance, it is essential even for the senior monk to attend to the junior monk as required or make arrangements for it. In case he does not do it, he is liable for *prayashchit*. So it should be understood that the above said permission as mentioned in the aphorism is in the context of normal situation.

रत्नाधिक को अग्रणी मानकर विचरने का विधान **TO MOVE ABOUT CONSIDERING RATNADHIK AS HEAD**

२६. दो भिक्खुणो एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२७. दो गणावच्छेइया एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२८. दो आयरिय-उवज्झाया एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२९. बहवे भिक्खुणो एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

३०. बहवे गणावच्छेइया एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

३१. बहवे आयरिय-उवज्झाया एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

३२. बहवे भिक्खुणो बहवे गणावच्छेइया, बहवे आयरिय-उवज्झाया एगयओ विहरंति, नो णं कप्पइ अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए। कप्पइ णं अहाराइणियाए अण्णमण्णं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

२६. दो भिक्षु एक साथ विचरते हो तो उन्हें परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ में विचरना नही कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर साथ विचरना कल्पता है।

२७. दो गणावच्छेदक एक साथ विचरते हो तो उन्हे परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ में विचरना नहीं कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर साथ विचरना कल्पता है।

२८. दो आचार्य या दो उपाध्याय एक साथ विचरते हों तो उन्हे परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ मे विचरना नहीं कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर साथ विचरना कल्पता है।

२९. बहुत से भिक्षु एक साथ विचरते हों तो उन्हें परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ में विचरना नहीं कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर साथ विचरना कल्पता है।

३०. बहुत से गणावच्छेदक एक साथ विचरते हो तो उन्हें परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ में विचरना नही कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर साथ विचरना कल्पता है।

३१. बहुत से आचार्य या उपाध्याय एक साथ विचरते हो तो उन्हें परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ में विचरना नहीं कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर साथ विचरना कल्पता है।

३२. बहुत से भिक्षु, बहुत से गणावच्छेदक और बहुत से आचार्य या उपाध्याय एक साथ विचरते हों तो उन्हें परस्पर एक-दूसरे को समान स्वीकार कर साथ विचरना नही कल्पता है। किन्तु रत्नाधिक को अग्रणी स्वीकार कर विचरना कल्पता है।

26. Two *bhikshus* live and wander together. They are not allowed to do so considering themselves equal in status. They should move about accepting the senior one the leader among them

27. Two *ganavachhedaks* live and stay together. They are not allowed to move together considering themselves as equal in status. They should move together accepting the senior one as the leader among them.

28. Two *Acharyas* or two *Upadhyayas* are living and staying together. They are not allowed to move together considering themselves as equal in status. They should move about only after accepting senior *Acharya* as the leader or the head of the group

29. Many *bhikshus* live and wander together. They are not allowed to do so considering themselves as equal. They should move together only after accepting the seniormost in monkhood as their head or the leader.

30. Many *ganavachhedaks* are living and wandering together They are not allowed to move about considering themselves as equal in status They should move about together only after accepting the senior among them as their leader or the head.

31. Many *Acharyas* or many *Upadhyayas* are living and moving about together. They are not allowed to do so. They are allowed to move together only after accepting the seniormost in monkhood among them as their leader or the head.

32. Many *bhikshus*, many *ganavachhedaks*, many *Acharyas* and many *Upadhyayas* are living and moving about together. They are not allowed to do so. They can move together only after accepting the one who is the seniormost among them in monkhood as their leader.

विवेचन : सूत्र २६ से ३२ तक का कथन विनय मूल धर्म की श्रेष्ठता का सूचक है। दो या अनेक भिक्षु यदि एक साथ रहें अथवा एक साथ विचरण करें भले ही वे अनेक दृष्टियों से समान हैं और तब वे किसी को बड़ा न मानें अर्थात् आज्ञा लेना, वन्दन करना आदि कोई भी विनय एवं समाचारी का व्यवहार न करे तो उनका इस प्रकार साथ रहना उचित नहीं है। किन्तु उन्हें किसी एक रत्नाधिक साधु की प्रमुखता स्वीकार करके उनके साथ विनय-व्यवहार रखते हुए रहना चाहिए और प्रत्येक कार्य उनकी आज्ञा लेकर ही करना चाहिए।

यह विधान एक मांडलिक आहार करने वाले साम्भोगिक साधुओं की अपेक्षा से है, ऐसा समझना चाहिए।

यदि कभी अन्य साम्भोगिक साधु, आचार्य, उपाध्याय या गणावच्छेदक का किसी ग्रामादि में एक ही उपाश्रय मे मिलना हो जाय और कुछ समय साथ रहने का प्रसंग आ जाय तो उचित विनय-व्यवहार और प्रेम-सम्बन्ध के साथ रहा जा सकता है, किन्तु सूत्रोक्त उपसम्पदा (नेतृत्व) स्वीकार करने का विधान यहाँ नहीं समझना चाहिए। यदि अन्य साम्भोगिक के साथ विचरण या चातुर्मास करना हो अथवा अध्ययन करना हो तो उनकी भी अल्पकालीन उपसम्पदा (नेतृत्व) तथा उचित विनय-व्यवहार स्वीकार करके ही रहना चाहिए।

॥ चौथा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—The aphorisms 26 to 32 indicate that only humility in conduct indicates the supreme behaviour in spirituality. In case two *bhikshus* live together, they may be equal from many points of view. Even then it is not proper for them to live together unless they accept one as their head, take permission from him, greet him, be humble towards him and follow the code of conduct with respect to seniors in dealings with him. They should live together after accepting the leadership of some senior monk and dealing with him as their leader. They should do every activity only after getting his permission.

It should be understood that this provision is in respect of those monks who can live together and dine together

In case any monk, *Acharya, Upadhyaya* or *ganavachhedak* who are *Sambhogik* (who can dine together) meet in an *upashraya* and there arises a chance for them to stay together for sometime then they can do so showing affection and deal with each other with due humility but it should not be understood as a provision in the code to accept leadership (upsampada). In case one has to move about or spend a *chaturmas* or do studies with other *Sambhogik* then they should also accept leadership for a short period and mutual humility in dealings.

● FOURTH UDDESHAK CONCLUDED ●

पाँचवाँ उद्देशक
FIFTH UDDESHAK

प्रवर्तिनी आदि के साथ विचरने वाली निर्ग्रन्थियों की संख्या

THE NUMBER OF NUNS ACCOMPANYING PRAVRTINI AND OTHERS

१. नो कप्पइ पवत्तिणीए अप्पबिइयाए हेमंत–गिम्हासु चारए।

२. कप्पइ पवत्तिणीए अप्पतइयाए हेमंत–गिम्हासु चारए।

३. नो कप्पइ गणावच्छेइणीय अप्पतइयाए हेमंत–गिम्हासु चारए।

४. कप्पइ गणावच्छेइणीए अप्पचउत्थाए हेमंत–गिम्हासु चारए।

५. नो कप्पइ पवत्तिणीए अप्पतइयाए वासावासं वत्थए।

६. कप्पइ पवत्तिणीए अप्पचउत्थाए वासावासं वत्थए।

७. नो कप्पइ गणावच्छेइणीए अप्पचउत्थाए वासावासं वत्थए।

८. कप्पइ गणावच्छेइणीए अप्पपंचमाए वासावासं वत्थए।

९. से गामंसि वा जाव रायहणिंसि वा बहूणं पवत्तिणीणं अप्पतइयाणं बहूणं गणावच्छेइणीणं अप्पचउत्थाणं कप्पइ हेमंत–गिम्हासु चारए अण्णमण्णं नीसाए।

१०. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा बहूणं पवत्तिणीणं अप्पचउत्थाणं बहूणं गणावच्छेइणीणं अप्पपंचमाणं कप्पइ वासावासं वत्थए अण्णमण्णं नीसाए।

१. हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु में प्रवर्तिनी साध्वी को, एक अन्य साध्वी को साथ लेकर विहार करना नही कल्पता है।

२. (किन्तु) कम से कम अन्य दो साध्वियाँ साथ लेकर विहार करना कल्पता है।

३. हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु मे गणावच्छेदिनी को अन्य दो साध्वियाँ साथ लेकर विहार करना नहीं कल्पता है।

४. (किन्तु) अन्य तीन साध्वियो को साथ लेकर विहार करना कल्पता है।

५. वर्षावास मे प्रवर्तिनी को अन्य दो साध्वियो के साथ रहना नही कल्पता है।

६. (किन्तु) कम से कम अन्य तीन साध्वियों के साथ रहना कल्पता है।

७. वर्षावास में गणावच्छेदिनी को अन्य तीन साध्वियो के साथ रहना नहीं कल्पता है।

८. (किन्तु) अन्य चार साध्वियो के साथ रहना कल्पता है।

९. हेमन्त और ग्रीष्म ऋतु में अनेक प्रवर्तिनियों को ग्राम यावत् राजधानी में अपनी-अपनी निश्रा में दो-दो अन्य साध्वियो को साथ लेकर और अनेक गणावच्छेदिनियों को, तीन-तीन अन्य साध्वियों को साथ लेकर विहार करना कल्पता है।

१०. वर्षावास मे अनेक प्रवर्तिनियो को अपनी-अपनी निश्रा मे तीन-तीन अन्य साध्वियो को साथ लेकर और अनेक गणावच्छेदिनियो को चार-चार अन्य साध्वियों को साथ लेकर रहना कल्पता है।

1. A Jain *Pravartini* is not allowed to move about in summer and winter with only one other nuns.

2. She can move about with two Jain nuns.

3. A Jain nun who is *ganavachhedini* is not allowed to move about in summer and winter with only two other Jain nuns.

4. She, however, can move with three Jain nuns

5. A *pravartini* is not allowed to stay during *chaturmas* with only two nuns

6. She can stay during *chaturmas* with at least three *Sadhvis*.

7. A Jain nun who is *ganavachhedini* is not allowed to stay during *chaturmas* with only three Jain nuns.

8. She can stay with at least four *sadhvis* during *chaturmas*

9. In summer and winter, many *pravartinis* can move about in village up to capital having at least two nuns each under their charge and many *ganavachhedini* nuns can move about having three nuns each under their charge.

10. During *chaturmas* many *pravartinis* can stay having at least three nuns each under their charge and many *ganavachhedini sadhvis* can stay having four nuns each under their charge.

विवेचन : बृहत्कल्प, उद्देशक ५ में साध्वी को अकेली रहने का निषेध है और यहाँ प्रवर्तिनी को दो के साथ विचरने का निषेध है। अत प्रवर्तिनी को शेष काल मे दो साध्वियो को साथ लेकर और चातुर्मास मे तीन साध्वियो को साथ मे रखकर विचरना चाहिए।

गणावच्छेदिनी प्रवर्तिनी की प्रमुख सहायिका होती है। यह प्रवर्तिनी की आज्ञा से साध्वियो की व्यवस्था, सेवा, प्रायश्चित्त आदि सभी कार्यों की देख-रेख करती है। अतः गणावच्छेदिनी अन्य तीन साध्वियो को साथ लेकर विचरे और चार अन्य साध्वियो को साथ मे रखकर चातुर्मास करे।

यद्यपि आगम विधान के अनुसार दो साध्वियाँ साथ में विचरण कर सकती हैं या चातुर्मास कर सकती हैं। किन्तु वर्तमान सप्रदायों की समाचारियो के विधानानुसार दो साध्वियों का विचरण एवं चातुर्मास करना निषिद्ध माना जाता है। अन्य विवेचन चौथे उद्देशक के अनुसार समझना चाहिए।

Elaboration—In *uddeshak* 5 of *Brihat-kalp Sutra* a nun is not allowed to stay alone while here a *pravartini* is not allowed to move about with only two nuns. So a *pravartini* should move about with at least two nuns during the period other than *chaturmas* and during *chaturmas* she should move about only with at least three nuns.

A *ganavachhedini* nun is the chief assistant of the *pravartini*. With the permission of *pravartini*, she looks after all the duties namely suitable arrangement for all the nuns, their service and their *prayashchit* and the like. So a *ganavachhedini* nun should move about with at least three nuns and spend *chaturmas* with at least four nuns.

Although according to code mentioned in *Agam*, two Jain nuns can move together or stay for *chaturmas*, yet according to the code of conduct of the group now in existence, the movement or stay for *chaturmas* of two *sadhvis* is prohibited. The remaining description should be considered as in fourth *uddeshak*.

अग्रणी साध्वी के काल करने पर साध्वी का कर्त्तव्य DUTIES OF A NUN WHEN HEAD NUN DIES

११. गामाणुगामं दूइज्जमाणी णिग्गंथी य जं पुरओ काउं विहरइ, सा य आहच्च वीसुंभेज्जा अत्थि य इत्थ काइ अण्णा उवसंपज्जणारिहा सा उवसंपज्जियव्वा।

नत्थि य इत्थ काइ अण्णा उवसंपज्जणारिहा तीसे य अप्पणो कप्पाए असमत्ते एवं से कप्पइ एगराइयाए पडिमाए जण्णं-जण्णं दिसं अण्णाओ साहम्मिणीओ विहरंति तण्णं-तण्णं उवलित्तए। नो से कप्पइ तत्थ विहारवत्तियं वत्थए। कप्पइ से तत्थ कारणवत्तियं वत्थए।

तंसि च णं कारणंसि निट्ठियंसि परो वएज्जा-'वसाहि अज्जे ! एगरायं वा दुरायं वा', एवं से कप्पइ एगरायं वा दुरायं वा वत्थए। नो से कप्पइ परं एगरायाओ वा दुरायाओ वा वत्थए। जा तत्थ एगरायाओ वा दुरायाओ वा परं वसइ सा सन्तरा छेए वा परिहारे वा।

१२. वासावासं पज्जोसविया णिग्गंथी य जं पुरओ काउं विहरइ, सा य आहच्च वीसुंभेज्जा, अत्थि य इत्थ काइ अण्णा उवसंपज्जणारिहा सा उवसंपज्जियव्वा।

नत्थि य इत्थ काइ अण्णा उवसंपज्जणारिहा तीसे य अप्पणो कप्पइ असमत्ते एवं से कप्पइ एगराइयाए पडिमाए जण्णं-जण्णं दिसं अण्णाओ साहम्मिणीओ विहरंति तण्णं-तण्णं उवलित्तए। नो से कप्पइ तत्थ विहारवत्तियं वत्थए। कप्पइ से तत्थ कारणवत्तियं वत्थए।

तंसि च णं कारणंसि निट्ठियंसि परो वएज्जा-'वसाहि अज्जे ! एगरायं वा दुरायं वा', एवं से कप्पइ एगरायं वा दुरायं वा वत्थए। नो से कप्पइ परं एगरायाओ वा दुरायाओ वा वत्थए। जा तत्थ एगरायाओ वा दुरायाओ वा परं वसइ सा सन्तरा छेए वा परिहारे वा।

११. ग्रामानुग्राम विहार करती हुई साध्वियाँ, जिसको अग्रणी मानकर विहार कर रही हों उनके कालधर्म प्राप्त होने पर शेष साध्वियों में जो साध्वी योग्य हो, उसकी निश्रा में रहना चाहिए।

यदि अन्य कोई साध्वी नेतृत्व करने योग्य न हो और स्वयं भी निशीथ आदि का अध्ययन पूर्ण न करने के कारण कल्पाक (संघाड़ा प्रमुख) होने के योग्य न हो तो उसे मार्ग में एक-एक रात्रि ठहरते हुए जिस दिशा में अन्य साधर्मिणी साध्वियाँ विचरती हो, उस दिशा मे जाना चाहिए। मार्ग में उसे विचरने के लक्ष्य से ठहरना नहीं कल्पता है। यदि रोगादि का कारण हो तो ठहरना कल्पता है।

रोगादि के समाप्त होने पर यदि कोई कहे कि "हे आर्ये ! एक या दो रात और ठहरो।" तो उन्हें एक या दो रात और ठहरना कल्पता है। किन्तु एक या दो रात से अधिक ठहरना नहीं कल्पता है। जो साध्वी एक या दो रात से अधिक ठहरती है, वह मर्यादा-उल्लंघन के कारण दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त की पात्र होती है।

१२. वर्षावास में रही हुई साध्वियाँ जिसको अग्रणी मानकर रह रही हो उसके कालधर्म प्राप्त होने पर शेष साध्वियो मे जो साध्वी योग्य हो, उसकी निश्रा मे रहना चाहिए।

यदि अन्य कोई साध्वी नेतृत्व करने योग्य न हो और स्वयं ने भी आचार-प्रकल्प का अध्ययन पूर्ण न किया हो तो उसे मार्ग मे एक-एक रात्रि ठहरते हुए जिस दिशा में अन्य साधर्मिणी साध्वियाँ विचरती हो, उस दिशा मे जाना चाहिए। मार्ग में उसे विचरने के लक्ष्य से ठहरना नही कल्पता है। यदि रोगादि का कारण हो तो ठहरना कल्पता है।

रोगादि के समाप्त होने पर यदि कोई कहे कि "हे आर्य ! एक या दो रात और ठहरो।" तो उसे एक या दो रात और ठहरना कल्पता है। किन्तु एक या दो रात से अधिक ठहरना नहीं कल्पता है। जो साध्वी एक या दो रात से अधिक ठहरती है, वह मर्यादा-उल्लघन के कारण दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त की पात्र होती है।

11. In case while nuns are moving from village to village, the nun whom they have accepted as their head nun in that group dies, the remaining nuns should remain under the supervision of that nun whom they consider capable of their leadership.

In case no other nun is capable of leading them and they themselves are also not fit to be head of the group as they have not completed the study of *Nisheeth Sutra* and others, then they should move in the direction in which other *Sadhvis* of their order are moving about spending only a night each on their way where necessary. They should not stay in the way for the purpose of propagating the mission. They can, however, stay in case of illness.

If after the illness is cured, someone requests them—"O the blessed ! Kindly stay for a day or two more." Then they can stay for one or two

nights more, but they are not allowed to stay for more than one or two nights A nun who stays for more than one or two nights, crosses the limits laid down and is therefore liable for *paryashchit* of reduction in period of monkhood or *prayashchit*-austerities.

12. If the nun accepted as head nun in the group dies, the remaining nuns should stay under supervision of the nun who is fit for that post

If no other nun is fit to lead them and they have also not completed their study of *Achar-Prakalp*, they should go in the direction in which other nuns of same order are staying having a night's rest on the way where necessary. They can stay longer in case of illness

After cure of illness if someone says—"O the blessed ! Kindly stay for a night or two then they can stay for one or two nights In case she stays for more than one or two nights, she is liable for *prayashchit* of reduction of period of monkhood or *prayashcit* austerities due to crossing the limits laid down.

विवेचन : चौथे उद्देशक के ग्यारहवे-बारहवे सूत्र मे अग्रणी साधु के कालधर्म-प्राप्त हो जाने का वर्णन है और यहाँ अग्रणी साध्वी के कालधर्म-प्राप्त हो जाने का वर्णन है। अन्य साध्वी को प्रमुख बनने या बनाने का अथवा विहार करने का विवेचन चौथे उद्देशक के समान समझना चाहिए।

Elaboration—In the eleventh and twelfth aphorism of the fourth *uddeshak*, there is the description concerning the death of the head monk while here the death of head nun has been discussed The description relating to fitness for being the head or selection of the head or of moving (from village to village) should be considered similar to the one as mentioned in *uddeshak* four.

प्रवर्तिनी के द्वारा पद देने का निर्देश THE ORDER OF A PRAVARTINI GRANTING A POST

१३. पवत्तिणी य गिलायमाणी अन्नयरं वएज्जा–"मए णं अज्जे ! कालगयाए समाणीए इयं समुक्कसियव्वा।" सा य समुक्कसिणारिहा समुक्कसियव्वा, सा य नो समुक्कसिणारिहा नो समुक्कसियव्वा।

अत्थि य इत्थ अण्णा काइ समुक्कसिणारिहा सा समुक्कसियव्वा। नत्थि य इत्थ अण्णा काइ समुक्कसिणारिहा सा चेव समुक्कसियव्वा। ताए च णं समुक्किट्ठाए परा वएज्जा–"दुस्समुक्किट्ठं ते अज्जे। निक्खिवाहि" ताए णं निक्खिवमाणाए नत्थि केइ छेए वा परिहारे वा।

जाओ साहिम्मणीओ अहाकप्पं नो उट्ठाए विहरंति सव्वासिं तासिं तप्पत्तियं छेए वा परिहारे वा।

१४. पवत्तिणी य ओहायमाणी अन्नयरं वएज्जा–"मए णं अज्जे ! ओहावियाए समाणीए इयं समुक्कसियव्वा।" सा य समुक्कसिणारिहा समुक्कसियव्वा, सा य नो समुक्कसिणारिहा नो समुक्कसियव्वा।

अत्थि य इत्थ अण्णा काइ समुक्कसिणारिहा सा समुक्कसियव्वा। नत्थि य इत्थ अण्णा काइ समुक्कसिणारिहा सा चेव समुक्कसियव्वा। ताए च णं समुक्किट्ठाए परा वएज्जा–"दुस्समुक्किट्ठं ते अज्जे! निक्खिवाहि" ताए णं निक्खिवमाणाए नत्थि केइ छेए वा परिहारे वा।

जाओ साहिम्मणीओ अहाकप्पं नो उट्ठाए विहरंति सव्वासिं तासिं तप्पत्तियं छेए वा परिहारे वा।

१३. रुग्ण प्रवर्तिनी किसी प्रमुख साध्वी से कहे कि "हे आर्ये ! मेरे कालधर्म प्राप्त होने पर अमुक साध्वी को मेरे पद पर स्थापित करना।" यदि प्रवर्तिनी द्वारा निर्दिष्ट वह साध्वी उस पद पर स्थापन करने योग्य हो तो उसे स्थापित करना चाहिए। यदि वह उस पद पर स्थापन करने योग्य न हो तो उसे स्थापित नही करना चाहिए।

यदि समुदाय मे अन्य कोई साध्वी उस पद के योग्य हो तो स्थापित करना चाहिए। यदि समुदाय मे अन्य कोई भी साध्वी उस पद के योग्य न हो तो प्रवर्तिनी-निर्दिष्ट साध्वी को ही उस पद पर स्थापित करना चाहिए। उसको उस पद पर स्थापित करने के बाद कोई गीतार्थ साध्वी कहे कि "हे आर्ये ! तुम इस पद के अयोग्य हो। अत. इस पद को छोड दो।" (ऐसा कहने पर) यदि वह उस पद को छोड दे तो वह दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त की पात्र नहीं होती है।

जो स्वधर्मिणी साध्वियाँ कल्प (उत्तरदायित्व) के अनुसार उसे प्रवर्तिनी आदि पद छोडने के लिए न कहे तो वे सभी स्वधर्मिणी साध्वियाँ उक्त कारण से दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त की पात्र होती है।

१४. सयम-परित्याग कर जाने वाली प्रवर्तिनी किसी प्रमुख साध्वी से कहे कि "हे आर्ये ! मेरे चले जाने पर अमुक साध्वी को मेरे पद पर स्थापित करना।" यदि वह साध्वी उस पद पर स्थापन करने योग्य हो तो उसे उस पद पर स्थापन करना चाहिए। यदि वह उस पद पर स्थापन करने योग्य न हो तो उसे स्थापित नही करना चाहिए।

यदि समुदाय मे अन्य कोई साध्वी उस पद के योग्य हो तो स्थापित करना चाहिए। यदि समुदाय में अन्य कोई भी साध्वी उस पद के योग्य न हो तो प्रवर्तिनी-निर्दिष्ट साध्वी को ही उस पद पर स्थापित करना चाहिए। उसको उस पद पर स्थापित करने के बाद कोई गीतार्थ साध्वी कहे कि "हे आर्ये ! तुम इस पद के अयोग्य हो। अतः इस पद को छोड दो।" (ऐसा कहने पर) यदि वह उस पद को छोड़ दे तो वह दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त की पात्र नही होती है।

जो स्वधर्मिणी साध्वियाँ कल्प (उत्तरदायित्व) के अनुसार उसे प्रवर्तिनी आदि पद छोडने के लिए न कहें तो वे सभी स्वधर्मिणी साध्वियाँ उक्त कारण से दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त की पात्र होती हैं।

13. A *pravartını* who is ill asks a senior nun—"O the blessed ! After my death, appoint such and such nun on my post." In case that nun is fit to be appointed as *pravartını*, she should be appointed on that vacant post. In case she is not fit to be appointed as such, she should not be so appointed.

In case in the group, another nun is fit to be appointed to that post, she should be appointed. If no other nun is fit to be appointed to that

post, the nun pointed out by the *pravartini* should be appointed to the post. In case after that nun is installed on the post of *pravartini*, some learned nun says—"O the blessed ! You are not fit for this post. So you should resign this post." In that case, she is not liable for any *prayashchit* of reduction in period of monkhood or *prayashchit*-austerities if she resigns.

The nuns of the same order who do not ask her to resign the post of *pravartini* and the like, all of them shall be liable for *prayashchit* of reduction of period of monkhood or of *prayashchit*-austerities.

14. A *pravartini* is leaving the ascetic life and advises a senior nun— "O the blessed ! After my departure instal such and such nun on my post." If that nun is fit for the post she should be appointed. In case she is not fit for the post, she should not be appointed

In case in the group, another nun is fit to be appointed to that post, she should be appointed as such. If no other nun in the group is fit to be appointed to that post, the nun suggested by the *pravartini* should be appointed to that post. In case after she has been installed on the post, some senior nun learned in Agams, tells—"O the blessed ! You are not fit for this post So you should resign this post " If at that time she resigns her post, she is not liable for any *prayashchit* of reduction in period of monkhood or *prayashchit*-austerities

The nuns of the same order who according to their responsibility do not ask her to resign the post, they all shall be liable for reduction in the period of monkhood or *prayashchit*-austerities because of the said fault.

विवेचन : आचार्य अपने गच्छ के सम्पूर्ण साधु-साध्वियो के धर्मशासक होते है। अत उनका विशिष्ट निर्णय तो सभी साध्वियो को स्वीकार करना होता ही है, अर्थात् उनके निर्देशानुसार प्रवर्तिनी पद पर किसी साध्वी को नियुक्त किया जा सकता है, किन्तु सामान्य विधान की अपेक्षा सूत्रानुसार साध्वियाँ या प्रवर्तिनी आदि भी अन्य योग्य साध्वी को प्रवर्तिनी आदि पद पर नियुक्त कर सकती है। यह इन सूत्रो से स्पष्ट होता है।

Elaboration—The *Acharya* is the administrator of all the monks and nuns in the group (*gachha*). So all the nuns have to accept his special decision. In other words any nun can be appointed to the post of *pravartini* according to his direction. But in the context of common code, the nuns or *pravartini* and the like can appoint any capable nun to the post of *pravartini* as provided in the scriptures. This is quite evident from these aphorisms.

आचारप्रकल्प—विस्मृत को पद देने का विधि—निषेध
PROCEDURE OF APPOINTING OR NOT ONE WHO HAS FORGOTTEN ACHAR-PRAKALP

१५. निग्गंथस्स णं नव—डहर—तरुणस्स आयारकपप्पे नामं अज्झयणे परिब्भट्ठे सिया, से य पुच्छियब्वे—"केण ते कारणेण अज्जो ! आयारपकप्पे नामं—अज्झयणे परिब्भट्ठे ? किं आबाहेणं उदाहु पमाएणं ?"

से य वएज्जा—"नो आबाहेणं, पमाएणं", जावज्जीवं तस्स तप्पत्तियं नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

से य वएज्जा—"आबाहेणं, नो पमाएणं, से य संठवेस्सामि त्ति" संठवेज्जा एवं से कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा। से य "संठवेस्सामि" त्ति नो संठवेज्जा, एवं से नो कप्पइ आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१६. निग्गंथीए णं नव—डहर—तरुणियाए आयारपकप्पे नामं अज्झयणे परिब्भट्ठे सिया, सा य पुच्छियव्वा—"केण भे कारणेणं अज्जे ! आयारपकप्पे नामं—अज्झयणे परिब्भट्ठे ? किं आबाहेणं उदाहु पमाएणं ?"

सा य वएज्जा—"नो आबाहेणं, पमाएणं", जावज्जीवं तीसे तप्पत्तियं नो कप्पइ पवत्तिणित्तं वा गणावच्छेइणित्तं वा उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा।

सा य वएज्जा—"आबाहेणं, नो पमाएणं, सा य संठ्पेस्सामि त्ति" संठवेज्जा एवं से कप्पइ पवत्तिणित्तिं वा गणावच्छेइणित्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा। सा य "संठवेस्सामि" त्ति नो संठवेज्जा, एवं से नो कप्पइ पवत्तिणित्तिं वा गणावच्छेइणित्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१५. नवदीक्षित, बाल एवं तरुण निर्ग्रन्थ के यदि आचारप्रकल्प (आचाराग–निशीथसूत्र) का अध्ययन विस्मृत हो जाए तो उसे पूछा जाए कि "हे आर्य ! तुम किस कारण से आचारप्रकल्प–अध्ययन को भूल गए हो, क्या किसी रोग आदि कारण से भूले हो या प्रमाद से ?"

यदि वह कहे कि "किसी रोगादि कारण से नही अपितु प्रमाद से विस्मृत हुआ है।" तो उसे उक्त कारण से जीवनपर्यन्त आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

यदि वह कहे कि "अमुक रोगादि कारण से विस्मृत हुआ है–प्रमाद से नहीं। अब मैं आचारप्रकल्प पुनः कण्ठस्थ कर लूँगा।" ऐसा कहकर कण्ठस्थ कर ले तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है। यदि वह आचारप्रकल्प को पुनः कण्ठस्थ कर लेने को कहकर भी कण्ठस्थ न करे तो उसे आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

१६. नवदीक्षित, बाल एव तरुण निर्ग्रन्थी को यदि आचारप्रकल्प–अध्ययन विस्मृत हो जाए तो उसे पूछना चाहिए कि "हे आर्ये ! तुम किस कारण से आचारप्रकल्प–अध्ययन भूल गई हो, क्या किसी कारण से भूली हो या प्रमाद से ?"

यदि वह कहे कि "किसी कारण से नही अपितु प्रमाद से विस्मृत हुआ है।" तो उसे उक्त कारण से जीवनपर्यन्त प्रवर्तिनी या गणावच्छेदिनी पद देना या धारण करना नहीं कल्पता है।

यदि वह कहे कि "अमुक कारण से विस्मृत हुआ है-प्रमाद से नही। मै पुनः आचारप्रकल्प को कण्ठस्थ कर लूँगी।" ऐसा कहकर कण्ठस्थ कर ले तो उसे प्रवर्तिनी या गणावच्छेदिनी पद देना या धारण करना कल्पता है। यदि वह आचारप्रकल्प को पुन कण्ठस्थ कर लेने को कहकर भी कण्ठस्थ न करे तो उसे प्रवर्तिनी या गणावच्छेदिनी पद देना या धारण करना नही कल्पता है।

15. In case a newly initiated monk, a monk of a few years of monkhood (*baal*) or a young (*tarun*) monk forgets his study of *Achar-prakalp* (*Acharang* and *Nisheeth Sutra*), then he should be asked—"O the blessed ! What is the reason for your having forgotten *Achar-prakalp*. Have you forgotten due to some illness or due to any slackness.'

In case he replies—"I have not forgotten it due to any illness I have forgotten it due to my slackness (*pramad*)" Then he should not be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* throughout his life nor he should hold any such post.

If he says—"I have forgotten it due to such and such illness and not due to any slackness." I shall now memorize *Achar-prakalp* again and after saying so he actually memorizes it, then he can be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* and he can hold such post In case he is not able to memorize even after assuring to do so, he cannot be offered the post of *Acharya* up to *ganavachhedak* nor he can hold any such post."

16. In case a newly initiated nun, a nun of a few years of life of ascetic restraint or a young (*tarun*) nun forgets her study of *Achar-prakalp*, then she should be asked—"O the blessed ! what is the reason for your having forgotten the *Achar-prakalp* Have you forgotten it due to some illness or it is due to any slackness ?"

In case she replies—"I have not forgotten it due to any illness. I have forgotten it due to my slackness." Then she should not be offered the post of *pravartini* or *ganavachhedini* throughout her life nor she should hold any such post

If she says—"I have forgotten it due to such and such illness and not due to any slackness I shall now memorise *Achar-prakalp* again." and after saying so, she actually memorises *Achar-prakalp*, then she can be offered the post of *pravartini* or *ganavachhedini* and she can hold such post. In case she is not able to memorise even after such an assurance,

she cannot be offered the post of *pravartini* or *ganavachhedini* nor she can hold any such post.

विवेचन : तीसरे उद्देशक के तीसरे सूत्र में तीन वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को "आचारप्रकल्प" कण्ठस्थ धारण करने का कहा गया है और इन सूत्रों में प्रत्येक श्रमण-श्रमणी को आचारप्रकल्प कण्ठस्थ करना एव उसे कण्ठस्थ रखना आवश्यक कहा गया है। साथ ही गच्छ के प्रमुख श्रमणो का यह कर्त्तव्य बताया गया है कि वे समय-समय पर यह जाँच भी करते रहे कि किसी श्रमण को आचारप्रकल्प विस्मृत तो नही हो रहा है। यदि विस्मृत हुआ है तो उसके कारण की जानकारी करनी चाहिए।

सूत्र मे यह भी कहा गया है कि आचारप्रकल्प को भूलने वाला श्रमण या श्रमणी यदि नवदीक्षित है, बालवय या तरुणवय वाला है तो उसे सूत्रोक्त प्रायश्चित्त आता है। वह प्रायश्चित्त दो प्रकार का है, यथा—

(१) किसी कारणवश भूलने पर पुन कण्ठस्थ करने तक वह किसी भी पदवी को धारण नहीं कर सकता तथा (सिंघाडा-प्रमुख) बनकर विचरण भी नहीं कर सकता।

(२) यदि वह प्रमादवश भूल जाता है तो वह जीवनपर्यन्त किसी पदवी को धारण नही कर सकता तथा सिघाडा-प्रमुख बनकर विचरण भी नही कर सकता।

"आचारप्रकल्प" से यहाँ आचाराग और निशीथसूत्र का निर्देश किया गया है। ये दोनो ही श्रमण आचार व व्यवहार शुद्धि के प्रमुख आधार सूत्र हैं। अत. इन्हे प्रत्येक श्रमण को कण्ठस्थ रखना चाहिए। आचारप्रकल्प का धारक भिक्षु ही जघन्य गीतार्थ या जघन्य बहुश्रुत कहा गया है। वही स्वतंत्र विहार या गोचरी के योग्य होता है। *(आधार हिन्दी विवेचन, पृ ३६५)*

Elaboration—According to third aphorism in third *uddeshak*, a *shraman* having three year period of monkhood to his credit should have in his memory the entire *Achar-prakalp* But in the present aphorisms for every monk and nun it is essential to memorise *Achar-prakalp* and retain the same in memory Simultaneously, it is the duty of senior monks that they know and then examine whether any one of them has forgotten *Achar-prakalp*. If any one has forgotten it, they should try to know its causes.

It is also mentioned in the *Sutra* that in case the monk or nun who has forgotten *Achar-prakalp* is newly initiated, is of tender age or is of young age then he is liable for *prayashchit* as mentioned in the *Sutra*. That *prayashchit* is of two types namely—

(1) In case he forgets due to some reason, he cannot hold any post till he does not memorise it again. He cannot even be head of any group during his wanderings.

(2) If he forgets due to slackness, he cannot hold any post throughout his life and he cannot move about as head of any small group.

Here *Achar-prakalp* means Acharang and Nisheeth Sutra. These two are the most important *Agams* for purity of ascetic conduct and mutual behaviour. So every *shraman* should memorise them. A *bhikshu* who holds in his memory the *Achar-prakalp* is the least learned (*geetarth*) and the least *bahushrut*. Only such an ascetic is capable of independent wandering or independently going for collecting food.

स्थविर के लिए आचारप्रकल्प के पुनरावर्तन करने का विधान
PROVISION OF REVISION OF ACHAR-PRAKALP BY STHAVIR

१७. थेराणं थेरभूमिपत्ताणं आयारपकप्पे नामं अज्झयणे परिब्भट्ठे सिया, कप्पइ तेसिं संठवेत्ताण वा, असंठवेत्ताण वा आयरियत्तं वा जाव गणावच्छेइयत्तं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१८. थेराणं थेरभूमिपत्ताणं आयारपकप्पे नामं अज्झयणे परिब्भट्ठे सिया, कप्पइ तेसिं सन्निसण्णाण वा, संतुयट्टाण वा, उत्ताणयाण वा, पासिल्लयाण वा आयरपकप्पं नामं अज्झयणं दोच्चंपि तच्चंपि पडिपुच्छित्तए वा, पडिसारेत्तए वा।

१७. कोई स्थविर वृद्ध अवस्था के कारण यदि आचारप्रकल्प-अध्ययन विस्मृत हो जाए (और पुन: कण्ठस्थ करे या न करे) तो भी उन्हें आचार्य यावत् गणावच्छेदक पद देना या धारण करना कल्पता है।

१८. कोई स्थविर वृद्ध अवस्था के कारण यदि आचारप्रकल्प-अध्ययन विस्मृत हो जाए तो उन्हे बैठे हुए, लेटे हुए, उत्तानासन से सोये हुए या पार्श्व भाग से शयन किये हुए भी आचारप्रकल्प-अध्ययन दो-तीन बार पूछकर स्मरण करना और पुनरावृत्ति करना कल्पता है।

17. A *Sthavir* due to old age may forget what he had studied in *Achar-prakalp* (and he may or may not memorise it again). Even then he can be appointed *Acharya* up to *ganavachhedak* or hold such a post.

18. If a *Sthavir* due to old age forgets *Achar-prakalp* then he is allowed to recollect it (or memorise) it while sitting, lying down or sleeping on one side or sleeping flat by asking two-three times and by revising it.

परस्पर आलोचना करने के विधि-निषेध PROCEDURE OF DOING/NOT DOING MUTUAL SELF-CENSURE

१९. जे निग्गंथा य निग्गंथीओ य संभोइया सिया, नो णं कप्पइ अण्णमण्णस्स अंतिए आलोइत्तए।

अत्थि य इत्थ णं केइ आलोयणारिहे कप्पइ णं तस्स अंतिए आलोइत्तए। नत्थि य इत्थ णं केइ आलोयणारिहे एवं ण कप्पइ अण्णमण्णस्स अंतिए आलोइत्तए।

१९. जो साधु और साध्वियाँ साम्भोगिक है, उन्हें परस्पर एक-दूसरे के समीप आलोचना करना नहीं कल्पता है।

यदि स्व-पक्ष में (अपने गण में) कोई आलोचना सुनने योग्य (आचार्य-उपाध्याय या प्रवर्तिनी) हो तो उनके समीप ही आलोचना करना कल्पता है। यदि स्व-पक्ष में आलोचना सुनने योग्य कोई न हो तो साधु-साध्वी को परस्पर आलोचना करना कल्पता है।

19. Those monks and nuns who are *Sambhogik* (can dine together), they can self-censure before each other.

In case, *Acharya, Upadhyaya* or *pravartini* is available in one's group who is capable of listening to the self-censure, then one is allowed to do self-censure before him. In case no such person is available, then the monk and the nuns can self-censure (their ascetic conduct) before each other.

विवेचन : बृहत्कल्पसूत्र के चौथे उद्देशक मे बारह प्रकार के सांभोगिक व्यवहारो का वर्णन करते हुए उत्सर्ग विधि से साध्वियो के साथ छह सांभोगिक व्यवहार रखना कहा गया है। तदनुसार साध्वियो के साथ एक मांडलिक आहार का व्यवहार नही होता है तथा कारण के बिना उनके साथ आहारादि का लेन-देन भी नही होता है, तो भी वे साधु-साध्वी एक आचार्य की आज्ञा मे होने से और एक गच्छ वाले होने से वे साभोगिक कहे जाते हैं।

ऐसे सांभोगिक साधु-साध्वियों के लिए भी आलोचना, प्रतिक्रमण, प्रायश्चित्त आदि परस्पर करना निषिद्ध है, अर्थात् साधु अपने दोषो की आलोचना, प्रायश्चित्त आचार्य, उपाध्याय, स्थविर आदि के पास ही करे और साध्वियाँ अपनी आलोचना, प्रायश्चित्त प्रवर्तिनी, स्थविरा आदि योग्य श्रमणियो के पास ही करें, यह विधि मार्ग या उत्सर्ग मार्ग है।

अपवाद मार्ग के अनुसार किसी गण में साधु या साध्वियों मे कभी कोई आलोचना श्रवण के योग्य न हो या प्रायश्चित्त देने योग्य न हो तब परिस्थितिवश साधु स्वगच्छीय साध्वी के पास आलोचना, प्रतिक्रमण, प्रायश्चित्त कर सकता है और साध्वी स्वगच्छीय साधु के पास आलोचना आदि कर सकती है।

Elaboration—In the fourth *uddeshak* of *Brihat-kalp Sutra* while describing twelve types of mutual dealings, it has been stated that as a general rule dealing with nuns can be maintained for six months. According to it a monk cannot dine in a group with nuns and, without any special reason, the food and the like cannot be mutually offered. Even then, as the monks and nuns are under the overall control of one *Acharya*, and in one *gachha*, they are called *sambhogik*.

Even for such *sambhogik* monks and nuns it is prohibited to mutually do self-censure, *pratikraman, prayashchit* and the like. In other words a monk should do self-censure and *prayashchit* for his faults before the *Acharya, Upadhyaya, sthavir* and the like and the nuns should do it only before *pravartini, sthavira* (senior learned nun) and such nuns who are capable of listening to it (and awarding *prayashchit*). This is the normal procedure.

As an exception, if no monk or nun in their respective group is available who is capable of listening to self-censure or of awarding *prayashchit*, then due to this particular situation, a monk can do self-censure, *pratikraman* and *prayashchit* (repentance for his faults) before a nun of his *gachha* (order) and a nun can do it before a monk of her *gachha*.

परस्पर सेवा करने का विधि-निषेध PROCEDURE OF DOING/NOT DOING MUTUAL SERVICE

२०. जे निग्गंथा य निग्गंथीओ य संभोइया सिया, नो णं कप्पइ अण्णमण्णेणं वेयावच्चं कारवेत्तए।

अत्थि य इत्थ णं केइ वेयावच्चकरे कप्पइ णं तेणं वेयावच्चं कारवेत्तए। नत्थि य इत्थ णं केइ वेयावच्चकरे, एवं णं कप्पइ अण्णमण्णेणं वेयावच्चं कारवेत्तए।

२०. जो साधु और साध्वियाँ साभोगिक हैं, उन्हें परस्पर एक-दूसरे की वैयावृत्य करना नही कल्पता है।

यदि स्व-पक्ष मे कोई वैयावृत्य करने वाला हो तो उसी से वैयावृत्य कराना कल्पता है। यदि स्व-पक्ष में वैयावृत्य करने वाला कोई न हो तो साधु-साध्वी को परस्पर वैयावृत्य करना कल्पता है।

20. Monks and nuns who are *sambhogik* cannot do service (*vaiyavritya*) of each other.

In case some one is available in the group who can serve, then one should get service of that one. In case none is available in the group who can serve then a monk can do service of a nun and a nun can do of a monk

विवेचन : साधु-साध्वी के संयम हेतु शरीर सम्बन्धी और उपकरण सम्बन्धी जो भी आवश्यक कार्य हो वह प्रथम तो स्वय ही करना चाहिए और कभी कोई कार्य साधु-साधुओ से और साध्वियाँ-साध्वियो से भी करवा सकती है, यह विधिमार्ग है।

रोग आदि कारणो से या किसी आवश्यक कार्य के करने मे असमर्थ होने से परिस्थितिवश विवेकपूर्वक साधु-साध्वी परस्पर भी अपना कार्य करवा सकते हैं। यह अपवाद मार्ग है। इससे यह स्पष्ट होता है कि विशेष परिस्थिति के बिना साधु-साध्वी को परस्पर कोई भी कार्य नही करवाना चाहिए। विशेष परिस्थिति मे निम्न सेवा-कार्य कराये जा सकते है-

(१) आहार-पानी लाकर देना या लेना अथवा निमत्रण करना।

(२) वस्त्र-पात्र आदि उपकरणों की याचना करके लाकर देना या स्वय के याचित उपकरण देना।

(३) उपकरणो का परिकर्म कार्य-सींना, जोडना, रोगान आदि लगाना।

(४) वस्त्र, रजोहरण आदि धोना।

(५) रजोहरण आदि उपकरण बनाकर देना।

(६) प्रतिलेखन आदि कर देना।

इत्यादि अनेक कार्य यथासम्भव समझ लेने चाहिए। इन्हें आगाढ परिस्थितियों के बिना परस्पर करना-करवाना साधु-साध्वियों को नहीं कल्पता है एवं करने-करवाने पर गुरुचौमासी प्रायश्चित्त आता है।

तात्पर्य यह है कि साथ में रहने वाले साधु जो सेवा-कार्य कर सकते हों तो साध्वियो से नहीं कराना चाहिए, उसी प्रकार साध्वियो को भी जब तक अन्य साध्वियाँ करने वाली हो तब तक साधुओं से अपना कोई भी कार्य नही करवाना चाहिए। *(भाष्यानुसार हिन्दी विवेचन, पृ ३७०)*

Elaboration—Whatever are the necessary duties in respect of body and the material, a monk or nun is supposed to do, he/she should primarily perform himself/herself in order to safeguard ascetic discipline. Sometimes a nun may get it done from other nun or monk from other monk. This is the normal procedure laid down in the code.

If due to illness and the like, a monk or a nun is not capable of discharging essential duties relating to his/her own person, they (monk and nun) can get it done mutually with prudence in view of that particular situation. This is an exception. Thus it is evident that without any special situation, monks and nuns should not get any work done from each other. In special circumstances, the following activities relating to service can be got done.

(1) To bring food and water or to invite for it.

(2) To collect cloth, pot and the like for them and then to give it to them or to give such things to the needy monk while they have been actually collected for themselves.

(3) To do needy repair of articles (cloth, pot etc) such as stitching, joining, colouring and the like.

(4) To wash clothes, broom and the like.

(5) To prepare holy broom and the like and then to give them to the needy.

(6) To conduct meticulous examinations of articles for them.

Suchlike works may be clearly understood as far as possible. The monks and nuns are not allowed to do suchlike things or to get done among themselves in the absence of extremely abnormal circumstances. If they do it or get it done (in normal situation) they are liable for *guruchaumasi prayashchit.*

In brief it means that if the nearby monks can do the activities relating to service, they should not get it done from nuns. Similarly the nuns should not get their work done from monks if other nuns who can do that job are available

२१. निग्गंथं च णं राओ वा वियाले वा दीहपुट्ठो लूसेज्जा, इत्थी वा पुरिसस्स ओमावेज्जा, पुरिसो वा इत्थीए ओमावेज्जा, एवं से कप्पइ, एवं से चिट्ठइ, परिहारं च से नो पाउणइ, एस कप्पो थेर–कप्पियाणं।

एवं से नो कप्पइ, एवं से नो चिट्ठइ, परिहारं च से पाउणइ, एस कप्पे जिणकप्पियाणं।

२१. यदि किसी निर्ग्रन्थ या निर्ग्रन्थी को रात्रि या विकाल (सन्ध्या) में सर्प डस ले और उस समय कोई स्त्री निर्ग्रन्थ की और पुरुष निर्ग्रन्थी की सर्पदंश–चिकित्सा करे तो इस प्रकार उपचार कराना उनको कल्पता है। इस प्रकार उपचार कराने पर भी उनकी निर्ग्रन्थता में दोष नहीं आता तथा वे प्रायश्चित्त के पात्र नही होते हैं। यह स्थविरकल्पी साधुओं का आचार है।

जिनकल्प वालो को इस प्रकार उपचार कराना नहीं कल्पता है, इस प्रकार उपचार कराने पर उनका जिनकल्प नहीं रहता है और वे प्रायश्चित्त के पात्र होते है। यह जिनकल्पी साधुओं का आचार है।

21. If at night or at sunset, a snake bites a monk or a nun and at that time a woman treats a monk or a man treats a nun then there is nothing bad about it. They do not commit any fault in their ascetic restraints on this account and they are not liable for any *prayashchit* This is the ascetic conduct of *Sthavirkalpi* monks

The ascetic practicing *Jin-kalp* conduct are not allowed to get treatment in this manner. If they get such treatment they lose their *Jin-kalp* conduct and are liable for *prayashchit*. This is the ascetic conduct of *Jin-kalpi* monks.

विशेष–प्रस्तुत सूत्रविधान के अनुसार स्थविरकल्पी की सयमसाधना शरीर–सापेक्ष या शरीर–निरपेक्ष दोनो प्रकार की होती है, किन्तु जिनकल्प–साधना शरीर–निरपेक्ष ही होती है। उसमे स्वेच्छा का कोई विकल्प नही रहता है।

॥ पाँचवाँ उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—According to the present provision in the code, the ascetic practice of *Sthavirkalp* ascetic is of both the types in the context of taking due care of the body and in not taking care of the body at all or ignoring any care of the body. But the ascetic practice of *Jin-kalpi* ascetics is totally ignoring care of the body. In there case there is no exception and one's desire has no part to play.

● FIFTH UDDESHAK CONCLUDED ●

छट्ठा उद्देशक
SIXTH UDDESHAK

स्वजन-परिजन-गृह में गोचरी जाने का विधि-निषेध

PROCEDURE OF COLLECTING FOOD FROM FAMILY MEMBERS AND OTHERS

१. भिक्खु य इच्छेज्जा नायविहिं एत्तए, नो से कप्पइ से थेरे अणापुच्छित्ता नायविहिं एत्तए। कप्पइ से थेरे आपुच्छित्ता नायविहिं एत्तए। थेरा य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ नायविहिं एत्तए। थेरा य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ नायविहिं एत्तए। जे तत्थ थेरेहिं अविइण्णे नायविहिं एइ, से संतरा छेए वा परिहारे वा।

नो से कप्पइ अप्पसुयस्स अप्पागमस्स एगाणियस्स नायविहिं एत्तए। कप्पइ से जो तत्थ बहुस्सुए बब्भागमे तेण सद्धिं नायविहिं एत्तए।

तत्थ से पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते चाउलोदणे, पच्छाउत्ते भिलिंगसूवे, कप्पइ से चाउलोदणे पडिगाहित्तए, नो से कप्पइ भिलिंगसूवे पडिगाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते भिलिंगसूवे, पच्छाउत्ते चाउलोदणे, कप्पइ से भिलिंगसूवे पडिगाहित्तए, नो से कप्पइ चाउलोदणे पडिगाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं दो वि पुव्वाउत्ताइं कप्पइ से दोवि पडिगाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं दो वि पच्छाउत्ताइं नो से कप्पइ दो वि पडिगाहित्तए।

जे से तत्थ पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते एवं से कप्पइ पडिगाहित्तए। जे से तत्थ पुव्वागमणेणं पच्छाउत्ते नो ने कप्पइ पडिगाहित्तए।

१. भिक्षु यदि स्वजनो के घर गोचरी जाना चाहे तो स्थविरो से पूछे बिना स्वजनो के घर जाना नहीं कल्पता है। स्थविरों से पूछकर जाना कल्पता है। स्थविर यदि आज्ञा दे तो स्वजनों के घर जाए, स्थविर यदि आज्ञा न दे तो स्वजनो के घर पर नही जाए। स्थविरों की आज्ञा के बिना यदि स्वजनों के घर जाए तो वे दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त के पात्र होते है।

अल्पश्रुत और अल्पआगमज्ञ अकेले भिक्षु और अकेली भिक्षुणी को स्वजनों के घर जाना नहीं कल्पता है। किन्तु समुदाय मे जो बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ भिक्षु हों, उनके साथ स्वजनों के घर जाना कल्पता है।

ज्ञातिजन के घर में भिक्षा के लिए जाने वाले निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों के वहाँ जाने से पहले चावल रँधे हुए हो और दाल पीछे से पके तो चावल लेना कल्पता है, किन्तु दाल लेना नही कल्पता है। वहाँ आगमन से पूर्व दाल पकी हुई हो और चावल पीछे से रँधे तो दाल लेना कल्पता है, किन्तु चावल लेना नहीं कल्पता है। वहाँ आगमन से पूर्व दाल और चावल दोनों रँधे हुए हों तो दोनो लेने कल्पते है और दोनों बाद में रँधे हों तो दोनों लेने नहीं कल्पते है।

इस प्रकार ज्ञातिजन के घर भिक्षु के आगमन से पूर्व जो आहार अग्नि आदि से दूर रखा हुआ हो, वह लेना कल्पता है। जो आगमन के बाद में अग्नि से दूर रखा गया हो, वह लेना नहीं कल्पता है।

1. In case a *bhikshu* wants to go to the home of his relatives, he is not allowed to do so without prior permission of *Sthavirs*. In case the *Sthavir* allows, he can go to the houses of his relatives. If the *Sthavir* does not permit, he should not go there. In case he goes to these families without the permission of the *Sthavir*, he is liable for *pryaashchit* of reduction in ascetic period of monkhood or of *prayashchit*-austerities.

A *bhikshu* or nun who has little knowledge of Scriptures and of *Agams* is not allowed to go alone to the houses of his relatives. But he or she can go there with such a *bhikshu* in the group who is well read in scriptures (*bahushrut*) and in *Agams* (*Agamajna*).

A monk goes to the houses of his relatives for collection of food. If the rice is already cooked but the pulses get ready only after his arrival then he is allowed to take rice but not the pulses. In case the pulse is already cooked but the rice gets properly cooked only after his arrival, he can take rice but not the pulses. In case both rice and the pulses are already cooked before his arrival, he can accept both. If both pulses and rice get cooked only after his arrival, he can take none of them

Thus, from the house of his relative, a *bhikshu* can take only that food which is placed away from the fire before his arrival The food which is kept away from the fire after his arrival cannot be accepted by him.

विवेचन : जो भिक्षु बहुश्रुत है, वह गुरुजनो से आज्ञा प्राप्त करने के बाद स्वयं की प्रमुखता से ज्ञातिजनों के घरों में भिक्षार्थ जा सकता है, किन्तु जो भिक्षु अबहुश्रुत है एव अल्प दीक्षा-पर्याय वाला (तीन वर्ष से कम) है, वह आज्ञा प्राप्त करके भी स्वय की प्रमुखता से नही जा सकता, किन्तु किसी बहुश्रुत भिक्षु के साथ ही अपने ज्ञातिजनो के घर जा सकता है। सूत्र मे 'णायविहिं' शब्द का प्रयोग सूचित करता है कि ज्ञातिजनो के घर किसी भी प्रयोजन से जाने मे उक्त सूत्र मर्यादा का पालन करना चाहिए।

इस सूत्राश में यह बताया गया है कि पारिवारिक लोगों के घर मे गोचरी के लिए प्रवेश करने के बाद कोई भी खाद्य पदार्थ निष्पादित हो या चूल्हे पर से चावल-दाल या रोटी-दूध आदि कोई भी पदार्थ हटाया जाए तो उसे नहीं लेना चाहिए। उस पदार्थ के हटाने मे साधु का निमित्त हो या न हो, ज्ञातिजनों के घरो मे ऐसे पदार्थ अग्राह्य हैं। वहाँ घर मे प्रवेश करने के पहले ही जो पदार्थ निष्पन्न हो या चूल्हे पर से उतरा हुआ हो, वही लेना चाहिए।

अपरिचित या अल्प-परिचित घरो मे उक्त पदार्थ लेने का सूत्र मे निषेध नहीं है। इसका कारण यह है कि अनुरागी ज्ञातिजन आदि भक्तिवश कभी साधु के निमित्त भी वह प्रवृत्ति कर सकते हैं जिससे अग्निकाय की विराधना होना सम्भव है, किन्तु अल्प-परिचित या अल्पानुरागी घरों में उक्त दोष की सम्भावना नहीं रहती है।

Elaboration—A *bhikshu* is *bahushrut* He, after securing the permission of his spiritual masters, can go to the houses of his relatives for collecting food because of his study in *Agams*. But a *bhikshu* who is

not a *bahushrut*, whose period of initiation is small (less than three years), he cannot go to the houses of his relatives alone even after securing the permission of his spiritual masters. He can go to the houses of his relatives only with a *bahushrut bhikshu*. The use of word '*nayavihin*' indicates that while going to houses of the members of his family for any purpose he should strictly follow the guidelines mentioned in the *Sutra*.

In the summary of this aphorism it has been mentioned that in case any food is prepared or removed from the stove after his arrival which may be rice, pulse or bread and the like then it shall not be taken It is immaterial whether that article has been removed because of the monks or not, but such material is not acceptable from the house of the family members. Only those articles which are already in cooked form before the monk/nun enters the house or has been removed already from the stove, can be taken

There is no prohibition in this aphorism of taking food and the like from those houses which are not familiar or which have become familiar only recently The underlying idea is that relatives, because of their worldly affection can out of sheer devotion do such an activity, in respect of a Sadhu, in which there is possibility of violence to fire-bodied living beings. But there is no possibility of such a fault being committed in those houses, which are not familiar.

आचार्य आदि के अतिशय **SPECIAL ATTRIBUTES OF AN ACHARYA**

२. आयरिय-उवज्झायस्स गणंसि पंच अइसेसा पण्णत्ता, तं जहा-

(१) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स पाए निगिज्झिय-निगिज्झिय पप्फोडेमाणे वा पमज्जेमाणे वा नाइक्कमइ। (२) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स उच्चार-पासवणं विगिंचमाणे वा विसोहेमाणे वा नाइक्कमइ। (३) आयरिय-उवज्झाए पभू वेयावाडियं, इच्छा करेज्जा, इच्छा नो करेज्जा। (४) आयरिय-उवज्झाए अंतो उवस्सयस्स एगरायं वा दुरायं वा एगओ वसमाणे नाइक्कमइ। (५) आयरिय-उवज्झाए बाहिं उवस्सयस्स एगरायं वा दुरायं वा एगओ वसमाणे नाइक्कमइ।

३. गणावच्छेइयस्स णं गणंसि दो अइसेसा पण्णत्ता, तं जहा-

(१) गणावच्छेइए अंतो उवस्सयस्स एगरायं वा दुरायं वा एगओ वसमाणे नाइक्कमइ। (२) गणावच्छेइए बाहिं उवस्सयस्स एगरायं वा दुरायं वा एगओ वसमाणे नाइक्कमइ।

२. गण में आचार्य और उपाध्याय के पाँच अतिशय होते हैं, यथा-

(१) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के अन्दर धूल से भरे अपने पैरों से आकर के कपड़े से पोंछें या प्रमार्जन करें तो मर्यादा (जिनाज्ञा) का उल्लंघन नहीं होता है। (२) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के अन्दर मल-मूत्रादि का त्याग व शुद्धि करें तो मर्यादा का उल्लंघन नहीं होता है। (३) सशक्त आचार्य या उपाध्याय इच्छा हो तो सेवा के कार्य करें और इच्छा न हो तो न करें, फिर भी मर्यादा का उल्लंघन नहीं होता है। (४) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के अन्दर किसी विशेष कारण से यदि एक-दो रात अकेले रहें तो भी मर्यादा का उल्लंघन नहीं होता है। (५) आचार्य और उपाध्याय उपाश्रय के बाहर किसी विशेष कारण से यदि एक-दो रात अकेले रहें तो भी मर्यादा का उल्लघन नहीं होता है।

३. गण मे गणावच्छेदक के दो अतिशय होते है, यथा-

(१) गणावच्छेदक उपाश्रय के अन्दर (किसी विशेष कारण से) यदि एक-दो रात अकेले रहें तो मर्यादा का उल्लंघन नही होता है। (२) गणावच्छेदक उपाश्रय के बाहर (किसी विशेष कारण से) यदि एक-दो रात अकेले रहे तो मर्यादा का उल्लघन नही होता है।

2. There are five special attributes of an *Acharya* and *Upadhyaya*. They are—

(1) In case an *Acharya* or *Upadhyaya* enters the *upashraya* with feet besmeared with dust and wipes it or cleans it with a cloth, he does not disobey the order of *Jinas*. (2) In case an *Acharya* goes for call of nature in the *upashraya* itself and cleans the relevant part of his body, he does not disobey the limitations. (3) A healthy *Acharya* or *Upadhyaya* can do an act of service if he so likes and may not do it if he has no desire for it. Still he does not transgress limitations of ascetic conduct. (4) In case an *Acharya* or *Upadhyaya* stays in the *upashraya* alone for any special reason, for one or two nights he does not transgress limitations laid in the code. (5) In case an *Acharya* or *Upadhyaya* spends one or two nights alone out of *upashraya* due to any special reason, he does not disobey limits laid down in the code.

3. There are two special attributes of a *ganavachhedak* in the group namely—

(1) In case a *ganavachhedak* stays in the *upashraya* alone for one or two nights (due to any special reason), he does not transgress limit laid down in the code. (2) In case a *ganavachhedak* stays alone out of *upashraya* for a night or two (due to any special reason), he is not guilty of ignoring limits laid down in the code.

विवेचन : आचारकल्प की कुछ विशेषताओं का यहाँ "अतिशय" शब्द से निर्देश किया गया है। स्थानांगसूत्र के पाँचवे (पृ. १७५ पर) और सातवें स्थान (पृ. ३२२) में भी आचार्य-उपाध्याय के पाँच और सात अतिशय

बताये हैं। वहाँ पाँच अतिशय तो प्रस्तुत सूत्र के समान हैं और सातवें स्थान के दो विशेष हैं, यथा- (१) उपकरणातिशय, और (२) भक्तपानातिशय।

सूत्रोक्त पाँच अतिशयों का तात्पर्य इस प्रकार है-

(१) आचार्य आदि उपाश्रय के भीतर भी पाँव का प्रमार्जन कर शुद्धि कर सकते हैं। (२) ग्रामादि के बाहर शुद्ध योग्य स्थंडिल के होते हुए भी वे उपाश्रय से संलग्न स्थंडिल में मल त्याग कर सकते हैं। (३) गोचरी आदि अनेक सामूहिक कार्य या वस्त्र-प्रक्षालन आदि सेवा के कार्य वे इच्छा हो तो कर सकते हैं अन्यथा शक्ति होते हुए भी अन्य से करवा सकते हैं। (४-५) विद्या-मन्त्र आदि के पुनरावर्तन हेतु अथवा अन्य किन्हीं कारणों से वे उपाश्रय के किसी एकान्त भाग मे अथवा उपाश्रय से बाहर अकेले एक या दो दिन रह सकते हैं। इन विद्या-मन्त्रों का उपयोग गृहस्थ हेतु करने का आगम में निषेध है तथापि साधु-साध्वी के लिए वे कभी इनका उपयोग कर सकते हैं।

गणावच्छेदक के अन्तिम दो अतिशय द्वितीय सूत्र में अलग से कहने का तात्पर्य यह है कि प्रथम तीन अतिशय गणावच्छेदक के लिए आवश्यक नहीं होते हैं, क्योंकि गणावच्छेदक-पद ऋद्धि-सम्पन्न पद न होकर कार्यवाहक पद हैं। अत उनके लिए अन्तिम दो अतिशय ही पर्याप्त हैं।

Elaboration—Some specialities of *Achar-kalp* have been pointed here as '*Atishaya*' In *Sthananga Sutra* at fifth *sthan* (*pp. 175*) and at seventh *sthan* (*pp. 332*) also five and seven *atishayas* respectively of *Acharya* and *Upadhyaya* have been narrated. Out of them five *atishayas* are the same as mentioned in the present aphorism while two *atishayas* of seventh *sthan* are special. They are—(1) *Upkaranatishaya*, and (2) *Bhaktpaanatishaya*

The underlying idea of five *atishayas* mentioned in the scriptures is as under—

(1) An *Acharya* and others can clean the feet even in the *upashraya.* (2) He can go for call of nature in the vacant land adjoining the *upashraya* even if proper land for such purpose is available outside the village. (3) He can do many joint activities or activities relating to service such as washing of clothes or of attending to others if he so desires. Otherwise even if he has requisite strength, he can get such work done from others. (4-5) He can go out of the *upashraya* in order to revise some lessons, aphorisms or for some other reasons and stay there for a night or two alone or practice it in a lonely part of the *upashraya*. The use of these special powers and *mantras* for the benefit of a householder is prohibited in the *Agams*. But for monks and nuns they can be used any time.

The last two special attributes of a *ganavachhedak* have been mentioned separately in the second aphorism because the first three

attributes are not necessary for a *ganavachhedak* as his post is an acting one and not of special importance. So the last two attributes are sufficient in his case.

अगीतार्थों के रहने का विधि-निषेध और प्रायश्चित्त

RULES REGARDING STAY OF NON-LEARNED—THE PROHIBITION AND PRAYASHCHIT

४. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा (सन्निवेसंसि वा) एगवगडाए एगदुवाराए एगनिक्खमण-पवेसाए (उवस्सए) नो कप्पइ बहूणं अगडसुयाणं एगयओ वत्थए।

अत्थि याइं केइ आयारपकप्पधरे, नत्थि णं केइ छेए वा परिहारे वा। नत्थि याइं णं केइ आयारपकप्पधरे से संतरा छेए वा परिहारे वा।

५. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा (सन्निवेसंसि वा) अभिनिव्वगडाए अभिनिदुवाराए अभिनिक्खमण-पवेसाए (उवस्सए) नो कप्पइ बहूणं अगडसुयाणं एगयओ वत्थए।

अत्थि याइं केइ आयारपकप्पधरे, जे तत्तियं रयणिं संवसइ, नत्थि णं केइ छेए वा परिहारे वा। नत्थि याइं णं केइ आयारपकप्पधरे जे तत्तियं रयणिं संवसइ, सव्वेसिं तेसिं तप्पत्तियं छेए वा परिहारे वा।

४. ग्राम यावत् राजधानी मे (सन्निवेश में) एक प्राकार (परकोटा) वाले, एक द्वार वाले और एक निष्क्रमण-प्रवेश वाले उपाश्रय मे अनेक अकृतश्रुत (अल्पज्ञ) भिक्षुओ को एक साथ रहना नही कल्पता है।

यदि उनमे कोई आचारप्रकल्पधर हो तो वे (अल्पज्ञ) दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त के पात्र नही होते है। यदि उनमें कोई आचारप्रकल्पधर न हो तो वे मर्यादा-उल्लघन के कारण दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त के पात्र होते है।

५. ग्राम यावत् राजधानी मे (सन्निवेश) मे अनेक प्राकार वाले, अनेक द्वार वाले और अनेक निष्क्रमण-प्रवेश वाले उपाश्रय में अनेक अकृतश्रुत (अल्पज्ञ) भिक्षुओ को एक साथ रहना नही कल्पता है।

यदि कोई आचारप्रकल्पधर तीसरे दिन उनके साथ रहे तो वे दीक्षा-छेद या तप रूप प्रायश्चित्त के पात्र नही होते है। यदि कोई आचारप्रकल्पधर तीसरे दिन भी वहाँ नही रहता हो तो उन सभी को उस मर्यादा-उल्लघन का तप या छेद प्रायश्चित्त आता है।

4. Many *bhikshus* who are not learned in scriptures (*akrit*) are not allowed to live in an *upashraya* which has only one boundary wall, one gate or only one entrance-cum-exit, in a village up to capital or suburb (*sannivesh*).

If out of them any one is observing *Achar-prakalp* then he is not liable for *prayashchit* of reduction in ascetic period or of *prayashchit*-austerities.

5. Many *bhikshus* who are not well-read in scriptures are not allowed to stay and live together in an *upashraya* which has many boundary

walls, many gates and many entrances and exits, in a village up to capital or in suburb (sannivesh).

If any monk well read in *Achar-prakalp* stays with them on the third day, then they are not liable for any *prayashchit* of reduction in period of monkhood or of *prayashchit*-austerities. If even on the third day no one well read in *Achar-prakalp* stays with them, then all of them are liable for *prayashchit* of reduction in period of monkhood or of *prayashchit*-austerities due to bye-passing the limits laid down for ascetic restraints.

विवेचन : इन सूत्रो मे आचारांग एवं निशीथसूत्र अर्थ सहित कण्ठस्थ धारण नहीं करने वाले अबहुश्रुत भिक्षुओ को "**अगडसुय**"-अकृतश्रुत कहा गया है। अर्थात् प्रमुख बनकर विचरण करने की योग्यता प्राप्ति के लिए (आवश्यक, उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, आचाराग और निशीथसूत्र) का अध्ययन एव कण्ठस्थ धारण करना अत्यन्त आवश्यक है। इन्हे कण्ठस्थ कर अर्थज्ञान प्राप्त नहीं करने वाला भिक्षु आगमिक शब्दों में "**अगडसुय**" कहा गया है।

प्रस्तुत सूत्र मे बताया गया है कि किसी ग्रामादि में ऐसे अकृतसूत्री भिक्षुओ को छोडकर बहुश्रुत भिक्षु विहार कर जाए तो अगीतार्थ भिक्षुओ को वहाँ एक साथ रहना भी नही चाहिए।

इसी विषय को उपाश्रय की अवस्थिति की दृष्टि से दो विकल्प बताए है-

(१) यदि उपाश्रय मे निकलने का तथा उसमें प्रवेश करने का मार्ग एक ही हो तो वहाँ अगीतार्थों को एक दिन भी रहना नही कल्पता है। (२) यदि उस उपाश्रय में जाने-आने के अनेक मार्ग हों तो अगीतार्थों को एक या दो दिन रहना कल्पता है। तीसरे दिन रहने पर उन्हें प्रायश्चित्त आता है।

शास्त्रकार का आशय यह प्रतीत होता है-अनेक अल्पश्रुत अगीतार्थ साथ रहने में भी उनके सयम की हानि ही अधिक सम्भव है। अत किसी योग्य गीतार्थ बहुश्रुत के साथ रहना चाहिए।

Elaboration—In these aphorisms, those *bhikshus* who are not well read in scriptures and who have not memorized *Acharanga* and *Nisheeth Sutra* including the meaning thereof are called *Agadsuya-akritsuya*. In other words it is very essential to study and memorise *Avashyak, Uttaradhyayan, Dashavaikalik, Acharanga* and *Nisheeth Sutra* in order to gain the capability of passing the ascetic life as head of a group. A *bhikshu* who has not memorized these *Sutras* and has not learnt their meaning is called *Agadsuya* in *Agamik* language

In the present aphorism it is mentioned that in case a *bahushrut bhikshu* moves away from a village leaving such *(akrit) bhikshus* behind who are not learned in said *Sutras*, then those *bhikshus* who are not proficient in scriptures (*ageetarth*) should not live together.

In the context of *upashraya*, two different states have been narrated—

(1) In case there is only one common entrance-cum-exit in that *upashraya*, then the *bhikshus* who are not learned in *Agams* (*ageetarth*) should not stay there even for a day. (2) In case there are many entrances and exits in that *upashraya*, then the (*ageetarth*) *bhikshus* who are not learned in *Agams* can stay there for a day or two. In case they stay for the third day, they are liable for *prayashchit*.

The author of the scripture appears to be of the view that there is a great possibility of loss in ascetic restraints even when many *bhikshus* who have a little knowledge of scriptures (*ageetarth*) stay together. So they should stay only with such a monk who is well read in scriptures.

अकेले भिक्षु के रहने का विधि-निषेध RULE REGARDING A BHIKSHU STAYING ALONE

६. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा (सन्निवेसंसि वा) अभिनिव्वगडाए अभिनिदुवाराए अभिनिक्खमण-पवेसणाए (उवस्सए) नो कप्पइ बहुसुयस्स बब्भागमस्स एगाणियस्स भिक्खुस्स वत्थए, किमंग पुण अप्पसुयस्स अप्पागमस्स।

७. से गामंसि वा जाव रायहाणिंसि वा (सन्निवेसंसि वा) एगवगडाए, एगदुवाराए, एगनिक्खमण-पवेसाए (उवस्सए) कप्पइ बहुसुयस्स बब्भागमस्स एगाणियस्स भिक्खुस्स वत्थए, उभओ कालं भिक्खुभावं पडिजागरमाणस्स।

६. ग्राम यावत् राजधानी (सन्निवेश) मे अनेक वगडा वाले, अनेक द्वार वाले और अनेक निष्क्रमण-प्रवेश वाले उपाश्रय मे अकेले बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ भिक्षु को भी रहना नही कल्पता है, अल्पश्रुत और अल्पआगमज्ञ अकेले भिक्षु को रहना कैसे कल्प सकता है ? अर्थात् नही कल्पता है।

७. ग्राम यावत् राजधानी (सन्निवेश) मे एक वगडा वाले, एक द्वार वाले, एक निष्क्रमण-प्रवेश वाले उपाश्रय में अकेले बहुश्रुत और बहुआगमज्ञ भिक्षु को दोनो समय सयमभाव की जागृति रखते हुए रहना कल्पता है।

6. A *bhikshu* is not allowed to stay alone in a village up to capital which has many *vagadas*, many gates and many entrances and exits even if he is well read in scriptures and *Agams*. So how can a *bhikshu* who has a little knowledge of scriptures and *Agams* can stay there. In other words, he is not allowed to stay there.

7. A *bhikshu* who is well read in scriptures and *Agams* and is staying alone in an *upashraya* which has only one boundary wall, one gate and one entrance-cum-exit situated in a village up to capital should remain vigilant in his ascetic restraints both the times.

विवेचन : इन दोनो सूत्रो के भाव से यह फलित होता है कि–

(१) जो भिक्षु बहुश्रुत है, उसे एकाकी विचरण करते हुए अनेक द्वार एव अनेक मार्ग वाले उपाश्रय में निवास नहीं करना चाहिए। (२) किन्तु एक द्वार, एक मार्ग वाले उपाश्रय मे वह बहुश्रुत भिक्षु रह सकता है। (३) एकलविहारी (गीतार्थ) भिक्षु को उभयकाल (सोते और उठते समय अथवा दिन मे और रात्रि में) वैराग्य एवं संयम गुणों को पुष्ट करने वाली धर्म-जागरणा से धर्म-भावना की वृद्धि करते हुए रहना चाहिए। (४) अल्पश्रुत अल्पआगमज्ञ–अगीतार्थ भिक्षु को किसी भी प्रकार के उपाश्रय मे अकेला नहीं रहना चाहिए।

गीतार्थ बहुश्रुत भिक्षु को अकेला रहने का विधान तो इस सूत्र मे तथा अन्य आगमों मे भी स्पष्ट है, तथापि किस उपाश्रय में निवास करना या न करना अथवा किस तरह जागरूक रहना, यह विधान करना इन सूत्रों का आशय प्रतीत होता है।

विभिन्न प्रकार के उपाश्रयो मे गीतार्थ भिक्षु के अकेले रहने पर अथवा अनेक अगीतार्थों के रहने पर किन-किन दोषों की सम्भावना रहती है, यह समझने के लिए जिज्ञासुओं को भाष्य का अवलोकन करना चाहिए। इस आशय का कुछ स्पष्टीकरण आगे के सूत्रों मे स्वय आगमकार ने किया है।

Elaboration—It is evident from these two aphorisms that—

(1) A *bahushrut bhikshu* should not stay during his wanderings in an *upashraya* which has many doors and many passages. (2) But that *bahushrut* can stay in an *upashraya* which has only one door and one approach. (3) A *bhikshu* who is learned in *Agams* and is moving alone should continue increasing his religious aspirations through scriptural awakening both the times (while sleeping and while getting up or during day and during night) that may strengthen his non-attachment (towards worldly activities) and the quality of ascetic restraints. (4) A *bhikshu* who is not well read in scriptures and *Agams* should not stay alone in any type of *upashraya*.

In this *Sutra* and in other *Agams* also it is mentioned that when a monk learned in scriptures can stay alone, still the purport of these aphorisms appears to be to make a provision in which *upashraya* he should stay and in which *upashraya* he should not stay or how he should be remain vigilant (in ascetic discipline).

In order to understand which faults can possibly occur in case a *bhikshu* learned in scriptures stays alone in different types of *upashrayas* or when many *bhikshus* who are not well read in scriptures stay in an *upashraya*, the research scholars should study *bhashya* The author of *Agams* has himself, to a certain extent, clarified this purpose in the aphorisms ahead.

शुक्र-पुद्‌गल निकालने का प्रायश्चित्त PRAYASHCHIT FOR DISCHARGE OF SEMEN

८. जत्थ एए बहवे इत्थीओ य पुरिसा य पण्हावेंति, तत्थ से समणे निग्गंथे अन्नयरंसि अचित्तंसि सोयंसि सुक्कपोग्गले निग्घाएमाणे हत्थकम्मपडिसेवणपत्ते आवज्जइ मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

९. जत्थ एए बहवे इत्थीओ य पुरिसा य पण्हावेंति, तत्थ से समणे णिग्गंथे अन्नयरंसि अचित्तंसि सोयंसि सुक्कपोग्गले निग्घाएमाणे मेहुणपडिसेवणपत्ते आवज्जइ चाउम्मासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं।

८. जहाँ पर ये अनेक स्त्री-पुरुष मैथुन-सेवन करते हैं, वहाँ जो श्रमण निर्ग्रन्थ हस्तकर्म के संकल्प से किसी अचित्त स्रोत मे शुक्र-पुद्‌गल निकाले तो उसे अनुद्‌घातिक मासिक प्रायश्चित्त आता है।

९. जहाँ पर ये अनेक स्त्री-पुरुष मैथुन-सेवन करते है, वहाँ जो श्रमण निर्ग्रन्थ मैथुन-सेवन के सकल्प से किसी अचित्त स्रोत मे शुक्र-पुद्‌गल निकाले तो उसे चातुर्मासिक अनुद्‌घातिक प्रायश्चित्त आता है।

8. Many men and women engage in sex at a place. At that place if a Jain monk with a strong attitude of committing unnatural sex discharges his semen in any non-living thing, then he is liable for *anudghatik prayashchit*

9. Many men and women engage in sex at a place. If a monk with an attitude of enjoying sex, discharges his semen in any non-living thing then he is liable for *chaturmasik anudghatik prayashchit.*

विवेचन : पिछले चार सूत्रो में भिक्षु को एकाकी रहने या न रहने सम्बन्धी कथन किया गया है और यहाँ इन दोनो सूत्रों मे ब्रह्मचर्य व्रत भग का सम्बन्ध है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ब्रह्मचर्य की सुरक्षा के लिए भी अपरिपक्व अल्पज्ञ भिक्षुओ को अकेला रहना बहुत घातक सिद्ध हो सकता है और आगमज्ञ गीतार्थ साधु का भी अकेले रहने की स्थिति मे मन डाँवाडोल होना बहुत सम्भव है। अत अगीतार्थ को तो कभी अकेला नही रहना चाहिए और गीतार्थ को भी प्रसगोपात्त रहना पडा तो तप-संयम व वैराग्य की भावना से धर्म जागरण मे विशेष प्रयत्नशील रहना चाहिए।

गच्छ या समूह में रहने से लज्जा आदि अनेक कारणो से ब्रह्मचर्य की सुरक्षा होती है तथा उसे वैराग्य, स्वाध्याय आदि की प्रेरणा भी मिलती रहती है। मैथुन का संकल्प व विकारोत्तेजना से ब्रह्मचर्य स्खलित करने पर उक्त प्रायश्चित्त का विधान है।

Elaboration—In the earlier four aphorisms there is the description regarding a monk staying alone or not staying alone The present two aphorisms relate to breaking the vow of *brahmcharya*. Thus it is evident that even for safe-guarding *brahmcharya* raw *bhikshus* who are not well read in *Agams* can be in great trouble if they stay alone. There is possibility of disturbance in the mind of a well read monk if he stays alone. So a monk who is not well read in *Agams* should never stay alone.

In case a monk learned in *Agams* has to stay alone in any situation, he should make special effort to remain in a state of spiritual awakening with deep contemplation for strengthening austerities, ascetic restraints and non-attachment.

When one is in a *gachha* or in a group, the vow of celibacy (*brahmcharya*) is protected due to many reasons including shame (involved in sex). So one gets inspiration for engaging in ascetic discipline and scriptural study. The above said provision is to deal with care where the vow of *brahmcharya* is affected by the strong intention of engaging in sex or by a polluting attitude.

अन्य गण से आये हुए को गण में सम्मिलित करने का निषेध

PROHIBITION OF ACCEPTING ONE WHO HAS COME FROM ANOTHER GROUP

१०. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा, निग्गंथिं अण्ण गणाओ आगयं खुयायारं, सबलायारं, भिन्नायारं, संकिलिट्ठायारं तस्स ठाणस्स अणालोयावेत्ता अपडिक्कमावेत्ता, अनिंदावेत्ता, अगरहावेत्ता, अविउट्टावेत्ता, अविसोहावेत्ता, अकरणाए अणब्भुट्ठावेत्ता, अहारिहं पायच्छित्तं अपडिवज्जावेत्ता उवट्ठावेत्तए वा, संभुंजित्तए वा, संवसित्तए वा तीसे इत्तरियं दिसं वा अणुदिसं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

११. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा, निग्गंथं अन्न गणाओ आगयं खुयायारं जाव संकिलिट्ठायारं, तस्स ठाणस्स अणालोयावेत्ता जाव अहारिहं पायच्छित्तं अपडिवज्जावेत्ता उवट्ठावेत्तए वा, संभुंजित्तए वा, संवसित्तए वा तस्स इत्तरियं दिसं वा अणुदिसं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१०. अन्य गण से आई हुई निर्ग्रन्थी यदि खण्डित, शबल, भिन्न और संक्लिष्ट आचार वाली हो तो उसे जब तक सेवन किये हुए दोष की आलोचना, प्रतिक्रमण, निन्दा, गर्हा, व्युत्सर्ग एवं आत्म-शुद्धि न करा ले और भविष्य मे पुन पापस्थान-सेवन न करने की प्रतिज्ञा कराके दोषानुरूप प्रायश्चित्त स्वीकार न करा लें तब तक निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को उसे पुन· चारित्र में उपस्थापित करना, उसके साथ साम्भोगिक व्यवहार करना और साथ मे रखना नही कल्पता है तथा उसे अल्पकाल के लिए दिशा या अनुदिशा का निर्देश करना या धारण करना भी नहीं कल्पता है।

११. अन्य गण से आया हुआ निर्ग्रन्थ यदि खण्डित यावत् संक्लिष्ट आचार वाला हो तो उसे सेवन किये हुए दोष की आलोचना यावत् दोषानुरूप प्रायश्चित्त स्वीकार न करा ले तब तक निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को उसे पुनः चारित्र में उपस्थापित करना, उसके साथ साम्भोगिक व्यवहार करना और साथ में रखना नहीं कल्पता है तथा उसे अल्पकाल के लिए दिशा या अनुदिशा का निर्देश करना या धारण करना भी नहीं कल्पता है।

10. In case a nun who has come from another group has malicious, bad, faulty character, she should first do self-censure, *pratikraman*, condemn, and openly curse the faults she had committed earlier. Thus

she should cleanse herself and take an oath that she shall not incur such faults in future. She should accept *prayashchit* for her faults. Up to the time all this is done, it is not allowed to re-establish her in saintly conduct, to mix with her and to allow her to join the group. It is not allowed till then to direct her or guide her even for a short period.

11. In case a monk has come from another *gana* (group), has malicious, bad, faulty and condemnable character, he should first do self-censure, *partikraman* (self-introspection), condemn and openly curse the faults he had committed earlier. Thus he should cleanse himself and should take an oath that he shall not incur such faults again. He should accept *prayashchit* for those faults. Up to the time all this is done, it is not allowed for monk and nuns to re-establish him in monkhood, to mix with him and to allow him to join their group. It is not allowed till then to direct him or to guide him in that conduct even for a short period.

विवेचन : ब्रह्मचर्यभंग आदि बडे दोष के कारण कोई साधु-साध्वी स्वत गच्छ छोडकर किसी अन्य गच्छ वालो के पास आये अथवा गच्छ वालो के द्वारा गच्छ से निकाल दिये जाने पर आये तो उसे कब, कैसे रखना इसका विधि-निषेध प्रस्तुत दो सूत्रो मे है।

॥ छट्ठा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—A *Sadhu* or a *Sadhvi* comes to another group after leaving the earlier due to the grave faults committed in practicing the vow of celibacy and the like or due to the fact that he or she has been expelled from the original group. These two *sutras* enunciate the rules and procedures when and how he or she should be dealt with.

● SIXTH UDDESHAK CONCLUDED ●

सातवाँ उद्देशक
SEVENTH UDDESHAK

अन्य गण से आई साध्वी के रखने में परस्पर पृच्छा

QUESTIONING OF A NUN COMING FROM ANOTHER GROUP

१. जे निग्गंथा व निग्गंथीओ य संभोइया सिया, नो कप्पइ निग्गंथीणं निग्गंथे अणापुच्छित्ता निग्गंथिं अन्नगणाओ आगयं खुयायारं जाव संकिलिट्ठायारं तस्स ठाणस्स अणालोयावेत्ता जाव अहारिहं पायच्छित्तं अपडिवज्जावेत्ता पुच्छित्तए वा, वाएत्तए वा, उवट्ठावेत्तए वा, संभुंजित्तए वा, संवसित्तए वा, तीसे इत्तरियं दिसं वा, अणुदिसं वा, उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा।

२. कप्पइ निग्गंथाणं निग्गंथीओ आपुच्छित्ता वा, अणापुच्छित्ता वा, निग्गंथीं अन्नगणाओ आगयं खुयायारं जाव संकिलिट्ठायारं तस्स ठाणस्स आलोयावेत्ता जाव पायच्छित्तं पडिवज्जावेत्ता पुच्छित्तए वा, वाएत्तए वा, उवट्ठावेत्तए वा, संभुंजित्तए वा, संवसित्तए वा, तीसे इत्तरियं दिसं वा, अणुदिसं वा, उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा, तं च निग्गंथीओ नो इच्छेज्जा, सयमेव नियं ठाणे।

१. जो साम्भोगिक निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियाँ हैं, वहाँ उनके पास कोई अन्य गण से खण्डित यावत् संक्लिष्ट आचार वाली निर्ग्रन्थी आए तो निर्ग्रन्थ (आचार्य-उपाध्याय) को पूछे बिना और उसके पूर्व में सेवन किये हुए दोष की आलोचना यावत् दोषानुरूप प्रायश्चित्त स्वीकार कराये बिना उससे प्रश्न पूछना, उसे वाचना देना, चारित्र में पुन: उपस्थापित करना, उसके साथ बैठकर भोजन करना और साथ में रखना नहीं कल्पता है (यहाँ तक कि) उसे अल्पकाल के लिए आचार्य आदि की निश्रा का निर्देश करना या धारण करना भी नहीं कल्पता है।

२. निर्ग्रन्थ के समीप यदि कोई अन्य गण से खण्डित यावत् सक्लिष्ट आचार वाली निर्ग्रन्थी आए तो निर्ग्रन्थियो (प्रवर्तिनी) को पूछकर या बिना पूछे भी सेवित दोष की आलोचना यावत् दोषानुरूप प्रायश्चित्त स्वीकार कराके उससे प्रश्न पूछना, उसे वाचना देना, चारित्र मे पुनः उपस्थापित करना, उसके साथ बैठकर भोजन करने की और साथ रखने की आज्ञा देना कल्पता है तथा उसे अल्पकाल की दिशा या अनुदिशा (आचार्यादि की निश्रा) का निर्देश करना या धारण करना कल्पता है, किन्तु यदि निर्ग्रन्थियाँ उसे न रखना चाहें तो उसे चाहिए कि वह पुनः अपने गण मे चली जाए।

1. *Sambhogic* monks and nuns are not allowed to have any dealings with a nun of malicious, bad, faulty and commendable character if she comes to them. She should first self-censure, do *pratikaraman*, condemn and curse her faults and accept *prayashchit* awarded to her for her faults. Till then, one is not allowed to ask any question from her, to teach her, to re-establish her in the Order, to dine with her or to mix with her. Further, the permission of *Acharya* or *Upadhyaya* should be

informed first and his permission should be obtained. Till then one is not allowed to call her even for a short time that she is under the over all direction of Acharya and the like or allow her to join the group.

2. A nun has malicious, bad, faulty and condemnable character. She comes to a monk. He should then after inquiring from nuns (*pravartini*) or without inquiring from her, make that nun to self- censure, hate, codemn her faults and accept *prayaschit* for her faults. Thereafter, question can be asked from her and she can be taught sermons. She can be re established in monkhood and she can be allowed to dine with them and mix with them She can be given directions and named a disciple of a particular Acharya even for a short period. However, if the nuns do not want to keep her with them, she should go back to her original group.

विवेचन : छठे उद्देशक के सूत्र १०-११ मे खण्डित आचार वाले निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थी के अन्य गण से आने पर उसके आलोचना प्रायश्चित्त करने का विधान किया गया है और प्रस्तुत दो सूत्रों मे केवल साध्वी के आने पर साम्भोगिक श्रमण या श्रमणी को पूछने सम्बन्धी विधान है।

यदि निर्ग्रन्थी के पास ऐसी साध्वी आये तो वह अपने साम्भोगिक साधुओं को अर्थात् आचार्य, उपाध्याय आदि को पूछकर, उनकी आज्ञा होने पर ही उस साध्वी को रख सकती है, तथा अन्य व्यवहार कर सकती है। किन्तु पूछे बिना, ऐसी साध्वी के साथ सूत्रोक्त कार्य करना या निर्णायक उत्तर देना नहीं कल्पता है। आचार्य आदि यदि अन्यत्र हों तो उनकी आज्ञा प्राप्त होने तक प्रतीक्षा करनी चाहिए।

यदि निर्ग्रन्थ के पास अर्थात् आचार्यादि के पास ऐसी साध्वी आए तो वे उसके लिए साध्वियो को अर्थात् प्रवर्तिनी को पूछकर निर्णय ले सकते है अथवा कभी (किसी कारणवश) बिना पूछे भी निर्णय कर उस साध्वी को प्रवर्तिनी के सुपुर्द कर सकते है और उस साध्वी के इत्वरिक (अल्पकालिक) आचार्य, उपाध्याय या प्रवर्तिनी की निश्रा का निर्देश भी कर सकते है।

Elaboration—Aphorism 10 & 11 indicate the procedure regarding self censure and *prayaschit* due to a monk or nun of faulty, condemnable, malicious character who comes from another group In the present two *aphorisms there is provision regarding questions that Sambhogik* monk or nun should ask from such a nun.

In case such a nun comes to a *nirgranthi*, then she should first inform *Sambhogik* monks namely *Acharya, Upadhyaya* and the like. If they allow, only then she can keep that *Sadhvi* and have dealings with her. She is not allowed to have dealings with her or to convey her definite decision without such permission. In case, *Acharya* and the like is at some other place, she should wait for his orders.

In case such a *Sadhvi* comes to the *Acharya* and the like, he can take a decision after inquiring from *Sadhvis* (*pravartini*). In peculiar

circumstances, he can take a decision even without such an enquiry and hand her over to the *pravartini*. He can direct that the said *Sadhvi* shall be for a short period under the charge of such and such *Acharya*, *Upadhyaya* or *pravartini*.

सम्बन्ध-विच्छेद करने सम्बन्धी विधि-निषेध RULES ABOUT EXPULSION

३. जे निग्गंथा य निग्गंथीओ य संभोइया सिया, नो णं कप्पइ निग्गंथाणं पारोक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए। कप्पइ णं पच्चक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए।

जत्थेव अण्णमण्णं पासेज्जा तत्थेव एवं वएज्जा-"अहं णं अज्जो ! तुमए सद्धिं इमंमि कारणम्मि पच्चक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेमि।" से य पडितप्पेज्जा, एवं से नो कप्पइ पच्चक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए। से य नो पडितप्पेज्जा, एवं से कप्पइ पच्चक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए।

४. जे निग्गंथा य निग्गंथीओ य संभोइया सिया, नो णं कप्पइ निग्गंथीणं पच्चक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए। कप्पइ णं पारोक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए।

जत्थेव ताओ अप्पणो आयरिय-उवज्झाए पासेज्जा तत्थेव एवं वएज्जा-"अहं णं भंते ! अमुगीए अज्जाए सद्धिं इमम्मि कारणम्मि पारोक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेमि।" सा य पडितप्पेज्जा, एवं से नो कप्पइ पारोक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए। सा य नो पडितप्पेज्जा एवं से कप्पइ पारोक्खं पाडिएक्कं संभोइयं विसंभोगं करेत्तए।

३. जो निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियाँ साम्भोगिक हैं, उनमें निर्ग्रन्थ को परोक्ष मे साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके विसम्भोगी करना (गण से बाहर निकलना) नहीं कल्पता है, किन्तु प्रत्यक्ष में साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके उसे विसम्भोगी करना कल्पता है।

जब एक-दूसरे से मिले तब इस प्रकार कहे कि "हे आर्य ! मै अमुक कारण से तुम्हारे साथ साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके तुम्हें विसम्भोगी करता हूँ।" इस प्रकार कहने पर वह यदि (अपने दोष का) पश्चात्ताप करे तो प्रत्यक्ष मे भी उसके साथ साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके उसे विसम्भोगी करना नहीं कल्पता है। यदि वह पश्चात्ताप न करे तो प्रत्यक्ष मे उसके साथ साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके उसे विसम्भोगी करना कल्पता है।

४. जो निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियाँ साम्भोगिक हैं, उनमे निर्ग्रन्थी को प्रत्यक्ष मे साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके विसम्भोगी करना नहीं कल्पता है। किन्तु परोक्ष में साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके उसे विसंभोगी करना कल्पता है।

जब वे अपने आचार्य या उपाध्याय की सेवा मे पहुँचे तब उन्हे इस प्रकार कहें कि "हे भते ! मैं अमुक आर्या के साथ अमुक कारण से परोक्ष रूप मे साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके उसे विसम्भोगी करना चाहती हूँ।" तब वह निर्ग्रन्थी यदि (आचार्य-उपाध्याय के समीप अपने सेवित दोष का)

पश्चात्ताप करे तो उसके साथ परोक्ष मे भी साम्भोगिक व्यवहार बन्द करना व उसे विसम्भोगी करना नहीं कल्पता है। यदि वह पश्चात्ताप न करे तो परोक्ष में उसके साथ साम्भोगिक व्यवहार बन्द करके उसे विसम्भोगी करना कल्पता है।

3. If *Nirgranth* and *Nırgranthıs* are *Sambhogik*, it is not allowed to expel the monk (*Visambhogik*) from the *gana* (group) and *stopping Sambhogık* treatment with him indirectly. But directly stopping *Sambhogik* treatment with him, he can be expelled from the group (declared *Visambhogik*).

When they meet each other, one should say—"O the blessed ! I, due to such and such reason, am stopping *Sambhogik* treatment (living together) with you and declare you *Visambhogık*." If ın reply to it, he repents for his fault then it is not allowed to stop *Sambhogik* treatment with him and treat him as *Visambhogık* (expelled from the group). If he does not repent (for his fault), one is allowed to directly stop *Sambhogık* dealings with him and treat him as *Visambhogik*.

4. If monks and nuns are *Sambhogik*, then a nun (*Nırgranthi*) is not allowed to be *Visambhogik* with others stoppıng directly *Sambhogık* dealing. But she is allowed to be *Visambhogik* with the other indirectly stopping *Sambhogik* dealings

When they reach near their *Acharya* or *Upadhyaya*, they should say—"O the blessed ! I, due to such and such reason want to ındırectly stop *Sambhogik* dealings with such and such nun and be *Visambhogık* in dealing wıth her."

विवेचन : इन दो सूत्रों मे साम्भोगिक व्यवहार के विच्छेद करने की विधि बताई गई है। भिक्षु को यदि भिक्षु के साथ व्यवहार बन्द करना हो तो उसके समक्ष उसके द्वारा सेवित दोषों का स्पष्ट कथन करते हुए वे व्यवहार बन्द करने को कह सकते हैं। सूत्र में प्रयुक्त "भिक्षु" शब्द से यहाँ "आचार्य" समझना चाहिए। क्योंकि आचार्य ही गच्छ के अनुशास्ता होते है। उन्हे जानकारी दिए बिना किसी भी साधु को अन्य साधु के साथ व्यवहार बन्द करना उचित नहीं है।

साध्वियो को साधु के समक्ष अर्थात् आचार्यादि के समक्ष निवेदन करना आवश्यक होता है, किन्तु आचार्यादि साधु-साध्वियों की सलाह लिए बिना ही किसी भी साधु-साध्वी को असाम्भोगिक कर सकते हैं।

भिक्षु विसंभोग किए जाने वाले साधुओं के समक्ष आचार्यादि को कहें और साध्वियाँ विसभोग की जाने वाली साध्वियों की अनुपस्थिति में आचार्यादि से कहें। तब वे उनसे पूछताछ करें, यह दोनों सूत्रों में आये प्रत्यक्ष और परोक्ष-विसंभोग का तात्पर्य है।

इस प्रकार निवेदन के पश्चात् सदोष साधु या साध्वी अपने दोषों का पश्चात्ताप करके सरलता एव लघुता धारण कर ले तो उसे प्रायश्चित्त देकर उसके साथ सम्बन्ध रखा जा सकता है। पश्चात्ताप न करने पर सम्बन्ध-विच्छेद कर दिया जाता है।

Elaboration—In these two aphorisms, the procedure of stopping *Sambhogik* treatment has been narrated. In case a *bhikshu* wants to stop dealings with another *bhikshu*, he can do so clearly narrating the faults committed by that *bhikshu*. In this aphorism the word *bhikshu* should be understood to mean *Acharya* because the *Acharya* alone is the administrator of the group (*gachha*). Without informing him (the *Acharya*), it is not proper for any monk of the *gachha* to stop dealing with another monk (of the same *gachha*).

It is essential for nuns to inform *Acharya* and the like but *Acharya* and the like can declare a monk or a nun as *Asambhogik* without consulting monks and nuns.

A *bhikshu* should inform the *Acharya* in the presence of those monks who are to be made *Visambhogik* while the nuns should inform the *Acharya* in the absence of the nuns whom they want to be declared *Visambhogik*. Then the *Acharya* should enquire into the matter. This is the interpretation of direct and indirect *Visambhog*.

If after such information, the monk or nun who has committed the fault repents for the said faults in ascetic discipline and thus becomes humble and straight forward, then after awarding *prayashchit* to him/her, normal dealings can be maintained with him/her. In case he/she does not repent for the faults, the dealings with him/her should be stopped forthwith.

प्रव्रजित करने आदि के विधि-निषेध PROCEDURE OF INITIATION (IN MONKHOOD)

५. नो कप्पइ निग्गंथाणं निग्गंथीं अप्पणो अट्ठाए पव्वावेत्तए वा, मुंडावेत्तए वा, सेहावेत्तए वा, उवट्ठावेत्तए वा, संवसित्तए वा, संभुंजित्तए वा, तीसे इत्तरियं दिसं वा, अणुदिसं वा, उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा।

६. कप्पइ निग्गंथाणं निग्गंथिं अन्नेसिं अट्ठाए पव्वावेत्तए वा जाव संभुंजित्तए वा, तीसे इत्तरियं दिसं वा, अणुदिसं वा, उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा।

७. नो कप्पइ निग्गंथीणं निग्गंथं अप्पणो अट्ठाए पव्वावेत्तए वा जाव संभुंजित्तए वा, तीसे इत्तरियं दिसं वा, अणुदिसं वा, उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा।

८. कप्पइ निग्गंथीणं निग्गंथं अण्णेसिं अट्ठाए पव्वावेत्तए वा जाव संभुंजित्तए वा, तीसे इत्तरियं दिसं वा, अणुदिसं वा, उद्दिसित्तए वा, धारेत्तए वा।

५. निर्ग्रन्थी (साध्वी) को अपनी शिष्या बनाने के लिए प्रव्रजित करना, मुंडित करना, शिक्षित करना, चारित्र मे पुनः उपस्थापित करना, उसके साथ रहना और साथ बैठकर भोजन करने के लिए

निर्देश करना निर्ग्रन्थ को नहीं कल्पता है तथा इत्वरिक–अल्पकाल के लिए उसके दिशा (आचार्य) या अनुदिशा (उपाध्याय व प्रवर्तिनी) की (निश्रा का) निर्देश करना एवं उसे धारण करना नहीं कल्पता है।

६. दूसरों की शिष्या बनाने के लिए किसी निर्ग्रन्थी को प्रव्रजित करना यावत् साथ बैठकर भोजन करने के लिए निर्देश करना निर्ग्रन्थ को कल्पता है तथा अल्पकाल के लिए उसकी दिशा या अनुदिशा का निर्देश करना एवं उसे धारण करना कल्पता है।

७. निर्ग्रन्थ (साधु) को अपना शिष्य बनाने के लिए प्रव्रजित करना यावत् साथ बैठकर भोजन करने के लिए निर्देश करना निर्ग्रन्थी को नही कल्पता है तथा अल्पकाल के लिए उसकी दिशा या अनुदिशा का निर्देश करना एवं उसे धारण करना नहीं कल्पता है।

८. निर्ग्रन्थ को अन्य का शिष्य बनाने के लिए प्रव्रजित करना, साथ बैठकर भोजन करने के लिए निर्देश करना निर्ग्रन्थी को कल्पता है तथा अल्पकाल के लिए उसकी दिशा या अनुदिशा का निर्देश करना एव उसे धारण करने के लिए अनुज्ञा देना कल्पता है।

5. A *Nirgranth* (monk) is not allowed to initiate, get shaved, educate, initiate again in ascetic conduct, or to direct a nun to stay with him or to dine with him in order to make her his disciple. He is also not allowed to direct that for a short period she shall be under the supervision of such and such *Acharya* (*disha*) or such and such *Upadhyaya* or *pravartini* (*anudisha*) nor can he keep her as such.

6. A *nirgranth* is allowed to initiate up to direct a nun for dining with him in order to make her as disciple of other nun He is allowed to direct that for a short period she shall be under the supervision of *Acharya* or *Upadhyaya* and he can keep her as such.

7. A *nirgranthi* (Jain nun) is not allowed to initiate, up to direct a monk to dine with her in order to make him as her disciple. She is also not allowed to direct that for a short period, he shall be under the supervision of such and such *Acharya* and such and such Upadhyaya nor she can keep her as such.

8. A *nirgranthi* (nun) is allowed to initiate upto direct a monk to dine with her in order to make him a disciple of another monk. She can also direct that he will be for a short period under the supervision of such and such *Acharya or Upadhyaya* and can grant her permission for it.

विवेचन : सामान्य विधानानुसार साधु की दीक्षा आचार्य, उपाध्याय के द्वारा एव साध्वी की दीक्षा आचार्य, उपाध्याय या प्रवर्तिनी के द्वारा दी जाती है। तथापि कभी कोई गीतार्थ मुनि किसी भी साधु या साध्वी को दीक्षित कर सकता है। उसी प्रकार कोई भी गीतार्थ श्रमणी किसी भी साधु या साध्वी को दीक्षित कर सकती है। किन्तु उन्हें आचार्य की आज्ञा लेना आवश्यक होता है।

किसी भी साधु को दीक्षित करना हो तो आचार्य, उपाध्याय के लिए दीक्षित किया जा सकता है और साध्वी को दीक्षित करना हो तो आचार्य, उपाध्याय या प्रवर्तिनी के लिए दीक्षित किया जा सकता है। किन्तु साधु अपने लिए साध्वी को और साध्वी अपने लिए साधु को दीक्षित नहीं कर सकती। इस नियम का उल्लंघन करने से जिनशासन की अवहेलना होती है।

Elaboration—As a general rule a monk is initiated in monkhood by an *Acharya* or *Upadhyaya* and a nun is initiated by the *Acharya*, *Upadhyaya* or *pravartini*. However a monk who is learned in *Agams* can initiate a monk or a nun in ascetic conduct. Similarly a nun who is learned in *Agams* can initiate any monk or nun. But it is essential that they should take permission of *Acharya*.

In case a monk is to be initiated he can be initiated in monkhood for an *Acharya* or *Upadhyaya* In case a nun has to be initiated, she can be initiated for *Acharya, Upadhyaya* or *pravartini*. But a monk cannot initiate a nun for himself nor a nun can initiate a monk for herself. Deviation from this rule, brings disgrace to the administration of *Jinas*.

विशेष शब्दों के अर्थ : पव्वावेत्तए = दीक्षित करना। मुंडावेत्तए = लुचन करना। सिक्खावेत्तए = शिक्षित करना। ग्रहण शिक्षा में दशवैकालिकसूत्र पढाना। आसेवन शिक्षा में आचारविधि वस्त्र-परिधान आदि कार्यों की विधि बताना। उवट्ठावेत्तए = बडी दीक्षा देना। संभुंजित्तए = आहारादि देना। संवासित्तए = साथ रखना।

MEANING OF IMPORTANT WORDS

Pavvettaye—To initiate in monkhood **Mundovettaye**—To shave the head. **Sikkhavettaye**—To educate. To teach *Dashavaikalik*, the procedure regarding clothes, their upkeep. **Uvatthavettaye**—To initiate in major asceticism **Sambhunjittaye**—To give food and the like. **Samvasittaye**—To keep him along.

दूरवर्ती गुरु आदि को निर्देश करके दीक्षा का विधि-निषेध

PROCEDURE OF INITIATING OR NOT IN OVERALL DIRECTION OF A GURU AT A FAR AWAY PLACE

९. नो कप्पइ निग्गंथीणं विइकिट्ठियं दिसं वा अणुदिसं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

१०. कप्पइ निग्गंथाणं विइकिट्ठियं दिसं वा अणुदिसं वा उद्दिसित्तए वा धारेत्तए वा।

९. निर्ग्रन्थियों को दूरस्थ (बहुत दूर रही हुई) प्रवर्तिनी या गुरुणी का उद्देश करना (निश्रा मे दीक्षा देना) या धारण करना नहीं कल्पता है।

१०. निर्ग्रन्थ को दूरस्थ आचार्य या गुरु आदि का उद्देश करना या धारण करना कल्पता है।

9. Jain nuns are not allowed to initiate or get initiated in overall guardianship of a *pravartini* or spiritual teacher who is staying at a far away place.

10. The Jain monks are not allowed to initiate or get initiated in overall guardianship of an *Acharya* or spiritual master who is staying at a far away place.

विवेचन : किसी भी साध्वी–(विरक्ता दीक्षार्थिनी) को कही पर भी दीक्षित होना हो तो उस क्षेत्र से अत्यन्त दूर रही हुई प्रवर्तिनी की निश्रा मे करके किसी के पास दीक्षित होना नही कल्पता है, क्योंकि इतनी दूर वह स्वयं अकेली जा नही सकती, अधिक दूर होने से कोई पहुँचा नही सकते। लम्बे समय के अन्तर्गत उसका भाव परिवर्तित हो जाय, वह बीमार हो जाय, उसकी गुरुणी बीमार हो जाय या काल कर जाय इत्यादि स्थितियों में अनेक सकल्प-विकल्प या क्लेश, अशाति उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है, इत्यादि कारणो से अतिदूरस्थ गुरुणी आदि का निर्देश कर किसी के पास दीक्षित होना साध्वी के लिए निषेध किया गया है।

सामान्य भिक्षु को भी दूरस्थ आचार्य आदि की निश्रा का निर्देश कर किसी के पास दीक्षित होना नही कल्पता है, ऐसा समझना चाहिए। क्योंकि साध्वी के लिए कहे गये दोषो की सम्भावना साधु के लिए भी हो सकती है। फिर भी द्वितीय सूत्र मे जो छूट दी गई है, उसका आशय भाष्य मे यह बताया गया है कि यदि दीक्षित होने वाला भिक्षु पूर्ण स्वस्थ एव ज्ञानी, वैराग्यवान् और स्वय धर्मोपदेशक है तथा उसका आचार्य भी ऐसा ही ज्ञानी, वैरागी है तो दूरस्थ क्षेत्र मे किसी के पास दीक्षित हो सकता है।

Elaboration—In case any worldly detached lady wants to get initiated in asceticism she is not allowed to do so accepting overall supervision of a *pravartini* who is staying at an extremely far away place from that area because she neither can go alone to such a distant place herself nor can any one take her to such distant place Further there is possibility that her mind may change during the long period, she may fall ill, the spiritual teacher may fall ill or die and in suchlike situation many turbulations may arise in the mind which may disturb her peace. Therefore it is prohibited to initiate a nun in asceticism by declaring as her spiritual teacher a nun who is at very distant place.

An ordinary *bhikshu* is also not allowed to get initiated in monkhood accepting overall supervision of an *Acharya* and the like who is at a far away place. It should be understood as a corollary because the faults in ascetic conduct mentioned in case of a nun may occur in case of a monk also. Still the purpose of the exception mentioned in second aphorism as mentioned in *bhashya* is that in case the monk being initiated is healthy, well read in scriptures, detached from worldly activities and also a speaker in *Dharma* and his *Acharya* is also well read in scriptures, then he can get initiated accepting overall guardianship of that *Acharya* athough the said *Acharya* is at a distance.

११. नो कप्पइ निग्गंथाणं विइकिट्ठाइं पाहुडाइं विओसवेत्तए।

१२. कप्पइ निग्गंथीणं विइकिट्ठाइं पाहुडाइं विओसवेत्तए।

११. निर्ग्रन्थो मे यदि परस्पर कलह हो जाए तो उन्हें दूर रहते हुए ही उपशान्त होना या क्षमायाचना करना नही कल्पता है।

१२. निर्ग्रन्थियो मे यदि परस्पर कलह हो जाए तो उन्हें दूरवर्ती क्षेत्र मे रहते हुए भी उपशान्त होना या क्षमायाचना करना कल्पता है।

11. In case a quarrel arises between two or more monks, then they are not allowed to pacify or beg pardon from a great distance.

12. In case a quarrel arises between two or more nuns, then they are allowed to pacify or beg pardon even from a great distance.

विवेचन : बृहत्कल्प, उ ४ मे बताया है–साधु–साध्वी को कलह होने के बाद क्षमायाचना किये बिना विहार आदि करना नहीं कल्पता है। तथापि कभी दोनों में से एक की अनुपशाति के कारण कोई विहार करके दूर देश में चला जाए और बाद में उस अनुपशांत साधु–साध्वी के मन मे स्वत या किसी की प्रेरणा से क्षमायाचना का भाव उत्पन्न हो तो साध्वी को क्षमापना के लिए अतिदूर क्षेत्र मे नहीं जाना चाहिए किन्तु अन्य किसी जाने वाले भिक्षु के साथ क्षमायाचना का सन्देश भेज देना चाहिए, किन्तु भिक्षु को यथास्थान जाकर ही क्षमायाचना करना चाहिए। इस अलग–अलग विधान का कारण सूत्र ९–१० मे कहे अनुसार ही समझ लेना चाहिए कि साध्वी का जाना पराधीन है और साधु का अकेला जाना भी सम्भव है। यदि निकट का क्षेत्र हो तो साध्वी को भी अन्य साध्वियो के साथ वहीं जाकर क्षमापना करना चाहिए। सूत्रोक्त विधान अतिदूरस्थ क्षेत्र की अपेक्षा से है। किन्तु परस्पर क्षमायाचना करना अत्यन्त आवश्यक है। क्षमापना किये बिना कालधर्म प्राप्त हो जाय तो वह विराधक हो जाता है।

द्रव्य एव भाव के भेद से क्षमापना दो प्रकार का है–

(१) द्रव्य से–यदि किसी के प्रति नाराजगी का भाव या रोषभाव हो तो उसे प्रत्यक्ष मे कहना कि "मै आपको क्षमा करता हूँ और आपके प्रति प्रसन्नभाव धारण करता हूँ।" यदि कोई व्यक्ति किसी की भूल के कारण रुष्ट हो तो उससे कहना कि "मेरी गलती हुई आप क्षमा करे, पुन ऐसा व्यवहार नही करूँगा।"

(२) भाव से–शान्ति, सरलता एव नम्रता से हृदय को पूर्ण पवित्र बना लेना।

इस प्रकार के व्यवहार से तथा भावो की शुद्धि एवं हृदय की पवित्रता के साथ क्षमा करना और क्षमा माँगना यह पूर्ण क्षमापना विधि है। *(विवेचन . उपाध्याय मुनि श्री कन्हैयालाल जी म , पृ ३९२–३९३)*

Elaboration—In *Brihat-kalp Uddeshak* 4, it has been stated that monk and nun should not leave that area without seeking forgiveness from each other when a quarrel arises. Still if one of them goes to a distant place because the other one did not get pacified and later that monk or nun who did not get pacified earlier thinks himself/herself or because of

inducement from any other that he/she should seek forgiveness then the nun should not go to the far away place. She should rather send her request of forgiveness through some *bhikshu* who is going that side. But the *bhikshu* should seek forgiveness only by going to that place. The purpose of having different provision in the code should be understood in the light of aphorisms 9 and 10 that the movement of nun is dependent on others while it is possible for a monk to go alone. If the place concerned is nearby then the nun also should go there with other nuns and seek forgiveness. The provision in the aphorism is with reference to a fairly distant place. It is however, very essential to seek mutual forgiveness. In case one dies without seeking forgiveness, then he becomes adverse follower of the code.

Forgiveness is if two types on the basis of external (*Dravya*) forgiveness and internal (*bhaava*) forgiveness.

(1) In respect of Dravya—In case one is having anger or ill will towards another, he should say directly—"I forgive you and I am having a pleasant attitude towards you " In case one becomes angry because the other one had committed a fault or he should tell him—"I committed a mistake. Please forgive me. I shall not act in such a manner again."

(2) In context of Bhaava—To make one's heart completely pure by equanimity simplicity and humility.

Thus the process of observing forgiveness completely is to have pure thoughts and clean heart and then to forgive and seek forgiveness. (*Commentary Upadhyaya Shri Kanhaiyalal ji Maharaj, pp 392-393*)

व्यतिकृष्ट काल में निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो के लिए स्वाध्याय का विधि-निषेध
PROHIBITION OF STUDYING SCRIPTURES DURING PROHIBITED PERIOD

१३. नो कप्पइ निग्गंथाणं विइगिट्ठे काले सज्झायं करेत्तए।

१४. कप्पइ निग्गंथीणं विइगिट्ठे काले सज्झायं करेत्तए निग्गंथनिस्साए।

१३. निर्ग्रन्थो को व्यतिकृष्ट काल में स्वाध्याय करना नहीं कल्पता है।

१४. निर्ग्रन्थ की निश्रा में निर्ग्रन्थियों को व्यतिकृष्ट काल में भी स्वाध्याय करना कल्पता है।

13. *Nirgranths* are not allowed to study scriptures during prohibited (*vyatikrisht*) period.

14. Jain nuns can study scriptures under the guidance of a Jain monk even during prohibited period.

विवेचन : जिन आगमों का स्वाध्याय जिस काल में निषिद्ध है, वह काल उन आगमों के लिए व्यतिकृष्ट काल कहा जाता है। साधु-साध्वी को ऐसे समय में स्वाध्याय अर्थात् आगम के मूल पाठ का उच्चारण नहीं करना चाहिए। *(वर्जित स्वाध्याय काल निशीथसूत्र, उद्देशक १९ के अनुसार जानें)* संक्षेप में कालिक सूत्रों का वर्जित स्वाध्याय काल दिन और रात का दूसरा-तीसरा प्रहर है। उत्कालिक सूत्रों का चार संध्याकाल में स्वाध्याय वर्जित है।

इनमें से उपलब्ध कालिक सूत्रों का उत्काल में स्वाध्याय करना प्रथम सूत्र में निषिद्ध है, किन्तु दूसरे सूत्र में साध्वी के लिए निर्ग्रन्थी के पास स्वाध्याय करने का आपवादिक विधान है। उसका कारण यह है कि कभी-कभी प्रवर्तिनी या साध्वियों को मूल पाठ उपाध्याय आदि को सुनाना आवश्यक हो जाता है, जिससे कि अन्य साधु-साध्वियो में मूल पाठ की परम्परा समान रहे। साधु-साध्वियों के परस्पर आगमों के स्वाध्याय का एवं वाचना का समय दूसरा-तीसरा प्रहर ही योग्य होता है, इसलिए यह छूट दी गई है, ऐसा समझना चाहिए।

Elaboration—The study of certain *Agams* is prohibited during a certain period. That period of time is called prohibited period for these *Agams*. Monks and nuns should not study *Agams* during that period. In other words they should not read original text of *Agams* at that time (Prohibited period should be known as stated in *uddeshak* 19 of *Nisheeth Sutra*). In brief, study of *Kalik Sutras* is prohibited during the second and third quarters of the day and the night. The study of *Utkalik Sturas* is prohibited during the four junctions (*Sandhya-kaal*) namely sunrise, noon, sunset and midnight.

In the first aphorism the study of available *Kalik Sutras* is prohibited during the period so mentioned (*Utkaal*) but in the second aphorisms there is an exceptional provision in case of study by a nun before a *pravartini*. It is because sometimes *pravartini* or nuns have to recite the text before *Upadhyaya* and the like so that the tradition of memorising the text may continue. The usual timing of scriptural study and taking lessons from the texts for monks and nuns mutually is second and third quarter of the day. So there is this exception.

निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थी को स्वाध्याय करने का विधि-निषेध
PROHIBITION OF STUDY OF SCRIPTURES IN PROHIBITED TIME

१५. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा असज्झाइए सज्झायं करेत्तए।

१६. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा सज्झाइए सज्झायं करेत्तए।

१५. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को अस्वाध्याय काल में स्वाध्याय करना नही कल्पता है।

१६. निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थियों को स्वाध्याय काल में स्वाध्याय करना कल्पता है।

15. Monks and nuns should not study scriptures during the period prohibited for such studies.

16. Monks and nuns should study scriptures during the period assigned in scriptures for such studies.

विवेचन : प्रस्तुत दो सूत्रों में अस्वाध्यायकाल में स्वाध्याय करने का निषेध किया है। अस्वाध्याय सम्बन्धी विस्तृत वर्णन आगम के अंतिम परिशिष्ट में देखें।

Elaboration—In the present two aphorisms, study of scriptures is prohibited during the period prohibited for such studies. Detailed description regarding prohibited timings for scriptural studies is in the last appendix of the Agam.

शारीरिक अस्वाध्याय में स्वाध्याय का विधि-निषेध

PROCEDURE OF STUDYING/NOT STUDYING DUE TO PROHIBITION RELATING TO PHYSICAL CONDITION

१७. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अपण्णो असज्झाइए सज्झायं करेत्तए। कप्पइ णं अण्णमण्णस्स वायणं दलइत्तए।

१७. निर्ग्रन्थों एव निर्ग्रन्थियों को स्व-शरीर सम्बन्धी अस्वाध्याय होने पर स्वाध्याय करना नही कल्पता है, किन्तु परस्पर एक-दूसरे को वाचना देना कल्पता है।

17. Monks and nuns are not allowed to study scriptures when they are deprived for such studies due to their physical condition But they can mutually teach each other.

विवेचन : सूत्र १६ मे दस औदारिक अस्वाध्याय में स्वाध्याय करने का सामान्य निषेध किया गया है, तथापि यहाँ पुन· निषेध करने का कारण यह है कि मासिक धर्म सम्बन्धी या शरीर से व्रण सम्बन्धी अपना अस्वाध्याय निरन्तर चालू रहने की स्थिति मे उतने समय तक कोई भी सूत्र की वाचना चल रही हो तो उसे बन्द करना या बीच में छोडना उपयुक्त नही है। अनेक साधु-साध्वियों की सामूहिक वाचना चल रही हो तो कभी किसी के और कभी किसी के अस्वाध्याय का कारण हो तो इस प्रकार अनेक दिन व्यतीत हो सकते है और उससे सूत्रो की वाचना मे अव्यवस्था हो जाती है। अत. यह सूत्र उक्त स्थिति को ध्यान मे रखकर शरीरिक अस्वाध्याय मे आपवादिक विधान करता है कि रक्त-पीप आदि की उचित रीति से शुद्धि करके साधु या साध्वी परस्पर वाचना का लेना-देना दोनो कर सकते हैं। किन्तु वाचना के अतिरिक्त स्वत स्वाध्याय करना या सुनना तो सूत्र के पूर्वार्द्ध से निषिद्ध ही है।

Elaboration—In *Sutra* (Aphorism) 16, one is prohibited to study scriptures at the time of ten physical conditions whereas such study is not allowed. Still the cause of repeating it in the present aphorism is that during the period of mensturation or when scriptural study is prohibited due to any deep wound, it is not proper to stop the study of an *Agam* in between whose study is in progress and the monks and nuns concerned are in a fit condition to continue that study. When many monks and nuns are studying together the state of stopping studies may arise sometimes

earlier in case of one of them and later in case of the other. Thus many days can pass in this condition and the study of scriptures may become topsy turvy. So keeping in view such a situation that may sometimes arise, there is this exception in the present aphorism with respect to prohibition of study relating to physical condition that monks and nuns can study/teach scriptures among themselves after properly cleaning the blood, pus and the like of the wound. But except teaching scriptures, they cannot themselves study scriptures or listen to it as already prohibited in the first part of the aphorism.

निर्ग्रन्थी के लिए आचार्य-उपाध्याय की नियुक्ति की आवश्यकता

NEED OF APPOINTING ACHARYA OR UPADHYAYA FOR A NUN

१८. तिवासपरियाए समणे निग्गंथे तीसं वासपरियाए समणीए निग्गंथीए कप्पइ उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

१९. पंचवासपरियाए समणे निग्गंथे सट्ठिवासपरियाए समणीए निग्गंथीए कप्पइ आयरिय-उवज्झायत्ताए उद्दिसित्तए।

१८. तीस वर्ष की श्रमण-पर्याय वाली निर्ग्रन्थी को तीन वर्ष के श्रमण-पर्याय वाले निर्ग्रन्थ को उपाध्याय के रूप मे स्वीकार करना कल्पता है।

१९. साठ वर्ष की श्रमण-पर्याय वाली निर्ग्रन्थी को पाँच वर्ष के श्रमण-पर्याय वाले निर्ग्रन्थ को आचार्य या उपाध्याय के रूप में स्वीकार करना कल्पता है।

18. A Jain nun who has thirty years of ascetic life to her credit is allowed to accept a monk of three years of monkhood as *Upadhyaya*.

19. A Jain nun who has sixty years of ascetic life to her credit is allowed to accept a monk of five years of monkhood as *Acharya* or *Upadhyaya*.

विवेचन : उद्देशक ३, सूत्र ११-१२ मे साध्वियो को आचार्य, उपाध्याय एवं प्रवर्तिनी की निश्रा से रहना तथा साधुओं को आचार्य, उपाध्याय की निश्रा से रहना आवश्यक कहा है। वह विधान तीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय एव चालीस वर्ष की उम्र तक के साधु-साध्वियों के लिए किया गया है।

प्रस्तुत दो सूत्रो में तीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाली साध्वी के लिए उपाध्याय की नियुक्ति और साठ वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाली साध्वी के लिए आचार्य की नियुक्ति करना कहा है। इन दोनो सूत्रो का तात्पर्य यह है कि तीस वर्ष तक की दीक्षा-पर्याय वाली साध्वियों को उपाध्याय एवं प्रवर्तिनी के बिना रहना नहीं कल्पता है और साठ वर्ष तक की दीक्षा-पर्याय वाली साध्वियों को आचार्य के बिना रहना नही कल्पता है।

उक्त वर्ष संख्या के बाद यदि पदवीधर कालधर्म को प्राप्त हो जाएँ, या गच्छ छोडकर शिथिलाचारी बन जाएँ तो ऐसी परिस्थितियों में उन साध्वियो को आचार्य आदि की नियुक्ति करना आवश्यक नही रहता है। यह उक्त सूत्रों से सूचित होता है।

Elaboration—In *Uddeshak* 3, verses 11-12 it is essential for Jain nuns to remain under the supervision of *Acharya* and *pravartini* and *Upadhyaya* and for monks to remain under supervision of *Acharya* and *Upadhyaya*. That provision is for those monks and nuns who have ascetic life of not more than thirty years and not more than forty years of age.

In the present two verses, it is stated that an *Upadhyaya* should be appointed for a nun who has thirty years of ascetic life and an *Acharya* for a nun who has sixty years of ascetic life to her credit. The gist of both these verses is that the nuns whose ascetic life is not more than thirty years are not allowed to lead their ascetic life without an *Upadhyaya* and *pravartini* and the nuns who have ascetic life upto sixty years are not allowed to lead ascetic life without an *Acharya*.

In case after the period mentioned above, the person holding the post dies or leaves the *gachha* (group) and becomes poor in ascetic conduct, it is not essential for the concerned nuns to appoint an *Acharya*. This is the purport of these verses.

मृत शरीर को परठने और उपकरणों को ग्रहण करने की विधि

PROCEDURE OF DISPERSING THE DEAD BODY AND ACCEPTING UPKARANS

२०. गामाणुगामं दूइज्जमाणे भिक्खू य आहच्च वीसुंभेज्जा, तं च सरीरगं केइ साहम्मिए पासेज्जा, कप्पइ से तं सरीरगं 'मा सागारियं' त्ति कट्टु एगंते अचित्ते बहुफासुए थंडिले पडिलेहित्ता पमज्जित्ता परिट्ठवेत्तए।

अत्थि य इत्थ केइ साहम्मियसंतिए उवगरणजाए परिहरणारिहे, कप्पइ से सागारकडं गहाय दोच्चंपि ओग्गहं अणुन्नवेत्ता परिहारं परिहारित्तए।

२०. ग्रामानुग्राम विहार करता हुआ भिक्षु यदि अकस्मात् मार्ग में ही कालधर्म को प्राप्त हो जाए और उसके शरीर को कोई श्रमण देखे और यह जान ले कि यहाँ 'कोई गृहस्थ नहीं है' तो उस मृत श्रमण के शरीर को एकान्त निर्जीव भूमि में प्रतिलेखन व प्रमार्जन करके परठना कल्पता है।

यदि उस मृत श्रमण के कोई उपकरण उपयोग में लेने योग्य हों तो उन्हें सागारकृत ग्रहण कर पुनः आचार्यादि की आज्ञा लेकर उपयोग में लेना कल्पता है।

20. If a *bhikshu* during his wanderings dies suddenly and another *bhikshu* sees his dead body and also finds that there is no householder available, he should discard that body at a lonely place, which has no life after properly examining it and cleaning it.

In case some belongings (cloth, pot and the like) of that dead monk are worthy of being used, he should collect them subject to the

permission of the senior, keep them with him temporarily. After taking the permission of *Acharya* and the like, he is allowed to use them.

विवेचन : बृहत्कल्प, उद्देशक, सूत्र ४ में उपाश्रय में कालधर्म को प्राप्त होने वाले साधु को परठने सम्बन्धी विधि बताई है और प्रस्तुत सूत्र में विहार करते हुए कोई भिक्षु मार्ग में ही कालधर्म को प्राप्त हो जाए तो उसके मृत शरीर को परठने की विधि कही है।

'मा सागारियं'–भिक्षु यह जान ले कि वहाँ आसपास में कोई गृहस्थ नहीं है जो उस शरीर का मृत-संस्कार करे, तब उस स्थिति मे साधुओं को उसे उठाकर एकान्त अचित्त स्थान में परठ देना चाहिए। यदि कोई एक या अनेक भिक्षु किसी भी कारण से उस कालधर्म प्राप्त भिक्षु के मृत शरीर को मार्ग में यों ही छोडकर चले जाएँ तो वे सभी गुरुचौमासी प्रायश्चित्त के पात्र होते हैं।

Elaboration—In *Brihat-kalp uddeshak* 4 the procedure of disposing the dead body is stated when a monk dies in *upashraya*. In the present verse the procedure has been laid down when a monk dies on the way (during his wanderings).

Ma Sagariyam—It means that when a *bhikshu* is satisfied that no householder is available nearby who could perform necessary rites in respect of that body, he should carry that dead body to a lonely place which has no life and discard it there. In case any *bhikshu* or many *bhikshus* due to any reason leave that dead body on the way, they all are liable for *guruchaumasi prayashchit.*

परिहरणीय शय्यातर का निर्णय DECISION OF PARIHARNIYA SHAYYATAR

२१. सागारिए उवस्सयं वक्कएणं पउंजेज्जा से य वक्कइयं वएज्जा–'इमम्मिय इमम्मि य ओवासे समणा णिग्गंथा परिवसंति। से सागारिए पारिहारिए।

से य नो वएज्जा वक्कइए वएज्जा, से सागारिए पारिहारिए। दो वि ते वएज्जा, दो वि सागारिया पारिहारिया।

२२. सागारिए उवस्सयं विक्किणेज्जा, से य कइयं वएज्जा–'इमम्मि य इमम्मि य ओवासे समणा निग्गंथा परिवसंति', से सागारिए पारिहारिए।

से य नो वएज्जा, कइए वएज्जा, से सागारिए पारिहारिए। दो वि ते वएज्जा, दो वि सागारिया पारिहारिया।

२१. शय्यादाता यदि उपाश्रय किराये पर दे और किराये पर लेने वाले को यह कहे कि ''इतने-इतने स्थान में श्रमण निर्ग्रन्थ रह रहे हैं।'' इस प्रकार कहकर देने वाला गृहस्वामी सागारिक (शय्यातर) है, अतः उसके घर आहारादि लेना नहीं कल्पता है।

यदि शय्यातर कुछ न कहे, किन्तु किराये पर लेने वाला कहे तो वह शय्यातर है, अतः परिहार्य है। यदि किराये पर देने वाला और लेने वाला दोनों कहें तो दोनों शय्यातर हैं, अतः दोनों परिहार्य हैं।

२२. शय्यादाता यदि उपाश्रय बेचे और खरीदने वाले को यह कहे कि "इतने-इतने स्थान में श्रमण निर्ग्रन्थ रहते है।" तो वह शय्यातर है, अतः वह गृहस्थ परिहार्य है।

यदि उपाश्रय का विक्रेता कुछ न कहे, किन्तु खरीदने वाला कहे तो वह सागारिक है, अतः वह परिहार्य है। यदि विक्रेता और क्रेता दोनों कहें तो दोनों सागारिक हैं, अतः दोनों परिहार्य हैं।

21. In case a *Shayyadata* (the person who has given house or *upashraya* to the monks for stay) later gives it on rent and tells the tenant that the monks are staying in such and such portion of it, then the owner of the house is *Shayyatar* or *Sagarik* and the monk is not allowed to collect food and the like from his house.

In case a *Shayyatar* does not say any thing but the tenant says then he is Shayyatar. So he is *pariharıya* (one from whose house monk cannot collect food) If both the owner and the tenant say (that such and such area is for monks) then both are *Shayyatar*. So in that case both are *pariharya*.

22. In case a *Shayyatar* sells the house and tells the customer that monks are staying in such and such portion of the house, then he is *Shayyatar* and therefore is *pariharya* (nothing can be collected by monk from his house)

If the seller does not say anything but the purchaser says then he is *Sagarik* and therefore *pariharya*. If both the seller and the purchaser say, then both are *sagarik* In that case both are *pariharya*.

विवेचन : भिक्षु जिस मकान मे ठहरा हुआ है, उसका मालिक उसे किराये पर देवे या उसे बेच दे तो ऐसी स्थिति में भिक्षु का शय्यातर कौन रहता है, इस प्रश्न का समाधान प्रस्तुत सूत्र में स्पष्ट दिया गया है।

यदि खरीदने वाला या किराये पर लेने वाला व्यक्ति भिक्षु को अपने मकान मे प्रसन्नतापूर्वक ठहरने की आज्ञा देता हो तो वह शय्यातर माना जाता है। यदि वह भिक्षु को ठहराने मे उपेक्षाभाव रखता है एवं आज्ञा भी नहीं देता है, किन्तु मकान का पूर्व मालिक ही उसे भिक्षु के रहने का स्पष्टीकरण कर देता है कि "अमुक समय तक भिक्षु रहेंगे, उसके बाद वह स्थान भी तुम्हारा हो जायेगा।" ऐसी स्थिति में पूर्व शय्यादाता ही शय्यातर रहता है। आशय यह है कि जो शय्यातर होगा उसी के घर का आहार आदि 'शय्यातरपिंड' कहलाएगा।

कभी पूर्व शय्यादाता भी कहे कि "मेरी आज्ञा है" और नूतन स्वामी भी कहे कि "मेरी भी आज्ञा है" तब दोनो को शय्यातर मानना चाहिए। यदि समझाने पर उनके समझ मे आ जाए तो किसी एक की ही आज्ञा रखना उचित है। क्योंकि बृहत्कल्प, उ २, सू १३ में अनेक स्वामियो वाले मकान में किसी एक स्वामी की आज्ञा लेने का विधान किया गया है।

इस सूत्र मे गृहस्थ के घर के लिए 'उपाश्रय' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका कारण यह है कि जहाँ भिक्षु ठहरा हुआ हो या जहाँ उसे ठहरना हो, उन दोनों ही मकानों को आगमकार ने 'उपाश्रय' शब्द से बताये है। इसी दृष्टि से बृहत्कल्प, उ. २, सू. १-१० मे भी खाद्य-सामग्री रखे गृहस्थ के घर को अथवा कारखाने आदि स्थान को भी उपाश्रय कहा गया है। अत· यहाँ उपाश्रय शब्द से गृहस्थ का मकान अर्थ समझना चाहिए।

Elaboration—In this aphorism it has been clarified that who shall be termed as *Shayyatar* of a monk if the owner of the house where *bhikshu* is staying gives it on rent or sells it.

In case the purchaser or the tenant happily allows the monk to stay there, then he shall be termed *Shayyatar*. In case he is silent or ignores it and does not specifically indicate his permission for stay but the earlier owner of the house clarifies about the stay of *bhikshu* by saying that the monks shall stay there for such and such period and thereafter that portion shall belong to him (the purchaser), then the earlier *Shayyatar* remains the *Shayyatar*. The idea is that one who is *Shayyatar* the food from his house shall be called *Shayyatar-pind* (food not acceptable to the monk).

In case the original *Shayyatar* says that he allows monks to stay and the new owner also says that he also allows monks to stay, then both of them should be considered as *Shayyatar* In case they are able to understand when properly told regarding the purpose in declaring *Shayyatar* then it is proper to have permission of only one of them because it is laid down in *Brihat-kalp, uddeshak* 2, verses 13 that in case of a house owned by many persons, the permission should be taken only of one out of them.

In this aphorism the word '*upashraya*' has been used for the house of a lay man. It is because the author of *Agams* has named both the houses—one where the *bhikshu* is staying and the one where he is going to stay as *upashraya*. In view of it, in *Brihat-kalp, uddeshak* 2, verses 1—10, the house where food grains have been stored or the factory and the like is also called *upashraya*. So the word *upashraya* should be understood as house belonging to the householder.

आज्ञा ग्रहण करने की विधि PROCEDURE OF SEEKING PERMISSION

२३. विहवधूया नायकुलवासिणी सा वि यावि ओग्गहं अणुन्नवेयव्वा, किमंग पुण पिया वा, भाया वा, पुत्ते वा, से वि या वि ओग्गहे ओगेण्हियव्वे।

२४. पहेवि ओग्गहं अणुन्नवेयव्वे।

२३. पिता के घर पर जीवनयापन करने वाली विधवा लडकी की भी आज्ञा ली जा सकती है, तब पिता, भाई, पुत्र का तो कहना ही क्या अर्थात् उनकी भी आज्ञा ग्रहण की जा सकती है।

२४. यदि मार्ग मे ठहरना हो तो उस स्थान की भी आज्ञा ग्रहण करनी चाहिए।

23. The permission can be taken of the widowed daughter also who is living in the house of her parents. Permission can be taken of the father, brother, son also.

24. In case a monk has to stay on the way, he should seek permission of that place also.

विवेचन : प्रथम सूत्र में बताया गया है कि सयुक्त परिवार का कोई भी समझदार सदस्य हो, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, उनकी आज्ञा ली जा सकती है। विवाहित लडकी की आज्ञा नहीं ली जा सकती। किन्तु जो लडकी किसी भी कारण से सदा पिता के घर में ही रहती हो तो उसकी भी आज्ञा ली जा सकती है। इसी प्रकार जो समझदार एवं जिम्मेदार नौकर हो, उसकी भी आज्ञा ली जा सकती है। मकान के बाहर का खुला स्थान (बरामदा) आदि मे बैठना हो और मकान-मालिक घर बन्द करके कहीं गया हुआ हो तो किसी राहगीर या पडौसी की भी आज्ञा ली जा सकती है।

द्वितीय सूत्रानुसार भिक्षु को विहार करते हुए कभी मार्ग मे वृक्ष के नीचे अथवा अन्य कही ठहरना हो तो उस स्थान पर ठहरे हुए व्यक्ति की भी आज्ञा लेनी चाहिए। यदि कोई भी आज्ञा देने वाला न हो तो उस स्थान मे ठहरने के लिए "शक्रेन्द्र की आज्ञा है" ऐसा उच्चारण करके भिक्षु ठहर सकता है। किन्तु किसी भी प्रकार से आज्ञा लिए बिना कही पर भी नही ठहरना चाहिए।

Elaboration—In the first aphorism it has been stated that from any grown up member in a joint family whether he is a woman or a man, the permission for stay can be taken. But in case a daughter, due to any reason, is permanently staying in the house of her father, her permission can also be taken Similarly if there is a responsible servant in the house, his permission can also be taken In case there is an open verandah of the house, and the owner of the house has gone somewhere after closing the house, the permission for sitting in the verandah can be taken from the neighbour or the passer bye

According to second aphorism, in case a *bhikshu* during his wanderings has to stay under a tree or at any other place, then he should seek the permission of the person who is already staying there. In case no such person is available who could grant the permission, he should, for the purpose of staying there, say—"I seek permission of Shakrendra." Thereafter he can stay there. But he should not stay anywhere without any sort of permission.

राज्य-परिवर्तन में आज्ञा ग्रहण करने का विधान

PROCEDURE OF SEEKING PERMISSION ON CHANGE OF RULER

२५. से रज्जपरियट्टेसु, संथडेसु, अव्वोगडेसु, अव्वोच्छिन्नेसु, अपरपरिग्गहिएसु, सच्चेव ओग्गहस्स पुव्वाणुन्नवणा चिट्ठइ अहालंदमवि ओग्गहे।

२६. से रज्जपरियट्टेसु, असंथडेसु, वोगडेसु, वोच्छिन्नेसु, परपरिग्गहिएसु भिक्खुभावस्स अट्ठाए दोच्चंपि ओग्गहे अणुन्नवेयव्वे सिया।

२५. राजा की मृत्यु के बाद नये राजा का अभिषेक हो किन्तु (वह) अविभक्त एव शत्रुओ द्वारा अनाक्रान्त रहे, राजवश अविच्छिन्न रहे और राज्य-व्यवस्था पूर्ववत् चालू रहे तो साधु-साध्वियो के लिए पूर्वगृहीत आज्ञा ही यथेच्छ काल तक मान्य रहती है।

२६. राजा की मृत्यु के बाद नये राजा का अभिषेक हो और उस समय राज्य विभक्त हो जाए या शत्रुओं द्वारा आक्रान्त हो जाए, राजवंश विच्छिन्न हो जाए या राज्य-व्यवस्था परिवर्तित हो जाए तो साधु-साध्वियो को भिक्षुभाव अर्थात् (सयम की मर्यादा) की रक्षा के लिए दूसरी बार आज्ञा ले लेनी चाहिए।

25. A king dies and thereafter a new ruler is crowned. He is not invaded by the enemies, the dynasty is continuing undisturbed and the administration is as before Then the permission granted earlier remains in force for the period upto which it had been granted to the monks and nuns

26. After the death of a king, a new ruler is crowned. At that time the kingdom has been divided or it has been attacked by enemies. The dynasty of the rulers is disturbed or there occurs a change in administrative set-up. Then the monks and nuns should seek the permission of stay again in order to safe-guard their life of ascetic restraint

विवेचन : भिक्षु-भिक्षुणियाँ जिस राज्य मे विचरण करते हो, उसके राजा या अधिकारी की आज्ञा प्राप्त करके रहना चाहिए। जब राजसत्ता मे परिवर्तन हो जाए तब दो स्थितियाँ बनती है-

(१) पूर्व राजा का राजकुमार या उसके वंशज राजा बने हो अथवा केवल व्यक्ति का परिवर्तन हुआ हो, अन्य राजसत्ता, व्यवस्था और कानूनो का कोई परिवर्तन न हुआ हो तो पूर्व ग्रहण की हुई आज्ञा से विचरण किया जा सकता है, पुन आज्ञा लेने की आवश्यकता नही रहती है।

(२) यदि कोई सर्वथा नया ही राजा बना हो, राज्यव्यवस्था का परिवर्तन हो गया हो तो वहाँ विचरण करने के लिए पुन. आज्ञा लेना आवश्यक हो जाता है।

सभी जैन सघों के साधु-साध्वियों के विचरण करने की राजाज्ञा एक प्रमुख व्यक्ति के द्वारा प्राप्त कर ली जाए तो फिर पृथक्-पृथक् किसी भी सत-सती को आज्ञा लेने की आवश्यकता नहीं रहती है।

॥ सातवाँ उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—The monks and nuns should seek the permission of the ruler or the official concerned of the state in which they are moving

about (propagating their mission). When there is a change in administration, two situations occur—

(1) The son of the earlier ruler or one from his dynasty becomes the king, or there is only change in person holding the administration and there is no change in administrative set-up and the laws in force. Then monks and nuns can move about on the basis of the permission already obtained and there is no need to seek permission afresh.

(2) In case a totally new ruler has become the king and there has been a change in administrative set-up. Then it is necessary to seek permission again (for stay and moving there)

In case one responsible in the organisation secures permission from the government for wanderings of monks and nuns of all Jain groups in the state then it is not necessary for any monk or nun to seek such permission individually.

● SEVENTH UDDESHAK CONCLUDED ●

आठवाँ उद्देशक
EIGHTH UDDESHAK

शयन-स्थान ग्रहण की विधि PROCEDURE OF HAVING PLACE FOR BED

१. गाहा उऊ पज्जोसविए, ताए गाहाए, ताए पएसाए, ताए उवासंतराए "जमिणं जमिणं सेज्जासंथारगं लभेज्जा तमिणं तमिणं ममेव सिया।" थेरा य से अणुजाणेज्जा, तस्सेव सिया।

थेरा य से नो अणुजाणेज्जा नो तस्सेव सिया। एवं से कप्पइ अहाराइणियाए सेज्जासंथारगं पडिग्गाहित्तए।

१. हेमन्त या ग्रीष्म काल मे भिक्षु किसी के (गाहा-) घर में ठहरने के लिए रहा हो, उस घर के किसी विभाग के किसी (ताए पएसाए-) कमरे आदि मे, तथा ताए उवासंतराए-उसके अमुक अमुक स्थानो मे "जो-जो अनुकूल स्थान (संस्तारक) मिले वे-वे मै ग्रहण करूँ।" इस प्रकार के संकल्प होने पर भी स्थविर यदि उस स्थान के लिए आज्ञा दे तो वहाँ शय्या-सस्तारक ग्रहण करना कल्पता है।

यदि स्थविर आज्ञा न दे तो वहाँ शय्या-संस्तारक ग्रहण करना नही कल्पता है। स्थविर के आज्ञा न देने पर यथारत्नाधिक-(दीक्षा-पर्याय से ज्येष्ठ-कनिष्ठ) क्रम से शय्या स्थान या संस्तारक ग्रहण करना कल्पता है।

1. In summer or winter a *bhikshu* is present in a house for staying there. He has a thought in his mind that he shall accept that place or bed (*Sanstarak*) which is proper in such and such part of the house and at such and such place Even then he can accept such place or bed only if *Sthavir* grants him permission for it.

In case the *Sthavir* does not grant permission for it, he is not allowed to accept that place or bed. In that case the place or bed for taking rest can be accepted only in order of seniority in period of monkhood.

विवेचन : किसी भी घर या उपाश्रय आदि मे ठहरने के समय या बाद मे अपने बैठने या सोने के स्थान का निर्णय गुरु या प्रमुख की आज्ञा से करना चाहिए, जिससे व्यवस्था एवं अनुशासन का सम्यक् पालन होता रहे।

आचाराग (श्रु. २, अ. २, उ ३) में शयनासन (शय्या-भूमि) ग्रहण करने की विधि का कथन करते हुए बताया है कि "आचार्य, उपाध्याय आदि पदवीधर एव बाल, वृद्ध, नवदीक्षित और आगन्तुक (पाहुणे) साधुओं को ऋतु के अनुकूल एव इच्छित स्थान यथाक्रम से दिये जाने के बाद ही शेष भिक्षु संयम-पर्याय के क्रम से शयन-स्थान ग्रहण करे।

Elaboration—A decision about the place of sitting or sleeping in a house or in the *upashraya* and the like should be taken at the time of staying or later at the him of sitting or sleeping only with the permission

of the guru or the head of the group so that the administration may run smoothly and in a disciplined manner.

In *Acharang* (*Shrut* 2, *Adh*. 2, *Udd*. 3) while narrating the procedure for accepting the place for rest, it has been stated that *Acharyas*, *Upadhyayas* who are holding any post, the very young, the old, the newly initiated and the guest monks should be allotted the place according to the prevailing weather and their desire in that order and that the remaining space should be allotted to the remaining monks in the order of their seniority in monkhood.

शय्या-संस्तारक लाने की विधि PROCEDURE OF BRINGING BEDDING

२. से य अहालहुसगं सेज्जासंथारगं गवेसेज्जा, जं चक्किया एगेण हत्थेण ओगिज्झ जाव एगाहं वा, दुयाहं वा, तियाहं वा परिवहित्तए, "एस मे हेमन्त-गिम्हासु भविस्सइ।"

***३. से य अहालहुसगं सेज्जासंथारगं गवेसेज्जा, जं चक्किया एगेणं हत्थेणं ओगिज्झ जाव एगाहं वा,* दुयाहं वा, तियाहं वा अद्धाणं परिवहित्तए, "एस मे वासावासासु भविस्सइ।"**

४. से य अहालहुसगं सेज्जासंथारगं गवेसेज्जा, जं चक्किया एगेणं हत्थेणं ओगिज्झ जाव एगाहं वा, दुयाहं वा, तियाहं वा, चउयाहं वा, पंचाहं वा, दूरमवि अद्धाणं परिवहित्तए, "एस मे वुड्ढावासासु भविस्सइ।"

२. श्रमण यथासम्भव (यथालघु-) हल्के शय्या-संस्तारक का अन्वेषण करे, वह इतना हल्का हो कि उसे एक हाथ से उठाकर लाया जा सके। ऐसे शय्या-संस्तारक एक, दो या तीन दिन तक उसी बस्ती से गवेषणा करके लाया जा सकता है, इस प्रयोजन से कि यह शय्या-संस्तारक मेरे हेमन्त या ग्रीष्म ऋतु में काम आयेगा।

३. श्रमण यथासम्भव हल्के शय्या-संस्तारक का अन्वेषण करे, वह इतना हल्का हो कि उसे एक हाथ से ग्रहण करके लाया जा सके। ऐसा शय्या-संस्तारक एक, दो या तीन दिन तक उसी बस्ती से या निकट की अन्य बस्ती से गवेषणा करके लाया जा सकता है, इस प्रयोजन से कि यह शय्या-सस्तारक मेरे वर्षावास में काम आयेगा।

४. श्रमण यथासम्भव हल्के शय्या-संस्तारक का अन्वेषण करे, वह इतना हल्का हो कि उसे एक हाथ से उठाकर लाया जा सके। ऐसा शय्या-संस्तारक एक, दो, तीन, चार या पाँच दिन तक उसी बस्ती से या अन्य दूर की बस्ती से भी गवेषणा करके लाया जा सकता है, इस प्रयोजन से कि यह शय्या-संस्तारक मेरे वृद्धावास (स्थविरवास) मे काम आयेगा।

2. A monk should try to select a light bedding. It should be so much light that it could be brought and carried in one hand. Such a bedding can be brought from the same colony for one, two or three days after seeking it according to the rules laid down. It can be brought with a view that it shall serve his purpose in summer and winter.

3. A monk should try to collect a light bedding—so light that it could be carried in one hand. Such a bedding can be collected according to rules from the same or nearby colony for one, two or three days. It can be colleced with a view that it shall serve the purpose in *Chaturmas* (rainy season).

4. A monk should try to collect a light bedding—so much light that it could be carried with one hand. Such a bedding can be collected according to rule for one, two or three, four or five days from the same colony or from any other colony at a distance with a view that it shall serve the purpose of permanent stay (*Sthaviravas*) due to old age.

विवेचन : पूर्व सूत्र मे शय्या-संस्तारक शब्द से स्थान ग्रहण करने की विधि कही है और इन सूत्रो मे शय्या-सस्तारक शब्द से पाट आदि ग्रहण करने का विधान है। यह पाद आदि प्रातिहारिक ही होते है जिन्हे उपयोग करने के बाद वापस लौटा दिया जाता है।

इन सूत्रो का भाव यह है कि जो भी पाट आदि लावे, वह इतना हल्का होना चाहिए कि एक हाथ से उठाकर लाया जा सके।

प्रथम सूत्रानुसार हेमन्त-ग्रीष्म काल के लिए आवश्यक पाट आदि की गवेषणा तीन दिन तक उसी ग्रामादि मे की जा सकती है, दूसरे सूत्रानुसार वर्षावास के लिए उसी ग्रामादि में या निकट के अन्य ग्रामादि मे तीन दिन तक गवेषणा की जा सकती है और तृतीय सूत्रानुसार स्थविरवास के लिए पाट आदि की गवेषणा उत्कृष्ट पाँच दिन तक उसी ग्रामादि मे या दूर के ग्रामादि मे भी की जा सकती है। ऐसा इन पृथक्-पृथक् तीन सूत्रों में स्पष्ट किया गया है।

Elaboration—In the earlier aphorism, by the word *Shayya-Sanstarak*, the procedure of getting the place of stay was stated while in these aphorisms by the word *Shayya-Sanstarak* the procedure for collecting bed and the like has been narrated. These beds are *pratiharik* and they are returned after use.

The central idea of these aphorisms is that the beds, stool and the like, which a monk collects and brings should be so light that it could be carried and brought with one hand.

According to the first aphorism, the necessary bed and the like can be collected in summer and winter from the same village or colony for three days. According the second aphorism they can be collected for *Chaturmas* during three days from the same village or colony or from another village or colony. In the third aphorism it is mentioned that for permanent stay they can be collected at the most in five days from the same village or colony or from another village or colony at a distance. This fact has been clarified in these three aphorisms.

एकाकी स्थविर के भण्डोपकरण और गोचरी जाने की विधि
PROCEDURE OF COLLECTING POT AND FOOD ALONE

५. थेराणं थेरभूमिपत्ताणं कप्पइ दण्डए वा, भण्डए वा, छत्तए वा, मत्तए वा, लट्ठिया वा, भिसे वा, चेले वा, चेलचिलिमिलिं वा, चम्मे वा, चम्मकोसे वा, चम्मपलिच्छेयणए वा अविरहिए ओवासे ठवेत्ता गाहावइकुलं पिण्डवायपडियाए पविसित्तए वा, निक्खमित्तए वा।

कप्पइ णं सन्नियट्टचारीणं दोच्चंपि उग्गहं अणुन्नवेत्ता परिहरित्तए।

५. स्थविरत्व-प्राप्त (एकाकी) स्थविरो को दण्ड, भाण्ड, छत्र, मात्रक, लाठी, काष्ठ का आसन, वस्त्र, वस्त्र की चिलमिलिका, चर्म, चर्मकोष और चर्म-परिच्छेदनक अविरहित स्थान में रखकर अर्थात् किसी को सम्भालकर गृहस्थ के घर में आहार के लिए जाना-आना कल्पता है।

भिक्षाचर्या, करके पुन लौटने पर जिसकी देख-रेख में दण्डादि रखे गये है, उससे दूसरी बार आज्ञा लेकर ग्रहण करना कल्पता है।

5. The *Sthavırs* (who stay alone) can keep wooden stıck, earthen, pot, umbrella, pot for urine, wooden seat, clothes, mosquito-net, shoes, and the lıke in the charge of someone and then go to the houses for collectıng food and water

On his return after collectıng food and the like he can take back those things after securıng the permıssıon for them agaın

विवेचन : इस सूत्र मे ऐसे एकाकी विचरण करने वाले भिक्षु का वर्णन है जो किसी खास परिस्थिति के वश एकलविहारी है। साथ ही शरीर की अपेक्षा वृद्ध या अतिवृद्ध है, स्थविरकल्पी सामान्य भिक्षु है और अकेला रहकर यथाशक्ति सयम पालन कर रहा है। शारीरिक कारणों से उसे अनेक अतिरिक्त उपकरण रखने पड रहे हैं। उन सभी उपकरणो को साथ लेकर गोचरी आदि के लिए वह नहीं जा सकता है। उसे असुरक्षित स्थान रहने को मिला हो तो वहाँ उन उपकरणो को छोडकर जाने पर चोरी जाने की आशका रहती है। इत्यादि कारणो से सूत्र मे यह विधान किया गया है कि वह वृद्ध भिक्षु बाहर जाते समय अपने उपकरणो की सुरक्षा के लिए किसी को नियुक्त करके जाए या पास मे ही कोई बैठा हो तो उसे सूचित करके जाए और पुन आने पर उसे सूचित कर दे कि "मैं आ गया हूँ।" उसके बाद ही उन उपकरणो को ग्रहण करे।

वृद्ध भिक्षु चलते समय सहारे के लिए दण्ड या लाठी रखता है, गर्मी आदि से रक्षा के लिए छत्र रखता है, मल-मूत्र-कफ आदि विकारो के कारण अनेक मात्रक साथ में रखता है, मिट्टी के घडे आदि भांड भी रखता है, अतिरिक्त वस्त्र-पात्र रखता है, मच्छर आदि के कारण मच्छरदानी भी रखता है, बैठने में सहारे के लिए भृसिका-काष्ठ आसन रखता है, चर्मखण्ड, चर्मकोष (उपानह जूता आदि) अपने आवश्यक उपयोगी कोई भी उपकरण रखता है। उनमें से जिन उपकरणों की गोचरी जाने के समय आवश्यकता न हो उनके लिए सूत्र मे यह विधान किया गया है। वह उन्हे सुरक्षित स्थान पर रखकर जाये।

Elaboration—In this aphorism, there is the description of a monk who lives alone—the one who in view of some special circumstances is

passing his ascetic life alone. Simultaneously he is physically old or very old. He is an ordinary *Sthavir-kalpi bhikshu* or he is practicing his ascetic restraints alone according to his capability. He has to keep many more things with him in view of his physical condition. He cannot go for collecting food carrying all his things with him. As he has got an ill-guarded place for stay there is an inherent fear that his things may be stolen if he leaves them behind. In view of all such causes, there is a provision in the scriptures that while going out, an old *bhikshu* should appoint someone to guard his things in his absence. In case someone is sitting nearby he should inform him about his departure (and request him to look after his things) and on return he should again inform him that he has come. Only after it, he should accept those things.

An old *bhikshu* keeps a stick while going for his support. He keeps an umbrella to protect himself from heat. He keeps a pot for stool, urine and the like He keeps earthen pots He keeps additional clothes. He keeps mosquito net to save himself from mosquito bite. He keeps a wooden seat as a support in sitting (*bhrisika*) He keeps piece of skin and shoes and many such things while going for collecting ford and the like. This provision in *Agam* is in respect of those things which are not needed by him at that time. He should go after keeping his things at a secure place.

शय्या-संस्तारक के लिए पुनः आज्ञा लेने का विधान

PROCEDURE OF SEEKING PERMISSION AGAIN FOR BED

६. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पाडिहारियं वा, सागारियसंतियं वा सेज्जासंथारगं दोच्चंपि ओग्गहं अणणुन्नवेत्ता बहिया नीहरित्तए। ७. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पाडिहारियं वा, सागारियसंतियं वा सेज्जासंथारगं दोच्चंपि ओग्गहं अणुन्नवेत्ता बहिया नीहरित्तए।

८. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पाडिहारियं वा, सागारियसंतियं वा सेज्जासंथारगं सव्वप्पणा अप्पिणित्ता दोच्चं पि ओग्गहं अणणुन्नवेत्ता अहिट्ठित्तए। ९. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पाडिहारियं वा, सागारियसंतियं वा सेज्जासंथारगं सव्वप्पणा अप्पिणित्ता दोच्चं पि ओग्गहं अणुन्नवेत्ता अहिट्ठित्तए।

६. निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को बाहर से लाया हुआ प्रातिहारिक शय्या-सस्तारक या शय्यातर का शय्या-संस्तारक दूसरी बार आज्ञा लिए बिना अन्यत्र ले जाना नही कल्पता है। ७. किन्तु .... प्रातिहारिक शय्या-सस्तारक दूसरी बार आज्ञा लेकर ही अन्यत्र ले जाना कल्पता है।

८. निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को बाहर से लाया हुआ प्रातिहारिक शय्या-सस्तारक या शय्यातर का शय्या-संस्तारक सर्वथा सौंप देने के बाद दूसरी बार आज्ञा लिए बिना काम में लेना नहीं कल्पता है। ९. किन्तु. .... शय्या-संस्तारक सर्वथा सौंप देने के बाद दूसरी बार आज्ञा लेकर ही काम मे लेना कल्पता है।

6. Monks or nuns have brought *Pratiharik Shayya-Sanstarak* (bed, stool that has to be returned after use) or use a *Shayya-Sanstarak* of *Shayyatar* (the person who has given place for stay). He or she cannot take it away to any other place without prior permission of *Shayya-Sanstarak* obtained again 7. But *pratiharak Shayya-Sanstarak* can be carried to another place after securing the permission for it again.

8. In case the monks or nuns have returned *Pratiharik Shayya-Sanstarak* or *Shayya-Sanstarak* of *Shayyatar* which they had brought from outside, they are not allowed to use it without taking the permission from the person concerned again 9. But *Shayya-Sanstarak* which has been returned, should be used only after having the permission for it again

विवेचन : शय्यातर का या अन्य गृहस्थ का शय्या-सस्तारक आदि कोई भी प्रातिहारिक उपकरण जिस मकान मे रहते हुए ग्रहण किया गया है, उसको दूसरे मकान मे ले जाना आवश्यक हो तो उसके स्वामी से आज्ञा प्राप्त करना या उसे सूचना करना आवश्यक होता है।

किसी का पाट आदि कोई भी उपकरण लाया गया हो, उसे अल्पकाल के लिए आवश्यक न होने से उपाश्रय मे ही अपनी निश्रा से छोडकर वापस गृहस्थ को सौंपा जा सकता है, किन्तु उसे जब कभी पुन लेना आवश्यक हो जाए तो दुबारा उसके स्वामी की आज्ञा लेना जरूरी होता है, यह उक्त सूत्रो का आशय है।

Elaboration—The *Shayya-Sanstarak* belonging to *Shayyatar* (the owner in whose house monks/nuns are staying after his consent) or the one belonging to another householder or any other *pratiharik* article has been taken while staying in that particular house. It has become necessary to take it to another house Then it is necessary to get the permission of its owner or to inform him about it.

A bed (or bench) or any other article has been brought. It is not needed for sometime. Then it can be given up from one's own supervision and returned to the householder concerned. In case it has to be taken again necessarily then it is essential to take the permission of its owner again. This is the gist of these aphorisms.

शय्या-संस्तारक ग्रहण करने की विधि **PROCEDURE OF ACCEPTING SHAYYA SANSTARAK**

१०. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पुव्वामेव ओग्गहं ओगिण्हित्ता तओ पच्छा अणुन्नवेत्तए।

११. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा पुव्वामेव ओग्गहं अणुन्नवेत्ता तओ पच्छा ओगिण्हित्ता।

१२. अह पुण एवं जाणेज्जा—इह खलु निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा नो सुलभे पाडिहारिए सेज्जा संथारए त्ति कट्टु एवं णं कप्पइ पुव्वामेव ओग्गहं ओगिण्हित्ता तओ पच्छा अणुन्नवेत्तए।

"मा बहउ अज्जो ! विइयं" त्ति वइ अणुलोमेणं अणुलोमेयव्वे सिया।

१०. निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को पहले शय्या-संस्तारक ग्रहण करना और बाद में उनकी आज्ञा लेना नहीं कल्पता है।

११. (किन्तु) निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को पहले आज्ञा लेना और बाद मे शय्या-सस्तारक ग्रहण करना कल्पता है।

१२. यदि यह जाने कि निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को यहाँ प्रातिहारिक शय्या-संस्तारक सुलभ नहीं है तो पहले स्थान या शय्या-सस्तारक (पाट आदि) ग्रहण करना और बाद मे आज्ञा लेना भी कल्पता है। (किन्तु ऐसा करने पर यदि संयतों के और शय्या-संस्तारक के स्वामी के मध्य किसी प्रकार का कलह हो जाए तो आचार्य उन्हें इस प्रकार समझाए-"हे आर्यो ! एक ओर तो तुमने इनकी वसति ग्रहण की है, दूसरी ओर इनसे कठोर वचन बोल रहे हो। हे आर्यो ! इस प्रकार तुम्हें इनके साथ ऐसा दुहरा अपराधमय व्यवहार नही करना चाहिए।" इस प्रकार अनुकूल विनम्र वचनो से आचार्य उस वसति के स्वामी को अनुकूल करे।

10. Monks and nuns are not allowed to accept *Shayya-Sanstarak* first and to seek the permission later.

11. Monks and nuns should first take the permission and then accept *Shayya-Sanstarak*.

12. In case one comes to know that *Pratiharik Shayya-Sanstarak* is not easily available to the monks and nuns then one can first accept it and then take permission for it. (But if by this act a dispute arises between the ascetics and owner of *Shayya-Sanstarak* then the *Acharya* should pacify them in this manner—"O the blessed ! You on one hand have taken his house while on the other hand you are using hard words. O the blessed ! You should not behave in two different manners with him and your behaviour is sinful also." Thus the *Acharya* should pacify the owner of the house with sweet and humble words

विवेचन : भिक्षु के सामान्य नियम के अनुसार किसी भी स्थान पर बैठना या ठहरना हो तो पहले आज्ञा लेनी चाहिए, बाद मे ही वहाँ ठहरना चाहिए। इसी प्रकार पाट आदि अथवा तृण आदि अन्य कोई भी पदार्थ लेने हो तो उनकी पहले आज्ञा लेना चाहिए, बाद मे ही उसे ग्रहण करना या उपयोग मे लेना चाहिए। किसी भी वस्तु की आज्ञा लेने के पहले ग्रहण करना और फिर आज्ञा लेना अविधि है। इससे तृतीय महाव्रत दूषित होता है। तथापि सूत्र में मकान की दुर्लभता को लक्ष्य मे रखते हुए परिस्थितिवश गीतार्थ बहुश्रुत की सम्मति से उनकी निश्रा से कभी इस प्रकार अविधि से ग्रहण करने की आपवादिक छूट दी गई है।

इस सूत्र के अन्तिम वाक्य की व्याख्या में भाष्यकार बताते हैं कि "जहाँ दुर्लभ शय्या हो उस गाँव में कुछ साधु आगे जाएँ और किसी उपयुक्त मकान में आज्ञा लिए बिना ही ठहर जाएँ, जिससे मकान का मालिक रुष्ट होकर वाद-विवाद करने लगे तब पीछे से अन्य भिक्षु या आचार्य पहुँचकर उस विवाद करने वाले साधु को

आक्रोशपूर्वक डाँट दे "तू यह दुगुना अपराध क्यों कर रहा है?" इस प्रकार मकान-मालिक को प्रसन्न करते हुए नम्रता से वार्तालाप करके पुन. आज्ञा प्राप्त करे।

Elaboration—It is the common rule that a *bhikshu* should first take permission and then sit or stay at that place. Similarly if he has to take any plank, stool and the like or anything else, he should first seek permission for it Only then he should accept it and use it. It is overlooking the prescribed procedure if one accepts a thing and thereafter takes its permission. It adversely affects practice of third major vow Still in this *Sutra*, keeping in view the difficulty in having a house for stay and the particular situation, this is an exception in accepting an article with the consent of a learned bahushrut and under his supervision deviating from the prescribed procedure.

While explaining the last word in this aphorism the author of *bhashya* says, it is difficult to procure a bed from a particular village. Then some monks move ahead and stays in a suitable house without the permission of its owner The owner angrily starts quarreling. Then the other *bhikshu* or *Acharya* after reaching there should angrily condemn the monk who had stayed there earlier and say why was he committing double fault. Thus they should talk humbly, pleasing the owner of the house and thereafter seek his permission.

पतित या विस्मृत उपकरण की एषणा **ASKING FOR FALLEN OR FORGOTTEN UPAKARAN**

१३. निग्गंथस्स णं गाहावइकुलं पिण्डवायपडियाए अणुपविट्ठस्स अण्णयरे अहालहुसए उवगरणजाए परिब्भट्ठे सिया। तं च केई साहम्मिए पासेज्जा, कप्पइ से सागारकडं गहाय जत्थेव अण्णमण्णं पासेज्जा तत्थेव एवं वएज्जा-"इमे भे अज्जो ! किं परिण्णाए ?" से य वएज्जा-"परिण्णाए" तस्सेव पडिणिज्जाएयव्वे सिया।

से य वएज्जा-"नो परिण्णाए" तं नो अप्पणा परिभुंजेज्जा नो अण्णमण्णस्स दावए, एगंते बहुफासुए थण्डिले परिट्ठवेयव्वे सिया।

१४. निग्गंथस्स णं बहिया वियारभूमिं वा, विहारभूमिं वा निक्खंतस्स अण्णयरे अहालहुसए उवगरणजाए परिब्भट्ठे सिया। तं च केइ साहम्मिए पासेज्जा, कप्पइ से सागारकडं गहाय जत्थेव अण्णमण्णं पासेज्जा तत्थेव एवं वएज्जा-"इमे भे अज्जो ! किं परिण्णाए ?" से य वएज्जा-"परिण्णाए" तस्सेव पडिणिज्जाएयव्वे सिया।

से य वएज्जा-"नो परिण्णाए" तं नो अप्पणा परिभुंजेज्जा, नो अण्णमण्णस्स दावए, एगंते बहुफासुए थण्डिले परिट्ठेयव्वे सिया।

१५. निग्गंथस्स णं गामाणुगामं दूइज्जमाणस्स अण्णयरे उवगरणजाए परिब्भट्ठे सिया। तं च केई साहम्मिए पासेज्जा, कप्पइ से सागारकडं गहाय दूरमवि अद्धाण परिवहित्तए, जत्थेव अण्णमण्णं पासेज्जा तत्थेव एवं वएज्जा–"इमे भे अज्जो ! किं परिण्णाए ?" से य वएज्जा "परिण्णाए" तस्सेव पडिणिज्जाएयव्वे सिया।

से य वएज्जा–"नो परिण्णाए" तं नो अप्पणा परिभुंजेज्जा, नो अण्णमण्णस्स दावए, एगंते बहुफासुए थण्डिले परिट्ठवेयव्वे सिया।

१३. निर्ग्रन्थ गृहस्थ के घर मे आहार के लिए जाए, तब कही पर उसका कोई लघु उपकरण गिर जाए, उस उपकरण को यदि कोई साधर्मिक श्रमण देखे तो 'जिसका यह उपकरण है उसे दे दूँगा' इस भावना से लेकर जाए और जहाँ किसी श्रमण को देखे, वहाँ इस प्रकार पूछे–"हे आर्य ! इस उपकरण को पहचानते हो ?" (अर्थात् यह आपका है ?) वह कहे–"हाँ, पहचानता हूँ।" (अर्थात् हाँ, यह मेरा है) तो उस उपकरण को उसे दे दे।

यदि वह कहे–"मै नही पहचानता हूँ।"–तो उस उपकरण का न स्वय उपयोग करे और न अन्य किसी को दे, किन्तु एकान्त प्रासुक (निर्जीव) भूमि पर उसे छोड दे।

१४. स्वाध्यायभूमि मे या उच्चार-प्रस्रवण-भूमि मे जाते-आते हुए निर्ग्रन्थ का कोई लघु उपकरण गिर जाए, उस उपकरण को यदि कोई साधर्मिक श्रमण देखे तो 'जिसका यह उपकरण है, उसे दे दूँगा' इस भावना से लेकर जाए और जहाँ किसी श्रमण को देखे, वहाँ इस प्रकार कहे–"हे आर्य ! इस उपकरण को पहचानते हो ?" वह कहे–"हाँ, पहचानता हूँ।" तो उस उपकरण को उसे दे दे।

यदि वह कहे–"मै नही पहचानता हूँ।" तो उस उपकरण का न स्वय उपयोग करे और न अन्य किसी को दे, किन्तु एकान्त प्रासुक भूमि पर उसे परठ दे।

१५. ग्रामानुग्राम विहार करते हुए निर्ग्रन्थ का कोई उपकरण गिर जाए, उस उपकरण को यदि कोई साधर्मिक श्रमण देखे और 'जिसका यह उपकरण है, उसे दे दूँगा' इस भावना से वह उस उपकरण को दूर तक भी लेकर जाए और जहाँ किसी श्रमण को देखे, वहाँ इस प्रकार कहे–"हे आर्य ! इस उपकरण को पहचानते हो ?" वह कहे–"हाँ, पहचानता हूँ।" तो उस उपकरण को उसे दे दे।

यदि वह कहे "मै नहीं पहचानता हूँ।" तो उस उपकरण का न स्वय उपयोग करे और न अन्य किसी को दे, किन्तु एकान्त प्रासुक भूमि पर उसे परठ दे।

13. A *nirgranth* (Jain monk) goes to a house to collect food and one small *upakaran* (article—say cloth) falls. Another *bhikshu* of the same order sees it and picks it up with the feeling that he shall give it to the one to whom it belongs.When he sees another *bhikshu*, he should ask him—"O the blessed ! Do you recognize this *upakaran*, in other words does it belong to you ?" and he replies—"Yes ? I recognize it. It is mine." Then he should give that *upakaran* to him.

If he replies—"I do not recognize it." Then he should neither use it himself nor give it to anyone else. But he should discard it at a lonely lifeless place

14. While going out or coming from a place of study or a place for call of nature, a small *upakaran* of the *nirgranth* falls down. Another monk of the same order finds it and picks it up with the feeling that he shall give it to the person to whom it belongs. He should then ask the monk whom he finds on the ways—"O the blessed ! Do you recognize it ?" If he says—"Yes, I recognize it." Then he should give that *upakaran* to him.

It he replies—"I do not recognize it." Then he should neither use it himself nor give it to anyone else. But discard it at a lonely lifeless place

15. While going from village to village, if any *upakaran* of a monk falls down and any monk of the same order sees it and carries it to a great distance with the feeling that he shall give it to the one to whom it belongs, then he should ask the monk whom he finds on the way—"O the blessed ! Do you recognize this *upakaran* ?" If he replies, I recognize it' Then he should give it to him.

If he replies—"I do not recognize it." Then he should neither use it himself nor give it to anyone else But discard it at a lonely lifeless place

विवेचन : उक्त तीन सूत्रो मे एक ही बात तीन भिन्न-भिन्न स्थानो की अपेक्षा से कही है। सूत्र १३ में गृहस्थ के घर गोचरी, १४ मे स्वाध्याय भूमि तथा १५ मे ग्रामानुग्राम विहार आदि का कथन है। इनके लिए जाते-आते समय भिक्षु का कोई छोटा-सा उपकरण वस्त्रादि गिर जाए और उसी मार्ग से जाते हुए किसी अन्य भिक्षु को दिख जाए तो उसके लिए तीनो सूत्रो मे विधि बताई है। भाष्यकार का कहना है-बडा उपकरण रजोहरणादि है तो कुछ दूर तक विहारादि मे साथ लेकर जाए और अन्य साधु जहाँ मिले, वहाँ उनसे पूछ लेना चाहिए। यदि उस उपकरण का स्वामी ज्ञात न हो सके और वह उपयोगी उपकरण है एवं उसकी आवश्यकता भी है तो गुरु एव अन्य गृहस्थ की आज्ञा लेकर अपने उपयोग मे लिया जा सकता है। किन्तु अनुमान से पूछताछ या गवेषणा करने के पूर्व एवं आज्ञा लेने के पूर्व उपयोग में नही लेना चाहिए। अन्यथा वह अदत्त दोष का कारण होता है।

यदि वह प्राप्त उपकरण अच्छी स्थिति मे है तो उसे छिन्न-भिन्न करके नही परठना चाहिए। किन्तु अखंड ही कहीं योग्य स्थान या योग्य व्यक्ति के पास स्पष्टीकरण करते हुए छोड देना चाहिए।

Elaboration—In the above three aphorisms, the same thing has been said from the point of view of three different places. In aphorism 13 there is mention of collection of food from the houses, aphorism 14 relates to search for a place to study and aphorism 15 relates to wandering from village to village. In case while going or while returning a small *upakaran* of the *bhikshu* falls on the way and another *bhikshu* coming that way sees

it then the procedure he should adopt has been narrated in these three aphorisms. According to author of *bhashya*, if the *upakaran* is a big one, he should carry it to some distance with him in the wanderings and when other monk meets him, he should ask him about it. If he is not able to know the monk to whom it belongs and that upakaran is worthy of use and he needs it, he can use it only after taking permission of his guru or of any householder. But he should not put it to his own use without making enquiries about its owner and without taking permission for using it. Otherwise he shall be guilty of *adatt* (stealing).

If that *upakaran* is in good condition, he should not tear it or break it before discarding But he should discard it in complete condition at some proper place or near some suitable person clarifying his position.

अतिरिक्त पात्र लाने का विधान **PROCEDURE REGARDING EXTRA POT/POTS**

१६. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अइरेगपडिग्गहं अण्णमण्णस्स अट्ठाए दूरमवि अद्धाणं परिवहित्तए,

'सो वा णं धारेस्सइ, अहं वा णं धारेस्सामि, अण्णो वा णं धारेस्सइ', नो से कप्पइ ते अणापुच्छिय, अणामंतिय अण्णमण्णेसिं दाउं वा अणुप्पदाउं वा। कप्पइ से ते आपुच्छिय आमंतिय अण्णमण्णेसिं दाउं वा अणुप्पदाउं वा।

१६. निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को एक-दूसरे के लिए अधिक पात्र बहुत दूर ले जाना कल्पता है।

'वह धारण कर लेगा, मै रख लूँगा अथवा अन्य को आवश्यकता होगी तो उसे दे दूँगा।' इस प्रकार विचार कर जिनके निमित्त पात्र लिया है, उन्हे लेने के लिए पूछे बिना, निमत्रण किये बिना, दूसरे को देना या निमत्रण करना नहीं कल्पता है। उन्हे पूछने व निमंत्रण करने के बाद अन्य किसी को देना या निमत्रण करना कल्पता है।

16. Monks and nuns can carry more pots of each other to a great distance.

If a monk or nun has taken a pot or pots with the intention that such and such ascetic shall take it, I shall keep it or I shall give it to the one who needs it, then without asking that person, about it, inviting that person to have it, he is not allowed to give it to another one or invite another one for it. However after asking the monk or nun concerned (for whom he had taken the said pot) he is allowed to give it to another or invite others for it.

विवेचन : पात्र के विषय में संख्या का निर्धारण आगम में स्पष्ट नही है। उसका निर्धारण गण की समाचारी के अनुसार किया जाता है। वर्तमान गण-समाचारी अनुसार भिन्न-भिन्न परम्पराएँ प्रचलित हैं। जिस गण की जो

भी मर्यादा है, उससे अतिरिक्त पात्र ग्रहण करने का यहाँ विधान किया गया है अथवा जहाँ उपलब्ध हो वहाँ से अतिरिक्त पात्र मँगाये जाते है। ऐसे पात्र ग्रहण करते समय जिस आचार्य-उपाध्याय का या व्यक्ति विशेष का निर्देश गृहस्थ के समक्ष किया हो, उन्हे ही पहले देना एवं निमत्रण करना चाहिए। बाद में अन्य किसी को दिया जा सकता है।

Elaboration—In *Agam*, the number of pots one can keep is not specified Their number is kept according to the code laid down by respective groups. According to the code at present in force, different traditions are prevalent among different groups. The provision here is in respect of keeping extra pot/pots than the number specified in a particular group (*gana*) or extra pots that can be procured from the place where they are available While accepting such pot/pots they should be offered first to that *Acharya, Upadhyaya* or particular monk whose name was mentioned to the householder when they were asked for Only that *Acharya* and the like should be invited first for it. Thereafter the pot/pots can be given to another one or another one can be invited for it

आहार की ऊनोदरी का परिमाण **LIMIT REGARDING TAKING LESS FOOD (UNODARI)**

१७. (१) अट्ठ कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारं आहारेमाणे अप्पाहारे।

(२) दुवालस्स कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारं आहारेमाणे अवड्ढोमोयरिया।

(३) सोलस कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारं आहारेमाणे दुभागपत्ते, अड्ढोमोयरिया।

(४) चउव्वीसं कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारं आहारेमाणे तिभागपत्ते, अंसिया।

(५) एगतीसं कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारं आहारेमाणे किंचूणोमोयरिया।

(६) बत्तीसं कुक्कुडिअंडगप्पमाणमेत्ते कवले आहारं आहारेमाणे पमाणपत्ते।

(७) एत्तो एकेण वि कवलेण ऊणगं आहारं आहारेमाणे समणे निग्गंथे नो पकामभोइ त्ति वत्तव्वं सिया।

१७. (१) अपने मुखप्रमाण आठ कवल आहार करने से अल्पाहार कहा जाता है।

(२) अपने मुखप्रमाण बारह कवल आहार करने से कुछ अधिक अर्ध ऊनोदरिका कही जाती है।

(३) अपने मुखप्रमाण सोलह कवल आहार करने से द्विभाग प्राप्त आहार और अर्द्ध ऊनोदरी कही जाती है।

(४) अपने मुखप्रमाण चौबीस कवल आहार करने से त्रिभाग प्राप्त आहार और एक भाग ऊनोदरिका कही जाती है।

(५) अपने मुखप्रमाण एकतीस कवल आहार करने से किंचित् ऊनोदरिका कही जाती है।

(६) अपने मुखप्रमाण बत्तीस कवल आहार करने से प्रमाण प्राप्त आहार कहा जाता है।

(७) इससे एक भी कवल कम आहार करने वाला श्रमण निर्ग्रन्थ प्रकामभोजी नहीं कहा जाता है।

17. (1) The food is considered to be the minimum if it is upto eight morsels.

(2) It is called a little more than half *Unodarıka* if ıt is twelve morsels in quantity.

(3) It ıs called two-fourth food and half *Unoderika* if it is sixteen morsels.

(4) It is called three part food and one part *Unoderika* if it is twenty-four morsels.

(5) It is called just a lıttle *Unodarika* of it is thirty-one morsels.

(6) It is called food according to requirement if it is thirty-two morsels.

(7) If food is taken one morsel less than it, the monk is not called *prakaambhoji*

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र में द्रव्य ऊनोदरी के निम्न पाँच भेदो द्वारा वर्णन किया है–

(१) अल्पाहार–एक कवल, दो कवल यावत् आठ कवल प्रमाण आहार करने पर अल्पाहार ऊनोदरी होती है।

(२) अपार्ध–ऊनोदरी–नव से लेकर बारह कवल अथवा पन्द्रह कवल प्रमाण आहार करने पर आधी खुराक से कम आहार किया जाता है। उसे "अपार्द्ध ऊनोदरी" कहते हैं।

(३) द्विभाग प्राप्त ऊनोदरी (अर्द्ध ऊनोदरी)–१६ कवल प्रमाण आहार करने पर अर्द्ध खुराक का आहार किया जाता है जो पूर्ण खुराक के चार भाग मान लेने पर दो भाग रूप होती है, अतः इसे सूत्र मे "द्विभाग प्राप्त ऊनोदरी" अथवा "अर्द्ध ऊनोदरी" भी कह सकते हैं।

(४) त्रिभाग प्राप्त अंसिका ऊनोदरी–२४ कवल (२७ से ३० कवल) प्रमाण आहार करने पर त्रिभाग आहार होता है और एक भाग आहार की ऊनोदरी होती है। इसके लिए सूत्र मे "अशिका-ऊनोदरी" शब्द का प्रयोग किया गया है। इसमें आहार के चार भाग में से तीन भाग का आहार किया जाता है, अत' यह त्रिभाग प्राप्त आहार रूप ऊनोदरी है। अथवा इसे 'पाव ऊनोदरी' भी कह सकते है।

(५) किंचित्–ऊनोदरी–३१ कवल प्रमाण आहार करने पर एक कवल की ही ऊनोदरी होती है जो ३२ कवल आहार की अपेक्षा अल्प होने से 'किंचित् ऊनोदरी' कहा जाता है।

सूत्र के अन्तिम अश से यह स्पष्ट किया गया है कि इन पाँच मे से किसी भी प्रकार की ऊनोदरी करने वाला भिक्षु प्रकामभोजी (भरपेट खाने वाला) नहीं होता। ३२ कवल रूप पूर्ण आहार करने वाला प्रमाण प्राप्त भोजी कहा जाता है। उसके किंचित् भी ऊनोदरी नहीं होती है। भिक्षु को इन्द्रियसयम एवं ब्रह्मचर्य समाधि के लिए सदा ऊनोदरी तप करना आवश्यक है, अर्थात् उसे कभी भरपेट आहार नही करना चाहिए।

सूत्र मे 'कवल प्रमाण' का परिमाण बताने के लिए 'कुक्कुडिअंडग प्रमाण' शब्द आया है। व्याख्याकारों ने इस शब्द की अनेक प्रकार से व्याख्या की है। जैसे-(१) अपने सामान्य आहार की मात्रा का जो ३२वाँ भाग होता है, वह 'कुक्कुडिअडग प्रमाण' समझना चाहिए। (२) जितना बडा कवल मुख मे रखने पर मुख विकृत न दीखे उतने प्रमाण को 'कुक्कुडिअंडग प्रमाण' समझना चाहिए। *(विशेष देखें-अभिधान राजेन्द्र कोष, भाग २, पृ ११८२ ऊणोयरिया)*

इसका अर्थ यह है कि दिन भर के पूरे भोजन को ३२ भागों में विभक्त कर लेना चाहिए और उसी आधार पर 'अल्प भोजन' या 'अति भोजन' का निर्धारण करना चाहिए। व्याख्या मे यह भी कहा गया है कि एक दिन पूर्ण आहार करने वाला 'प्रकामभोजी' है, अनेक दिन पूर्ण आहार करने वाला 'निकामभोजी' है और ३२ कवल से भी अधिक खाने वाला 'अतिभोजी' है।

॥ आठवाँ उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—In the present *Sutra*, five types of *Dravya Unodari* have been discissed—

(1) Alpahar—One morsel, two morsels upto eight morsels of food when taken is called *Alpahar Unodarı*

(2) Apardh Unodari—When food is taken to the extent of nıne morsels, or more upto twelve morsels or at the most fifteen morsels it is stated to be less than half the normal diet. This is *apardh Unodari*

(3) Dvibhag Prapt Unodari (Ardh Unodari)—When food is taken to the extent of sixteen morsels it is called half the normal diet If the total common diet is divided in four parts, it is to the extent of two parts. So ıt ıs called *'dvibhag prapt unodari* (*unodarı* upto two parts). It is also called *ardh unodarı.*

(4) Tribhag Prapt Ansika Unodari—When food is consumed to the extent of 24 morsels, it ıs called three parts of the food (out of 4 parts) and thus one part less than common dıet For it the word *'anshika unodarı'* has been used in the aphorisms Here out of four parts of the total food, only three parts are consumed. So it ıs *unodarı* in the form of three parts of food taken. It can also be called *pava unodarı*. (one-fourth) reduction)

(5) Kinchit (Somewhat) Unodari—When 31 morsels of food is consumed, *unodari* is only of one morsel, which is very little as compared to 32 morsels. So it is called *kinchıt unodarı.*

It is clear from the last part of the *Sutra* that any *bhikshu* who adopts any of the five types ıs not *prakaambhoji*. One who consumes 32 morsels of food, he is called *praman praapt bhoji*. It is necessary for a

Jain monk to practice *unodari* austerities for control over his sense-organs and equanimity in celibacy. In other words, he should never take diet to his full.

The word *'kukkudi-andag praman'* has been used in the *Sutra* to indicate size of the morsel The commentators have interpreted this word in different ways namely—(1) The thirty second part of the normal diet should be understood as *kukkudi-andag praman*. (2) The morsel of such a size which when placed in mouth, the mouth does not appear vulgar is called *kukkudi andag praman*. (*For details see Abhidhan Rajendra Kosh, Part II, p 1182 unoyariya*)

It means that the total diet for the whole day should be divided in 32 parts On its basis *'alp bhojan'* and *'ati bhojan'* should be determined. It is said in the commentary that one who takes full diet of the day is *prakaam-bhoji*. One who takes full diet for many days is called *nikaam-bhoji*. The person who takes more than 32 morsels is *ati-bhoji*.

● EIGHTH UDDESHAK CONCLUDED ●

नवम उद्देशक
NINTH UDDESHAK

निमित्त से बना आहार लेने का विधि–निषेध

PROCEDURE OF TAKING/NOT TAKING FOOD PREPARED SPECIALLY FOR ONE

१. सागारियस्स आएसे अंतो वगडाए भुंजए, निट्ठिए निसट्ठे पाडिहारिए, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। २. सागारियस्स आएसे अंतो वगडाए भुंजए, निट्ठिए निसट्ठे अपाडिहारिए, तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

३. सागारियस्स आएसे बाहिं वगडाए भुंजए, निट्ठिए निसट्ठे पाडिहारिए, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ४. सागारियस्स आएसे बाहिं वगडाए भुंजए, निट्ठिए निसट्ठे अपाडिहारिए, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

१. **(निषेध)** सागरिक-शय्यातर के घर पर किसी आगन्तुक के लिए आहार बनाया गया हो, उसे खाने के लिए **प्रातिहारिक** दिया गया हो, वह उसके घर के भीतरी भाग मे जीमता हो, उस आहार मे से वह आगन्तुक साधु को देना चाहे तो साधु को लेना नही कल्पता है। २. **(विधि)** शय्यातर के घर आगन्तुक के लिए बना आहार यदि उसे **अप्रातिहरिक** दिया गया हो, वह उसके घर के भीतरी भाग मे जीमता हो, उस आहार मे से वह आगन्तुक साधु को देना चाहे तो साधु को लेना कल्पता है।

३. **(निषेध)** शय्यातर के घर किसी आगन्तुक के लिए बना आहार उसे खाने के लिए प्रातिहारिक दिया गया हो, वह यदि घर के बाह्य भाग मे जीमता हो, उस आहार मे से वह आगन्तुक साधु को दे तो साधु को लेना नहीं कल्पता है। ४. **(विधि)** शय्यातर के घर किसी आगन्तुक के लिए बना आहार उसे खाने के लिए अप्रातिहारिक दिया गया हो, वह यदि घर के बाह्य भाग मे जीमता हो, उस आहार मे से वह आगन्तुक दे तो साधु को लेना कल्पता है।

1. (Prohibition) Food has been prepared in the house of *Shayyatar* for some guest. It has been served to him as *pratiharik* (the food left out can be returned). The guest is taking it inside the house. If that guest offers any food out of it to the monk, the monk should not accept it. **2. (Procedure)** The food prepared for the guest in the house of *Shayyatar* has been served to him (the guest) in *apratiharik* form (he has to take it all and nothing out if it can be taken back from him) The guest is taking it inside. If he offers some food out if it to the monk, the monk can take it.

3. (Prohibition) Food prepared for a guest in the house of *Shayyatar* has been given to him as *pratiharik* for consumption. He is in the outer portion of the house sitting to take that food. He (the guest) offers some food out of it to the monk. Then the monk is not allowed to accept it.

4. (Procedure acceptance) Food prepared for a guest in the house of *Shayyatar* is offered to the guest concerned as *apratiharik*. He is sitting in outer part of the house to consume it. He offers some food to the monk out of it. The monk can then take it.

५. सागारियस्स दासे वा, पेसे वा, भयए वा, भइण्णए वा अंतो वगडाए भुंजइ निट्ठिए निसट्ठे पाडिहारिए, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ६. सागारियस्स दासे वा, पेसे वा, भयए वा, भइण्णए वा अंतो वगडाए भुंजइ, निट्ठिए निसट्ठे अपाडिहारिए, तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

७. सागारियस्स दासे वा, पेसे वा, भयए वा, भइण्णए वा बाहिं वगडाए भुंजइ, निट्ठिए निसट्ठे पाडिहारिए, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ८. सागारियस्स दासे वा, पेसे वा, भयए वा, भइण्णए वा बाहिं वगडाए भुंजइ, निट्ठिए निसट्ठे अपाडिहारिए, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

५. (निषेध) शय्यातर के दास, प्रेष्य, भृतक और नौकर के लिए बना आहार उन्हें प्रातिहारिक दिया गया हो, वे घर के भीतरी भाग में जीमते हों तथा उस आहार मे से साधु को दें तो लेना नहीं कल्पता है। ६. (विधि) शय्यातर के दास, प्रेष्य, भृतक और नौकर के लिए बना आहार अप्रातिहारिक दिया गया हो, वह घर के भीतरी भाग मे जीमते हों, उस आहार में से साधु को दे तो लेना कल्पता है।

७. (निषेध) शय्यातर के दास, प्रेष्य, भृतक और नौकर के लिए बना आहार प्रातिहारिक दिया गया हो, वह घर के बाह्य भाग मे जीमते हों तथा उस आहार मे से वह साधु को दे तो लेना नहीं कल्पता है। ८. (विधि) शय्यातर के दास, प्रेष्य, भृतक और नौकर के लिए बना आहार अप्रातिहारिक दिया गया हो, वे घर के बाह्य भाग मे जीमते हो तथा उस आहार मे से साधु को देना चाहे तो साधु को लेना कल्पता है।

5. (Prohibition) The food prepared in the house of *Shayyatar* for servant, messenger, slave or temporary labour has been served to them as *pratiharik*. They are consuming it in the inner part of the house. They offer some food out of it to the monk Then the monk is not allowed to accept it. **6. (Procedure for acceptance)** Food prepared in the house of *Shayyatar* for slave, messenger, labour or servant has been served to them as *apratiharik*. They are consuming it in the inner part of the house They offer some food out of it to the monk. Then the monk can accept it.

7. (Prohibition) Food prepared in the house of Shayyatar for slave, messenger, labour or servant has been served to them as *pratiharik*. They are consuming it in the outer part of the house. They offer some food out of it to the monk. Then the monk is not allowed to accept it. **8. (Procedure for acceptance)** Food has been prepared in the house of *Shayyatar* for slave, messenger, labour or servant. It has been served to

them as *apratiharık*. They are consuming it in the outer portion of the house. If they offer out of it, the monk can take it.

९. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स एगवगडाए अंतो सागारियस्स एगपयाए, सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। १०. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स एगवगडाए अंतो सागारियस्स अभिनिपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

११. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स एगवगडाए बाहिं सागारियस्स एगपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। १२. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स एगवगडाए बाहिं सागारियस्स अभिनिपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

९. (निषेध) शय्यातर का स्वजन उसके घर मे एक ही चूल्हे पर उसी की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार मे से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को देता है तो उन्हें लेना नही कल्पता है। १०. सागरिक का स्वजन यदि सागारिक के घर मे ही सागारिक के चूल्हे से भिन्न चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहारादि निष्पन्न कर जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार में से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को देता है तो उन्हे लेना नही कल्पता है।

११. सागारिक का स्वजन सागारिक के घर के बाह्यविभाग मे सागारिक के ही चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर उससे जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार में से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को देता है तो उन्हे लेना नही कल्पता है। १२. सागारिक का स्वजन सागारिक के घर के बाह्यविभाग मे सागारिक के चूल्हे से भिन्न चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर उससे जीवननिर्वाह करता है। यदि वह उस आहार मे से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को देता है तो उन्हें लेना नही कल्पता है।

9. (Prohibition) A member of the family of *Shayyatar*, prepares food in his very house on the same hearth with the material belonging to *Shayyatar* and thus leads his life. If he offers any food out of it to monks or nuns, they are not allowed to accept. **10.** A member of the family of *Shayyatar* prepares food in that very house on a different oven with the material belonging to *Shayyatar* and thus leads his life. If he offers any food out of it to monks or nuns, they are not allowed to accept it.

11. A member of the family of *Shayyatar* prepares food in the outer portion of that house on the hearth of and with the material belonging to the *Shayyatar* and subsists on it. If he offers any food out of it to monks and nuns, they are not allowed to accept it. **12.** A member of the family of *Shayyatar* prepares food in the outer portion of that house on the hearth different from that of *Shayyatar* but with the material belonging to *Shayyatar* and subsists on it If he offers any food out of it to monks and nuns, they are not allowed to accept it.

१३. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स अभिनिव्वगडाए एगदुवाराए एगनिक्खमण-पवेसाए अंतो सागारियस्स एगपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। १४. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स अभिनिव्वगडाए एगदुवाराए एगनिक्खमण-पवेसाए अंतो सागारियस्स अभिनिपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

१५. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स अभिनिव्वगडाए एगदुवाराए एगनिक्खमण-पवेसाए बाहिं सागारियस्स एगपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। १६. सागारियस्स णायए सिया सागारियस्स अभिनिव्वगडाए एगदुवाराए एगनिक्खमण-पवेसाए बाहिं सागारियस्स अभिनिपयाए सागारियं चोवजीवइ, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

१३. सागारिक का स्वजन सागारिक के घर के भिन्न (दूसरे) गृहविभाग में तथा एक निष्क्रमण-प्रवेश द्वार वाले गृह मे सागारिक के ही चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर उससे जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार में से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को देता है तो उन्हें लेना नही कल्पता है। १४. सागारिक का स्वजन सागारिक के घर के भिन्न गृहविभाग मे तथा एक निष्क्रमण-प्रवेश द्वार वाले गृह मे सागारिक के चूल्हे से भिन्न चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर उससे जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार मे से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को दे तो उन्हे लेना नहीं कल्पता है।

१५. सागारिक का स्वजन सागारिक के गृह के विभिन्न गृहविभाग में तथा एक निष्क्रमण-प्रवेश द्वार वाले गृह के बाह्य भाग मे सागारिक के चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर उससे जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार में से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को देता है तो उन्हें लेना नही कल्पता है। १६. सागारिक का स्वजन सागारिक के घर के भिन्न गृहविभाग मे तथा एक निष्क्रमण-प्रवेश द्वार वाले गृह के बाह्य भाग में सागारिक के चूल्हे से भिन्न चूल्हे पर सागारिक की ही सामग्री से आहार निष्पन्न कर उससे जीवननिर्वाह करता हो, यदि वह उस आहार मे से निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को देता है तो उन्हे लेना नही कल्पता है।

13. A relative of *Shayyatar* prepares food in another part of that house which has only one door for entrance and exit on the oven of *Shayyatar* and with the material belonging to him (*Shayyatar*) and subsists on it. If he offers anything out of it to the monk or nun they are not allowed to accept it. **14.** A relative of *Shayyatar* prepares food in the portion different from that of *Shayyatar* and that part has only one entrance-cum-exit. He prepares it in the fireplace different from that of *Shayyatar* with the material belonging to Shayyator and thus leads his life. If he offers out if it to monks/nuns they are not allowed to accept it.

15. A relative of *Shayyatar* prepares food in another portion of the house in outer portion with the material belonging to and the fireplace of

Shayyatar and the house has common entrance-cum-exit and subsists on it. If he offers out of it to monks/nuns they are not allowed to accept it. **16.** A relative of *Shayyatar* prepares food for his need in a different portion of the house and the house has only one entrance-cum-exit. He prepares it on a different owen but with the material belonging to *Shayyatar* for his livelihood. If he offers some food out of it to monks and nuns, they are not allowed to accept it.

विवेचन : उक्त १६ सूत्रो मे शय्यातर के आहार सम्बन्धी विविध विकल्पों की चर्चा है। शय्यातर का आहार पाहुणों (मेहमानों) के एव नौकरो को नियत किये अनुसार परिपूर्ण अप्रातिहारिक दे दिया गया हो तो उसमें से भिक्षु ग्रहण कर सकता है। क्योंकि वह उनके स्वामित्व का हो जाता है।

यदि पाहुणो को या नौकरो को थोडा-थोडा दिया जा रहा है एव आवश्यकता होने पर वे पुन ले सकते है और अवशेष रहने पर लौटा भी सकते हैं, ऐसा आहार साधु नहीं ले सकता है। सूत्र १, ३, ५, ७ ये चार सूत्र निषेधपरक हैं तथा २, ४, ६, ८ ये सूत्र विधिपरक हैं।

शय्यातर के सहयोग से ही जो ज्ञातिजन जीवन व्यतीत करते हो अर्थात् उनका सम्पूर्ण खर्च शय्यातर ही देता हो तो भिक्षु उसके आहार को ग्रहण नही कर सकता। यही भाव (९ से १६) आठ सूत्रों मे कहा गया है। आशय यह है कि वे ज्ञातिजन शय्यातर के घर के अन्दर या बाहर किसी चूल्हे पर भोजन बनाये एव उसका चौका अलग हो या शामिल हो, किसी भी विकल्प में उसका आहारादि लेना नही कल्पता है। सार यह है कि जिस भोजन पर किसी भी दशा में शय्यातर का स्वामित्व जुडा हो, वह आहार साधु नही ले सकता।

Elaboration—In the above said 16 verses (*Sutras*), the discussion is of food belonging to *Shayyatar* from different points of view In case the food has been distributed among servant and guests as *apratiharik* on the basis already settled, then the *bhikshu* can accept out of it because it is now owned by that guest or servant

In case the food is being distributed to guests and servants in small quantities and they can take again if they need and also can return whatever is left, then the monk cannot accept such food (Aphorism 1, 3, 5, 7 prohibit, aphorism 2, 4, 6, 8 allow)

These relatives depend on *Shayyatar* for their livelihood. Their entire expenditure is borne by *Shayyatar*. Then *bhikshu* cannot accept that food. The same idea is reflected in. Eight aphorisms (9 to 16). The central idea is that it is immaterial whether those relatives prepare food inside or outside the house, on the hearth of *Shayyatar* or any other, whether he is consuming at any place in the house in same area or in a different portion, his food cannot be accepted by the monk. The gist is the food, which in any way, has any ownership of *Shayyatar* in any form, cannot be accepted by the monk.

PROCEDURE AND PROHIBITION OF ALMS FROM SHOPS WHERE SHAYYATAR IS PARTNER

१७. सागारियस्स चक्कियासाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। १८. सागारियस्स चक्कियासाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

१९. सागारियस्स गोलियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। २०. सागारियस्स गोलियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२१. सागारियस्स बोधियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। २२. सागारियस्स बोधियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२३. सागारियस्स दोसियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। २४. सागारियस्स दोसियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२५. सागारियस्स सोत्तियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। २६. सागारियस्स सोत्तियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२७. सागारियस्स बोंडियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। २८. सागारियस्स बोंडियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

२९. सागारियस्स गंधियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ३०. सागारियस्स गंधियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

३१. सागारियस्स सोंडियसाला साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ३२. सागारियस्स सोंडियसाला निस्साहारणवक्कय-पउत्ता, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

३३. सागारियस्स ओसहीओ संथडाओ, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ३४. सागारियस्स ओसहीओ असंथडाओ, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

३५. सागारियस्स अम्बफला संथडाओ, तम्हा दावए, नो से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए। ३६. सागारियस्स अम्बफला असंथडा, तम्हा दावए, एवं से कप्पइ पडिग्गाहेत्तए।

१७. सागारिक (शय्यातर) की हिस्सेदारी वाली चक्रिकाशाला (तेल की दुकान) मे से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को तेल देता है तो उन्हे लेना नही कल्पता है। १८. सागारिक की हिस्सेदारी वाली तेल की दुकान मे से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना साझे (हिस्से) का (अपने हिस्से का) तेल देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

१९. सागारिक के हिस्से वाली गोलियशाला (गुड की दुकान) में से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को गुड़ देता है तो उन्हे लेना नही कल्पता है। २०. सागारिक के हिस्से वाली गुड़ की दुकान में से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना साझे का गुड़ देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

२१. सागारिक के हिस्से वाली बोधियशाला (किराणे की दुकान) में से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को किराणे की वस्तु देता है तो उन्हें लेना नहीं कल्पता है। २२. सागारिक के हिस्से वाली किराणे की दुकान मे से सागारिक का साझीदार बिना हिस्से की किराणे की वस्तु देता है तो उन्हें लेना कल्पता है।

२३. सागारिक के हिस्से वाली दोसियशाला (कपड़े की दुकान) में से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को वस्त्र देता है तो उन्हें लेना नहीं कल्पता है। २४. सागारिक के हिस्से वाली कपडे की दुकान मे से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना हिस्से का कपडा देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

२५. सागारिक के हिस्से वाली सूत (धागे) की दुकान में से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को सूत देता है तो उन्हे लेना नहीं कल्पता है। २६. सागारिक के हिस्से वाली सूत की दुकान में से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना हिस्से का सूत देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

२७. सागारिक के हिस्से वाली बोंडियशाला (रुई की दुकान) में से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को रुई देता है तो उन्हें लेना नही कल्पता है। २८. सागारिक के हिस्से वाली रुई की दुकान में से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना सीर की रुई देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

२९. सागारिक के हिस्से वाली गन्धियशाला (सुगन्धि द्रव्यो की दुकान) मे से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियो को सुगन्धित पदार्थ देता है तो उन्हें लेना नहीं कल्पता है। ३०. सागारिक के हिस्से वाली गन्धियशाला में से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना हिस्से का सुगन्धित पदार्थ देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

३१. सागारिक के हिस्से वाली (मिठाई की दुकान) सोंडियशाला मे से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को मिठाई देता है तो साधु को लेना नही कल्पता है। ३२. सागारिक के साझे वाली मिष्ठान्नशाला में से सागारिक का साझीदार सागारिक के बिना हिस्से की मिठाई देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

३३. सागारिक के साझे वाली भोजनशाला मे से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को आहार देता है तो साधु को लेना नही कल्पता है। ३४. सागारिक के साझे वाली भोजनशाला से सागारिक का साझीदार बँटवारे में प्राप्त खाद्य-सामग्री में से देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

३५. सागारिक के हिस्से वाले आम्र आदि फलों मे से सागारिक का साझीदार निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को आम्रादि देता है तो साधु को लेना नही कल्पता है। ३६. सागारिक के हिस्से वाले आम्रादि फलों मे से सागारिक का साझीदार बँटवारे में प्राप्त आम्र आदि फल यदि निर्ग्रन्थ-निर्ग्रन्थियों को देता है तो साधु को लेना कल्पता है।

17. A *Shayyatar* has a partner in his oil shop (*Chakrikashala*). His partner offers oil to monks and nuns. Then they are not allowed to accept it. **18.** From the partnership shop of *Shayyatar*, the partner offers

that oil which is in his share and not in joint ownership, then the monks and nuns can accept it.

19. A *Shayyatar* runs a sugar shop (*Goliyashala*) with a partner. His partner offers sugar to monks and nuns. Then they are not allowed to accept it. **20.** From the partnership shop of *Shayyatar*, the partner offers to monks and nuns sugar from that lot which is in his share and not in joint ownership with *Shayyatar*. Then the monks and nuns can accept it.

21. A *Shayyatar* has a partner in grocery shop (*Bodhiyashala*). The partner offers a grocery article to monks and nuns. They are not allowed to accept it. **22.** From the joint shop with *Shayyatar*, the partner offers to monks and nuns a grocery article from that lot which is totally in his share and is not in joint ownership with *Shayyatar*. Then the monks and nuns can accept it.

23. A *Shayyatar* has a partner in his cloth (*Dosiyashala*) shop. The partner offers a cloth to monks and nuns from that shop. Then they are not allowed to accept it **24.** From the joint shop with *Shayyatar*, the partner offers to monks and nuns a cloth from that lot which is totally in his share and which has no concern with *Shayyatar*. Then the monks and nuns can accept it.

25. A *Shayyatar* has a joint thread shop with a partner. His partner offers thread to monks or nuns from that shop. Then they are not allowed to accept it. **26.** From the joint thread shop with *Shayyatar*, the partner offers from his lot which has no concern with *Shayyatar*, the thread to monks and nuns. Then they can accept it.

27. A *Shayyatar* runs a cotton shop (*Bondiyashala*) with a partner. The partner offers cotton to monks or nuns from that shop. Then they are not allowed to accept it. **28.** From the joint shop with *Shayyatar*, the partner offers from his lot, which has no concern with *Shayyatar*, some cotton to monks or nuns. Then they can accept it

29. A *Shayyatar* runs a perfume shop (*Gandhiyashala*) jointly with a partner. The partner offers a perfume from that shop to monks or nuns. Then they are not allowed accept it. **30.** From the joint scent shop with *Shayyatar*, the partner offers scent article from the lot, which totally belongs to him and in which *Shayyatar* has no share, to monks or nuns. Then they can accept it.

31. A *Shayyatar* runs a sweet shop (*Sondiyashala*) with a partner. The partner offers sweets from that shop to monk or nuns. Then they cannot

accept it. 32. From the joint sweet shop with *Shayyatar*, the partner offers sweets from the lot, which totally belongs to him and in which *Shayyatar* has no ownership, to monks or nuns. Then they can accept it.

33. A *Shayyatar* runs a restaurant with a partner. The partner offers food from that shop to monks or nuns. Then they are not allowed to accept it. 34. From this joint restaurant with *Shayyatar*, the partner offers food from the lot which belongs to him and in which the *Shayyatar* has no share. Then the monks and nuns are allowed to accept it.

35. A *Shayyatar* runs a fruit shop with a partner. The partner offers (stoneless) mango and the like to the monks or nuns from that shop. Then they are not allowed to accept it. 36. From the joint shop with *Shayyatar*, the partner offers from the lot of fruits, which totally belongs to him and in which Shayyatar has no share, the fruits like mangoes and others to the monks or nuns. Then they can accept it.

विवेचन : पूर्व १६ सूत्रो मे शय्यातरपिड घरो मे से लेने-न लेने का विधान किया था और इन २० सूत्रो मे विक्रयशाला अर्थात् दुकानो मे से खाद्य-पदार्थ या अन्य वस्त्रादि लेने-न लेने का विधान है।

इन सूत्रों का आशय यह है कि शय्यातर एवं अशय्यातर (अन्य गृहस्थ) जो उसका साझीदार है उनकी सामूहिक विक्रयशाला हो, उसमे कभी कोई विभाजित वस्तु मे शय्यातर का स्वामित्व न हो या कोई पदार्थ अन्य गृहस्थ के स्वतत्र स्वामित्व का हो तो उसे ग्रहण करने पर शय्यातरपिड का दोष नही लगता है। अत· सूत्रोक्त दुकानो से वे पदार्थ गृहस्थ के निमत्रण करने पर या आवश्यक होने पर विवेकपूर्ण ग्रहण किये जा सकते है।

सूत्रगत विक्रयशाला के पदार्थ इस प्रकार है-

(१) तेल आदि, (२) गुड आदि, (३) अनाज, किराणा के कोई अचित्त पदार्थ, (४) वस्त्र, (५) सूत (धागे), (६) कपास (रुई), (७) सुगधित तेल इत्रादि (ग्लान हेतु औषध रूप मे), (८) मिष्ठान्न, (९) भोजन-सामग्री, और (१०) आम्रादि अचित्त फल (उबले हुए या गुठलीरहित खण्ड या सूखा मेवा)। इन सूत्रो से यह स्पष्ट हो जाता है कि साधु-साध्वी घरो के अतिरिक्त कभी कही दुकान से भी कल्प्य वस्तु ग्रहण कर सकते है।

Elaboration—In the earlier sixteen verses (*Sutras*) there was the provision of accepting or not accepting a thing from the houses of *Shayyatar*. In these 20 verses, there are the rules for accepting or not accepting any article from the shop where there are such articles namely food articles cloth and the like.

The underlying idea in these verses (aphorisms) is that in the joint shop if there is any article on which *Shayyatar* has no ownership or which is totally owned by the other partner, then there is no fault of *Shayyatar pind* if the monks or nuns accept it. So from the said shops, the articles offered by the partner householder or which are needed by the monks or nuns can be taken with due prudence.

The articles in the shop are as under—

(1) Oil and the like, (2) Sugar and the like, (3) Food articles, grocery articles which do not contain living beings, (4) Cloth, (5) Yarn (Thread), (6) Cotton, (7) Scented oil and the like (for treatment of disease), (8) Sweets, (9) Food-stuffs, (10) Mango which does not contain life (boiled mango, or which is without stone and is in pieces or dry fruit without stone). It is quite evident from those aphorisms that monks and nuns can in addition to houses, take an article from the shops also if it is in the condition in which it can be accepted according to the code.

भिक्षुप्रतिमाएँ RESOLVES (PRATIMAS) OF A BHIKSHU

३७. सत्त–सत्तमिया णं भिक्खुपडिमा एगूणपन्नाए राइंदिएहिं एगेणं छन्नउएणं भिक्खासएणं अहासुत्तं जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ। ३८. अट्ठ–अट्ठमिया णं भिक्खुपडिमा चउसट्ठीए राइंदिएहिं दोहिं य अट्ठासिएहिं भिक्खासएहिं अहासुत्तं जाव आणाए अणपालित्ता भवइ।

३९. नव–नवमिया णं भिक्खुपडिमा एगासीए राइंदिएहिं चउहिं य पंचुत्तरेहिं भिक्खासएहिं अहासुत्तं जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ। ४०. दस–दसमिया णं भिक्खुपडिमा एगेणं राइंदियसएणं अद्धछट्ठेहिं य भिक्खासएहिं जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ।

३७. सप्तसप्तमिका–सप्त–सप्तदिवसीय भिक्षुप्रतिमा उनचास अहोरात्र मे एक सौ छियानवे भिक्षादत्तियो से सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञा के अनुसार पालन की जाती है। ३८ अट्ठअट्ठमिया–अष्ट–अष्टदिवसीय भिक्षुप्रतिमा चौसठ अहोरात्र मे दो सौ अठासी भिक्षादत्तियो से सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञा के अनुसार पालन की जाती है।

३९. नवनवमिका–नौ–नौदिवसीय भिक्षुप्रतिमा इक्यासी अहोरात्र में चार सौ पाँच भिक्षादत्तियो से सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञा के अनुसार पालन की जाती है। ४०. दसदसमिका–दश–दशदिवसीय भिक्षुप्रतिमा सौ अहोरात्र मे पाँच सौ पचास भिक्षादत्तियों से सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञा के अनुसार पालन की जाती है।

37. *Sapt-Saptamika* (seven *pratimas* of seven days each) of a *bhikshu* can be practiced in forty nine days in the form of 196 servings (*bhiksha-dattis*) according to the code as laid down in the order of *Jinas*. **38.** Atth-Atthamiya (eight *pratimas* of eight days each) of a *bhikshu* can be practiced in sixty four days in the form of 288 servings (*bhiksha-dattis*) according the code laid down in the order of *Jinas*.

39. *Nav-Navamika* (nine *pratimas* of nine days each) of a *bhikshu* can be practiced in eighty one days each in the form of 405 servings (*bhikshu-dattis*) according to the code laid down in the order of *Jinas*. **40.** *Das-dasamika* (ten pratimas of ten days each) of a *bhikshu* can be

practiced in 100 days in the form of 550 servings (*bhikshu-dattis*) according to the code laid down in the order of Jinas.

विवेचन : इन सूत्रों में चार प्रतिमाओं का वर्णन किया गया है, जिनकी आराधना साधु-साध्वी दोनो ही कर सकते हैं। अतकृद्दशासूत्र के आठवें वर्ग (अ ५, पृ २६२) मे सुकृष्णा आर्या द्वारा इन भिक्षुप्रतिमाओं की आराधना करने का वर्णन है।

सप्तसप्तमिका भिक्षुप्रतिमा—प्रथम सात दिन तक एक-एक दत्ति, दूसरे सात दिन तक दो-दो दत्ति, यों क्रमश सातवे सप्तक में सात-सात दत्ति ग्रहण की जाती है। इस प्रकार सात सप्तक के ४९ दिन होते हैं और भिक्षादत्ति की कुल अधिकतम संख्या १९६ होती है। ये दत्तियाँ आहार की अपेक्षा से हैं। पानी की अपेक्षा भी इतनी ही दत्तियाँ समझ लेनी चाहिए। इन प्रतिमाओं में निर्धारित दत्तियो से कम दत्तियाँ ग्रहण की जा सकती हैं, किन्तु किसी भी कारण मर्यादा से अधिक दत्ति ग्रहण नहीं की जाती।

इसी प्रकार **अष्टअष्टमिका भिक्षुप्रतिमा**—आठ अष्टक से ६४ दिनो मे पूर्ण की जाती है। जिसमें प्रथम आठ दिन मे एक दत्ति आहार की एवं एक ही दत्ति पानी की ली जाती है। इस प्रकार बढाते हुए आठवें अष्टक मे प्रतिदिन आठ दत्ति आहार की एव आठ दत्ति पानी की ली जा सकती है। इस प्रकार कुल ६४ दिन और २८८ भिक्षादत्ति हो जाती हैं।

इसी प्रकार **'नवनवमिका'** मे ९ × ९ = ८१ अहोरात्र और **'दसदसमिका प्रतिमा'** में १० × १० = १०० अहोरात्र होते हैं।

इन प्रतिमाओ को भी सूत्र मे 'भिक्षुप्रतिमा' शब्द से ही सूचित किया गया है। फिर भी इनको धारण करने मे बारह भिक्षुप्रतिमाओ के समान पूर्वों का ज्ञान या विशिष्ट सहनन की आवश्यकता नही होती है। (सचित्र अन्तकृद्दशा, सूत्र ३८८ पर भी इनका वर्णन आया है।)

Elaboration—In these aphorisms four *pratimas* have been discussed whose practice can be done by both monks and nuns According to the eighth *varga* of *Antkrit-dashanga Sutra* (Ch. 5, pp. 262), there is detailed description of practice of this *pratimas* by nun *Sukrishna*.

In *Sapt-Saptamika bhikshu pratima* one severing each for first seven days, two severing each for the next seven days and systematically increasing the serving; thus seven severing each are received in the last seven days. This *sapt saptaks* are completed in forty nine days and the maximum number of serving is one hundred ninety six. These servings are in respect of food and same should be understood in respect of water. In these *pratimas* less number of servings than the maximum for a day can also be accepted but due to any reason whatsoever the servings more than the prescribed limit cannot be taken on any day.

Similarly *Asht Ashtamika bhikshu pratima* is completed in sixty four days with eight *asthaks*. In it in the first eight days, one serving each of food and of water is accepted. Thus increasing one serving in every *ashtak* that follows, eight serving each are accepted in the last eight

days. Thus in sixty four days with two hundred eighty eight servings in all it is completed.

Similarly in *Nav-Navamika* nine multiplied by nine, which means in 81 days and in Das-Dasamika pratima ten multiplied by ten, which means 100 days are spent.

These *Pratimas* (special ascetic practices) have been denoted in the *Sutra* as *bhikshu-pratima*. Still in their practice it is not necessary to possess knowledge of *Purvas* and special (*samhanan*) structure of the body, which is essential for twelve bhikshu-pratimas.

मोक–प्रतिमा विधान RULE FOR MOKE-PRATIMA

४१. दो पडिमाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–१. खुड्डिया वा मोयपडिमा, २. महल्लिया वा मोयपडिमा।

खुड्डियं णं मोयपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पइ पढम–सरय–कालसमयंसि वा चरिम–निदाह–कालसमयंसि वा, बहिया गामस्स वा जाव रायहाणीए वा वणंसि वा वणदुग्गंसि वा पव्वयंसि वा पव्वयदुग्गंसि वा। भोच्चा आरुभइ, चोद्दसमेणं पारेइ, अभोच्चा आरुभइ, सोलसमेण पारेइ। जाए–जाए मोए आगच्छइ, ताए–ताए आईयव्वे। दिया आगच्छइ आईयव्वे, रत्तिं आगच्छइ नो आईयव्वे। सपाणे मत्ते आगच्छइ नो आईयव्वे, अपाणे मत्ते आगच्छइ आईयव्वे। सबीए मत्ते आगच्छइ नो आईयव्वे, अबीए मत्ते आगच्छइ आईयव्वे। ससणिद्धे मत्ते आगच्छइ नो आईयव्वे, अससणिद्धे मत्ते आगच्छइ आईयव्वे। ससरक्खे मत्ते आगच्छइ नो आईयव्वे, अससरक्खे मत्ते आगच्छइ आईयव्वे। जावइए–जावइए मोए आगच्छइ, तावइए–तावइए सव्वे आईयव्वे, तं जहा–अप्पे वा, बहुए वा।

एवं खलु एसा खुड्डिया मोयपडिमा अहासुत्तं जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ।

४१. दो प्रतिमाएँ कही गई हैं, यथा–(१) छोटी (मोक) प्रस्रवणप्रतिमा, और (२) बडी (मोक) प्रस्रवणप्रतिमा।

छोटी प्रस्रवणप्रतिमा शरत्काल के प्रारम्भ मे अथवा ग्रीष्मकाल के अन्त मे ग्राम के बाहर यावत् राजधानी के बाहर वन में या वनदुर्ग में, पर्वत पर या पर्वतदुर्ग मे अनगार को धारण करना कल्पता है। यदि वह भोजन करके उस दिन इस प्रतिमा को धारण करता है तो छह उपवास से इसे पूर्ण करता है। यदि भोजन किये बिना अर्थात् उपवास के दिन इस प्रतिमा को धारण करता है तो सात उपवास से इसे पूर्ण करता है। इस प्रतिमा मे भिक्षु को जितनी बार मूत्र आये उतनी बार पी लेना चाहिए। दिन में आये तो पीना चाहिए, किन्तु रात में आये तो नहीं पीना चाहिए। कृमियुक्त आये तो नहीं पीना चाहिए, किन्तु कृमिरहित आये तो पीना चाहिए। वीर्य सहित आये तो नहीं पीना चाहिए, किन्तु वीर्यरहित आये तो पीना चाहिए। चिकनाई सहित आये तो नहीं पीना चाहिए, किन्तु चिकनाईरहित आये तो पीना चाहिए। रज (रक्तकण) सहित आये तो नहीं पीना चाहिए, किन्तु रजरहित आये तो पीना चाहिए। जितना–जितना मूत्र आये उतना–उतना सब पी लेना चाहिए, वह अल्प हो या अधिक।

इस प्रकार यह छोटी प्रस्रवणप्रतिमा सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञानुसार पालन की जाती है।

41. These are of two types—(1) Primary *Prasravan Pratima* (elementary resolve to drink urine), and (2) Secondary *Prasravan Pratima* (resolve to drink urine).

The primary or elementary *prasravan pratima* is practical at the beginning of winter or at the end of summer out of the village up to capital or in the forest, or in a fortress in forest or at a hill or at a fort on the hill top by a monk. In case the ascetic starts it after taking meals then he completes it with six day fast. If he starts it without taking food, in other words with fast then he completes it with seven days of fasting. In this *pratima* (resolve), the *bhikshu* should drink his urine every time he urinates. He should drink only when he urinates in the morning but not at night. He should not drink urine if it contains minute living beings but if it is without such beings, he should drink it. He should not take it if it contains his semen but he should take it if it is without it. He should not drink it if it contains oily substances but if it is without such substance, he should take it. He should not take it if it contains dust particles but he should take it if it is without such a thing. He should drink all the urine as and when he urinates—whether it is small or large in quantity

Thus this elementary *prasravan pratima* is practiced according to the *Sutra* and according to the order of *Jinas*.

४२. महल्लियं णं मोयपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स कप्पइ पढम-सरय-कालसमयंसि वा, चरम-निदाह-कालसमयंसि वा, बहिया गामस्स वा जाव रायहाणिए वा वणंसि वा वणदुग्गंसि वा पव्वयंसि वा पव्वयदुग्गंसि वा, भोच्चा आरुभइ, सोलसमेणं पारेइ, अभोच्चा आरुभइ, अट्ठारसमेण पारेइ। जाए-जाए मोए आगच्छइ, ताए-ताए आईयव्वे। दिया आगच्छइ आईयव्वे, रत्तिं आगच्छइ नो आईयव्वे जाव एवं खलु एसा महल्लिया मोयपडिमा अहासुत्तं जाव आणाए अणुपालित्ता भवइ।

४२. बडी प्रस्रवणप्रतिमा शरत्काल के प्रारम्भ मे या ग्रीष्मकाल के अन्त मे ग्राम के बाहर यावत् राजधानी के बाहर वन मे या वनदुर्ग मे, पर्वत पर या पर्वतदुर्ग मे अनगार को धारण करना कल्पता है। यदि वह भोजन करके उसी दिन इस प्रतिमा को धारण करता है तो सात उपवास से इसे पूर्ण करता है। यदि भोजन किये बिना अर्थात् उपवास के दिन इस प्रतिमा को धारण करता है तो आठ उपवास से इसे पूर्ण करता है। इस प्रतिमा में भिक्षु को जब-जब मूत्र आये, तब-तब पी लेना चाहिए। यदि दिन मे आये तो पीना चाहिए, किन्तु रात में आये तो नहीं पीना चाहिए यावत् इस प्रकार यह बड़ी प्रस्रवणप्रतिमा सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञानुसार पालन की जाती है।

42. The secondary or major *prasravan pratima* is practiced at the beginning of winter or at the end of summer in the outskirts of village up to capital, in the forest or in fortness in a forest, on a hill or on a fort on

the hill, by a monk. In case he starts it on the very day on which he has taken food, then he completes it with seven days of fasting. If he starts it without taking food, which means on a fasting day, then he completes it with eight days of fasting. In this *pratima*, a *bhikshu* should drink his urine whenever he urinates. If he urinates at night, he should not drink it as laid down in the earlier pratima. Thus this *pratima* is practiced as laid down in the order of *Jinas*.

विवेचन : इन दोनो सूत्रों में दो भिक्षुप्रतिमाओं का वर्णन किया है। निर्ग्रन्थ ही इसकी आराधना कर सकता है। निर्ग्रन्थियाँ इन प्रतिमाओं को धारण नहीं कर सकतीं। क्योंकि ये प्रतिमाएँ ग्रामादि के बाहर अथवा जंगल या पहाडो में जाकर सात-आठ दिन तक एकाकी रहकर रात-दिन कायोत्सर्ग करके पालन की जाती हैं। अतः भाष्य मे इसका अधिकारी तीन संहनन वाले पूर्वधारी को ही बताया है।

ये प्रतिमाएँ आषाढ मास या मृगशीर्ष (मिगसर) मास में ही धारण की जाती हैं। दोनो प्रस्रवणप्रतिमाओं में से एक प्रतिमा सात रात्रि कायोत्सर्ग की होती है, उसे छोटी प्रस्रवणप्रतिमा कहा गया है। दूसरी आठ रात्रि कायोत्सर्ग की होती है, उसे बडी प्रस्रवणप्रतिमा कहा है।

इन दोनो प्रतिमाओं को प्रथम दिन उपवास तप करके प्रारम्भ किया जा सकता है अथवा एक बार भोजन करके भी प्रारम्भ किया जा सकता है। भोजन करने वाले के एक दिन की तपस्या कम होती है, किन्तु कायोत्सर्ग करने का काल तो सभी का समान ही होता है। *(सचित्र स्थानांगसूत्र, भाग १, पृ १०९ पर भी इनका वर्णन है।)*

इन प्रतिमाओं को धारण करने के बाद चारों प्रकार के आहार का त्याग कर दिया जाता है, केवल स्वमूत्रपान करना खुला रहता है अर्थात् उन दिनो में जब-जब जितना भी मूत्र आये, उसे सूत्रोक्त नियमों का पालन करते हुए केवल दिन में, वह भी शुद्ध मूत्र पी लिया जाता है।

प्रतिमाधारी भिक्षु के उक्त रक्त, स्निग्धता आदि विकृतियाँ किसी रोग के कारण या तपस्या एवं धूप की गर्मी के कारण हो सकती हैं, ऐसा भाष्य मे बताया गया है। कभी मूत्रपान से ही शरीर के विकारों की शुद्धि होने के लिए भी ऐसा होता है।

यद्यपि इस प्रतिमा वाला चौविहार तपस्या करता है और रात-दिन व्युत्सर्ग तप में रहता है, फिर भी वह मूत्र की बाधा होने पर कायोत्सर्ग का त्याग कर मात्रक में प्रस्रवण त्याग करके उसका प्रतिलेखन करके पी लेता है। फिर पुन कायोत्सर्ग में स्थिर हो जाता है। यह इस प्रतिमा की विधि है।

इस प्रतिमा को पूर्ण करने वाला या तो सिद्धगति को प्राप्त करता है या महर्द्धिक देव होता है। साथ ही उसके शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं और कंचनवर्णी बलवान् शरीर हो जाता है।

प्रतिमा-आराधना के बाद पुनः उपाश्रय मे आ जाता है। भाष्य मे उसके पारणे में आहार-पानी की ४९ दिन की क्रमिक विधि बताई गई है, जो इस प्रकार है-

प्रथम सप्ताह—गर्म पानी के साथ चावल। ***द्वितीय सप्ताह***—यूष-माड। ***तृतीय सप्ताह***—तीन भाग उष्णोदक और थोड़े से मधुर दही के साथ चावल। ***चौथा सप्ताह***—दो भाग उष्णोदक, तीन भाग मधुर दही के साथ चावल। ***पाँचवाँ सप्ताह***—आधा उष्णोदक और आधा भाग मधुर दही के साथ चावल। ***छठे सप्ताह***—तीन भाग उष्णोदक और दो भाग मधुर दही के साथ चावल। ***सातवें सप्ताह***—मधुर दही थोडा-सा उष्णोदक मिलाकर, उसके साथ चावल। ***आठवाँ सप्ताह***—मधुर दही तथा अन्य जूसों के साथ चावल।

तत्पश्चात् सामान्य पथ्य के अनुकूल भोजन लिया जा सकता है।

वर्तमान में भी स्व-मूत्र चिकित्सा का महत्त्व बहुत बढा है, इस विषय पर निरन्तर अनुसंधान व प्रयोग हो रहे हैं। अनेक स्वतंत्र ग्रन्थ भी प्रकाशित हुए है, जिनमे कैसर, टी. बी. आदि असाध्य रोगों के उपशांत होने के उल्लेख भी है। *(भाष्य, गा. ३७९० से ३८१४)* इस वर्णन से सिद्ध होता है, स्व-मूत्र चिकित्सा के सम्बन्ध मे जैन-साधना परम्परा मे बहुत गहराई से विचार किया गया है।

Elaboration—In these two *Sutras* (aphorisms) two *bhikshu pratimas* have been described. Only a monk can practice them. The Jain nuns cannot practice them because they are practiced outside the village or in the forest or in mountains and one has to remain alone for seven or eight days in *Kayotsarg*. So it is mentioned in the *bhashya* that only that monk who has knowledge of all the *purvas* and has first three structures of the body (*Sanhanan*) can practice them.

These *pratimas* are practiced only in the month of *Ashadh* or of *Migasar* of Indian Calendar. Out of the said two *prasrawan pratimas* one is of seven days which is called elementary or minor *pratima* The second one is of eight days and it is called secondary or major prasravan *pratima*

In the case of both the pratimas the practice is started with a fast for the day or with only one time meals. The monk who starts it taking meals, his austerities are less by one day but the period of doing *Kayotsarg* is same in both the cases. *(Sachitra Sthanang, Part I, pp. 109, also contains description about it)*

After starting these *pratimas*, all the four types of food is avoided Only one's own urine can be taken. In other words whenever one urinates, one can take that urine in full during the day time following the code laid down and that also in pure form.

A monk practicing *pratimas* may have some defect in his blood, fat related defects due to any illness, or practice of austerities or heat of the sun as mentioned in the *bhashya* Sometimes, such defects are removed only by drinking one's urine

Although the monk practicing these *pratimas* practices complete fast (avoiding all the four types of articles of consumption) and remains in *Vyutsarg* austerities day and night, yet he, leaving the *kayotsarg* posture, goes to urinate whenever he has such an urge. He then, after properly examining that urine, drinks it. And again stabilizes himself in *Kayotsarg*. This is the procedure for practice of this *pratima*.

The monk who practices this *pratima* in full either attains liberation or he becomes a celestial being of a very high order (*maharidhik deva*). Simultaneously his physical illness is removed and his body becomes strong and bright.

After practicing *pratima*, he again comes back to the *Upashraya*. In the *bhashya*, the food and water which he takes in forty nine days is mentioned as under—

In the first week he takes rice with hot water. In the second week he takes soup (*maand*) of rice. In third week he takes hot water and rice with a little sweet curd. In the fourth week he takes two part hot water and three part sweetened curd with rice. In the fifth week he takes rice with hot water and sweetened curd in equal quantity (half each). In sixth week he takes three parts hot water and two parts sweet curd with rice. In seventh week he takes rice with sweet curd and a small quantity of water. In eighth week he takes sweet curd and rice with other juices. Thereafter he can take food as it suits him.

Even at present, the importance of drinking one's own urine has increased a lot Continuous research and experiments on this subject are in progress. Many independent publications have also appeared in which it has been mentioned that even many incurable diseases such as cancer, T.B. and the like have been cured by it. *(Bhashya verse 3790 to 3894)*. This description proves that in tradition of Jain practices the treatment by drinking one's own urine has been examined deeply in detail.

दत्ति-प्रमाणनिरूपण DESCRIPTION ABOUT LIMIT OF SERVINGS (DATTIS)

४३. संखादत्तियस्स भिक्खुस्स पडिग्गहधारिस्स (गाहावइकुलं पिंडवाय-पडियाए, अणुपविट्ठस्स)

(१) जावइयं-जावइयं केइ अन्तो पडिग्गहंसि उवइत्ता दलएज्जा तावइयाओ ताओ दत्तीओ वत्तव्वं सिया। (२) तत्थ से केइ छब्बएण वा, दूसएण वा, वालएणं वा अन्तो पडिग्गहंसि उवइत्ता दलएज्जा, सव्वा वि णं सा एगा दत्ती वत्तव्वं सिया। (३) तत्थ से बहवे भुंजमाणा सव्वे ते सयं सयं पिण्डं साहणिय अन्तो पडिग्गहंसि उवइत्ता दलएज्जा, सव्वा वि णं सा एगा दत्ती वत्तव्वं सिया।

४४. संखादत्तियस्स णं भिक्खुस्स पाणि पडिग्गहियस्स (गाहावइकुलं पिण्डवाय-पडियाए अणुपविट्ठस्स)

(१) जावइयं-जावइयं केइ अन्तो पाणिंसि उवइत्ता दलएज्जा तावइयाओ ताओ दत्तीओ वत्तव्वं सिया। (२) तत्थ से केइ छब्बएण वा, दूसएण वा, वालएण वा अन्तो पाणिंसि उवइत्ता दलएज्जा, सव्वा वि णं सा

एगा दत्ती वत्तव्वं सिया। (३) तत्थ से बहवे भुंजमाणा सव्वे ते सयं सयं पिण्डं साहणिय अन्तो पाणिंसि उवइत्ता दलएज्जा, सव्वा वि णं सा एगा दत्ती वत्तव्वं सिया।

४३. दत्तियों की संख्या का अभिग्रह धारण करने वाला पात्रधारी निर्ग्रन्थ गृहस्थ के घर में आहार के लिए प्रवेश करे, उस समय–

(१) आहार देने वाला गृहस्थ पात्र में जितनी बार झुकाकर आहार दे, उतनी ही "दत्तियाँ" कहनी चाहिए। (२) आहार देने वाला गृहस्थ यदि छबडी से, वस्त्र से या चालनी से बिना रुके पात्र में झुकाकर दे, वह सब "एक दत्ति" कहनी चाहिए। (३) आहार देने वाले गृहस्थ जहाँ अनेक हों और वे सब अपना-अपना आहार सम्मिलित कर बिना रुके पात्र में झुकाकर दे तो वह सब "एक दत्ति" कहनी चाहिए।

४४. दत्तियो की सख्या का अभिग्रह धारण करने वाला करपात्रभोजी निर्ग्रन्थ गृहस्थ के घर मे आहार के लिए प्रवेश करे, उस समय–

(१) आहार देने वाला गृहस्थ जितनी बार झुकाकर भिक्षु के हाथ में आहार दे, उतनी ही "दत्तियाँ" कहनी चाहिए। (२) आहार देने वाला गृहस्थ यदि छबडी से, वस्त्र से या चालनी से बिना रुके भिक्षु के हाथ में जितना आहार दे वह सब "एक दत्ति" कहनी चाहिए। (३) आहार देने वाले गृहस्थ जहाँ अनेक हो और वे सब अपना-अपना आहार सम्मिलित कर बिना रुके भिक्षु के हाथ मे झुकाकर दें, वह सब "एक दत्ति" कहनी चाहिए।

43. In case a monk who has taken a resolve (*abhigrah*) about the number of Servings and who is having the pot enters the house of a householder for collecting food, then—

(1) Every time when the person giving food puts food in the pot of householder by bending down, it should be considered a *datti*. (2) In case a householder gives from any plate, cloth or sieve without stopping in between in the pot of the monk bending down, then all that is one *datti*. (3) In case there are many householders ready to serve food to the monk and they collect their foodstuff together and without break offer it in the hand of the bhikshu bending themselves, it should be called as one *datti*.

44. If a *Karpatri* monk (who takes food in hand) enters a house with *abhigrah* (resolve) about number of *duttis*, then—

(1) The *'dattis'* are the number of times the donor bends down to put food in *bhikshu's* hand. (2) If the donor gives food with a plate, cloth or sieve without stopping the dropping, it is one *datti*. (3) If the donors are many and they collect their food together and give it in *Bhikshu's* hand without a stop, it is one datti.

विवेचन : उक्त सूत्र में दत्ति का स्वरूप इस प्रकार बताया है–

दाता एक ही बार में धार खंडित किये बिना जितना आहार या पानी साधु के पात्र में दे उसे एक 'दत्ति' प्रमाण आहार या पानी कहा जाता है। वह एक दत्ति आहार-पानी हाथ से दे या किसी बर्तन से दे अथवा किसी सूप, छाबडी आदि से दे, अल्प मात्रा में देकर रुक जाए या बिना रुके अधिक मात्रा में दे, वह सब एक बार में दिया गया आहार या पानी एक दत्ति ही कहा जाता है।

कभी कोई खाद्य पदार्थ अनेक बर्तनों में या अनेक व्यक्तियों के हाथ मे अलग-अलग रखा हो, उसे एक बर्तन में या एक हाथ में इकट्ठा करके एक साथ पात्र में दे दिया जाए तो वह भी एक दत्ति ही समझना चाहिए।

Elaboration—In the above *Sutra*, the nature of *Datti* has been stated as under—

The food or water, which the donor gives in one serving without break in the pot of the monk is called '*datti*'. He may give it with his hand or with some vessel or with some plate. He may give it in a small quantity and then stop or may give in large quantity without stopping. All this is given in one serving. So, this food or water is called only a datti.

In case the cooked food is in many vessels or is in the hands of many persons separately, they collect it in one vessel or in one hand and then put it in the pot collectively. It should also be considered as one datti.

तीन प्रकार का आहार THREE TYPES OF FOOD

४५. तिविहे उवहडे पण्णत्ते, तं जहा–१. फलिओवहडे, २. सुद्धोवहडे, ३. संसट्ठोवहडे।

४५. खाद्य-पदार्थ तीन प्रकार का होता है, यथा–(१) अनेक पदार्थों के संयोग से संस्कारित मिष्ठान्न, नमकीन, शाक-भाजी आदि को फलितोपहृत कहा है। (२) शुद्ध अलेप्य चने, मुर्मुरि, फूली आदि को शुद्धोपहृत कहा है। (३) शुद्ध सलेप्य भात, रोटी, घाट, खिचडी आदि असंस्कारित गीले सामान्य पदार्थ को संसृष्टोपहृत कहा है। अभिग्रह धारण करने वाले भिक्षु इनमे से किसी भी प्रकार का अभिग्रह कर सकते है।

45. Food is of three types—**(1) Phalitopahrit**—The food in which many eatables have been mixed, such as sweets, fried things, curries etc. **(2) Shuddhopahrit**—Pure roasted grams, roasted corn or roasted rice without any coating. **(3)** Pure rice with coating, loaves, mixed parched grams, khichari (pulse and rice cooked together as mixture) and other suchlike unpolished and common eatables are called *Sansrishtopahrit*. A *bhikshu* who practices *abhigrah* (inner resolve) can take any one of these things.

अवगृहीत आहार के प्रकार TYPES OF AVAGRIHIT FOOD (FOOD TAKEN FOR SERVING)

४६. तिविहे ओग्गहिए पण्णत्ते, तं जहा—१. जं च ओगिण्हइ, २. जं च साहरइ, ३. जं च आसगंसि (थासगंसि) पक्खिवइ, एगे एवमाहंसु।

एगे पुण एवमाहंसु, दुविहे ओग्गहिए पण्णत्ते, तं जहा—१. जं च ओगिण्हइ, २. जं च आसगंसि (थासगंसि) पक्खिवइ।

४६. अवगृहीत आहार तीन प्रकार का होता है, यथा-(१) परोसने के लिए ग्रहण किया हुआ (जिस बर्तन मे खाद्य-पदार्थ बनाया गया है, उसमें से निकालकर अन्य बर्तन मे रखा जा रहा हो)। (२) परोसने के लिए ले जाता हुआ। (३) बर्तन में परोसा जाता हुआ (थाली आदि में परोसा गया या परोसा जा रहा हो), ऐसा कुछ आचार्य कहते है। परन्तु कुछ आचार्य ऐसा (अन्य अपेक्षा से) भी कहते हैं कि अवगृहीत आहार दो प्रकार का होता है, यथा -(१) परोसने के लिए ग्रहण किया जाता हुआ। (२) बर्तन में परोसा जाता हुआ (यह छठी पिंडोषणा के भेद है)।

॥ नवम उद्देशक समाप्त ॥

46. *Avagrihit* (the food taken out) for serving (*avagrihit* food) is of three types namely—(1) The food taken out for serving (the food being taken out in another vessel from the vessel in which it has been cooked). (2) One carrying the food for serving (3) The food being served (the food served or being served in a plate). This is what some *Acharyas* say

But, some *Acharyas* say this (from another point of view) that Avagrihit food is of two types namely—(1) Food being held for serving (2) Food being served from the vessel. (These are the types of sixth *pindaishana*)

● NINTH UDDESHAK CONCLUDED ●

दसवाँ उद्देशक
TENTH UDDESHAK

दो प्रकार की चन्द्रप्रतिमाएँ **TWO TYPES OF CHANDRA PRATIMAS**

१. दो पडिमाओ पण्णत्ताओ, तं जहा-(१) जवमज्झा य चंदपडिमा, (२) वइरमज्झा य चंदपडिमा।

जवमज्झं णं चंदपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स निच्चं मासं वोसट्ठकाए चियत्तदेहे। जे केइ परीसहोवसग्गा समुप्पज्जेज्जा दिव्वा वा, माणुस्सगा वा, तिरिक्खजोणिया वा, अणुलोमा वा, पडिलोमा वा,

तत्थ अणुलोमा ताव वंदेज्जा वा, नमंसिज्जा वा, सक्कारेज्जा वा, सम्माणेज्जा वा, कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासेज्जा।

पडिलोमा ताव अन्नयरेणं दंडेण वा, अट्ठिणा वा, जोत्तेण वा, वेत्तेण वा, कसेण वा काए आउट्टेज्जा, ते सव्वे उप्पन्ने सम्मं सहेज्जा, खमेज्जा, तितिक्खेज्जा, अहियासेज्जा।

जवमज्झं णं चंदपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स, सुक्कपक्खस्स पाडिवए से कप्पइ एगा दत्ती भोयणस्स पडिगाहेत्तए, एगा पाणस्स, सव्वेहिं दुप्पयं चउप्पयाइएहिं आहार-कंखीहिं सत्तेहिं पडिणियत्तेहिं, अन्नायउंछं सुद्धोवहडं निज्जूहित्ता बहवे समण जाव वणीमगा।

कप्पइ से एगस्स भुंजमाणस्स पडिग्गाहेत्तए नो दोण्हं, नो तिण्हं, नो चउण्हं, नो पंचण्हं।

नो गुव्विणीए, नो बालवच्छाए, नो दारगं पेज्जमाणीए।

नो अंतो एलुयस्स दो वि पाए साहट्टु दलमाणीए नो बाहिं एलुयस्स दो वि पाए साहट्टु दलमाणीए।

अह पुण एवं जाणेज्जा-एगं पायं अंतो किच्चा, एगं पायं बाहिं किच्चा एलुयं विक्खम्भइत्ता दलयइ, एवं से कप्पइ पडिग्गाहित्तए।

बिइयाए से कप्पइ दोण्णि दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, दोण्णि पाणस्स। तइयाए से कप्पइ तिण्णि दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, तिण्णि पाणस्स। चउत्थीए से कप्पइ चउ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, चउ पाणस्स। पंचमीए से कप्पइ पंच दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, पंच पाणस्स। छट्ठीए से कप्पइ छ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, छ पाणस्स। सत्तमीए मे कप्पइ सत्त दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, सत्त पाणस्स। अट्ठमीए से कप्पइ अट्ठ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, अट्ठ पाणस्स। नवमीए से कप्पइ नव दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, नव पाणस्स। दसमीए से कप्पइ दस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, दस पाणस्स। एगारसमीए से कप्पइ एगारस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, एगारस पाणस्स। बारसमीए से कप्पइ बारस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, बारस पाणस्स। तेरसमीए से कप्पइ तेरस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, तेरस पाणस्स। चोद्दसमीए से कप्पइ चोद्दस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, चोद्दस पाणस्स। पन्नरसमीए से कप्पइ पन्नरस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, पन्नरस पाणस्स।

बहुलपक्खस्स पाडिवए से कप्पइ चोद्दस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, चोद्दस पाणस्स।

बिइयाए से कप्पइ तेरस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, तेरस पाणस्स। तइयाए से कप्पइ बारस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, बारस पाणस्स। चउत्थीए से कप्पइ एक्कारस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, एक्कारस पाणस्स। पंचमीए से कप्पइ दस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, दस पाणस्स। छट्ठीए से कप्पइ नव दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, नव पाणस्स। सत्तमीए से कप्पइ अट्ठ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, अट्ठ पाणस्स। अट्ठमीए से कप्पइ सत्त दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, सत्त पाणस्स। नवमीए से कप्पइ छ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, छ पाणस्स। दसमीए से कप्पइ पंच दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, पंच पाणस्स। एक्कारसमीए से कप्पइ चउ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, चउ पाणस्स। बारसमीए से कप्पइ तिण्णि दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, तिण्णि पाणस्स। तेरसमीए से कप्पइ दो दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, दो पाणस्स। चउदसमीए से कप्पइ एगा दत्ती भोयणस्स पडिगाहेत्तए, एगा पाणस्स। अमावासाए से य अब्भत्तट्ठे भवइ।

एवं खलु जवमज्झचंदपडिमा अहासुत्तं जाव आणाए अणुपालिया भवइ।

१. दो प्रतिमाएँ कही गई है, यथा–(१) यवमध्य–चन्द्रप्रतिमा, (२) वज्रमध्य–चन्द्रप्रतिमा।

(१) यवमध्य–चन्द्रप्रतिमा स्वीकार करने वाला अनगार एक मास तक शरीर के परिकर्म (देखभाल) से तथा शरीर के ममत्व से रहित होकर रहे। (२) उस समय जो कोई भी देव, मनुष्य एवं तिर्यंचकृत अनुकूल या प्रतिकूल परीषह एव उपसर्ग उत्पन्न हों, यथा–

अनुकूल परीषह एव उपसर्ग इस प्रकार हैं–कोई वन्दना नमस्कार करे, सत्कार–सम्मान करे, कल्याणरूप, मंगलरूप, देवरूप और ज्ञानरूप मानकर पर्युपासना करे।

प्रतिकूल परीषह एव उपसर्ग इस प्रकार हैं–किसी दण्ड, हड्डी, जोत, बेत अथवा चाबुक से शरीर पर प्रहार करे। वह इन सब अनुकूल–प्रतिकूल उत्पन्न हुए परीषहो एव उपसर्गों को प्रसन्न या खिन्न न होकर समभाव से सहन करे, उस व्यक्ति के प्रति क्षमाभाव धारण करे, वीरतापूर्वक सहन करे और शान्ति से आनन्द का अनुभव करते हुए सहन करे।

यवमध्य–चन्द्रप्रतिमा के आराधक अणगार को, शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन आहार और पानी की एक–एक दत्ति ग्रहण करना कल्पता है। (दाता के द्वार से) आहार की आकांक्षा करने वाले सभी द्विपद, चतुष्पद आदि प्राणी आहार लेकर लौट गये हो तब अज्ञात स्थान से शुद्ध अल्प लेप वाला आहार लेना कल्पता है। अनेक श्रमण यावत् भिखारी आहार लेकर लौट गये हों अर्थात् वहाँ खड़े न हों तो आहार लेना कल्पता है।

एक व्यक्ति के भोजन मे से आहार लेना कल्पता है, किन्तु दो, तीन, चार या पाँच व्यक्ति के भोजन में से लेना नहीं कल्पता है।

गर्भवती, छोटे बच्चे वाली और बच्चे को दूध पिलाने वाली के हाथ से आहार लेना नहीं कल्पता है।

दाता के दोनों पैर देहली के अन्दर हों या बाहर हों तो उससे आहार लेना नहीं कल्पता है।

यदि ऐसा जाने कि दाता एक पैर देहली के अन्दर और एक पैर देहली के बाहर रखकर देहली को पैरों के बीच में करके दे रहा है तो उसके हाथ से आहार लेना कल्पता है।

शुक्ल पक्ष के द्वितीया के दिन प्रतिमाधारी अणगार को भोजन और पानी की दो-दो दत्तियाँ लेना कल्पता है। तीज के दिन भोजन और पानी की तीन-तीन दत्तियाँ, चौथ के दिन भोजन और पानी की चार-चार दत्तियाँ, पाँचम के दिन भोजन और पानी की पाँच-पाँच दत्तियाँ, छठ के दिन भोजन और पानी की छह-छह दत्तियाँ, सप्तमी के दिन भोजन और पानी की सात-सात दत्तियाँ, अष्टमी के दिन भोजन और पानी की आठ-आठ दत्तियाँ, नवमी के दिन भोजन और पानी की नव-नव दत्तियाँ, दसमी के दिन भोजन और पानी की दस-दस दत्तियाँ, ग्यारस के दिन भोजन और पानी की ग्यारह-ग्यारह दत्तियाँ, बारस के दिन भोजन और पानी की बारह-बारह दत्तियाँ, तेरस के दिन भोजन और पानी की तेरह-तेरह दत्तियाँ, चौदस के दिन भोजन और पानी की चौदह-चौदह दत्तियाँ, पूर्णिमा के दिन भोजन और पानी की पन्द्रह-पन्द्रह दत्तियाँ ग्रहण करना कल्पता है।

कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन भोजन और पानी की चौदह-चौदह दत्तियाँ ग्रहण करना कल्पता है।

द्वितीया के दिन भोजन और पानी की तेरह-तेरह दत्तियाँ, तीज के दिन भोजन और पानी की बारह-बारह दत्तियाँ, चौथ के दिन भोजन और पानी की ग्यारह-ग्यारह दत्तियाँ, पाँचम के दिन भोजन और पानी की दस-दस दत्तियाँ, छठ के दिन भोजन और पानी की नव-नव दत्तियाँ, सप्तमी के दिन भोजन और पानी की आठ-आठ दत्तियाँ, अष्टमी के दिन भोजन और पानी की सात-सात दत्तियाँ, नवमी के दिन भोजन और पानी की छह-छह दत्तियाँ, दसमी के दिन भोजन और पानी की पाँच-पाँच दत्तियाँ, ग्यारस के दिन भोजन और पानी की चार-चार दत्तियाँ, बारस के दिन भोजन और पानी की तीन-तीन दत्तियाँ, तेरस के दिन भोजन और पानी की दो-दो दत्तियाँ, चौदस के दिन भोजन और पानी की एक-एक दत्ति ग्रहण करना कल्पता है। अमावस के दिन वह उपवास करता है।

इस प्रकार यह यवमध्य-चन्द्रप्रतिमा सूत्रानुसार यावत् जिनाज्ञा के अनुसार पालन की जाती है।

1. Two *Pratimas* have been stated. They are—(1) *Yava-madhya chandra pratima*, (2) *Vajra-madhya-chandra pratima*.

(1) A monk who practices *yava-madhya chandra pratima*, he should remain for one month without caring for the body or any attachment for his body. (2) At that time any celestial being, human being or beast may cause him (the monk) troubles according to his liking (*anukool parisheh*) or against his liking (*pratikool parisheh*) such as—

Anukool parisheh or mental disturbance to his liking is in this manner—A person bows to the monk, honours him, believes him as a symbol of welfare, a symbol of auspicious future, a symbol of godhood and a symbol of knowledge and serves him.

Pratikool parisheh or trouble is caused in this manner. Someone attacks him with a stick, a bone, a cane or leather rope. He should tolerate all these whether they are to his liking or not and not feel dejected. He should in every condition remain in a state of equanimity. He should always have an attitude of forgiveness towards the person who causes him such troubles, tolerate the troubles bravely and experience peace and ecstatic pleasure at that time.

A monk who practices *yava-madhya-chandra pratima* is allowed to take one serving (*datti*) of food and one of water on the first day of the bright fortnight. He is allowed to take pure food which has hardly any fatty matter on it from a place where his arrival was not known earlier and that also only after all the bi-peds and quadrupeds who had come to that donor with a desire to get food had dispersed (after taking food) The other *Shramans* (monks) upto beggars must have also returned from there after taking food. In other words none should be present there for alms at that time

He is allowed to take food only when it is for one person but not for two, three, four or five persons

He is not allowed to accept food from the hand of a pregnant woman, a woman who is carrying a small baby, or a woman who is engaged in breast-feeding.

In case both the feet of the donor are inside the threshold or both are outside the threshold, then he is not allowed to accept food

In case he finds that one foot of the donor is inside and one outside the threshold and that the threshold is between his feet, then he can accept food from his (the donor's) hands.

On the second day of the bright fortnight, a Jain monk who is practicing *pratimas* should take two serving each of food and water, three each on the third day, four each on the fourth day, five each on the fifth day, six each on the sixth day, seven each on the seventh day, eight each on the eighth day, nine each on the ninth day, ten each on the tenth day, eleven each on the eleventh day, twelve each on the twelfth day, thirteen each on the thirteenth day, fourteen each on the fourteenth day and fifteen each on the fifteenth day.

On the first day of dark fortnight, fourteen servings (*dattis*) each of food and water can be taken.

On the second day thirteen servings each, on the third day twelve serving each, on the fourth day eleven serving each, on the fifth day ten servings each, on the sixth day nine servings each, on the seventh day eight servings each, on the eighth day seven servings each, on the ninth day six servings each, on the tenth day five servings each, on the eleventh day four servings each, on the twelfth day three servings each, on the thirteenth day two servings each and on the fourteenth day one serving each are allowed to be taken. On the *Amavas* day (the fifteenth day of dark fortnight), the monk should observe complete fast

In this way *Yava-madhya-chandra pratima* is practiced as laid down in scriptures and ordered by *Jinas* (Omniscient)

२. वइरमज्झं णं चंदपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स निच्चं मासं वोसट्ठकाए चियत्तदेहे जे केइ परीसहोवसग्गा समुप्पज्जेज्जा जाव अहियासेज्जा।

वइरमज्झं णं चंदपडिमं पडिवन्नस्स अणगारस्स, बहुलपक्खस्स पाडिवए से कप्पइ पन्नरस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, पन्नरस पाणस्स जाव एलुयं विक्खंभइत्ता दलयइ एवं से कप्पइ पडिग्गाहित्तए।

बिइयाए से कप्पइ चउद्दस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, चउद्दस पाणस्स। तइयाए से कप्पइ तेरस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, तेरस पाणस्स। चउत्थीए से कप्पइ बारस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, बारस पाणस्स। पंचमीए से कप्पइ एगारस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, एगारस पाणस्स। छट्ठीए से कप्पइ दस दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, दस पाणस्स। सत्तमीए से कप्पइ नव दत्तीओ भोयणस्स पडिगहेत्तए, नव पाणस्स। अट्ठमीए से कप्पइ अट्ठ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, अट्ठ पाणस्स। नवमीए से कप्पइ सत्त दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, सत्त पाणस्स। दसमीए से कप्पइ छ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, छ पाणस्स। बारसमीए से कप्पइ चउ दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, चउ पाणस्स। तेरसमीए से कप्पइ तिन्नि दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, तिन्नि पाणस्स। चउदसमीए से कप्पइ दो दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहेत्तए, दो पाणस्स। अमावासाए से कप्पइ एगा दत्ती भोयणस्स पडिगाहेत्तए, एगा पाणस्स।

१९. निर्ग्रन्थ–निर्ग्रन्थियो को आठ वर्ष से अधिक उम्र वाले बालक–बालिका को बडी दीक्षा देना और उनके साथ आहार करना कल्पता है।

18. Monks and nuns are not allowed to award five *Mahavrats* (*badi diksha*) to such boys and girls who are less than eight years old and they cannot even dine with the group.

19. Monks and nuns are allowed to award five *Mahavrats* and dine collectively (after it) with those who are more than eight years of age.

विवेचन : पूर्व सूत्र में शैक्ष–भूमि के कथन से उपस्थापना काल कहा गया है और यहाँ पर क्षुल्लक–क्षुल्लिका अर्थात् छोटी उम्र के बालक–बालिका की उपस्थापना का कथन किया गया है।

यदि किसी बालक को माता–पिता आदि के साथ किसी कारण से छोटी उम्र के बालक को दीक्षा दे दी जाय तो कुछ भी अधिक आठ वर्ष अर्थात् गर्भकाल सहित नौ वर्ष के पूर्व बडी दीक्षा नहीं देनी चाहिए। इतना समय

पूर्ण हो जाने पर बड़ी दीक्षा दी जा सकती है। सामान्यतया तो इस वय के पूर्व दीक्षा भी नहीं देनी चाहिए। अत यह सूत्रोक्त उपस्थापना का विधान आपवादिक परिस्थिति की अपेक्षा से है, ऐसा समझना चाहिए। अथवा उपस्थापना से दीक्षा या बड़ी दीक्षा दोनों ही सूचित है, ऐसा भी समझा जा सकता है।

सूत्र में "संभुंजित्तए" क्रिया पद भी है, उसका तात्पर्य यह है कि उपस्थापना के पूर्व नवदीक्षित साधु को एक मांडलिक आहार नही कराया जा सकता है। क्योंकि तब तक वह सामायिक चारित्र वाला होता है। बड़ी दीक्षा के बाद वह छेदोपस्थापनीय चारित्र वाला हो जाता है।

Elaboration—In the earlier verse the time of initiation in *Mahavrat* is mentioned with reference to probation period while here it is with reference to the age of the person being initiated in monkhood.

In case a boy or girl of younger age (than the age prescribed) is initiated in monkhood alongwith his father or mother due to any reason, then he or she should not be granted five *Mahavrats* till the completion of nine years from the date of conception. Five *mahavrats* can be awarded only after completion of that age. Ordinarily even the first initiation (in *Samayik Charitra* for life) should not be done before completion of that age. So, this provision in the *Sutra* should be considered as an exception. It can also be understood that *Upasthapana* indicates both—the first consecration (in *Samayik*) and second consecration (in five *Mahavrats*)

In the aphorism, there is a word 'Sambhujittaye'. It means that before *Upasthapana*, a newly initiated monk is not allowed to dine in the group with other monks. It is because till then he is practicing only *Samayik Charitra*. After accepting *Mahavrat* (*badi diksha*) he is in *Chhedopasthapaniya Charitra*

बालक को आचारप्रकल्प के अध्ययन कराने का निषेध

PROHIBITION OF TEACHING ACHARKALP TO THE YOUNG

२०. नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा खुड्डगस्स वा खुड्डियाए वा अवंजणजायस्स आयारपकप्पे णामं अज्झयणे उद्दिसित्तए।

२१. कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा खुड्डगस्स वा खुड्डियाए वा वंजणजायस्स आयारपकप्पे णामं अज्झयणे उद्दिसित्तए।

२०. अव्यंजनजात अर्थात् युवा अवस्था प्राप्त हुए बिना बालक भिक्षु या भिक्षुणी को आचारप्रकल्प नामक अध्ययन पढ़ाना नहीं कल्पता है।

२१. व्यंजनजात अर्थात् यौवन प्राप्त भिक्षु या भिक्षुणी को आचारप्रकल्प नामक अध्ययन पढ़ाना कल्पता है।

20. The chapter named *Acharkalp* should not be taught to young *bhikshu* (monk) or young nun unless they have reached the stage of puberty (*avyanjan-jaat*)

21. A monk or nun who has reached the stage of puberty can be taught *Achar-prakalp*

विवेचन : यहाँ पर आचारागसूत्र और निशीथसूत्र को आचारप्रकल्प कहा गया है। इसका अध्ययन सोलह वर्ष से कम उम्र वाले साधु-साध्वी को कराने का निषेध किया गया है।

व्यंजनजात का अर्थ है-दाढ़ी तथा बगल में बाल आदि का उगना। यह युवावस्था की पहचान है।

Elaboration—Here *Acharanga Sutra* and *Nisheeth Sutra* are called *Achar-prakalp*. It is prohibited to teach these *Sutras* to a monk or nun who is less than sixteen years of age.

Vyanjanjaat means the growth of beard and hair in armpit. This is a symptom of youth.

दीक्षा-पर्याय के साथ आगमों का अध्ययनक्रम TEACHING OF AGAMS WITH PERIOD OF MONKHOOD

२२. तिवास-परियायस्स समणस्स निग्गंथस्स कप्पइ आयारपकप्पे नामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। २३. चउवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ सूयगडे नाम अंगे उद्दिसित्तए। २४. पंचवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ दसा-कप्प-ववहारे उद्दिसित्तए। २५. अट्ठवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ ठाण-समवाए उद्दिसित्तए। २६. दसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ वियाहे नामं अंगे उद्दिसित्तए। २७. एक्कारसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ खुड्डिया विमाणपविभत्ती, महल्लियाविमाणपविभत्ती, अगंचूलिया, वग्गचूलिया, वियाहचूलिया नामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। २८. बारसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ अरुणोववाए, वरुणोववाए, गरुलोववाए, धरणोववाए, वेसमणोववाए, वेलंधरोववाए, नामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। २९. तेरसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ उट्ठाणसुए, समुट्ठाणसुए, देविंदपरियावणिए, नागपरियावणिए नामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। ३०. चोद्दसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ सुमिणभावणानामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। ३१. पन्नरसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ चारणभावणानामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। ३२. सोलसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ तेयणिसग्गे नामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। ३३. सत्तरसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ आसीविसभावणाणामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। ३४. अट्ठारसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ दिट्ठिविसभावणाणामं अज्झयणे उद्दिसित्तए। ३५. एगूणवीसवास-परियायस्स समणस्स णिग्गंथस्स कप्पइ दिट्ठिवाय नामं अंगे उद्दिसित्तए। ३६. वीसवास-परियाए समणे णिग्गंथे सव्वसुयाणुवाई भवइ।

२२. तीन वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले (योग्य तथा यौवन प्राप्त) श्रमण-निर्ग्रन्थ को आचारप्रकल्प नामक अध्ययन पढाना कल्पता है। २३. चार वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण-निर्ग्रन्थ को

सूत्रकृतांग ...। २४. पाँच (छह-सात) वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को दशाश्रुतस्कन्ध, कल्प, व्यवहारसूत्र ....। २५. आठ (नव) वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को स्थानांग और समवायांगसूत्र ..। २६. दस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवती) नामक अंग ...। २७. ग्यारह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को क्षुल्लिका विमानप्रविभक्ति, महल्लिका विमानप्रविभक्ति, अंगचूलिका, वर्गचूलिका और व्याख्याचूलिका नामक अध्ययन ....। २८. बारह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को अरुणोपपात, वरुणोपपात, गरुडोपपात, धरणोपपात, वैश्रमणोपपात, वेलन्धरोपपात नामक अध्ययन ।। २९. तेरह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को उत्थानश्रुत, समुत्थानश्रुत, देवेन्द्रपरियापनिका नामक अध्ययन । ३०. चौदह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को स्वप्नभावना नामक अध्ययन । ३१. पन्द्रह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण-निर्ग्रन्थ को चारणभावना नामक अध्ययन । ३२. सोलह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण-निर्ग्रन्थ को तेजोनिसर्ग नामक अध्ययन । ३३. सत्तरह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण-निर्ग्रन्थ को आसीविषभावना नामक अध्ययन ..। ३४. अठारह वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण-निर्ग्रन्थ को दृष्टिविषभावना नामक अध्ययन ...। ३५. उन्नीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण-निर्ग्रन्थ को दृष्टिवाद नामक बारहवाँ अग पढाना कल्पता है। ३६. बीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला श्रमण-निर्ग्रन्थ सर्वश्रुत को धारण करने वाला हो जाता है।

22. One is allowed to teach *Achar-prakalp* to an ascetic who has three years of monkhood to his credit (capable for it and has reached age of puberty). **23.** *Sutrakritanga* can be taught to those who have four years of monkhood to their credit. **24.** *Dashashrut Skandh, Kalp* and *Vyavahar Sutra* can be taught when five (six or seven) years have passed since consecration in monkhood. **25.** *Sthananga* and *Samvayanga Sutras* can be taught only to these who have completed eight (or nine) years in monkhood. **26.** *Bhagvati Sutra* can be taught to one who has completed ten years of monkhood. **27.** The chapter titled as *Kshullika Viman-pravibhakti, Mahallika Viman-pravibhakti, Anga-chulika, Varg-chulika* and *Vyakhya-chulika* can be taught to one who has completed eleven years of monkhood. **28.** The chapters titled *Arunopapaat, Varunopapaat, Garudopapaat, Dharnopapaat, Vaishramanopapaat* and *Velandharopapaat* can be taught to that ascetic who has completed twelve years of monkhood. **29.** The chapters titled *Utthanshrut, Samutthaanshrut, Devendra-pariyapanika* can be taught to one who has completed thirteen years of monkhood. **30.** The chapter captioned '*Svapna Bhavana*' can be taught to one who has completed fourteen years of age. **31.** The chapter titled *Chaaran-bhavana* can be taught to that monk who has completed fifteen years in monkhood. **32.** The chapter titled *Tejo-nisarg* can be taught to that monk who has completed sixteen years of

monkhood. 33. The chapter titled *Aaasivish-bhavana* can be taught to that monk who has completed at least seventeen years of monkhood. 34. The chapter titled *Drishtivish-bhavana* can be taught to that monk who has completed eighteen years of age. 35. The twelfth *Anga, Drishtivaad-bhavana* can be taught to that monk who has completed nineteen years of monkhood. 36. A monk having twenty years of service in monkhood can become one having knowledge of all scriptures.

विवेचन : इन पन्द्रह सूत्रों में क्रमशः आगमों के अध्ययन का कथन दीक्षा-पर्याय की अपेक्षा से किया गया है, जिसमें तीन वर्ष से लेकर बीस वर्ष तक का कथन है।

यह अध्ययन क्रम इस सूत्र के रचयिता श्री भद्रबाहु स्वामी के समय उपलब्ध श्रुतो के अनुसार है। उसके बाद में रचित एवं निर्यूढ़ सूत्रों का इस अध्ययन क्रम में उल्लेख नहीं है। अत उववाई आदि १२ उपांगसूत्र एव मूलसूत्रों के अध्ययन क्रम का यहाँ उल्लेख नहीं है। फिर भी आचारशास्त्र का अध्ययन कर लेने पर अर्थात् छेदसूत्रों के अध्ययन के बाद और ठाणांग, समवायाग तथा भगवतीसूत्र के अध्ययन के पहले या पीछे कभी भी उन शेष सूत्रों का अध्ययन करना समझ लेना चाहिए। इससे यह भी सूचित होता है कि उस समय तक उपर्युक्त आगम विद्यमान थे।

इन सूत्रो के अन्त मे यह बताया गया है कि बीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय तक सम्पूर्ण श्रुत का अध्ययन कर लेना चाहिए। तदनुसार वर्तमान मे भी प्रत्येक योग्य भिक्षु को उपलब्ध सभी आगम श्रुत का अध्ययन बीस वर्ष मे परिपूर्ण कर लेना चाहिए।

प्रस्तुत आगम अध्ययन क्रम के अनुसार दस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाले श्रमण को भगवतीसूत्र पढाया जा सकता है। इसके आगे निर्दिष्ट सूत्रो के नाम वर्तमान मे अल्प प्रसिद्ध होने से इनका वर्णन आचार्य श्री घासीलाल जी म. कृत भाष्य अनुसार इस प्रकार है-

क्षुल्लिका विमान प्रविभक्ति में कल्प देव लोको के विमानो का संक्षिप्त वर्णन है। **महल्लिका विमान प्रविभक्ति** में उन्हीं विमानों का विस्तारपूर्वक वर्णन है। अंगचूलिका, उपासकदशा आदि पाँच आगमों की चूलिका, अथवा निरयावलिका को भी अंगचूलिका कहा जाता है। **वर्ग चूलिका**-महाकल्प सूत्र की चूलिका। **विवाहचूलिका**-व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र की चूलिका। **अरुणोपपात** से **वेलंधरोपपात** तक के अध्ययनो मे उन-उन नाम वाले देवों के उपपात आदि व ऋद्धि का वर्णन है। जो श्रमण उन देवों का मन में चिन्तन कर जब उन अध्ययनों का परावर्तन करता है, तब उनके निकट उस-उस अध्ययन से सम्बन्धित देव प्रसन्न होकर दोनो हाथ जोडे, दसों दिशाओं को प्रकाशित करते हुए प्रकट होकर उनकी सेवा पर्युपासना करते हैं। वेलंधर, धरण-वरुण नामक देव इनके पाठकों के पास गंधोदक की वर्षा करते हैं। अरुण, गरुड़, वैश्रमण देव उनके पाठकों के निकट परावर्तन समय में सुवर्ण-रजत आदि की वृष्टि करके हाथ जोडकर पूछते हैं-"आज्ञा दीजिए ! हम आपकी क्या सेवा करें ?"

उत्थान श्रुत-समुत्थान श्रुत-जब श्रमण स्वस्थ व एकाग्रचित्त होकर उत्थान श्रुत का परावर्तन करते हैं तब उस स्थान विशेष में रहने वाले कुल, ग्राम, नगर आदि में उद्वेग आदि उत्पन्न होने लगता है। तथा जब समुत्थान श्रुत का परावर्तन करते हैं तब सभी स्वस्थ चित्त हो जाते हैं।

देवेन्द्रोपपात-नागोपपात, इन अध्ययनों का परावर्तन करते समय स्वाध्याय करने वाले श्रमण के निकट देवेन्द्र तथा नागदेव (धरणेन्द्र) उपस्थित होकर सेवक की भाँति पर्युपासना करने लगते हैं। यह इन सूत्रों का प्रभाव है।

स्वप्नभावना नामक अध्ययन में ७२ प्रकार के स्वप्नो का शुभाशुभ फल प्रतिपादित है।

चारणभावना अध्ययन का पाठ करने वाले श्रमण को जंघाचारण, विद्याचारण लब्धि उत्पन्न होती है।

तेजोनिसर्ग अध्ययन का पाठ करते समय शरीर से विशेष प्रकार का दिव्य तेज प्रकाश निकलता है।

आशीविषभावना नामक अध्ययन के पाठ से आशीविष नामक लब्धि प्राप्त होती है। दृष्टिविषभावना अध्ययन से दृष्टिविष लब्धि प्राप्त होती है। दृष्टिवाद नामक बारहवाँ अंग उन्नीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय पूर्ण होने पर पढ़ा जा सकता है। बीस वर्ष की दीक्षा-पर्याय वाला श्रमण समस्त श्रुत द्वादश गणिपिटक का धारक हो सकता है। *(दृष्टव्य-आचार्य श्री घासीलाल जी म कृत संस्कृत टीका, पृष्ठ २६२-२६८)*

Elaboration—In these fifteen verses, the study of *Agams* is allowed on the basis of period of monkhood. The description is from the period of three years of monkhood upto twenty years.

This table of study of scriptures is according to scriptures available at the time of Shri Bhadrabahu Swami who authored this *Sutra*. Here there is no mention of those *Sutras* which were written later and of *Niryoodh Sutras*. So, there is no mention of twelve *Upanga* namely *Uvavayi Sutra* and others and *Mool Sutras* (*Dashavaikalik* and the like) in it. Still it should be understood that after studying *Achar Shastra* meaning thereby *Chhed Sutras* and before or after studying *Sthananga, Samvayang* and *Bhagvati Sutra* at any time these remaining *Sutras* can be studied. It also indicates that these *Agams* were not in existence till then.

In the end of these verses it has been stated that one should complete his study of all scriptures by the time he completes twenty years in monkhood. In view of it, even at present, every able monk should complete his study of all the available scriptures and *Agams* by the time he completes twenty years of monkhood.

According to the present table for study of *Agams, Bhagvati Sutra* can be taught to a monk who has completed ten years as monk. The titles of *Sutras* mentioned thereafter are less famous at present. According to *Bhashya* authored by Acharya Shri Ghasilal ji Maharaj, they are as under—

In *Kshullika Viman pravibhakti* there is a brief description of *Vimanas* in *kalp* heavens. In *Mahallika Viman pravibhakti* there is detailed description of those very *Vimanas*. The *Chulikas* of five *Agams* namely *Upasak Dasha* and others or *Nirayavalika* is also called *Angchulika*. The *chulika* of *Bhagvati Sutra* is called *Vivah Chulika*. From *Arunopapaat* up to *Varunopapaat*, there is the description of wealth and the like and the grandeur of the celestial beings of these

names. When a monk studies these chapters contemplating about the celestial being concerned, then the celestial being concerning that chapter feels pleased, appears before him with folded hands brightening all the ten directions, serves him and praises him. The celestial being called Velandhar, Dharan, Varun sprinkle *gandhodak* near such readers, Arun, Garud, Vaishraman sprinkle gold, silver and the like and with folded hands ask— "Please order us what should we do for you ?"

Utthan Shrut—Samutthan Shrut—When a monk with a healthy mind and full concentration studies *Utthan Shrut*, then among those families, villages and cities which are in that area, a great disturbance starts and when they study *Samutthaan Shrut*, all become healthy minded.

Devendropapaat—Nagopapaat—When a monk studies these chapters the master god of first heaven (*devendra*) and Dharnendra (master god of a category of *bhavanpati* gods) come there respectively and attend to him like a servant. This is the effect of these *Sutras*

Svapna-bhavana—In this chapter, the good or bad result of seventy two types of dreams has been mentioned

Chaaran-bhavana—With the study of *Chaaran-bhavana* one gains special powers of *Jangha-charan* and *Vidya-charan labdhis* (with which he can fly to a distance)

Tejo nisarg—When one studies it, a special type of divine light emits from the body.

Aashivish bhavana—By studying (and meditating on) this chapter one gets special power of *aashivish labdhi*. **Drishtivish bhavana**—By studying this chaper and meditating on it one gets special power of *drishtivish labdhi*. *Drishtivad*, the twelfth *Anga Sutra* can be studied only after completion of nineteen years of monkhood. Thus a monk having twenty years of monkhood to his credit can be expert in all the twelve *Angas* and scriptures. *(See Sanskrit Commentary by Acharya Ghasilal ji Maharaj, pp 262-268)*

वैयावृत्य के प्रकार एवं महानिर्जरा

TYPES OF SERVICE (VAIYAVRITYA) AND GREAT SHEDDING OF KARMAS (MAHA NIRJARA)

३७. दसविहे वेयावच्चे पण्णत्ते, तं जहा—(१) आयरिय—वेयावच्चे, (२) उवज्झाय—वेयावच्चे, (३) थेर—वेयावच्चे, (४) तवस्सि—वेयावच्चे, (५) सेह—वेयावच्चे, (६) गिलाण—वेयावच्चे, (७) साहम्मिय—वेयावच्चे, (८) कुल—वेयावच्चे, (९) गण—वेयावच्चे, (१०) संघ—वेयावच्चे।

(१) आयरिय–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (२) उवज्झाय–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (३) थेर–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (४) तवस्सि–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (५) सेह–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (६) गिलाण–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (७) साहम्मिय–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (८) कुल–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (९) गण–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथ महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ। (१०) संघ–वेयावच्चं करेमाणे समणे निग्गंथे महानिज्जरे, महापज्जवसाणे भवइ।

३७. वैयावृत्य दस प्रकार का कहा गया है, जैसे–(१) आचार्य–वैयावृत्य, (२) उपाध्याय–वैयावृत्य, (३) स्थविर–वैयावृत्य, (४) तपस्वी–वैयावृत्य, (५) शैक्ष–वैयावृत्य, (६) ग्लान–वैयावृत्य, (७) साधर्मिक–वैयावृत्य, (८) कुल–वैयावृत्य, (९) गण–वैयावृत्य, (१०) सघ–वैयावृत्य।

(१) आचार्य की वैयावृत्य, (२) उपाध्याय की वैयावृत्य, (३) स्थविर की वैयावृत्य, (४) तपस्वी की वैयावृत्य (५) शैक्ष की वैयावृत्य, (६) ग्लान की वैयावृत्य, (७) साधर्मिक की वैयावृत्य, (८) कुल (एक गुरु की परम्परा) की वैयावृत्य, (९) गण (एक प्रमुख आचार्य की परम्परा) की वैयावृत्य, (१०) संघ (सभी गच्छो का समूह) की वैयावृत्य, इन दसो की वैयावृत्य करने वाला श्रमण–निर्ग्रन्थ महानिर्जरा और महापर्यवसान वाला होता है।

37. *Vaiyavritya* (Service) is of ten types namely—(1) Service of *Acharya*, (2) Service of *Upadhyaya*, (3) Service of *Sthavirs*, (4) Service of one practicing austerities, (5) Service of newly consecrated monk, (6) Service of the sick, the diseased, (7) Service of monk of same order (*Sadharmik*), (8) Service of monk of same family (*Kula*-monks belonging to the same guru), (9) Service of monks of same *gana* (group of monks belonging to the lineage of same *Acharya*), (10) Service of *sangha* (the organization—a collective group of many gachhas).

The monk who serves the ten above mentioned, sheds a great amount of *Karmas* and becomes totally free from all *Karmik* bondage (*maha-paryupasana*)

विवेचन : सूत्र मे कथित महानिर्जरा का अर्थ है–कर्मों की महान् निर्जरा तथा महा पर्यवसान का अर्थ है–सर्व कर्मों से मुक्त होना।

यहाँ आचार्य आदि दसो के कथन मे वैयावृत्य के पात्र सभी साधुओ का समावेश कर दिया गया है। भाष्य में वैयावृत्य तेरह प्रकार का बताया है, यथा–

(१) **आहार**–उक्त आचार्य आदि के लिए यथायोग्य आहार लाना व देना आदि। (२) **पानी**–पानी की गवेषणा करना एव लाना–देना आदि। (३) **शयनासन**–शयनासन की नियुक्ति करना, सस्तारक बिछाना या गवेषणा करके लाना तथा शय्या भूमि का प्रमार्जन करना। (४) **प्रतिलेखन**–उपकरणो का प्रतिलेखन करना व

शुद्धि करना। (५–७) पाए–औषध, भेषज लाना–देना या पाद–प्रमार्जन करना। (८) मार्ग–विहार आदि में उपधि वहन करना तथा उनके साथ–साथ चलना आदि। (९) राजद्विष्ट–राजादि के द्वेष का निवारण करना। (१०) स्तेन–चोर आदि से रक्षा करना। (११) दंडग्गाह–उपाश्रय से बाहर गमनागमन करते समय उनके हाथ में से दण्ड पात्र आदि ग्रहण करना अथवा उपाश्रय में आने पर उनके दण्ड आदि ग्रहण करना। (१२) ग्लान–बीमार की अनेक प्रकार से सँभाल करना, पूछताछ करना। (१३) मात्रक–उच्चार, प्रस्रवण खेल मात्रक की शुद्धि करना अर्थात् उन पदार्थों के एकान्त मे विसर्जन करना।

भाष्यकार ने बताया है कि सूत्र में कहे गये आचार्य पद से तीर्थंकर का भी ग्रहण समझ लेना चाहिए।

॥ दसवाँ उद्देशक समाप्त ॥

॥ व्यवहारसूत्र समाप्त ॥

Elaboration—The word '*Maha-nırjara*' mentioned in this verse means shedding great amount of *Karmas*. The word '*Maha paryavasan*' means to be free from all *Karmic* bondage.

Here in ten categories namely *Acharya* and others, all the monks who are worthy to be served have been included. In *bhashya*, service (*Vaiyavritya)* has been mentıoned of thirteen types, namely—

(1) **Ahar**—To bring food for *Acharya* and others and to give it to them. (2) **Paani (water)**—To find water, collect it and give ıt to *Acharya* and others. (3) **Shayansan**—To select bed, spread the bedding or to bring it by collecting it and to clean the area for taking rest and sleep for *Acharya* and others. (4) **Pratilekhan**—To examine properly the cloth, pot and other articles of *Acharya* and others and to clean them. (5-7) To bring medicine and others for *Acharya* and others or to clean their feet. (8) **Marg**—To carry the articles of *Acharya* and others during their wanderings and to move with then. (9) **Rajadvisht**—To remove the hatred of the ruler against *Acharya* and others. (10) **Stain**—To protect *Acharya* and others from thieves and the like. (11) **Dandaggah**—While going out from the *Upashraya*, to hold their wooden rod or pot and the like or to hold their rod, pot and others on their return to Upashraya. (12) **Glaan**—To attend to the sick monks *Acharya* and others in different ways, to enquire about their health. (13) **Matrak**—To dispose of the stool and urine of *Acharya* and others at lonely place.

The commentator has mentioned that the word *Acharya* in this verse includes *Tirthankar* also.

● TENTH UDDESHAK CONCLUDED ●

● VYAVAHAR SUTRA CONCLUDED ●

परिशिष्ट
APPENDIX

आगमों का अनध्यायकाल

(स्व. आचार्यप्रवर श्री आत्माराम जी महाराज द्वारा सम्पादित नन्दी सूत्र से उद्धृत)

स्वाध्याय के लिए आगमो मे जो समय बताया गया है, उसी समय शास्त्रों का स्वाध्याय करना चाहिए। अनध्यायकाल में स्वाध्याय वर्जित है।

मनुस्मृति आदि स्मृतियो में भी अनध्यायकाल का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। वैदिक लोग भी वेद के अनध्यायों का उल्लेख करते है। इसी प्रकार अन्य आर्ष ग्रन्थो का भी अनध्याय माना जाता है। जैनागम भी सर्वज्ञोक्त, देवाधिष्ठित तथा स्वर-विधा सयुक्त होने के कारण, इनका भी शास्त्रो में अनध्यायकाल वर्णित किया गया है।

स्थानाग सूत्र के अनुसार, दस आकाश से सम्बन्धित, दस औदारिक शरीर से सम्बन्धित, चार महाप्रतिपदा, चार महाप्रतिपदा की पूर्णिमा और चार सन्ध्या। इस प्रकार बत्तीस अनध्यायकाल माने गए है, जिनका सक्षेप में निम्न प्रकार से वर्णन है-

आकाश सम्बन्धी दस अनध्याय

१. उल्कापात-तारापतन-यदि महत् तारापतन हुआ है तो एक प्रहर पर्यन्त शास्त्र-स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२. दिग्दाह-जब तक दिशा रक्तवर्ण की हो अर्थात् ऐसा मालूम पडे कि दिशा मे आग-सी लगी है, तब भी स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

३. गर्जित-बादलो के गर्जन पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

४. विद्युत्-बिजली चमकने पर एक प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय न करे।

किन्तु गर्जन और विद्युत् का अस्वाध्याय चातुर्मास मे नही मानना चाहिए। क्योंकि वह गर्जन और विद्युत् प्राय ऋतु-स्वभाव से ही होता है। अत' आर्द्रा से स्वाति नक्षत्र पर्यन्त अनध्याय नही माना जाता।

५. निर्घात-बिना बादल के आकाश मे व्यन्तरादिकृत घोर गर्जना होने पर दो प्रहर तक अस्वाध्यायकाल है।

६. यूपक-शुक्ल पक्ष मे प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया को सन्ध्या की प्रभा और चन्द्रप्रभा के मिलने को यूपक कहा जाता है। इन दिनो प्रहर रात्रि पर्यन्त स्वाध्याय नही करना चाहिए।

७. यक्षादीप्त-कभी किसी दिशा मे बिजली चमकने जैसा, थोडे-थोडे समय पीछे जो प्रकाश होता है वह यक्षादीप्त कहलाता है। अतः आकाश में जब तक यक्षाकार दीखता रहे तब तक स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

८. धूमिका-कृष्ण-कार्तिक से लेकर माघ मास तक का समय मेघो का गर्भमास होता है। इसमें धूम्र वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुध पडती है। वह धूमिका-कृष्ण कहलाती है। जब तक वह धुंध पडती रहे, तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए।

९. मिहिकाश्वेत-शीतकाल मे श्वेत वर्ण की सूक्ष्म जलरूप धुंध मिहिका कहलाती है। जब तक यह गिरती रहे, तब तक अस्वाध्यायकाल है।

१०. रज–उद्‌घात–वायु के कारण आकाश में चारों ओर धूल छा जाती है। जब तक यह धूल फैली रहती है, स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

औदारिक शरीर सम्बन्धी दस अनध्याय

११–१३. हड्डी, माँस और रुधिर–पंचेन्द्रिय, तिर्यंच की हड्डी, माँस और रुधिर यदि सामने दिखाई दें, तो जब तक वहाँ से यह वस्तुएँ उठाई न जाएँ, तब तक अस्वाध्याय है। वृत्तिकार आसपास के ६० हाथ तक इन वस्तुओं के होने पर अस्वाध्याय मानते है।

इसी प्रकार मनुष्य सम्बन्धी अस्थि, माँस और रुधिर का भी अनध्याय माना जाता है। विशेषता इतनी है कि इनका अस्वाध्याय सौ हाथ तक तथा एक दिन–रात का होता है। स्त्री के मासिक धर्म का अस्वाध्याय तीन दिन तक तथा बालक एव बालिका के जन्म का अस्वाध्याय क्रमश: सात एव आठ दिन पर्यन्त का माना जाता है।

१४. अशुचि–मल–मूत्र सामने दिखाई देने तक अस्वाध्याय है।

१५. श्मशान–श्मशान भूमि के चारो ओर सौ–सौ हाथ पर्यन्त अस्वाध्याय माना जाता है।

१६. चन्द्रग्रहण–चन्द्रग्रहण होने पर जघन्य आठ, मध्यम बारह और उत्कृष्ट सोलह प्रहर पर्यन्त स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

१७. सूर्यग्रहण–सूर्यग्रहण होने पर भी क्रमश आठ, बारह और सोलह प्रहर पर्यन्त अस्वाध्यायकाल माना गया है।

१८. पतन–किसी बडे मान्य राजा अथवा राष्ट्र–पुरुष का निधन होने पर जब तक उसका दाह–सस्कार न हो, तब तक स्वाध्याय नही करना चाहिए अथवा जब तक दूसरा अधिकारी सत्तारूढ न हो, तब तक शनै –शनै. स्वाध्याय करना चाहिए।

१९. राजव्युद्‌ग्रह–समीपस्थ राजाओ मे परस्पर युद्ध होने पर जब तक शान्ति न हो जाए, तब तक और उसके पश्चात् भी एक दिन–रात्रि स्वाध्याय नहीं करे।

२०. औदारिक शरीर–उपाश्रय के भीतर पचेन्द्रिय जीव का वध हो जाने पर जब तक कलेवर पडा रहे, तब तक तथा १०० हाथ तक यदि निर्जीव कलेवर पड़ा हो तो स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

२१–२८. चार महोत्सव और चार महाप्रतिपदा–आषाढ–पूर्णिमा, आश्विन–पूर्णिमा, कार्तिक–पूर्णिमा और चैत्र–पूर्णिमा ये चार महोत्सव हैं। इन पूर्णिमाओ के पश्चात् आने वाली प्रतिपदा को महाप्रतिपदा कहते हैं। इनमें स्वाध्याय करने का निषेध है।

२९–३२. प्रातः, सायं, मध्याह्न और अर्ध–रात्रि–प्रातः सूर्य उगने से एक घडी पहले तथा एक घडी पीछे, सूर्यास्त होने से एक घडी पहले तथा एक घडी पीछे, मध्याह्न अर्थात् दोपहर में एक घडी पहले और एक घडी पीछे एव अर्ध–रात्रि में भी एक घडी पहले तथा एक घडी पीछे स्वाध्याय नहीं करना चाहिए।

इस प्रकार अस्वाध्यायकाल टालकर दिन–रात्रि में चार काल का स्वाध्याय करना चाहिए।

Appendix

INAPPROPRIATE TIME FOR STUDY OF AGAMS

(Quoted from Nandi Sutra edited by Late Acharya Pravar Shri Atmaram ji M.)

Scriptures should be studied only at the appropriate time as prescribed in the *Agams*. Study of scriptures at a 'time inappropriate for studies' (*anadhyaya kaal*) is prohibited

Detailed description of *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) is also included in *Smritis* (the corpus of *Sanatan Dharmashastra*) like *Manusmriti* Vedic people also mention about the *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) of the *Vedas*. This rule is applicable to other Aryan holy books. As Jain *Agams* are sermons of the Omniscient, ensconced by the *devas*, and phonetically composed, discussion about the *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies) is also included in the scriptures For example :

According to *Sthananga Sutra* there are thirty two slots of time defined as *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies)—ten related to sky, ten related to the gross physical body (*audarik sharira*), four relating to *mahapratipada* (the date following a specific full moon night), four relating to the date of the said full moon night, and four relating to *sandhya* (the four junctions of parts of the day, viz. morning, noon, evening and midnight) They are briefly described as follows

RELATING TO SKY

1. Ulkapat or Tarapatan—If a falling star or a comet is visible in the sky, scriptures should not be studied for three hours following the incident.

2. Digdaha—As long as the sky looks crimson in any direction, as if there was a fire, then study of scriptures should not be done.

3. Garjit—For three hours following thunder of clouds such studies are prohibited

4. Vidyut—For three hours following lightening such studies are prohibited.

However, the prohibition related to thunder and lightening is not applicable during the four months of monsoon. This is because frequent thunder and lightening is an essential attribute of that season. Thus this prohibition is relaxed starting from *Ardra* till *Svati Nakshatra* (lunar mansion or 27/28 divisions of the ecliptic on the path of the moon).

5. Nirghat—For six hours following thunder without clouds (demonic or otherwise) such studies are prohibited

6. Yupak—The conjunction of solar and lunar glows at twilight hour on first, second and third days of the bright half of a month (*Shukla Paksha*) is called *Yupak* During these dates such studies are prohibited during the first quarter of the night.

7. Yakshadeepti—Some times there is a lightening like intermittent glow visible in the sky. This is called *Yakshadeepti* As long as such glow is visible in the sky such studies are prohibited

8. Dhoomika-krishna—The months from *Kartik* to *Maagh* are months of cloud formation During this period smoky fog of suspended water particles is a frequent phenomenon. This is called *Dhoomika-krishna*. As long as this fog exists such studies are prohibited.

9. Mihikashvet—The white mist during winter season is called *Mihikashvet* As long as this exists such studies are prohibited

10. Raj-udghat—High speed wind causes dust storm. This is called *Raj-udghat*. As long as the sky is filled with dust such studies are prohibited.

RELATING TO GROSS PHYSICAL BODY

11-13. Bone, flesh and blood—As long as bone, flesh and blood of five sensed animals are visible and not removed from sight such studies are prohibited. According to the commentator (*Vritti*) if such things are lying up to a distance of 60 yards the prohibition is effective

This rule is applicable to human bones, flesh and blood with the amendment that the distance is 100 cubits and the effective period is one day and night. The period prohibited for studies is three days in case of a women in menstruation, seven days in case of male-child birth and eight days in case of a female-child birth.

14. Ashuchi—As long as excreta is visible and not removed from sight such studies are prohibited.

15. Smashan—Up to a distance of hundred yards in any direction from a cremation ground such studies are prohibited.

16. Chandra grahan—At the time of lunar eclipse such studies are prohibited for eight, twelve or sixteen hours

17. Surya grahan—At the time of solar eclipse such studies are prohibited for eight, twelve or sixteen hours.

18. Patan—On the death of a king or some other nationally eminent person such studies are prohibited as long as he is not cremated. Even after that, the period of study is kept limited as long as his successor does not take over.

19. Raaj-vyudgraha—During a war between neighbouring states such studies are prohibited as long as peace does not prevail. Studies should be resumed only 24 hours after peace is established.

20. Audarik Sharira—In case a five sensed animal dies or is killed in an *upashraya* (place of stay for ascetics) such studies are prohibited as long as the dead body is not removed This prohibition also applies if a dead body is lying within 100 yards of the place of stay

21-28. Four Mahotsavas and four Mahapratipada—*Ashadh, Ashvin, Kartik* and *Chaitra purnimas* (the full moon days of these four months) are called great festival days The days after these festival days are called *Mahapratipada*. On all these days such studies are prohibited.

29-32. Sandhya—During the twenty four minutes preceding and following the four junctions of parts of the day, viz morning, noon, evening and midnight such studies are prohibited

Studies of scriptures or other holy books should be done avoiding all these *anadhyaya kaal* (time inappropriate for studies)

विश्व में पहली बार जैन साहित्य के इतिहास में एक नये ज्ञान युग का शुभारम्भ

(जैन आगम, हिन्दी एव अग्रेजी भावार्थ और विवेचन के साथ। शास्त्र के भावों को उद्‌घाटित करने वाले बहुरंगे चित्रो सहित)

१. **सचित्र उत्तराध्ययन सूत्र** — मूल्य ५००/-

भगवान महावीर की अन्तिम वाणी। आदर्श जीवन विज्ञान तथा तत्त्वज्ञान से युक्त मोक्षमार्ग के सम्पूर्ण अंगो का सारपूर्ण वर्णन। एक ही सूत्र में सम्पूर्ण जैन आचार, दर्शन और सिद्धान्तों का समग्र सद्‌बोध।

२. **सचित्र दशवैकालिक सूत्र** — मूल्य ५००/-

जैन श्रमण की अहिंसा व यतनायुक्त आचार संहिता। जीवन में पद-पद पर काम आने वाले विवेकयुक्त, सयत व्यवहार, भोजन, भाषा, विनय आदि की मार्गदर्शक सूचनाएँ। आचार विधि को रंगीन चित्रो के माध्यम से आकर्षक और सुबोध बनाया गया है।

३. **सचित्र नन्दी सूत्र** — मूल्य ५००/-

मतिज्ञान-श्रुतज्ञान आदि पाँचों ज्ञानो का विविध उदाहरणो सहित विस्तृत वर्णन।

४. **सचित्र अनुयोगद्वार सूत्र (भाग १, २)** — मूल्य १,०००/-

यह शास्त्र जैनदर्शन और तत्वज्ञान को समझने की कुजी है। नय, निक्षेप, प्रमाण, जैसे दार्शनिक विषयों के साथ ही गणित, ज्योतिष, संगीतशास्त्र, काव्यशास्त्र, प्राचीन लिपि, नाप-तौल आदि सैकडों विषयो का वर्णन है। यह सूत्र गम्भीर भी है और बडा भी है। अत. दो भागो में प्रकाशित किया है।

५. **सचित्र आचारांग सूत्र (भाग १, २)** — मूल्य १,०००/-

यह ग्यारह अगो में प्रथम अंग है। भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित अहिंसा, सम्यक्त्व, सयम, तितिक्षा आदि आधारभूत तत्त्वों का बहुत ही सुन्दर वर्णन है। भगवान महावीर का जीवन-चरित्र, उनकी छद्मस्थ चर्या का आँखो देखा वर्णन तथा जैन श्रमण का आचार-विचार दूसरे भाग में है। दोनों भाग विविध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक चित्रों से युक्त।

६. **सचित्र स्थानांग सूत्र (भाग १, २)** — १,२००/-

यह चौथा अंग सूत्र है। अपनी खास संख्या प्रधान शैली में संकलित यह शास्त्र ज्ञान, विज्ञान, ज्योतिष, भूगोल, गणित, इतिहास, नीति, आचार, मनोविज्ञान, पुरुष-परीक्षा आदि सैकड़ों प्रकार के विषयों का ज्ञान देने वाला बहुत ही विशालकाय शास्त्र है। भावार्थ और विवेचन के कारण प्रत्येक पाठक के लिए समझने में सरल और ज्ञानवर्धक है।

७. **सचित्र ज्ञाताधर्मकथा सूत्र (भाग १, २)** — मूल्य १,०००/-

भगवान महावीर द्वारा प्रवचनों में प्रयुक्त धर्मकथाएँ, उद्‌बोधक, रूपक, दृष्टान्त आदि जिनके माध्यम से तत्त्वज्ञान सहज ही ग्राह्य हो गया है। विविध रोचक रंगीन चित्रों से युक्त। दो भागों में सम्पूर्ण आगम।

८. सचित्र उपासकदशा एवं अनुत्तरौपपातिकदशा सूत्र मूल्य ५००/-

सप्तम अंग उपासकदशा में भगवान महावीर के प्रमुख १० श्रावकों का जीवन-चरित्र तथा उनके श्रावक धर्म का रोचक वर्णन है। नवम अंग अनुत्तरौपपातिकदशा में उत्कृष्ट तप.साधना करने वाले ३३ श्रमणों की तप ध्यान-साधना का रोमांचक वर्णन है। भावों को स्पष्ट करने वाले कलात्मक रगीन चित्रों सहित।

९. सचित्र निरयावलिका एवं विपाक सूत्र मूल्य ६००/-

निरयावलिका में पाँच उपांग हैं। भगवान महावीर के परम भक्त राजा कूणिक के जन्म आदि का वर्णन तथा वैशाली गणतंत्राध्यक्ष चेटक के साथ हुए महाशिलाकटक युद्ध का रोमांचक सचित्र चित्रण तथा भगवान अरिष्टनेमि एवं भगवान पार्श्वनाथ के शासन में दीक्षित अनेक श्रमण-श्रमणियों का चरित्र इनमें है।

विपाक सूत्र में अशुभ कर्मों के अत्यन्त कटु फल का वर्णन है, जिसे सुनते ही हृदय द्रवित हो जाता है, तथा सुखविपाक में दान, तप आदि शुभ कर्मों के महान् सुखदायी पुण्य फलों का मुँह बोलता वर्णन है। भावपूर्ण रोचक कलापूर्ण चित्रों के साथ।

१०. सचित्र अन्तकृद्दशा सूत्र मूल्य ५००/-

आठवें अग अन्तकृद्दशा सूत्र मे मोक्षगामी ९० महान् आत्म-साधक श्रमण-श्रमणियो के तपोमय साधना जीवन का प्रेरक वर्णन है। यह सूत्र पर्युषण में विशेष रूप में पठनीय है। विविध चित्र व तपों के चित्रो से समझने मे सरल सुबोध है।

११. सचित्र औपपातिक सूत्र मूल्य ६००/-

यह प्रथम उपाग है। इसमे राजा कूणिक का भगवान महावीर की वन्दनार्थ प्रस्थान, दर्शन-यात्रा तथा भगवान की धर्मदेशना, धर्म प्ररूपणा आदि विषयो का बहुत ही विस्तृत लालित्ययुक्त वर्णन है। इसी में अम्बड परिव्राजक आदि अनेक परिव्राजकों की तप:साधना का वर्णन भी है।

१२. सचित्र रायपसेणिय सूत्र मूल्य ५००/-

यह द्वितीय उपाग है। धर्मद्वेषी प्रदेशी राजा को धर्मबोध देकर परम धार्मिक बनाने वाले महान् ज्ञानी आचार्य केशीकुमार श्रमण के साथ आत्मा, परलोक, पुनर्जन्म आदि विषयों पर हुई तर्कयुक्त अध्यात्म-चर्चा प्रत्येक जिज्ञासु के लिए पठनीय ज्ञानवर्द्धक है। आत्मा और शरीर की भिन्नता समझाने वाले उदाहरणों के चित्र भी बोधप्रद है।

१३. सचित्र कल्प सूत्र मूल्य ५००/-

कल्प सूत्र का पठन, पर्युषण में विशेष रूप मे होता है। इसमें २४ तीर्थंकरो का जीवन-चरित्र है। साथ ही भगवान महावीर का विस्तृत जीवन-चरित्र, श्रमण समाचारी तथा स्थविरावली का वर्णन है। २४ तीर्थंकरों के जीवन से सम्बन्धित सुरम्य चित्रो के कारण सभी के लिए आकर्षक उपयोगी है।

१४. सचित्र छेद सूत्र (दशा-कल्प-व्यवहार) मूल्य ६००/-

आचार-शुद्धि के लिए जिन आगमों में विशेष विधान है, उन्हें 'छेद सूत्र' कहा गया है। छेद सूत्रों में आचार-शुद्धि के सूक्ष्म से सूक्ष्म नियमों का वर्णन है। चार छेद सूत्रो में दशाश्रुतस्कन्ध, बृहत्कल्प तथा

व्यवहार-ये तीन छेद सूत्र सभी श्रमण-श्रमणियो के लिए विशेष पठनीय है। प्रस्तुत भाग मे तीनो छेद सूत्रों का भाष्य आदि के आधार पर विवेचन है। अग्रेजी अनुवाद के साथ १५ रंगीन चित्रों सहित प्रकाशित है।

१५. **सचित्र भगवती सूत्र (भाग १)** **मूल्य ६००/-**

पचम अंग व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र 'भगवती' के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। इसमे जीव, द्रव्य, पुद्गल, परमाणु, लोक आदि चारो अनुयोगो से सम्बन्धित हजारो प्रश्नोत्तर है। यह विशाल आगम जैन तत्त्व विद्या का महासागर है। सक्षिप्त और सुबोध अनुवाद व विवेचन के साथ यह आगम लगभग ६ भाग मे पूर्ण होने की सम्भावना है। प्रथम भाग मे केवल १ से ४ शतक तक तथा १५ रगीन चित्रो सहित प्रकाशित है। सम्भवत इस सूत्र का प्रथम बार अग्रेजी मे विस्तृत अनुवाद किया जा रहा है।

- इस प्रकार १९ जिल्दो मे २२ आगम तथा कल्प सूत्र प्रकाशित हो चुके है। प्राकृत अथवा हिन्दी का साधारण ज्ञान रखने वाले व्यक्ति भी अग्रेजी माध्यम से जैनशास्त्रो का भाव, उस समय की आचार-विचार प्रणाली आदि को अच्छी प्रकार से समझ सकते है। अग्रेजी शब्द कोष भी दिया गया है।
- पुस्तकालयो, ज्ञान-भण्डारो तथा सत-सतियो, स्वाध्यायियो के लिए विशेष रूप से सग्रह करने योग्य आगमो का यह प्रकाशन कुछ समय पश्चात् दुर्लभ हो सकता है।
- इस आगममाला के प्रकाशन मे परम श्रद्धेय उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म की अत्यन्त बलवती प्रेरणा रही है। उनके शिष्यरत्न जैन शासन दिवाकर आगमज्ञाता उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म द्वारा सम्पादित है, इनके सह-सम्पादक है प्रसिद्ध विद्वान् श्रीचन्द सुराना। अग्रेजी अनुवादकर्त्ता है श्री सुरेन्द्र बोथरा तथा सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन।

IN THE HISTORY OF JAIN LITERATURE BEGINNING OF A NEW ERA OF KNOWLEDGE FOR THE FIRST TIME IN THE WORLD

(Jain Agams published with free flowing translation in Hind and English. Also included are multicoloured illustrations vividly exemplifying various themes contained in scriptures)

1. **Illustrated Uttaradhyayan Sutra** **Price Rs. 500/-**

   The last sermon of Bhagavan Mahavir Essence of the ideal way of life and path of liberation based on philosophical knowledge contained in all Angas. The pious discourse encapsulating complete Jain conduct, philosophy and principles

2. **Illustrated Dashavaikalik Sutra** **Price Rs. 500/-**

   The simple rule book of ahimsa and caution based Shraman conduct rendered vividly with the help of multicoloured illustrations. Useful at every step in life, even of common man, as a guide book of good behaviour, balanced conduct and norms of etiquette, food and speech.

3. **Illustrated Nandi Sutra** **Price Rs. 500/-**

   All enveloping discussion of the five facets of knowledge including Mati-jnana and Shrut-jnana

4. **Illustrated Anuyogadvar Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,000/-**

   This scripture is the key to understanding Jain philosophy and metaphysics Besides philosophical topics like Naya, Nikshep and Praman it contains discussion about hundreds of other subjects including mathematics, astrology, music, poetics, ancient scripts and weights and measures. The complexity and volume of this could be covered only in two volumes

5. **Illustrated Acharanga Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,000/-**

   This is the first among the eleven Angas. It contains lucid description of ahimsa, samyaktva, samyam, titiksha and other fundamentals propagated by Bhagavan Mahavir. Eye-witness-like description of the life of Bhagavan Mahavir and his pre-omniscience praxis as well as details about ascetic conduct and praxis form the second part. Both parts contain multi-coloured illustrations on a variety of historical and cultural themes.

6. **Illustrated Sthananga Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,200/-**

This is the fourth Anga Sutra Compiled in its unique numerical placement style, this scripture is a voluminous work containing information about scriptural knowledge, science, astrology, geography, mathematics, history, ethics, conduct, psychology, judging man and hundreds of other topics The free flowing translation and elaboration make the contents easy to understand and edifying even for common readers

7. **Illustrated Jnata Dharma Katha Sutra (Parts 1 and 2)** **Price Rs. 1,000/-**

Famous inspiring and enlightening religious tales, allegories and incidents told by Bhagavan Mahavir presented with attractive colourful illustrations. This works makes the abstract philosophical principles easy to understand. This is the sixth Anga complete in two volumes

8. **Illustrated Upasak Dasha and Anuttaraupapatik Dasha Sutra** **Price Rs. 500/-**

This book contains the seventh and the ninth Angas The seventh Anga, Upasak Dasha, contains the stories of life of ten prominent Shravak disciples of Bhagavan Mahavir with a special emphasis on their religious conduct. The ninth Anga Anuttaraupapatik Dasha contains thrilling description of the lofty austerities and meditation done by thirty three specific ascetics With colourful illustrations

9. **Illustrated Niryavalika and Vipaak Sutra** **Price Rs. 600/-**

Niryavalika has five Upangas that contain the story of the birth of king Kunik, a devout disciple of Bhagavan Mahavir This also contains the thrilling and illustrated description of the famous Mahashilakantak war between Kunik and Chetak, the president of the republic of Vaishali. Besides these it also has life-stories of many Shramans and Shramanis of the lineage of Bhagavan Parshva Naath.

Vipaak Sutra contains the description of the extremely bitter fruits of ignoble deeds. This touching description inspires one towards noble deeds like charity and austerities the fruits of which have been lucidly described in its second section titled Sukha-vipaak. The colourful artistic illustrations add to the attraction.

10. **Illustrated Antakriddasha Sutra** **Price Rs. 500/-**

This eighth Anga contains the inspiring stories of the spiritual pursuits of ninety great men destined to be liberated. This Sutra is specially read during the Paryushan period. The illustrations related to austerities are specially informative.

11. Illustrated Aupapatik Sutra **Price Rs. 500/-**

This the first Upanga. This contains lucid and poetic description of numerous topics including king Kunik's preparations to go to pay homage to Bhagavan Mahavir, Bhagavan's sermon and establishment of the religious order This also contains the description of austerities observed by Ambad and many other Parivrajaks.

12. Illustrated Raipaseniya Sutra **Price Rs. 500/-**

This is the third Upanga. It provides an interesting and edifying reading of the discussions between Acharya Keshi Kumar Shraman and the anti-religious king Pradeshi on topics like soul, next life and rebirth. This dialogue turned him into a great religionist. The illustrations of the examples showing the difference between soul and body are also instructive

13. Illustrated Kalpa Sutra **Price Rs. 500/-**

Kalpa Sutra is widely read and recited during the Paryushan festival. It contains stories of life of 24 Tirthankars with more details about Bhagavan Mahavir's life It also contains the disciple lineage of Bhagavan Mahavir and detailed ascetic praxis. The illustrations connected with the 24 Tirthankars add to its attraction as well as utility

14. Illustrated Chheda Sutra (Dasha-Kalp-Vyavahar) **Price Rs. 600/-**

The Agams that contain special procedures for purity of conduct are called Chheda Sutra These Sutras enumerate subtle rules for purity of conduct. Of the four Chheda Sutras three should be specially read by all ascetics—Dashashrut-skandh, Brihatkalpa and Vyavahar. This edition contains these three Chhed Sutras with elaboration based on commentaries (Bhashya) and other works. It also includes English translation and 15 multicolour illustrations.

15. Illustrated Bhagavati Sutra (Part 1) **Price Rs. 600/-**

Vyakhya Prajnapti, the fifth Anga, is popularly known as Bhagavati. It contains thousands of questions and answers on various topics from four Anuyogas, such as soul, entities, matter, ultimate particle and universe. This voluminous Agam is an ocean of Jain metaphysics. With simple translation and brief elaboration it is expected to be completed in six

volumes. This first volume contains only one to four Shataks and 15 illustrations. This is probably for the first time that a comprehensive English translation of this Agam is being published.

- Thus till date 22 Agams and Kalpa Sutra have been published in 19 books. The English translation makes it possible for those with passing knowledge of Prakrit and Hind to understand the content of Jain Agams including the religious practices as prevalent in ancient times. Also included in some of these editions are glossaries of Jain terms with their meanings in English.
- Due to its demand by libraries, Jnana Bhandars, ascetics and lay readers this unique series may soon go out of print
- The publication of this Agam series has been inspired by Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padmachandra ji M. Its editor is his able disciple Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji M His team includes renowned scholar Shri Srichand Surana as associate editor, Shri Surendra Bothara and Sushravak Shri Raj Kumar Jain, as English translators

Website : www.sachitrajainagam.com